पावरग्रिड
POWERGRID


2nd INTEGRATED ANNUAL REPORT (2023-24)

ग्रीन ग्रिड का सशक्तिकरण











कॉर्पोरेट संबंधी सिंहावलोकन

- कॉर्पोरेट संबंधी सूचना 05
- रिपोर्ट के बारे में 06
- ग्रीन ग्रिड का सशक्तिकरण 08
- रिपोर्ट का संक्षिप्त विवरण 10
- अध्यक्ष का शेयरधारकों को पत्र 12
- पावरग्रिडः एक नजर में 16



संधारणीयता रणनीति

- संधारणीयता विजन 36
- ईएसजी लक्ष्य और प्रगति 43
- ईएसजी शासन 45
- यूएन एसडीजी के साथ संरेखित पहलें 46
- हितधारक अनुबंध 52
- भौतिकत्व मूल्यांकन 56



कॉर्पोरेट शासन

- कॉर्पोरेट शासन 58
- जोखिम प्रबंधन 64



व्यापार मॉडल

66



मूल्य सृजन


- वित्तीय पूंजी 68
- विनिर्मित पूंजी 74
- प्रज्ञात्मक पूंजी 86
- प्राकृतिक पूंजी 94
- मानव पूंजी 108
- सामाजिक और संबंध पूंजी 120



जीआरआई सूचकांक

133

- गैर–वित्तीय रिपोर्टिंग संबंधी स्वतंत्र आश्वासन वक्तव्य 138



सांविधिक रिपोर्ट

- निदेशक की रिपोर्ट 155
- प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण 186
- व्यावसायिक उत्तरदायित्व और संधारणीयता रिपोर्ट 228
- कॉर्पोरेट शासन संबंधी रिपोर्ट 283
- सीएसआर संबंधी रिपोर्ट 330



वित्तीय विवरण

- कंपनी का अपना वित्तीय कार्यनिष्पादन 334
- समेकित वित्तीय कार्यनिष्पादन 494



कॉर्पोरेट संबंधी सूचना

पावरग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
सीआईएनः एल40101डीएल1989जीओआई038121

पंजीकृत कार्यालय
बी.9ए कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली .110016
दूरभाष–011-26560112, 26560115 और 26560193

कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी
श्री सत्यप्रकाश दास

कॉरपोरेट कार्यालय
''सौदामिनी'', प्लॉट सं.. 2, सेक्टर 29, गुड़गांव–122001 (हरियाणा)
दूरभाष – 0124–2822999 और 2823999

वेबसाइटः www.powergrid.in
ईमेल आईडीः investors@powergrid.in

वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु

सांविधिक लेखापरीक्षक

1. **मैसर्स एस. रामानंद अय्यर एंड कंपनी, सनदी लेखाकार**
   708, सूर्य किरण बिल्डिंग, 19, कस्तूरबा गांधी मार्ग,
   नई दिल्ली – 110001
   ईमेल : bala@sraco.in
2. **मैसर्स. सागर एंड एसोसिएट्स, सनदी लेखाकार**
   एच.नं.6–3–244/5, सरदा देवी स्ट्रीट, प्रेम नगर,
   हैदराबाद, तेलंगाना – 500004
   ईमेलः sagarandassociates@yahoo.co.in
3. **मैसर्स सुरेश सुराना एंड एसोसिएट्स एलएलपी, सनदी लेखाकार**
   जेके मिलेनियम सेंटर, 5वीं मंजिल, 46–डी, जवाहर लाल नेहरू रोड,
   कोलकाता, पश्चिम बंगाल – 700071
   ईमेलः ramesh@ss-associates.com
4. **मैसर्स जी. डी. आप्टे एंड कंपनी, सनदी लेखाकार**
   डी – 509, नीलकंठ बिजनेस पार्क, नैथानी रोड,
   विद्याविहार पश्चिम, मुंबई – 400086
   ईमेलः umesh.abhyankar@gdaca.com

लागत लेखापरीक्षक

1. **मैसर्स धनंजय वी. जोशी एंड एसोसिएट, लागत लेखापरीक्षक,**
   ''सीएमएप्राइड'', ग्राउंड फ्लोर, प्लॉट सं. 6, क्र. सं. 16/6
   इरेन्डवाना कंपनी, एचएसजी सोसाइटी के सामने, इरेन्डवाना,
   पुणे–411004
   ईमेलः dvjasso@dvjaso.com
2. **मैसर्स बंद्योपाध्याय भौमिक एंड कंपनी, लागत लेखाकार,**
   बी–125, चितरंजन पार्क, नई दिल्ली–110019
   ईमेलः bbhco1994@gmail.com

सचिवीय लेखा परीक्षक
मैसर्स कुमार नरेश सिन्हा एंड एसोसिएट्स, कंपनी सचिव
121, विनायक अपार्टमेंट, प्लॉट सं.: सी–58/19, सेक्टर–62,
नोएडा . 201309 (उ.प्र.)
मोबाइलः 9868282032ए 9810184269
ई–मेल : kumarnareshsinha@gmail.com

रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंटः

ईक्विटी शेयरः
केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड
सेलेनियम बिल्डिंग, टॉवर बी, प्लॉट 31–32, फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानकरामगुडा,
सेरिलिंगमपल्ली, हैदराबाद, रंगारेड्डी, तेलंगाना – 500032
फोनः 040–67162222
टोल फ्री नंबर 18003094001, ईमेलः einward.ris@kfintech.com
वेबसाइटः www.kfintech.com

बांड्सः
बीटल फाइनेंसियल एंड कंप्यूटर सर्विसेज प्रा. लि.
बीटल हाउस, 3सरा तल, 99, मदनगीर, एलएससी के पीछे,
नई दिल्ली–110062, दूरभाष 011-29961281-283, 26051061, 26051064
टेलीफैक्स : 011-29961284
ईमेलः beetal@beetalfinancial.com

बैंकर्स
भारतीय स्टेट बैंक
इंडियन ओवरसीज बैंक
यूनियन बैंक आफ इंडिया
एचडीएफसी बैंक लिमिटेड
आईसीआईसी बैंक लिमिटेड
एक्सिस बैंक
इंडसइंड बैंक लिमिटेड
पंजाब नैशनल बैंक
केनरा बैंक
आईडीबीआई बैंक
बैंक आफ इंडिया

शेयर और बांड्स निम्नलिखित में सूचीबद्ध हैः
नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, बीएसई लिमिटेड

निक्षेपागारः
नेशनल सिक्यूरिटीज डिपॉजिस्ट्री लिमिटेड
सेंट्रल डिपॉजिट्री सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड

डिबेंचर न्यासी

बॉण्ड सिरीज XXVIII से XLI, XLIII से LVI और LVIII से LXXII इश्यू के लिए, भारत सरकार बॉण्ड
आईडीबीआई ट्रस्टशिप सर्विस लिमिटेड
युनीवर्सल इंश्योरेंस भवन, भूतल, सर पी.एम. रोड फोर्ट, मुम्बई- 400001
दूरभाष : 022-40807000, ईमेलः itsl@idbitrustee.com

रिपोर्ट के बारे में

रिपोर्ट के सिद्धांत

पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए अपनी दूसरी एकीकृत रिपोर्ट प्रस्तुत करता है, जिसमें हमारे वित्तीय और गैर–वित्तीय निष्पादन का व्यापक ब्यौरा दिया गया है। इस रिपोर्ट में पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के लिए ''पावरग्रिड'', ''कंपनी,'' ''यह कंपनी,'' ''हम,'' ''हमारा,'' और ''हमें'' शब्दों का प्रयोग किया गया है। यह रिपोर्ट पर्यावरण, सामाजिक और शासन (ईएसजी) कारकों को प्राथमिकता देने वाले एक स्थायी व्यवसाय दृष्टिकोण को अपनाकर हमारे हितधारकों के लिए मूल्य निर्माण की हमारी प्रतिबद्धता पर बल देती है। अंतर्राष्ट्रीय एकीकृत रिपोर्टिंग परिषद (आईआईआरसी) द्वारा स्थापित अंतर्राष्ट्रीय एकीकृत रिपोर्टिंग <आईआर> कार्यढ़ाचा के साथ संरेखित; हम हर वर्ष अतिरिक्त प्रकटीकरण प्रदान करके अपनी रिपोर्ट को नियमित रूप से बेहतर बनाते हैं। इससे यह सुनिश्चित होता है कि हमारे सभी हितधारकों को हमारे मूल्य निर्माण प्रक्रिया के बारे में प्रासंगिक जानकारी प्राप्त हो जाए, जिससे वे सूचित निर्णय लेने में सक्षम हों। हमारी एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट का उद्देश्य महत्वपूर्ण वास्तविक पहलुओं की मात्रात्मक और गुणात्मक अंतर्दृष्टि प्रदान करना और साथ–साथ हितधारकों के साथ संवाद करना है।

रिपोर्टिंग अवधि

इस एकीकृत रिपोर्ट में 01 अप्रैल, 2023 से 31 मार्च, 2024 तक की अवधि के लिए कंपनी की वित्तीय और गैर–वित्तीय उपलब्धियों का व्यापक आकलन किया गया है। वर्तमान कार्यनिष्पादन मेट्रिक्स प्रस्तुत करने के अलावा, पिछले तीन से पांच वर्षों के तुलनात्मक आकड़ों को रिपोर्ट में शामिल किया गया है, ताकि समय के साथ कार्यनिष्पादन का रुझान प्राप्त हो सके।

उत्तरदायित्व कथनः हमारा बोर्ड, प्रबंधन के साथ–साथ इस रिपोर्ट में प्रस्तुत की गई जानकारी की अखंडता सुनिश्चित करने के लिए साझा रूप से जिम्मेदार है। बोर्ड और प्रबंधन दोनों इस बात की पुष्टि करते हैं कि इस रिपोर्ट की सामग्री निष्पक्ष, पारदर्शी और संतुलित तरीके से प्रस्तुत की गई है।





दायरा और सीमा संबंधी रिपोर्टिंग

दायरा और सीमाः इस कंपनी के वित्तीय विवरण और प्रकटीकरण, जिसमें निदेशकों की रिपोर्ट, प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण, और कॉर्पोरेट शासन रिपोर्ट शामिल हैं, कंपनी अधिनियम, 2013 और इसके नियमों, भारतीय लेखा मानकों और भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता (लिस्टिंग) बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम 2015 का अनुपालन करते हैं। गैर–वित्तीय खंड अंतरराष्ट्रीय एकीकृत रिपोर्टिंग परिषद (अब मूल्य रिपोर्टिंग फाउंडेशन) के मार्गदर्शन के साथ अंतरराष्ट्रीय एकीकृत रिपोर्टिंग ढांचे द्वारा निर्देशित है। प्रमुख निष्पादन संकेतक (केपीआई) वैश्विक रिपोर्टिंग पहल (जीआरआई) मानकों के संदर्भ में तैयार किए जाते हैं। कारोबार उत्तरदायित्व और संधारणीयता रिपोर्ट (बीआरएसआर) कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय के जिम्मेदार व्यवसायिक आचरण संबंधी राष्ट्रीय दिशानिर्देशों को संदर्भित करती है, जो व्यवसायों की पर्यावरणीय, सामाजिक और शासन उत्तरदायित्वों के बारे में संयुक्त राष्ट्र संधारणीय विकास लक्ष्यों (यूएनएसडीजी) और अंतर्राष्ट्रीय संधारणीयता मानक बोर्ड (आईएसएसबी) के साथ संरेखित है।

इस रिपोर्ट में ईएसजी केपीआई हमारे व्यापार मॉडल, रणनीति, उल्लेखनीय जोखिम, अवसर, समग्र प्रदर्शन, परिणामी आउटकम और समीक्षाधीन वित्तीय वर्ष की संभावनाओं को दर्शाता है। इस रिपोर्टिंग अवधि के लिए, पावरग्रिड के गैर–वित्तीय पहलुओं में समेकित आधार पर व्यावसायिक कार्यकलापों को शामिल किया गया है, जिसमें संयुक्त उद्यम और सहयोगी कंपनियों को छोड़कर पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनियाँ शामिल हैं। तथापि, वित्तीय प्रदर्शन गणना और रिपोर्टिंग में संयुक्त उद्यम, सहायक कंपनियाँ और सहयोगी कंपनियां सहित सभी इकाइयाँ समेकित आधार पर शामिल हैं।

स्वतंत्र आश्वासन

मेसर्स ग्रांट थॉर्टन भारत एलएलपी ने सेबी के दिशा–निर्देशों के अनुसार बीआरएसआर कोर संकेतकों के लिए उचित आश्वासन दिया है और इंटरनेशनल स्टैंडर्ड ऑन एश्योरेंस एंगेजमेंट (आईएसएई) 3000 के अनुरूप बीआरएसआर गैर–कोर और एकीकृत रिपोर्ट के लिए आश्वासन सीमित किया है।

वित्तीय विवरण का आश्वासन कॉर्पोरेट सूचना पृष्ठ में उल्लेख किए गए अनुसार चार वैधानिक लेखा परीक्षकों द्वारा प्रदान किया जाता है।

ग्रीन ग्रिड का सशक्तिकरण

भारत ने 2030 तक 500 गीगावाट से अधिक गैर–जीवाश्म ईंधन आधारित बिजली उत्पादन क्षमता हासिल करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। देश की सबसे बड़ी पारेषण उपयोगिता के रूप में पावरग्रिड स्वच्छ ऊर्जा को एकीकृत करने और ग्रीन ग्रिड का निर्माण करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।



नवीकरणीय ऊर्जा के लिए अवसंरचना निर्माण

पावरग्रिड राष्ट्रीय ग्रिड के साथ नवीकरणीय ऊर्जा के एकीकरण को सफल बनाने के लिए सक्रिय रूप से प्रयास कर रहा है। हमने नवीकरणीय समृद्ध क्षेत्रों को ग्रिड से जोड़ने के लिए हरित ऊर्जा गलियारे बनाए हैं, नवीकरणीय उत्पादन का पूर्वानुमान लगाने और उसकी योजना बनाने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा प्रबंधन केंद्र स्थापित किए हैं और बड़े पैमाने के सौर पार्कों और ऊर्जा क्षेत्रों के लिए पारेषण प्रणाली क्रियान्वित किए हैं। ये परियोजनाएँ भावी स्वच्छ उर्जा में योगदान देते हुए 110 गीगावाट से अधिक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के उत्पाद की सुविधा प्रदान कर रहे हैं।

हरित पोर्टफोलियो का विस्तार

पावरग्रिड स्थायी भविष्य के निर्माण में सहयोग करने के लिए लगातार नवाचार कर रहा है और अपने सेवा पोर्टफोलियो का विस्तार कर रहा है। स्वच्छ ईंधन विकल्पों में से ग्रीन हाइड्रोजन में उद्यम करना, पर्यावरणीय जिम्मेदारी और तकनीकी उन्नति के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। भारत के नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों में और योगदान देते हुए पावरग्रिड स्वच्छ ऊर्जा की बढ़ती मांग को समझते हुए सौर ऊर्जा संयंत्रों और छतों पर लगाए जाने वाली सौर प्रणालियों का सक्रिय रूप से विकास कर रहा है।

स्मार्ट ग्रिड के लिए स्मार्ट समाधान

पावरग्रिड न केवल अक्षय ऊर्जा से परिपूर्ण भविष्य के लिए अवसंरचना निर्माण कर रहा है, बल्कि ग्रिड को स्मार्ट बनाने की दिशा में भी कदम उठा रहा है। हमारे स्मार्ट ग्रिड और स्मार्ट मीटरिंग उपाय समग्र रूप से ग्रिड की दक्षता को बढ़ाते हैं जिससे उपभोक्ताओं को उनके ऊर्जा उपयोग को प्रबंधित करने का बेहतर उपकरण मिलता हैं। इसके अलावा, पावरग्रिड बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (बीईएसएस) को एक अन्य प्रमुख समाधान के रूप में विकसित कर रहा है। बीईएसएस अक्षय ऊर्जा के भंडारण और प्रबंधन को सक्षम करके ग्रिड को लचीलापन और स्थिरता प्रदान करता है, जो इन स्रोतों की अंतर्निहित परिवर्तनशीलता की समस्या से निपटने के लिए एक महत्वपूर्ण पहलू है।

पर्यावरण, सामाजिक और शासन (ईएसजी) लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में हमारे ईएसजी लक्ष्य



उत्कृष्टता-एक नजर में

रिपोर्ट संक्षेप में

वित्तीय

*समेकित आधार पर

₹ 45,843 करोड़
प्रचालन से प्राप्त राजस्व

₹ 40,819 करोड़
ईबीआईटीडीए

₹ 15,573 करोड़
पीएटी

₹ 16.74
ईपीएस

₹ 2,75,991 करोड़
सकल अचल संपत्ति

68%
पीएटी के % के रूप में
लाभांश भुगतान अनुपात

प्रचालनात्मक

4,036 सीकेएम
पारेषण लाइन जोड़े गए

6
नए उप–केन्द्र जोड़े गए

19,720 एमवीए
ट्रांसफॉरमेशन क्षमता जोड़े गए

99.85%
उपलब्धता

0.28
ट्रिपिंग प्रति लाइन

पर्यावरणीय

₹ 125.77 करोड़
संधारणीय प्रयासों पर कुल व्यय

21.29%
पिछले वर्ष की तुलना में उत्सर्जन ऑफसेट में वृद्धि

10,053 एमडब्ल्यूएच
नवीकरणीय ऊर्जा उत्पन्न

90.01%
अपशिष्ट का पुनर्चक्रण एवं पुनः उपयोग

5.77%
पिछले वर्ष की तुलना में उत्सर्जन तीव्रता में कमी

38.98%
कुल जल उपभोग के % रूप में भूजल पुनर्भरण

सामाजिक

₹ 330.48 करोड़
सीएसआर व्यय

124
पूर्ण परियोजनाएं (संख्या)

8316
कुल कार्मिक (संख्या)

6.37
प्रति कर्मचारी औसत मानव–दिन प्रशिक्षण

8.39%
कार्यबल में महिलाएँ

₹ 218.07 करोड़
अनुसंधान एवं विकास तथा नवाचार पर व्यय

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का पत्र



"हितधारकों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता हमारे निरंतर विकास और स्थायी मूल्य के हमारे लक्ष्य में परिलक्षित होती है।"

प्रिय हितधारकों,

हमारे व्यापार की वृद्धि के एक और उल्लेखनीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात् हमारी मजबूत वित्तीय स्थिति और परिचालन उत्कृष्टता पर प्रकाश डालते हुए आपको यह पत्र लिखते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। हितधारकों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता हमारे निरंतर विकास और स्थायी मूल्य के हमारे लक्ष्य में परिलक्षित होती है और पिछले वर्ष के अपने कार्य पर विचार करते हुए, मुझे हितधारकों को मूल्य प्रदान करने में पावरग्रिड द्वारा किए गए महत्वपूर्ण कदमों को साझा करने में प्रसन्नता हो रही है। यह उपलब्धि नवाचार, निरंतर सुधार और वैश्विक दृष्टिकोण की संस्कृति के माध्यम से ही संभव हो सकी है।

मुझे यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि हमने मई 2024 में ₹3 लाख करोड़ के बाजार पूंजीकरण को पार कर लिया है, यह उपलब्धि एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है जिसे हमने बहुत कम समय में हासिल किया है। दिसंबर 2023 में यह मात्र ₹2 लाख करोड़ था। पिछले चार वर्षों में, पावरग्रिड के बाजार पूंजीकरण में 210% की प्रभावशाली वृद्धि हुई है। इस वर्ष आपकी कंपनी की समेकित आय ₹46,913 करोड़ तक पहुँच गई है, जिसके परिणामस्वरूप ₹15,573 करोड़ का कर पश्चात लाभ (पीएटी) हुआ है। इस वर्ष, हमने पिछले वर्ष के ₹10,289 करोड़ की तुलना में ₹10,463 करोड़ का लाभांश दिया है, जो हमारे पीएटी का 68% है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 67% अधिक है। यह भविष्य में हमारे विकास का मार्ग प्रशस्त करने के लिए लाभांश भुगतान को प्रतिधारित आय के साथ संतुलित करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

आपकी कंपनी ने वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान 1:3 के अनुपात में बोनस शेयर जारी किए हैं।

हम भारत में पारेषण प्रणाली में अपनी अग्रणी स्थिति बनाए हुए हैं और ऊर्जा परिवर्तन को आगे बढ़ा रहे हैं। हमारा पारेषण नेटवर्क पूरे देश में फैला हुआ है, जिसमें 1,77,000 सर्किट किलोमीटर से अधिक की पारेषण लाइनें और 278 उप–केन्द्र शामिल हैं, जिनकी परिवर्तन क्षमता 5,27,000 एमवीए से अधिक है। हमारी अंतरक्षेत्रीय क्षमता लगभग 99,580 मेगावाट है, जो देश की कुल अंतरक्षेत्रीय क्षमता का 84% है।

यह मजबूत बुनियादी ढांचा 765केवी और 400केवी ईएचवीएसी उपकेन्द्र, एलसीसी के साथ–साथ वीएससी एचवीडीसी स्टेशन और एसवीसी और स्टैटकॉम का उपयोग करने वाली उन्नत प्रतिक्रियाशील ऊर्जा प्रबंधन प्रणालियों जैसी अत्याधुनिक तकनीकों द्वारा समर्थित है।

पर्यावरणीय पदचिह्न को कम करने की हमारी प्रतिबद्धता सीमित भूमि वाले क्षेत्रों के लिए 765केवी तक की तकनीक का उपयोग करने वाले जीआईएस उपकेन्द्रों के फ्लीट से स्पष्ट है।

सुरक्षित ऊर्जा परिवर्तन को सक्षम बनाने के लिए उच्च पारेषण प्रणाली की उपलब्धता आवश्यक है। पिछले साल, हमने 99.85% पारेषण प्रणाली की उपलब्धता सुनिश्चित की, जो वैश्विक स्तर पर सबसे अधिक है, और हमारी ट्रिपिंग दरें भी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ में से एक हैं। हमारे तकनीकी विशेषज्ञ भारत की विद्युत पारेषण प्रणाली की उपलब्धता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए अथक प्रयास करते हैं।

हमारी विशाल पारेषण प्रणाली का कुशल संचालन और नियंत्रण राष्ट्रीय पारेषण परिसंपत्ति प्रबंधन केंद्र (एनटीएएमसी) और क्षेत्रीय पारेषण परिसंपत्ति प्रबंधन केंद्रों (आरटीएएमसी) के माध्यम से प्रबंधित किया जाता है। प्रौद्योगिकी अपनाने की हमारी प्रतिबद्धता वर्ष के दौरान अनुसंधान एवं विकास तथा नवाचार पहलों पर किए गए ₹218.07 करोड़ के हमारे व्यय में परिलक्षित होती है। हमने अपनी परिसंपत्तियों का डिजिटल मानचित्रण किया है तथा विश्वसनीयता केन्द्रित रखरखाव के कार्यान्वयन के माध्यम से हम अपनी परिसंपत्ति जोखिमों की निगरानी, विश्लेषण तथा प्रभावी प्रबंधन करने में सक्षम बने हैं। मानेसर में स्थित हमारा नियंत्रण केन्द्र, नियंत्रण तथा सुरक्षा प्रणालियों के लिए उत्कृष्टता का केन्द्र है, जो हमारे पारेषण नेटवर्क की सुरक्षा तथा विश्वसनीयता सुनिश्चित करता है। हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि पावरग्रिड एक परिसंपत्ति प्रबंधन प्रदर्शन प्रणाली को कार्यान्वित करने की प्रक्रिया में है, जिसका उपयोग वैश्विक स्तर पर अग्रणी उपयोगिताओं द्वारा किया जाएगा, जिससे परिचालन लागत में कम से कम 10% की कमी आने की उम्मीद है, जबकि इससे विश्वसनीयता, सुरक्षा तथा जोखिम प्रबंधन में वृद्धि होगी।

आपकी कंपनी दुनिया की सबसे बड़ी पारेषण उपयोगिता बन गई है, जिसे ISO–55001 प्रमाणन प्राप्त हुआ है, जो परिसंपत्ति प्रबंधन प्रथाओं के लिए वैश्विक मानक है।

आपकी कंपनी ने भारत में पारेषण परियोजनाओं के विकास में अपनी अग्रणी स्थिति बनाए रखी है। वित्त वर्ष 2024 में, हमने ₹8,800 करोड़ के परियोजना निष्पादन टारगेट को हासिल करने का लक्ष्य रखा है। अपने भागीदारों के मूल्यवान समर्थन के साथ, हमने उम्मीदों को पार करते हुए ₹12,500 करोड़ का कैपेक्स हासिल किया, जो हमारे लगभग ₹2,75,000 करोड़ सकल ब्लॉक मूल्य के 4% से अधिक है। वर्ष के दौरान, पावरग्रिड ने 4,036 सर्किट किलोमीटर अतिरिक्त उच्च वोल्टेज पारेषण लाइनें, 19,720 एमवीए की परिवर्तन क्षमता और छह नए उपकेन्द्र जोड़े हैं। शुरू की गई प्रमुख परियोजनाओं में पावरग्रिड नीमच ट्रांसमिशन लिमिटेड, 400 केवी मोहनलालगंज उपकेन्द्र और 400 केवी डी/सी लोअर सुभानसिरी – बिस्वनाथ चरियाली –II साथ ही 400 केवी 2Xडी/सी खेतड़ी–भिवाड़ी और कई अन्य शामिल हैं।

आपकी कंपनी ने औसत लागत बनाए रखते हुए और समय की अधिकता को उद्योग मानकों से काफी नीचे रखते हुए असाधारण परियोजना प्रबंधन कौशल का प्रदर्शन किया है। कठिन भूभागों, मौसम की चरम स्थितियों और आरओडब्ल्यू मुद्दों से संबंधित कई चुनौतियों के बावजूद यह संभव हो पाया है। इन चुनौतियों को पार करने में प्रौद्योगिकी का उपयोग, सक्रिय नीति एडवोकेसी और सक्रिय योजना महत्वपूर्ण रही है।

संधारणीय विकास की हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप, हमने अपने मुख्य व्यवसाय संचालन में ईएसजी सिद्धांतों को एकीकृत किया है और अपने ईएसजी विजन और लक्ष्यों को अपनाया है। हम 2047 तक नेट जीरो उत्सर्जन, 2025 तक नवीकरणीय स्रोतों से 50% ऊर्जा खपत करने, 2030 तक लैंडफिल में शून्य अपशिष्ट और 2030 तक नेट जल पौजिटिव होने के अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। इस वर्ष, हमने स्कोप 1 उत्सर्जन में कमी देखी और अपने व्यावसायिक संचालन में डीजल वाहनों के स्थान पर इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग शुरू करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। इसके अतिरिक्त, हमारी उपयोगिताओं में वर्षा जल संचयन प्रणाली क्रियांवित हो गई है।

हमारी मजबूत नीतियों से ईएसजी के प्रति हमारी प्रतिबद्धता प्रत्यक्ष होती है, जिसमें ईएसजी नीति, जल प्रबंधन नीति और अपशिष्ट प्रबंधन नीति के साथ–साथ हमारी आपूर्तिकर्ता आचार संहिता शामिल है। हम निरंतर हरित विकल्पों को अपनाने का प्रयास कर रहे हैं, जैसे कि एसएफ6 गैस को चरणबद्ध तरीके से खत्म करना और अपने पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के लिए डिजिटल उपकेन्द्र और ड्रोन पैट्रोलिंग जैसी तकनीकों को अपनाना।

भविष्य को ध्यान में रखते हुए, हम अपनी मूल्य शृंखला में ईएसजी प्रकटीकरण को शामिल करने की तैयारी कर रहे हैं, जो संधारणीय व्यावसायिक प्रथाओं के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करेगा। नीमराना में स्थित हमारी ग्रीन हाइड्रोजन पायलट परियोजना का उद्देश्य भविष्य में वाणिज्यिक–पैमाने की परियोजनाओं की योजनाओं के साथ ग्रीन हाइड्रोजन प्रौद्योगिकियों में व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना है। इसके अतिरिक्त, हम नागदा में 85एमडब्ल्यू/105एमडब्ल्यूपी की क्षमता वाली एक सौर ऊर्जा परियोजना को क्रियान्वित कर रहे हैं।

आपकी कंपनी को भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा रिश्वत विरोधी प्रबंधन प्रणाली (एबीएमएस) आईएस/आईएसओ 37001 प्रमाणन प्रदान किया गया है। यह शासन और ईमानदारी के प्रति हमारे समर्पण को दर्शाता है।

₹110,000 करोड़ से अधिक की मजबूत ऑर्डर बुकिंग के साथ, हम आने वाले वर्षों में अधिक पूंजीगत व्यय की उम्मीद करते हैं। हम वित्त वर्ष 2025 में लगभग ₹18,000 करोड़ के पूंजीगत व्यय लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। वित्त वर्ष 2024 में, पावरग्रिड ने उत्तरी, पश्चिमी और दक्षिणी क्षेत्रों में 13 आईएसटीएस टीबीसीबी परियोजनाएँ की। एनसीटी लागत के संदर्भ में, ये परियोजनाएँ वित्त वर्ष 2023–24 में कुल परियोजना बोलियों का लगभग 65% प्रतिनिधित्व करती हैं, जिसमें कुल वार्षिक टैरिफ का 64% शामिल है। कैबिनेट ने वित्त वर्ष 2023–24 में लद्दाख के लिए ग्रीन ऊर्जा गलियारा को मंजूरी दी है, जिसमें पैंग और लेह में संबद्ध एसी

ट्रांसमिशन लाइनें सहित पैंग से कैथल तक एचवीडीसी और वीएससी स्टेशन शामिल हैं।

हमने लगभग ₹10,000 करोड़ की लागत वाली अंतरराज्यीय पारेषण परियोजनाओं को विकसित करने के लिए राजस्थान के आरवीपीएनएल के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। एपीट्रांस्को, असम और उत्तर प्रदेश में भी इसी तरह की कार्रवाई चल रही है, जो अंतरराज्यीय पारेषण प्रणाली विकसित करने की हमारी योजना को दर्शाता है। हमने आरडीएसएस योजना के तहत स्वीकृत लद्दाख यूटी के सीमावर्ती क्षेत्र के कार्यों को लागू करने के लिए लद्दाख पावर डेवलपमेंट डिपार्टमेंट (एलपीडीडी) के साथ एक पूरक समझौते पर भी हस्ताक्षर किए हैं।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर, पावरग्रिड ने दक्षिण एशिया, मध्य एशिया, अफ्रीका और यूरोप के 23 देशों में अपनी मजबूत उपस्थिति स्थापित की है, और कुछ सबसे दुर्गम भौगोलिक क्षेत्रों में सफलतापूर्वक परियोजनाएं शुरू की हैं। केन्या में पीपीपी मोड में पहली पारेषण परियोजना विकसित करने के लिए अफ्रीका 50 के साथ हमारी साझेदारी हमारी पहुंच का विस्तार करने की हमारी प्रतिबद्धता का उदाहरण है। हम वर्तमान में कई अंतर्राष्ट्रीय कार्यकलाप कर रहे हैं, जिसमें तंजानिया में टीएएनईएससीओ, अफ्रीका में जाम्बिया पारेषण लाइन, फिजी में पारेषण लाइन निर्माण, युगांडा में यूईटीसीएल के लिए कार्य और अंतर्राष्ट्रीय क्रॉस–बॉर्डर इंटरकनेक्शन के लिए नेपाल गोरखपुर बुटवल पारेषण लाइन शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, अंतर्राष्ट्रीय परामर्श खंड, केन्या की हमारी परियोजनाएं प्रगति कर रही हैं; हमें सैद्धांतिक रूप से मंजूरी मिल गई है और अंतिम विवरणों पर कार्रवाई चल रही है, जल्द ही काम शुरू होने की उम्मीद है। हम सौर ऊर्जा उत्पादन, स्मार्ट मीटरिंग और आंकड़ा केन्द्र सहित अपने अन्य व्यावसायिक कारोबारों में अच्छी प्रगति की उम्मीद करते हैं।


इन उपलब्धियों पर गर्व करने के साथ–साथ, हम पावरग्रिड द्वारा वर्ष के दौरान प्राप्त की गई पहचान पर भी गर्व महसूस करते हैं, जिसमें प्लैट्स ग्लोबल एनर्जी पुरस्कार, अंतर्राष्ट्रीय सीएसआर पुरस्कार और ब्रैंडन हॉल ग्रुप ह्यूमन कैपिटल मैनेजमेंट पुरस्कार शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, हमें मानव पूंजी उत्कृष्टता और शिक्षण विकास के लिए एसएचआरएम एचआर उत्कृष्टता पुरस्कार जैसे पुरस्कार मिले हैं। उल्लेखनीय है कि हमें तीसरी बार प्रतिष्ठित एडीटी बेस्ट पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया गया है, जो उद्यम–व्यापी सफलता प्राप्त करने के लिए प्रतिभा विकास के हमारे रणनीतिक उपयोग को उजागर करता है। व्यापक सीएसआर कार्यक्रमों के माध्यम से समुदाय को जोड़ने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता ने कई लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डाला है और हम उन क्षेत्रों में जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए समर्पित हैं जहाँ हम संचालन करते हैं।

इस अवसर पर मैं कंपनी के प्रति अपने सभी कार्मिकों के समर्पण के लिए, विशेष रूप से हमारी महिला कार्मिकों को अपना हार्दिक आभार व्यक्त करना चाहता हूँ। विशेष रूप से, स्टेम में कार्य कर रही महिलाएँ हमारी कुल महिला कार्यबल का 80% हिस्सा हैं, और पावरग्रिड में कुल कार्यबल का 8% हिस्सा महिलाएँ हैं।

निदेशक मंडल और पावरग्रिड की पूरी टीम की ओर से, मैं आपके निरंतर विश्वास और समर्थन के लिए हार्दिक उद्गार व्यक्त करता हूँ। हम आपके, हमारे मूल्यवान शेयरधारकों के लिए दीर्घकालिक मूल्य सृजन हेतु समर्पित हैं, और मैं विकास और उत्कृष्टता की इस यात्रा पर चलते हुए आपकी निरंतर सहभागिता की आशा करता हूँ।

पावरग्रिड में आपके विश्वास के लिए धन्यवाद।

आपका,



(रवीन्द्र कुमार त्यागी)

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

दिनांकः 31 जुलाई, 2024

स्थानः गुरुग्राम

पावरग्रिड: करीब से

हरित भविष्य की दिशा में भारत की प्रगति को सशक्त बनाना।

पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड (पावरग्रिड) न केवल भारत में बल्कि विश्व स्तर की एक अग्रणी पारेषण कंपनी है। यह कंपनी भारत सरकार की अनुसूची 'ए', 'महारत्न' सार्वजनिक क्षेत्र की उद्यम है, जिसमें भारत सरकार की 51.34% हिस्सेदारी है और शेष हिस्सेदारी सार्वजनिक है। 1989 में स्थापित, पावरग्रिड का इतिहास निरंतर नवाचार और उत्कृष्टता की प्रतिबद्धता से भरा है। अखिल भारतीय आधार पर विविध क्षेत्रों में निर्बाध संचालन सुनिश्चित करने वाले क्षेत्रीय कार्यालयों के साथ, पावरग्रिड ने देश भर में परिवर्तनकारी प्रभावों को सुनियोजित किया है, कुशल विद्युत संचरण की सुविधा प्रदान की है और एक मजबूत विद्युत पारितंत्र को बढ़ावा दिया है। भारत की उभरती ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध, पावरग्रिड ने राष्ट्रीय ग्रिड को एकीकृत किया है, पारेषण अवसंरचना का विस्तार किया है और पारेषण लाइनों और उपकेन्द्रों का एक विशाल नेटवर्क बनाया है। तकनीकी प्रगति को अपनाते हुए, पावरग्रिड ने कुशल विद्युत विनिमय की सुविधा प्रदान की है और अक्षय ऊर्जा विकास को सुदृढ़ किया है।

इस जटिल नेटवर्क में निर्बाध संचालन के लिए विभिन्न खंडों को शामिल किया गया है जो हैं– उत्पादन, संचरण और वितरण खंड। इस जटिल ढांचे के भीतर, पावरग्रिड मुख्य रूप से पारेषण क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जो अंतर–राज्यीय पारेषण प्रणाली के माध्यम से क्षेत्रों में विद्युत के कुशल अंतरण की सुविधा





प्रदान करता है। देश की विद्युत अवसंरचना के एक प्रमुख शक्ति के रूप में, पावरग्रिड पारेषण लाइनों, उपकेन्द्रों और संबंधित अवसंरचना के एक व्यापक नेटवर्क का संचालन और रखरखाव करता है, जो कई राज्यों में फैले उत्पादन स्टेशनों से वितरण नेटवर्क तक विद्युत की विश्वसनीय डिलीवरी सुनिश्चित करते हैं।

हम विद्युत उत्पादन और वितरण के बीच की महत्वपूर्ण कड़ी हैं, जो भारत के विशाल दायरे में विद्युत संचारित करने वाली रीढ़ की हड्डी के रूप में कार्य करते हैं। (765 / 400 / 220 / 132केवी) एक्स्ट्रा हाई वोल्टेज एसी और (±800 / ±500 / ±320 केवी) एक्स्ट्रा हाई वोल्टेज डीसी का हमारा विशाल पारेषण नेटवर्क लाखों घरों, व्यवसायों और उद्योगों को विश्वसनीय और कुशल विद्युत वितरण सुनिश्चित करता है, जो देश की वृद्धि और विकास को बढ़ावा देता है।

पावरग्रिड ने भारतीय विद्युत क्षेत्र में मूल्य सृजन की एक प्रभावशाली यात्रा आरंभ की है। अपने मजबूत और विश्वसनीय पारेषण नेटवर्क का लाभ उठाते हुए, पावरग्रिड निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करता है, आर्थिक विकास को बढ़ावा देता है और लाखों भारतीयों के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाता है। अपने मुख्य पारेषण संचालन के अलावा, कंपनी ने दूरसंचार और परामर्श सेवाओं में विविधता लाकर अपने पोर्टफोलियो का विस्तार किया है और अपने मूल्य प्रस्ताव को मजबूत किया है।

भविष्य को ध्यान में रखते हुए, कंपनी विश्वसनीय विद्युत पारेषण और क्षेत्रों में कुशल संसाधन उपयोग सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिज्ञा पर अडिग है, जिससे भारत एक उज्जवल भविष्य की ओर अग्रसर होगा।

भारतीय विद्युत क्षेत्र की मूल्य शृंखला में पावरग्रिड की रणनीतिक स्थिति

भारत के असीमित पावर सेक्टर में, पावरग्रिड पारेषण खंड में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। यह राष्ट्रीय ग्रिड के केंद्रीय तंत्रिका तंत्र के रूप में कार्य करता है, जो संपर्कता को सक्षम बनाता है लेकिन विद्युत की खरीदारी या विक्री में सीधे तौर पर शामिल नहीं होता है।

पारेषण लाइनें भौगोलिक रूप से अलग–अलग विद्युत उत्पादन स्रोतों और खपत केंद्रों के बीच की दूरी को कम करती हैं। यह परस्पर जुड़ा नेटवर्क विविध स्रोतों से विद्युत के प्रवाह को सुगम बनाता है, क्षेत्रीय मांगों को पूरा करता है और ऊर्जा मिश्रण को संतुलित करता है। व्यापक उपयोग के लिए ग्रिड में सौर और पवन जैसे परिवर्तनीय नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को एकीकृत करने के लिए एक मजबूत पारेषण प्रणाली विशेष रूप से महत्वपूर्ण है।

पावरग्रिड की प्रतिबद्धता इस विशाल नेटवर्क को कुशलतापूर्वक बनाए रखने और संचालित करने में निहित है। यह पारेषण के दौरान ऊर्जा हानि को कम करके कुशल विद्युत वितरण सुनिश्चित करता है। इसके अतिरिक्त, हम विद्युत प्रवाह को प्रबंधित करके और विद्युत कटौती को रोककर ग्रिड स्थिरता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह मजबूत नेटवर्क "एक राष्ट्र, एक ग्रिड, एक आवृत्ति" पहल को रेखांकित करता है, जो क्षेत्रों के बीच निर्बाध विद्युत विनिमय की सुविधा प्रदान करता है और राष्ट्रीय ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ावा देता है। भविष्य को देखते हुए, भारत के स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए पारेषण क्षेत्र का आधुनिकीकरण महत्वपूर्ण है। यह बड़े पैमाने पर नवीकरणीय परियोजनाओं के एकीकरण को सक्षम करेगा, जिससे विद्युत के अधिक टिकाऊ भविष्य का मार्ग प्रशस्त होगा।



मूल्य सृजन के प्रति समग्र दृष्टिकोण

निम्न द्वारा परिवर्तन लाना



- लोगों को सशक्त बनाना

हम टीमवर्क की संस्कृति विकसित करते हैं, प्रतिभा को पोषित करते हैं, नेतृत्व क्षमताओं को बढ़ाते हैं, और तीक्ष्णता, गर्व और जुनून के साथ कार्य करते हैं।

-नैतिक आचरण

हम एक सुरक्षित कार्यस्थल बनाए रखते हैं, पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देते हैं, अपने समुदायों का समर्थन करते हैं, और उच्चतम नैतिक मानकों का पालन करते हैं।





-नीति का पालन

आचार संहिता के अनुरूप, हमारी नीतियाँ संचालन में स्पष्ट सिद्धांत स्थापित करती हैं, जिससे निरंतरता और प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित होता है।

-अभिनव समाधान

हम वर्तमान और भविष्य की चुनौतियों का प्रभावी ढंग से समाधान करने के लिए प्रौद्योगिकी, प्रक्रियाओं और उत्पादों में उन्नति का नेतृत्व करते हैं।



हमारे द्वारा नियोजित पूंजी

वित्तीय

प्राकृतिक

मानव




विनिर्माण



प्रज्ञात्मक

सामाजिकता और संबंध


हमारे हितधारक
तकनीकी संस्थान
सहायक
कार्मिक
निदेशक
नियामक


मीडिया
अन्य हितधारक
आपूर्तिकर्ता और भागीदार
विनियामक एजेंसियाँ
उपभोक्ता

हमारे उद्देश्य के स्तंभ



हमारा विजन

विश्वसनीयता, सुरक्षा और अर्थव्यवस्था सुनिश्चित करते हुए उभरते विदयुत बाजारों में प्रमुख नेतृत्व सहित विश्वस्तरीय, एकीकृत, वैश्विक पारेषण कंपनी बनना।



हमारा मिशन


हम विश्वस्तरीय क्षमताओं के साथ उभरते विद्युत बाजारों में प्रमुख नेतृत्व के साथ एक वैश्विक पारेषण कंपनी बन जाएंगे:

- **विश्वस्तरीयः** हम उद्योग और स्वयं के लिए पूंजी परियोजना प्रबंधन और संचालन में बेहतर मानकों की स्थापना करेंगे।
- **वैश्विकः** भारत और उभरती और बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में सभी हितधारकों के लिए लगातार अधिकतम मूल्य उत्पन्न करने के लिए क्षमताओं का लाभ उठाएंगे।
- अगली पीढ़ी के पेशेवरों का पोषण और सशक्तिकरण करेंगे।
- नवाचार और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के माध्यम से निरंतर सुधार प्राप्त करेंगे।
- स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण में उच्चतम मानकों को स्थापित करेंगे।



हमारा महत्व

- » बेहतर करने का उत्साह और परिवर्तन के प्रति अभिरुचि
- » सभी मामलों में निष्ठा और निष्पक्षता
- » लोगों की गरिमा और क्षमता का सम्मान
- » प्रतिबद्धता के प्रति कठोर अनुपालन
- » त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना
- » अध्ययन, रचनात्मकता और टीमवर्क को बढ़ावा देना
- » पावरग्रिड में निष्ठा और गौरव



मूल्य शृंखला का इतिहास

1989
पावरग्रिड को निगमित किया गया

1998
मिनिरत्न का दर्जा हासिल हुआ

2007
एनएसई और बीएसई सूचिबद्ध कंपनी

2008
नवरत्न का दर्जा मिला

2010
वर्ष 2008–09 के लिए प्रथम स्टैंडअलोन संधारणीय रिपोर्ट

2012
टेस्ट चार्जज्ड पायलट 1200 केवी लाइन

2013
एक राष्ट्र–एक ग्रिड–एक आवृत्ति का लक्ष्य हासिल

2014

विश्व में सबसे तेज गति से बढ़ती ऊर्जा उपयोगिता का दर्जा प्राप्त हुआ

2015

एनटीएएमसी की स्थापना; भारत में 800 केवी एचवीडीसी को शुरू किया गया।

2019

महारत्न का दर्जा हासिल हुआ, लद्दाख क्षेत्र को श्रीनगर से लेह तक पारेषण के माध्यम से राष्ट्रीय ग्रिड से जोड़ा गया

2020

परंपरागत उपकेंद्र के रेट्रो फिटिंग द्वारा प्रथम 400 केवी डिजिटल उपकेंद्र शुरु किया

2021

सीपीएसई द्वारा पहला अवसंरचना निवेश न्यास; भारत में वीएससी आधारित एचवीडीसी प्रौद्योगिकी को अपनाना

2022

सुरक्षित और हरित प्राकृतिक ईस्टर ऑयल के साथ विश्व का पहला 400 केवी रियेक्टर

2023

भारत में प्रथमः 132 केवी, 20 एमवीएआर बस रिएक्टर प्राकृतिक एस्टर तेल के साथ रेट्रोफिटिंग अल्जवाल एचवीडीसी

ईएसजी रेटिंग

सस्टेनलिटिक्स 22.1	एमएससीआई A
एसएंडपी ग्लोबल 37	एलएसईजी 51

अंतर्राष्ट्रीय क्रेडिट रेटिंग:
(सॉवरेन के बराबर)

स्टैंडर्ड एंड पूअर्स बीबीबी- (सकारात्मक)	फिच बीबीबी- (स्थिर)	मूडी बीएए- (स्थिर)

घरेलू क्रेडिट रेटिंग

क्रिसिल एएए (स्थिर)	आईसीआरए एएए (स्थिर)	केयर एएए (स्थिर)

Certifications

गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली

पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली

व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली

ऊर्जा प्रबंधन प्रणाली

सूचना सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली

परिसंपत्ति प्रबंधन प्रणाली

सार्वजनिक उपलब्धता के अनुसार समेकित प्रबंधन प्रणाली

सामाजिक उत्तरदायित्व मानक

रिश्वत विरोधी प्रबंधन प्रणाली

पुरस्कार और सम्मान

प्लैट्स ग्लोबल एनर्जी अवार्ड
"कॉर्पोरेट प्रभाव
-लक्षित कार्यक्रम" श्रेणी

अंतर्राष्ट्रीय सीएसआर उत्कृष्टता 2023 और सीएसआर विश्व लीडर 2023
"कॉर्पोरेट प्रभाव -लक्षित कार्यक्रम" श्रेणी

"एटीबी सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार 2024"
लर्निंग और विकास के क्षेत्र में दुनिया भर के कुलीन संगठनों में से एक के रूप में मान्यता प्राप्त

ब्रैंडन हॉल ग्रुप मानव पूंजी प्रबंधन पुरस्कार 2023
क्षमताओं और कौशल विकास में सर्वश्रेष्ठ प्रगति की श्रेणी।

स्कौश गोल्ड अवार्ड 2023
पुगलुर त्रूरशूर 2000 मेगावाट वोल्टेज स्रोत कनवर्टर एचसीडीवी सिस्टम

ईटी एज सर्वश्रेष्ठ संगठन 2024
महिलाओं के लिए



















Human Capital Management
EXCELLENCE CONFERENCE

एसएचआरएम एचआर उत्कृष्टता पुरस्कार में ''लर्निंग और विकास में उत्कृष्टता का प्रमाण पत्र''।

ISGF
India Smart Grid Forum
INNOVATION AWARDS 2024

डायमंड पुरस्कार


''स्मार्ट प्रौद्योगिकी - बिजली संचरण''

गोल्ड अवार्ड

''आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और रोबोटिक सौल्यूशन-उपयोगिता को अपनाना''

व्यापार पोर्टफोलियो

अपने व्यापक अनुभव के आधार पर, हमने देश भर में सबसे दुर्गम इलाकों में जटिल पारेषण परियोजनाओं को क्रियान्वित करने में अपनी कुशलता का प्रदर्शन किया है। हमारा व्यापार ढांचा तीन अलग–अलग खंडों में विभाजित है: पारेषण, दूरसंचार और परामर्श कार्य। उल्लेखनीय रूप से, पारेषण खंड हमारे कुल राजस्व में 97% से अधिक योगदान देता है।



पारेषण संबंधी व्यापार

पावरग्रिड राष्ट्रव्यापी उर्जा पारेषण को सुविधा उपलब्ध कराते हुए भारत के उर्जा पारेषण नेटवर्क का नेतृत्व करता है। हमारे प्रचालनों के मूल में विद्युत पारेषण प्रणाली की महत्वपूर्णता निहित है. जो उपभोक्ताओं को विद्युत प्रदान करने और उत्पादन स्टेशनों तथा वितरण नेटवर्क के बीच की खाई को पाटने के लिए महत्वपूर्ण पुल के रूप में कार्य करती है। अपनी स्थापना के बाद से, हमारा मिशन एक मजबूत पारेषण प्रणाली को विकसित करने और उसे सुदृढ़ करने पर केन्द्रित है। हमारा दृढ़ विश्वास है कि हमारी पारेषण अवसंरचना की मजबूती और हमारे राष्ट्रीय ग्रिड का एकीकरण, पेरिस समझौते के अनुरूप, राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) को पूरा करने में महत्वपूर्ण साबित होगा। संधारणीय ऊर्जा के प्रति भारत की प्रतिबद्धता के अनुरूप, हम 2030 तक 500 गीगावाट गैर–जीवाश्म ईंधन आधारित उत्पादन क्षमता को एकीकृत करने में योगदान देने का गर्व से संकल्प लेते हैं। इस महत्वाकांक्षी उद्देश्य के प्रति हमारी प्रतिबद्धता में, हम अपने अंतर–राज्यीय और राज्यीय संचरण गतिविधियों के लिए टैरिफ–आधारित प्रतिस्पर्धी बोली (टीबीसीबी) ढांचे द्वारा पेश किए गए व्यापक अवसरों का सख्ती से पालन करते हैं, साथ ही साथ हम अपने विनियमित टैरिफ तंत्र के भीतर अटूट जवाबदेही भी कायम रखते हैं।

हमारी व्यापक अवसंरचना विभिन्न विद्युत स्रोतों का समायोजन करते है, जिसमें केंद्रीय उत्पादन स्टेशन (सीजीएस), स्वतंत्र विद्युत उत्पादक (आईपीपीएस), अल्ट्रा मेगा पावर प्रोजेक्ट्स (यूएमपीपी) और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत शामिल हैं। इस समग्र दृष्टिकोण में पर्यावरण के अनुकूल विद्युत संचरण के लिए हरित ऊर्जा गलियारे, अल्ट्रा मेगा सौर ऊर्जा पार्कों के लिए विशेष कार्यक्रम और ग्रिड संवर्द्धन प्रयास शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, पावरग्रिड उच्च क्षमता वाले पारेषण गलियारे के साथ–साथ अंतर–राज्यीय, राज्यीय और अंतर–क्षेत्रीय कनेक्शन स्थापित करके राष्ट्रीय विद्युत सुरक्षा को दृढ़ करता है। हम घरेलू सीमाओं से परे भी फोकस कर रहे है, जिसमें पड़ोसी देशों के साथ अंतर्राष्ट्रीय संबंधों को बढ़ाने के प्रयास शामिल हैं। 1,77,699 सीकेएम (सर्किट किलोमीटर) लाइनों और 278 उपकेन्द्रों को कवर करने वाले विशाल पारेषण नेटवर्क के साथ, जिसकी परिवर्तन क्षमता 5,27,446 एमवीए से अधिक है, हम पूरे देश में निर्बाध विद्युत सुविधा सुनिश्चित करते हैं।




दूरसंचार संबंधी कारोबार

पॉवरग्रिड अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी–पॉवरग्रिड टेलीसर्विसेज लिमिटेड के माध्यम से दूरसंचार संबंधी कारोबार कर रहा है, जिसका ब्रांड नाम पॉवरटेल है, जो देश में एकमात्र दूरसंचार सेवा प्रदाता है, जिसके पास पावर ट्रांसमिशन लाइनों पर ऑप्टिकल ग्राउंड वायर का उपयोग करके पूरे भारत में ओवरहेड ऑप्टिक फाइबर नेटवर्क मौजूद है और यह मोबाइल संचार के लिए पारेषण टावर प्रदान करता है। यह नेटवर्क लेह, लद्दाख और पूर्वोत्तर क्षेत्रों जैसे दूरदराज क्षेत्रों तक फैला हुआ है, जहाँ विश्वसनीय कनेक्टिविटी एक समय में दुर्लभ थी। पॉवरटेल के पास इंटरनेट सेवा प्रदाता के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर काम करने का लाइसेंस है, जिसके माध्यम से वह कई तरह की सेवाएँ प्रदान करता है। दूरसंचार सेवाएँ प्रदान करने के अलावा, पॉवरटेल डाटा कनेक्टिविटी आवश्यकताओं के लिए व्यवसायों को बैंडविड्थ भी पट्टे पर देता है। वह विशेष रूप से एमपीएलएस/वीपीएन और इंटरनेट जैसी सेवाएं उद्यमों को प्रदान करता है, जिससे उसका निरंतर निष्पादन सुनिश्चित होता है। हमारा दूरसंचार नेटवर्क 1,00,000 किलोमीटर से अधिक तक फैला है और देश भर में 3,000 से अधिक स्थानों पर उपलब्ध है जिससे हमारी बैकबोन उपलब्धता –99.99% बनी हुई है।

आज जब भारत में डिजिटल बदलाव का दौर चल रहा है, दूरसंचार सेवाओं की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है। इस अवसर का लाभ उठाते हुए, पावरग्रिड ने कनेक्टिविटी के एक नए युग की शुरुआत करने के लिए अपने पारेषण अवसंरचना का उपयोग किया है, जिससे भारतीय दूरसंचार क्षेत्र पर पर्याप्त प्रभाव पड़ा है। भारत सरकार के डिजिटल इंडिया, नेशनल नॉलेज नेटवर्क (एनकेएन) और भारत नेट परियोजनाओं जैसी पहलों के साथ हमारे संबंध यह पुष्ट करते हैं कि प्रगति के प्रति हम समर्पित हैं।

हमारे दूरसंचार ग्राहक



कंपनी लगातार गतिशील दूरसंचार क्षेत्र में विविध व्यापार अवसरों की खोज कर रही है। हम नई सीमाओं को छूने और अपनी वैश्विक मौजूदगी को व्यापक बनाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय लंबी दूरी (आईएलडी) बैंडविड्थ व्यापार में प्रवेश कर रहे हैं। इस दूरदर्शी दृष्टिकोण के अनुरूप, हमने मानेसर, गुरुग्राम में एक पायलट डाटा केन्द्र की स्थापना की है, जो हमारी प्रतिष्ठित यात्रा में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

दूरसंचार उत्कृष्टता में नेतृत्वकारी की भूमिका में अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिए, हमने अपने भारत–व्यापी दूरसंचार नेटवर्क की बैंडविड्थ क्षमता को बढ़ाया है, जिससे अद्वितीय कनेक्टिविटी का मार्ग प्रशस्त हुआ है। इसके अलावा, कंपनी मोबाइल संचार के लिए ट्रांसमिशन टावर भी प्रदान कर रही है।

देश का एकमात्र दूरसंचार सेवा प्रदाता जिसके पास ईएचवी पारेषण लाइनों पर बना अखिल भारतीय ओवरहेड ऑप्टिक फाइबर नेटवर्क है।

परामर्शदात्री कारोबार


पावरग्रिड की क्षमताओं में पारेषण के इसके मुख्य परिचालनों के अतिरिक्त परामर्शदात्री सेवाएं उपलब्ध कराना भी है। इन सेवाओं में पारेषण, उप–पारेषण और वितरण के क्षेत्रों में प्रणालीबद्ध अध्ययन, डिज़ाइन इंजीनियरिंग, लोड डिस्पैच और प्रोजेक्ट प्रबंधन शामिल हैं। पावरग्रिड दूरसंचार क्षमताओं को बढ़ाने के लिए अंतरराज्यीय पारेषण नेटवर्क में ऑप्टिकल ग्राउंड वायर (ओपीजीडब्ल्यू) को एकीकृत करने जैसे अभिनव समाधानों में निपुण है। इसके अतिरिक्त, कंपनी खरीद प्रबंधन, परिचालन और रखरखाव रणनीतियों और क्षमता निर्माण कार्यक्रमों में ग्राहकों को सहायता उपलब्ध कराती है।



घरेलू बाजार में अग्रणी के रूप में, पावरग्रिड अक्षय ऊर्जा निर्माताओं, वितरण लाइसेंसधारियों और थोक उपभोक्ताओं के लिए बिल्ड, ओन, ऑपरेट और मेंटेन (बीओओएम) मॉडल के तहत पारेषण परियोजनाओं को सक्रिय रूप से शुरू कर रहा है। इसके अलावा, यह अंतर–राज्यीय पारेषण प्रणाली विकास के लिए राज्य उपयोगिताओं के साथ संयुक्त उद्यमों की तलाश कर रहा है। भविष्य में, पावरग्रिड का लक्ष्य ग्रीन हाइड्रोजन के आशाजनक क्षेत्र में प्रवेश करना है।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर, पावरग्रिड की दक्षिण एशिया, मध्य एशिया, अफ्रीका और यूरोप के 23 देशों में मजबूत स्थिति है। चुनौतीपूर्ण भौगोलिक क्षेत्रों में परियोजनाओं को पूरा करने का कंपनी का सफल ट्रैक रिकॉर्ड इसकी विशेषज्ञता को दर्शाता है। पावरग्रिड केन्या, तंजानिया, युगांडा, फिजी, इथियोपिया, नेपाल, श्रीलंका और उससे आगे के क्षेत्रों में सक्रिय रूप से व्यापारिक अवसरों पर कार्य कर रहा है।

सार्क, प्रशांत सागर, यूरोप, अफ्रीका सीआईएस और ओसेनिआ के 23 देशों में हम मौजूद हैं।



नए व्यापार

पॉवरग्रिड लगातार विभिन्न क्षेत्रों में प्रवेश करके अपने सेवा पोर्टफोलियो का विस्तार कर रहा है। इनमें **ग्रीन हाइड्रोजन**, एक संधारणीय और पर्यावरण अनुकूल ईंधन विकल्प, साथ ही **डाटा भंडारण** और प्रसंस्करण क्षमता की बढ़ती ज़रूरत को पूरा करने के लिए अत्याधुनिक डाटा केन्द्र का निर्माण शामिल है।

पॉवरग्रिड एनर्जी सर्विसेज़ लिमिटेड (पीईएसएल), हमारी सहायक कंपनी है जो सक्रिय रूप से नए और उभरते हुए व्यापार क्षेत्रों जैसे कि ऊर्जा प्रबंधन, पारेषण और वितरण कारोबार, इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग अवसंरचना, ऊर्जा भंडारण, स्मार्ट ग्रिड आदि पर कार्य कर रहा है।

पावरग्रिड की संधारणीयता रणनीति

इतिहास के इस निर्णायक क्षण में, संधारणीय ऊर्जा भविष्य के लिए सबसे महत्वपूर्ण बन गई है। पावरग्रिड इस परिवर्तनकारी प्रयास का नेतृत्व कर रहा है, हम इस बात से पूर्ण रूप से अवगत हैं कि आज के विकल्प आगे आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को आकार देंगे। हम अपनी जिम्मेदारी के साथ, अपने भविष्य के लिए स्वच्छ, अधिक पर्यावरण अनुकूल भविष्य की ओर बढ़ने का संकल्प लेते हैं। प्रत्येक कदम के साथ, हम जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण के कारण सम्मुख आने वाली कठिन चुनौतियों से निपटने की अपनी प्रतिबद्धता को नवीनीकृत करते हैं। हमारा उद्देश्य नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों की ओर पूर्णतः परिवर्तित होना, ऊर्जा दक्षता बढ़ाना, जल और अपशिष्ट पदचिह्नों को कम करना और संधारणीय विकास के लिए कार्बन उत्सर्जन को कम करने वाली नवीन तकनीकों को अपनाना है।

इस परिवर्तन की ओर बढ़ते हुए हम सरकार, कारोबारों, समुदायों तथा निजी व्यक्तियों को शामिल करते हुए एक व्यापक, सहयोगात्मक दृष्टिकोण पर बल देते हैं। डिजिटल क्रांति को अपनाते हुए, हम दक्षता बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी का नवाचार करते हैं और इसे अपनाते हैं और हमारे संधारणीयता प्रयासों के लिए एक सक्षमकर्ता के रूप में इसका उपयोग करते हैं। पावरग्रिड में, संधारणीयता के प्रति हमारा दृढ़ संकल्प अटल है। यह जानते हुए कि आकांक्षाओं को वास्तविकता में बदलने के लिए कार्य करना महत्वपूर्ण है हम इन रणनीतियों को दृढ़ संकल्प के साथ लागू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

साथ मिलकर, आइए हम पर्यावरण की दृष्टि से संधारणीयता, आर्थिक समृद्धी और सामाजिक रूप से न्यायसंगत भविष्य की ओर मार्ग प्रशस्त करें। आइए हम एकजुट होकर इस परिवर्तनकारी यात्रा को एक उज्जवल कल के वास्तुकारों के रूप में आकार दें।





1. पर्यावरण और सामाजिक मूल्यांकन

पावरग्रिड अपनी सभी आगामी पारेषण परियोजनाओं के लिए सक्रिय रूप से पर्यावरण और सामाजिक (ईएंडएस) मूल्यांकन करता है। इसमें तकनीकी व्यवहार्यता के साथ–साथ ईएंडएस फुटप्रिंट के संबंध में कम से कम तीन वैकल्पिक पारेषण लाइन मार्गों और उपकेन्द्रों का अध्ययन करना शामिल है, ताकि निर्माण के लिए न्यूनतम ईएंडएस प्रभावों के साथ सबसे इष्टतम विकल्प की पहचान की जा सके। इस रणनीतिक दृष्टिकोण ने हमें पारिस्थितिक और सामाजिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों, जैसे कि वन, राष्ट्रीय उद्यान और वन्यजीव अभयारण्य जैसे संरक्षित क्षेत्र, महत्वपूर्ण आर्द्रभूमि, बाघ अभयारण्य, ऐतिहासिक और पुरातात्विक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्र, मानव बस्तियाँ और धार्मिक स्थलों में दखल देने से बचने या कम दखल देने में प्रभावी रूप से मदद की है। इस प्रतिबद्धता ने हमारी परियोजनाओं में संभावित प्रतिकूल प्रभावों को काफी हद तक कम कर दिया है।

2. जल पदचिह्न

हमारी प्रतिष्ठानों के भीतर, पानी की खपत मुख्य रूप से घरेलू उद्देश्यों और बागवानी कार्यकलापों तक सीमित है, जिसमें एचवीडीसी उपकेन्द्रों में शीतलन के लिए एक छोटा सा हिस्सा आवंटित किया गया है। उल्लेखनीय रूप से, पानी का औद्योगिक उपयोग नहीं किया जा रहा है। स्थायी जल प्रबंधन प्रथाओं को सुनिश्चित करने के लिए, पावरग्रिड ने एक व्यापक जल प्रबंधन नीति तैयार की है और उसे अपनाया है। इसका उद्देश्य 2030 तक नेट वाटर पॉजिटिव स्थिति हासिल करना है।

वित्तीय वर्ष 2023–24 में, संगठन ने कुल 28,63,430 किलोलीटर पानी का उपयोग किया। इस तथ्य के बावजूद कि 2023 में भारत में सामान्य वर्षा में लगभग 33% की कमी देखी गई थी, पावरग्रिड वर्षा जल संचयन और भूजल पुनर्भरण के माध्यम से अपने कुल जल उपभोग का लगभग 38.98% पुनःपूर्ति करने में सक्षम था। जल गुणवत्ता प्रबंधन के लिए हमारे अपशिष्ट जल का एक बड़ा हिस्सा, जो अनिवार्य रूप से घरेलू सीवेज का होता है, सीवेज ट्रीटमेंट संयंत्र या सोक पिट्स में उपचारित किया जाता है। सार्वजनिक सीवरेज प्रणाली में केवल थोड़ी मात्रा में सीवेज छोड़ा जाता है। पावरग्रिड परिसरों में कोई औद्योगिक अपशिष्ट उत्पन्न नहीं होता है।

3. उत्तरदायित्व संसाधन खपत और अपशिष्ट प्रबंधन

देश की अर्थव्यवस्था में प्राकृतिक संसाधनों के महत्वपूर्ण योगदान को स्वीकार करते हुए, पावरग्रिड अपने संचालन में भूमि आदि जैसे संसाधनों पर निर्भरता को कम करने की अपनी प्रतिबद्धता में दृढ़ है। इस प्रयास के कारण कई नवाचार उपायों की श्रृंखला बनी है, जिसमें डिज़ाइन का अनुकूलन, डिजिटल उपकेन्द्रों का एकीकरण और उन्नत करंट–कैरिंग क्षमताओं के साथ उन्नत कंडक्टरों को अपनाना शामिल है।

हमारी अपशिष्ट प्रबंधन नीति और 2030 तक शून्य अपशिष्ट से लैंडफिल स्थिति में लाने के हमारे लक्ष्य के अनुरूप, हम पुनर्चक्रण और पुनः उपयोग पहलों के माध्यम से अपने प्रतिष्ठानों में उत्पन्न 90% से अधिक अपशिष्ट का सफलतापूर्वक निपटान करने में सक्षम हैं। केवल 10% अपशिष्ट, जिसमें मुख्य रूप से घरेलू/आवासीय अपशिष्ट शामिल है, को पर्यावरणीय रूप से सुरक्षित निपटान के लिए स्थानीय नगर निकायों या अधिकृत तृतीय–पक्ष संस्थाओं को सौंपा गया।

4. नवीकरणीय ऊर्जा

पावरग्रिड का लक्ष्य 2025 तक अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का 50% नवीकरणीय स्रोतों से पूरा करना और 2047 तक नेट ज़ीरो का दर्जा प्राप्त करना है। इन महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए, नवीकरणीय ऊर्जा पहलों को अपनाने के पर्याप्त प्रयास किए जा रहे हैं। मार्च 2024 तक, 10.2 एमडब्ल्यूपी सौर क्षमता वाले प्रतिष्ठानों की स्थापना से 10,053 एमवीएच विद्युत का उत्पादन हुआ है। इसके अलावा, संगठन के भीतर डीजल के उपयोग को कम करने के लिए एक सक्रिय दृष्टिकोण अपनाने से 155 डीजल वाहनों को इलेक्ट्रिक विकल्पों से बदल दिया गया है।

2030 तक 500 गीगावॉट गैर–जीवाश्म ईंधन–आधारित क्षमता

हासिल करने के भारत सरकार के उद्देश्य के अनुरूप, पावरग्रिड विभिन्न नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों को राष्ट्रीय ग्रिड में एकीकृत करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस प्रयास में उच्च क्षमता वाले हरित ऊर्जा गलियारों की स्थापना शामिल है, जो देशभर में घरों के लिए स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा की व्यापक सुविधा प्रदान करता है।

5. अर्थपूर्ण सीएसआर

हमारे सामुदायिक संबंधों को हमारी सीएसआर पहलों से दृढ़ समर्थन मिलता है, जो हमारे संचालन का अभिन्न अंग हैं। पावरग्रिड ग्रामीण आजीविका, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण और कौशल विकास सहित सामाजिक रूप से प्रासंगिक विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों के लिए धनराशि आवंटित करता है। इन परियोजनाओं की योजना व्यापक आवश्यकता विश्लेषण अध्ययनों के आधार पर सावधानीपूर्वक बनाई गई है, जिसमें स्थानीय आबादी के साथ परामर्श करना शामिल है। परियोजना के पूरा होने के बाद, समाज को मिलने वाले लाभों का आकलन करने के लिए गंभीर प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन किए जाते हैं।

वित्त वर्ष 2023–24 में, 312.24 करोड़ के आवंटित बजट की तुलना में, हमने इन पहलों के लिए कुल 330.48 करोड़ खर्च किया। यह हमारे द्वारा सेवित समुदायों में एक ठोस अंतर लाने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

6. प्रौद्योगिकी का अग्रसक्रीय अंगीकरण

पावरग्रिड मल्टीसर्किट, अधिक लंबे और संकीर्ण बेस टावर, कुशल कंडक्टर जैसी आधुनिक तकनीकों को विकसित करके और उन्हें अपनाकर तथा शहरी क्षेत्रों में एआईएस की तुलना में जीआईएस को प्राथमिकता देकर, नवाचार में अग्रणी है। हमारे हाल के तकनीकी नवाचारों में ट्रांसफॉर्मर और रिएक्टरों के लिए सिंथेटिक तेल की जगह अधिक पर्यावरण अनुकूल एस्टर तेल का उपयोग, दूरसंचार एंटेना को बिजली देने के लिए पृथ्वी के तारों में प्रेरक शक्ति का उपयोग और पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के लिए उच्च जीडब्ल्यूपी एसएफ6 गैस को पर्यावरण अनुकूल विकल्पों से बदलने की दिशा में चल रहे प्रयास शामिल हैं।

7. कार्बन सिंक सृजित करना

पावरग्रिड वनों जैसे कार्बन सिंक को संरक्षित करने और बढ़ाने के साथ–साथ ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने की आवश्यकता को समझता है। सावधानीपूर्वक मार्ग चयन और आधुनिक तकनीकों के माध्यम से, इसने 1998 से अपनी पारेषण लाइनों में वनों की भागीदारी को 60% से अधिक कम कर दिया है, जिससे 27,442 हेक्टेयर वन क्षेत्र बचा रहा है। इसके अतिरिक्त, वित्त वर्ष 2023–24 तक, पावरग्रिड ने अपनी सीएसआर योजनाओं के तहत वृक्षारोपण से 8,26,702 पेड़ लगाए थे, जिससे सालाना 17,997 टन CO2 अवशोषित होता है।





तीन दशकों में अधिक की हमारी संधारणीयता यात्रा

2004
आईएमएस के साथ प्रमाणित आईएसओ 9001, जिसमें आईएसओ 14001 और ओएचएसएएस 18001 शामिल हैं

2005
ईएसपीपी का पहला अद्यतन

2006
दक्षिण–पूर्व एशिया में संधारणीय नेतृत्व के लिए विश्व बैंक द्वारा ग्रीन अवार्ड

2007
पीएएस 99–आधारित आईएनएस के साथ प्रमाणित जिसमें आईएसओ 9001, आईएसओ 14001 और ओएबएसएएस 18001 (अब आईएसओ 450001) शामिल हैं

2009
ईएसपीपी को दूसरा अपडेट विश्व बैंक की देश प्रणाली के उपयोग (यूसीएस) नीति के अनुरूप बनाने में है। यूसीएस के तहत विश्व बैंक द्वारा स्वीकार किया जाने वाला पहला ऐसा दस्तावेज

2010
2008–09 के लिए अपनी पहली स्टैंडअलोन सस्टेनेबिलिटी रिपोर्ट का खुलासा करने वाला बिजली क्षेत्र का पहला भारतीय पीएसयू

2011
सीएसआर में उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए विद्युत क्षेत्र में स्वर्ण पुरस्कार

2021
लगातार 7 वर्ष तक एशिया प्रशांत में सबसे तेज गति से बढ़ने वाली विद्युत उपयोगिता, ग्रेट प्लेस टू वर्क इंस्टीट्यूट, भारत द्वारा औद्योगिक सेवाओं में सर्वश्रेष्ठ कार्यस्थलों में से एक।

2022
7वीं संवहनीयता रिपोर्ट का खुलासा

2023
प्रथम एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट प्रकाशित, ईएसजी नीति और लक्ष्यों, जल और जल प्रबंधन नीति को अपनाना

2020

6ठी संधारणीयता रिपोर्ट का खुलासा, भारत के माननीय राष्ट्रपति द्वारा स्वच्छ भारत पुरस्कार

2019

लगातार पांच वर्षों के लिए एशिया में सबसे तेजी से बढ़ती इलेक्ट्रिक उपयोगिता वाली तीसरी सबसे तेजी से बढ़ती इलेक्ट्रिक उपयोगिता

2018

सीएसएस का सफल कार्यान्वयन चौथी और पांचवीं संधारणीयता रिपोर्ट का खुलासा

2017

एडीबी ने देश सुरक्षा प्रणाली (सीएसएस) के तहत एशिया में पहले दस्तावेज के रूप में पावरग्रिड के इएसपीपी को मंजूरी दी, एआई ग्लोबल यूके द्वारा सर्वश्रेष्ठ पावर ट्रांसमिशन यूटिलिटी कंपनी–इंडिया के लिए 'क्लीन एनर्जी अवार्ड, 2016

2015

मैसर्स प्लेट्स द्वारा सबसे तेज गति से बढ़ने वाली विद्युत उपयोगिता, संधारणीय विकास के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए छह पूर्वोत्तर राज्यों विकसित ईएसपीपीएफ

2014

अनिच्छुक भूमि अधिग्रहण से बचते हुए इच्छुक खरीददार – इच्छुक विक्रेता संबंधी भूमि प्राप्ति की प्रथा अपनायी गयी

2013

अपशिष्ट कागज रीसाइक्लिंग संयंत्र की स्थापना, वर्षा जल संचयन प्रणाली का कार्यान्वयन और एसडी योजना के तहत ग्रीन बिल्डिंग, दूसरी द्विवार्षिक और बाह्य रूप से सुनिश्चित स्थिरता रिपोर्ट 2009–11 का खुलासा किया

2012

सीएसआर कार्पोरेट शासन पुरस्कार, पावरलाइन पुरस्कार

2002

गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली के लिए आईएसओ 9001 सहित प्रमाणित

2000

जेनेनटेक पर्यावरण उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित

1998

पर्यावरण और सामाजिक नीति एवं प्रक्रिया (ईएसपीपी) का विकास और कार्यान्वयन

संधारणीय विजन

पावरग्रिड एक संधारणीय और पर्यावरण अनुकूल भविष्य की ओर जिम्मेदारीपूर्वक बढ़ने के लिए सक्रिय रूप से नए रास्ते तलाश रहा है। हम, राष्ट्र के नेट ज़ीरो लक्ष्य में योगदान देने की अपनी ज़िम्मेदारी को समझते हुए अक्षय ऊर्जा स्रोतों को अपनाने वाली लचीली अवसंरचनाओं की स्थापना के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसमें दक्षता बढ़ाने, हमारी प्रणालियों, प्रक्रियाओं और सेवाओं से होने वाले पर्यावरणीय और सामाजिक प्रभाव को कम करने और सामाजिक रूप से न्यायसंगत और समतावादी समाज में योगदान देने के लिए निरंतर प्रतिबद्धता शामिल है।

हमारी रणनीति में पर्यावरण, सामाजिक और शासन आयामों में दीर्घकालिक उद्देश्य और दिन–प्रतिदिन की पहलें दोनों शामिल हैं, जो जीआरआई और यूएन एसडीजीएस जैसे विश्व स्तरीय ढाँचों का पालन करती हैं।

कार्य संचालन में स्थिरता हमारी व्यापारिक प्रथाओं की आधारशिला रही है। यह विजन हमारी पर्यावरण और सामाजिक नीति और प्रक्रिया (ईएसपीपी) https://www.powergrid.in/sites/default/files/inline-files/ESPP.pdf. के प्रकटीकरण के साथ 1998 में स्थापित किया गया। परिहार, न्यूनीकरण, शमन और बहाली के प्रमुख सिद्धांतों पर आधारित ईएसपीपी, हमारे व्यापारिक कार्यकलापों से होने वाले पर्यावरणीय और सामाजिक पदचिह्नों से निपटने के हमारे दृष्टिकोण को परिभाषित करता है। यह उल्लेखनीय है कि पावरग्रिड एशिया का पहला सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है जिसने अपने व्यापार प्रक्रियाओं से जुड़े सभी संभावित बाह्य प्रभावों को आंतरिक बनाने और संबोधित करने के उद्देश्य से सभी प्रासंगिक स्थिरता मुद्दों को संबोधित करते हुए इस तरह के व्यापक नीति दस्तावेज को तैयार और प्रकट किया है।

भविष्य की सुरक्षा और वर्तमान के प्रति अपनी जिम्मेदारी के प्रति हमारे समर्पण के अनुरूप, हमारी संधारणीयता पहलें मुख्य रूप से पर्यावरण, सामाजिक और शासन (ईएसजी) नीति द्वारा निर्देशित रहती है। पावरग्रिड ने वर्ष 2023 में अपनी ईएसजी नीति को अपनाया है और इसी वर्ष अपने ईएसजी विजन और लक्ष्यों को भी अपनाया है।

हमारे ईएसपीपी को दुनिया के दो प्रमुख बहुपक्षीय वित्तीय संस्थानों, विश्व बैंक और एशियाई विकास बैंक द्वारा क्रमशः उनके देश प्रणाली के उपयोग (यूसीएस) और देश सुरक्षा प्रणाली (सीएसएस) के तहत प्रमाणित होने का अप्रतीम गौरव प्राप्त है और केआईडब्ल्यू जैसे अन्य प्रतिष्ठित वित्तीय संस्थानों द्वारा इसकी सराहना की गई है।



केआईडब्ल्यू टीम का पावरग्रिड उपकेन्द्र का दौरा



2030 के लिए ईएसजी विजन

जिम्मेदारी को संधारणीय और हरित भविष्य में परिवर्तन

ई

निम्न कार्बन परिचालन के लिए परिवर्तनः

हमारे कार्यान्वयन और मूल्य श्रृंखला में कार्बन प्रबलता को कम करना,

सचेत खपतः

प्राकृतिक संसाधनों का उचित उपयोग



एस

पोषक कार्यस्थलः

समावेशी और सकारात्मक कार्य वातावरण के माध्यम से कर्मचारी की कुशलता को प्राथमिकता देना

विश्वसनीय संबंध

अपने हितधारकों के साथ संबंध मजबूत करना



जी

सुदृढ़ शासनः

नैतिक व्यापार संबंधी आचरण का अनुपालन और पारदर्शिता एवं निष्ठा पर अधिक ध्यान केन्द्रित करना



ईएसजी लक्ष्य और प्रगति

ईएसजी यात्रा में हमने अपने लिए ठोस लक्ष्य निर्धारित किए हैं। ये लक्ष्य संधारणीय और नैतिक प्रथाओं को बढ़ावा देने के हमारे व्यापक मिशन के लिए आवश्यक हैं।

यह समग्र दृष्टिकोण हमारे मूल मूल्यों के साथ संरेखित है और हमारे हितधारकों की अपेक्षाओं को पूरा करता है, जो हमें लक्ष्य और उपलब्धि को हासिल करने के लिए प्रेरित करते हैं। सावधानीपूर्वक योजना बनाने, सहयोग और उद्योग की सर्वोत्तम प्रथाओं के पालन से, हम इन लक्ष्यों को प्राप्त करने और दुनिया भर में सार्थक परिवर्तन लाने की अपनी क्षमता के प्रति आश्वस्त हैं।



हरित भविष्य की ओर

- वर्ष 2047 तक नेट जीरो संगठन बनने के दृढ़ राह पर अग्रसर
- वर्ष 2025 तक नवीकरणीय ईंधन स्रोतों से 50% आंतरिक ऊर्जा उपयोग
- वर्ष 2030 तक निवल जल सकारात्मक संगठन बनना
- वर्ष 2030 तक लैंडफिल में शून्य अपशिष्ट का दर्जा हासिल करना

• • •



अधिक समावेशी समाज की ओर

- विभिन्न सीएसआर पहलों के माध्यम से दीर्घकालिक सकारात्मक प्रभाव बनाने के लिए समुदायों के साथ मिलकर कार्य करना
- क्षेत्रीय और कर्मचारी सशक्तिकरण दोनों हेतु समग्र पुनर्कौशल और कौशल प्रदान करना
- शिकायत निवारण को बढ़ावा देना
- वेंडर को तैयार करने का कार्यक्रम

• • •



शासन को बढ़ावा देना


- उत्तरदायी व्यापार संबंधी कार्य प्रणालियों को उत्प्रेरक बनाना
- हितधारकों के लिए प्रकटन में प्रभाविता
- ह्विसलब्लोइंग और धोखाधड़ी रोकथाम
- परस्पर हितों के टकराव से बचाना

केपीआई	लक्ष्य/टारगेट	लक्ष्य वर्ष	वित्त वर्ष 24 में प्रगति	संबद्ध पूंजी
उत्सर्जन	नेट ज़ीरो संगठन बनने के लिए दृढ़ मार्ग पर	2047	प्रगति पर है	प्राकृतिक पूंजी
नवीकरणीय ऊर्जा	नवीकरणीय स्रोतों से 50% आंतरिक ऊर्जा उपयोग	2025	प्रगति पर है	प्राकृतिक पूंजी
जल संरक्षण	निवल जल सकारात्मक संगठन बनना	2030	प्रगति पर है	प्राकृतिक पूंजी
अपशिष्ट निपटान	"लैंडफिल में शून्य अपशिष्ट" का दर्जा हासिल करना	2030	प्रगति पर है	प्राकृतिक पूंजी

ईएसजी शासन

पावरग्रिड ने जिम्मेदार संचालन सुनिश्चित करने के लिए एक सक्रिय और तर्कसंगत दृष्टिकोण अपनाया है जिसमें हमारे महत्वपूर्ण पर्यावरण सामाजिक और शासन (ईएसजी) मुद्दों को रणनीतिक रूप से प्राथमिकता देना और उन्हें कम करने के लिए चुस्त कार्रवाई करना शामिल है। इन मुद्दों का प्रबंधन एक कठोर ईएसजी शासन तंत्र द्वारा अभिशासित है।

इस तथ्य को जानते हुए कि ऊर्जा की मांग कई गुना बढ़ रही है, हम व्यापार की रूपरेखा में सतत परिवर्तन की उम्मीद करते हैं। यह हमारे लिए कई अनिश्चित चुनौतियां और अवसर पैदा करता है जिसके लिए हमें हमारे प्रचालनों में और अधिक जिम्मेदार और उन्नत प्रणालियों तथा प्रौद्योगिकियों को अपनाने और एकीकृत करना आवश्यक हो जाता है।




यूएनएसडीजीएस के साथ संरेखित पहलें

संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के गहन प्रभाव पर विचार करते हुए, हमें यह बताते हुए प्रसन्नता है कि हम उनके सिद्धांतों के प्रति अटूट रूप से प्रतिबद्ध हैं। सितंबर 2015 में संयुक्त राष्ट्र सतत विकास शिखर सम्मेलन में उनके औपचारिक रूप से अपनाए जाने से बहुत पहले, हमने उनके दूरदर्शी आदर्शों को अपनाया था और एक परिवर्तनकारी यात्रा शुरू की थी। हमारी पर्यावरण और सामाजिक नीति और प्रक्रिया (ईएसपीपी), जो परिहार, न्यूनीकरण और शमन के सिद्धांतों पर आधारित है, ने एसडीजीएस के साथ काम करने के हमारे संरेखण की नींव रखी थी।

सामाजिक कल्याण के प्रति गहरी प्रतिबद्धता से प्रेरित होकर, हमने पर्यावरणीय उत्कृष्टता, सामाजिक कल्याण और जलवायु परिवर्तन पहलों का लगातार समर्थन किया है। यह प्रतिबद्धता हमारे व्यापारिक संचालन में एसडीजी को सहजता से एकीकृत करने के हमारे निरंतर प्रयासों में स्पष्ट है। रिपोर्टिंग अवधि के दौरान, हमने अपनी मौजूदा पहलों को बरकरार रखा और नए प्रयासों को शुरू किया जिससे हम सतत प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ते रहे हैं।

हमें अपनी कुछ चुनिंदा पहलों को साझा करते हुए खुशी हो रही है, जिनमें से प्रत्येक सतत विकास लक्ष्यों के प्रति हमारी दृढ़ प्रतिबद्धता और एक ऐसा भविष्य बनाने के हमारे दृढ़ संकल्प का प्रमाणित करता है, जहां कोई भी व्यक्ति हाशिए पर न रहे:



एसडीजी लक्ष्य	वित्तीय वर्ष 2023–24
1 NO POVERTY	402.00 लाख की लागत से आईसीआरआईएसएटी के माध्यम से ओडिशा के कालाहांडी जिले के जयपटना ब्लॉक में एकीकृत वाटरशेड प्रबंधन के माध्यम से ग्रामीण आजीविका में सुधार करना।
2 ZERO HUNGER 	227.54 लाख रु. की लागत से वाराणसी के सरकारी स्कूलों में 5000 बेंच और आंगनवाड़ी केंद्रों के लिए 200 किट की खरीद के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना।
	आंध्र प्रदेश में टीबी से पीड़ित रोगियों को पोषण सहायता – ₹602.82 लाख की लागत से टीबी मुक्त भारत।
	तेलंगाना के आदिलाबाद जिले में 160 आंगनवाड़ी केंद्रों के बच्चों को ₹121.41 लाख की लागत से पोषण पूरक सामग्री और शिक्षण सहायता किट की सहायता देना।
	बागपत में ₹350.00 लाख की लागत से मातृ एवं नवजात शिशु देखभाल, पोषण पुनर्वास केंद्र और मोबाइल पैथोलॉजी केंद्र की स्थापना, साथ ही पोषक आहार और पूरक आहार उपलब्ध कराना।
3 GOOD HEALTH AND WELL-BEING 	फरीदाबाद के ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल को रोबोटिक सर्जरी के लिए ₹2500.00 लाख की लागत से उन्नत रोबोटिक सर्जिकल सिस्टम की स्थापना में वित्तीय सहायता प्रदान करना।
	कर्नाटक, बैंगलोर में निमहंस के परिसर में ₹2300.00 लाख की लागत से पावरग्रिड धर्मशाला/रात्रि आश्रय बनाना।
	₹2292.86 लाख की लागत से एआईआईएमएस, बिलासपुर को चिकित्सा उपकरण उपलब्ध कराना।
	₹1663.57 लाख की लागत से एमएलबी मेडिकल कॉलेज, झांसी में पावरग्रिड विश्राम सदन।
	रांची के रिम्स में ₹1560.00 लाख की लागत से पावरग्रिड विश्राम सदन।
	वडोदरा के सर सयाजीराव जनरल (सीएसएस) अस्पताल में ₹1495.00 लाख की लागत से पावरग्रिड विश्राम सदन।
	₹1350.00 लाख की लागत से एसीटीआरईसी, टीएमसी में पावरग्रिड मॉड्यूलर ओटी कॉम्प्लेक्स में इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी सूट को सुसज्जित करना।
	₹854.06 लाख की लागत से ओडिशा के कालाहांडी जिले (आकांक्षी जिला) के विभिन्न अस्पतालों में चिकित्सा उपकरण और यंत्र उपलब्ध कराना।
	₹800.00 लाख की लागत से जिपमर, पांडिचेरी के आपातकालीन चिकित्सा सेवा विभाग के लिए 128 स्लाइस सीटी स्कैन की आपूर्ति और स्थापना।
	सरकारी राजाजी अस्पताल, मदुरै, तमिलनाडु में ₹791.00 लाख की लागत से कैथ लैब परिसर को उन्नत सुविधाओं के साथ कैथ लैब उपकरण उपलब्ध कराना और कैथ लैब परिसर का नवीनीकरण करना।

एसडीजी लक्ष्य	वित्तीय वर्ष 2023–24
	₹683.00 लाख की लागत से दावणगेरे जिले के अंतर्गत जिला स्वास्थ्य एवं पीडब्लू अधिकारी में चिकित्सा उपकरण उपलब्ध कराना और पीएचसी का विकास तथा 3 पीएचसी का नवीनीकरण।
	₹650.00 लाख की लागत से टाटा मेमोरियल सेंटर, होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र, न्यू चंडीगढ़, पंजाब के लिए सीटी स्कैनर उपलब्ध कराना।
	गुजरात में नवजात स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार करना तथा नवजात मृत्यु दर को कम करना। जी.सी.एस.आर.ए. की सहायता से पावरग्रिड, गुजरात में कुल 10 स्थानों पर ₹592.66 लाख की लागत से "एनआईसीयू ऑन व्हील्स" उपलब्ध करा रहा है।
4 QUALITY EDUCATION 	उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में ₹1600.00 लाख की लागत से औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) की स्थापना और तमिलनाडु के कांचीपुरम जिले के पेरुंबक्कम में ₹1582.00 लाख की लागत से औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) की स्थापना।
	बिहार के दरभंगा में सीएम साइंस कॉलेज में ₹750.00 लाख की लागत से 150 बिस्तरों वाले आर्यभट्ट बालक छात्रावास का निर्माण और पार्क का विकास।
	वाराणसी के राजकीय क्वींस कॉलेज में ₹490.52 लाख की लागत से 120 बिस्तरों वाले छात्रावास का निर्माण।
	उत्तर प्रदेश के महोबा जिले में ₹303.68 लाख की लागत से 16 सरकारी प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों की मरम्मत और जीर्णोद्धार।
	₹278.32 लाख की लागत से बिहार के मोतिहारी स्थित मुंशी सिंह कॉलेज में पुस्तकालय वाचनालय, कॉमन रूम का निर्माण, आंतरिक सड़क और आसपास के क्षेत्र का विकास।
	₹215.00 लाख की लागत से मध्य प्रदेश के सतना जिले के नागोद स्थित शासकीय बरमेंद्र जिला पुस्तकालय का नवीनीकरण और उन्नयन करके पावरग्रिड ज्ञान केंद्र (पीजीके) की स्थापना।
	₹55.54 लाख की लागत से एनएसटीआई (महिला) बेंगलुरु में दो ट्रेडों (इंटरनेट ऑफ थिंग्स (स्मार्ट सिटी और स्मार्ट हेल्थ केयर)) के तहत कक्षाएँ और प्रयोगशालाएँ स्थापित करने के लिए वस्तुओं की आपूर्ति।
	₹453.00 लाख की लागत से एनआईटी जमशेदपुर परिसर में वाई–फाई सुविधा की स्थापना।
	₹120.88 लाख की लागत से असम इंजीनियरिंग संस्थान में कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र भवन के लिए उपकरण और मशीनरी, फर्नीचर और ऑडियो–विजुअल सहायक उपकरण की स्थापना।
	₹4.69 लाख की लागत से अरुणाचल प्रदेश के लोअर दिबांग घाटी जिले के रोइंग में कैरियर काउंसलिंग भवन के लिए इलेक्ट्रॉनिक उपकरण सुसज्जित करना।
	सिंगरौली जिले के तहसील–माडा के खमरिया स्थित सरकारी प्राथमिक विद्यालय के छात्रों के लिए स्वेटर का वितरण।

एसडीजी लक्ष्य	वित्तीय वर्ष 2023–24
5 GENDER EQUALITY 	संबलपुर जिले के रायराखोल ब्लॉक में स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की महिला सदस्यों को 65 सिलाई मशीन का वितरण (किशोरनगर टीएलएम, अंगुल उपकेन्द्र के अंतर्गत ₹4.86 लाख की लागत से)।
	अरुणाचल प्रदेश के लोअर दिबांग घाटी जिले के रोइंग में आईएमसीएलएस जीआई जोह एसएचजी द्वारा ₹4.6 लाख की लागत से दो शाफ्ट हैंडलूम बुनकरों को प्रशिक्षण प्रदान किया।
6 CLEAN WATER AND SANITATION 	₹772.37 लाख की लागत से गुजरात के वडोदरा नगर निगम के अंतर्गत वडोदरा शहर के मौजूदा "खासवाड़ी स्मशान" का उन्नयन और जीर्णोद्धार।
	₹199.00 लाख की लागत से गांधीनगर नगर निगम, गुजरात के लिए 02 वैक्यूम रोड स्वीपिंग मशीन।
	₹142.00 लाख की लागत से जिला विकास आयुक्त सांबा को एक ट्रक माउंटेड वैक्यूम रोड स्वीपिंग मशीन, बैलिस्टिक सॉलिड वेस्ट म्यूनिसिपल सेपरेटर और जेसीबी लोडर प्रदान करना।
	महाराष्ट्र के नासिक जिले के मालेगांव नगर निगम को ₹121.40 लाख की लागत से एक ट्रक माउंटेड वैक्यूम रोड स्वीपिंग मशीन प्रदान करना
	वाराणसी में ₹99.84 लाख की लागत से 195 हैंडपंप की स्थापना।
	सिक्किम के नामची के नामथांग ब्लॉक के लिए ₹30.89 लाख की लागत से 1 रिसोर्स रिकवरी व्हीकल की आपूर्ति।
	उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर जिले में ₹344.40 लाख की लागत से 500 हैंडपंप की स्थापना।
7 AFFORDABLE AND CLEAN ENERGY 	उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर जिले में ₹111.44 लाख की लागत से 500 सोलर लाइट की स्थापना।
	उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले में ₹111.45 लाख की लागत से 500 सोलर लाइट्स की आपूर्ति और स्थापना।
	एलीजर जोल्डन मेमोरियल (ईजेएम) कॉलेज, लेह में सोलर पावर प्लांट के लिए ₹12.99 लाख की लागत से 60 बैटरी उपलब्ध कराना।
8 DECENT WORK AND ECONOMIC GROWTH 	₹2513.48 लाख की लागत से आरडीएसएस के तहत स्मार्ट मीटरिंग के कार्यान्वयन के लिए कार्यबल का कौशल विकास।
	₹1878.12 लाख के लिए वित्त वर्ष 2023–24 में प्रशिक्षुओं की नियुक्ति।

एसडीजी लक्ष्य		वित्तीय वर्ष 2023–24
		₹242.51 लाख की लागत से मध्य प्रदेश के सिंगरौल जिले की साराइ तहसील में अनुसूचित जाति के माध्यमिक बालिका छात्रावास का निर्माण।
		₹155.82 लाख की लागत से उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले में दिव्यांग व्यक्तियों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराना।
		₹74.40 लाख की लागत से तमिलनाडु राज्य में दृष्टिहीनों के लिए 08 सरकारी स्कूलों के लिए 80 एनी डिवाइस खरीदने के लिए सहायता प्रदान करना।
		₹35.97 लाख की लागत से महाराष्ट्र के सोलापुर के होटगी में शासकिया आश्रमशाला (आदिवासियों के लिए आवासीय विद्यालय) के लिए चारपाई और अन्य सामान उपलब्ध कराना।
		₹4.8 लाख की लागत से बोमडिला के जिला अस्पताल में दृष्टिबाधित बच्चों के लिए ब्रेल प्रयोगशाला की स्थापना।
		भारत सरकार की नीति के अनुरूप समाज के कमजोर वर्गों की भर्ती के लिए सकारात्मक कार्रवाई करना।
		₹1928.74 लाख की लागत से उत्तराखंड के श्री बद्रीनाथ धाम को आध्यात्मिक स्मार्ट पहाड़ी शहर के रूप में निर्मित करने और उसके विकास के लिए वित्तीय सहायता।
		₹765.64 लाख की लागत से कोटा में सामुदायिक केंद्रों के निर्माण और सरकारी स्कूलों के विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना।
		₹546.00 लाख की लागत से आरा, बिहार में नई पुलिस लाइन में बहुउद्देशीय हॉल।
		₹388.00 लाख की लागत से आरा, बिहार में सांस्कृतिक भवन का नवीनीकरण।
		₹299.55 लाख की लागत से असम के उदलगुर जिले के भेरगांव में ऑडिटोरियम हॉल का निर्माण।
		कर्नाटक के दावणगेरे के चन्नागिरी तालुक में ₹240.40 लाख की लागत से सड़क निर्माण, बैरियर और बस स्टॉप जैसे बुनियादी ढांचे के विकास का निर्माण।
		असम के हैलाकांडी (आकांक्षी जिला) में जिला खेल संघ में स्टेडियम/सार्वजनिक खेल मैदान के उन्नयन/सुधार के लिए ₹240.13 लाख की लागत की वित्तीय सहायता।
		उत्तर लखीमपुर, असम में स्क्वैश और शतरंज जैसे राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त खेलों के लिए खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए 15.05 लाख रु की लागत से इनडोर खेल परिसर का निर्माण।
 		सिंथेटिक खनिज तेल की जगह प्राकृतिक एस्टर तेल के साथ दुनिया का पहला रिएक्टर चालू किया।
		डिजिटल उपकेन्द्र का विकास जिसके परिणामस्वरूप तांबे जैसे प्राकृतिक संसाधनों की खपत कम हुई।

एसडीजी लक्ष्य	वित्तीय वर्ष 2023–24
13 CLIMATE ACTION, 15 LIFE ON LAND	₹129.51 लाख की लागत से ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) द्वारा ऊर्जा संरक्षण–2023 पर स्कूल, राज्य और राष्ट्रीय स्तर की चित्रकला प्रतियोगिता के माध्यम से ऊर्जा संरक्षण पर राष्ट्रीय जागरूकता अभियान।
	₹81.24 लाख की लागत से विजयवाड़ा नगर निगम, विजयवाड़ा, आंध्र प्रदेश को स्वचालित पीईटी बोतल फ्लेकिंग और रिवर्स वेंडिंग मशीन उपलब्ध कराना।
	₹73.62 लाख की लागत से गुरुग्राम के सेक्टर 43 में ग्रीन बेल्ट का रखरखाव।
	उत्तराखंड के जौलजीबी में सीएसआर के तहत भेल्या वन पंचायत में ₹71.20 लाख की लागत से बाढ़ नियंत्रण और मृदा अपरदन नियंत्रण का कार्य करना।
16 PEACE, JUSTICE AND STRONG INSTITUTIONS	सीएसआर के तहत असम, मणिपुर और छत्तीसगढ़ के 1911 हिंसा प्रभावित छात्रों की शिक्षा के लिए राष्ट्रीय सांप्रदायिक सद्भाव फाउंडेशन (एनएफसीएच) को ₹302.10 लाख की वित्तीय सहायता प्रदान करना।
17 PARTNERSHIPS FOR THE GOALS	तकनीकी और नीतिगत नवाचारों और मानव संसाधन विकास के लिए आईआईटीएस, आईआईएमएस, आईआईएससी, एमडीआई आदि जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ सहयोग करना।
	ज्ञान साझा करने, क्षमता निर्माण, विचारों और सर्वोत्तम प्रथाओं आदि के आदान–प्रदान के माध्यम से विकास और वृद्धि के सतत मार्ग को प्राप्त करने के उद्देश्य से विभिन्न रूपों में विश्व बैंक, एडीबी, पीडब्ल्यूसी जैसे प्रतिष्ठित संगठनों के साथ सहयोग करना।



हितधारक सहभागिता तथा भौतिकत्व आकलन

हितधारक सहभागिता

हमारी हितधारकों के पहचान की प्रक्रिया हमारे संचालन और गतिविधियों से जुड़े, उससे प्रभावित या उनसे संबद्ध विभिन्न हितधारकों के बीच सावधानीपूर्वक अंतर करती है। यह व्यवस्थित दृष्टिकोण हमें उनकी चिंताओं को बेहतर ढंग से समझने, उनकी अपेक्षाओं को पूरा करने और मजबूत संबंध स्थापित करने में सक्षम बनाता है। पहले, हमने हितधारकों का एक व्यापक मूल्यांकन किया, जिसमें प्रमुख भौतिक पहलुओं की पहचान की गई और हितधारकों को समान हितों के आधार पर समरूप समूहों में वर्गीकृत किया गया। इसके बाद प्रत्येक समूह के लिए एक प्रभावी सहभागिता योजना विकसित की गई। विशिष्ट परियोजनाओं से संबंधित हितधारकों की पहचान उनके महत्व, प्रभाव, भागीदारी और रुचि को ध्यान में रखते हुए की गई, जिन्हें तीन प्रमुख समूहों में वर्गीकृत किया गयाः प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित व्यक्ति, परियोजना में रुचि रखने वाले या उस पर प्रभाव डालने वाले हितधारक और परियोजना कार्यान्वयन में शामिल व्यक्ति और संस्थान। इस रिपोर्टिंग वर्ष के लिए हमारी हितधारक सूची सहभागिता पद्धति, आवृत्ति और महत्व के विषय में अद्यतन विवरणों के अनुरूप बनी हुई है।

हम अपने सभी हितधारकों के साथ सकारात्मक और पारदर्शी संबंध बनाने का प्रयास करते हैं। ये संबंध प्रतिक्रिया के माध्यम से लगातार मजबूत होते हैं, जिससे परिचालन प्रक्रियाओं और उसके बाद के परिणामों में सुधार होता है। हमें विश्वास है कि हमारे हितधारकों की जरूरतों को प्राथमिकता देने से विश्वास, लचीलापन, अनुकूलनशीलता और जिम्मेदार प्रगति पर आधारित स्थायी संबंध विकसित होंगे।

हमारी हितधारक सहभागिता प्रक्रिया नीचे दिए गए खंड में विस्तृत रुप से दिया गया है

हितधारक समूह	ये हितधारक हमारे लिए क्यों महत्वपूर्ण हैं	क्या कमजोर और हाशिए पर रहने वाले समूह के रूप में पहचाना गया है (हाँ/नहीं)	संचार के तरीके (ई–मेल, एसएमएसए समाचार पत्र, पैम्फलेट, विज्ञापन, सामुदायिक बैठकें, नोटिस बोर्ड, वेबसाइट) आदि	अनुबंध की आवृत्ति (वार्षिक/ अर्धवार्षिक / त्रैमासिक / अन्य कृपया निर्दिष्ट करें)	रणनीतिक प्राथमिकताएँ (इस तरह के जुड़ाव के दौरान उठाए गए प्रमुख विषयों और चिंताओं सहित जुड़ाव का उद्देश्य और दायरा)।
शेयरधारक/ निवेशक (वित्तीय एवं सामाजिक पूजी)	हमारे शेयरधारक हमारे व्यवसाय के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उनका मूल्य शेयरों के मालिक होने से वित्तीय निवेश के रूप में आता है। हम लंबी अवधि में शेयरधारक मूल्य बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि उन्हें उच्च मूल्य और संभावित रूप से उच्च लाभांश प्रदान किया जा सके।	नहीं	वार्षिक सामान्य बैठक बोर्ड बैठक वार्षिक रिपोर्ट/ वेबसाइट विश्लेषक बैठकें निवेशक बातचीत	एक वर्ष में एक बार साल में कम से कम 4 बार वर्ष में एक बार/ जब भी आवश्यक हो साल में कम से कम 4 बार नियमित आधार पर	धन सृजन एवं लाभांश भुगतान प्रदर्शन एवं परिणामों की समीक्षा क्षेत्र–विशिष्ट व्यापक–आर्थिक रुझान और निवेशकों की रुचि दीर्घकालिक साझेदारी
ग्राहक राज्य विद्युत बोर्ड दूरसंचार–निजी कंपनियों कंसल्टेंसी (राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय)	हमारे ग्राहक हमारी दीर्घकालिक सफलता की नींव है। हम जो कुछ भी करते हैं उसके केंद्र में ग्राहक प्रसन्नता रहती है।	नहीं	समझौतों पर हस्ताक्षर के दौरान और आवश्यकता के आधार पर वास्तविक बैठक मीटिंग/ईमेल/कॉल	प्रत्येक परियोजना के साथ जब भी आवश्यकता हो	बिलिंग संग्रहण एवं संवितरण बैठकें उच्च अपटाइम सेवा खराब होने की स्थिति में तत्काल सेवा पुनः प्रारंभ करना प्रश्नों का त्वरित समाधान अभिनव उपाय

हितधारक समूह	ये हितधारक हमारे लिए क्यों महत्वपूर्ण हैं	क्या कमजोर और हाशिए पर रहने वाले समूह के रूप में पहचाना गया है (हाँ/नहीं)	संचार के तरीके (ई–मेल, एसएमएसए समाचार पत्र, पैम्फलेट, विज्ञापन, सामुदायिक बैठकें, नोटिस बोर्ड, वेबसाइट) आदि	अनुबंध की आवृत्ति (वार्षिक/ अर्धवार्षिक / त्रैमासिक / अन्य कृपया निर्दिष्ट करें)	रणनीतिक प्राथमिकताएँ (इस तरह के जुड़ाव के दौरान उठाए गए प्रमुख विषयों और चिंताओं सहित जुड़ाव का उद्देश्य और दायरा)।
बहुपक्षीय वित्तपोषण एजेंसियां (विश्व बैंक, एडीबी, आईएफसी, केएफडब्ल्यू आदि)	प्रमुख समर्थक जो विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में अर्थव्यवस्थाओं/ क्षेत्रों के लिए विभिन्न विकासात्मक और अवसंरचना परियोजनाओं के लिए वित्तीय रूप से हमारे साथ अपना विश्वास सुनिश्चित करते हैं।	नहीं	भौतिक/आभासी बैठकें, प्रशिक्षण / कार्यशाला/ ईमेल कार्यान्वयन सहायता / समीक्षा मिशन, नियमित आकलन/ऑडिट/निगरानी प्रगति रिपोर्ट परियोजना समापन रिपोर्ट (पीसीआर)	जब भी आवश्यकता हो त्रैमासिक और अर्धवार्षिक प्रोजेक्ट पूरा होने के बाद	वित्त से जुड़ी पुरस्कारों के लिए मूल्यांकन/चर्चा मुद्दों का तेजी से समाधान और परियोजना प्रतिक्रिया स्थिति समय–समय पर नियामक ढाँचे में बदलाव के संबंध में चर्चाएँ
कर्मचारी	हमारे कर्मचारी अमूल्य संपत्ति हैं और हमारे निरंतर विकास की आधारशिला हैं। वे हमारी प्रतिस्पर्धात्मकता को मजबूत करने और हमारे बाजार नेतृत्व की पुश्टि करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं	हाँ (महिला/ अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति)	कर्मचारी जुड़ाव सर्वेक्षण खुला घर प्रदर्षन मूल्यांकन पत्रिकाएँ क्यू और क्षेत्रीय पत्रिकाएँ एचआर कॉन्क्लेव और विभाग विशिष्ट विज्ञप्ति ग्रिड दर्पण (राजभाषा) स्पष्टवादिता (सतर्कता) पीएनबीसी बैठकें एचआर मीटिंग /ईमेल/ टेलीफोनिक कॉल/नोटिस बोर्ड	सालाना त्रैमासिक साल में दो बार त्रैमासिक जब भी आवश्यकता हो साप्ताहिक अर्धवार्शिक सालाना आवश्यकता के अनुसार जब भी आवश्यकता हो	कर्मचारी लाभ एवं कल्याण सुरक्षित कार्य वातावरण कैरिअर की प्रगति समान अवसर और उपचार कौषल उन्नयन के अवसर आवधिक प्रदर्षन एवं फीडबैक नियमित अपडेट साझा करने के लिए मीटअप/ टाउनहॉल /रणनीति एवं प्रदर्शन बैठकें
समुदाय/ परियोजना प्रभावित व्यक्ति (पीएपी)	जिन समुदायों में हम काम करते हैं, वहां के लोगों के जीवन को सशक्त बनाना हमारे व्यवसाय की स्थिरता के लिए मौलिक है। हम विभिन्न उत्थान कार्यक्रमों और पहलों के माध्यम से समुदायों के साथ अपने संबंधों को मजबूत करना और उनके जीवन में बदलाव लाना जारी रखते हैं।	हां	सार्वजनिक परामर्श / समाचार पत्र प्रभावित क्षेत्र का भौतिक दौरा/ फोकस समूह चर्चा सीएसआर पहल और सामुदायिक बैठकें	परियोजना के प्रत्येक चरण में संकल्पना से लेकर संचालन एवं रखरखाव तक परियोजनाओं की आवश्यकता के अनुसार आवधिक समय अंतराल आवश्यकता आधारित (समुदायों के परामर्श से)	समाज में योगदान पुनर्स्थापन और पुनर्वास का अनुपालन आवश्यकताएँ/ प्रावधान आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण के अवसर प्रदान करना आजीविका को सशक्त बनाना सामाजिक प्रभाव आकलन एवं परियोजना निगरानी

हितधारक समूह	ये हितधारक हमारे लिए क्यों महत्वपूर्ण हैं	क्या कमजोर और हाशिए पर रहने वाले समूह के रूप में पहचाना गया है (हाँ/नहीं)	संचार के तरीके (ई–मेल, एसएमएसए समाचार पत्र, पैम्फलेट, विज्ञापन, सामुदायिक बैठकें, नोटिस बोर्ड, वेबसाइट) आदि	अनुबंध की आवृत्ति (वार्षिक/ अर्धवार्षिक / त्रैमासिक / अन्य कृपया निर्दिष्ट करें)	रणनीतिक प्राथमिकताएँ (इस तरह के जुड़ाव के दौरान उठाए गए प्रमुख विषयों और चिंताओं सहित जुड़ाव का उद्देश्य और दायरा)।
सरकारी नियामक (सेबी/सीईआ. रसी/ बीएसई/ एनएसई) विद्युत मंत्रालय, वित्त मंत्रालय, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय	सरकार के साथ रचनात्मक संबंध हमारे व्यापार की निरंतरता के लिए महत्वपूर्ण हैं। हम नियामक विकास और नीतियों की बारीकी से निगरानी करते हैं, जिससे प्रगतिशील चर्चाओं में भाग पाते हैं।	नहीं	अनुपालन रिपोर्ट/प्रपत्र / शारीरिक बैठकें / वेबसाइट/ईमेल ईमेल/बैठकें/उद्योग संघ की बैठकें आरपीसी (क्षेत्रीय विद्युत समिति) की बैठकें प्रदर्षन निगरानी चर्चा/ रिपोर्ट/ आकलन अनुदान के लिए चर्चाएँ एवं बैठकें/ईमेल सीएजी लेखा परीक्षा	निरंतर आधार पर जब भी कोई नया कानून/ पुनर्विनियमन / नियम प्रस्तावित किया जाता है महीने मे जब भी आवश्यकता हो जब भी आवश्यकता हो	विभिन्न वैधानिक नियमों के तहत अनुपालन आवश्यकताओं का पालन प्रस्तावित विधानों पर टिप्पणियाँ / टिप्पणियाँ पूँजी का बंटवारा उन्हें सूचित निवेश निर्णय लेने के लिए पारदर्शी प्रकटीकरण कार्यप्रणाली विनियमों के अनुसार पर्यावरण और अन्य लागू कानूनों का अनुपालन अल्पांश शेयरधारकों का हित विभिन्न हकदार अनुदानों के लिए समन्वय
आपूर्तिकर्ता एवं संविदाकार	हमारे आपूर्तिकर्ता और संविदाकार हमारी मूल्य श्रृंखला का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। निर्बाध व्यावसायिक संचालन के लिए एक प्रभावी और कुशल खरीद प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए हम अपने आपूर्तिकर्ताओं के साथ साझेदारी करते हैं।	हां (एमएसएमई/ एससी/एसटी विक्रेता)	बोलीपूर्व चर्चा (पीबीडी)/ वेबसाइट / जीईएम पोर्टल / समाचार पत्र विभिन्न प्रबंधन स्तरों पर समीक्षा बैठक एमपीआर आवश्यकताओं के लिए बैठकें/संचार अनुसंधान एवं विकास संस्थानों सहित तकनीकी प्रगति पर संयुक्त चर्चा फीडबैक सत्र क्षमता निर्माण सत्र/ कार्यशालाएं / कक्षा प्रशिक्षण	प्रत्येक पुरस्कार के साथ महीने में महीने में नियमित आधार पर एक वर्ष में एक बार जब भी आवश्यक हो	परियोजना और समय–सीमा आदि के बारे में बोलियों और स्पष्टीकरण के लिए संपर्क करें। विश्वसनीय भुगतान कार्यक्रम किसी भी प्रश्न का समय पर निवारण दीर्घकालिक साझेदारी और क्षमता निर्माण प्रत्येक निविदाकार और आपूर्तिकर्ताओं के एमपीआर के लिए चर्चा मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान को प्रोत्साहन विक्रेताओं, आपूर्तिकर्ताओं आदि के साथ निरंतर जुड़ाव और संवाद। एमएसएमई विक्रेताओं और वेंडरों का विकास
मीडिया	हमारे व्यवसाय की कुंजी समय पर और पारदर्शी संचार है, जहां हमारे प्रमुख हितधारक इस बात पर अपना विश्वास और विश्वसनीयता रखते हैं. कि हम उनके साथ क्या और कैसे संवाद करते हैं, जिसमें मीडिया एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।	नहीं	प्रेस वार्ता/ कार्यक्रमों के लिए निमंत्रण	कई मीडिया कवरेज/ प्रेस वार्ता एवं प्रदर्शनियाँ	सभी प्रासंगिक हितधारकों के लिए पारदर्शी और रणनीतिक संचार सभी हितधारकों और उनकी मांगों के लिए निरंतर फीडबैक चैनल

हितधारक समूह	ये हितधारक हमारे लिए क्यों महत्वपूर्ण हैं	क्या कमजोर और हाशिए पर रहने वाले समूह के रूप में पहचाना गया है (हाँ/नहीं)	संचार के तरीके (ई–मेल, एसएमएसए समाचार पत्र, पैम्फलेट, विज्ञापन, सामुदायिक बैठकें, नोटिस बोर्ड, वेबसाइट) आदि	अनुबंध की आवृत्ति (वार्षिक/ अर्धवार्षिक / त्रैमासिक / अन्य कृपया निर्दिष्ट करें)	रणनीतिक प्राथमिकताएँ (इस तरह के जुड़ाव के दौरान उठाए गए प्रमुख विषयों और चिंताओं सहित जुड़ाव का उद्देश्य और दायरा)।
तकनीकी सस्थान (आईआईटी/ आईआईएससी)	शिक्षा जगत और उद्योग संबंधों को बढ़ावा देने से व्यवसाय और समाज में नवोन्मेश और तकनीकी समाधान की संस्कृति विकसित होती है ।	नहीं	एमओयू/वास्तविक बैठकें/ सहयोग/ वेबिनार / प्रशिक्षण सत्र	जब भी आवश्यकता हो	उभरती प्रौद्योगिकियों के लिए अग्रणी शैक्षणिक संस्थानों के साथ उभरती प्रौद्योगिकियों की खोज करना और उन्हें अपनाना क्षेत्र–विशिष्ट अनुसंधान एवं विकास के लिए शिक्षा जगत के लिए अनुसंधान वित्तपोषण



प्रभावित समुदायों से परामर्श करने का हमारा दृष्टिकोण

सार्वजनिक परामर्श/सूचना, पावरग्रिड परियोजना चक्र का एक अभिन्न अंग है। पावरग्रिड अपने ईएसपीपी में निर्धारित विभिन्न तकनीकों को शामिल करते हुए सार्वजनिक परामर्श आयोजित करने के लिए एक सुपरिभाषित प्रक्रिया का पालन करता है, जिसे विश्व बैंक द्वारा देश प्रणाली के उपयोग (यूसीएस) के तहत भी अनुमोदित किया गया है। 10 अलग–अलग तकनीकें हैं जिनका उपयोग या तो स्वतंत्र रूप से या क्षेत्र की स्थितियों के आधार पर परियोजना के विभिन्न उपवधियों पर उचित रूप से संयोजन में किया जाता है। सार्वजनिक बैठक के लिए स्थान आमतौर पर हर 50–100 किमी पर चुना जाता है जिसमें लाइन के रास्ते में आने वाले प्रमुख गाँव/बसावट क्षेत्र शामिल होते हैं। हालाँकि, अन्य गाँवों/भागों में, परामर्श के लिए अनौपचारिक समूह बैठकें या अन्य तकनीकें अपनाई जाती हैं। परामर्श और प्रतिक्रिया प्रक्रिया एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है और परियोजना चक्र के विभिन्न माइलस्टोन पर नियमित रूप से कार्यान्वित की जाती है।

परामर्श और सूचना प्रसार की प्रक्रिया निर्माण शुरू होने से पहले ही शुरू हो जाती है क्योंकि पावरग्रिड, परियोजना के कार्यान्वयन के बारे में स्थानीय भाषा के 2 (दो) स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित करके आम जनता को सूचित करता है, जिसमें परियोजना के बारे में शहर/गांवों के नाम के साथ अंतिम संरेखण का मार्ग दर्शाया जाता है और यदि कोई हो तो उनके सुझाव आमंत्रित किए जाते हैं। सर्वेक्षण के दौरान भी पावरग्रिड साइट के अधिकारी लोगों से मिलते हैं और उन्हें पारेषण लाइनों के मार्ग के बारे में जानकारी देते हैं। निर्माण के दौरान, प्रत्येक व्यक्ति, जिसकी लैंडलाइन का निर्माण किया गया है और आरओडब्ल्यू से प्रभावित लोगों से परामर्श किया जाता है। इसके अलावा, परियोजना चक्र की विभिन्न गतिविधियों के दौरान सार्वजनिक बैठक, छोटे समूह की बैठक, अनौपचारिक बैठक जैसी विभिन्न तकनीकों का उपयोग करके सार्वजनिक परामर्श भी लिया जाता है।

सार्वजनिक परामर्श के दौरान, परियोजना के बारे में जानकारी साझा की जाती है, जिसमें इसकी पूरी योजना, डिज़ाइन मानक, ईएमएफ से संबंधित स्वास्थ्य प्रभाव और स्कूलों और अस्पतालों जैसी सार्वजनिक उपयोगिताओं को बचने के उपाय शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, पारेषण लाइनों के अन्य प्रभावों और उन्हें कम करने और हल करने के लिए पावरग्रिड के दृष्टिकोण पर चर्चा की जाती है। परियोजना से प्रभावित लोगों (पीएपी) के लिए मुआवज़ा प्रक्रिया को भी समझाया जाता है।

जनता की चिंताओं और सवालों का पूरी तरह से उत्तर दिया जाता है। आम सवाल बिजली की उपलब्धता, सुरक्षा और आरओडब्ल्यू मुआवज़े में सुधार पर केंद्रित होते हैं। प्रतिभागी अक्सर पूछते हैं कि क्या परियोजना से बिजली की आपूर्ति में सुधार होगा और कटौती कम होगी, क्या यह खेतों में काम करने वाले आस–पास के निवासियों के लिए सुरक्षित है, क्षतिग्रस्त फसलों और टावर फुटिंग के लिए इस्तेमाल की गई ज़मीन के लिए मुआवज़ा नीति क्या है, स्थानीय लोगों के लिए रोज़गार के अवसर क्या होंगे और पेड़ों की कटाई के लिए आरओडब्ल्यू की चौड़ाई और संबंधित मुआवज़े का विवरण क्या है।

क्रियान्वित की जा रही परियोजनाओं के सामाजिक प्रभाव आकलन (एसआईए) से संबंधित विवरण के लिए, निदेशकों की रिपोर्ट जो कि अनुलग्नक–X पर है, देखें।

भौतिकत्व आकलन

पावरग्रिड हमारी ईएसजी रणनीति को निर्देशित करने में भौतिकत्व आकलन के महत्व को स्वीकार करता है, जो ईएसजी कारकों के सापेक्ष महत्व और मूल्य सृजन पर उनके संभावित प्रभाव के बारे में जानकारी प्रदान करता है। हमारे दृष्टिकोण में एक व्यवस्थित कार्यप्रणाली शामिल है, जिसमें आंतरिक और बाहरी दोनों हितधारकों को शामिल करते हुए द्विवार्षिक रूप से आयोजित एक समर्पित भौतिकत्व सर्वेक्षण शामिल है।


हितधारक सहभागिता के माध्यम से, हम अपने संचालन से प्रभावित उन हितधारकों की चिंताओं को गहराई से समझते हैं, सबसे अधिक प्रभाव वाले प्रमुख मुद्दों की पहचान करते हैं। इन्हें एक भौतिकत्व मानचित्र में सावधानीपूर्वक क्यूरेट किया गया था, उन्हें महत्व के आधार पर वर्गीकृत किया गया था।

पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान, हमने इन भौतिक मुद्दों पर फिर से विचार किया, प्रत्येक मुद्दे के वित्तीय प्रभाव और हितधारकों पर पड़ने वाले प्रभाव का आकलन करने के लिए आंतरिक हितधारकों के साथ चर्चा की। इस आकलन के माध्यम से, हमने अपनी मूल्य सृजन प्रक्रिया के लिए महत्वपूर्ण 19 महत्वपूर्ण मुद्दों की पहचान की है। मुद्दों को जोखिम या अवसर के रूप में भी वर्गीकृत किया गया और संभावित वित्तीय निहितार्थों का पता लगाया गया।

भविष्य को देखते हुए, हमारी प्रतिबद्धता एक सामूहिक दृष्टि से प्रेरित है और जिम्मेदार व्यापारिक प्रथाओं पर आधारित है।



भौतिकत्व आकलन दृष्टिकोण



हितधारकों की पहचान


भौतिक विषयों को प्राथमिकता देना

हितधारक सहभागिता और भौतिकत्व सर्वेक्षण

भौतिकत्व सर्वेक्षण, विश्लेषण और समीक्षा

भौतिकत्व मैट्रिक्स का निर्धारण

सामग्री विषय



पर्यावरण

01 जलवायु परिवर्तन
02 जैव विविधता/पर्यावरण संरक्षण
03 जल प्रबंधन
04 ऊर्जा प्रबंधन
05 जीएचजी उत्सर्जन
06 अपशिष्ट का प्रबंधन

सामाजिक

07 संघ की स्वतंत्रता एवं सामूहिकता सौदा
08 कर्मचारी लाभ योजना
09 व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा
10 मानव अधिकार
11 विविधता, गैर–भेदभाव और समान अवसर
12 मानव पूंजी विकास
13 समुदाय संबंध

शासन

14 नैतिकता एवं सत्यनिष्ठा
15 विनियामक अनुपालन
16 संवारणीय सोर्सिंग
17 पारदर्शिता
18 प्रौद्योगिकी और नवोन्मेष
19 साइबर सुरक्षा

कॉर्पोरेट शासन

पावरग्रिड में, जिम्मेदार और नैतिक व्यापार प्रथाओं के प्रति हमारा समर्पण दृढ़ है। हम सभी परिचालन पहलुओं में निष्पक्षता, जवाबदेही और पारदर्शिता को प्राथमिकता देते हैं, जो एक मजबूत शासन ढांचे द्वारा समर्थित है। प्रभावशाली समितियों और एक दृढ़ नेतृत्वकारी टीम द्वारा देखरेख की जाने वाली यह संरचना, विनियमों, नीतियों, प्रथाओं और प्रक्रियाओं के एक स्पेक्ट्रम को शामिल करती है। हमारे दृष्टिकोण में केवल अनुपालन ही नहीं है; हम सक्रिय रूप से उन समुदायों के भीतर स्थायी संबंध विकसित करते हैं जिनकी हम सेवा करते हैं। ऐसा करके, हमारा लक्ष्य पावरग्रिड को विवेक, उद्देश्य और समृद्धि की विशेषता से पुष्ट करना है।

निदेशक मंडल

पावरग्रिड में कॉर्पोरेट शासन प्रथाओं का नेतृत्व हमारे निदेशक मंडल द्वारा किया जाता है और पूरे संगठन में हमारे कर्मचारियों द्वारा इसका पालन किया जाता है। बोर्ड कंपनी के समग्र दृष्टिकोण की निगरानी करता है और महत्वपूर्ण मामलों में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करता है साथ ही हितधारकों के हितों की रक्षा करता है। निवेश, विविधीकरण, खरीद, वाणिज्यिक गतिविधियों और वित्त से संबंधित महत्वपूर्ण निर्णय के कार्यान्वयन से पहले बोर्ड की मंजूरी आवश्यक हैं। विभिन्न समितियों के साथ, संगठन में एक जिम्मेदार व्यवहार सुनिश्चित करने वाला एक संरचित ढांचा मौजूद है।

यह पारदर्शी और सक्रिय दृष्टिकोण संगठन और इसके हितधारकों दोनों को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण मामलों के लिए भी मौजूद है। पावरग्रिड का बोर्ड विशेष रूप से भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त "महारत्न कंपनी के रूप में महत्वपूर्ण निवेश और परिचालन संबंधी निर्णय लेने में अपनी स्वायत्तता को स्वीकार करता है। यह अपने संसाधनों का जिम्मेदारी से और नैतिक रूप से उपयोग करने के लिए समर्पित है।

बोर्ड का कार्यकाल

बोर्ड के कार्यकाल का एक संक्षिप्त विवरण नीचे संक्षेप में दिया गया है। बोर्ड के कार्यकाल के विवरण के लिए, निदेशकों की रिपोर्ट में विद्यमान "कॉर्पोरेट शासन पर रिपोर्ट" देखें।

बोर्ड का कार्यकाल (वित्त वर्ष 2023–24)	
0–2 वर्ष	06
2–5 वर्ष	06
बोर्ड का औसत कार्यकाल	2.33

बोर्ड की विशेषज्ञता

बोर्ड के सदस्य यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि बोर्ड कॉर्पोरेट शासन के उच्चतम मानकों का अनुपालन करे। बोर्ड के प्रमुख कौशल, विशेषज्ञता, दक्षताओं को सारांशित करने वाली तालिका को निदेशकों की रिपोर्ट में ''कॉर्पोरेट शासन पर रिपोर्ट' में संदर्भित किया जा सकता है।





श्री रवीन्द्र कुमार त्यागी
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

श्री रवीन्द्र कुमार त्यागी (58 वर्ष), (डीआईएनः09632316) हमारी कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक हैं। वह पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज (पी.ई.सी.), चंडीगढ़ से इलेक्ट्रिकल इंजीनियर हैं और उन्होंने आईआईटी दिल्ली से एनर्जी स्टडीज में एम.(टेक) पूरा किया है। श्री त्यागी कार्नेगी मेलॉन यूनिवर्सिटी, पेंसिल्वेनिया, यूएसए से फुलब्राइट स्कॉलर हैं। उनके पास पावर सेक्टर में पावरग्रिड और एनटीपीसी जैसे प्रमुख सीपीएसयू में विभिन्न प्रमुख पदों पर 34 वर्षों से अधिक का कार्य अनुभव है। उन्होंने परिसंपत्ति प्रबंधन, परियोजना निष्पादन और निगरानी, इंजीनियरिंग, व्यवसाय विकास, दूरसंचार, लोड डिस्पैच और संचार, एनटीएएमसी, वित्त, वाणिज्यिक, मानव संसाधन संपदा प्रबंधन, सुरक्षा, डीएमएस आदि जैसे विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों में बहु–विषयक कार्यों को संभाला है। श्री आर.के. त्यागी तकनीकी मानक तैयार करने के लिए विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय तकनीकी समितियों में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे है। वह 50 से अधिक तकनीकी पत्रों के लेखक हैं जिन्हें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने हाई वोल्टेज सर्किट ब्रेकर्स और पावर ट्रांसमिशन में बैंबू नेलिंग और सेंड पाइलिंग तकनीक पर हैंडबुक भी प्रकाशित की हैं। उन्हें जनवरी, 2024 में हमारे बोर्ड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था।



श्री रविशंकर गणेशन
निदेशक (वित्त)

श्री रविशंकर गणेशन (58 वर्ष) (डीआईएनः 08816101) मद्रास विश्वविद्यालय से गणित स्नातक हैं और भारतीय लागत लेखाकार संस्थान से लागत लेखाकार हैं। उन्होंने अन्नामलाई विश्वविद्यालय से कार्मिक प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा और सामग्री प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा भी किया है। एक निपुण टेक्नोक्रेट के रूप में, उनके पास 33 वर्षों का अनुभव है, जो मुख्य रूप से भारत के विभिन्न हिस्सों में स्थित पावरग्रिड (एनएलसी इंडिया लिमिटेड में एक संक्षिप्त कार्यकाल के बाद) के निर्माण कार्यालय, सब–स्टेशन, क्षेत्रीय मुख्यालय और कॉर्पोरेट केंद्र में सेवा से प्राप्त हैं। उन्हें प्रमुख वित्त कार्यों जैसे कि संसाधन जुटाना, बजट बनाना, वित्तीय रिपोर्टिंग, वाणिज्यिक और सेवानिवृत्ति लाभ निधि प्रबंधन में व्यापक अनुभव है। उन्होंने वित्त कार्यों के डिजिटलीकरण, बिल प्रोसेसिंग हब की स्थापना और ईआरपी कार्यान्वयन और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने व्यापार सिमुलेशन प्रतियोगिताओं में अपनी टीम का नेतृत्व किया और नेशनल मैनेजमेंट गेम्स चैंपियनशिप में भी पुरस्कार जीते, इसके अलावा भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए ग्लोबल मैनेजमेंट प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए एशियाई चैंपियनशिप में अर्हता प्राप्त की। उन्हें सितंबर, 2022 में हमारे बोर्ड में निदेशक (वित्त) के रूप में नियुक्त किया गया था।



डॉ. यतीन्द्र द्विवेदी

निदेशक (कार्मिक)

डॉ. यतीन्द्र द्विवेदी (58 वर्ष), (डीआईएनः 10301390) हमारी कंपनी के निदेशक (कार्मिक) हैं। इस कार्यभार को संभालने से पहले, वे पावरग्रिड के कार्यपालक निदेशक (एचआर) थे और उन्होंने इन चुनौतीपूर्ण और अन्य प्रमुख कार्यों को संभाला और गतिशील कारोबारी माहौल में लगातार परिणाम दिए हैं। वे 34 से अधिक वर्षों का अनुभव रखने वाले एक सिद्ध अनुभवी नेता हैं। उन्होंने एचआर रणनीति को व्यापार के साथ संरेखित करने और संगठन के विकास को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वे उत्कृष्ट क्रॉस फंक्शनल नॉलेज, उच्च तीक्ष्णता और नीति निर्माण, एचआर प्रोसेस रीइंजीनियरिंग और अन्य संगठनात्मक विकास पहलों का महान अनुभव रखने वाले एक व्यवसाय प्रवर्तक हैं। उन्होंने हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के साथ अपनी कैरियर की शुरूआत की और 1993 में पावरग्रिड के साथ जुड़े। उन्होंने चुस्त और लचीले संगठन के निर्माण पर ध्यान केंद्रित करते हुए एसएपी कार्यान्वयन, एचआर का डिजिटलीकरण, कार्य के भविष्य के लिए तत्परता आदि जैसी विभिन्न परिवर्तन प्रबंधन पहलों का नेतृत्व किया है। उन्होंने आईआईटी रुड़की से इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री, एनआईटीआईई मुंबई (अब आईआईएम मुंबई) से पीजीडीआईई, एमडीआई गुड़गांव से पीजीडीएम और प्रबंधन में डॉक्टरेट की डिग्री प्राप्त की है। उन्होंने 2017 में भारत का प्रतिनिधित्व किया है और प्रतिष्ठित एशियाई प्रबंधन चुनौती चैम्पियनशिप जीती हैं। उन्हें अगस्त, 2023 में हमारे बोर्ड में निदेशक (कार्मिक) के रूप में नियुक्त किया गया था।



डॉ. डी साई बाबा

सरकार द्वारा नामित निदेशक

डॉ. साईबाबा दरबामुल्ला (डीआईएनः 10167281) काउंसिल ऑफ इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूशंस, लंदन, यूके से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक हैं। उन्होंने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली से परिवहन सुरक्षा क्षेत्र में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की है और प्रबंधन विकास संस्थान (एमडीआई), गुड़गांव से सूचना प्रबंधन में स्नातकोत्तर हैं और भारतीय रेलवे इंस्टीट्यूट ऑफ मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, जमालपुर के पूर्व छात्र हैं। वह मैकेनिकल इंजीनियरिंग कैडर की भारतीय रेलवे सेवा से संबंधित हैं और 1993 में उसमें शामिल हुए थे। अब तक के 31 वर्षों से अधिक के अपने करियर के दौरान, वे भारतीय रेलवे में विभिन्न पदों पर रहे हैं जिनमें डिवीजनल मैकेनिकल इंजीनियर, अतिरिक्त डिवीजनल रेलवे मैनेजर/पलक्कड़/दक्षिणी रेलवे, मोजाम्बिक में विश्व बैंक से सहायता प्राप्त रेलवे पुनर्वास परियोजना में उप निदेशक (रोलिंग स्टॉक), निदेशक (आईपीएमडी), निदेशक (आईएसएस), निदेशक (सतर्कता), निदेशक (एमपीएलएडीएस) आदि शामिल हैं। अन्य बातों के अलावा, उनकी विशेषज्ञता में रेलवे संचालन और संपत्ति रखरखाव, परियोजना योजना और कार्यान्वयन, अंतरराष्ट्रीय निविदा और खरीद, सूचना प्रबंधन प्रणाली और डेटा विश्लेषण, परिवहन सुरक्षा और प्रबंधन, गुणवत्ता प्रणालियों के प्रमाणित प्रमुख मूल्यांकनकर्ता, केंद्र सरकार की योजनाओं का कार्यान्वयन और निगरानी आदि शामिल हैं। उन्हें विभिन्न क्षमताओं पर कोर इंफ्रास्ट्रक्चर से संबंधित मंत्रालयों में सेवा देने का अनुभव है। डॉ. साईबाबा दरबामुल्ला वर्तमान में विद्युत मंत्रालय में संयुक्त सचिव के पद पर कार्यरत हैं। उन्हें मई, 2023 में हमारे बोर्ड में सरकारी द्वारा नामित निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था।



श्री ललित बोहरा
सरकार द्वारा नामित निदेशक

श्री ललित बोहरा (डीआईएनः 08061561) भारत सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय में संयुक्त सचिव हैं। वे भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मुंबई से इलेक्ट्रिकल इंजीनियर हैं और बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, पिलानी से एमबीए (वित्त) हैं। वे 1998 बैच के भारतीय रेलवे यातायात सेवा (आईआरटीएस) से संबंधित हैं। 30 से अधिक वर्षों के अपने करियर के दौरान, उन्हें विभिन्न प्रमुख पदों पर लॉजिस्टिक क्षेत्र में 23 वर्षों से अधिक का कार्य अनुभव प्राप्त है। वे माल, यात्री और उपनगरीय परिवहन के संचालन और वाणिज्यिक पहलू के विशेषज्ञ हैं। उन्होंने कॉनकॉर में सीजीएम के रूप में भी काम किया है, जहाँ उन्होंने नए ड्राई पोर्ट स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 2022 में मंत्रालय में शामिल होने के बाद, वह सौर ऊर्जा क्षेत्र को देख रहे थे, जिसमें सौर विनिर्माण के लिए पीएलआई योजना, रूफटॉप सोलर प्रोग्राम, कृषि क्षेत्र के सौरकरण के लिए पीएम–कुसुम योजना, सीपीएसयू योजना और बैटरी स्टोरेज आदि शामिल हैं। वह राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान के महानिदेशक भी थे। वह अब अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के साथ–साथ हरित ऊर्जा गलियारों सहित अपतटीय पवन और पारेषण प्रणाली सहित पवन ऊर्जा को देख रहे हैं। वह सरकार द्वारा नामित निदेशक के रूप में भारतीय सौर ऊर्जा निगम बोर्ड में भी शामिल हैं। उन्हें जून, 2024 में हमारे बोर्ड में सरकार द्वारा नामित निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था।



श्री चेतन बंसीलाल कांकरिया
स्वतंत्र निदेशक

श्री चेतन बंसीलाल कांकरिया (48 वर्ष) (डीआईएनः 09402860) पुणे विश्वविद्यालय, महाराष्ट्र से केमिकल इंजीनियरिंग में स्नातक हैं। वे भूमि विकास और भवन निर्माण के व्यापार में शामिल हैं और उन्हें संबंधित क्षेत्र में 26 वर्षों का कार्य अनुभव है। वे प्लास्टिक प्रदूषण नियंत्रण के माध्यम से नदी संरक्षण के लिए विभिन्न सामाजिक संगठनों और नगर निगमों से निकटता से जुड़े रहे हैं।उनकी रुचि के क्षेत्रों में प्रबंधन और संगठन, वित्तीय प्रबंधन, सीएसआर गतिविधियाँ आदि शामिल हैं। उन्हें नवंबर, 2021 में हमारे बोर्ड में एक स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था।



श्री राम नरेश तिवारी
स्वतंत्र निदेशक

श्री राम नरेश तिवारी (44 वर्ष) (डीआईएनः 09405377) ने बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी से इतिहास में और बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल से पत्रकारिता में दोहरी स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त की है। वे पेशे से कृषक हैं। उनकी रुचि के क्षेत्रों में कृषि, मिश्रित खेती, व्यवसाय सहकारी गतिविधियाँ, सामाजिक और कृषि कल्याण प्रबंधन आदि के क्षेत्र में प्रौद्योगिकी अपनाने का अनुसंधान, विकास और कार्यान्वयन शामिल है। उन्हें नवंबर, 2021 में हमारे बोर्ड में एक स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था।

निदेशक मंडल का नामांकन और चयन

एक केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम (सीपीएसई) के रूप में, पावरग्रिड भारत सरकार के शासन के अधीन काम करता है, जो कंपनी बोर्ड में सभी निदेशकों की नियुक्ति पर नजर रखता है।

कार्यात्मक निदेशकों के लिए चयन प्रक्रिया सार्वजनिक उद्यम चयन बोर्ड (पीईएसबी) द्वारा प्रबंधित की जाती है, जिसमें नियुक्ति निर्धारण के लिए सरकार को सिफारिशें भेजी जाती हैं। एक सूचीबद्ध इकाई और सीपीएसई के रूप में अपनी दर्जे का मान रखते हुए, पावरग्रिड भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) विनियम, 2013 के कंपनी अधिनियम और संबंधित नियमों जैसे विनियामक ढाँचों का पालन करता है, साथ ही सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) द्वारा जारी सरकारी निर्देशों का भी पालन करता है, विशेष रूप से स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति के संबंध में।

भारत सरकार का विद्युत मंत्रालय डीपीई द्वारा जारी विस्तृत दिशा–निर्देशों के अनुसार पावरग्रिड के बोर्ड में स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति के लिए जिम्मेदार है, जिसमें अनुभव, योग्यता और आयु जैसे मानदंड शामिल हैं। कार्यात्मक और स्वतंत्र निदेशक दोनों ही निश्चित कार्यकाल के लिए काम करते हैं। पावरग्रिड के बोर्ड में सरकार द्वारा नामित निदेशकों की नियुक्ति भी इसी तरह विद्युत मंत्रालय द्वारा की जाती है।

बोर्ड विविधता

पावरग्रिड की बोर्ड विविधता नीति (https://www.powergrid.in/sites/default/files/inline-files/05_Policy_on_Diversity_of_Board.pdf) में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि "निदेशक मंडल को कार्यकारी और गैर–कार्यकारी सदस्यों के बीच इष्टतम संतुलन बनाए रखने के लिए संरचित किया जाना चाहिए, जिसमें कम से कम एक महिला निदेशक शामिल हो। बोर्ड में गैर–कार्यकारी निदेशकों की संख्या कम से कम पचास प्रतिशत होनी चाहिए, इस शर्त के साथ कि यदि अध्यक्ष कार्यकारी है, तो बोर्ड का कम से कम आधा हिस्सा स्वतंत्र निदेशकों का होना चाहिए।

बोर्ड स्तर की समितियाँ, भूमिकाएँ और जिम्मेदारियाँ


विस्तृत जानकारी निदेशकों की रिपोर्ट में "कॉर्पोरेट शासन पर रिपोर्ट" में उपलब्ध है।

बोर्ड समितियां

- लेखा परीक्षा
- हितधारक संबंध
- बांड
- नए व्यापार
- टीबीसीबी परियोजनाएं
- अनुबंध सौंपना
- जोखिम प्रबंधन
- नामांकन और पारिश्रमिक
- इनविट के माध्यम से परिसंपत्तियों का मुद्रीकरण
- परियोजनाओं पर निवेश
- सीएसआर
- हस्तांतरण / विभाजन / पुनःभौतिकीकरण
- विनिमय जोखिम प्रबंधन
- खरीद और राष्ट्रीय मिशनों पर भारत सरकार के निर्देशों का अनुपालन

शासन कार्यढांचा

मजबूत शासन सुनिश्चित करना हमारे संचालन के लिए सर्वोपरि है क्योंकि यह जनता के विश्वास का आधार है और हमारे हितधारकों के साथ बेहतर जुड़ाव को बढ़ावा देता है। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए, हमने अंतरराष्ट्रीय मानदंडों के अनुरूप मानकीकृत प्रक्रियाएँ और अभ्यास स्थापित किए हैं, जिन्हें हमारी व्यापक नीतियों के माध्यम से संचालित किया जाता है। सभी स्तरों पर ईमानदारी और जवाबदेही बनाए रखने के लिए संगठन भर में इन नीतियों और प्रणालियों का सख्त प्रवर्तन किया जाता है।



नैतिकता और आचार संहिता

पारदर्शिता और नैतिक शासन के लिए निरंतर प्रतिबद्ध रहते हुए पावरग्रिड अपने बोर्ड के सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन कर्मियों के लिए दो अलग–अलग आचार संहिताएँ लागू करता है। ये संहिताएँ संगठन के मिशन और उद्देश्यों के साथ संरेखित की गई हैं और यह सुनिश्चित करती हैं कि संगठन के भीतर सभी व्यक्ति अपने अधिकार की सीमाओं के भीतर काम करें और कंपनी के सर्वोत्तम हितों को प्राथमिकता दें।

इसके अलावा, कंपनी ने पूर्णकालिक निदेशकों सहित सभी स्थायी कर्मचारियों के व्यवहार (गैर–भेदभाव, नैतिक आचरण, आदि) को नियंत्रित करने के लिए व्यापक आचरण, अनुशासन और अपील नियम स्थापित किए हैं। सभी कर्मचारियों और पूर्णकालिक निदेशकों से अपेक्षा की जाती है कि वे कंपनी की संवेदनशील जानकारी के विषय में सख्ती से गोपनीयता बनाए रखें और इस प्रकार संगठन के हितों और व्यक्तियों की गोपनीयता दोनों की रक्षा करें। ये नियम कर्मचारियों से अपेक्षित नैतिक मानकों को रेखांकित करते हैं और जवाबदेही के लिए एक रूपरेखा प्रदान करते हैं।

हालाँकि कोई घटना रिपोर्ट नहीं की गई, लेकिन अगर प्रतिस्पर्धा–विरोधी व्यवहार, अविश्वास उल्लंघन या एकाधिकारवादी व्यवहार के किसी भी मामले के उजागर होने पर पावरग्रिड राष्ट्रीय विधानों के अनुसार कानूनी कार्रवाई कर सकता है।

व्हिसलब्लोइंग (मुखबिरी) और धोखाधड़ी की रोकथाम

कंपनी ने एक मजबूत मुखबिरी और धोखाधड़ी रोकथाम नीति लागू की है जिसका उद्देश्य पावरग्रिड के कर्मचारियों के साथ–साथ विक्रेताओं, आपूर्तिकर्ताओं, ठेकेदारों, सेवा प्रदाताओं या कंपनी के साथ व्यापार कार्यकलापों में जुड़े बाहरी एजेंसियों के प्रतिनिधियों से जुड़ी धोखाधड़ी या संदिग्ध धोखाधड़ी की गतिविधियों के किसी भी मामले का समाधान करना है। यह नीति ऐसी घटनाओं की रिपोर्टिंग के लिए एक सुरक्षित वातावरण बनाती है और धोखाधड़ी से संबंधित मामले का खुलासा करने वाले कर्मचारियों के अधिकारों और हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करती है।

प्रक्रिया की अखंडता को बनाए रखने के लिए, कंपनी ने एक अधिकार प्राप्त समिति और एक समर्पित सतर्कता विभाग की स्थापना की है, जिसे नीति के तहत किए गए किसी भी खुलासे की पूरी तरह से जांच करने का काम सौंपा गया है। यह सुनिश्चित करता है कि धोखाधड़ी या कदाचार के रिपोर्ट किए गए मामलों का आकलन करने और उनके निपटान में उचित परिश्रम किया जाए।

हितों के टकराव से बचना

कंपनी ने कानूनी आवश्यकताओं के अनुरूप संभावित या मौजूदा हितों के टकराव को कम करने के लिए अपनी "संबंधित पार्टी लेन–देन नीति" के माध्यम से एक मजबूत शासन ढांचा स्थापित किया है। कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा समय–समय पर इस नीति संबंधी समीक्षा, अनुमोदन और संभावित संशोधन किया जाता है।

रिश्वत विरोधी प्रबंधन प्रणाली

पावरग्रिड ने प्रतिष्ठित रिश्वत विरोधी प्रबंधन प्रणाली (एबीएमएस) आईएस/आईएसओ 37001 प्रमाणन प्राप्त किया है। यह मान्यता भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा कंपनी के 100% संचालन में भ्रष्टाचार के लिए मूल्यांकन किए जाने के बाद प्रदान की गई।

पावरग्रिड को दिया गया एबीएमएस प्रमाणन संगठन की पारदर्शिता के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है और संस्था के भीतर निष्पक्षता और अखंडता को बनाए रखने के लिए एक सक्रिय उपाय के रूप में कार्य करता है। यह पहल केंद्रीय सतर्कता आयोग और विद्युत मंत्रालय के निर्देशों के अनुरूप है। इस प्रतिबद्धता के तहत, बीआईएस और पावरग्रिड दोनों के अधिकारीगण व्यापक कार्यान्वयन और निरंतर सुधार सुनिश्चित करने के लिए एबीएमएस पर नियमित प्रशिक्षण सत्र आयोजित करते हैं।

अन्य शासन नीतियाँ

पावरग्रिड की शासन नीतियों को यहाँ देखा जा सकता है
https://www.powergrid.in/en/code-conductpolicies?title=&page=1

जोखिम प्रबंधन

पावरग्रिड में, हम अपने संचालन वातावरण में उभरते व्यापार जोखिमों का सक्रिय रूप से मूल्यांकन और समाधान करते हैं। हमारा संरचित दृष्टिकोण सुसंगत जोखिम मूल्यांकन सुनिश्चित करता है। हम सतर्कता बनाए रखते हैं, अवसरों और उभरते जोखिमों की पहचान करते हैं और दैनिक संचालन पर उनके प्रभावों का विश्लेषण करते हैं। हमारी प्रतिबद्धता हमारे व्यापार प्रक्रियाओं में एक व्यापक जोखिम प्रबंधन ढांचे को सहजता से एकीकृत करने में निहित है।

संभावित जोखिमों को सक्रिय रूप से प्रबंधित करने के लिए, हम अपनी आवश्यकताओं के अनुरूप एक मजबूत उद्यम जोखिम प्रबंधन (ईआरएम) ढांचे का उपयोग करते हैं। इस ढांचे में रणनीतिक, परिचालन, स्थिरता, शासन और साइबर जोखिमों सहित हमारे संचालन के विभिन्न पहलुओं में होने वाले जोखिमों की पहचान, मूल्यांकन, निगरानी, प्रबंधन और शमन शामिल हैं। उनके परस्पर जुड़े रहने की प्रकृति को समझते हुए, हम अपने संचालन की प्रभावी देखरेख और नियंत्रण के लिए प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों (केपीआई) पर भरोसा करते हैं।

पावरग्रिड की जोखिम प्रबंधन प्रक्रिया समर्पित बोर्ड स्तरीय जोखिम प्रबंधन समिति के माध्यम से निरंतर निगरानी के अधीन है। यह समिति, जिसमें मुख्य रूप से निदेशक मंडल और स्वतंत्र निदेशकों में से चुने गए कम से कम तीन सदस्य होते हैं, मुख्य प्रदर्शन संकेतकों (केपीआई) और महत्वपूर्ण व्यापारिक जोखिमों का आकलन करने के लिए नियमित रूप से (कम से कम तिमाही) बैठक करती है। वे परिचालन दक्षता को बढ़ाने के उद्देश्य से सुधारात्मक उपायों की सिफारिशें करते हैं। सीजीएम (सीपी) एक नामित मुख्य जोखिम अधिकारी है और जोखिम प्रबंधन की देखरेख के लिए जिम्मेदार है, जिसके कार्यक्षेत्र में पहचाने गए सभी जोखिमों की निगरानी, प्रबंधन और रिपोर्टिंग शामिल है।


पावरग्रिड ट्रेडवे आयोग के प्रायोजक संगठनों की समिति (सीओएसओ) के ढांचे का उपयोग आंतरिक नियंत्रण स्थापित करने के लिए करता है जो इसकी व्यापारिक प्रक्रियाओं में सहजता से एकीकृत हो जाते हैं। इस ढांचे का पालन करके, हम सुनिश्चित करते हैं कि हमारे संचालन नैतिक रूप से, पारदर्शी रूप से और उद्योग मानकों के अनुरूप संचालित हों। यह सीओएसओ ईआरएम ढांचा पावरग्रिड को जोखिमों को प्रभावी ढंग से समझने, प्राथमिकता देने और प्रबंधित करने में सक्षम बनाने के लिए जोखिम प्रबंधन का एक संरचित दृष्टिकोण प्रदान करता है।

सीओएसओ ढांचे के पांच घटकों – नियंत्रण वातावरण, जोखिम मूल्यांकन, नियंत्रण गतिविधियाँ, सूचना और संचार, और निगरानी गतिविधियाँ – के माध्यम से पावरग्रिड अपने शासन, रणनीति–निर्धारण, प्रदर्शन और रिपोर्टिंग प्रक्रियाओं को बेहतर बना सकता है। सीओएसओ ईआरएम ढांचे को लागू करके, हम न केवल अपने जोखिम प्रबंधन प्रथाओं को मजबूत करते हैं, बल्कि संगठन में अनुपालन, जवाबदेही और प्रदर्शन सुधार की संस्कृति को भी बढ़ावा देते हैं।

ईआरएम नीति और ढांचा

पावरग्रिड की ईआरएम नीति एकीकृत पारेषण में वैश्विक नेता बनने के अपने दृष्टिकोण का समर्थन करती है, जिसमें विश्वसनीयता, सुरक्षा और

आर्थिक दक्षता पर बल दिया जाता है। यह नीति, परियोजना प्रबंधन संचालन के लिए एक सक्रिय दृष्टिकोण अपनाकर और नवाचार और उन्नत प्रौद्योगिकी के माध्यम से निरंतर सुधार करके जोखिमों का प्रबंधन करने के लिए एक मजबूत ईआरएम ढांचा स्थापित करती है। यह नीति सुनिश्चित करती है कि जोखिम प्रबंधन प्रथाएँ सभी संगठनात्मक प्रक्रियाओं में अंतर्निहित हैं, जिससे निर्णय क्षमता और लचीलापन बढ़ता है। ईमानदारी, निष्पक्षता और सम्मान के मूल्यों द्वारा संचालित, यह नीति वैश्विक मानकों और हितधारकों की अपेक्षाओं के अनुकूल होने के लिए नियमित समीक्षा से गुजरती है, जिससे स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण में उच्चतम मानकों को बनाए रखते हुए अधिकतम मूल्य का सृजन सुनिश्चित होता है।



शासन और संरचना

ईआरएम प्रणाली का शासन एक सुपरिभाषित संगठनात्मक संरचना द्वारा समर्थित है:

- **निदेशक मंडल**

  समग्र जोखिम प्रबंधन प्रणाली की देखरेख करता है और रणनीतिक उद्देश्यों के साथ इसका संरेखण सुनिश्चित करता है।

- **जोखिम प्रबंधन समिति (आरएमसी)**

  यह स्वतंत्र सदस्यों सहित निदेशकों से मिलकर बनी है और जोखिम प्रबंधन नीतियों को विकसित करने और लागू करने के लिए जिम्मेदार है। आरएमसी जोखिम की स्थिति और शमन प्रयासों की समीक्षा करने के लिए तिमाही बैठक करती है।

- **मुख्य जोखिम अधिकारी (सीआरओ)**

  आरएमसी को रिपोर्ट करने सहित जोखिम प्रबंधन गतिविधियों के निष्पादन और समन्वय के लिए जिम्मेदार है।

व्यापारिक निरंतरता और परिवर्तन प्रबंधन

पावरग्रिड के ईआरएम ढांचे में व्यवधान उत्पन्न होने पर परिचालनात्मक लचीलापन सुनिश्चित करने के लिए एक व्यापक व्यापार निरंतरता योजना (बीसीपी) शामिल है। बीसीपी आपदा प्रबंधन और संकट प्रतिक्रिया के उपायों की रूपरेखा तैयार करती है, और उन्हें ईआरएम ढांचे के साथ एकीकृत करती है ताकि व्यापार पर पड़ने वाले प्रभाव को कम किया जा सके और सुरक्षा और संरक्षा को बढ़ाया जा सके।

उद्योग की बदलती गतिशीलता और संगठनात्मक आवश्यकताओं के अनुकूल स्वयं को ढ़ालने के लिए ईआरएम नीति की आवधिक समीक्षा और उसका अद्यतनीकरण किया जाता है। इससे यह सुनिश्चित होता है कि ईआरएम प्रणाली उभरते जोखिमों के प्रबंधन में प्रासंगिक और प्रभावी बनी रहे।

पावरग्रिड ने कई महत्वपूर्ण जोखिमों और उनके शमन की पहचान की है जो परिचालन को संभवतः प्रभावित कर सकते हैं। इन जोखिमों में मुख्य हैं– राइट ऑफ वे (आरओडब्ल्यू) और आवश्यक मंजूरी हासिल करने में विलम्ब होना , जिससे परियोजना की समयसीमा में देरी हो सकती है; टैरिफ–आधारित बोली की प्रतिस्पर्धी प्रकृति, जिससे बाजार हिस्सेदारी और लागत प्रतिस्पर्धात्मकता बनाए रखने में चुनौतियां पेश होती हैं; टैरिफ विनियमन या आदेशों में परिवर्तन; पर्यावरण और सामाजिक (ईएंडएस); डिजिटल सिस्टम पर निर्भरता जिससे साइबर सुरक्षा जोखिमें बढ़ी है; मानव संसाधन जोखिम जिसमें कुशल कर्मियों की कमी और भर्ती संबंधी चुनौतियां शामिल हैं; परिचालनात्मक जोखिम जिसमें उपकरण विफलताएं, प्राकृतिक आपदाएं आदि शामिल है।

इनपुट

वित्तीय पूंजी

₹87,145.11 करोड़
इक्विटी

1,20,755 करोड़
ऋण

₹12,500 करोड़
करोड़ वित्त वर्ष 24 में पूंजीगत व्यय

विनिर्माण पूंजी

1,77,699
परिचालन ट्रांसमिशन लाइन (सीकेएम)

278
उपकेन्द्रों की संख्या

>1,00,000
दूरसंचार नेटवर्क

23 देश
देश वैश्विक पदचिह्न

प्रज्ञात्मक पूंजी

₹ 218.07 करोड़
आरएंडडी व्यय

एसेट मैनेजमेंट के लिए डिजिटल एप्लीकेशन – पीजीदारपन, उड़ान, पाम्स 2.0, ड्रोन पेट्रोलिंग, एआई/एमएल आधारित रखरखाव

ज्ञान प्रबंधन और ई–लर्निंग पोर्टल – प्रज्ञान

मानव पूंजी

8,316
कुल कर्मचारी

4,26,840
कुल कर्मचारी प्रशिक्षण घंटे

100%
पितृत्व/मातृत्व अवकाश के बाद काम पर वापसी

सामाजिक और संबंध पूंजी

165
स्वीकृत सीएसआर परियोजनाएँ

₹ 330.48
सीएसआर व्यय

100%
घरेलू खरीद

प्राकृतिक पूंजी

10,053 मेगावाट घंटा
नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन

एसएफ6 रिसाव में **44.65%** की कमी

पारेषण, दूरसंचार, परामर्श और उभरते हुए व्यापारिक क्षेत्र



मजबूत वित्तीय प्रणालियाँ



अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी



लचीली आपूर्ति श्रृंखला



कुशल मानव संसाधन



श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ परिचालन अभ्यास



सामुदायिक सहभागिता



संधारणीय व्यापार अभ्यास

आउटपुट

परिवर्तन क्षमता (एमवीए)

सर्किट किलोमीटर (सीकेएम)

ट्रांसमिशन सिस्टम उपलब्धता

पावरग्रिड निर्माण मॉडल

डिजिटलीकरण / नई प्रौद्योगिकियों को अपनाना

टिकाऊ और जिम्मेदार व्यावसायिक आचरण

परिणाम

वित्तीय पूंजी

₹ 45,843 करोड़
परिचालन से राजस्व

₹ 15,573 करोड़
पीएटी

₹ 17.87%
आरओएनडब्ल्यू

विनिर्माण पूंजी

4,036
अतिरिक्त ट्रांसमिशन लाइनें चालू की गईं (सीकेएम)

6
उपकेन्द्र जोड़े गए

99.85%
ट्रांसमिशन नेटवर्क उपलब्धता

100%
टेलीकॉम बैकबोन उपलब्धता

प्रज्ञात्मक पूंजी

4
पेटेंट आईएसओ 55001 प्रमाणित परिसंपत्ति प्रबंधन

150+
प्रशिक्षण मॉड्यूल विकसित

मानव पूंजी

5.00%
टर्नओवर दर

0
व्यर्थ समय हानि दर

8.39
कार्यबल में महिलाएँ

सामाजिक और संबंध पूंजी

124
सीएसआर परियोजनाएँ पूरी की गईं

24
प्रभाव मूल्यांकन किया गया

57.52%
एमएसएमई खरीद (%)


प्राकृतिक पूंजी

17.35%
नवीकरणीय ऊर्जा खपत में वृद्धि

40.65%
स्कोप 1 उत्सर्जन में कमी

वित्तीय पूंजी

सुदृढ़ वित्तीय रणनीतियों के साथ अवसरों का लाभ उठाना, स्थिरता सुनिश्चित करना






पावरग्रिड अपनी उपलब्धियों का श्रेय मजबूत वित्तीय प्रबंधन और दूरदर्शी रणनीतिक योजना को देता है। हमारी सफलता का केन्द्र मजबूत वित्तीय आधार बनाए रखना है जिससे हम संचालन, निवेश और हितधारकों को लाभ पहुंचाने के लिए सतत व्यापार विकास के लिए पर्याप्त धन सुनिश्चित कर सके हैं। विवेकपूर्ण प्रबंधन प्रथाओं द्वारा निर्देशित हमारी ठोस वित्तीय स्थिति, हमें महत्वपूर्ण अवसंरचना परियोजनाओं को वित्तपोषित करने, हमारे पारेषण नेटवर्क का विस्तार करने और अनुसंधान और विकास और नवीन तकनीकों में निवेश करना संभव बनाती है, जिससे ग्रिड की विश्वसनीयता और दक्षता बढ़ती है। कंपनी का यह उत्कृष्ट वित्तीय प्रदर्शन परिचालन का विस्तार करने, भंडारण बढ़ाने और लागत नियंत्रण के कठोर उपायों और दक्षता मानकों को लागू करने जैसे मुद्दों पर रणनीतिक रूप से बल देने के कारण प्राप्त हुआ है। मजबूत वित्तीय स्थिति और सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता के साथ, पावरग्रिड का भविष्य आशाजनक है।

स्थायी मूल्य प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध एक दूरदर्शी सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठान के रूप में हम अपने परिचालन लक्ष्यों का समर्थन करने के लिए जिम्मेदार वित्तीय प्रबंधन की महत्वपूर्ण भूमिका को समझते हैं। यह विशेषज्ञता हमें हितधारकों को बेहतर सेवाएँ प्रदान करते हुए अपनी पहुँच का विस्तार करने में सक्षम बनाती है। रिपोर्टिंग अवधि के दौरान, हमारे संगठन ने सभी परिचालन मोर्चों पर पर्याप्त वृद्धि की है, जो वित्तीय प्रबंधन के प्रति हमारे रणनीतिक दृष्टिकोण को प्रदर्शित करती है। हमारा प्राथमिक लक्ष्य हमारी पर्यावरण, सामाजिक और शासन (ईएसजी) प्रतिबद्धताओं को बनाए रखते हुए प्रतिफल को अधिकतम करने के लिए वित्तीय संसाधनों का रणनीतिक आवंटन करना है।

एक व्यापक निर्णय–निर्धारण ढांचे के साथ, हमारा लक्ष्य वित्तीय पूंजी को अन्य संसाधनों के साथ सहजता से एकीकृत करना है। यह समग्र दृष्टिकोण हमारे परिणामों में सामंजस्य सुनिश्चित करता है, चाहे वह परिचालन दक्षता को बढ़ाना हो, हमारी मानव पूंजी का विकास करना हो या सामुदायिक संबंधों को मजबूत करना हो। कुशल संसाधन प्रबंधन और एक लचीले तुलनपत्र के माध्यम से, हम अपने हितधारकों को स्थायी मूल्य प्रदान करने के लिए समर्पित हैं, और साथ ही बदलते बाजार की गतिशीलता और नियामक मांगों के सामने ग्रिड विश्वसनीयता और लचीलापन बनाए रखते हैं।


निम्न में निवेश करके एक मजबूत वित्तीय भविष्य का निर्माण



बुनियादी ढांचे के विकास में सुधार



आरएंडडी और नवाचार प्रबंधन



नवीकरणीय ऊर्जा को ग्रिड में एकीकृत करना



सामुदायिक संबंधों को बढ़ावा देना



कर्मचारी कल्याण और कर्मचारी अपस्किलिंग को बढ़ावा देना

वित्तीय प्रदर्शन

वित्तीय वर्ष 2023–24 में हमारा राजस्व ₹46,913 करोड़ तक पहुँच गया, जो कि वित्तीय वर्ष 2022–23 में दर्ज ₹46,606 करोड़ से अधिक है। यह वित्तीय प्रदर्शन अवसंरचना में निवेश, हमारे ग्रिड में अक्षय ऊर्जा के एकीकरण और हमारे संचालन में तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। हमारी सफलता केवल पारेषण क्षेत्र तक सीमित नहीं है; हमने अपने दूरसंचार व्यापारों में भी पर्याप्त वृद्धि की है। पावरग्रिड में, हम अपने वित्तीय संसाधनों और निवेशों पर प्रतिफल को अनुकूलित करने के लिए लगातार परिचालन जोखिमों का आकलन करते हैं।

2023–24 में हमारा वित्तीय प्रदर्शन हमारे व्यापार मॉडल की ताकत और उद्योग की गतिशीलता के प्रति हमारी सक्रिय प्रतिक्रिया को दर्शाता है। हमारे वाणिज्यिक संचालन और वित्तपोषण कार्यकलाप वित्तीय पूंजी उत्पन्न करते हैं जो हमारे संचालन का समर्थन करते हैं। सावधानीपूर्वक किए गए निष्पादन के माध्यम से, हमने तेजी से विकास और लाभप्रदता की विशेषता वाली एक दृढ़ बैलेंस शीट स्थापित किया है। एक स्थिर और समृद्ध वित्तीय स्थिति बनाए रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है, जो हमारे हितधारकों के लिए एक मजबूत व्यावसायिक रणनीति द्वारा समर्थित दीर्घकालिक विकास संभावनाएँ प्रदान करती है।

प्रचालन से प्राप्त राजस्व
(करोड़ रु.)




प्रचालनात्मक लाभ
(करोड़ रु.)



कुल सृजित आर्थिक मूल्य
(करोड़ रु.)



बाजार पूंजी
(करोड़ रु.)



नियोजित पूंजी पर प्रतिफल

(% में)



(*On consolidate basis)

(इकाई: ₹ करोड़)	वित्त वर्ष 2022	वित्त वर्ष 2023	वित्त वर्ष 2024
संचालन से राजस्व	41,621.64	45,603.11	45,843.10
अन्य आय	1,076.26	1,002.53	1,070.02
उत्पन्न कुल आर्थिक मूल्य	**42,697.90**	**46,605.64**	**46,913.12**
दीर्घकालिक ऋण और बांड के विरुद्ध भुगतान	15,410.82	15540.65	13440.72
संचालन व्यय	2,805.55	3,594.62	3,505.77
कर्मचारी वेतन और मजदूरी	2,243.89	2,508.53	2,434.44
कर	2,785.57	2,281.88	2,940.79
भुगतान किया गया लाभांश	10,811.96	8544.93	11218.85
सीएसआर व्यय	273.91	327.09	324.22
कुल आर्थिक मूल्य वितरित	**34,331.70**	**32,797.70**	**33,864.79**
कुल आर्थिक मूल्य रख लिया गया	**8,366.20**	**13,807.94**	**13,048.33**
परिचालन लाभ	37642.32	40434.32	40820.91
परिचालन मार्जिन (%)	90%	89%	89%
कर पूर्व लाभ (पीबीटी)	20139.38	17453.05	19085.34
कर दर (%)	17.47%	17.47%	17.47%
कर पश्चात लाभ (पीएटी)	16824.07	15419.74	15573.16
पीएटी मार्जिन (%)	40%	34%	34%
शुद्ध अचल संपत्तियाँ	191772.84	185436.99	177760.55
शेयर पूंजी	6975.45	6975.45	9300.6
आरक्षित निधियाँ और अधिशेष	69280.84	76050.84	77844.51
शेयरधारक निधियाँ	76,256.29	83,026.29	87,145.11
प्रति शेयर आय	18.09	16.58	16.74
प्रति शेयर लाभांश	11.63	9.19	12.06

(इकाईः ₹ करोड़)	वित्त वर्ष 2022	वित्त वर्ष 2023	वित्त वर्ष 2024
प्रति शेयर बुक वैल्यू	81.99	89.27	93.70
शेयरों की संख्या (करोड़ में)	697.55	697.55	930.06
शेयर मूल्य	216.80	225.70	276.9
मार्केट कैप	151,227.82	157,435.97	257,533.72
कैपेक्स	9,060	9212	12,500
ईबीआईटीडीए	37,642.32	40,434.32	40,820.91
नियोजित पूंजी पर प्रतिफल	11.32%	12.27%	12.65%
शुद्ध लाभ	16,824.07	15,419.74	15,573.16







निर्मित पूंजी


विश्वस्तरीय अवसंरचना परिसंपत्तियों के साथ आर्थिक विस्तार को उत्प्रेरित करना




हमने लगातार बड़े पैमाने पर पारेषण परियोजनाओं को कुशलतापूर्वक निष्पादित करने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया है। अपने 35 साल के सफ़र में, हमने पारेषण में बेजोड़ विशेषज्ञता हासिल की है, जिससे पूरे भारत में इस क्षेत्र में विकास हुआ है। एक सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के रूप में काम करते हुए, हम संसाधनों का कुशलतापूर्वक उपयोग करने, परिचालनगत लचीलेपन बढ़ाने और उपभोक्ताओं की बढ़ती ज़रूरतों को पूरा करने की अपनी ज़िम्मेदारी को समझते हैं। अपने पूरे इतिहास में, हमने व्यापक ईष्टतम रणनीतियों का पालन किया है, परिसंपत्ति दक्षता, प्रदर्शन में सुधार किया है और ट्रिपिंग की घटनाओं के कारण होने वाले व्यवधानों को कम किया है।

यह सुनिश्चित करते हुए कि हमारी पारेषण अवसंरचना उन्नत, लचीली और पर्यावरण के प्रति ज़िम्मेदार बनी रहे, निरंतर सुधार करने की हमारी प्रतिबद्धता हमें अपने तकनीकी मानकों को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित करती है। हमारा ध्यान सभी हितधारकों के लिए स्थायी मूल्य बनाने पर दृढ़ है। इसे प्राप्त करने के लिए, हम तीन क्षेत्रों में संरचित सुधारों को प्राथमिकता देने पर बल देते हैं: अवसंरचना विकास, परिसंपत्ति प्रबंधन और जिम्मेदार सोर्सिंग।

प्रमुख क्षेत्र



अवसंरचना विकास




परिसंपत्ति प्रबंधन




जिम्मेदार सोर्सिंग

विशिष्टताएं



ट्रांसफार्मर और रिएक्टर
>3,800




पारेषण लाइन
1,77,699 ckm




पारेषण टावर
>2,90,000



प्रणाली की उपलब्धता
99.85%



उप–स्टेशन
278



परिवर्तन क्षमता
5,27,446 एमवीए

अवसंरचना विकास

पावरग्रिड का अवसंरचना विस्तार पर केन्द्रित रणनीतिक फोकस देश की बढ़ती ऊर्जा मांगों को पूरा करने के लिए पावरग्रिड के सक्रिय दृष्टिकोण को दर्शाता है। वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान **4,036 सीकेएम अतिरिक्त हाई वोल्टेज (ईएचवी)** पारेषण लाइनों, **19,720 मेगा वोल्ट एम्पीयर (एमवीए)** परिवर्तन क्षमता और 6 नए उपकेन्द्रों की स्थापना के साथ, पावरग्रिड पारेषण नेटवर्क की क्षमता और लचीलापन बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। ये निवेश विद्युत पारेषण के लिए अतिरिक्त मार्ग बनाकर ग्रिड की विश्वसनीयता को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण हैं, जिससे व्यवधान उत्पन्न होने का जोखिम कम होता हैं और उपभोक्ताओं लिए निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित हाती है। इसके अलावा, पारेषण अवसंरचना का विस्तार अत्यधिक दूरी पर विद्युत के निर्बाध पारेषण को सुविधाजनक बनाता है, जिससे उत्पादन स्रोतों से उपभोग केंद्रों तक कुशल ऊर्जा वितरण संभव होता है। अपने पारेषण नेटवर्क के विस्तार में निवेश करके, पावरग्रिड न केवल देश के विद्युत अवसंरचना की रीढ़ को मजबूत करता है, बल्कि सतत आर्थिक वृद्धि और विकास की नींव भी रखता है।

टी.बी.सी.बी. का प्रदर्शन

वित्तीय वर्ष 2022–23 में, पिछले वर्ष से पूर्व, हमने शुल्क आधारित प्रतिस्पर्धी बोली (टी.बी.सी.बी.) मार्ग से 21 पारेषण परियोजनाओं में भाग लिया और 11 परियोजनाओं में जीत हासिल की, जिसका कुल शुल्क लगभग ₹951 करोड़ था, जो शुल्क प्रतिशत का 52% था। वित्तीय वर्ष 2022–23 में सफल परियोजनाओं की संयुक्त परियोजना लागत ₹8,387 करोड़ थी।

हाल के वित्तीय वर्ष, 2023–24 में, टी.बी.सी.बी. परियोजनाओं के लिए बोली लगाने में हमारे प्रदर्शन में पिछले वर्ष की तुलना में सुधार हुआ है। हमने 25 आई.एस.टी.एस. पारेषण प्रणाली परियोजनाओं और 4 अंतर–राज्यीय पारेषण प्रणाली परियोजनाओं में सक्रिय रूप से भाग लिया। इन 29 परियोजनाओं में से, हम 13 पारेषण परियोजनाओं में विजयी हुए हैं। इन 13 सफल परियोजनाओं की कुल अनुमानित परियोजना लागत लगभग ₹33,528 करोड़ है, जिसमें कुल वार्षिक शुल्क लगभग ₹2,888 करोड़ है, जो लगभग 64% बाजार हिस्सेदारी के लिए जिम्मेदार है।

सीमाओं से परे सेवा प्रदान करना

हमारे उद्योग में बाजार का नेतृत्व करते हुए, हमने अपने नेटवर्क का विस्तार कई पड़ोसी देशों तक किया है। हम मानते हैं कि ऊर्जा सुरक्षा हमारे पड़ोसियों के लिए भी उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी हमारे अपने देश के लिए, जो हमारे द्विपक्षीय संबंधों और सार्क और बिम्स्टेक जैसे अंतर्राष्ट्रीय संघों में हमारी उपस्थिति में महत्वपूर्ण योगदान देती है। दक्षिण–एशियाई क्षेत्र में रणनीतिक रूप से स्थित, हम सार्क और बिम्सेटेक सदस्य देशों के साथ भौगोलिक सीमाएँ साझा करते हैं।

वर्तमान में, भारत और बांग्लादेश, भूटान और नेपाल सहित पड़ोसी देशों के बीच सीमा पार संबंधों के माध्यम से संचयी विद्युत अंतरण लगभग 4,745 मेगावाट है। पावरग्रिड ने दक्षिण एशिया में क्षेत्रीय ऊर्जा संसाधनों के इष्टतम उपयोग को सुनिश्चित करते हुए मजबूत सीमा पार संबंध स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस वर्ष, हमने नेपाल विद्युत प्राधिकरण (एनईए) के साथ एक संयुक्त उद्यम स्थापित किया है, जिसमें प्रत्येक पक्ष की 50% इक्विटी होगी, जिसका उद्देश्य 400 केवी गोरखपुर (भारत) के भारतीय हिस्से– बुटवल (नेपाल) पारेषण लाइन और गोरखपुर की ओर से बेय का विकास करना है। इसके अलावा, श्रीलंका और म्यांमार के साथ सीमा पार संबंध G2G स्तर पर चर्चा के उन्नत चरण में हैं।

भारत और निम्न देश के बीच सीमा पार संबंध	मौजूदा (एमडब्ल्यू) (31.03.2024 तक)
बांग्लादेश	1,160
भूटान	2,185
नेपाल	1,400
कुल (लगभग)	**4,745**

वित्त वर्ष 24 के दौरान **5 टीबीसीबी परियोजनाओं** को सफलतापूर्वक पूरा किया गया।



वैश्विक पहुंच का विस्तारः पावरग्रिड की अंतर्राष्ट्रीय परियोजना पाइपलाइन

पावरग्रिड अफ्रीका50 में उल्लेखनीय प्रगति के साथ, विद्युत पारेषण अवसंरचना में अपने वैश्विक नेतृत्व को मजबुत कर रहा है। इस सहयोग में एक महत्वपूर्ण मील के पत्थर के रूप में, पावरग्रिड ने अफ्रीका50 के साथ मिलकर केन्या में एक पारेषण प्रणाली के विकास के लिए एक निजी निवेश प्रस्ताव (पीआईपी) और उसके बाद परियोजना विकास रिपोर्ट (पीडीआर) प्रस्तुत किया है। एक जांच प्रक्रिया के बाद, केन्या की पीपीपी समिति ने प्रायोजकों के प्रस्ताव का समर्थन किया है, जिससे "वार्ता चरण" की शुरुआत का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

इसके साथ–साथ, पावरग्रिड ने सार्वजनिक–निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत तंजानिया में एक पारेषण प्रणाली के कार्यान्वयन के लिए एक सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर करके अफ्रीका50 के साथ अपनी साझेदारी को और मजबूत किया है। वर्तमान में, टीएएनईएससीओ (तंजानिया विद्युत आपूर्ति कंपनी) के साथ घनिष्ठ समन्वय में परियोजना को अंतिम रूप देने का कार्य चल रहा है। इसी तरह, पावरग्रिड नाइजीरिया की पारेषण कंपनी (टीसीएन) के साथ सहयोग स्थापित करने का प्रयास कर रहा है।

केन्या, तंजानिया और नाइजीरिया में परियोजनाओं के लिए हमारी सक्रिय खोज दुनिया भर में पारेषण अवसंरचना विशेषज्ञता साझा करने के लिए हमारी दृढ़ प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। ये पहलें न केवल हमारे व्यापार पोर्टफोलियो को समृद्ध करती हैं, बल्कि ऊर्जा क्षेत्र के भीतर मजबूत अंतरराष्ट्रीय गठबंधनों को भी बढ़ावा देती हैं।

हमारा घरेलू परामर्शदात्री व्यवसाय विद्युत क्षेत्र से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों में सेवाएँ प्रदान करता है। हम विभिन्न परियोजनाओं पर राज्य उपयोगिताओं और सरकारी निकायों के साथ भी सहयोग कर रहे हैं।

वर्ष के दौरान किए गए कुछ प्रमुख पहलों में निम्न शामिल हैं–

- राज्य की अंतर–राज्यीय पारेषण प्रणाली (मूल्यः ₹10,000 करोड़) विकसित करने के लिए राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड (आरआरवीपीएनएल) के साथ संयुक्त उद्यम।
- पारेषण और उप–पारेषण, डिज़ाइन और इंजीनियरिंग, ईवी चार्जिंग और नवीकरणीय ऊर्जा सहित विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 79 घरेलू परामर्शदात्री कार्य निष्पादित किया।
- वर्ष के दौरान 21 नए घरेलू परामर्शदात्री कार्य प्राप्त किए।

अक्षय ऊर्जा स्रोतों से विद्युत खपत के प्रति प्रतिबद्धता

स्वच्छ ऊर्जा में परिवर्तन करने की भारत की महत्वाकांक्षाओं के अनुरूप, कंपनी का लक्ष्य 2025 तक अक्षय स्रोतों से 50% विद्युत का उपयोग करना है और इसे प्राप्त करने के लिए बड़े पैमाने पर सौर पीवी संयंत्रों और छत पर सौर पीवी लगाने की योजना है।

153 से अधिक स्थानों पर 10.2 मेगावाट की रूफटॉप सौर पीवी प्रणाली की स्थापना पूरी हो चुकी है और लगभग 15 मेगावाट की परियोजनाएं कार्यान्वयन/योजना के अधीन हैं।

नागदा में 85 मेगावाट की सौर पीवी परियोजना की स्थापना के लिए पावरग्रिड की पहली बड़े पैमाने की वाणिज्यिक परियोजना का विकास किया जा रहा है। इसके अलावा, जबलपुर, वर्धा, औरंगाबाद और खम्मम उपकेन्द्रों में 82 मेगावाट की डीपीआर को भी मंजूरी दिया जा रहा है। इसके अलावा, विभिन्न स्थानों पर 100 मेगावाट के अन्य सौर पीवी पावर संयंत्रों का प्रारंभिक कार्य चल रहा है।

पावरग्रिड ने ग्रीन हाइड्रोजन भविष्य का मार्ग प्रशस्त किया

पावरग्रिड ग्रीन हाइड्रोजन में व्यापारिक पहल करने का प्रयास कर रहा है, जो पर्यावरण के अनुकूल और टिकाऊ ऊर्जा स्रोत है जो ऊर्जा क्षेत्र में क्रांति लाने के लिए तैयार है।

ग्रीन हाइड्रोजन के प्रति पावरग्रिड की प्रतिबद्धता स्वच्छ ऊर्जा भरे भविष्य के प्रति हमारे सक्रिय रुख को रेखांकित करती है। पायलट परियोजनाओं, रणनीतिक गठबंधनों और उद्योग सहयोगों के माध्यम से, हम ग्रीन हाइड्रोजन तकनीक को आगे बढ़ाने और भारत के ऊर्जा परिदृश्य में इसके निर्बाध एकीकरण का लक्ष्य बना रहे हैं।

पावरटेल अपने मजबूत, 100,000 किलोमीटर से अधिक के राष्ट्रव्यापी नेटवर्क के माध्यम से कई तरह की सेवाएँ प्रदान करता है, जिसके परिणामस्वरूप वित्त वर्ष 2023–24 में ₹822 करोड़ का राजस्व उत्पन्न हुआ है। पावरटेल ने मेघालय के दूरसंचार अवसंरचना को मजबूत करने में सक्रिय रूप से योगदान दिया है और जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान सरकारी पोर्टलों की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पावरटेल नेपाल और बांग्लादेश के लिए 15 रणनीतिक स्थानों और अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार गेटवे पर डाटा केन्द्र स्थापित करने की योजना बना रहा है।



डाटा केन्द्र

पावरग्रिड रणनीतिक रूप से डाटा केन्द्र के क्षेत्र में उद्यम करने के साथ अपने क्षितिज को व्यापक बना रहा है, कंपनी की मजबूत अवसंरचना और डोमेन विशेषज्ञता का लाभ उठाते हुए डाटा भंडारण और प्रसंस्करण समाधानों की बढ़ती मांग को पूरा कर रहा है।

हरियाणा के मानेसर में पायलट प्रोजेक्ट शुरू हुआ

मानेसर में पायलट डेटा केन्द्र बनाने की परियोजना इस प्रयास की आधारशिला है। इसका निर्माण चल रहा है, गुरुग्राम मेट्रोपॉलिटन विकास प्रधिकरण (जीएमडीए) द्वारा निर्माण योजना को मंजूरी दी गई है, जो इसे समय पर पूरा करने के हमारे समर्पण की पुष्टि करता है। सिविल कार्यों के साथ–साथ 250–रैक क्षमता की आईटी अवसंरचना सामग्री की खरीदारी की गई है।

लद्दाख परियोजना

माननीय प्रधान मंत्री की अध्यक्षता में आर्थिक कार्य संबधी मंत्रिमंडल समिति ने लद्दाख में 13 गीगावाट की अक्षय ऊर्जा परियोजना के लिए ग्रीन ऊर्जा गलियारा (जीईसी) चरण–II – अंतर–राज्यीय पारेषण प्रणाली (आईएसटीएस) परियोजना को मंजूरी दे दी है। इस परियोजना को वित्त वर्ष 2029–30 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसकी अनुमानित कुल लागत ₹20,773.70 करोड़ है, और केंद्रीय वित्तीय सहायता (सीएफए) के माध्यम से परियोजना लागत का 40 प्रतिशत दिया जाएगा, जो कि ₹8,309.48 करोड़ होगा। पावरग्रिड इस परियोजना के लिए कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में काम करेगा, जो वोल्टेज सोर्स कन्वर्टर (वीएससी) आधारित हाई वोल्टेज डायरेक्ट करंट (एचवीडीसी) और एक्स्ट्रा हाई वोल्टेज अल्टरनेटिंग करंट (ईएचवीएसी) प्रणाली जैसी उन्नत तकनीकों का उपयोग करेगा।



आईटीएएमएस

वर्ष 2021–22 के अंतर्राष्ट्रीय पारेषण परिसंपत्ति प्रबंधन अध्ययन (आईटीएएमएस) के परिणाम प्रकाशित किए गए, जिसमें पावरग्रिड को शीर्ष प्रदर्शन करने वाले पारेषण प्रतिष्ठान के रूप में दर्शाया गया है। आईटीएएमएस, 10 वैश्विक पारेषण प्रतिष्ठानों को शामिल करने वाला एक सहयोगात्मक प्रयास है जिसमें टीईआरएनए, टेन्नेटी, इलेक्ट्रानेट, फिनग्रिड, टीआरएएनएससीओ, ओईटी और पावरग्रिड शामिल हैं, जो इन प्रतिष्ठानों में परिसंपत्ति प्रबंधन प्रथाओं और प्रदर्शन का आकलन और तुलना करता है।

यह मान्यता तकनीकी उपायों, जैसे कि उपलब्धता और प्रति लाइन ट्रिपिंग, और वित्तीय मेट्रिक्स जैसे कि नियोजित पूंजी पर रिटर्न (आरओसीई) और निवल संपत्ति पर रिटर्न (आरओएनए) दोनों पर आधारित है।



परिसंपत्ति प्रबंधन

पावरग्रिड की परिसंपत्ति प्रबंधन में उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता इसकी परिसंपत्ति प्रबंधन नीति और रणनीतिक परिसंपत्ति प्रबंधन योजना (एसएएमपी) में निहित है।

आधार: परिसंपत्ति प्रबंधन नीति

परिसंपत्ति प्रबंधन नीति पावरग्रिड के दृष्टिकोण की आधारशिला के रूप में कार्य करती है। यह परिसंपत्ति प्रबंधन के संबंध में संगठन के मूल सिद्धांतों, उद्देश्यों और प्रतिबद्धताओं को परिभाषित करती है। यह नीति परिसंपत्ति के संपूर्ण जीवनचक्र के लिए मानक निर्धारित करते हुए निर्णय लेने के लिए एक स्पष्ट रूपरेखा स्थापित करती है। इसमें जोखिम प्रबंधन और निरंतर सुधार दर्शन शामिल है।

रणनीति को कार्रवाई में बदलना: रणनीतिक परिसंपत्ति प्रबंधन योजना

यह एसएएमपी रणनीतिक लक्ष्यों को कार्रवाई योग्य योजनाओं में बदलकर परिसंपत्ति प्रबंधन नीति को पूरक है। यह परिसंपत्ति के प्रदर्शन को अनुकूलित करने और ईष्टतम मूल्य सृजन पर ध्यान केंद्रित करता है। यह योजना दीर्घकालिक परिसंपत्ति प्रबंधन रणनीतियों की रूपरेखा तैयार करती है जो पावरग्रिड के समग्र लक्ष्यों के साथ संरेखित होती हैं। ये रणनीतियाँ परिसंपत्ति के स्वास्थ्य, गंभीरता और जीवनचक्र लागत जैसे कारकों पर विचार करती हैं। एसएएमपी संसाधन आवंटन, निवेश निर्णयों और रखरखाव कार्यकलापों को प्राथमिकता देने के लिए एक मार्गदर्शक के रूप में कार्य करता है, जिससे पावरग्रिड के विशाल परिसंपत्ति पोर्टफोलियो का कुशल और प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित होता है।


सभी प्रमुख परिसंपत्तियों के लिए वार्षिक रखरखाव योजना (एएमपी) के एक भाग के रूप में स्थिति निगरानी परीक्षण किए जाते हैं:

विश्वसनीयता केंद्रित रखरखाव (आरसीएम)

पावरग्रिड की परिसंपत्ति प्रबंधन के प्रति प्रतिबद्धता को विश्वसनीयता केंद्रित रखरखाव (आरसीएम) प्रथाओं के कार्यान्वयन द्वारा और अधिक बढ़ाया जाता है। यह एकीकरण उनके सक्रिय दृष्टिकोण का उदाहरण है, जो उनके महत्वपूर्ण अवसंरचना की विश्वसनीयता और दीर्घकालिकता सुनिश्चित करने के लिए एक व्यवस्थित और डाटा–संचालित रणनीति पर जोर देता है।



उच्च प्रदर्शन स्तरों के साथ लागत–प्रभावी तरीके से



- **विश्वसनीयता का सुव्यवस्थित दृष्टिकोण**

  आरसीएम, परिसंपत्तियों, विशेष रूप से ट्रांसफॉर्मर और रिएक्टर जैसी उच्च–मूल्य वाली परिसंपत्तियों के सावधानीपूर्वक विश्लेषण पर ध्यान केंद्रित करता है। इस विश्लेषण से लक्षित रखरखाव रणनीतियों का विकास संभव होता है। परिसंपत्ति डेटा का उपयोग करके और विफलता के संभावित तरीके को समझकर, गंभीरता का आकलन किया जाता है और रखरखाव गतिविधियों को प्राथमिकता दी जाती है। यह डाउनटाइम को कम करता है, परिचालन दक्षता को अनुकूलित करता है, और परिसंपत्तियों की उपयोगिता अवधि को बढ़ाता है।

- **लागत बचत और स्थिरता**

  आरसीएम के कार्यान्वयन से पावरग्रिड को लागत संबंधी महत्वपूर्ण लाभ मिलता है। रखरखाव को प्राथमिकता देकर और अनियोजित आउटेज से बचकर, वे रखरखाव व्यय को कम कर सकते हैं और संसाधनों का ईष्टतम आवंटन कर सकते हैं। यह न केवल वित्तीय बचत कराता है बल्कि संसाधन की बर्बादी को कम करके स्थिरता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करता है।

परिसंपत्ती प्रबंधन नीति, एसएएमपी और आरसीएम के संयोजन से ऊर्जा के पारेषण नेटवर्क का लचीलापन मजबूत होता है। यह सक्रिय दृष्टिकोण ग्राहकों और हितधारकों के लिए विश्वसनीय और टिकाऊ ऊर्जा वितरण सुनिश्चित करता है, जिससे पावरग्रिड ऊर्जा पारेषण के क्षेत्र में एक अग्रणी के रूप में मजबूती से विद्यमान रहता है।

आईएसओ 55001 प्रमाणन (परिसंपत्ति प्रबंधन)

परिसंपत्ति प्रबंधन के लिए आईएसओ 55001 मानकों के साथ पॉवरग्रिड का संरेखण उत्कृष्टता के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। वैश्विक रूप से मान्य बेंचमार्क का पालन करके, कंपनी अपने परिसंपत्ति आधार में दक्षता, विश्वसनीयता और जोखिम प्रबंधन के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करती है। वर्ष के दौरान, पॉवरग्रिड को आईएसओ 55001 प्रमाणन के लिए अनुशंसित किया गया है। यह समग्र संगठनात्मक लक्ष्यों, मजबूत जोखिम प्रबंधन प्रथाओं, प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों (केपीआई) के माध्यम से प्रदर्शन मूल्यांकन और निरंतर सुधार की संस्कृति के साथ परिसंपत्ति प्रबंधन उद्देश्यों के रणनीतिक संरेखण पर बल देता है। आईएसओ 55001 हितधारक सहभागिता, विधिक आवश्यकताओं के अनुपालन और अन्य प्रबंधन प्रणालियों के साथ एकीकरण को बढ़ावा देकर, पॉवरग्रिड को अपनी परिसंपत्तियों से प्राप्त मूल्य को अनुकूलित करने, परिचालन दक्षता बढ़ाने और जोखिमों को प्रभावी ढंग से कम करने में सक्षम बनाता है।

केंद्रीकृत परिसंपत्ति प्रबंधन

एक मजबूत पारेषण प्रणाली स्थापित करना हमारे संचालन का मात्र एक पहलू है। जिसमें विद्युत की विश्वसनीय आपूर्ति और हमारी परिसंपत्तियों का इष्टतम प्रदर्शन सुनिश्चित करते हुए इस अवसंरचना का रखरखाव सर्वोपरि है। इसके समर्थन में, हमने मानेसर में राष्ट्रीय पारेषण परिसंपत्ति प्रबंधन केन्द्र (एनटीएएमसी) के साथ–साथ कई क्षेत्रीय पारेषण परिसंपत्ति प्रबंधन केन्द्रों (आरटीएएमसी) की स्थापना की है। ये केंद्र वास्तविक समय में हमारी पारेषण प्रणाली की दूरस्थ निगरानी और संचालन को सक्षम करते हैं। उल्लेखनीय रूप से, ये सुविधाएँ अपनी तरह की अनूठी हैं, जिनमें अत्याधुनिक यंत्र और उपकरण मौजूद हैं और ये चौबीसों घंटे लगातार विशेषज्ञ की निगरानी में रहते हैं।

पावरग्रिड की पारेषण प्रणाली के संचालन में बढ़ी हुई दक्षता और पारदर्शिता के लिए, पारेषण परिसंपत्तियों की दूरस्थ रूप से निगरानी की जा रही है और रिमोट कंट्रोल केन्द्र यानी एनटीएएमसी/आरटीएएमसी से उनका संचालन किया जा रहा है। मार्च 2024 तक, पावरग्रिड अपने सभी 278 उप–स्टेशनों (इनविट के 03 स्टेशनों के साथ) को नियंत्रण केंद्रों के माध्यम से दूरस्थ रूप से संचालित कर रहा है।

सतत परिसंपत्ति प्रबंधन

भविष्य को ध्यान में रखते हुए, हम अपने परिसंपत्ति प्रबंधन ढांचे के भीतर पर्यावरण की दृष्टि से टिकाऊ प्रथाओं का और अधिक उपयोग करने के लिए समर्पित हैं। इस उद्देश्य से, हम पुराने एसएफ6 सर्किट ब्रेकर (सीबी) को एयर इंसुलेटेड उपकेन्द्र (एआईएस) में पर्यावरण के अनुकूल गैस या स्वच्छ वायु–आधारित स्विचगियर से बदलकर हरित विकल्पों का उपयोग करने की योजना बना रहे हैं। हमारी पहल के अंग के रूप में, हम एसएफ6–मुक्त एआईएस सीबी संस्थापना के तीन सेटों का परीक्षण करने का इरादा रखते हैं। इसके अतिरिक्त, हमारा लक्ष्य भारत में सबसे पहले ग्रीन गैस इंसुलेटेड उपकेन्द्र (जीआईएस) के पहले मॉडल की तैनाती करनी है, जिसकी शुरुआत बदरपुर एआईएस की संस्थापना से होगी।



पर्यावरण अनुकूल प्राकृतिक एस्टर तेल के साथ रेट्रो फिलिंग

संधारणीयता के प्रति अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ, पावरग्रिड ने अपने परिचालन अवसंरचना के भीतर एक अभूतपूर्व पहल की शुरुआत की है। प्राकृतिक एस्टर तेल के साथ खनिज–तेल से भरे 132केवी शंट रिएक्टरों की रेट्रोफिटिंग भारत के विद्युत क्षेत्र में एक अग्रणी प्रयास है, जो पर्यावरणीय जिम्मेदारी और हरित प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम का प्रतीक है। पारंपरिक खनिज तेल के स्थान पर प्राकृतिक एस्टर तेल का उपयोग शुरू करके, पावरग्रिड न केवल अपने अवसंरचनात्मक दक्षता और प्रदर्शन को बढ़ाता है, बल्कि पर्यावरणीय प्रभाव को भी कम करता है। नवीकरणीय संसाधनों से प्राप्त प्राकृतिक एस्टर तेल, पारंपरिक खनिज तेल की तुलना में बेहतर बायोडिग्रेडेबिलिटी और कम पारिस्थितिक पदचिह्न प्रदान करता है, जो पावरग्रिड के पर्यावरण–अनुकूल लोकाचार के साथ पूरी तरह से संरेखित है। यह अभिनव रेट्रोफिटिंग पहल टिकाऊ प्रथाओं के प्रति पावरग्रिड के सक्रिय दृष्टिकोण को रेखांकित करती है, जो पूरे उद्योग में पर्यावरण के प्रति जागरूक समाधानों को अपनाने के लिए एक मिसाल कायम करती है। विद्युत के क्षेत्र में एक अग्रणी के रूप में, पावरग्रिड पर्यावरण संरक्षण और जिम्मेदार कॉर्पोरेट नागरिकता के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता का उदाहरण देते हुए हरित, अधिक टिकाऊ भविष्य का मार्ग प्रशस्त करना जारी रखता है।

400 केवी ईआरएस का स्वदेशी विकास

पावरग्रिड क्षतिग्रस्त विद्युत लाइनों की तेजी से मरम्मत करने के लिए आपातकालीन बहाली प्रणाली (ईआरएस) पर निर्भर करता है। पहले, ये ईआरएस घटक, जैसे कि मास्ट खंड और इन्सुलेटेड क्रॉसआर्म, पूरी तरह से आयात किए जाते थे। भारतीय विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए, पावरग्रिड ने उच्च–वोल्टेज ईआरएस (400 केवी तक) के लिए घरेलू आपूर्तिकर्ताओं को तैयार करने के लिए एक कार्यक्रम शुरू किया है, जिसका उद्देश्य भविष्य में मरम्मत के लिए एक आत्मनिर्भर आपूर्ति श्रृंखला का सृजन करना है।

400केवी रिएक्टरों की इन-हाउस मरम्मत

पावरग्रिड ने डाल्टनगंज और बालीपारा उपकेन्द्रों पर 400केवी रिएक्टरों की स्व–स्थाने मरम्मत की है। मरम्मत कार्यों में कोर शील्ड में खराबी को दूर करने के लिए वाइंडिंग को हटाना शामिल था। मरम्मत कार्य करने के लिए स्थल पर तापमान और नमी नियंत्रित वातावरण तैयार किया जाता है। मरम्मत किए गए रिएक्टर को दोनों स्थानों पर सेवा में ले लिया जाता है।

आरओडब्ल्यू सेल की स्थापना के माध्यम से परियोजना दक्षता में वृद्धि

भूमि अधिग्रहण, राइट ऑफ वे (आरओडब्ल्यू) के लिए वार्ता, मंजूरी और मुआवजे जैसी परियोजना गतिविधियों में दक्षता बढ़ाने के लिए, हमने एक समर्पित आरओडब्ल्यू सेल की स्थापना की। यह केंद्रीय आरओडब्ल्यू सेल भूमि अधिग्रहण प्रयासों के समन्वय की देखरेख करता है, क्षेत्रीय आरओडब्ल्यू सेल की नियमित समीक्षा करता है और प्रगति पर प्रबंधन को अद्यतित जानकारी देता है। क्षेत्रीय आरओडब्ल्यू सेल स्थानीय प्रभावशीलता के लिए भी बनाए गए हैं। कॉर्पोरेट केन्द्र का मानव संसाधन विकास (सीसी–एचआरडी) उपयुक्त प्रशिक्षण के माध्यम से आरओडब्ल्यू सेल के सदस्यों के लिए योग्यता विकास कार्यक्रम आयोजित करने के लिए जिम्मेदार है। इसके अतिरिक्त, सदस्य प्रज्ञान प्लेटफॉर्म पर ज्ञान साझा करने के लिए ई–लर्निंग और प्रशिक्षण मॉड्यूल विकसित करेंगे, जो दक्षता में सुधार और निरंतर सीखने की संस्कृति को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।



जिम्मेदार स्रोत

हमारा रणनीतिक दृष्टिकोण उपकरण और प्रौद्योगिकी के लिए स्थानीय स्रोत के माध्यम से खरीदी को प्राथमिकता देता है, जो हमारे पारेषण प्रणाली की दक्षता और विश्वसनीयता को बढ़ाने के लिए हमारी आपूर्ति श्रृंखला के स्थानीयकरण को बढ़ावा देता है।

समीक्षाधीन वित्तीय वर्ष में, हमने घरेलू प्रतिस्पर्धी बोली के माध्यम से अपने 100% से अधिक उपकरण, वस्तुएं और सेवाएँ हासिल की हैं, जो घरेलू स्रोत के प्रति हमारे समर्पण का प्रमाण है। यह रणनीतिक दृष्टिकोण न केवल हमारी मूल्य श्रृंखला को मजबूत करता है, बल्कि वैश्विक व्यवधानों से जुड़े जोखिमों को भी कम करता है।

स्पष्ट और पारदर्शी चयन

हम अपने विक्रेता की चयन प्रक्रिया को स्पष्टता, पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संचालित करते हैं। आपूर्तिकर्ताओं का मूल्यांकन सूपरिभाषित मानदंडों के सेट के आधार पर किया जाता है, जिसमें उनकी लगातार डिलीवरी करने की क्षमता, उनकी तकनीकी क्षमताएं, उत्पाद की गुणवत्ता और लागत प्रतिस्पर्धात्मकता शामिल है। नैतिक श्रम प्रथाओं सहित पर्यावरण और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति उनकी प्रतिबद्धता भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। पारदर्शिता को और बढ़ाने के लिए, हम सभी अनुबंधों के लिए एक संरचित ई–टेंडरिंग और कार्य सौंपने की प्रणाली का उपयोग करते हैं।

गहन जांच और मूल्यांकन

100% संभावित आपूर्तिकर्ता, चाहे वे घरेलू हों या अंतर्राष्ट्रीय, एक व्यापक जांच प्रक्रिया से गुजरते हैं। यह सुनिश्चित करता है कि वे हमारे सख्त पर्यावरणीय और सामाजिक मानकों का पालन करते हों, जैसे कि बाल श्रम और जबरन श्रम पर रोक लगाना, असुरक्षित कार्य परिस्थितियाँ, भेदभाव, अपर्याप्त वेतन और वैध पर्यावरण परमिट रखना। प्रक्रिया की प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के लिए, हमने एक निरंतर सुधार और निगरानी ढांचा स्थापित किया है जिसमें नियमित ऑन–साइट लेखापरीक्षा, विनिर्माण सुविधाओं का निरीक्षण, निरंतर आपूर्तिकर्ता सहभागिता और पारदर्शी रिपोर्टिंग शामिल है। यह सुरक्षा विनियमों का पालन सुनिश्चित करता है।

पंजीकृत विक्रेताओं की जानकारी पावरग्रिड की वेबसाइट पर हितधारकों के लिए विद्यमान रहती है। ठेकेदारों को वेबसाइट पर सूचीबद्ध अनुमोदित उप–विक्रेताओं से आइटम प्राप्त करने का निर्देश दिया जाता है। पावरग्रिड में नए विक्रेताओं के पंजीकरण के लिए एक ऑनलाइन पोर्टल है, जिसपर विक्रेताओं को प्रासंगिक दस्तावेज़ जमा करने होते हैं, जैसे कि फ़ैक्टरी लाइसेंस, प्रदूषण प्रमाणपत्र (संचालन के लिए सहमति), आईएसओ / बीआईएस प्रमाणपत्र, संयंत्र मशीनरी की सूची, परीक्षण उपकरण, संगठन चार्ट आदि। इन दस्तावेज़ों की समीक्षा की जाती है, और विक्रेता के विनिर्माण कार्यों का मूल्यांकन किया जाता है। मूल्यांकन में डिजाइन, विनिर्माण और परीक्षण सुविधाएं, गुणवत्ता, सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक उत्तरदायित्व संबंधी चिंताओं सहित विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया है। अनुमोदित विक्रेताओं को पहले एक साल की स्वीकृति मिलती है, जिसे उनके प्रदर्शन के आधार पर बढ़ाया जा सकता है।

स्थानीय आपूर्तिकर्ताओं का समर्थन और घरेलू क्षमता का निर्माण

पावरग्रिड सक्रिय रूप से स्थानीय स्रोत को बढ़ावा देता है और हमारी आपूर्ति श्रृंखला में स्वदेशी भागीदारी को प्रोत्साहित करता है। हम ऐसा विभिन्न पहलों के माध्यम से प्राप्त करते हैं, जिसमें विदेशी निर्माताओं को भारत में उत्पादन सुविधाएं स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करना, होनहार भारतीय आपूर्तिकर्ताओं के लिए योग्यता मापदंडों में कुछ लचीलापन प्रदान करना और भारतीय निर्माताओं को परियोजनाओं के तकनीकी पहलुओं पर विदेशी भागीदारों के साथ सहयोग करने के अवसर प्रदान करना शामिल है।

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को बढ़ावा देना

पावरग्रिड एक मजबूत घरेलू आपूर्तिकर्ता पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के महत्व को पहचानता है। हम एमएसएमई से सार्वजनिक खरीद नीति के माध्यम से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) का सक्रिय रूप से समर्थन करते हैं। यह नीति एमएसएमई को बोली सुरक्षा और निविदा दस्तावेज़ शुल्क से छूट प्रदान करती है, साथ ही उन्हें प्रासंगिक परियोजनाओं में खरीद पर वरीयता भी प्रदान करती है। रिपोर्टिंग अवधि में, एमएसएमई (एससी/एसटी और महिला उद्यमियों के स्वामित्व वाली एमएसएमई सहित) से हमारी कुल खरीदी ₹1,448 करोड़ से अधिक रही, जो अनिवार्य 25% के लक्ष्य से अधिक है। इसके अलावा, हम विक्रेता विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दोनों स्तरों पर नियमित विक्रेता विकास सत्र आयोजित करते हैं, और एमएसएमई विकास के लिए समर्पित सरकारी संगठनों के साथ उद्योग कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं।

एमएसएमई का समर्थन करना और साथ मिलकर आगे बढ़ना

क्षमता संवर्धन	नए उत्पाद विकसित करना	व्यापार सुगमता
प्रशिक्षण और कार्यशालाओं के माध्यम से एमएसएमई विक्रेताओं को उनके उत्पादन और प्रौद्योगिकी क्षमताओं को बढ़ाने में मदद करना	एमएसएमई विक्रेताओं में उनके अभिनव और गुणवत्तापूर्ण उत्पादों की श्रृंखला का उत्पादन करने की क्षमता विकसित करना	एमएसएमई विक्रेताओं के लिए व्यापार सुगमता बढ़ाने के लिए हमारी खरीद प्रक्रिया को फिर से डिजाइन करना

मेक इन इंडिया


अपने पारेषण प्रणाली के विकास और संचालन में घरेलू खरीदी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पावरग्रिड में चलाई जा रही पहलें महत्वपूर्ण परिणाम दे रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय निर्माताओं को जीआईएस, ट्रांसफॉर्मर, रिएक्टर, स्टेटकॉम और ओपीजीडब्ल्यू सहित उपकरणों की मांग को पूरा करने के लिए भारत के भीतर नई उत्पादन प्रतिष्ठान स्थापित करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस रणनीतिक कदम ने न केवल विक्रेता नेटवर्क में विविधता लाई है, बल्कि आपूर्ति श्रृंखला की दक्षता को भी बढ़ाया है। इसके अलावा, पावरग्रिड स्वदेशी आपूर्तिकर्ताओं, सूक्ष्म और लघु उद्यमों (एमएसई) और मौजूदा विक्रेताओं की वकालत करके स्थानीय विक्रेता आधार का विस्तार करने का लगातार प्रयास कर रहा है। ये प्रयास व्यापक मेक इन इंडिया पहल के अनुरूप हैं, जो स्थानीय विनिर्माण और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हैं।

आपूर्तिकर्ता आचार संहिता

अपनी आपूर्ति श्रृंखला में नैतिक प्रथाओं के महत्व को जानते हुए, पावरग्रिड एक आपूर्तिकर्ता आचार संहिता लागू करता है। यह संहिता उनके साथ साझेदारी करने वाले व्यापारों से अपेक्षित न्यूनतम मानकों को रेखांकित करती है। आपूर्तिकर्ताओं को अपने संचालन में इन सिद्धांतों को बनाए रखना आवश्यक है और आदर्श रूप से उन्हें अपने उपठेकेदारों से भी इनका पालन करवाना है। कोड नैतिक आचरण, सुरक्षा, पर्यावरणीय जिम्मेदारी और मानवाधिकारों के सम्मान पर बल देता है। इन मानकों का पालन करके, पावरग्रिड का लक्ष्य एक स्थायी और सामाजिक रूप से जिम्मेदार आपूर्ति श्रृंखला बनाना है जो अखंडता, निष्पक्षता और सम्मान के उनके मूल मूल्यों के साथ संरेखित हो।

आपूर्तिकर्ता आचार संहिता को इस लिंक पर देखा जा सकता है:
https://www.powergrid.in/sites/default/files/code_of_conduct_policies/POWERGRID_Supplier_Code_of_Conduct.pdf

पावरग्रिड द्वारा विक्रेता विकास कार्यक्रम





खावड़ा आरई पार्क में 4.5 गीगावाट आरई की निकासी और खावड़ा आरई योजना के चरण–II, भाग–सी के अंतर्गत 765/400 केवी अहमदाबाद सब स्टेशन की स्थापना के लिए खावड़ा 2 और 3 पूलिंग स्टेशनों की आधारशिला



प्रज्ञात्मक पूंजी

प्रज्ञात्मक उत्कृष्टता के माध्यम से विचारों को मूर्त मूल्य में बदलना





पावरग्रिड की प्रज्ञात्मक पूंजी विद्युत क्षेत्र में इसके परिचालन उत्कृष्टता और नवाचार में नेतृत्व की आधारशिला के रूप में कार्य करती है। उन्नत प्रौद्योगिकियों, डाटा एनालिटिक्स और ग्रिड ऑप्टिमाइज़ेशन समाधानों के एकीकरण के माध्यम से, हम अपने ग्रिड अवसंरचना में दक्षता, विश्वसनीयता और परिसंपत्ति उपयोग को अनुकूलित करते हैं। अनुसंधान और विकास पर हम निरंतर ध्यान देते हैं जिससे अगली पीढ़ी की पारेषण प्रौद्योगिकियों के निर्माण को प्रेरणा मिलती है, नवीकरणीय ऊर्जा का एकीकरण सुविधाजनक हो जाता है, और साइबर सुरक्षा उल्लंघनों और चरम मौसम में होने वाली घटनाओं जैसे उभरते खतरों से निपटने के लिए ग्रिड में लचीलापन बढ़ाता है। अपने कार्यबल के बीच नवाचार, निरंतर सीखने और ज्ञान साझा करने की संस्कृति का पोषण करते हुए, हम तकनीकी प्रगति में सबसे आगे रहते हैं, सतत विकास को बढ़ावा देते हैं और तेजी से विकसित हो रहे ऊर्जा परिदृश्य में अपने ग्राहकों और हितधारकों को मूल्य प्रदान करते हैं।

एक एकीकृत, लक्ष्य–चालित टीम के रूप में, नवाचार के प्रति हमारी प्रतिबद्धता अनुसंधान और विकास के प्रति हमारे दृष्टिकोण को परिभाषित करती है। यह समर्पण न केवल परिचालन दक्षता को बढ़ाता है बल्कि आंतरिक सामंजस्य को भी बढ़ाता है और उपयोगी प्रौद्योगिकी परिनियोजन के माध्यम से महत्वपूर्ण व्यापारिक परिवर्तन की सुविधा प्रदान करता है। हमारा लचीला पारेषण नेटवर्क हमारी मजबूत अनुसंधान और विकास क्षमताओं पर आधारित है, जो संधारणीय मूल्य सृजन के प्रति हमारे समर्पण की पुष्टि करता है। रचनात्मकता, निरंतर सुधार और अत्याधुनिक तकनीकों को अपनाने को बढ़ावा देकर, हम यह सुनिश्चित करते हैं कि नवाचार हमारे संचालन के हर पहलू में व्याप्त हो।

पावरग्रिड में, हम अपने उत्पाद की पेशकश को बढ़ाने और अपने ग्राहकों को अधिक मूल्य प्रदान करने के लिए अनुसंधान और विकास पहलों में अपने निवेश को लगातार बढ़ाते हैं। बाजार के अवसरों का लाभ उठाते हुए, चाहे क्षेत्रीय विद्युत वितरण चुनौतियों का समाधान करना हो या घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय ग्राहकों को परामर्श सेवाएँ प्रदान करना हो, हम विविध प्रयासों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए अपनी प्रज्ञात्मक क्षमता का लाभ उठाते हैं। हमारी प्रतिबद्धता सबसे दूरस्थ और चुनौतीपूर्ण इलाकों तक फैली हुई है, जो हमारे मिशन के अनुरूप देश के हर कोने को रोशन करती है और जोड़ती है।

अनुसंधान और विकास

भारत भर में पावरग्रिड की व्यापक उपस्थिति के साथ हम विकास के नए अवसरों की लगातार तलाश करते हुए अपने अवसंरचनाओं का प्रभावी प्रबंधित करने के लिए विभागों में तालमेल स्थापित करते हैं। व्यापक अनुसंधान और विकास प्रयासों द्वारा समर्थित नवाचार के प्रति हमारी प्रतिबद्धता, प्रौद्योगिकी उन्नति से लेकर प्रक्रिया नवाचार, सामग्री विज्ञान अन्वेषण और परिसंपत्ति प्रबंधन तक हमारे संचालन के हर पहलू को शामिल करती है।

हमारे नवाचार प्रयासों में सबसे आगे पॉवरग्रिड का उन्नत अनुसंधान और प्रौद्योगिकी केंद्र (पीएआरटीईसी) है। यह समर्पित प्रतिष्ठान अनुसंधान और नवाचार के प्रति हमारे समर्पण का उदाहरण है, जिससे हमें वैश्विक मान्यता मिली है। उल्लेखनीय रूप से, पीएआरटीईसी को आधिकारिक तौर पर अंतर्राष्ट्रीय स्मार्ट ग्रिड एक्शन नेटवर्क (आईएसजीएएन) द्वारा एक प्रमुख अनुसंधान और परीक्षण अवसंरचना प्रतिष्ठान के रूप में मान्यता दी गई है, जो परीक्षण, सिमुलेशन अध्ययन और विभिन्न अनुसंधान पहलों का संचालन करने के लिए अधिकृत है। इसे अंतर्राष्ट्रीय मान्यता भी प्राप्त है और यह आईएसओ 9001 और एनएबीएल से मान्यता प्राप्त है, जो गुणवत्ता प्रबंधन और ग्राहक संतुष्टि के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पीएआरटीईसी, मानेसर में स्थित सुरक्षा स्वचालन और नियंत्रण प्रयोगशाला को आईईसी 61850 के अनुरूप परीक्षण करने के लिए प्रतिष्ठित यूसीएआईयूजी से भी मान्यता प्राप्त हुई है। वैश्विक स्तर पर, पावरग्रिड यूसीएआईयूजी मान्यता प्राप्त करने वाली दूसरी उपयोगिता है।

पावरग्रिड भारत के लिए एक दृढ़ और विश्वसनीय विद्युत पारेषण नेटवर्क सुनिश्चित करने के लिए निरंतर नवाचार और विकास को प्राथमिकता देता है। हमारी प्रज्ञात्मक पूंजी में कुशल कार्यबल, अत्याधुनिक तकनीकें और रणनीतिक सहयोग शामिल हैं, जो हमारी सफलता में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

प्रमुख क्षेत्र

- अनुसंधान और विकास
- डेटा गोपनीयता और साइबर सुरक्षा
- डिजिटल परिवर्तन

स्पष्ट और पारदर्शी चयन

- **भारत की पहली 500मेगावाट अपतटीय पवन ऊर्जा निकासी प्रणाली की ओर:**

  हम इस अग्रणी परियोजना को विकसित करने के लिए आईआईटी मद्रास और राष्ट्रीय समुद्र विज्ञान संस्थान के साथ सहयोग कर रहे हैं, जो अपतटीय पवन ऊर्जा को राष्ट्रीय ग्रिड में एकीकृत करने का मार्ग प्रशस्त करेगा।

- **विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त परीक्षण क्षमताएँ:**

  पीएआरटीईसी की सुरक्षा स्वचालन और नियंत्रण प्रयोगशाला ने आईईसी 61850 के अनुरूप परीक्षण करने के लिए प्रतिष्ठित यूसीएआईयूजी मान्यता प्राप्त की है, जिससे पावर पारेषण तकनीक में वैश्विक नेतृत्वकर्ता के रूप में पावरग्रिड की स्थिति मजबूत हुई है।

- **आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया:**

  इन पहलों के अनुरूप, हमने आईआईटी कानपुर के साथ मिलकर एक उपकेन्द्र निरीक्षण रोबोट विकसित किया है, जो स्वचालित दृश्य निरीक्षण के लिए एआई/एमएल का उपयोग करता है, जिससे उपकेन्द्र रखरखाव में दक्षता और निष्पक्षता बढ़ती है।

दक्षता और विश्वसनीयता बढ़ाना:

- **अभिनव सीवीटी स्थिति निगरानी प्रणाली:**

  सिंक्रोनाइज्ड वोल्टमीटर और आरएफ संचार का उपयोग करने वाला एक अनूठा समाधान, कैपेसिटिव वोल्टेज ट्रांसफॉर्मर (सीवीटी) की सटीक निगरानी के लिए वास्तविक समय का डाटा प्रदान करता है, जिससे रखरखाव की सक्रिय रणनीतियां सक्षम होती हैं।

- **सुपर–हाइड्रोफोबिक कोटिंग इंसुलेटर विकसित करना:**

  आईआईटी कानपुर के सहयोग से, हम बेहतर प्रदर्शन, कम रखरखाव आवश्यकताओं और फ्लैशओवर और आर्किंग के लिए बेहतर प्रतिरोध के साथ अगली पीढ़ी के इंसुलेटर विकसित कर रहे हैं।

- **800 केवी और 420 केवी के आरआईपी बुशिंग का सफल कार्यान्वयन:**

  ये उन्नत बुशिंग बेहतर अग्नि सुरक्षा प्रदान करते हैं और अप्रत्याशित विफलता की स्थिति में उपकरण क्षति को कम करते हैं। औरंगाबाद और तिरुवलम उपकेन्द्रों में उनकी सफल स्थापना एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

सार्वजनिक स्वास्थ्य और पर्यावरण ज़िम्मेदारी के प्रति प्रतिबद्धता :

- **विद्युत–चुंबकीय क्षेत्र (ईएमएफ) माप:**

  विभिन्न क्षेत्रों में पारेषण लाइनों पर किए गए व्यापक मौसमी माप इस बात की पुष्टि करते हैं कि ईएमएफ का स्तर अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा दिशा–निर्देशों के भीतर है, जो जनता और पर्यावरण की भलाई सुनिश्चित करता है।

साइबर सुरक्षा को मज़बूत करना:

- **साइबर सुरक्षा के मामले में पावरग्रिड उत्कृष्टता केंद्र:**

भारतीय विज्ञान संस्थान, बैंगलोर में स्थापित, यह केंद्र पारेषण और ग्रिड संचालन के लिए साइबर सुरक्षा में निरंतर अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देता है, हमारे महत्वपूर्ण अवसंरचनाओं की सुरक्षा करता है।

पावर सिस्टम सिमुलेशन और गुणवत्ता आश्वासन:

- **उन्नत सिमुलेशन अध्ययन:**

पावर प्रणाली से संबंधित सिमुलेशन अध्ययनों, जिसमें परियोजना–विशिष्ट वीएससी–स्टैटकॉम मॉडल विकसित करना और सिस्टम घटनाओं का मूल कारण विश्लेषण शामिल है, की शुरूआत नए मानक स्थापित किए हैं और परिचालन प्रदर्शन में सुधार किया है।

- **पीएआरटीईसी प्रयोगशालाओं का एनएबीएल प्रत्यायन:**

पीएआरटीईसी की विभिन्न प्रयोगशालाओं की प्रत्यायन, परीक्षण प्रक्रियाओं में गुणवत्ता और उत्कृष्टता के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

सीवीटी सेकेंडरी वोल्टेज मापन किट का इन-हाउस विकास





उपकेन्द्र उपकरण निगरानी के क्षेत्र में सीवीटी सेकेंडरी वोल्टेज मापन किट की शुरूआत एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह कैपेसिटर वोल्टेज ट्रांसफॉर्मर (सीवीटी) की निगरानी के मौजूदा पद्धतियों की कमियों को दूर करने के उद्देश्य से किए गए समर्पित प्रयासों की परिणति दर्शाता है। उपकेन्द्र उपकरणों के लिए निवारक रखरखाव अनुसूचियों का पालन करने के सर्वोपरि महत्व को पहचानते हुए, हमारी टीम ने एक समाधान तैयार करने के लिए नवाचार की यात्रा शुरू की जो सीवीटी निगरानी में क्रांतिकारी बदलाव लाएगी। सीवीटी सेकेंडरी वोल्टेज मापन किट के पीछे की अवधारणा मैन्युअल मापन विधियों की अंतर्निहित कमियों को दूर करने की आवश्यकता के कारण उत्पन्न हुई थी, जो अक्सर अलग–अलग सीवीटी के बीच दर्शाए जा रहे समय की भिन्नता के कारण विसंगतियां बनती थी। इस चुनौती के समाधान के लिए, हमारी टीम ने आरएफ संचार और जीपीएस टाइमिंग का उपयोग करके वास्तविक समय पर माप करने में सक्षम सिंक्रोनाइज़्ड वोल्टमीटर के विकास को शामिल करते हुए एक परिष्कृत समाधान तैयार किया है। यह दृष्टिकोण सुनिश्चित करता है कि दो सीवीटी के बीच लिए गए माप सटीक रूप से सिंक्रोनाइज़ हों, जिससे निगरानी प्रक्रिया की विश्वसनीयता और सटीकता में वृद्धि हो। अवधारणा, घटक चयन, फ़र्मवेयर विकास और अंशांकन को शामिल करते हुए व्यापक विकास चरणों के माध्यम से, हमने सावधानीपूर्वक एक समाधान तैयार किया है जो न केवल मौजूदा कमियों को दूर करता है बल्कि उपकेन्द्र निगरानी दक्षता और सटीकता के लिए नए मानक भी निर्धारित करता है।

इसके अलावा, सीवीटी सेकेंडरी वोल्टेज मापन किट में कार्यक्षमता और उपयोगिता को अनुकूलित करने के लिए डिज़ाइन की गई कई उन्नत सुविधाएँ हैं। इनमें सटीक सिंक्रोनाइज़्ड अंतराल पर एसी वोल्टेज और आवृत्ति को मापने की क्षमता, दो माप बिंदुओं से संकेतों के बीच चरण अंतर गणना, व्यापक डाटा अध्ययन क्षमताएँ और विस्तारित उपयोग के लिए मज़बूत बैटरी संचालन शामिल हैं। इसके अलावा, किट में त्वरित निदान के लिए अंतर्निहित सुरक्षा और त्रुटि संदेश डिस्प्ले शामिल हैं, जो विभिन्न कार्यशील स्थितियों में विश्वसनीय प्रदर्शन सुनिश्चित करते हैं। मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं में व्यापक प्रदर्शन मूल्यांकन और पावरग्रिड उपकेन्द्रों पर सफल फील्ड परीक्षण ने हमारे उत्पाद की सटीकता और विश्वसनीयता को मान्यता प्रदान किया है, जो व्यापक तैनाती के लिए इसकी उपयुक्तता को रेखांकित करता है।

भविष्य को ध्यान में रखते हुए, निरंतर सुधार करने की हमारी प्रतिबद्धता अटल है। भविष्य की विकास योजनाओं में आवृत्ति माप सटीकता और चरण अंतर संकल्प को बढ़ाना, वोल्टेज रेंज और आरएफ संचार रेंज का विस्तार करना और सरलीकृत संचालन के लिए स्वचालित मास्टर–स्लेव कॉन्फ़िगरेशन को लागू करना शामिल है। नवाचार को अपनाकर और तकनीकी प्रगति का लाभ उठाते हुए हम सीवीटी सेकेंडरी वोल्टेज मापन किट की क्षमताओं को और बढ़ाने और उपकेन्द्र निगरानी के क्षेत्र में परिवर्तनकारी बदलाव लाने के लिए तैयार हैं।



3डी प्रिंटिंग तकनीक

पावरग्रिड अपने संचालन और रखरखाव (ओ एण्ड एम) ढांचे में 3डी प्रिंटिंग तकनीक को एकीकृत कर रहा है। हाल ही में एचवीडीसी विजाग उपकेन्द्र में 11 प्रेशर रिलीफ डिवाइस (पीआरडी) के निर्माण में इस अभिनव दृष्टिकोण का प्रदर्शन किया गया था। पीआरडी उत्पादन के लिए 3डी प्रिंटिंग का लाभ उठाकर, पावरग्रिड ने अपनी परिचालन आवश्यकताओं के सटीक समाधानों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया है। यह पहल विद्युत क्षेत्र के भीतर उन्नत प्रौद्योगिकियों को अपनाने वाली कंपनी की सक्रियता को रेखांकित करती है।

सुरक्षा और स्काडा के लिए उत्कृष्टता केंद्र (सीओई)

पावरग्रिड ने 36,000 इंटेलीजेंट इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों (आईईडी) और 190 एसएएस गेटवे की निगरानी के लिए एक समर्पित उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) की स्थापना की है, जो सुरक्षा और स्काडा कार्यों पर ध्यान केंद्रित करता है। इस पहल के प्राथमिक उद्देश्यों में योजना का ईष्टतम कार्यान्वयन करना, एक समान सेटिंग्स सुनिश्चित करना और समस्या समाधान में तेजी लाना शामिल है। संवर्धित वास्तविकता जैसी उन्नत तकनीकों से लैस कुशल कर्मचारी सुरक्षा से संबंधित मामलों और दूरस्थ सहायता के लिए कुशल सहायता प्रदान करते हैं, जिससे परिचालन दक्षता में वृद्धि होती है।



डाटा गोपनीयता और साइबर सुरक्षा

विशेष रूप से महत्वपूर्ण सरकारी एजेंसियों और विभागों को प्रदान की जाने वाली सेवाओं की विविध श्रेणी को देखते हुए पावरग्रिड में हमारी अवसंरचना की दृढ़ता सुनिश्चित करना सर्वोपरि है। संवेदनशील जानकारी की सुरक्षा हमारे संचालन के मूल में है, जिसमें हमारी सेवाओं में हमेशा डाटा गोपनीयता, सुरक्षा और साइबर सुरक्षा बनाए रखना शामिल है। अपनी सुरक्षा को मजबूत करने के लिए, हमने सख्त नीतियों को लागू किया है और अपने सभी कार्यालयों में सूचना सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली के लिए आईएसओ 27001 प्रमाणन प्राप्त किया है। इसके अतिरिक्त, हम कर्मचारी प्रशिक्षण को प्राथमिकता देते हैं और कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम (सीईआरटी–आईएन) और नेशनल क्रिटिकल इंफॉर्मेशन इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोटेक्शन सेंटर (एनसीआईआईपीसी) जैसे प्रतिष्ठित निकायों द्वारा आयोजित अभ्यासों में नियमित रूप से भाग लेते हैं।

आईआईएससी, बेंगलुरु में पारेषण और ग्रिड संचालन में साइबर सुरक्षा उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) स्थापित करने के लिए सहयोगात्मक प्रयास चल रहे हैं। इस पहल का उद्देश्य शिक्षाविदों के सहयोग से अनुसंधान के माध्यम से निरंतर नवाचार को बढ़ावा देना है, जिसमें हमारे साइबर लचीलेपन को बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया गया है।

इसके अलावा, पारेषण क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी होने के नाते,

पावरग्रिड पूरे उद्योग में साइबर सुरक्षा को मजबूत करने के लिए अन्य प्रतिष्ठानों को सक्रिय रूप से सहयोग देता है। साथ मिलकर, हम साइबर खतरों के खिलाफ अपनी पारेषण को मजबूत बनाने की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं।

निजता भंग होने या ग्राहक डाटा के नुकसान के **शून्य** मामले

डिजिटल परिवर्तन

पावरग्रिड ने हमेशा अत्याधुनिक तकनीकों को अपनाने और अपनी आपूर्ति श्रृंखला में इंटेलीजेंट सेवा वितरण विधियों को लागू करने का मार्ग प्रशस्त किया है। इस संबंध में किया गया एक अनुकरणीय प्रयास, हमारे संचालन और रखरखाव प्रक्रियाओं में मशीन लर्निंग–संचालित समाधानों का एकीकरण है। यह एकीकरण हमें गहन विश्लेषण करने और अपनी परिसंपत्तियों की स्थिति को अधिक प्रभावी ढ़ंग से निगरानी करने में सक्षम बनाता है। परिणामस्वरूप, हम परिसंपत्ति प्रबंधन को अनुकूलित करने के लिए सुधारात्मक या निवारक उपायों को तेजी से लागू कर सकते हैं। हमारे परिसंपत्ति पोर्टफोलियो के विस्तार को ध्यान में रखते हुए, उन्नत प्रौद्योगिकी को अपनाना परिचालन उत्कृष्टता और लागत दक्षता दोनों को एक साथ प्राप्त करने में सहायक साबित हो रहा है।

उड़ान (परिसंपत्तियों और नेटवर्क का अद्वितीय डिजिटल विश्लेषण)

पावरग्रिड की रणनीति का एक महत्वपूर्ण आधार इसका डिजिटल परिवर्तन है। एकीकृत परिसंपत्ति प्रबंधन डैशबोर्ड (उड़ान) का विकास हितधारकों को महत्वपूर्ण प्रदर्शन संकेतकों और परिसंपत्ति प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं जैसे कि केपीआई, परिसंपत्ति डेटा, परिचालन संबंधी मुद्दे, भविष्य की कार्य योजनाएँ और अन्य प्रासंगिक जानकारी पर वास्तविक समय की जानकारी उपलब्ध कराने का एक केंद्रीकृत मंच प्रदान करता है।

उड़ान (परिसंपत्तियों और नेटवर्क का अद्वितीय डिजिटल विश्लेषण), हमारा अभिनव परिसंपत्ति प्रबंधन डैशबोर्ड, एक व्यापक मंच के रूप में कार्य करता है, जो विभिन्न स्रोतों से डाटा को एकीकृत इंटरफ़ेस में समेकित करता है, जिससे प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों (केपीआई) तक पहुँच को सुव्यवस्थित किया जाता है। यह एकीकरण डाटा प्रबंधन में किया गया एक महत्वपूर्ण कार्य है, जो निर्णय लेने वालों को परिसंपत्ति प्रदर्शन का आकलन करने के लिए एक केंद्रीकृत हब प्रदान करता है। अपने सहज भू–स्थानिक इंटरफ़ेस के साथ, उड़ान हितधारकों को आसानी से परिसंपत्ति की स्थिति को ट्रैक करने और उसका मूल्यांकन करने में सक्षम बनाता है। डाटा के सुलभता को बढ़ाकर, यह डैशबोर्ड पारदर्शिता को बढ़ावा देता है और सुविचारित निर्णय लेने की सुविधा प्रदान करता है, जो बेहतर परिचालन दृश्यता और रणनीतिक प्रबंधन के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

आई2पी (पावरग्रिड में इंटेलीजेंट निरीक्षण)

पावरग्रिड में इंटेलीजेंट निरीक्षण (आई2पी) के कार्यान्वयन से रखरखाव प्रथाओं में क्रांतिकारी बदलाव आया है, जिससे उपकरण दोषों की त्वरित पहचान और उनका सक्रिय समाधान संभव हो गया है। पावरग्रिड में इंटेलीजेंट निरीक्षण (आई2पी) के कार्यान्वयन से संगठन के भीतर रखरखाव प्रथाओं में एक महत्वपूर्ण लम्बी प्रगति हुई है। यह अभिनव प्रणाली उपकेन्द्र उपकरणों के लिए निरीक्षण प्रक्रिया को कारगर बनाने के लिए क्यूआर कोड और रग्ड टैबलेट जैसी उन्नत तकनीकों का उपयोग करती है। प्रत्येक उपकरण के क्यूआर कोड का उपयोग करके, आई2पी पहचान को सरल बनाता है, खोज समय को कम करता है और ईआरपी डाटाबेस में सटीक डाटा लॉगिंग सुनिश्चित करता है। डाटा लॉगिंग के लिए उपयोग किए जाने वाले रग्ड टैबलेट कठिन पर्यावरणीय परिस्थितियों का सामना करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं, जो निरीक्षण के दौरान विश्वसनीयता और दक्षता सुनिश्चित करते हैं। इसके अलावा, यह प्रणाली ऑनलाइन और ऑफ़लाइन दोनों प्रकार से डाटा इनपुट मोड को सक्षम बनाता है, जिससे फील्ड कर्मियों को लचीलापन और पहुंच मिलती है। उपकरण दोषों की तस्वीरें लेने और संग्रहीत करने, कार्य आदेश बनाने और साइट पर अधिसूचनाएँ जारी करने की क्षमता के साथ, आई2पी सक्रिय रखरखाव प्रयासों और समस्याओं के समय पर समाधान की सुविधा प्रदान करता है।

इसके अलावा, प्रणाली की एनालिटिक्स क्षमताएँ व्यापक परिसंपत्ति मूल्यांकन को सक्षम बनाती हैं, प्रवृत्तियों और पैटर्न की पहचान करती हैं जो निर्णय लेने और रखरखाव रणनीतियों को अनुकूलित करने में मदद करती हैं। कुल मिलाकर, पावरग्रिड में इंटेलीजेंट निरीक्षण (आई2पी) का कार्यान्वयन न केवल रखरखाव प्रथाओं की दक्षता और प्रभावशीलता को बढ़ाता है, बल्कि संगठन की परिसंपत्ति प्रबंधन प्रणाली की समग्र विश्वसनीयता और प्रदर्शन में भी योगदान देता है।

पीजीएएमआरआईटी (पारेषण में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से पावरग्रिड परिसंपत्ति प्रबंधन)

इन–हाउस एआई/एमएल उपकरण पीजीएएमआरआईटी (पारेषण में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से पावरग्रिड प्रबंधन) को पारेषण लाइन पैट्रोलिंग प्लेटफ़ॉर्म पीजी– डीएआरपीएएन (नेटवर्क के नियमित पैट्रोलिंग और मूल्यांकन के लिए पावरग्रिड डिजिटल एप्लिकेशन) में सहजता से एकीकृत किया गया है। पीजीएएमआरआईटी टावर तस्वीरों में दोषों का स्वचालित रूप से पता लगाने के लिए एआई/एमएल एल्गोरिदम का उपयोग करता है। परंपरागत रूप से, पैट्रोलिंग दल दोषों के लिए इन तस्वीरों का मैन्युअल रूप से विश्लेषण करते थे। हालांकि, दक्षता बढ़ाने के लिए, स्वचालित दोष पहचान के लिए तस्वीरों के प्रसंस्करण और एआई/एमएल तकनीकों का उपयोग करने वाला एक नया मॉड्यूल शुरू किया गया है। केवल पहचान करके दोष दूर करने को प्राथमिकता देकर इस प्रगति ने रखरखाव के संसाधनों के आवंटन को महत्वपूर्ण रूप से अनुकूलित किया है। नतीजतन, अब दोषों की पहचान करने पर

बल देने के स्थान पर उन्हें तुरंत हल करने पर बल दिया जा रहा है, जिससे लाइन रखरखाव संचालन सुव्यवस्थित हो सके।

डिजिटल उपकेन्द्र

हम डिजिटल उपकेन्द्र प्रौद्योगिकी परियोजनाओं के सफल निष्पादन में अग्रणी के रूप में उभरे हैं। भारत के डिजिटल इंडिया मिशन के विजन के अनुरूप, पावरग्रिड ने इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण मील के पत्थर हासिल किए हैं। दिसंबर 2020 में, हमने पंजाब के मलेरकोटला में स्थित एक पुराने उपकेन्द्र को 400केवी के वोल्टेज पर डिजिटल तकनीक का उपयोग करने वाले भारत के पहले उपकेन्द्र में बदला। इसके बाद, जनवरी 2023 में, हमने चंडीगढ़ में पहले ग्रीन फील्ड 220/66 केवी हल्लो माजरा डिजिटल उपकेन्द्र की संस्थापना के साथ एक और उपलब्धि हासिल की। मलेरकोटला और हल्लो माजरा डिजिटल उपकेन्द्रों के उद्घाटन के साथ, पावरग्रिड ने प्रोसेस बस–आधारित डिजिटल उपकेन्द्रों के वाणिज्यिक कार्यान्वयन के साथ दुनिया भर के प्रतिष्ठानों की एक विशेष लीग में प्रवेश किया है। उपकेन्द्र प्रौद्योगिकी में यह उन्नति एकल पहुँच बिंदु के माध्यम से नियंत्रण और सुरक्षा प्रणाली में प्रयुक्त के विस्तार, ऑनलाइन परीक्षण की सुविधा प्रदान करके प्रणाली उपलब्धता में उल्लेखनीय वृद्धि करने का वादा करती है।

इसके निहितार्थ बहुत गहरे हैं। यह नवाचार उन्नत निदान प्रदान करता है, सूचित निर्णय लेने के लिए डेटा का अधिक सूक्ष्म और सटीक दृश्य सुनिश्चित करता है। इसके अतिरिक्त, यह संस्थापना समय को कम करता है, तांबे की आवश्यकताओं को कम करता है, और अधिक पर्यावरणीय रूप से संधारणीय पदचिह्न में योगदान देता है। यह अधिक कुशल, लचीला और पर्यावरण अनुकूल ऊर्जा अवसंरचना की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

बैद्धिक संपत्ति

नवीनतम प्रौद्योगिकियों के विकास के लिए किए गए पावरग्रिड के निरंतर प्रयासों को मान्यता देते हुए, पावरग्रिड को संधारणीयता के क्षेत्र में भारतीय पेटेंट कार्यालय, भारत सरकार द्वारा दो पेटेंट प्रदान किए गए हैं, अर्थात्:

- 'फील्ड प्रोग्रामेबल गेट एरे (एफपीजीए) आधारित माइक्रो–ग्रिड नियंत्रण और निगरानी प्रणाली' नामक आविष्कार के लिए पेटेंट (सं. 448560)।
- 'थर्मल एनर्जी स्टोरेज (टीईएस) आधारित एयर कंडीशनिंग सिस्टम और इसे बनाने की विधि' नामक आविष्कार के लिए पेटेंट (सं. 516615)

पारेषण लाइनों की ड्रोन से निगरानी

पावरग्रिड ने 900 किलोमीटर की दूरी तक फैली पारेषण लाइनों की निगरानी के लिए ड्रोन से निगरानी शुरू की है। इस अग्रणी विधि ने परिचालन दक्षता और सटीकता को बढ़ाया है, जिससे लागत और समय की बचत हुई है, और समस्या की पहचान और रखरखाव में तेजी आई है। यह रणनीतिक कदम पारेषण नेटवर्क के निर्बाध और सुरक्षित संचालन के लिए अत्याधुनिक तकनीक का लाभ उठाने के लिए पावरग्रिड के समर्पण को रेखांकित करता है।






प्राकृतिक पूंजी

प्राकृतिक परिसंपत्तियों का मूल्यांकन और संरक्षण करके एक समृद्ध भविष्य का निर्माण





पावरग्रिड अपने संचालन में पर्यावरण संरक्षण और संधारणीय संसाधन प्रबंधन के सर्वोपरि महत्व को समझता है। कंपनी पर्यावरणीय संधारणीयता को प्राथमिकता देने और अपने मूल्य श्रृंखला में इसके पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के लिए गंभीरता से प्रतिबद्ध है। इस प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए, पावरग्रिड अक्षय ऊर्जा, ऊर्जा दक्षता उपायों और पर्यावरण संरक्षण पहलों के लिए महत्वपूर्ण निवेश आवंटित करता है। इन प्रयासों का उद्देश्य जिम्मेदार प्राकृतिक संसाधन उपयोग को बढ़ावा देना, ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को रोकना और जैव विविधता को संरक्षित करना है।

पावरग्रिड अपने संचालन को डिजाइन करते हुए पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने की रणनीतियों को प्राथमिकता देता है, कम उत्सर्जन और ऊर्जा तीव्रता पर बल देता है। हवा या पानी में प्रदूषक छोड़ने वाली रासायनिक प्रक्रियाओं का प्रयोग न करके कंपनी अपेक्षाकृत स्वच्छ परिचालन प्रोफ़ाइल बनाए रखती है। फिर भी, पावरग्रिड जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न तत्काल खतरे को स्वीकार करता है और अपने कार्बन पदचिह्न को कम करने के लिए लगातार उपाय करके इसका व्यापक रूप से मुकाबला करने के लिए समर्पित है। हालांकि, इसकी पारेषण परियोजनाएँ सराहनीय रूप से कम उत्सर्जन और ऊर्जा तीव्रता का प्रदर्शन करती हैं, पावरग्रिड प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों उत्सर्जन को लगातार कम करने के बारे में सतर्क है।

वर्ष 1998 से, पावरग्रिड ने संधारणीयता की यात्रा का आरंभ किया है, जिसकी शुरुआत इसकी पर्यावरण और सामाजिक नीति और प्रक्रिया (ईएसपीपी) के प्रकटीकरण से हुई थी। यह प्रतिबद्धता समय के साथ विकसित हुई है, जिसमें वैश्विक रिपोर्टिंग पहल (जीआरआई) रूपरेखाओं और मानकों का पालन करते हुए द्विवार्षिक संधारणीयता रिपोर्ट का नियमित प्रकाशन शामिल है। हमारे संधारणीय प्रयासों को और आगे बढ़ाने के साथ–साथ हितधारकों की बढ़ती आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए, पावरग्रिड ने वर्ष 2022 में पर्यावरण, सामाजिक और शासन (ईएसजी) रूपरेखा को अपनाया और वित्त वर्ष 2022–23 के लिए अपनी पहली एकीकृत रिपोर्ट प्रकाशित की। इस रूपरेखा के माध्यम से, कंपनी नियामक आवश्यकताओं के पूर्ण अनुपालन को सुनिश्चित करते हुए भौतिक मुद्दों और प्रकटीकरणों पर व्यवस्थित रूप से रिपोर्ट प्रस्तुत करती है।

इसके अलावा, पावरग्रिड ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन जैसी तनावपूर्ण वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने में पर्याप्त योगदान देने का लक्ष्य रखता है। वर्ष 2047 तक नेट–जीरो उत्सर्जन प्राप्त करने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य के साथ, कंपनी पर्यावरणीय स्थिरता और जिम्मेदार कॉर्पोरेट नागरिकता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को कायम रखते हुए जलवायु परिवर्तन से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है।



ऊर्जा प्रबंधन



उत्सर्जन में कमी और प्रबंधन



जल प्रबंधन



अपशिष्ट प्रबंधन



जैव विविधता संरक्षण



जलवायु परिवर्तन अनुकूलन उपाय

17.35 %
उत्पन्न नवीकरणीय ऊर्जा में वृद्धि

90.01%
पुनर्चक्रित या पुनः उपयोग किए गए अपशिष्ट

5.77%
उत्सर्जन तीव्रता में कमी

21.29%
उत्सर्जन ऑफसेट में वृद्धि

38.98 %
कुल जल उपभोग के प्रतिशत के रूप में भूजल पुनर्भरण


₹125.77 करोड़
संधारणीय प्रयासों पर कुल व्यय

प्रौद्योगिकी के माध्यम से संधारणीयता

देश का सबसे बड़ा पारेषण प्रतिष्ठान, पॉवरग्रिड, सकारात्मक बदलावों को आगे बढ़ाने में प्रौद्योगिकी की भूमिका में दृढ़ता से विश्वास करता है। तदनुसार हम न केवल आधुनिक तकनीकों को अपनाने में सक्रिय हैं, बल्कि हम नए नवाचारों की दिशा में भी लगातार काम कर रहे हैं। नवीन प्रौद्योगिकियों के विकास की दिशा में अपने प्रयासों को आगे बढ़ाने के लिए, हमारे पास एक समर्पित प्रौद्योगिकी विकास विभाग है। मल्टी–सर्किट, संकीर्ण आधार, अतिरिक्त लंबा और पोल प्रकार के टावरों सहित हमारे मालिकाना टॉवर डिजाइनों ने पारेषण लाइनों से जुड़े पर्यावरणीय और सामाजिक प्रभावों को काफी हद तक कम कर दिया है, जिसमें वन, वन्यजीव क्षेत्रों और कृषि भूमि में कम हस्तक्षेप करना शामिल है। इसके अतिरिक्त, भूमि–बाधित क्षेत्रों में एयर इंसुलेटेड स्विचयार्ड (एआईएस) के स्थान पर गैस इंसुलेटेड स्विचयार्ड (जीआईएस) का उपयोग करने के हमारे रणनीतिक बदलाव ने न केवल भूमि की आवश्यकताओं और संबंधित सामाजिक प्रभावों को कम किया है, बल्कि परियोजना निष्पादन को भी सुव्यवस्थित किया है।

हमारी प्रमुख तकनीकी सफलताओं में से एक पारेषण लाइन अर्थ वायर में इंड्यूस्ड पावर का उपयोग करना है, जो अन्यथा दूरसंचार एंटेना को विद्युत देने से बर्बाद हो जाती है, जिससे डीजी सेट की आवश्यकता समाप्त हो जाती है और प्रत्येक स्थान पर संभावित रूप से CO_2 उत्सर्जन में 40–50 tCO_2eq की कमी आती है, जिससे जलवायु परिवर्तन शमन में महत्वपूर्ण योगदान मिलता है। इसके अलावा, यह नवाचार डीजी सेट से जुड़े पार्टिकुलेट मैटर, नाइट्रोजन ऑक्साइड और हाइड्रोकार्बन जैसे प्रदूषकों को दूर करता है।

पावरग्रिड का एक और उल्लेखनीय नवाचार डिजिटल उपकेन्द्रों का विकास है, जो तांबे, जो एक महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधन है, के उपयोग को काफी कम करता है। अपशिष्ट को कम करने के अपने प्रयास में हमने सिंथेटिक तेल के स्थान पर प्राकृतिक एस्टर तेल का उपयोग करते हुए दुनिया का पहला 400 केवी रिएक्टर पेश किया है। इस नवाचार से हमारे प्रतिष्ठानों में खतरनाक अपशिष्ट के उत्पादन में काफी कमी आने की उम्मीद है, क्योंकि प्रयुक्त सिंथेटिक तेल और उसके कंटेनरों को भारतीय नियमों के तहत खतरनाक अपशिष्ट के रूप में वर्गीकृत किया गया है।






जिम्मेदार ऊर्जा प्रबंधन

ऊर्जा के क्षेत्र में एक अग्रणी शक्ति होने के नाते पावरग्रिड लगातार कुशल और टिकाऊ ऊर्जा प्रबंधन प्रथाओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को बनाए रखने का प्रयास करता है। भारत भर में विश्वसनीय विद्युत संचरण सेवाएँ प्रदान करने और एक मजबूत राष्ट्रीय ग्रिड बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित करने के साथ, पावरग्रिड परिचालन उत्कृष्टता को आगे बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानता है। ऊर्जा प्रबंधन के लिए पावरग्रिड का व्यापक दृष्टिकोण, ऊर्जा दक्षता को अनुकूलित करने, नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों का दोहन करने और पर्यावरणीय प्रभावों को कम करने की रणनीतियों का उपयोग करता है। नवाचार को अपनाकर और सर्वश्रेष्ठ–इन–क्लास तकनीकों को अपनाकर पावरग्रिड भारत के सतत विकास लक्ष्यों में योगदान देते हुए विकसित ऊर्जा परिदृश्य को नेविगेट करने का प्रयास करता है।

वित्त वर्ष 2024 में 6 नए उपकेन्द्रों को शुरू करने के बावजूद, हमारी प्रत्यक्ष ऊर्जा खपत में 13.49% की कमी आई है और नवीकरणीय ऊर्जा खपत में 17.35% की वृद्धि हुई है। हालांकि, कुल ऊर्जा खपत में 9.87% की वृद्धि हुई है, क्योंकि अप्रत्यक्ष ऊर्जा खपत में 13.07% की वृद्धि हुई है, जिसका मुख्य कारण नए उपकेन्द्र और मौजूदा उपकेन्द्रों में स्टैटकॉम को जोड़ना था। भारतीय ग्रिड में नवीकरणीय ऊर्जा की बढ़ती हिस्सेदारी के कारण ग्रिड स्थिरता को बढ़ाने के लिए स्टैटकॉम को जोड़ा जाता है। हमारी सौर ऊर्जा क्षमता 10.2 एमडब्ल्यूपी है, जो पिछले वित्तीय वर्ष से 24.39% अधिक है। भारत ने 2030 तक अपनी गैर–जीवाश्म ईंधन आधारित विद्युत उत्पादन क्षमता को 500 गीगावाट से अधिक तक बढ़ाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है।


ऊर्जा खपत



• *वित्त वर्ष 2022–23 के एआर में रिपोर्ट की गई और अब रिपोर्ट की जा रही कुल प्रत्यक्ष ऊर्जा खपत के मूल्य में थोड़ा अंतर डीजल के लिए नवीनतम रूपांतरण कारक (सीएफ) के उपयोग के कारण है। 1 लीटर डीजल = 0.0383 जीजे ((https://www.eia.gov/energyexplained/units-and-calculators/energy-conversion-calculators.php) अमेरिकी ऊर्जा सूचना प्रशासन (यूएसईआईए) ।। वित्त वर्ष 2022–23 के एआर में, 1 लीटर डीजल = 0.041 जीजे का उपयोग किया गया था।

पावरग्रिड एक आईएसओ 50001:2018 ऊर्जा प्रबंधन प्रणाली (ईएनएमएस) प्रमाणित संगठन है, जो ऊर्जा प्रदर्शन में निरंतर सुधार करने के लिए एक व्यवस्थित दृष्टिकोण का पालन करता है।

नवीकरणीय ऊर्जा की बढ़ती हिस्सेदारी



ऊर्जा दक्षता

पावरग्रिड अपने परिचालन स्पेक्ट्रम में ऊर्जा दक्षता के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता निरंतर प्रदर्शित करता है। यह समर्पण उसके बहुआयामी दृष्टिकोण के माध्यम से स्पष्ट है, जिसमें अत्याधुनिक ऊर्जा–कुशल प्रौद्योगिकियों को अपनाना और ऊर्जा संरक्षण के संबंध में सकारात्मक व्यवहार परिवर्तनों के लिए अनुकूल संस्कृति का विकास करना शामिल है।

हमारी कंपनी को बीईई विनियमों के तहत ग्रेड–I ऊर्जा सेवा कंपनी (ईएससीओ) के रूप में वर्गीकृत किया गया है, जो ऊर्जा–कुशल परियोजनाओं में निवेश करने और उन्हें लागू करने की हमारी क्षमता को दर्शाता है।

हमने विभिन्न ऊर्जा संरक्षण उपायों को कार्यान्वित किया है, जैसे कि एलईडी लैंप जैसी कम ऊर्जा खपत वाले उपकरणों का उपयोग करना, डीजी सेट के लिए ईंधन उत्प्रेरक उपकरणों को नियोजित करना और कार्यालय भवनों में सौर फोटोवोल्टिक प्रणालियों को एकीकृत करना।

उत्सर्जन में कमी और प्रबंधन

समान वित्तीय आउटपुट वाले संगठनों की तुलना में बहुत कम कार्बन पदचिह्न के बावजूद, पावरग्रिड अपने उत्सर्जन के लिए अपनी जवाबदेही को स्वीकार करता है और उन्हें कम करने के लिए समर्पित है। मामूली रिसाव दर के बावजूद, एसएफ6 रिसाव के रूप में छूटा हुआ उत्सर्जन हमारे स्कोप– I उत्सर्जन का मुख्य स्रोत है, जिसका मुख्य कारण इसकी अत्यधिक उच्च वैश्विक तापन क्षमता (जीडब्ल्यूपी) है। इसके अतिरिक्त, हमारे स्कोप–I उत्सर्जन का एक हिस्सा डीजल के उपयोग के लिए भी जिम्मेदार है जिसे मुख्य रूप से वाहन चलाने, बूम/सिजर लिफ्टों और परीक्षण उद्देश्य के लिए डीजी सेट चलाने के लिए उपयोग किया जाता हैं। प्रशीतक गैसों का रिसाव भी हमारे स्कोप–I उत्सर्जन का एक छोटा सा हिस्सा है। पावरग्रिड ने एसएफ6 रिसाव को 44.65% तक, डीजल की खपत 13% तक और प्रशीतक गैसों का रिसाव 8% तक कम करके 6 नए उपकेन्द्रों को चालू करने के बावजूद हमारा क्षेत्र–1, 40.65% करके उपरोक्त सभी मापदंडों पर अपने प्रदर्शन में सुधार किया है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि एसएफ6 और प्रशीतक गैसों के सख्त इन्वेंट्री प्रबंधन, एसएफ6 के प्रभावी रिसाव का पता लगाने और उसे ठीक करने और डीजल वाहनों को इलेक्ट्रिकल वाहनों से बदलने के कारण हासिल हुई है।

हमारे उपकेन्द्रों में डीजी सेटों को मुख्य रूप से परीक्षण उद्देश्यों के लिए संचालित किए जाने की छोटी अवधि के बावजूद, उनका निवारक रखरखाव प्रणाली (पीएमएस) के अनुसार व्यवस्थित और नियमित रखरखाव किया जाता है। ऐसा विद्युत के दो अत्यधिक विश्वसनीय और स्थिर स्रोतों की उपस्थिति के कारण संभव हुआ है: डिस्कॉम से समर्पित एक फीडर और ग्रिड से सीधे उपलब्ध एक तृतीयक विद्युत स्रोत। परिणामस्वरूप, इन सेटों से उत्सर्जन न्यूनतम हो जाता है।

हालांकि, हमारे स्कोप–2 से हो रहे उत्सर्जन में 13.07% की वृद्धि हुई, जो ग्रिड में विद्युत की खरीद (कुल अप्रत्यक्ष ऊर्जा खपत) से जुड़ी है। जैसा कि पहले के खंड में उल्लेख किया गया है, यह नए उपकेन्द्रों को स्थापित करने, वित्त वर्ष 2022–23 के उत्तरार्ध में चालू किए गए उपकेन्द्रों के पूर्ण विद्युत भार और साथ ही मौजूदा उपकेन्द्रों में स्टैटकॉम को शामिल करने के कारण हुआ है। फिर भी रिपोर्टिंग अवधि के दौरान स्कोप 1 उत्सर्जन में पर्याप्त कमी होने से हमारे कुल उत्सर्जन में 5.23% की गिरावट आई है।

अपनी डीजल खपत को कम करने के लिए, हम अपने फ्लीट को इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) में बदल रहे हैं। वित्त वर्ष 2023–24 के अंत तक, हमने 155 डीजल वाहनों को ईवी से बदल दिया है।


हम सक्रिय रूप से ऊर्जा संरक्षण पहलों को आगे बढ़ा रहे हैं तथा आंतरिक उपयोग के लिए नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को उत्तरोत्तर एकीकृत कर रहे हैं, जिसका उद्देश्य हमारे स्कोप–II उत्सर्जन को कम करना और घटाना है।

हमारे दृष्टिकोण में एसएफ6 गैस की सख्त इन्वेंट्री नियंत्रण और इसके सुरक्षित संचालन, रिसाव का पता लगाने और पर्यावरण संबंधी प्रभावों पर कर्मियों के लिए व्यापक प्रशिक्षण शामिल है। हमने अपने प्रमुख उपकरणों में अत्यधिक संवेदनशील एसएफ6 रिसाव डिटेक्टर लगाए हैं, जिसके साथ संभावित रिसाव को तुरंत चिह्नित करने के लिए एक अलार्म सिस्टम लगाए गए हैं।


हमारे चल रहे प्रयासों में SF6 गैस के वैकल्पिक विकल्पों की खोज करना शामिल है। इस पहल के हिस्से के रूप में, हम चुनिंदा उपकेन्द्रों में एसएफ6 को अधिक पर्यावरण अनुकूल विकल्प के साथ बदलने के लिए एक पायलट परियोजना क्रियान्वित कर रहे हैं।


हमारे कई नए और आने वाले उपकेन्द्र और कार्यालय प्रशीतक गैस के रूप में आर–32 से युक्तहैं, जो आर–22 और आर–410ए जैसे विकल्पों की तुलना में पर्यावरण अनुकूल विकल्प है।

उत्सर्जन



नोटः 1. आईपीसीसी एआर–6, सी–II डेटासेट और चरण विश्लेषण से प्राप्त सीएफ/ईएफ का मान





इसके अलावा, 8,26,702 पेड़ों की हरियाली के कारण, हम अपने कुल उत्सर्जन का 5.23% ऑफसेट करने में सक्षम हुए हैं, जो पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 21.29% की वृद्धि दिखाता है।


जल प्रबंधन

भारत की आबादी वैश्विक आबादी की लगभग 18% है जबकि दुनिया के जल संसाधनों का केवल 4% ही भारत में है, यह एक गंभीर असंतुलन दर्शाता है। पावरग्रिड जल गुणवत्ता और मात्रा दोनों के संबंध में बढ़ती चिंताओं और विभिन्न उपयोगकर्ता समूहों के बीच असमान जल उपलब्धता के बावजूद हमारे पर्यावरण के इस महत्वपूर्ण पहलू से निपटने के लिए दृढ़ संकल्पित है। हालांकि, हमरा जल उपयोग मुख्य रूप से केवल घरेलू खपत तक ही सीमित है, हम वर्ष 2030 तक निवल जल पॉजिटिव संगठन बनने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसका अर्थ यह है कि हमारा लक्ष्य है कि हम अपने पर्यावरण और सामाजिक नीति तथा प्रक्रियाओं के सिद्धांतों का पालन करते हुए बड़े सामाजिक लाभ की प्राप्ति के लिए जल संरक्षण और जल संसाधनों को बढ़ाएं।

जिम्मेदार जल प्रबंधन के महत्व को पहचानते हुए, पावरग्रिड ने 2030 तक जल पॉजिटिव बनने के उद्देश्य से अपने बोर्ड द्वारा अनुमोदित एक व्यापक जल प्रबंधन नीति विकसित की है। पावरग्रिड की जल प्रबंधन नीति पानी की खपत को कम करने, पुनर्चक्रण और पुनः उपयोग करने पर जोर देती है, साथ ही वर्षा जल संचयन पहलों के माध्यम से भूजल पुनर्भरण को अधिकतम करने पर भी ध्यान केंद्रित करती है। इन संरक्षण प्रयासों के परिणाम आशाजनक हैं। वर्तमान रिपोर्टिंग अवधि के दौरान, जल की खपत 28,63,430 किलोलीटर थी, जो पिछले वित्तीय वर्ष से मात्र 3.09% अधिक है, जिसका कारण 6 नए उपकेन्द्रों की स्थापना और

नई आवासीय इकाइयों का निर्माण है। हालाँकि, पूर्ण प्रयास के बावजूद, वर्षा जल संचयन की मात्रा में 30.52% की कमी देखी गई है, जिसका कारण एल नीनो घटना के कारण 2023 में भारत में वार्षिक वर्षा की कमी है। 2023 में, भारत में 820 मिमी वार्षिक वर्षा हुई, जो 2022 में हुई वार्षिक वर्षा से 34.76% कम है और देश के दीर्घकालिक औसत से 29.31% कम है।

जल उपभोग और वर्षा जल संचयन (केआई)



पंजाब में स्थित हमारा मलेरकोटला उपकेन्द्र पारंपरिक सिंचाई की जगह ड्रिप सिंचाई के माध्यम से सालाना लगभग 15 किलोलीटर पानी बचा रहा है।





अपशिष्ट प्रबंधन

पावरग्रिड ने अपशिष्ट प्रबंधन के लिए एक जिम्मेदार दृष्टिकोण अपनाया है, जो 3 रूपरेखा – कम करें, पुनः उपयोग करें, पुनर्चक्रण करें मॉडल द्वारा निर्देशित है, जो कि इसके बोर्ड द्वारा अनुमोदित अपशिष्ट प्रबंधन नीति (https://www.powergrid.in/sites/default/files/inline-files/Waste_Policy.pdf). में दर्शाया गया है। यह नीति हमारे लिए 2030 तक 'शून्य अपशिष्ट से लैंडफिल कॉर्पोरेट' का दर्जा प्राप्त करने और उसे बनाए रखने का एक प्रेरणादायक लक्ष्य भी निर्धारित करती है। यहाँ, यह उल्लेख करना आवश्यक है कि पावरग्रिड के कार्यकलापों में कोई रासायनिक प्रक्रिया शामिल नहीं है। हमारे परिसरों में उत्पन्न होने वाले अधिकांश औद्योगिक अपशिष्ट में निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट और संचालन तथा रखरखाव कार्यकलापों के दौरान उनके उपयोग के बाद उत्पन्न अपशिष्ट (स्क्रैप) सामग्री शामिल होती है। तदनुसार, उत्पादित विभिन्न प्रकार के अपशिष्ट की मात्रा में कोई स्पष्ट प्रवृत्ति संभव नहीं होगी। हालाँकि, हमारे संचालन के दौरान जो भी अपशिष्ट उत्पन्न होता है, उसका निपटान लागू नियमों और हमारी अपशिष्ट प्रबंधन नीति के अनुसार किया जाता है।

जिम्मेदार सामग्री खपत

आर्थिक और पर्यावरणीय स्थिरता दोनों के लिए प्राकृतिक संसाधनों का सचेत उपभोग और जिम्मेदार सामग्री प्रबंधन महत्वपूर्ण हैं। इससे न केवल देश की अर्थव्यवस्था महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित होती है, बल्कि उनके निष्कर्षण और उपयोग से पर्यावरणीय और सामाजिक लागत भी बढ़ता है। पारेषण परियोजनाओं में, स्टील, एल्यूमीनियम और कंक्रीट जैसे आवश्यक कच्चे माल का उपयोग किया जाता है। पावरग्रिड इन संसाधनों के संरक्षण के महत्व को समझता है और उनके उपयोग को कम करने के लिए विभिन्न तकनीकी और नीतिगत पहल करता है। इन उपायों में डिजाइन में सुधार करना, डिजिटल उपकेन्द्रों को क्रियान्वित करना, उच्च क्षमता वाले कुशल कंडक्टरों को नियोजित करना, एचवीडीसी और एचवीएसी के विवेकपूर्ण मिश्रण का उपयोग करना, उच्च वोल्टेज स्तरों पर विद्युत संचारित करना और जहां भी संभव हो, मल्टी–सर्किट टावरों को प्राथमिकता देना शामिल है।

प्रयुक्त ट्रांसफार्मर तेल

प्रयुक्त ट्रांसफार्मर तेल को एक सिंथेटिक तेल होने के कारण खतरनाक और अन्य अपशिष्ट (प्रबंधन और सीमापार संचलन) नियम, 2016 के प्रावधानों के अनुसार खतरनाक अपशिष्ट के रूप में वर्गीकृत किया गया है और इसे सावधानीपूर्वक उयोग और प्रबंधित किया जाता है। हमारे उपकेन्द्रों में ट्रांसफार्मर तेल को शायद ही कभी केवल असाधारण परिदृश्यों में जैसे कि उपकरण की विफलता के कारण उपयोग की अनुपयुक्तता होने पर बदला जाता है। ऐसे मामलों में, इसे अन्य अपशिष्ट धाराओं/सामग्री के साथ मिश्रित नहीं किया जाता है और अलग से एकत्र और संग्रहीत करके फॉर्म–8 के अनुसार लेबल किया जाता है। संग्रहित ट्रांसफार्मर तेल और उसमें रखे ड्रमों को उसके तैयार होने के 90 दिनों के भीतर या तो वास्तविक उपयोगकर्ताओं को या पंजीकृत रिसाइकिलर्स को बेचकर/भेजकर निपटाया जाता है और फॉर्म–4 के अनुसार इसका वार्षिक रिटर्न संबंधित राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एसपीसीबी) अगले वित्तीय वर्ष की 30 जून से पहले दाखिल किया जाता है। मेसर्स मेटल स्क्रैप ट्रेडिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमएसटीसीएल) नामक एक मिनी रत्न पीएसयू की वेबसाइट पर ऑनलाइन नीलामी के माध्यम से खाली किए गए ताजा ट्रांसफॉर्मर तेल वाले ड्रमों का निपटान किया जाता है। मिट्टी या जल निकायों में किसी भी तेल रिसाव को रोकने के लिए, ट्रांसफार्मर के डिजाइन में एक आवश्यक विशेषता के रूप में पर्याप्त मात्रा के तेल के गड्ढों/गड्ढों का प्रावधान शामिल है, जिसमें प्रत्येक गड्ढे को प्राथमिक एकत्रीकरण सम्प से जोड़ा जाता है। रिपोर्टिंग अवधि के दौरान अत्यधिक रिसाव नहीं हुआ है।

प्रयुक्त सिंथेटिक तेल की खतरनाक प्रकृति को ध्यान में रखते हुए, पावरग्रिड ने परीक्षण के आधार पर अपने मैथन उपकेन्द्र में इसके स्थान पर अधिक पर्यावरण अनुकूल एस्टर तेल का उपयोग किया है। परीक्षण के परिणामों के आधार पर, इसे अन्य उपकेन्द्रों में दोहराया जाएगा, जो हमारे संचालन के पर्यावरणीय पदचिह्न को और कम करेगा।



एस्टर तेल युक्त रिएक्टर वाला मैथन उपकेन्द्र

प्लास्टिक अपशिष्ट

पावरग्रिड परिसरों में, मुख्य रूप से विभिन्न उपकरणों के साथ–साथ अन्य सामग्रियों के पैकेजिंग सामग्री जैसे कि थर्मोकोल के रूप में प्लास्टिक अपशिष्ट उत्पन्न होता है। लागू विनियमन अर्थात प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 और प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन (संशोधन) नियम, 2022, उपभोक्ता–पूर्व और उपभोक्ता–पश्चात प्लास्टिक पैकेजिंग अपशिष्ट के संबंध में उत्पादक, आयातक और ब्रांड धारक के लिए विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व (ईपीआर) को अनिवार्य करते हैं। पावरग्रिड को एक संस्थागत अपशिष्ट उत्पादक के रूप में वर्गीकृत किया गया है और यह सभी पैकेजिंग सामग्री और बहु–स्तरीय प्लास्टिक को उत्पादकों/आयातकों/ब्रांड धारकों को सौंपकर प्लास्टिक अपशिष्ट के उचित पृथक्करण और निपटान के लिए जिम्मेदार है।



बैटरी अपशिष्ट प्रबंधन

बैटरियों का उपयोग पावरग्रिड के उप केन्द्रों में मुख्य रूप से रिले और सुरक्षा उपकरणों के लिए किया जाता है। उनका उपयोगी लाइफ पूरा होने के बाद, ये बैटरियाँ अपशिष्ट बन जाती हैं। वर्ष 2022 में शुरू किए गए बैटरी अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली, पावरग्रिड को बैटरी के उपभोक्ता के रूप में वर्गीकृत करती हैं और विस्तारित निर्माता जिम्मेदारी (ईपीआर) की अवधारणा पेश करते हैं, इस प्रकार, उत्पादकों को बाजार में पेश की जाने वाली बैटरियों के नवीनीकरण या पुनर्चक्रण के लिए जिम्मेदार बनाते हैं। तदनुसार, पावरग्रिड अपने बैटरी अपशिष्ट को बैटरी के उत्पादकों या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों को सौंपकर इसका निपटान करता है।

निर्माण और तोड़-फोड़ से उत्पन्न (सीएंडडी) अपशिष्ट

हमारे परिसरों में उत्पन्न निर्माण और तोड़फोड़ से संबंधित (सी एंड डी) अपशिष्ट को बड़े पैमाने पर या तो परिसर या धारक की स्पष्ट अनुमति से तीसरे पक्षकार के परिसर में भराव और समतलीकरण के उद्देश्य से पुनः उपयोग किया जाता है।

धातु स्क्रैपः धातु स्क्रैप मुख्य रूप से हमारे परिसरों में होने वाली निर्माण गतिविधियों के दौरान उत्पन्न होते हैं, जिन्हें उपयोगी बनाने के लिए उनका पुनर्चक्रण किया जाता है और पुनः उपयोग के लिए नीलामी के माध्यम से स्क्रैप विक्रेताओं को बेचा जाता है, इस प्रकार एक चक्रीय अर्थव्यवस्था दृष्टिकोण को बढ़ावा मिलता है।

ई-कचरा प्रबंधन

इलेक्ट्रॉनिक अपशिष्ट जैसे कि कंप्यूटर, लैपटॉप, प्रिंटर और कारट्रिज का उचित प्रक्रियाओं से निपटान किया जाता है। इन्हें अधिकृत संग्रह केंद्रों, पंजीकृत विघटनकर्ताओं या पुनर्चक्रणकर्ताओं को भेजा जाता है। इसके स्थान पर वैकल्पिक रूप से इन्हें निर्माता द्वारा सुविधा प्रदान की गई पिक–अप या टेक–बैक सेवाओं के माध्यम से वापस किया जाता है, जिससे इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की जिम्मेदारीपूर्ण हैंडलिंग और पुनर्चक्रण सुनिश्चित होता है।

पावरग्रिड के विभिन्न उपकेन्द्रों पर जैविक और गैर–जाविक कचरे का पृथक्करण

जैव विविधता प्रबंधन

वन, वन्यजीव अभयारण्य, राष्ट्रीय उद्यान और अन्य पारिस्थितिक रूप से समृद्ध क्षेत्र पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में दोहरी भूमिका निभाते हैं। एक ओर, वे सबसे प्रचलित ग्रीन हाउस गैस (जीएचजी) कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करके कार्बन सिंक के रूप में कार्य करते हैं, दूसरी ओर, वे जैव विविधता के केन्द्रबिंदु हैं। इसलिए, पावरग्रिड उनकी सुरक्षा और संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। हमारे ईएसपीपी (https://www.powergrid.in/sites/default/files/inline-files/ESPP.pdf) और हमारी ईएसजी नीति में सूचीबद्ध परिहार, न्यूनीकरण और शमन के मूल सिद्धांतों के अनुरूप, ऐसे पारिस्थितिक रूप से समृद्ध क्षेत्र से बचाव/न्यूनीकरण को मार्ग चयन मानदंड का एक अभिन्न अंग बनाया गया है।

डिजिटलीकरण की दिशा में प्रयास -कागज रहित होना

पिछले कुछ वर्षों में, प्रौद्योगिकी की शक्ति का उपयोग करके हमारी विभिन्न पहलों के माध्यम से, हमने अपनी प्रक्रियाओं को कागज रहित बनाने का प्रयास किया है। हमारी विभिन्न पहलें जो इस उपलब्धि को हासिल करने में हमारी मदद कर रहे हैं वो निम्नलिखित हैं:

- ऑनलाइन ड्राइंग समीक्षा और इंजीनियरिंग अनुमोदन प्रबंधन प्रणाली (ड्रीम्स)
- विक्रेता बिलिंग में शुरू से अंत तक डिजिटल प्रक्रिया
- भुगतान प्रसंस्करण और सुविधा केंद्र(पीपीपीएफसी)

हमारे परिचालन के प्रभाव को कम करने के लिए उठाए गए कदम

हालांकि लागू नियामक ढांचे द्वारा यह अधिदेशित नहीं है, सभी भावी परियोजनाओं के लिए पर्यावरणीय और सामाजिक मूल्यांकन (ईएसए) आयोजित किया जाता है। इस मूल्यांकन में विभिन्न पर्यावरणीय और सामाजिक कारकों, जैसे कि वनों, वन्यजीवों और आर्द्रभूमि की उपस्थिति पर विचार करते हुए कम से कम तीन व्यवहार्य मार्गों या स्थलों की जांच की जाती है। पारिस्थितिक और सामाजिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों का परिहार करना हमारे मार्ग या स्थल चयन प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण मानदंड है, जैसा कि हमारी पर्यावरणीय और सामाजिक नीति और प्रक्रियाओं (ईएसपीपी) में उल्लिखित है। इस विश्लेषण के आधार पर, कम से कम पर्यावरणीय और सामाजिक प्रभावों वाले मार्ग या स्थल की सिफारिश की जाती है, जो जिम्मेदार परियोजना विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

इसके अलावा, इस तरह का विश्लेषण करते समय, जीआईएस, जीपीएस, रिमोट सेंसिंग, क्यूजीआईएस आदि जैसी आधुनिक तकनीकी विशेषताओं का उपयोग सर्वोत्तम संभव परिणाम प्राप्त करने के लिए किया जाता है। इस पद्धतिगत दृष्टिकोण ने न केवल वन और वन्यजीव जैसे पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों से परिहार/न्यूनीकरण में हमारी मदद की है, बल्कि आवासीय/आबादी वाले क्षेत्र, धार्मिक स्थल और ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व के स्थान जैसे सामाजिक रूप से संवेदनशील क्षेत्र को परिहार/न्यूनीकरण करते हुए हमारी परियोजनाओं के सामाजिक छाप को कम करने में भी मदद की है। इसके अतिरिक्त, किसी भी अवशिष्ट के पर्यावरणीय प्रभाव को प्रबंधित करने के लिए, ऐसे अवशिष्ट प्रभावों को दूर करने के उपायों के साथ एक व्यापक पर्यावरणीय प्रबंधन योजना (ईएमपी) तैयार की जाती है। यह ईएमपी अनुबंध की शर्तों का एक हिस्सा होता है और यह प्रावधान अनुबंधों का अनिवार्य अंग होता है।

ऐसी परिस्थिति में जहाँ चुनौतीपूर्ण भूभाग और भौगोलिक बाधाओं के कारण वनों या वन्यजीव क्षेत्रों का पूरी तरह से परिहार करना संभव नहीं होता है, वहाँ नियामक आवश्यकताओं के अनुपालन में वन मंजूरी ली जाती है। यदि कोई वन क्षेत्र हमारी परियोजनाओं से प्रभावित होता है, तो हम वन क्षेत्र के शुद्ध वर्तमान मूल्य (एनपीवी) का भुगतान करके और उसके आकार से दोगुने क्षेत्र के लिए प्रतिपूरक वनीकरण को वित्तपोषित करके मुआवज़ा प्रदान करते हैं। रिपोर्टिंग अवधि के दौरान, पावरग्रिड ने प्रतिपूरक वनीकरण के लिए ₹49 करोड़ और एनपीवी के लिए ₹34.5 करोड़ का भुगतान किया है। यह धनराशि सीएएमपीए (प्रतिपूरक वनरोपण निधि प्रबंधन और योजना प्राधिकरण) निधि को आवंटित की जाती हैं और इनका उपयोग राज्य वन विभागों द्वारा सीएएमपीए अधिनियम 2016 के अनुसार जैव विविधता को बढ़ाने और संरक्षित करने के लिए किया जाता है। इन उपायों के माध्यम से, पावरग्रिड वन अधिकारियों के सहयोग से जैव विविधता की वृद्धि में सक्रिय रूप से समर्थन देता है।

पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में/आसपास के संचालन का विवरण बीआरएसआर सिद्धांत 6 आवश्यक संकेतक प्रश्न 11 में वर्णित है।

शून्य पर्यावरणीय उल्लंघन

लागू विनियमों के गैर–अनुपालन के प्रति कोई सहिष्णुता नहीं रखते हुए सावधानीपूण उपायों और नियोजन के साथ, पावरग्रिड ने पर्यावरणीय या पारिस्थितिक मुद्दों के संबंध में 'शून्य' उल्लंघन किया है।

साथ ही, हम कार्बन पृथक्करण प्रयासों को बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता के प्रति दृढ़ हैं। व्यापक वनरोपण पहलों के माध्यम से, हम अपने प्रतिष्ठानों के भीतर और अपनी सीएसआर योजनाओं के तहत, हर वर्ष बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान चलाते हैं। वित्त वर्ष 2023–24 के अंत तक, पावरग्रिड ने 8,26,702 पेड़ों का हरित क्षेत्र विकसित किया है, जिसमें हमारी सीएसआर गतिविधियों के तहत लगाए गए 73,549 पेड़ शामिल हैं। यह हरित क्षेत्र लगभग 17,997 टन CO_2 ईक्यू का पृथक्करण करता है, जो हमारे कुल उत्सर्जन का लगभग 5.23% है।

एविफ़ौना के संरक्षण के लिए पावरग्रिड पारेषण लाइनों में बर्ड डायवर्टर लगाए गए।









रिवर्स ऑस्मोसिस (आरओ) से निकलने वाले जल के संग्रह और उपयोग की प्रणाली को लागू करके, हमारा फतेहाबाद उपकेन्द्र निजी टैंकरों द्वारा पानी की आपूर्ति को पूरी तहर बंद करके 396 केएल जल और लगभग ₹3,96,000 सालाना बचत कर रहा है।

भारतीय वन्यजीव संस्थान (डब्ल्यूआईआई) के विशेषज्ञों के सहयोग से ''पश्चिमी गुजरात के शुष्क तल में एविफौना पर बिजली लाइनों के प्रभावों का आकलन'' शीर्षक पर एक अध्ययन किया गया।

ईएचवी पारेषण लाइनों की स्थापना के कारण विशेष रूप से ग्रेट इंडियन बस्टर्ड (जीआईबी) एविफ़ौना, जो आईयूसीएन रेड लिस्ट के अनुसार गंभीर रूप से लुप्तप्राय प्रजाति है, पर पड़ने वाले प्रभावों का आकलन कराया गया। हमारी जांच से इस मुद्दे के विषय में देश–विशिष्ट विश्वसनीय डाटा की एक महत्वपूर्ण कमी उजागर हुई, जिसके मद्देनजर यह अध्ययन शुरु हुआ। इस शोध के निष्कर्ष सभी पारेषण और वितरण प्रतिष्ठानों को एविफ़ौना पर बिजली लाइनों के प्रभाव का सटीक मूल्यांकन करने और भविष्य में उनकी आबादी की सुरक्षा के लिए अधिक प्रभावी उपाय करने में सहायता करेंगे।





मानव पूंजी

मानवीय क्षमता और उत्कृष्टता को उन्मुक्त करके विकास में समर्थन देना





ऊर्जा पारेषण के क्षेत्र में विश्व का नेतृत्व करने की पावरग्रिड की विकासयात्रा इसके कार्यबल के समर्पण और प्रतिभा को प्रमाणित करती हैं। हमारे लोग हमारे निरंतर विकास और परिचालन उत्कृष्टता की प्रेरक शक्ति हैं। हमारे कर्मचारी हमारी सबसे मूल्यवान संपत्ति है, वे राष्ट्र और हमारे संगठन दोनों के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हैं, जिसके माध्यम से भारत में ऊर्जा पारेषण की प्रगति में हम महत्वपूर्ण योगदान दे पाते हैं।


हमारी सफलता का मूल हमारे कार्यस्थल वातावरण में निहित है जो विश्वास, प्रभावशीलता और उद्देश्यबोध से पूर्ण है, जिसमें हमारे कर्मचारियों की भलाई और सशक्तिकरण को प्राथमिकता मिलती है। जैसे–जैसे उद्योग परिदृश्य विकसित होता है और आवश्यक कौशल में तेजी से बदलाव आता है, हम अपने कार्यबल को इस परिवर्तन के अनुकूल रखने के लिए समर्पित प्रयास करते हैं। क्षमता निर्माण के संबंध में दो प्रमुख उद्देश्यों के इर्द–गिर्द हमारा रणनीतिक ध्यान केन्द्रित रहता है: आकर्षक कर्मचारी मूल्य प्रस्तावों के माध्यम से उत्कृष्ट प्रतिभाओं को आकर्षित करना और हमारे कर्मचारियों को परिवर्तनशील परिस्थितियों में विकसित होने के लिए सशक्त बनाना।

देश भर में विश्वसनीय पावर पारेषण सेवाएं प्रदान करने में हमारे कार्यबल की अपरिहार्य भूमिका को पहचानते हुए, हम निरंतर सीखने, रचनात्मकता और सहयोग की संस्कृति को बढ़ावा देते हैं। हमारी मानव संसाधन प्रक्रियाएं हमारे मूल मूल्यों के अनुरूप पेशेवरों की भर्ती, पोषण और सशक्तिकरण के लिए सावधानीपूर्वक डिज़ाइन की गई हैं, जो एक निष्पक्ष, सहयोगी और सुरक्षित कार्य वातावरण सुनिश्चित करती हैं।

संविदा कर्मचारियों को छोड़कर, विभिन्न विभागों में 8,316 कुशल पेशेवरों की एक टीम के साथ, हम कर्मचारी प्रशिक्षण और विकास कार्यक्रमों में निवेश को प्राथमिकता देते हैं। इन पहलों का उद्देश्य तकनीकी विशेषज्ञता को बढ़ाना, सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देना और नेतृत्व कौशल विकसित करना है। इसके अलावा, हम विविधता और समावेश को बढ़ावा देने और एक सहायक कार्यस्थल बनाने की अपनी प्रतिबद्धता के प्रति दृढ़ हैं जिससे विविध दृष्टिकोण, प्रतिभा और पृष्ठभूमि का विकास होता है।



मानवाधिकार



विविधता, समानता और समावेश



प्रतिभा आकर्षण और प्रतिधारण



कर्मचारी कल्याण को बढ़ावा देना



स्वास्थ्य और सुरक्षा



प्रशिक्षण और कैरियर विकास

वित्त वर्ष 24 में कार्यबल में महिलाओं का 8.39%
पावरग्रिड में महिला विविधता वित्त वर्ष 23 से 8.15% से बढ़ी है

वित्त वर्ष 24 में **505** प्रशिक्षण आयोजित किए गए

वित्त वर्ष 24 में **431** नई नियुक्ति

5%
टर्नओवर दर

हमारे कर्मचारियों द्वारा **4,26,840 घंटे** का प्रशिक्षण पूरा किया गया

कार्यस्थल पर **शून्य मृत्यु दर**

>44
कर्मचारी कल्याण कार्यक्रम आयोजित

मानवाधिकार

पावरग्रिड अपने असाधारण कार्यबल के कारण ही वैश्विक फलक पर विद्युत पारेषण के क्षेत्र में नेतृत्व कर रहा है। उनका कौशल, ऊर्जा और प्रेरणा निरंतर विकास और बेजोड़ परिचालन उत्कृष्टता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण रहा है। यह मानते हुए कि हमारे लोग ही हमारी उपलब्धियों की आधारशिला हैं, राष्ट्र और संगठन दोनों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के बल पर ही हम भारत की विद्युत पारेषण यात्रा में महत्वपूर्ण मील के पत्थर हासिल कर सके हैं। हम अपने कर्मचारियों के कल्याण को प्राथमिकता देते हैं और विश्वास, दक्षता तथा उद्देश्य विशिष्ट कार्य वातावरण को बढ़ावा देने का प्रयास करते हैं, जहाँ उनकी सराहना की जाए और उन्हें सशक्त बनाया जाता रहे। पावरग्रिड अपने कर्मचारियों और संविदागत कर्मियों को मानवाधिकार संबंधी मुद्दों के संबंध में नियमित रूप से शिक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी में औद्योगिक सद्भाव और विकास दोनों के लिए अनुकूल कार्य वातावरण बना रहता है।

हमारी सुदृढ़ मानवाधिकार नीति जेंडर, जाति, पंथ या धर्म के भेदभाव के बिना सभी व्यक्तियों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए पावरग्रिड की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है। यही प्रतिबद्धता हमारी नियुक्ति प्रक्रिया में भी दिखती है, और प्रतिभाओं का चयन करते समय हम हाशिए पर रहने वाले या वंचित समूहों और दिव्यांग व्यक्तियों के प्रतिनिधित्व को बढ़ावा देने वाले दिशानिर्देशों का पालन करते हैं। इसके अतिरिक्त, पावरग्रिड जेंडर, जाति, पंथ या धर्म की परवाह किए बिना निष्पक्षता सुनिश्चित करते हुए मुआवज़े और वेतन भुगतान में उत्पीड़न और भेदभाव होने की स्थिति में सख्त शून्य–सहिष्णुता नीति का पालन करता है। हम संवेदनशीलता और जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए कर्मचारियों और संविदागत कर्मियों दोनों के लिए नियमित रूप से मानवाधिकार जागरूकता सत्र आयोजित करते हैं। हम विचारों, अभिव्यक्ति और संघ की स्वतंत्रता के सिद्धांतों का दृढ़ता से पालन करते हैं, जिससे हमारे कर्मचारियों को बिना किसी अवरोध के संघ या यूनियन बनाने और उसमें शामिल होने की स्वतंत्रता मिलती है।

एसए8000 प्रमाणन प्राप्त करके और साथ ही अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) द्वारा निर्धारित अंतर्राष्ट्रीय श्रम मानकों के साथ अपने

व्यवहार को संरेखित करके पावरग्रिड मानव अधिकारों पर बहुत बल देता है।

हमारी प्रतिबद्धताएं इन मानकों के प्रमुख पहलुओं को प्रतिबिंबित करती हैं।

- **मुख्य श्रम मानक:**

  हम आईएलओ कन्वेंशन 87 और 98 के अनुरूप ट्रेड यूनियन बनाने या उसमें शामिल होने और सामूहिक सौदेबाजी में शामिल होने के कर्मचारियों के अधिकारों का समर्थन करते हैं।

- **गैर–भेदभाव:**

  पावरग्रिड निष्पक्ष श्रम प्रथाओं को सुनिश्चित करता है और आईएलओ कन्वेंशन 100 और 111 के अनुरूप, भर्ती, मुआवज़ा और कैरियर में उन्नति के मामलों में नस्ल, जेंडर, धर्म या जाति के आधार पर किसी भेदभाव को प्रतिबंधित करता है।

- **जबरन श्रम:**

  हम आईएलओ कन्वेंशन 29 और 105 का पालन करते हुए अपने संचालन और आपूर्ति श्रृंखला में जबरन श्रम प्रथाओं को सख्ती से प्रतिबंधित करते हैं।

- **बाल श्रम:**

  पावरग्रिड बाल क्षम को प्रतिबंधित करता है और आईएलओ कन्वेंशन 138 और 182 के अनुरूप हमारी आपूर्ति श्रृंखला में बाल श्रम को रोकने की नीतियों को लागू करता है।

- **व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य (ओएसएच):**


  हम आईएलओ कन्वेंशन 155 और 187 के अनुरूप, कठोर सुरक्षा प्रोटोकॉल, प्रशिक्षण और सुरक्षा जागरूकता की संस्कृति को बढ़ावा देने के माध्यम से श्रमिक सुरक्षा को प्राथमिकता देते हैं।

मानवाधिकार मूल्यांकन

पिछले कुछ वर्षों से, पावरग्रिड अपने व्यापारिक संचालन में संभावित मानवाधिकार मुद्दों की पहचान करने और उनको सुलझाने के लिए व्यापक मूल्यांकन कर रहा है। ये मूल्यांकन जिम्मेदार व्यावसायिक आचरण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की आधारशिला हैं और यह सुनिश्चित करने में हमारे प्रयासों का मार्गदर्शन करते हैं कि मानवाधिकार संबंधी विचार हमारी निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में अंतर्निहित हों।

कर्मचारी शिकायत तंत्र

मानवाधिकारों को बनाए रखने के लिए, पावरग्रिड में एक मजबूत आंतरिक तंत्र विद्यमान है। जो मानवाधिकार उल्लंघनों के संबंध में शिकायत के लिए मुख्य संपर्क कर्ता, कार्यकारी निदेशक (एचआर) के नेतृत्व में कंपनी ने समस्याओं के निवारण के लिए विभिन्न चैनल स्थापित किए हैं। इसमें भेदभाव की शिकायतों का समाधान करने के लिए संपर्क अधिकारियों की नियुक्ति, मुखबिर और धोखाधड़ी रोकथाम नीति के तहत नोडल अधिकारियों की स्थापना और यौन उत्पीड़न की शिकायतों के समाधान के लिए आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) का गठन शामिल है। ये विशेष चैनल सुनिश्चित करते हैं कि लोगों के पास अपनी समस्याओं के खिलाफ आवाज़ उठाने और समाधान खोजने का एक तरीका मौजूद हो।



इसके अतिरिक्त, पावरग्रिड में आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों को देखने के लिए सतर्कता विभाग और मानव संसाधन विभाग जैसे विशिष्ट विभाग हैं। इन उपायों के माध्यम से, पावरग्रिड ईमानदारी, जवाबदेही और मानवाधिकारों के सम्मान पर आधारित कार्यस्थल संस्कृति को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है।

कर्मचारियों द्वारा शिकायत दर्ज करने के लिए एक ऑनलाइन मंच ''कर्मचारी शिकायत पोर्टल'' उपलब्ध है। इसके अलावा, पावरग्रिड में संयुक्त परामर्श मंचों की 3–स्तरीय संरचना मौजूद है जो कर्मचारी द्वारा उठाए गए मुद्दों के सक्रिय समाधान को सुनिश्चित करती है, जिसके कारण कर्मचारियों की संतुष्टि में वृद्धि हुई है और नौकरी छोड़ने की दर कम हुई है। कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध, निवारण) कंपनी में अधिनियम, 2013 के तहत गठित आईसीसी (आंतरिक शिकायत समिति) मौजूद है जो महिलाओं के यौन उत्पीड़न से संबंधित शिकायतों का समाधान करती है। महिला कर्मचारियों को कुछ छूट दी जाती है जैसे कि मुश्किल स्थानों पर अनिवार्य पोस्टिंग से छूट आदि। पावरग्रिड ने अ.जा/अ.ज.जा/ओबीसी/और दिव्यांगजन (पीडब्ल्यूडी) श्रेणियों के कर्मचारियों के लिए कानूनी प्रावधान की सुरक्षा के लिए कॉर्पोरेट और क्षेत्रीय दोनों स्तरों पर एक अलग आरक्षण प्रकोष्ठ भी स्थापित किया है। उक्त श्रेणियों से संबंधित कर्मचारियों के साथ हुई किसी भी भेदभाव की शिकायत को हल करने के लिए यह प्रकोष्ठ नामित संपर्क अधिकारी (अधिकारियों) के सीधे नियंत्रण में है। किसी भी मुद्दे को सक्रिय रूप से हल करने के लिए उपरोक्त श्रेणी के प्रतिनिधियों के साथ नियमित बैठकें आयोजित की जाती हैं।

विविधता, समानता और समावेशिता

पावरग्रिड एक ऐसे कार्यस्थल को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है जो विविधतापूर्ण हो, नवाचार को बढ़ावा देता हो और जीवन के हर क्षेत्रों की विविध अभिव्यक्ति के दृष्टिकोणों को अपनाता हो। हमारे मिशन का मुख्य उद्देश्य एक ऐसी संस्कृति का निर्माण करना है, जहाँ टीम का हर सदस्य, चाहे उसकी भूमिका कुछ भी हो, मूल्यवान, सम्मानित और पेशेवर रूप से उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए सशक्त महसूस करे। हमारी प्रथाएँ रोजगार के सभी पहलुओं में समानता और समावेशिता को प्राथमिकता देती हैं, जिसमें भर्ती, मुआवज़ा, प्रदर्शन मूल्यांकन, कैरियर में उन्नति और कौशल वृद्धि शामिल है।

हमारे मूल्यों के अनुरूप, पावरग्रिड जेंडर, आयु, धर्म, जाति, जातीयता, शारीरिक अक्षमता या किसी अन्य कारक पर आधारित किसी भी प्रकार के भेदभाव के विरुद्ध एक दृढ़ शून्य–सहिष्णुता का रुख अपनाता है। विविधता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता हमारी भर्ती रणनीतियों में परिलक्षित होती है, जो विभिन्न समुदायों, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों, धर्मों, जेंडर, जातियों और शारीरिक अक्षमताओं के व्यक्तियों के लिए समान अवसरों को प्राथमिकता देती है। हम खुले विज्ञापनों और क्षेत्रीय रोजगार कार्यालयों तक सक्रिय पहुँच के माध्यम से अपनी भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करते हैं।

एक केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का प्रतिष्ठान होने के नाते, जिसमें भारत सरकार का स्वामित्व लगभग 51.34% है, पावरग्रिड केवल भारतीय नागरिकों को रोजगार देता है। इसलिए, प्रयास करके हमने भारत के 27 राज्यों और 7 संघ राज्य क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाला एक विविध कार्यबल तैयार किया है, जो राष्ट्र के विविध रंगों को दर्शाता है। इसके अलावा, हम अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों, बेंचमार्क दिव्यांगजनों, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों और पूर्व सैनिकों सहित हाशिए के समूहों के व्यक्तियों को भर्ती प्रक्रिया में छूट और रियायतें देते हैं। इन उपायों के माध्यम से, पावरग्रिड एक ऐसे कार्यस्थल को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता में दृढ़ है जो विविधता को महत्व देता है और हर स्तर पर समावेशिता को बढ़ावा देता है।

जेंडर विविधता के क्षेत्र में, पावरग्रिड कार्यबल में महिलाओं की नियुक्ति बढ़ाने के लिए लक्षित रणनीतियों को लागू कर रहा है। इन पहलों के प्रमुख क्षेत्रों में निम्न शामिल हैं:

- **समावेशी नियुक्ति प्रथाएँ**

  हम चयन प्रक्रिया में पक्षपात को समाप्त करने के लिए चयन पैनल में महिलाओं का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करते हैं।

- **समान वेतन और अवसर**

  जेंडर की परवाह किए बिना, सभी कर्मचारियों को समान पारिश्रमिक मिलता है, और बिना किसी भेदभाव के काम सौंपा जाता है। महिलाओं और पुरुषों के औसत वेतन और पारिश्रमिक का अनुपात 1:1 है।

- **सहायक नीतियाँ**

  हम होने वाली और दत्तक माताओं के लिए 26 सप्ताह का मातृत्व अवकाश, साथ ही महिला कर्मचारियों और एकल पुरुष अविभावक के लिए 02 वर्ष तक का शिशु देखभाल अवकाश देकर विधिक अनिवार्यताओं से अधिक सहायता देते हैं।

- **उत्पीड़न के लिए शून्य सहिष्णुता**

  यौन उत्पीड़न की हमारी रोकथाम नीति में शिकायतों का प्रभावी समाधान करने के लिए महिला कार्यकारी की अध्यक्षता में एक आंतरिक शिकायत समिति की स्थापना की गई है।

- **शैक्षिक पहल:**

  हम महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में शिक्षित करने और कार्यस्थल के भीतर उन्हें सशक्त बनाने के लिए सम्मेलन और प्रशिक्षण सत्र आयोजित करते हैं।

- **स्वास्थ्य कार्यक्रम:**

  एक सहायक और समावेशी वातावरण बनाने के लिए सैनिटरी पैड डिस्पेंसर लगाना और गर्भवती माताओं के लिए



निर्दिष्ट पार्किंग स्थान आवंटित करना जैसी पहलें चलाई जा रही हैं।

चूंकि पावरग्रिड जेंडर के आधार पर किसी भी वरीयता या भेदभाव के बिना खुली प्रतिस्पर्धा के आधार पर भर्ती करता है, भारत में एसटीईएम पाठ्यक्रम करने वाली महिलाओं की बढ़ती संख्या के साथ, हमारे कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी धीरे–धीरे बढ़ रही है।

पावरग्रिड में समावेशिता

पावरग्रिड समावेशी समाज को बढ़ावा देता है और यहां बेंचमार्क दिव्यांगजनों (पीडब्ल्यूबीडी) को प्रगति और विकास के समान अवसर मिलते हैं, ताकि वे उपयोगी और सम्मानजनक जीवन जी सकें। पुनर्वास और सक्षम वातावरण बनाने के उद्देश्य से कई पहलें की गई हैं जिनके माध्यम से पावरग्रिड यह सुनिश्चित करता है कि पीडब्ल्यूबीडी जनों को समान अवसर मिलें, उनके अधिकारों की सुरक्षा हो और स्वतंत्र और उपयोगी सदस्य के रूप में समाज में वे पूरी तरह से भाग ले सकें।

इस प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए, पावरग्रिड ने एक समान अवसर नीति (https://www.powergrid.in/sites/default/files/inline-files/16_Equal_Opportunity_Policy_1.pdf) कार्यान्वित की है, जिसमें दिव्यांग उम्मीदवारों और कर्मचारियों को लाभ पहुंचाने वाले विभिन्न प्रावधान शामिल हैं। इन प्रावधानों में सीधी भर्ती और पदोन्नति दोनों में आरक्षण, उपयुक्त पदों की पहचान, योग्यता अंकों में छूट, स्क्राइब रखने का प्रावधान, परीक्षाओं के दौरान प्रतिपूरक समय, ऊपरी आयु में छूट, शुल्क और यात्रा व्यय की प्रतिपूर्ति, सहायक उपकरण और सहायोगी उपकरण, विशेष फर्नीचर, व्हीलचेयर और सुगम्य भारत अभियान के तहत सुगम्यता में वृद्धि प्रदान करना शामिल हैं। इसके अलावा, विकलांगता से संबंधित सम्मेलनों, सेमिनारों, कार्यशालाओं और विकास कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए चार दिनों की विशेष आकस्मिक छुट्टी और अतिरिक्त अधिकतम दस दिन की छुट्टी दी जाती है। स्थानांतरण और पदस्थापना में दिव्यांग कर्मचारियों को वरीयता दी जाती है, और अलग–अलग तरह से दिव्यांग बच्चों वाले कर्मचारियों को उनकी सामाजिक सहायता प्रणाली को बाधित किए बिना देखभाल कर्ता के रूप में उनकी भूमिका को सुविधाजनक बनाने के लिए तरजीही स्थानांतरण देने पर विचार किया जाता है। इसके अतिरिक्त, आवासीय क्वार्टरों में वरीयता दी जाती है, तथा दिव्यांग व्यक्तियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संपर्क अधिकारी नामित किए जाते हैं।

इसके अलावा, दिव्यांग कर्मचारियों की शिकायतों और मुसीबतों के समाधान के लिए एक शिकायत निवारण तंत्र समिति की स्थापना की गई है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उनकी समस्याएं तुरंत और प्रभावी ढंग से हल की जाएं।

प्रतिभा आकर्षण और प्रतिधारण

उद्योग की परिवर्तनशील प्रकृति और नई कौशल आवश्यकताओं को स्वीकार करते हुए, हम अपने कर्मचारियों पर सबसे अधिक ध्यान देने के लिए समर्पित हैं। कौशल विकास पर रणनीतिक रूप से बल देते हुए हम आकर्षक कर्मचारी मूल्य प्रस्तावों के माध्यम से प्रतिभाओं को आकर्षित करने और उन्हें न केवल अनुकूलन करने बल्कि बदलती परिस्थितियों में विकसित होने के लिए संसाधन और सहायता प्रदान करने पर जोर देते है। मानव पूंजी को बढ़ाने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण को अपनाते हुए, हम यह सुनिश्चित करते हैं कि हमारा कार्यबल अनुकूलनीय और लचीला बना रहे इसलिए प्रतिभा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं को एक साथ हल किया जाए।

वर्ष के दौरान, पावरग्रिड ने विभिन्न विभागों में कुल 431 नए कर्मचारियों की भर्ती की, जिनमें से 371 पुरुष और 60 महिलाएँ हैं।

कर्मचारी कल्याण को बढ़ावा देना

पावरग्रिड की संगठनात्मक संस्कृति में कर्मचारी कल्याण को प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता गहराई से निहित है। हम अपने कर्मचारियों की शारीरिक, मानसिक, वित्तीय और सामाजिक भलाई में सुधार करने के लिए दृढ़ता से समर्पित हैं। एक सामंजस्यपूर्ण कार्यस्थल को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिज्ञा के अनुरूप, हम लगातार कर्मचारी कल्याण के विविध पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

कंपनी के लिए कर्मचारियों की चिंताओं को समझने और उनका समाधान करने के लिए कर्मचारी संतुष्टि सर्वेक्षण करना महत्वपूर्ण हैं, जिससे बेहतर प्रतिधारण, उत्पादकता और समग्र व्यापारिक प्रदर्शन हासिल होता है। कर्मचारियों से प्रतिक्रिया मांगने से संगठन में उनका जुड़ाव बढ़ सकता हैं, सकारात्मक कार्य संस्कृति को बढ़ावा मिलता है और नियोक्ता ब्रांड मजबूत होता है।

कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य संबंधी वेबिनार

वर्ष में कुल 22 स्वास्थ्य संबंधी वेबिनार (11,000 मानव–घंटे) आयोजित किए गए, जिनमें आयुर्वेद, हृदय स्वास्थ्य, एंडोक्राइनोलॉजी, ईएनटी, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, हेमटोलॉजी, आंतरिक चिकित्सा, न्यूरोलॉजी, पोषण, प्रसूति एवं स्त्री रोग, ऑन्कोलॉजी, नेत्र विज्ञान, आर्थोपेडिक्स, निवारक स्वास्थ्य, पल्मोनोलॉजी और यूरोलॉजी सहित कई विषयों को शामिल किया गया। उल्लेखनीय रूप से, चार वेबिनार विशेष रूप से महिलाओं की स्वास्थ्य आवश्यकताओं के अनुरूप बनाए गए थे, जो पोषण, स्तन और गर्भाशय ग्रीवा कैंसर जागरूकता, कार्यस्थल में महिलाओं के स्वास्थ्य और जोड़ों की देखभाल पर केंद्रित थे।

कर्मचारियों को नियमित रूप से मलेरिया जैसी जल जनित बीमारियों और क्षय रोग, एचआईवी/एड्स जैसी पुरानी बीमारियों के बारे में जागरूक किया जाता है।

खेल और अन्य क्षेत्रों में सफलता हासिल करना

वित्तीय वर्ष 2023–24 में, पावरग्रिड के कर्मचारियों ने अंतर–पीएसयू टूर्नामेंटों में उत्कृष्ट खेल कौशल और प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसमें इनडोर और आउटडोर दोनों तरह के नौ विविध श्रेणियों की प्रतिस्पर्धाएं शामिल थीं। कुल 136 कर्मचारियों जिनमें 95 पुरुष और 41 महिलाएं शामिल थीं, ने अपनी एथलेटिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया और उल्लेखनीय प्रदर्शन करके अपनी अलग पहचान बनाई। पावरग्रिड तीन पुरुष टूर्नामेंट और दो महिला टूर्नामेंट में चैंपियन बनकर उभरा, जो उत्कृष्टता और टीम वर्क के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उल्लेखनीय रूप से, पावरग्रिड की महिला शतरंज टीम ने अंतर सीपीएसयू शतरंज टूर्नामेंट में प्रतिष्ठित स्वर्ण पदक जीता, जबकि हमारी फुटबॉल टीम और टेबल टेनिस टीम ने भी स्वर्ण पदक हासिल किया और क्रमशः अपने संबंधित श्रेणियों में चैंपियन खिताब जीते। ये उपलब्धियाँ अपने कर्मचारियों के बीच खेल भावना और सफलता की संस्कृति विकसित करने के पावरग्रिड के समर्पण को रेखांकित करती हैं।



पावरग्रिड की महिला शतरंज टीम ने अंतर सीपीएसयू शतरंज टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीता।



पावरग्रिड फुटबॉल टीम ने अंतर सीपीएसयू फुटबॉल टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीता।



अंतर पीएसयू टूर्नामेंट में चैंपियन के रूप में पावरग्रिड टेबल टेनिस टीम

आर्थिक कल्याण

पावरग्रिड अपने कर्मचारियों और सेवानिवृत्त हो चुके कर्मियों को एक व्यापक लाभ पैकेज प्रदान करता है, जो यह सुनिश्चित करता है कि उन्हें वैधानिक सेवानिवृत्ति लाभों के साथ–साथ उचित और समान वेतन प्रदान किया जाए। प्रमुख सहायता कार्यक्रमों में समूह बीमा योजना, मृत्यु राहत योजना, आर्थिक पुनर्वास योजना और सक्षम योजना शामिल है, जो मृतक कर्मचारियों के बच्चों की शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती हैं और उनके परिवार के लिए आय के अवसर सृजित करती है। इसके अतिरिक्त, पावरग्रिड कर्मचारियों और उनके आश्रितों के लिए शीर्ष–स्तरीय चिकित्सा सुविधाएँ प्रदान करता है और प्रत्येक सेवानिवृत्त व्यक्ति और रोजगार के दौरान किसी कर्मचारी की मृत्यु होने की स्थिति में आश्रित परिवार के सदस्यों को सेवानिवृत्ति के बाद चिकित्सा लाभ प्रदान करता है।

सेवानिवृत्ति लाभों का विवरण बीआरएसआर सिद्धांत 3 आवश्यक संकेतक प्रश्न 2 में उल्लिखित हैं।

सामाजिक कल्याण

स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए कार्य और जीवन के बीच बेहतर संतुलन बनाए रखना महत्वपूर्ण है। पावरग्रिड अपने कर्मचारियों के जीवन को फिर से ऊर्जावान करने और उनके व्यक्तिगत और सामाजिक प्रतिबद्धताओं को प्रभावी ढंग से पूरा करने में उन्हें सक्षम बनाने के लिए कई पहलें कार्यान्वित करता है। इन पहलों में महिला कर्मचारियों और एकल पुरुष अभिभावकों को विशेष शिशु देखभाल अवकाश प्रदान करना, पात्र पुरुष कर्मचारियों को पितृत्व अवकाश प्रदान करना तथा कैरियर संबंधी आकांक्षाओं को पूरा करने या सामाजिक और पारिवारिक जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए अवकाश विकल्प प्रदान करना शामिल है।

पावरग्रिड में, प्रत्येक कर्मचारी मातृत्व और/या पितृत्व अवकाश का हकदार है, तथा इस रिपोर्टिंग वर्ष में, पितृत्व अवकाश पर गए पुरुष और महिला दोनों कर्मचारियों के प्रतिधारण दर 100% थे।

स्वास्थ्य और सुरक्षा

पावरग्रिड अपने कर्मियों द्वारा उपकेन्द्रों और पारेषण लाइनों पर उपकरणों और अवसंरचना की आयोजना, निर्माण, रखरखाव और संचालन के दौरान उनके दैनिक कर्तव्यों के निर्वहन में उनके सम्मुख आने वाले अंतर्निहित व्यावसायिक खतरों से परिचित है। ये खतरे घातक और गैर–घातक दोनों तरह के संभावित जोखिम को पैदा करते हैं। इससे बचने के लिए हमने उद्योग–अग्रणी प्रथाओं और कड़े अनुपालन उपायों की विशेषज्ञता वाली एक मजबूत सुरक्षा नीति लागू की है। हम केवल विनियामक अनुपालन के प्रति प्रतिबद्ध नहीं हैं बल्कि हम अनिवार्य सुरक्षा मानकों से अधिक सुरक्षा प्रदान करने का प्रयास करते हैं।

पावरग्रिड अपनी पारेषण लाइनों, उपकेन्द्रों और कर्मियों के साथ–साथ आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपने विधिक और नैतिक दायित्वों को पूरा करता है। आईएसओ 45001:2018 मानकों का पालन करते हुए, कंपनी ने सुदृढ़ प्रणाली और प्रक्रिया को लागू किया है। पारेषण प्रतिष्ठान केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के निरीक्षणों द्वारा सत्यापित प्रासंगिक भारतीय कानूनों और अंतर्राष्ट्रीय मानकों का अनुपालन करती हैं।

कार्यस्थल पर ऐसी घटनाओं को शून्य करने के अपने लक्ष्य पर कार्य करते हुए, हमने पूरे संगठन में एक व्यापक त्रि–स्तरीय सुरक्षा ढांचा स्थापित किया है ताकि हमारी सुरक्षा नीति व्यापक रूप से स्वीकार्य हो। इसके अलावा, ऑन–साइट टीमों को तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए एक विशेष सुरक्षा इकाई की स्थापना की गई है, जिससे सभी परिचालन स्तरों पर सुरक्षा प्रोटोकॉल की प्रभावकारिता में वृद्धि हुई है।

- एक मजबूत सुरक्षा संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए, प्रभावी संचार, कर्मचारियों से जुड़ाव और हितधारक परामर्श को प्राथमिकता दी जाती है। इसमें एक सुरक्षा समझौते के माध्यम से ठेकेदारों को पावरग्रिड सुरक्षा नियम और प्रासंगिक विनियमन प्रदान करना शामिल है, जिसकी देखरेख स्वास्थ्य और सुरक्षा स्थितियों का आकलन करने वाले परियोजना प्रबंधकों द्वारा की जाती है।

सीएमडी की अध्यक्षता वाले शीर्ष सुरक्षा बोर्ड द्वारा संचालित पावरग्रिड का तीन-स्तरीय सुरक्षा मॉडल। बोर्ड में सदस्य के रूप में कार्यकारी निदेशक शामिल हैं।

शीर्ष सुरक्षा बोर्ड (बोर्ड स्तर)

बोर्ड पूरी लगन से दुर्घटनाओं की नियमित और गहन समीक्षा करके सभी क्षेत्रों में शीर्ष–स्तरीय सुरक्षा मानकों का रख–रखाव करता है। निर्माण एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत के बाद, उनकी पुनरावृत्ति को रोकने के लिए सुधारात्मक कार्रवाई और अतिरिक्त उपायों की सिफारिश की जाती है।

स्थायी सुरक्षा प्रबंधन समिति (कॉर्पोरेट स्तर)

क्षेत्रीय सुरक्षा समिति (क्षेत्रीय स्तर)

- बैठकों/सुरक्षा/विक्रेता बैठकों के माध्यम सेकॉर्पोरेट/क्षेत्रीय स्तर पर व्यापक समीक्षा
- पावरग्रिड के क्षेत्रीय/परियोजना प्रभारी/कार्यकारी। साथ ही सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर चर्चा करने के लिए आमंत्रित निर्माण एजेंसी।
- स्थायी सुरक्षा समिति भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति से बचने के लिए निवारक उपचारात्मक उपाय का सुझाव देती है।
- सभी क्षेत्रों में सिफारिशें प्रसारित की जाती हैं।

साइट सुरक्षा समिति (साइटस्तर)

स्टेशन प्रबंधक सुरक्षा संबंधी चिंताओं को दूर करने के लिए श्रमिक प्रतिनिधियों के साथ मासिक बैठकें आयोजित करते हैं

पावरग्रिड की सुरक्षा नीति

- कार्यस्थल पर चोट लगने या बीमार पड़ने पर उपचार की त्वरित प्रतिक्रिया बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य और सुरक्षा तथा प्राथमिक चिकित्सा पर प्रशिक्षण प्रदान करना।
- डिजाइन निर्माण, संचालन और रखरखाव चरणों में प्रत्येक चरण के दौरान सुरक्षा के सभी कारकों पर विचार करना सुनिश्चित करने के लिए नियमित मूल्यांकन किया जाता है।
- सुरक्षित और स्वस्थ कार्य वातावरण सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त संसाधन आवंटित करना।
- व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई), सुरक्षा उपकरणों और परिधानों का सख्त उपयोग।
- कुशल अग्नि निवारण और अग्निशमन कार्यों का कार्यान्वयन।
- प्रत्येक/विभिन्न प्रक्रियाओं के लिए उचित सुरक्षा मैनुअल का पालन करना।
- विधिक और संविदात्मक दायित्व के अनुपालन के संबंध में ठेकेदारों का नियमित ऑडिट/निरीक्षण।
- स्वास्थ्य और सुरक्षा से संबंधित सभी प्रासंगिक और लागू वैधानिक प्रावधानों का सख्त अनुपालन।

- साइट पर बेहतर निगरानी और सक्रिय सुरक्षा उपायों के लिए सुरक्षा संचालन को डिजिटल किया जा रहा है।
- दुर्घटनाओं को रोकने के प्रयास में ठेकेदारों पर जुर्माना और मुआवज़ा लगाया जाता है।
- अधिकारियों या स्थल पर्यवेक्षकों द्वारा आयोजित दैनिक सुरक्षा ब्रीफिंग से संभावित खतरे सामने आते हैं और वे एहतियाती उपायों की सिफारिश करते हैं।
- व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में निर्माण, संचालन और रखरखाव कार्यों से संबंधित विभिन्न सुरक्षा पहलुओं को शामिल किया जाता है, जिसमें तनाव प्रबंधन और प्राथमिक चिकित्सा प्रदान करने संबंधी विषय भी शामिल है।
- पावरग्रिड और संविदागत कर्मचारियों दोनों को इन–हाउस विशेषज्ञों और बाहरी प्रशिक्षकों द्वारा सुरक्षा प्रशिक्षण दिया जाता है, जिसके पूरक के रूप में निर्माण स्थलों और परिचालन प्रतिष्ठानों में सुरक्षा प्रदर्शन किए जाते हैं।

प्रशिक्षण और कैरियर विकास

उत्कृष्टता को बढ़ावा देना: पावरग्रिड का ज्ञानार्जन और विकास में निवेश

पावरग्रिड में, हम शीर्ष–स्तरीय संगठनात्मक क्षमताओं को विकसित करने और अद्वितीय बाजार प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करने के लिए निरंतर ज्ञानार्जन और कौशल वृद्धि के लिए समर्पित हैं। हमारी प्रतिबद्धता पेशेवर विकास के साथ–साथ हमारे कार्यबल के व्यक्तिगत विकास पर



भी केन्द्रित है जिससे एक ऐसी संस्कृति को बढ़ावा मिलता है जहाँ हमारे संगठन और हमारे लोगों की सफलता परस्पर सुदृढ़ होती है। हमारा पुनःकौशल संवर्धन और कौशल उन्नयन पहलें हमारे मूल मूल्यों उत्कृष्टता के प्रति उत्साह और बदलाव के प्रति उत्साह से प्रेरित हैं।

हमारे प्रशिक्षण संबंधी प्रयासों में मानेसर में स्थित, पावरग्रिड एकेडमी ऑफ लीडरशिप (पीएएल) महत्वपूर्ण है। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) द्वारा पारेषण में प्रशिक्षण के लिए श्रेणी–I संस्थान के रूप में मान्यता प्राप्त, पीएएल देश भर में कर्मचारी विकास केंद्रों और वैश्विक स्तर पर अग्रणी शैक्षणिक संस्थानों के सहयोग से सालाना 500 से अधिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है।

हमारे व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम अध्ययन आवश्यकताओं के एक स्पेक्ट्रम को कवर करते हैं, जिसमें इंडक्शन, व्यावहारिक अनुभव, प्रबंधकीय कौशल और व्यवहारिक विकास शामिल हैं। गत दो वर्षों में, हमने प्रशिक्षण पहलों में 9,20,984 घंटे से अधिक का निवेश किया है, जिसमें केवल वित्तीय वर्ष 2023–24 में 4,26,840 घंटे समर्पित किए गए हैं। यह निवेश 2022–23 और 2023–24 में क्रमशः 7.40 और 6.37 औसत प्रशिक्षण दिनों से परिलक्षित होता है। वित्तीय रूप से, प्रशिक्षण के लिए हमारी प्रतिबद्धता 2022–23 में ₹35.39 करोड़ थी और 2023–24 में यात्रा व्यय को छोड़कर यह बढ़कर ₹40.76 करोड़ हो गई।

हमारे ई–लर्निंग प्लेटफ़ॉर्म, "प्रज्ञान" पर विभिन्न व्यावसायिक कार्यक्षेत्रों के 150 से अधिक मॉड्यूल उपलब्ध हैं और 11 रिफ्रेशर पाठ्यक्रम हैं, जिससे 8,200 से अधिक कर्मचारियों को लाभ हुआ है।

इसके अलावा, पावरग्रिड परिचालन अधिनियम के तहत विभिन्न व्यापारों में 1000 से अधिक प्रशिक्षुओं को शामिल करके हितधारक विकास का सक्रिय रूप से समर्थन करता है। हमारे "संदर्शिका" मेंटरिंग और कोचिंग पोर्टल से लगभग 5,500 कर्मचारियों को उनके पेशेवर विकास की यात्रा में सहायता मिली है।

पिछले वर्ष, हमने आईआईआईटी–बैंगलोर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस/मशीन लर्निंग पाठ्यक्रमों में 50 कर्मचारियों के तीसरे बैच को नामांकित करने और एनआईटी जालंधर में पावर सिस्टम और विश्वसनीयता में एम.टेक कार्यक्रम के लिए दूसरे बैच में 15 कर्मचारियों को प्रायोजित करने जैसे विशेष पाठ्यक्रमों की सुविधा प्रदान की।

ये पहल प्रतिभा को पोषित करने, कौशल बढ़ाने और विद्युत के क्षेत्र में और उससे आगे की चुनौतियों के लिए हमारे कर्मचारियों को तैयार करने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती हैं।

प्रतिफल योजना

प्रतिफल, पावरग्रिड की एक उपलब्धि–उन्मुख संस्कृति को बढ़ावा देने की पहल है, जो इसके सभी प्रतिष्ठानों को शामिल करती है। इसमें आठ पुरस्कार कार्यक्रम शामिल हैं, जिनका विवरण अनुलग्नक I में दिया गया है और इसे एक समर्पित पोर्टल के माध्यम से प्रशासित किया जाता है। पावरग्रिड के स्थापना दिवस के साथ–साथ प्रशंसा सप्ताह मनाया जाता है जिसमें प्राप्तकर्ताओं को सम्मानित किया जाता है और इसके विवरण पोर्टल पर अपडेट किए जाते हैं। सभी पुरस्कारों का प्रबंधन प्रतिफल पोर्टल के माध्यम से किया जाता है, जहां करियर विकास से संबंधित विवरण रखे जाते हैं। तथापि, ये पुरस्कार पदोन्नति के अधिकार की गारंटी नहीं देते हैं और इनसे संबंधित विवादों का समाधान सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया जाता है। स्वैच्छिक और मनोबल बढ़ाने के उद्देश्य से बनाई गई इस योजना में कॉर्पोरेट एचआरडी विभाग द्वारा समन्वित पारिवारिक आवास के साथ आउटबाउंड प्रशिक्षण कार्यक्रम जैसे प्रावधान शामिल हैं।

ज्ञानार्जन और विकास

पावरग्रिड ने अभिनव ज्ञानार्जन और विकास पहलों से मार्ग प्रशस्त किया है, जिससे इसके ऑनलाइन एचआरडी प्रबंधन प्रणालियों को

एचआर रणनीति

कर्मचारियों को पारेषण परियोजनाओं की आयोजना, निगरानी और उनके क्रियान्वित हेतु सक्षम बनाना

कर्मचारियों को प्रभावी ढंग से संचालन और रखरखाव करने और तकनीकी रूप से अपग्रेड/नवाचार करने हेतु सक्षम बनाना

कर्मचारियों को विकास के अधिकतम अवसर प्रदान करना

संगठनात्मक मिशन और उद्देश्य

महत्वपूर्ण रणनीतियाँ

- मुख्य कार्यात्मक प्रमुखों की भागीदारी
- आंतरिक संसाधनों का उपयोग करना
- एचआरडी सलाहकार परिषद
- सहायक प्रणाली के रूप में सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग
- पिछले कार्यक्रमों से इनपुट और प्रतिक्रिया

शामिल कदम

चरण 1: ऑनलाइन प्रश्नावली
चरण 2: फोकस समूह चर्चा
चरण 3: सलाहकार परिषद के साथ चर्चा

शिक्षार्थी का प्लैनर, व्यक्तिगत विकास योजना, प्रशिक्षण गतिविधि के संबंध में स्वामित्व, अधिक से अधिक सीखना

प्रतिक्रिया



उद्योग–व्यापी मान्यता अर्जित हुई है। हमारे मानव संसाधन विकास (एचआरडी) संबंधी कार्यकलाप कर्मचारियों को नई दक्षताओं के साथ सशक्त बनाने और संगठनात्मक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रभावी कार्य प्रथाओं को सुदृढ़ करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। हमारी एचआरडी टीम हमारे कार्यबल को भविष्य के लिए तैयार करने के लिए विभिन्न पहलों को चलाकर एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। हम नियमित रूप से संगठन में संगठनात्मक आवश्यकता आकलन (ओएनए) और योग्यता–आधारित व्यक्तिगत प्रशिक्षण आवश्यकता विश्लेषण (टीएनए) करते हैं। ये आकलन व्यक्तिगत योग्यता वृद्धि आवश्यकताओं की पहचान करते हैं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों के डिजाइन और नियोजन का मार्गदर्शन करते हैं। यह दृष्टिकोण पावरग्रिड को कर्मचारियों की व्यक्तिगत विकास योजनाओं (आईडीपी) को व्यापारिक आवश्यकताओं के साथ संरेखित करते है जिससे यह सुनिश्चित होता है कि हमारे कार्यबल का कौशल वर्तमान और प्रासंगिक बना रहे।

बहु–विषयक सहयोग के माध्यम से विकसित एचआरडी एक्शन प्लानर, निष्पादन में आने वाली चुनौतियों का समाधान करने और परिचालन उत्कृष्टता और रणनीतिक मूल्य संवर्धन के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम विकसित करने का एक रणनीतिक उपकरण है। कर्मचारियों को उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं और व्यापक प्रशिक्षण योजना मैट्रिक्स के अनुरूप प्रशिक्षण दिया जाता है, जिसमें यह सुनिश्चित किया जाता है कि वे वर्तमान और भविष्य दोनों की मांगों को पूरा करने के लिए पूरी तरह से तैयार हों।

कर्मचारी कौशल-उन्नयन कार्यक्रम

अपनी मानव पूंजी द्वारा निभाई जा रही महत्वपूर्ण भूमिका को समझते हुए, पावरग्रिड ने अपने कर्मचारियों को अपेक्षित कौशल और विशेषज्ञता प्रदान करने के उद्देश्य से व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में लगातार निवेश किया है। उल्लेखनीय रूप से, हॉटलाइन रखरखाव और ड्रोन प्रशिक्षण जैसी पहलें कर्मचारियों को जटिल कार्यों को कुशलता से करने और निष्पादित करने में सशक्त बनाने में सहायक रही हैं, जिससे पूरे संगठन में परिचालन दक्षता और प्रभावशीलता में वृद्धि हुई है। वर्ष के दौरान, इन पहलों से अच्छे परिणाम प्राप्त हुए हैं, जिसका परिणामस्वरूप एक अत्यधिक कुशल और विशिष्ट कार्यबल का निर्माण हुआ है।

इन प्रशिक्षित पेशेवरों ने परिसंपत्ति रखरखाव के विभिन्न पहलुओं पर कठिन प्रशिक्षण और व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया है, जिसमें पारेषण लाइन, ट्रांसफार्मर, स्विचगियर, एचवीडीसी (हाई वोल्टेज डायरेक्ट करंट), एफएसीटीएस (फ्लेक्सिबल अल्टरनेटिंग करंट ट्रांसमिशन सिस्टम), सीएंडपी (कंट्रोल एंड प्रोटेक्शन), और एसएएस (उपकेन्द्र ऑटोमेशन सिस्टम) आदि शामिल हैं। विशिष्ट ज्ञान और क्षमताओं से युक्त एक विविध प्रतिभा पूल का निर्माण करके, पावरग्रिड परिचालन उत्कृष्टता की अपनी प्रतिबद्धता को दृढ़ करता है और अपने पारेषण अवसंरचनाओं की मजबूती और विश्वसनीयता सुनिश्चित करता है।

नवाचार और निरंतर सीखने की संस्कृति को बढ़ावा देने के अपने समर्पित भाव के साथ पावरग्रिड अपने कर्मचारियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), मशीन लर्निंग (एमएल) और डाटा विज्ञान संबंधी अत्याधुनिक कौशल प्रदान करता। वर्ष के दौरान, कंपनी ने 50 कर्मचारियों को 15 महीने के पीजी डिप्लोमा कोर्स को पूरा करने की सुविधा प्रदान की, जिससे उन्हें इन परिवर्तनकारी क्षेत्रों में व्यापक प्रशिक्षण और विशेषज्ञता प्राप्त हुई। इस तरह की पहलों में निवेश करके, पावरग्रिड न केवल अपने कर्मचारियों के कौशल और ज्ञान के आधार का उन्नयन करता है, बल्कि स्वयं को विद्युत पारेषण के क्षेत्र में तकनीकी उन्नति के मामले में सबसे अग्रणी रखता है।

ड्रोन पायलट प्रशिक्षण

पावरग्रिड के कर्मचारियों ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय, भारत सरकार के तहत गुरुग्राम में स्थित एक स्वायत्त निकाय, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय उड़ान अकादमी में नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा प्रमाणित ड्रोन प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। इस प्रशिक्षण पहल के परिणामस्वरूप, 108 कर्मचारियों ने ड्रोन पायलट लाइसेंस प्राप्त किए।

765 केवी पारेषण लाइन के लिए हॉटलाइन प्रशिक्षण

765 केवी लाइनों के हॉटलाइन रखरखाव के लिए "प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण" कार्यक्रम। यह भारत का पहला कार्यक्रम है जिसमें 765 केवी हॉटलाइन रखरखाव में पावरग्रिड के विभिन्न क्षेत्रों के 26 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया है।

इस प्रशिक्षण ने हमारे प्रशिक्षकों की टीम को आई एण्ड वी स्ट्रिंग्स पर हॉटलाइन संचालन को कुशलतापूर्वक संभालने के लिए आवश्यक कौशल प्रदान किया है। यह एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो उन्हें 765केवी हॉटलाइन संचालन के क्षेत्र में अन्य कर्मचारियों को सलाह देने और उनका विकास करने के लिए सशक्त बनाता है।

विपरीत परिस्थितियों में विजय हासिल करना

किशनपुर से न्यू वानपोह तक 400केवी पारेषण लाइन की बहाली हमारी टीम के असाधारण समर्पण और लचीलेपन का प्रमाण है। पीर पंजाल खंड की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद, हमारे प्रतिबद्ध कर्मचारी पारेषण प्रणाली की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए कठिन इलाकों और खराब मौसम में भी डटे रहे। उनके प्रयासों में भारी बर्फबारी, बर्फानी तूफान और शून्य से नीचे के तापमान में कठिनाईपूर्वक पैदल पैट्रोलिंग और चढ़ाई करना शामिल थी। हाइपोथर्मिया और सीमित दृश्यता के जोखिम के बावजूद, हमारी टीम प्रभावी रूप से दोषों को दूर करने और लाइन को बहाल करने में कामयाब रही। यह परियोजना न केवल हमारे कार्यबल के तकनीकी कौशल को प्रदर्शित करती है, बल्कि उनके समर्पण और समस्या–समाधान क्षमताओं को भी रेखांकित करती है, जो परिचालन उत्कृष्टता और विश्वसनीयता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को पुष्ट करती है।





सामाजिक और संबंध पूंजी

सामुदायिक संबंधों के माध्यम से स्थायी मूल्य सृजन और प्रतिबद्धता पूर्ति





पावरग्रिड में संधारणीय भविष्य के निर्माण के लिए हमारी प्रतिबद्धता हमारे परिचालन सीमाओं से कहीं आगे तक फैली हुई है। हम अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) से संबंधित प्रयासों के माध्यम से समाज पर वास्तविक और संधारणीय सकारात्मक प्रभाव डालने, समुदायों को सशक्त बनाने और उनकी भलाई को बढ़ावा देने में दृढ़ता से विश्वास करते हैं। हमारा उद्देश्य केवल वित्तीय सफलता प्राप्त करना नहीं है, बल्कि लोगों के जीवन को बेहतर बनाने और हमारे ग्रह की बेहतरी में सार्थक योगदान देने की इच्छा से प्रेरित है। लोगों, ग्रह और लाभ के मूल सिद्धांतों को मूर्त रूप देते हुए सामाजिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के लिए हमारी नींव दृढ़ता से 3 मूल सिद्धांतों में निहित है। हम व्यक्तियों के कल्याण, हमारे पर्यावरण के स्वास्थ्य और हमारे कार्यों की दीर्घकालिक संधारणीयता को प्राथमिकता देने के महत्वपूर्ण महत्व को समझते हैं। इस सिद्धांत से निर्देशित होकर, हमने समुदायों के उत्थान और देश भर में जीवन की समग्र गुणवत्ता को बढ़ाने के उद्देश्य से एक परिवर्तनकारी विकास यात्रा शुरू की है।

सामाजिक हस्तक्षेपों की विविध श्रृंखला के माध्यम से, हमने अपने विकास यात्रा में समुदायों को सहजता से एकीकृत किया है। सभी प्रासंगिक कानूनों और विनियमों का अनुपालन करने के साथ–साथ सामुदायिक जुड़ाव के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता, संधारणीय परिवर्तन को प्रभावित करने के हमारे प्रयासों के पीछे प्रेरक शक्ति के रूप में कार्य करती है। हमारा दृढ़ विश्वास है कि व्यवसायों का नैतिक दायित्व है कि वे वित्तीय उद्देश्यों से परे समाज के सुधार के लिए सक्रिय रूप से योगदान दें। परिणामस्वरूप, हमने अपनी सीएसआर पहलों को संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) और भारत सरकार द्वारा निर्धारित विकास संबंधी प्राथमिकताओं के आधार पर संरेखित किया है।

समग्र विकास पर ध्यान केन्द्रित करके, हमारा उद्देश्य सामाजिक और आर्थिक अंतर को कम करना, समावेशिता और सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। स्वास्थ्य देखभाल पहल से लेकर शैक्षिक सहायता तक, पर्यावरण संरक्षण से लेकर कौशल विकास कार्यक्रमों तक, हमारे सीएसआर पहलों में लोगों के जीवन में सार्थक और ठोस परिवर्तन लाने के लिए कई विशेष क्षेत्रों को अपने साथ शामिल किया है।

संपूर्ण भारत में हमारा कारोबार फैला है और हमने वंचित आबादी, विशेष रूप से दूरदराज और हाशिए के क्षेत्रों के लिए सफलतापूर्वक कार्य किया

और उनके जीवन को बेहतर बना रहे हैं। हम अपने स्थानीय समुदायों के साथ मिलकर काम करते हैं और समुदाय की शिकायतों के समाधान के लिए हमने उचित माध्यम निर्धारित किया है, और अब तक, हमारे किसी भी व्यवसाय परिचालन का समुदाय पर नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ा है।

रिपोर्टिंग अवधि के दौरान, हमने अपने सात प्रमुख स्तंभों के अनुसरण में 124 कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) परियोजनाओं के एक व्यापक पोर्टफोलियो को सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया है। इन पहलों को पूरा करने के लिए ₹330.48 करोड़ का कुल व्यय किया गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में सीएसआर खर्च में 2.74% की वृद्धि को दर्शाता है। यह पर्याप्त वृद्धि सामुदाय का अधिक कल्याण करने की हमारी दृढ़ प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

हमारे सीएसआर प्रयासों का सुदृढ़ प्रशासन और निगरानी सुनिश्चित करने के लिए, हमने एक विशेष सीएसआर समिति की स्थापना की है। प्रमुख हितधारकों, जिसमें अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, निदेशक (कार्मिक) और विभिन्न स्वतंत्र निदेशक शामिल हैं, को साथ लाकर गठित यह समिति हमारी सीएसआर रणनीति का मार्गदर्शन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। रिपोर्टिंग वर्ष के दौरान, हमने कई सीएसआर बैठकें आयोजित कीं, जिनमें परियोजना कार्यान्वयन की गहन जांच और निगरानी की गई।

सीएसआर के सात स्तंभ



वित्त वर्ष 23–24 के दौरान व्यय की गई कुल राशि ₹330.48 करोड़	कुल सीएसआर लक्ष्य ₹342.69 करोड़ (पिछले तीन वर्षों के पीबीटी का 2%)	पिछले तीन वर्षों के अतिरिक्त व्यय से ₹30.45 करोड़ की सेट ऑफ राशि	वित्त वर्ष 23–24 के दौरान व्यय की जाने वाली शुद्ध सीएसआर राशि ₹312.24 करोड़	124 पूरी की गई सीएसआर परियोजनाएँ	165 स्वीकृत सीएसआर परियोजनाएँ

स्वास्थ्य सेवा

सतत विकास लक्ष्य 4 (एसडीजी 4) को ध्यान में रखते हुए, जो समावेशी, न्यायसंगत और उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने पर जोर देता है, पावरग्रिड स्थानीय समुदायों में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा की उपलब्धता में सुधार करने के प्रति दृढ़ है। हमारा ध्यान लोगों को उनकी स्वास्थ्य सेवा आवश्यकताओं को सक्रिय रूप से पूरा करने और विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य सेवा पहलों को अपनाने के लिए सशक्त बनाने पर केन्द्रित है।

पावरग्रिड का विश्राम सदन

पूरे भारत में, अधिकांश तृतीयक स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएँ महानगरों या राजधानी शहरों में स्थित हैं। दूर से यात्रा करने वाले आर्थिक रूप से वंचित या मध्यम आय वाले रोगियों के लिए, अपने परिजनों के लिए आवास की व्यवस्था करना अतिरिक्त वित्तीय बोझ डालता है, जिससे उनके संसाधनों पर और अधिक दबाव पड़ता है। भारत के प्रमुख स्वास्थ्य देखभाल संस्थानों में व्याप्त इस समस्या को देखते हुए, पावरग्रिड ने विभिन्न स्थानों पर विश्राम सदन का निर्माण और अनुमोदन किया है, जिनमें निम्न शामिल हैं:

1. एम्स, नई दिल्ली*
2. केजीएमयू, लखनऊ*
3. आईजीआईएमएस, पटना, बिहार*
4. डीएमसीएच, दरभंगा, बिहार*
5. गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, असम*
6. एसएसजी अस्पताल, वडोदरा, गुजरात*



7. निमहंस, बेंगलुरु, कर्नाटक*

8. रिम्स, रांची, झारखंड *

9. एमकेसीजी, बरहामपुर, ओडिशा**

10. महारानी लक्ष्मीबाई (एमएलबी) मेडिकल कॉलेज, झांसी, यूपी**

11. सब डिविजनल अस्पताल, अरेराज, बिहार**

12. सर सुंदर लाल अस्पताल, बीएचयू, वाराणसी, यूपी**

13. एमपीटी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, सिद्धार्थ नगर, यूपी**

14. एम्स बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश**


15. एम्स, गोरखपुर, यूपी**

(*कार्यशील; ** निर्माणाधीन)



नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरोसाइंसेज (निमहंस), बैंगलोर में पावरग्रिड ''विश्राम सदन'' को तत्कालीन माननीय एमओपी और एमएनआरई मंत्री श्री आर.के. सिंह द्वारा डॉ. मनसुख एल मांडविया, माननीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री की आभासी उपस्थिति में ₹23.00 करोड़ की परियोजना लागत पर राष्ट्र को समर्पित किया गया था। निमहंस, बैंगलोर देश में विशेष रूप से मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका विज्ञान में एक अग्रणी स्नातकोत्तर प्रशिक्षण केंद्र है। निमहंस में समाज के कम सुविधा प्राप्त वर्गों के रोगी मुख्य रूप से इलाज कराते हैं।

सर सयाजीराव जनरल अस्पताल, वडोदरा में पावरग्रिड ''विश्राम सदन'' को विद्युत मंत्रालय और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के तत्कालीन मंत्री माननीय श्री आर.के. सिंह द्वारा श्रीमती रंजनबेन धनंजय भट्ट माननीय सांसद, वडोदरा की उपस्थिति में ₹15.00 करोड़ की परियोजना लागत से राष्ट्र को समर्पित किया गया था। सर सयाजीराव जनरल (एसएसजी) अस्पताल, वडोदरा (गुजरात सरकार के स्वामित्व वाला और उसके द्वारा शासित एक सरकारी अस्पताल) गुजरात राज्य का एक प्रमुख चिकित्सा संस्थान है। इसकी स्थापना गुजरात और पड़ोसी राज्यों की गरीब आबादी और हाशिए पर पड़े वर्गों को सबसे किफायती सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सा सुविधाएं और स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करने के उद्देश्य से की गई थी।



पावरग्रिड का यह पहल केवल आवास के प्रावधान तक सीमित नहीं है। इस संगठन ने सरकारी अस्पतालों को चिकित्सा आपूर्ति और एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराई है, दिव्यांगजनों के लिए सहायता और उपकरणों के वितरण की सुविधा प्रदान की है और देश भर में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया है। आर्टिफिशियल लिम्ब्स मैन्युफैक्चरिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एएलआईएमसीओ) के सहयोग से पावरग्रिड ने देश भर में दिव्यांगजनों को मोटरयुक्त तिपहियावाहन, तिपहिया व्हीलचेयर, वॉकिंग स्टिक, ब्रेल किट, बैसाखी, कृत्रिम अंग और श्रवण यंत्र जैसे कई निःशुल्क सहायक उपकरण वितरित किए हैं।

वित्त वर्ष 23-24 में शुरू की गई प्रमुख स्वास्थ्य देखभाल परियोजनाएँ

- माननीय सांसद श्री जे.पी. नड्डा ने ₹26.75 करोड़ की लागत से एम्स, बिलासपुर (हिमाचल प्रदेश) में ''विश्राम सदन'' की आधारशिला रखी तथा माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया, तत्कालीन माननीय सूचना एवं प्रसारण, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री श्री अनुराग ठाकुर, हिमाचल प्रदेश के माननीय पूर्व मुख्यमंत्री श्री जय राम ठाकुर की उपस्थिति में अस्पताल को 128 स्लाइस सीटी स्कैन मशीन और 1.5 टेस्ला एमआरआई मशीन सौंपी। एम्स अस्पताल, बिलासपुर में हिमाचल प्रदेश के 12 जिलों के मरीजों का इलाज किया जाएगा, जिसमें राज्य के दूरदराज और दुर्गम आदिवासी क्षेत्रों के लोगों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। अस्पताल में प्रतिदिन 700–1000 मरीजों का इलाज होगा, जिनमें से लगभग 30–50 मरीजों को सीटी/एमआरआई स्कैन की आवश्यकता होती है।
- ₹18.50 करोड़ की परियोजना लागत पर रोबोट द्वारा शल्य चिकित्सा के लिए उन्नत रोबोटिक सर्जिकल प्रणाली की स्थापना में ईएसआईसी चिकित्सा महाविद्यालय और अस्पताल, फरीदाबाद को वित्तीय सहायता प्रदान करना। ईएसआईसी फैक्ट्री के श्रमिकों को स्वास्थ्य सुविधा देती है जहां कर्मचारी को भारी वस्तुओं से चोट लगने और ऊंचाई से गिरने का खतरा अधिक होता हैं। यह एक सुपर स्पेशियलिटी तृतीयक स्तर का देखभाल अस्पताल है। रोबोटिक सर्जिकल उत्कृष्टता केन्द्र का निर्माण ईएसआई के लाभार्थियों के लिए एक बड़ा वरदान साबित होगा जो मुख्य रूप से समाज के वंचित श्रमिक वर्ग से हैं।
- माननीय केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री, भारत सरकार, श्री नितिन गडकरी और पावरग्रिड और महाराष्ट्र राज्य सरकार के उच्च अधिकारियों की उपस्थिति में इंदिरा गांधी सरकारी चिकित्सा अस्पताल, नागपुर में लगभग ₹1.00 करोड़ की परियोजना लागत से एक प्रतीक्षालय को राष्ट्र को समर्पित किया गया। इस सुविधा से अस्पताल में भर्ती होने वाले हजारों मरीजों के परिजनों को मदद मिलेगी।
- लगभग ₹13.50 करोड़ की परियोजना लागत से एसीटीआरईसी, टीएमसी महाराष्ट्र में पावरग्रिड मॉड्यूलर ओटी परिसर में इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी सुइट की सुविधा उपलब्ध कराई गई। पावरग्रिड मॉड्यूलर ओटी परिसर में आईआर ओटी की स्थापना भारत में कैंसर देखभाल हेतु अपनी तरह की पहली सुविधा होगी। इस सुविधा से प्रतिदिन लगभग 12–15 मरीजों को उपचार उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे सालाना 3000 से अधिक मरीजों को लाभ मिलेगा, जिससे प्रतीक्षा सूची में उल्लेखनीय कमी आएगी और समाज के वंचित वर्ग के अधिक मरीजों का इलाज करने में मदद मिलेगी।
- गुजरात सरकार की चिकित्सा सेवाओं की उप निदेशक डॉ. तृप्ति देसाई, सीईओ (गुजरात सीएसआर प्राधिकरण) श्री. पंकज कुमार कामलिया की उपस्थिति में ₹5.92 करोड़ की लागत पर 'एनआईसीयू ऑन व्हील्य' (नवजात गहन देखभाल इकाई) का शुभारंभ किया गया। नवजात गहन देखभाल इकाई (एनआईसीयू) नवजात स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार करती है और गुजरात में नवजात मृत्यु दर को कम करती है।

ग्रामीण विकास

भारत के ग्रामीण क्षेत्रों की प्रगति देश के समग्र कल्याण के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि बड़ी संख्या में लोग गांवों में रहते हैं। सामाजिक और आर्थिक समानता और संधारणीयता हासिल करने के लिए इन क्षेत्रों की स्थितियों को बेहतर बनाना आवश्यक है। पावरग्रिड ने इस महत्व को पहचानते हुए गांवों में आने वाली चुनौतियों का प्रभावी ढंग से समाधान करने के लिए विभिन्न उपाए किए हैं।

एक उल्लेखनीय पहल यह थी कि स्मार्ट खेती की प्रथा को बढ़ावा देने के लिए अर्ध–शुष्क उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों के लिए अंतर्राष्ट्रीय फसल अनुसंधान संस्थान (आईसीआरआईएसएटी) के साथ साझेदारी की गई है। इस साझेदारी के माध्यम से, पावरग्रिड ने निर्दिष्ट गांवों में आदिवासी किसानों के बीच कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए नवीन तकनीकों की शुरुआत की है। ये तकनीकें कृषि उपज बढ़ाती हैं और आजीविका में सुधार लाने के लिए वाटरशेड और फसल प्रबंधन रणनीतियों का उपयोग करती हैं।

रिपोर्टिंग अवधि के दौरान, पोषक–उद्यानों की स्थापना की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास किए गए, जिससे न केवल आदिवासी परिवारों को जीविका का अवसर मिला, बल्कि उनकी आत्मनिर्भरता भी बढ़ी और वे अधिक पोषण का सेवन कर सके।

इन पहलों के अलावा, पावरग्रिड ने सुरक्षित पेयजल, स्वच्छता सुविधाएँ, स्कूली शौचालय, छोटे और सीमांत किसानों के लिए आजीविका सहायता और ग्रामीण स्कूलों के जीर्णोद्धार पर ध्यान केंद्रित करते हुए कई अन्य परियोजनाएँ शुरू की हैं। ये प्रयास दर्शाते हैं कि पावरग्रिड देश भर में ग्रामीण और आदिवासी समुदायों के उत्थान के लिए दृढ़ प्रतिबद्ध है ।

1,21,96,802
लाभार्थी

33
जिलों को कवर किया गया

₹22.72
करोड़
व्यय

46
परियोजनाएँ शुरू की गई

वित्त वर्ष 23-24 में शुरू की गई प्रमुख ग्रामीण विकास परियोजनाएँ

- ₹19.29 करोड़ की परियोजना लागत पर श्री बद्रीनाथ धाम शहर को आध्यात्मिक स्मार्ट हिल टाउन के रूप में विकसित करने के लिए वित्तीय सहायता दी गई। प्रस्तावित परियोजना में बद्रीनाथ को आध्यात्मिक स्मार्ट हिल टाउन के रूप में पुनर्विकसित करने के लिए उत्तराखंड सरकार को वित्तीय सहायता प्रदान करना शामिल है। विकास कार्य के लिए प्रस्तावित कुल क्षेत्रफल लगभग 85 हेक्टेयर है। अनुमान है कि 2025 तक यहां आने वाले पर्यटकों की वार्षिक संख्या 15.6 लाख होगी।



- ₹3.00 करोड़ की परियोजना लागत से बीटीएडी, असम के उदलगुरी में भेरगांव में ऑडिटोरियम हॉल का निर्माण। इस ऑडिटोरियम हॉल में बड़ी जनसभाएं, जन जागरूकता अभियान, प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा सकते हैं। ज्ञातव्य है कि इस क्षेत्र में तीरंदाजी का खेल काफी प्रचलित है, इसलिए ऑडिटोरियम परिसर में तीरंदाजी प्रशिक्षण का प्रावधान भी किया जाएगा। ऑडिटोरियम हॉल परिसर आम जनता के लिए काफी फायदेमंद होगा।
- कोटा (राजस्थान) में ₹7.65 करोड़ की परियोजना लागत से विभिन्न सामुदायिक केंद्रों के निर्माण और सरकारी स्कूलों के विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान किया गया है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ–साथ समग्र विकास के लिए पर्याप्त संख्या में कक्षाएं, खेल का मैदान, सीमा दीवार जैसी बुनियादी संरचनाएँ आवश्यक हैं।
- ग्रामीणों को समूह गतिविधियों, सामाजिक समर्थन देने, सार्वजनिक सूचना, सरकारी योजनाओं की जानकारी और अन्य कार्यक्रमों के लिए इकट्ठा होने में सामुदायिक हॉल मदद करते हैं। इन सभी से उत्पादक के अवसरों के बारे में जानकारी प्राप्त होती है और ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन स्तर को उन्नत करने में मदद मिलती है।
- श्री आर.के. सिंह, तत्कालीन माननीय केंद्रीय विद्युत, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री, भारत सरकार ने ₹6.48 करोड़ की कुल परियोजना लागत पर आरा, भोजपुर (बिहार) में विभिन्न ग्रामीण विकास कार्यों की आधारशिला रखी।



- तत्कालीन माननीय केंद्रीय ऊर्जा एवं नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री आर.के. सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में भोजपुर के आरा में पुलिस लाइन को चार (4) हाई मास्ट लाइट सौंपा गया, जिसकी परियोजना लागत ₹0.27 करोड़ है।
- ₹3.88 करोड़ के परियोजना लागत पर आरा, भोजपुर (बिहार) में सांस्कृतिक भवन की मरम्मत एवं जीर्णोद्धार का कार्य हुआ। चूंकि भोजपुर जिले का प्रशासनिक मुख्यालय आरा है, इसलिए यह परियोजना सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के लिए स्थान उपलब्ध कराकर भोजपुर के संपूर्ण सामुदायिक विकास में योगदान देगी तथा पड़ोस या समुदाय में नया जीवन एवं ऊर्जा लाएगी। इस परियोजना से भोजपुर जिले में रहने वाले लगभग ₹27 लाख लोग लाभान्वित होंगे।
- डीसी, एसपी, बक्सा की गरिमामयी उपस्थिति में बरबारी पुलिस रिजर्व में सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य, जिसकी परियोजना लागत ₹1. 96 करोड़ है।
- प्रस्तावित ऑडिटोरियम हॉल 100% ग्रामीण आबादी वाले 20 से अधिक गांवों के लिए लाभकारी होगा।

महिला सशक्तिकरण

परिवार, समुदाय और राष्ट्र के भीतर व्यापक विकास के लिए महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण है। इस उद्देश्य के प्रति हमारा अटूट समर्पण आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देता है और महिलाओं को ऐसे विकल्प चुनने की स्वायत्तता प्रदान करता है जो उनके जीवन को सकारात्मक रूप से आकार दे सकें।

अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, हमने महिलाओं के लिए रोजगार के अवसरों को सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से कार्यक्रम शुरू किए हैं। इन पहलों में सैनिटरी नैपकिन के उत्पादन और सिलाई में व्यापक प्रशिक्षण सत्र शामिल हैं। आवश्यक सिलाई कौशल प्रदान करने के अलावा, ये कार्यक्रम आर्थिक स्थिरता में योगदान देते हैं और महिलाओं के बीच उद्यमशीलता की क्षमताओं का पोषण करते हैं। व्यापक पहुँच और भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए, विभिन्न स्थानों पर रणनीतिक रूप से प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए गए हैं।



पावरग्रिड ने हरियाणा के नूंह जिले में कार्यशील एक महिला छात्रावास की स्थापना में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यह प्रतिष्ठान युवा महिलाओं के लिए एक सुरक्षित और लागत प्रभावी आवास विकल्प प्रदान करता है, उनकी आवास संबंधी समस्या को दूर करता है जिससे वे अपने पेशे के लिए प्रयास करने पर ध्यान केंद्रित कर सकती हैं। व्यक्तिगत और करियर विकास के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराकर, हम महिलाओं को उनकी पूरी क्षमता को अनलॉक करने और समाज में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए सशक्त बनाने का प्रयास करते हैं।

16,075
लाभार्थी

4
जिलों को कवर किया गया

₹0.10 करोड़
व्यय

4
परियोजनाएँ शुरू की गई

वित्त वर्ष 23-24 में शुरू की गई प्रमुख महिला सशक्तिकरण परियोजनाएँ

- पावरग्रिड, भिवाड़ी (राजस्थान) के पास शीतल गाँव में ₹0.02 करोड़ की परियोजना लागत से कौशल विकास (सिलाई कौशल) के लिए सिलाई मशीनों का प्रशिक्षण केंद्र उपलब्ध कराना।
- संबलपुर जिले (ओडिशा) के रायराखोल ब्लॉक के स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) के सदस्यों को ₹0.04 करोड़ की परियोजना लागत से 65 सिलाई मशीनों का वितरण। ये सिलाई मशीनें एसएचजी सदस्यों की महिला सदस्यों और साथ ही उनके परिवार के सशक्तिकरण में मदद करेंगी क्योंकि अधिकांश एसएचजी सदस्य आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के होते हैं। इससे लगभग 25 अ.जा./अ.ज.जा परिवार लाभान्वित होंगे।
- अरुणाचल प्रदेश के लोअर दिबांग घाटी जिले के रोइंग में आईएमसीएलएस जीआई जोह एसएचजी द्वारा दो शाफ्ट हैंडलूम बुनकर प्रशिक्षण चलाया गया, जिसकी परियोजना लागत ₹0.04 करोड़ थी। इस प्रशिक्षण से निम्नलिखित सुविधाएँ प्रदान की जाएँगी। (क) जिले के नागरिकों के लिए स्वरोजगार उत्पन्न करना। (ख) जिले के वस्त्र और हस्तशिल्प के क्षेत्र में कुशल कार्यबल विकसित होगा।

कौशल विकास

पावरग्रिड समुदाय के सशक्तिकरण और युवा विकास के अपने समर्पण के प्रति दृढ़ है, जिसका लक्ष्य उनकी आकांक्षाओं को पूरा करना है। कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों की एक व्यापक श्रृंखला के माध्यम से, हम विशेष रूप से हाशिए पर रहने वाली आबादी की आर्थिक प्रगति को सुविधाजनक बनाने का प्रयास करते हैं।

प्रशिक्षण संबंधी ये प्रयास राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एमएसडीसी), राष्ट्रीय निर्माण अकादमी (एनएसी), और केंद्रीय प्लास्टिक इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संस्थान (सीआईपीईटी) जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ रणनीतिक साझेदारी के माध्यम से संभव हो सके हैं।



इलेक्ट्रिकल वायरिंग से लेकर प्लास्टिक इंजीनियरिंग, ऑटो रिपेयर और एलएमवी ड्राइविंग तक, ये कार्यक्रम विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला को कवर करते हुए विविध कौशल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तैयार किए गए हैं।

आर्थिक रूप से वंचित समुदायों, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में इन अवसरों का विस्तार करके, हम व्यक्तियों को अमूल्य कौशल से लैस करने का प्रयास करते हैं जो उनकी रोजगार क्षमता और आर्थिक दृष्टिकोण को मजबूत करते हैं।

सक्रिय जीवनशैली को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप, पावरग्रिड ने सतना में पावरग्रिड स्टेडियम के निर्माण का कार्य शुरु किया है। खेल कार्यकलापों में समुदाय की गहरी रुचि है यह समझते हुए, हमने इस सुविधा के निधियन और स्थापना के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ सहयोग स्थापित किया है। खेल और फिटनेस कार्यकलापों के लिए एक समर्पित स्थल प्रदान करके, हमारा उद्देश्य समुदाय के सदस्यों को स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने और खेलों में शामिल होने के लिए प्रेरित करना है जिससे पूरे क्षेत्र में स्वास्थ्य और जीवन शक्ति की संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा।

8,539
लाभार्थी

भारत के सभी जिलों को कवर किया गया

₹20.50 करोड़
व्यय

6
परियोजनाएँ शुरू की गई

वित्त वर्ष 23-24 में शुरू की गई प्रमुख कौशल विकास परियोजनाएँ

विकास और प्रगति की इस यात्रा में, कौशल भारत अभियान एक अन्य पहल है जो भारत के कायाकल्प में सफलतापूर्वक योगदान दे रही है। पावरग्रिड ने ₹10.18 करोड़ की परियोजना लागत पर भारत भर में 50 स्थानों पर विद्युत क्षेत्र और संबंधित क्षेत्रों में 6000 युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान किया है।

पर्यावरण और पारिस्थितिकी

पर्यावरणीय संधारणीयता के एक चैंपियन के रूप में, पावरग्रिड हमारे ग्रह को पोषित करने और व्यापार वृद्धि को सुविधाजनक बनाने दोनों के महत्वपूर्ण महत्व को पहचानता है।

वनीकरण पहल

पर्यावरण संरक्षण और प्रभावी जलवायु परिवर्तन प्रबंधन की दिशा में सक्रिय कदम उठाते हुए, पावरग्रिड ने लगातार वनीकरण पहल क्रियान्वित किया है। इन प्रयासों से महत्वपूर्ण परिणाम प्राप्त हुए हैं, विशेष रूप से (निर्दिष्ट क्षेत्रों में), जहाँ कंपनी ने कई हरित स्थानों को सफलतापूर्वक सृजित और पोषित किया है।

सौर प्रकाश की संस्थापना के माध्यम से अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देना

अक्षय ऊर्जा समाधानों का अधिक से अधिक उपयोग करने की हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप, पावरग्रिड ने भारत के विभिन्न क्षेत्रों में सौर प्रकाश व्यवस्था संस्थापित करने में अग्रणी भूमिका निभाई है। ये पहल न केवल हरित ऊर्जा को अपनाने के प्रति हमारे समर्पण को उजागर करती हैं, बल्कि जलवायु परिवर्तन से निपटने में हमारी भूमिका पर भी बल देती है।



1,58,43,684
लाभार्थी

14
जिलों को कवर किया गया

₹2.72 करोड़
व्यय

16
परियोजनाएँ शुरू की गई

- विजयवाड़ा नगर निगम में स्वचालित पीईटी बोतल फ्लेकिंग और रिवर्स वेंडिंग मशीन की स्थापना, जिसकी लागत ₹0.81 करोड़ है।
- यह सीएसआर पहल पर्यावरण संरक्षण और आसपास के वातावरण को साफ रखने में मदद करेगी। इसके अतिरिक्त प्लास्टिक सामग्री के पुनर्चक्रण से जीवाश्म ईंधन के उपयोग को कम किया जा सकता है और इसे भविष्य की पीढ़ियों के लिए संग्रहीत रखा जा सकता है।

एलिएजर जोल्डन मेमोरियल (ईजेएम) कॉलेज, लेह में सौर ऊर्जा संयंत्र के लिए 60 बैटरियों की स्थापना, जिसकी परियोजना लागत ₹0.13 करोड़ है। इससे कॉलेज में पूरे दिन बिजली की आपूर्ति में मदद मिलेगी और छात्रों की पढ़ाई में बाधा नहीं आएगी। इससे कॉलेज में रक्षा और सुरक्षा तथा पर्यावरण के अनुकूल ऊर्जा स्रोत भी सुनिश्चित होगा।

- दक्षिण सिक्किम के टेमीनाम्फिंग निर्वाचन क्षेत्र के 11–नाम्फिंग जीपीयू के अंतर्गत छलमथांग गाँव में कूड़ेदान की स्थापना और ठोस कचरे का उचित प्रबंधन, जिसकी परियोजना लागत ₹0.04 करोड़ है।
- उक्त कूड़ेदानों की स्थापना स्थानीय समुदायों के लिए अत्यधिक लाभकारी होगी, जिससे स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ेगी।
- राज्य में मौजूद विभिन्न पर्यटक आकर्षणों को देखने के लिए कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय नागरिक नियमित रूप से राज्य का दौरा करते हैं। इसलिए स्थानीय और अन्य समुदायों में प्लास्टिक और गैर–प्लास्टिक कचरे के उचित निपटान को बढ़ावा देने के लिए डस्टबिन की स्थापना बहुत फायदेमंद होगी।

पेयजल और स्वच्छता

स्वच्छ जल और स्वच्छता सुनिश्चित करना सार्वजनिक स्वास्थ्य को बनाए रखने और संधारणीय समुदायों के विकास को बढ़ावा देने की आधारशिला हैं। ये महत्वपूर्ण संसाधन न केवल समग्र कल्याण को रेखांकित करते हैं, बल्कि आजीविका का समर्थन करने, स्कूल में लगातार उपस्थिती बढ़ाने और पर्यावरणीय चुनौतियों के खिलाफ सामुदायिक लचीलापन बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

खुले में शौच से जुड़े जोखिमों के समाधान के लिए, विशेष रूप से दस्त जैसी गंभीर बीमारियों के प्रति संवेदनशील बच्चों जैसे कमजोर समूहों के बीच, शौचालय ब्लॉक बनाने जैसी पहल चलाने की आवश्यक हैं। स्वच्छ भारत अभियान जैसी पहलों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए पावरग्रिड ने विशिष्ट क्षेत्रों में शौचालय ब्लॉक बनाने की शुरुआत की है, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य और स्वच्छता मानकों को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।



अवसंरचना विकास के अतिरिक्त, हमारे प्रयासों में स्वच्छता पर व्यापक जागरूकता अभियान चलाना शामिल हैं। स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान आयोजित किए जाने वाले कार्यकलापों की एक श्रृंखला के माध्यम से, जिसमें सफाई प्रदर्शन, वीडियो प्रसारण, नुक्कड़ नाटक और रैलियां शामिल हैं, पावरग्रिड का उद्देश्य समुदायों के भीतर स्वच्छता और व्यक्तिगत साफ–सफाई की संस्कृति को बढ़ावा देना शामिल है। कंपनी ने मशीनीकृत सड़क स्वच्छता के लिए निर्दिष्ट क्षेत्रों में नगर निगमों को वैक्यूम क्लीनिंग ट्रक भी उपलब्ध कराए हैं।

स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता के महत्वपूर्ण महत्व को पहचानते हुए, पावरग्रिड ने विभिन्न जिलों में हैंडपंप लगाने और लक्षित क्षेत्रों में पेयजल निस्पंदन प्रणाली लागू करने के लिए परियोजनाएँ शुरू की हैं। स्वच्छ जल संसाधनों तक पहुँच को सुगम बनाकर, हम सामुदायिक स्वास्थ्य और कल्याण के एक महत्वपूर्ण पहलू का समाधान करने का प्रयास करते हैं, जिससे हम जिन समुदायों की सेवा करते हैं उनके समग्र कल्याण में महत्वपूर्ण योगदान मिलता है।

1,82,25,120
लाभार्थी

21
जिलों को कवर किया गया

₹32.03 करोड़
व्यय

26
परियोजनाएँ शुरू की गई

वित्त वर्ष 23-24 में शुरू की गई प्रमुख पेयजल और स्वच्छता परियोजनाएँ

- 0.10 करोड़ की लागत से अराहल्ली गाँव में पेयजल शोधन संयंत्र (1000एलपीएच) की स्थापना।
- आरओ संयंत्र 1541 की आबादी वाले अराहल्ली के स्थानीय गाँव के लिए उपयोगी होगा, जिनमें से अधिकांश लोग सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल और स्वच्छता सुविधाओं में सुधार होगा।
- ₹0.27 करोड़ की लागत से सरकारी डिग्री कॉलेज, कारगिल के लिए पानी का टैंकर उपलब्ध कराना।
- कारगिल एक सुदूर स्थान है और यहां शैक्षणिक सुविधाएँ बहुत विकसित नहीं हैं। कारगिल की अधिकांश आबादी अनुसूचित जनजाति है। लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र के सबसे बड़े कॉलेज, सरकारी डिग्री कॉलेज, कारगिल में विभिन्न स्नातक डिग्री पाठ्यक्रमों में 3000 से अधिक छात्र नामांकित हैं। दैनिक उपयोग के लिए स्थायी जल आपूर्ति कॉलेज की प्रमुख चिंता का विषय है। इससे सरकारी डिग्री कॉलेज, कारगिल के लगभग 3000 छात्र और 77 शिक्षक तथा सहायक कर्मचारी लाभान्वित होंगे।
- ₹1.42 करोड़ की परियोजना लागत पर सांबा जिले के लिए ट्रक माउंटेड वैक्यूम रोड स्वीपिंग मशीन, बैलिस्टिक सॉलिड वेस्ट म्यूनिसिपल सेपरेटर और जेसीबी लोडर प्रदान किया गया।

इस प्रयास से बारी ब्राह्मण जम्मू के अंतर्गत आने वाली सांबा की पूरी आबादी को लाभ होगा, यानी लगभग 3.2 लाख लोग (अ.जा–5.5% और अ.ज.जा.–28.8%) लाभांवित होगी। इस पहल के परिणामस्वरूप समाज के सामाजिक और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों का उत्थान होगा क्योंकि इससे आम लोगों को भी सांस लेने लायक अच्छी हवा मिल सकेगी।



- महाराष्ट्र के नासिक जिले के मालेगांव नगर निगम को ₹1.21 करोड़ की लागत से ट्रक माउंटेड वैक्यूम रोड स्वीपिंग मशीन उपलब्ध कराई जाएगी। 4,71,312 की कुल आबादी वाले मालेगांव नगर निगम को वैक्यूम आधारित डीजल ट्रक माउंटेड स्वीपिंग मशीन रोड स्वीपर की आपूर्ति और डिलीवरी से लाभ होगा। इससे मालेगांव के नगरपालिका क्षेत्रों की सड़कों पर सफाई सुनिश्चित होगी।

गांधीनगर नगर निगम (जीएमसी), गांधीनगर, गुजरात के लिए ₹1.99 करोड़ की लागत से वैक्यूम रोड स्वीपिंग मशीन खरीदी गई।

गांधीनगर के आसपास सड़कें लगभग 100 किलोमीटर तक फैली हैं और जीएमसी के लिए मैन्युअल रूप से उनकी सफाई करना एक बहुत बड़ा काम है तथा मैन्युअल सफाई से वायु प्रदूषण भी होता है। लगभग 6 घनमीटर क्षमता वाली वैक्यूम रोड स्वीपिंग मशीन सड़कों, रास्तों की सफाई के लिए अधिक दक्षता, गति और सुविधा के साथ उपयोगी साबित होगी। इस मशीन से वायु प्रदूषण का स्तर भी कम होगा।

शिक्षा

पावरग्रिड का मानना है कि खासकर वंचितों और कमजोर लोगों के लिए शिक्षा सम्मान के साथ जीवन जीने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

6,94,29,295
लाभार्थी

45
जिलों को कवर किया गया

₹24.81 करोड़
व्यय

62
परियोजनाएँ शुरू की गई

वित्त वर्ष 23-24 में शुरू की गई प्रमुख शिक्षा संबंधी परियोजनाएँ

- असम, मणिपुर और छत्तीसगढ़ के 1911 हिंसा प्रभावित बच्चों की शिक्षा के लिए राष्ट्रीय सांप्रदायिक सद्भाव फाउंडेशन (एनएफसीएच) को ₹3.02 करोड़ की परियोजना लागत पर वित्तीय सहायता प्रदान किया गया। एनएफसीएच देश में 0–25 वर्ष की आयु के लगभग 1911 हिंसा प्रभावित अनाथ/बेसहारा बच्चों की सहायता कर रहा है, ताकि वे अपनी स्कूली शिक्षा पूरा कर सकें और परिवार के सम्मुख आई विपदा से गुजरने के बाद उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाया जा सके।

- सरकारी स्कूलों को 5000 बेंच और आंगनवाड़ी केंद्रों के लिए 200 किट की खरीद के लिए वित्तीय सहायता प्रदान किया गया, जिसकी परियोजना लागत ₹2.27 करोड़ है। 106 स्कूलों में समाज के लगभग हर वर्ग के 15000 छात्र और आंगनवाड़ी केंद्रों के लगभग 3000 बच्चे इससे लाभान्वित होंगे।

- असम इंजीनियरिंग संस्थान में कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र भवन के लिए उपकरण और मशीनरी, फर्नीचर और ऑडियो–विजुअल सहायक उपकरण की स्थापना की गई, जिसकी परियोजना लागत ₹1.20 करोड़ है। यह क्षेत्र युवा तकनीकी पेशेवरों को विकसित करने में बहुत योगदान दे रहा है। संस्थान में एक कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र भी बनाया गया है जो संस्थान को इस क्षेत्र में और अधिक प्रभावी ढंग से योगदान करने के लिए सशक्त बनाएगा।

- तमिलनाडु राज्य में 08 सरकारी दृष्टिहीन विद्यालयों के लिए 80 एनी डिवाइस खरीदने के लिए सहायता प्रदान किया गया, जिसकी परियोजना लागत ₹0.74 करोड़ है। 08 सरकारी दृष्टिहीन विद्यालयों में पढ़ने वाले लगभग 454 दिव्यांग छात्र इस एनी डिवाइस से लाभान्वित होंगे।



- बीकानेर जिले में आंगनवाड़ी के छात्रों के लिए वीडियो कक्षाओं की सुविधा के लिए ₹1.85 करोड़ की परियोजना लागत से 500 स्मार्ट टेलीविजन उपलब्ध कराया गया। आधुनिक शिक्षा प्रणाली में, बच्चों में रटने के दबाव को दूर करना एक अंतर्निहित आवश्यकता है। इस आवश्यकता को पूरा करने के लिए, ऑडियो–विजुअल सुविधाएं जैसे समाधान हैं जिनकी मदद से हम वास्तविक दुनिया के उदाहरणों के साथ पाठ्यक्रमों को जीवंत बना सकते हैं। यह छात्रों को शिक्षकों के साथ सीखने में सहायता देते हैं।



जीआरआई सूचकांक

प्रकटिकरण	प्रकटीकरण का शीर्षक	रिपोर्टिंग खंड/स्पष्टीकरण	पृष्ठ संख्या
जीआरआई 2: सामान्य प्रकटीकरण			
2-1	संगठनात्मक विवरण	कॉर्पोरेट सूचना	5
2-2	संगठन की संधारणीयता रिपोर्टिंग में शामिल संस्थाएँ	रिपोर्ट के बारे में	7
2-3	रिपोर्टिंग अवधि, आवृत्ति और संपर्क बिंदु	रिपोर्ट के बारे में	6
2-5	बाह्य आश्वासन	रिपोर्ट के बारे में	7
2-6	कार्यकलाप, मूल्य श्रृंखला और अन्य व्यावसायिक संबंध	मूल्य सृजन का इतिहास, मूल्य सृजन मॉडल; व्यवसाय पोर्टफोलियो	32-35
2-7	कर्मचारी	मानव पूंजी; बीआरएसआर	110, 230
2-8	कार्यकर्ता जो कर्मचारी नहीं हैं	मानव पूंजी; बीआरएसआर	110, 230
2-9	शासन संरचना और संघटन	पावरग्रिड का निदेशक मंडल	59-61
2-10	सर्वोच्च शासन निकाय का नामांकन और चयन	निदेशक मंडल का नामांकन और चयन	62
2-11	सर्वोच्च शासन निकाय का अध्यक्ष	निदेशक मंडल का नामांकन और चयन	62
2-12	प्रभावों के प्रबंधन की देखरेख में सर्वोच्च शासन निकाय की भूमिका	बोर्ड समितियों की भूमिकाएँ और जिम्मेदारियाँ, ईआरएम नीति और रूपरेखा, व्यवसाय निरंतरता और परिवर्तन प्रबंधन	62, 64, 65, 284-288
2-13	प्रभावों के प्रबंधन के लिए जिम्मेदारी का प्रत्यायोजन	बोर्ड समितियों की भूमिकाएँ और जिम्मेदारियाँ, ईआरएम नीति और रूपरेखा, शासन और संरचना, व्यवसाय निरंतरता और परिवर्तन प्रबंधन	62, 64, 65, 284-288
2-14	संधारणीयत रिपोर्टिंग में सर्वोच्च शासन निकाय की भूमिका	ईएसजी शासन	45
2-15	हितों का टकराव	हितों के टकराव से बचना	64
2-16	गंभीर धारणाओं का संचार	हितधारक जुड़ाव	52-55
2-17	सर्वोच्च शासन निकाय का सामूहिक ज्ञान	पावरग्रिड के निदेशक मंडल, बोर्ड के विशेषज्ञ	58-61, 282
2-18	सर्वोच्च शासन निकाय के निष्पादन का मूल्यांकन	निदेशक मंडल का नामांकन और चयन	62, 287
2-19	पारिश्रमिक नीतियाँ	बोर्ड स्तरीय समितियाँ भूमिकाएँ और जिम्मेदारियाँ, अन्य शासन नीतियाँ	62, 64, 284-288
2-20	पारिश्रमिक निर्धारित करने की प्रक्रिया	बोर्ड स्तरीय समितियाँ भूमिकाएँ और जिम्मेदारियाँ, अन्य शासन नीतियाँ	62, 64, 287, 289
2-22	संधारणीय विकास रणनीति का विवरण	शेयरधारकों को अध्यक्ष का पत्र; बीआरएसआर	12-15, 241
2-23	नीति प्रतिबद्धताएँ	शासन ढाँचा, बीआरएसआर	63-65, 240
2-24	नीति प्रतिबद्धताओं को शामिल करना	शासन ढाँचा, अन्य शासन नीतियाँ; बीआरएसआर	63-65, 240
2-25	नकारात्मक प्रभावों को दूर करने की प्रक्रियाएँ	ईआरएम नीति और ढाँचा, हितधारक नियोजन; बीआरएसआर	63, 64, 52-55, 255
2-26	सलाह मांगने और विचार व्यक्त करने के लिए तंत्र	ईआरएम नीति और ढाँचा, हितधारक नियोजन; बीआरएसआर	63, 64, 52-55, 255
2-27	कानून और विनियमों का अनुपालन	रिपोर्टिंग सिद्धांत, बीआरएसआर	6
2-28	सदस्यता संघ	बीआरएसआर	266, 267
2-29	हितधारक जोड़ने के लिए दृष्टिकोण	हितधारक नियोजन; बीआरएसआर	52-55, 255
2-30	सामूहिक मोलभाव करार	मानवाधिकार	110, 111

प्रकटिकरण	प्रकटीकरण का शीर्षक	रिपोर्टिंग खंड / स्पष्टीकरण	पृष्ठ संख्या
जीआरआई 3: सामग्री विषय			
3-1	सामग्री विषयों को निर्धारित करने की प्रक्रिया	भौतिकत्व मूल्यांकनः दृष्टिकोण	56
3-2	सामग्री विषयों की सूची	भौतिकत्व विषय	57
3-3	सामग्री विषयों का प्रबंधन	भौतिकत्व मूल्यांकनः दृष्टिकोण	56, 57
जीआरआई 201: आर्थिक निष्पादन			
201-1	प्रत्यक्ष आर्थिक मूल्य सृजन और वितरण	वित्तीय निष्पादन	71
201-3	निर्धारित लाभ योजना दायित्व, कोई भी अन्य सेवानिवृत्ति योजना	आर्थिक कल्याण, बीआरएसआर	115, 249, 250
जीआरआई 202: बाजार उपस्थिति			
202-1	जेंडर के अनुसार मानक प्रवेश स्तर वेतन अनुपात	विविधता, समानता और समावेशन; आर्थिक कल्याण, बीआरएसआर	112, 115, 256
जीआरआई 203: अप्रत्यक्ष आर्थिक प्रभाव			
203-1	अवसंरचना निवेश और समर्थित सेवाएँ	वित्तीय निष्पादन	72
203-2	महत्वपूर्ण अप्रत्यक्ष आर्थिक प्रभाव	सामाजिक एवं संबंध पूंजी	121-132
जीआरआई 204: खरीद कार्यप्रणाली			
204-1	स्थानीय आपूर्तिकर्ताओं पर व्यय का अनुपात	जिम्मेदार स्रोत	83
जीआरआई 205: भ्रष्टाचार विरोधी			
205-1	भ्रष्टाचार के जोखिम के संबंध में संचालन का मूल्यांकन	रिश्वत विरोधी प्रबंधन प्रणाली; बीआरएसआर	64, 244
205-2	भ्रष्टाचार विरोधी नीतियों और प्रक्रियाओं से संबंधित संचार और प्रशिक्षण	रिश्वत विरोधी प्रबंधन प्रणाली	64
205-3	भ्रष्टाचार की पुष्ट घटनाएँ एवं की गई कार्रवाई	रिश्वत विरोधी प्रबंधन प्रणाली, बीआरएसआर	64, 244
जीआरआई 206: प्रतिस्पर्धा–विरोधी व्यवहार			
206-1	प्रतिस्पर्धा–विरोधी व्यवहार, विश्वासघात और एकाधिकार प्रथाओं के लिए कानूनी कार्रवाई	नैतिकता और आचार संहिता, बीआरएसआर	63, 267
जीआरआई 301: सामग्री			
301-1	वजन या आयतन के हिसाब से इस्तेमाल की जाने वाली सामग्री	जिम्मेदार सामग्री उपभोग	102
301-3	पुनः प्राप्त उत्पाद और उनकी पैकेजिंग सामग्री	प्लास्टिक अपशिष्ट	103
जीआरआई 302: ऊर्जा			
302-1	संगठन में ऊर्जा खपत	जिम्मेदार ऊर्जा प्रबंधन, बीआरएसआर	98, 258
302-2	संगठन के बाहर ऊर्जा की खपत	जिम्मेदार ऊर्जा प्रबंधन	98
302-3	ऊर्जा तीव्रता	बीआरएसआर	258
302-4	ऊर्जा खपत में कमी	जिम्मेदार ऊर्जा प्रबंधन	98
302-5	उत्पादों और सेवाओं की ऊर्जा आवश्यकताओं में कमी	जिम्मेदार ऊर्जा प्रबंधन	98
जीआरआई 303: जल			
303-1	स्रोत द्वारा जल निकासी	जल प्रबंधन, बीआरएसआर	101, 102, 259, 260
303-2	जल स्रोत जो जल निकासी से काफी प्रभावित हैं	जल प्रबंधन	101, 102

प्रकटिकरण	प्रकटीकरण का शीर्षक	रिपोर्टिंग खंड/स्पष्टीकरण	पृष्ठ संख्या
303-3	पुनर्चक्रित और पुनः उपयोग किया गया जल	जल प्रबंधन	101, 102
303-4	जल निस्सरण	जल प्रबंधन, बीआरएसआर	101, 102, 259, 260
303-5	जल की खपत	जल प्रबंधन, बीआरएसआर	101, 102, 259, 260
जीआरआई 304: जैव विविधता			
304-1	संरक्षित क्षेत्रों या संरक्षित क्षेत्रों के बाहर उच्च जैव विविधता मूल्य वाले क्षेत्रों में स्वामित्व वाली, पट्टे पर दी गई, प्रबंधित या निकटवर्ती परिचालन स्थलें	जैव प्रबंधन, बीआरएसआर	104, 105, 263-265
304-2	जैव विविधता पर कार्यकलाप, उत्पादों और सेवाओं का महत्वपूर्ण प्रभाव	जैव प्रबंधन	104, 105
304-3	पर्यावास संरक्षित या पुनर्स्थापित	जैव प्रबंधन	104, 105
304-4	आईयूसीएन रेड लिस्ट प्रजातियाँ और राष्ट्रीय संरक्षण सूची प्रजातियाँ जिनके पर्यावास परिचालन से प्रभावित क्षेत्रों में हैं	जैव प्रबंधन	104, 105
जीआरआई 305: उत्सर्जन			
305-1	प्रत्यक्ष (क्षेत्र 1) जी.एच.जी. उत्सर्जन	उत्सर्जन निम्नीकरण और प्रबंधन	99, 100, 261
305-2	अप्रत्यक्ष ऊर्जा (क्षेत्र 2) जी.एच.जी. उत्सर्जन	उत्सर्जन निम्नीकरण और प्रबंधन	99, 100, 261
305-4	जीएचजी उत्सर्जन तीव्रता	बीआरएसआर	261
305-5	जीएचजी उत्सर्जन में कमी	उत्सर्जन निम्नीकरण और प्रबंधन	99, 100
305-6	ओजोन–क्षयकारी पदार्थों (ओडीएस) का उत्सर्जन	बीआरएसआर	260
305-7	नाइट्रोजन ऑक्साइड (एनओएक्स), सल्फर ऑक्साइड (एसओएक्स) और अन्य महत्वपूर्ण वायु उत्सर्जन	बीआरएसआर	260
जीआरआई 306: उत्प्रवाह और अपशिष्ट			
306-1	अपशिष्ट उत्पादन और महत्वपूर्ण अपशिष्ट संबंधी प्रभाव	अपशिष्ट प्रबंधन, बीआरएसआर	102, 262, 263
306-2	महत्वपूर्ण अपशिष्ट संबंधी प्रभावों का प्रबंधन	अपशिष्ट प्रबंधन, बीआरएसआर	102, 262, 263
306-3	सृजित अपशिष्ट	अपशिष्ट प्रबंधन, बीआरएसआर	102, 262, 263
306-4	निपटान से हटाया गया अपशिष्ट	अपशिष्ट प्रबंधन, बीआरएसआर	102, 262, 263
306-5	अपशिष्ट निपटान हेतु निर्देशित	अपशिष्ट प्रबंधन, बीआरएसआर	102, 262, 263
जीआरआई 308: आपूर्तिकर्ता पर्यावरण मूल्यांकन			
308-1	पर्यावरण मानदंडों का उपयोग करके जांचे गए नए आपूर्तिकर्ता	जिम्मेदार सोर्सिंग	83
जीआरआई 401: रोजगार			
401-1	नए कर्मचारियों की नियुक्ति और कर्मचारियों का कारोबार	प्रतिभा आकर्षण और प्रतिधारण; बीआरएसआर	114, 231
401-2	पूर्णकालिक कर्मचारियों को वे लाभ प्रदान किए जाते हैं जो अस्थायी या अंशकालिक कर्मचारी को नहीं प्रदान किए जाते हैं	सामाजिक कल्याण	115
401-3	पितृत्व अवकाश	सामाजिक कल्याण,बीआरएसआर	115, 248, 249

प्रकटिकरण	प्रकटीकरण का शीर्षक	रिपोर्टिंग खंड / स्पष्टीकरण	पृष्ठ संख्या
जीआरआई 402: श्रम / प्रबंधन संबंध			
402-1	परिचालनात्मक परिवर्तनों के बारे में न्यूनतम अवधि नोटिस	मानवाधिकार	110, 111
जीआरआई 403: व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा			
403-1	व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली	स्वास्थ्य और सुरक्षा	115, 116
403-2	खतरे की पहचान, जोखिम मूल्यांकन, और घटना की जांच	स्वास्थ्य और सुरक्षा	115, 116
403-3	व्यावसायिक स्वास्थ्य सेवाएँ	स्वास्थ्य और सुरक्षा	115, 116
403-4	व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा पर श्रमिक भागीदारी, परामर्श और संचार	स्वास्थ्य और सुरक्षा	115, 116
403-5	व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा पर कर्मचारी प्रशिक्षण	स्वास्थ्य और सुरक्षा	115, 116
403-6	कार्यकर्ता स्वास्थ्य को बढ़ावा देना	स्वास्थ्य और सुरक्षा	115, 116
403-7	व्यावसायिक संबंधों से सीधे जुड़े व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रभावों की रोकथाम और शमन	स्वास्थ्य और सुरक्षा	115, 116
403-8	व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली द्वारा कवर किए गए कर्मचारी	स्वास्थ्य और सुरक्षा	115, 116
403-9	कार्य से संबंधित चोटें	स्वास्थ्य और सुरक्षा,बीआरएसआर	115, 116, 253
403-10	कार्य–संबंधी अस्वस्थता	स्वास्थ्य और सुरक्षा, कर्मचारी कल्याण को बढ़ावा देना, बीआरएसआर	114, 115, 116, 253
जीआरआई 404: प्रशिक्षण और शिक्षा			
404-1	प्रति कर्मचारी प्रति वर्ष प्रशिक्षण के औसत घंटे	प्रशिक्षण और कैरियर विकास	116
404-2	कर्मचारी कौशल और परिवर्तन सहायता कार्यक्रमों के उन्नयन के लिए कार्यक्रम	प्रशिक्षण और कैरियर विकास	116
404-3	नियमित निष्पादन और नौकरी संबंधी विकास समीक्षा प्राप्त करने वाले कर्मचारियों का प्रतिशत	बीआरएसआर	252
जीआरआई 405: विविधता और समान अवसर			
405-1	शासन निकायों और कर्मचारियों की विविधता	बोर्ड विविधता; विविधता समानता और समावेशन	62
405-2	पुरुषों की तुलना में महिलाओं के मूल वेतन और पारिश्रमिक का अनुपात	विविधता, समानता और समावेशन	112
जीआरआई 406: गैर–भेदभाव			
406-1	भेदभाव की घटनाएँ और सुधारात्मक कार्रवाई	बीआरएसआर	257
जीआरआई 407: संगठन और सामूहिक मोलभाव की स्वतंत्रता			
407-1	संचालन और आपूर्तिकर्ता जिनमें संगठन की स्वतंत्रता और सामूहिक मोलभाव का अधिकार खतरे में पड़ सकता है	मानवाधिकार	110, 111
जीआरआई 408: बाल श्रम			
408-1	बाल श्रम की घटनाओं के लिए संचालन और आपूर्तिकर्ताओं पर महत्वपूर्ण जोखिम	मानवाधिकार	110, 111
जीआरआई 409: बलपूर्वक या अनिवार्य श्रम			
409-1	बलपूर्वक या अनिवार्य श्रम की घटनाओं के लिए संचालन और आपूर्तिकर्ताओं पर महत्वपूर्ण जोखिम	मानवाधिकार	110, 111

प्रकटिकरण	प्रकटीकरण का शीर्षक	रिपोर्टिंग खंड/स्पष्टीकरण	पृष्ठ संख्या
जीआरआई. 411: देशी लोगों के अधिकार			
411-1	स्वदेशी लोगों के अधिकारों के उल्लंघन से जुड़ी घटनाएँ	मानवाधिकार	110, 111
जीआरआई 412: मानवाधिकार मूल्यांकन			
412-1	मानवाधिकार समीक्षा या प्रभाव आकलन के अधीन आने वाले संचालन	मानवाधिकार	110, 111
412-2	मानवाधिकार नीतियों या प्रक्रियाओं पर कर्मचारी प्रशिक्षण	मानवाधिकार; बीआरएसआर	110, 111, 255
जीआरआई. 413: स्थानीय समुदाय			
413-2	स्थानीय समुदायों पर महत्वपूर्ण वास्तविक और संभावित नकारात्मक प्रभाव डालने वाले ऑपरेशन	हितधारक सहभागिता, बीआरएसआर	52-55, 255
जीआरआई 414: आपूर्तिकर्ता सामाजिक मूल्यांकन			
414-1	नए आपूर्तिकर्ता जिनकी सामाजिक मानदंडों के आधार पर जांच की गई	जिम्मेदार सोर्सिंग	83
जीआरआई 416: ग्राहक स्वास्थ्य और सुरक्षा			
416-1	उत्पाद और सेवा श्रेणियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रभावों का आकलन	स्वास्थ्य और सुरक्षा	115, 116
416-2	उत्पादों और सेवाओं के स्वास्थ्य और सुरक्षा पर पड़ने वाले प्रभावों से संबंधित गैर–अनुपालन की घटनाएँ	स्वास्थ्य और सुरक्षा; बीआरएसआर	115, 116
जीआरआई 418: ग्राहक गोपनीयता			
418-1	ग्राहक गोपनीयता संबंधी उल्लंघन और ग्राहक के आकड़ों से संबंधित प्रमाणिक शिकायतें	डेटा गोपनीयता और साइबर सुरक्षा; बीआरएसआर	90, 91, 269
जीआरआई 419: सामाजिक–आर्थिक अनुपालन 2016			
419-1	सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में विधानों और विनियमों का अनुपालन न करना	रिपोर्ट से संबंधित; सीएसआर; बीआरएसआर	6-7, 266

Independent Assurance Statement on Non-Financial Reporting

Grant Thornton Bharat LLP
(formerly Grant Thornton India LLP)
Plot No. 19A, 2nd floor,
Sector - 16A,
Noida - 201 301
Uttar Pradesh, India

T +91 120 485 5900
F +91 120 485 5902

Independent Practitioner's reasonable assurance on non-financial Information pertaining to core indicators of Business Responsibility and Sustainability Report ("BRSR Core Information") and limited assurance on identified non-financial information pertaining to non-core indicators ("BRSR non-core") contained in Business Responsibility and Sustainability Report ("BRSR") and limited assurance on identified non-financial information, other than information contained in BRSR, contained in Integrated Annual Report of the Company for the FY 2023-24

To

The Board of Directors

Power Grid Corporation of India Limited

Saudamini,

Plot No. 2, Sector-29, Gurgaon,

Gurgaon, HARYANA-122001, India

We have been engaged to perform assurance engagement for Power Grid Corporation of India Limited ('the Company') as per the Terms of the Assurance plan dated 21 July 2024 read with GeM Contract no. GEMC-511687705303028 dated 4 July 2024 and terms of reference for engagement of consulting agency for Assurance Certification of POWERGRID's BRSR / Integrated Report FY 2023-24, issued by Power Grid Corporation of India Limited ("the Company") to provide reasonable assurance on non-financial information pertaining to core indicators of Business Responsibility and Sustainability Report ("BRSR Core Information" / "Subject Matter 1") and limited assurance on identified non-financial information pertaining to non-core indicators ("BRSR non-Core" / " Subject Matter 2") contained in BRSR of the Company for the financial year 31 March 2024, and limited assurance on the identified non-financial information, other than information contained in BRSR, ("Subject Matter 3") contained in Integrated Annual report of the Company for the financial year ended 31 March 2024 ('Subject Matter 1, Subject Matter 2 and Subject Matter 3 together referred as "Identified Sustainability Information") prepared by management in accordance with the Criteria stated below.

Identified Sustainability Information

The Identified Sustainability Information included in the BRSR and the Integrated Annual Report of the Company for the financial year ended 31 March 2024.

Member firm of Grant Thornton International Ltd.
Grant Thornton Bharat LLP is registered with limited liability with identity number AAA-7677 and has its registered office at L-41, Connaught Circus, Outer Circle, New Delhi - 110001.
Offices in Ahmedabad, Bengaluru, Chandigarh, Chennai, Dehradun, Goa, Gurugram, Hyderabad, Kolkata, Kochi, Mumbai, New Delhi, Noida and Pune

www.grantthornton.in

Grant Thornton

#GTBharat SHAPING VIBRANT INDIA

The non-financial information pertaining to core indicators of BRSR for the financial year ended 31 March 2024 (Subject Matter 1) is summarised below:

Attribute	Principle	Key Performance Indicator
Energy footprint	Principle 6 – 1	• Total energy consumption (in Joules or multiples) and energy intensity • % of energy consumed from renewable sources • Energy intensity
Water footprint	Principle 6 – 3	• Total water consumption • Water consumption intensity
	Principle 6 – 4	• Water Discharge by destination and levels of treatment
Greenhouse (GHG) footprint	Principle 6 – 7	• Greenhouse gas emissions (Scope 1 and Scope 2 emissions) & its intensity
Embracing circularity - details related to waste management by the entity	Principle 6 – 9	• Details related to waste generated by the entity (category wise) • Waste intensity • Each category of waste generated, total waste recovered through recycling, re-using or other recovery operations. • For each category of waste generated, total waste disposed by nature of disposal method
Enhancing Employee Wellbeing and Safety	Principle 3 – 1(c)	Spending on measures towards well-being of employees and workers (including permanent and other than permanent)
	Principle 3 – 11	Safety related incidents: • Lost Time Injury Frequency Rate (LTIFR) (per one million-person hours worked) • Total recordable work-related injuries • No. of fatalities • High consequence work-related injury or ill-health (excluding fatalities)
Enabling Gender Diversity in Business	Principle 5 – 3(b)	Gross wages paid to females as % of total wages paid by the entity
	Principle 5 – 7	Complaints filed under the Sexual Harassment of Women at Workplace (Prevention, Prohibition and Redressal) Act, 2013
Enabling Inclusive Development	Principle 8 – 4	Percentage of input material (inputs to total inputs by value) sourced from suppliers
	Principle 8 – 5	Job creation in smaller towns – Wages paid to persons employed (including employees or workers employed on a permanent or non-permanent / on contract basis) in the locations, as % of total wage cost

Attribute	Principle	Key Performance Indicator
Fairness in Engaging with Customers and Suppliers	Principle 1 – 8	Number of days of accounts payables
	Principle 9 – 7	Instances involving loss / breach of data of customers as a percentage of total data breaches or cyber security events
Open-ness of business	Principle 1 – 9	Details of concentration of purchases and sales with trading houses, dealers, and related parties along-with loans and advances & investments, with related parties

The identified non-financial information pertaining to non-core indicators of (BRSR) ("Subject Matter 2") for the financial year ended 31 March 2024 is summarized below:

Indicator	Key Performance Indicator
Section C: Principle 1 Essential Indicator 2	Details of fines / penalties /punishment/ award/ compounding fees/ settlement amount paid in proceedings (by the entity or by directors / KMPs) with regulators/ law enforcement agencies/ judicial institutions
Section C: Principle 1 Essential Indicator 5	Number of Directors/KMPs/employees/workers against whom disciplinary action was taken by any law enforcement agency for the charges of bribery/ corruption
Section C: Principle 1 Essential Indicator 6	Details of complaints with regard to conflict of interest
Section C: Principle 2 Essential Indicator 1	Percentage of R&D and capital expenditure (capex) investments in specific technologies to improve the environmental and social impacts of product and processes to total R&D and capex investments made by the entity
Section C: Principle 3 Essential Indicator 1(a) and 1(b)	1(a) Details of measures for the well-being of employees 1(b) Details of measures for the well-being of workers
Section C: Principle 3 Essential Indicator 5	Return to work and Retention rates of permanent employees and workers that took parental leave.
Section C: Principle 3 Essential Indicator 9	Details of performance and career development reviews of employees and worker
Section C: Principle 3 Essential Indicator 13	Number of Complaints on the following made by employees and workers: • Working Conditions • Health & Safety
Section C: Principle 5 Essential Indicator (2) & (3a)	• Details of minimum wages paid to employees and workers, • Median remuneration / wages of male and female
Section C: Principle 5 Essential Indicator 6	Number of Complaints on the following made by employees and workers, on: • Sexual Harassment • Discrimination at workplace • Child labour • Forced labour / Involuntary labour • Wages • Other human rights related issues

Indicator	Key Performance Indicator
Section C: Principle 6 Essential Indicator 11	Operations/offices in/around ecologically sensitive areas (such as national parks, wildlife sanctuaries, biosphere reserves, wetlands, biodiversity hotspots, forests, coastal regulation zones etc.) where environmental approvals / clearances are required.
Section C: Principle 7 Essential Indicator 1	a) Number of affiliations with trade and industry chambers/ associations b) Top 10 trade and industry chambers/ associations (determined based on the total members of such body) the entity is a member of/ affiliated to. Operations/offices in/around ecologically sensitive areas (such as national parks, wildlife sanctuaries, biosphere reserves, wetlands, biodiversity hotspots, forests, coastal regulation zones etc.) where environmental approvals / clearances are required
Section C: Principle 9 Essential Indicator 3	Number of consumer complaints in respect of the following: • Data Privacy • Advertising • Cyber-security • Delivery of essential services • Restrictive trade practices • Unfair Trade Practices

The identified non-financial information, other than information contained in BRSR, for the financial year ended 31 March 2024 ("Subject Matter 3") is summarised below:

Series	Material Issue	GRI	Key Performance Indicator
GRI – 200 Economic	201 – Economic Performance 2016	201 – 1	Direct economic value generated and distributed.
	203 – Indirect Economic Impacts 2016	203 – 1	Infrastructure investments and services supported
	204 – Procurement Practices 2016	204 – 1	Proportion of spending on local suppliers
	205 – Anti-corruption 2016	205 – 1	Operations assessed for risks related to corruption
	206 – Anti-competitive Behavior 2016	206 – 1	Legal actions for anti-competitive behavior, anti-trust, and monopoly practices
GRI – 300 Environment	302 – Energy 2016	302 – 1	Energy consumption within the organization
		302 – 3	Energy intensity
	303 – Water and Effluents 2018	303 – 3	Water withdrawal
		303 – 4	Water discharge
		303 – 5	Water consumption
		305 – 1	Direct (Scope 1) GHG emissions

Grant Thornton

#GTBharat SHAPING VIBRANT INDIA

Series	Material Issue	GRI	Key Performance Indicator
	305 – Emissions 2016	305 – 2	Indirect (Scope 2) GHG emissions
		305 – 4	GHG emissions intensity
	306 – Waste 2020	306 – 3	Waste generated
		306 – 4	Waste diverted from disposal
		306 – 5	Waste directed to disposal
GRI – 400 Social	401 – Employment 2016	401 – 1	New employee hires and employee turnover
		401 – 3	Parental leave
	403 – Occupational Health and Safety 2018	403 – 9	Work – related injuries
		403 – 10	Work – related ill health
	404 – Training and Education 2016	404 – 3	Percentage of employees receiving regular performance and career development reviews
	405 – Diversity and Equal Opportunity 2016	405 – 2	Ratio of basic salary and remuneration of women to men
आपकी कंपनी ने दूरसंचार और डिजिटल प्रौद्योगिकी व्यापार शुरू करने के लिए दिनांक 25 नवंबर, 2021 को पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी 'पॉवरग्रिड टेलीसर्विसेज लिमिटेड' (पॉवरटेल) को निगमत किया था। पावरटेल ने दूरसंचार विभाग (डीओटी) से राष्ट्रीय लंबी दूरी (एनएलडी), इंटरनेट सेवा प्रदाता (आईएसपी–क) और अंतर्राष्ट्रीय लंबी दूरी (आईएलडी) के लिए सेवा प्राधिकरणों के साथ एकीकृत लाइसेंस प्राप्त किया है। आपकी कंपनी का दूरसंचार व्यापार 01 अक्टूबर, 2023 से पावरटेल को हस्तांतरित कर दिया गया है।

पावरटेल अपने अखिल भारतीय उच्च क्षमता वाले नेटवर्क के साथ देश के सभी हिस्सों में पॉइंट–टू–पॉइंट लीज्ड लाइन सेवाएं, इंटरनेट लीज्ड लाइन, टावर सह–अवस्थिति, एमपीएलएस आधारित आईपी–वीपीएन, एसडी–डब्ल्यूएएन, डीडीओएस आदि जैसी राष्ट्रव्यापी सेवाएं प्रदान कर रहा है। 1,00,000 किमी से अधिक के अपने नेटवर्क सहित पावरटेल भारत के सभी महत्वपूर्ण शहरों/कस्बों और महानगरों को शामिल करते हुए 3000 से अधिक स्थानों पर मौजूद है। वर्ष के दौरान टेलीकॉम बैकबोन की उपलब्धता 100% थी। वित्त वर्ष 2023–24 में दूरसंचार व्यापर से ₹822 करोड़ का राजस्व जुटाया गया था।



पिछले कुछ वर्षों में पॉवरटेल द्वारा की गई प्रमुख उपलब्धियाँ/ नई पहल निम्नानुसार हैं:



- मेघालय राज्य में दूरसंचार संबंधी संपर्क को सुदृढ़ करने के लिए दिनांक 02 मार्च, 2024 को मेघालय राज्य के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- जी–20 शिखर सम्मेलन के दौरान, दूरसंचार विभाग के साथ घनिष्ठ समन्वय में, शिखर सम्मेलन के दौरान विभिन्न सरकारी और निजी पोर्टलों को लक्षित करने वाले कई साइबर हमलों को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और 250 से अधिक दुर्भावनापूर्ण साइटों को सफलतापूर्वक अवरुद्ध किया और कई डीडीओएस साइबर हमलों को कम किया।



- पावरग्रिड बोर्ड ने "पावरग्रिड टेलीकॉम को आंकड़े संबंधी केन्द्र व्यापार में विस्तारित करने और मानेसर में पायलट आंकड़ा केन्द्र स्थापित करने" के लिए अनुमोदन दे दी है। केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग (सीईआरसी) ने दिनांक 30 नवंबर, 2022 को पावरटेल के माध्यम से मानेसर में आंकड़ा केन्द्र (डीसी) स्थापित करने की अनुमति दी और यह अब कार्यान्वयनाधीन है।
- देश भर में 15 उप–केन्द्र स्थानों पर आंकड़ा केन्द्र स्थापित करने के लिए दिनांक 27 मार्च, 2024 को सीईआरसी से अनुमति प्राप्त हुई। ग्राहकों की आवश्यकता और व्यावसायिक अनुभव के आधार पर, इन स्थानों पर आंकड़ा केन्द्र स्थापित करने की संभावना तलाशी जाएगी।
- नेपाल और बांग्लादेश को दूरसंचार संपर्क प्रदान करने के लिए क्रमशः मुजफ्फरपुर (बिहार) और बेहरामपुर (पश्चिम बंगाल) में अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार गेटवे स्थापित किए गए।
- मिशन महत्वपूर्ण दूरसंचार लिंक प्रदान करने और निगरानी करने अर्थात जिसके माध्यम से चंद्रयान 3 मिशन को सहायता प्रदान की गई थी, में उच्च स्तर की उत्कृष्टता के लिए इसरो से प्रशंसा प्राप्त करने पर कंपनी को गर्व है।

8.2. परामर्श सेवाएँ

आपकी कंपनी, जो वैश्विक स्तर पर सबसे बड़ी विद्युत पारेषण उपयोगिताओं में से अन्यतम कंपनी है, ने भारत और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विद्युत पारेषण परियोजनाओं, उप–संचरण प्रणालियों, वितरण प्रबंधन, लोड डिस्पैच और संचार सहित मुख्य क्षेत्रों में अपनी विशेषज्ञता विकसित की है। इस व्यापक अनुभव का लाभ उठाते हुए, कंपनी ने घरेलू और विदेशी स्तर पर कई ग्राहकों को परामर्श सेवाएँ प्रदान की हैं। इस वर्ष, परामर्श खंड ने ₹553 करोड़ का प्रचालन राजस्व जुटाया है।

क) घरेलू बाजार

आपकी कंपनी ने भारत सरकार की कतिपय प्रमुख परियोजनाओं को परामर्श कार्य के रूप में क्रियान्वित की है, इनमें मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, त्रिपुरा, नागालैंड और असम में अंतर–राज्यीय पारेषण और वितरण प्रणाली नामतः 'एनईआर पावर प्रणाली इम्प्रूवमेंट प्रोजेक्ट' (एनईआरपीएसआईपी) (33 केवी और उससे अधिक), अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में पारेषण और वितरण को सुदृढ़ करने के लिए 'व्यापक योजना' और प्रधानमंत्री विकास पैकेज 2015 (पीएमडीपी–15) को सुदृढ़ करना शामिल है।



कंपनी मध्य, पूर्व मध्य, दक्षिण–पश्चिमी और दक्षिण–पूर्व–मध्य रेलवे क्षेत्रों में अविद्युतीकृत रेलवे पटरियों के विद्युतीकरण के लिए भारतीय रेलवे और भारतमाला परियोजना में एनएचएआई को परामर्श सेवाएं भी प्रदान कर रही है।

आपकी कंपनी वर्तमान में पारेषण और उप पारेषण, डिजाइन और इंजीनियरिंग, ईवी चार्जिंग, नवीकरणीय आदि सहित विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 79 घरेलू परामर्श कार्य कर रही है। वर्ष के दौरान, आपकी कंपनी को 21 नए घरेलू परामर्श कार्य प्राप्त हुए।

कुछ प्रमुख परामर्श कार्यों में निम्नलिखित शामिल हैं:

- यूपीपीटीसीएल के ईएचवी उप–केन्द्रों के दूरस्थ संचालन के लिए राज्यिक पारेषण परिसंपत्ति प्रबंधन प्रणाली (एसटीएएमएस) की स्थापना के लिए परामर्श सेवाएं प्रदान करने हेतु यूपीपीटीसीएल के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- भारत सरकार के प्रमुख कार्यक्रम रिवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) के अंतर्गत वितरण कार्यों में होने वाली हानि को कम करने के लिए केपीडीसीएल, जेपीडीसीएल और एलपीडीडी के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।



- निम्नलिखित कार्य के लिए एमएसईटीसीएल को परामर्श सेवाएं
  - ±500 केवी चंद्रपुर–पड़घे एचवीडीसी बाइपोल लिंक के मौजूदा एचवीडीसी नियंत्रण एवं सुरक्षा प्रणाली को नियंत्रण एवं सुरक्षा प्रणाली के उपयुक्त संस्करण का उन्नयन।
  - अंजुर में एमएसईटीसीएल के ±500 केवी चंद्रपुर–पड़घे एचवीडीसी लिंक के अर्थ इलेक्ट्रोड केन्द्र को पुनः स्थापित करना।
- 500 एमवीए, 400 केवी ऑटो ट्रांसफॉर्मर की 1 इकाई के डिजाइन/ड्राइंग समीक्षा, अनुमोदन, विनिर्माण प्रक्रिया निरीक्षण, चरण निरीक्षण, नियमित एवं टाइप टेस्ट (डायनेमिक शॉर्ट सर्किट टेस्ट) की निगरानी करने के लिए सीजी पावर एंड इंडस्ट्रियल सॉल्यूशन लिमिटेड (सीजीएल) को परामर्श सेवाएं।
- 500 एमवीए 400/220/33 केवी थ्री फेज आईसीटी के लिए समीक्षा, ड्राइंग/एमक्यूपी अनुमोदन, रूटीन परीक्षण, टाइप टेस्ट और शॉर्ट सर्किट टेस्ट की निगरानी करने के लिए मेसर्स जीई टीएंडडी इंडिया लिमिटेड को परामर्श सेवाएं।
- ज़ोजिला ईस्ट पोर्टल लोकेशन पर 2x25 एमवीए, 66/11 केवी, उप–केन्द्र के निर्माण और 220/66 केवी ड्रास उप–केन्द्र से 66/11 केबी ज़ोजिला ईस्ट पोर्टल अवस्थिति उप–केन्द्र तक 66 केवी डी/सी लाइन के साथ–साथ 66 केवी भूमिगत केबल कार्य के लिए एनएचआईडीसीएल को परामर्श सेवाएँ।
- नीलगर में 50 एनवीए 220/33 केवी नीलगर उप–केन्द्र के निर्माण और वेस्ट पोर्टल स्थान पर एसएलटीएस के सर्किट के एलआईएलओ के लिए एनएचआईडीसीएल को परामर्श सेवाएँ।

- 1000 मेगावाट पाकल दुल जल विद्युत परियोजना, 624 मेगावाट कीरू जल विद्युत परियोजना और 540 मेगावाट क्वार जल विद्युत परियोजना के पॉट हेड यार्ड से किश्तवाड़ में प्रस्तावित पूलिंग केन्द्र तक 400 केवी समर्पित पारेषण लाइन बिछाने के लिए सीवीपीपीएल को परामर्श सेवाएँ।

ख) अंतर्राष्ट्रीय बाजार

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर दिनांक 31 मार्च, 2024 तक की स्थिति के अनुसार, आपकी कंपनी की 23 देशों में पहुंच है। आपकी कंपनी वर्तमान में लगभग 19 अंतर्राष्ट्रीय परामर्श कार्य निष्पादित कर रही है। वर्ष के दौरान, आपकी कंपनी ने 9 नए अंतर्राष्ट्रीय परामर्श कार्य प्राप्त किए।

केन्या पूर्वी अफ्रीकी बाजार के लिए रणनीतिक प्रवेश द्वार है और क्षेत्रीय एकीकरण को आगे बढ़ाने में प्रमुख प्लेयर है। केन्या में पारेषण परियोजना के विकास के लिए निजी तौर पर शुरू किया गया प्रस्ताव (पीआईपी) आपकी कंपनी द्वारा अफ्रीका–50 के साथ संयुक्त उद्यम में प्रस्तुत किया गया है, इसके बाद केन्या में 400 केवी और 220 केवी पारेषण प्रणाली के कार्यान्वयन के लिए परियोजना विकास रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है। 15 मई, 2024 को, आपकी कंपनी और अफ्रीका 50 को केट्राको, केन्या से बातचीत के लिए आगे बढ़ने की सूचना मिली। परियोजना की अनुमानित लागत 313 मिलियन अमेरिकी डॉलर है। आपकी कंपनी अन्य अफ्रीकी देशों (तंजानिया, मोजाम्बिक, गैबॉन गणराज्य, नाइजीरिया) में भी इसी तरह की रूपरेखा को दोहराने के लिए उपयुक्त अवसरों की तलाश कर रही है।

9. अंतर सीमा अंतर्संबंध

भारत, दक्षिण एशियाई क्षेत्र में केंद्रीय स्थान पर स्थित होने के कारण, क्षेत्रीय ऊर्जा संसाधनों के इष्टतम उपयोग के साथ–साथ देशों के बीच चरम मांग में विविधता के कारण बेहतर क्षमता उपयोग के लिए दक्षिण एशिया, दक्षिण पूर्व एशिया और मध्य पूर्व में विभिन्न पड़ोसी देशों, अर्थात् नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, श्रीलंका, म्यांमार, मालदीव, ओमान, यूएई, सऊदी अरब और सिंगापुर के साथ अंतर सीमा अंतर्संबंध की स्थापना और योजना बनाने में प्रमुख भूमिका निभा रहा है।

अंतर सीमा अंतर्संबंध के माध्यम से भारत और पड़ोसी देशों के बीच वर्तमान संचयी विद्युत हस्तांतरण लगभग 4,745 मेगावाट है। नेपाल के साथ अतिरिक्त पारेषण इंटरकनेक्शन अर्थात गोरखपुर (भारत) से नई बुटवल (नेपाल) तक 400 केवी डी/सी (क्वाड) पारेषण लाइन कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में है।





10. गुणवत्तापूर्ण प्रबंधन

आपकी कंपनी ने सार्वजनिक रूप से उपलब्ध विनिर्देश, पीएएस 99:2012 के अनुरूप प्रणाली और प्रक्रियाएं स्थापित की है और इसे बनाए रखी हैं, साथ ही आईएसओ 9001:2015 (गुणवत्तापूर्ण प्रबंधन प्रणाली), आईएसओ 14001:2015 (पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली), और ेप 45001:20 18 (व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली) के मानकों को भी पूरा किया है।

वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान एकीकृत प्रबंधन प्रणाली (आईएमएस) का बाह्य निगरानी लेखा–परीक्षा बिना किसी गैर–अनुरूपता के सफलतापूर्वक पूरा किया गया। सामाजिक उत्तरदायित्व मानक, एसए 8000:2014 का पुनः प्रमाणन बाह्य एजेंसी द्वारा दिनांक 31 मई, 2023 को प्रदान किया गया, और कंपनी के सभी प्रतिष्ठानों को सामाजिक उत्तरदायित्व मानक सहित प्रमाणित किया गया है।

गुणवत्तापूर्ण प्रबंधन के क्षेत्र में की गई विभिन्न पहल निम्नानुसार हैं:

- वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान कुल 16,283 निरीक्षण कॉल में भाग लिया गया।
- एमएसएमई निर्माताओं को नवीन और गुणवत्तापूर्ण उत्पादों की आपूर्ति के लिए प्रोत्साहित करने और उसे विकसित करने तथा आत्मनिर्भर भारत/मेक इन इंडिया को बढ़ावा देने के लिए, वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान, 83 नए विक्रेता जोड़े गए (जिनमें से 31 सूक्ष्म/लघु उद्यम हैं)।
- कंपनी में पंजीकरण के लिए आवेदन करने वाले नए निर्माताओं का अनुमोदन से पहले मूल्यांकन किया गया। मूल्यांकन के दौरान यह ध्यान दिया गया कि लेखापरीक्षा टिप्पणियों, यदि कोई हो, का अनुपालन निर्माताओं द्वारा शत–प्रतिशत किया गया।

- प्रमुख गुणवत्तापूर्ण मुद्दों को सुधारने के लिए निर्माताओं के साथ बैठकें और चर्चाएँ की गईं। वित्त वर्ष 24 के दौरान ज्ञान साझा करने के लिए आंतरिक गुणवत्तापूर्ण बैठकें भी आयोजित की गईं।
- कंपनी के साथ पंजीकृत सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को विभिन्न तरीकों से शून्य दोष शून्य प्रभाव (जेडईडी) कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया।
- नए विक्रेता को प्रोत्साहित करने और उनका समर्थन करने के लिए, ऑनलाइन विक्रेता पंजीकरण प्रक्रिया का विकास और इसके संस्करण 2.0 की शुरूआत की गई।

11. अनुसंधान और विकास (आरएंडडी) और नवोन्मेष पहल

नवीन प्रौद्योगिकियों के विकास के लिए अपने निरंतर प्रयास के प्रति मान्यता के रूप में, आपकी कंपनी को संधारणीयता के क्षेत्र में भारतीय पेटेंट कार्यालय, भारत सरकार द्वारा दो पेटेंट प्रदान किए गए हैं, अर्थात्:

- 'फील्ड प्रोग्रामेबल गेट एरे (एफपीजीए) आधारित माइक्रो–ग्रिड नियंत्रण और निगरानी प्रणाली' नामक आविष्कार के लिए पेटेंट (संख्या 448560)।
- 'थर्मल एनर्जी स्टोरेज (टीईएस) आधारित वातानुकूलित प्रणाली और इसे बनाने की विधि' नामक आविष्कार के लिए पेटेंट (सं. 516615)

यह मान्यता कंपनी की नवोन्मेषी भावना और स्वदेशी तकनीक को आगे बढ़ाने के प्रति दृढ़ समर्पण को दर्शाती है।

वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान, आपकी कंपनी ने अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) और नवोन्मेष पहलों पर **₹218.07** करोड़ व्यय की है

अनुसंधान एवं विकास के क्षेत्र में प्रमुख विकास निम्नानुसार हैं:

- आपकी कंपनी भारत की पहली 500 मेगावाट की अपतटीय पवन ऊर्जा निकासी प्रणाली के विकास की दिशा में आगे बढ़ रही है। इस दिशा में, कंपनी ने समुद्र विज्ञान विभाग, आईआईटी मद्रास के साथ सहयोग किया है। अपतटीय पवन ऊर्जा निकासी प्रणाली के लिए समुद्री सर्वेक्षण/अध्ययन करने के लिए राष्ट्रीय समुद्र विज्ञान संस्थान के साथ समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए गए हैं।
- पीएआरटीईसी, मानेसर में आरलन, स्वचालन और नियंत्रण प्रयोगशाला को आईईसी 61850 अनुरूपता परीक्षण करने के लिए प्रतिष्ठित **यूसीएएलयूजी प्रत्यायन** प्राप्त हुआ है। वैश्विक स्तर पर, पावरग्रिड यूसीएएलयूजी प्रत्यायन प्राप्त करने वाली दूसरी उपयोगिता है।
- 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया' पहलों के अनुरूप, आपकी कंपनी ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर के सहयोग से **उप–केन्द्र निरीक्षण रोबोट** विकसित किया है। रोबोट उप–केन्द्र में किसी भी महत्वपूर्ण घटक को किसी भी क्षति या विफलता को स्वतंत्र रूप से पहचानने और चिह्नित करने के लिए उन्नत विज़न प्रोसेसिंग और एआई/एमएल एल्गोरिदम का उपयोग करता है। एआई/एमएल अनुप्रयोगों को अपनाने से प्रक्रिया में मानवीय हस्तक्षेप से बचा जा सके और इससे निरीक्षण में व्यक्तिपरकता दूर हो जाती है।











- विभिन्न बे में कैपेसिटिव वोल्टेज ट्रांसफॉर्मर (सीवीटी) की कुशल स्थिति निगरानी के लिए, व्यापक समाधान सावधानीपूर्वक तैयार किया गया है, जिसमें आरएफ संचार के माध्यम से वास्तविक समय में दो सीवीटी के बीच वोल्टेज और आवृत्ति को सटीक रूप से मापने में सक्षम सिंक्रोनाइज्ड वोल्टमीटर की जोड़ी शामिल है। यह नवोन्मेष समाधान सीवीटी स्थिति निगरानी में बढ़ी हुई दक्षता और विश्वसनीयता को बढ़ाता है, जो प्रभावी अनुरक्षण संबंधी रणनीतियों के लिए व्यापक अंतर्दृष्टि प्रदान करता है।
- आपकी कंपनी आईआईटी कानपुर के सहयोग से **सुपर–हाइड्रोफोबिक कोटिंग इंसुलेटर** के विकास का कार्य कर रही है, जो इसके निष्पादन को बेहतर करेगा और अनुरक्षण को कम करेगा। रिसाव धाराओं में निरंतर कमी से आर्किंग और फ्लैशओवर के लिए बेहतर सुरक्षा का लाभ उठाया जाएगा।
- आपकी कंपनी ने **800 केवी और 420 केवी रेजिन इंप्रेगनेटेड पेपर (आरआईपी) बुशिंग के विकास** में सहायता की है। इस संबंध में, औरंगाबाद सबस्टेशन पर 800 केवी और 420 केवी आरआईपी बुशिंग का विकास और आपूर्ति सफलतापूर्वक पूरी हो गई है, साथ ही थिरुवलम सबस्टेशन पर 800 केवी आरआईपी बुशिंग भी पूरी हो गई है। इन उन्नत प्रौद्योगिकी बुशिंग से आग लगने की संभावना कम होने और स्विचयार्ड में आस–पास के उपकरणों पर कम से कम प्रभाव पड़ने की उम्मीद है।
- विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में 400 केवी और 765 केवी एसी पारेषण लाइनों की संख्या 23 पर इलेक्ट्रो–मैग्नेटिक क्षेत्र के व्यापक मौसमी मापन किए गए और इसके परिणाम पावरग्रिड की इंटरनेट वेबसाइट के माध्यम से सार्वजनिक किए गए। मापों से यह पता चला है कि ईएमएफ स्तर अंतरराष्ट्रीय दिशानिर्देशों द्वारा निर्धारित सीमाओं के भीतर ही हैं। इससे यह दर्शाता है कि पारेषण लाइनें जनता और पर्यावरण के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान रखते हुए सुरक्षित और अनुपालन तरीके से काम कर रही हैं।
- भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरू में साइबर सुरक्षा में पावरग्रिड उत्कृष्टता केंद्र, पारेषण और ग्रिड संचालन में साइबर सुरक्षा पहलुओं के निरंतर अनुसंधान, निगरानी, विकास और निष्पादन की सुविधा प्रदान कर रही है।
- विद्युत प्रणाली सिमुलेशन अध्ययन के क्षेत्र में, पावरग्रिड ने पिछले वर्ष में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करते हुए प्रगति की है, जिसने विद्युत प्रणाली क्षेत्र में नए मानक स्थापित किए हैं अर्थात पीएससीएडी और पीएसएस/ई सॉफ्टवेयर में परियोजना विशिष्ट वीएससी–स्टेटकॉम मॉडल का विकास, तथा प्रणाली में उपकरण विफलताओं/ट्रिपिंग के मूल कारण विश्लेषण का पता लगाने के लिए सिमुलेशन अध्ययन, जिससे प्रचालन निष्पादन प्रभावित हुआ है।
- पावरग्रिड एडवांस्ड रिसर्च एंड टेक्नोलॉजी सेंटर (पीएआरटीईसी) प्रयोगशाला के अंतर्गत विभिन्न प्रयोगशालाओं को परीक्षण क्षेत्र के लिए आईआसी 17025 मानक के अनुसार प्रतिष्ठित **एनएबीएल मान्यता** प्रदान की गई है। एनएबीएल प्रमाणपत्र प्राप्त करना गुणवत्ता और उत्कृष्टता के प्रति पावरग्रिड की प्रतिबद्धता को और अधिक रेखांकित करता है।
- नई दिल्ली में आयोजित भारत सुव्यवस्थित यूटिलिटी सप्ताह 2024 के दौरान, दो अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं ने प्रतिष्ठित भारत सुव्यवस्थित ग्रिड फोरम (आईएसजीएफ) नवोन्मेष पुरस्कार 2024 जीता है।



  - "सुव्यवस्थित टेक्नोलॉजी– इलेक्ट्रिसिटी ट्रांसमिशन" श्रेणी में परियोजना "पावर ट्रांसमिशन में भौगोलिक सूचना प्रणाली, रिमोट सेंसिंग और इमेज प्रोसेसिंग का अनुप्रयोग" करने के लिए डायमंड (प्रथम पुरस्कार) पुरस्कार जीता है।
  - "हाई वोल्टेज विद्युत सबस्टेशनों के निरीक्षण के लिए स्वायत्त रोबोटिक समाधान" परियोजना के लिए, "कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीनी शिक्षण और रोबोटिक समाधानों को अपनाना – उपयोगिता (सुव्यवस्थित बिजनेसमॉडल सहित)" श्रेणी में स्वर्ण (तृतीय पुरस्कार) पुरस्कार जीता है।

12. भारत सरकार की पहलों में भागीदारी

12.1. 'मेक इन इंडिया' का संवर्धन

आपकी कंपनी ने पारेषण प्रणाली के विकास और प्रचालन के लिए आवश्यक विभिन्न वस्तुओं के स्थानीयकरण को सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया है। विदेशी निर्माताओं को भारत में सुविधाएँ स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करके, कंपनी ने सरकार की मेक इन इंडिया पहल का समर्थन किया है। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप, पिछले कुछ वर्षों में कई विदेशी निर्माताओं ने भारत में नए संयंत्र और सुविधाएँ स्थापित की हैं, जो जीआईएस, ट्रांसफॉर्मर, रिएक्टर, एसटीएटीसीओएम और ओपीजीड्ब्लू जैसे उपकरण बनाते हैं। इससे विक्रेता का आधार विस्तार हुआ है और आपूर्ति श्रृंखला अधिक कुशल हुई है।

कंपनी मौजूदा विक्रेताओं को अपने उपकरणों को हाई वोल्टेज स्तरों पर उन्नयन करने और विक्रेता आधार बढ़ाने के लिए अपनी उत्पाद श्रृंखला का विस्तार करने के लिए भी प्रोत्साहित करती है।

इसके अतिरिक्त, कंपनी ने भारत सरकार की नीति के अनुरूप अपने खरीद क्षेत्रों में स्थानीय आपूर्तिकर्ताओं से सामान खरीदने पर ज़ोर दिया है। यह प्रतिबद्धता इस तथ्य से प्रदर्शित होती है कि, वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान, भारतीय विक्रेताओं को कुल ₹23,658 करोड़ (201 अनुबंध) निविदा अवार्ड दिए गए। कंपनी स्थानीय आपूर्तिकर्ताओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करके और मौजूदा विक्रेताओं की क्षमता को बढ़ाकर अपने घरेलू विक्रेता आधार के विकास को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रही है।

12.2. सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) का संवर्धन

एमएसएमई को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार के निर्देशों के अनुरूप, कंपनी ने समय–समय पर सरकार द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का अनुपालन की है। कंपनी ने निम्नलिखित तीनों उपलब्ध ट्रेड रिसीवेबल ई–डिस्काउंटिंग प्रणाली (टीआरईडीएस) प्लेटफॉर्म में पंजीकरण किया हैः (i) रिसीवेबल एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (आरएक्सआईएल) (एनएसई – एसआईडीबीआई जेवी), (ii) माइंड सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड (एमड1एक्सचेंज) और (iii) ए ट्रेड्स लिमिटेड (इनवॉइसमार्ट)। ट्रेड रिसीवेबल डिस्काउंटिंग प्रणाली (टीआरईडीएस) कई वित्त–प्रबंधक के माध्यम से सरकारी विभागों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) सहित कॉर्पोरेट और अन्य खरीदारों से व्यापार प्राप्तियों के वित्तपोषण की सुविधा के लिए मंच है।

कंपनी नियमित रूप से एमएसएमई आपूर्तिकर्ताओं को देश भर में कॉर्पोरेट केन्द्र और क्षेत्रीय प्रतिष्ठानों में आयोजित किए जा रहे विभिन्न विक्रेता विकास कार्यक्रमों (वीडीपी) के माध्यम से टीआरईडीएस प्लेटफार्मों पर ऑन–बोर्डिंग के लिए प्रोत्साहित कर रही है। आपकी कंपनी की संविदात्मक प्रावधान भी हैं कि एमएसएमई विक्रेता भुगतान के लिए टीआरईडीएस सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं।

भारत सरकार की सार्वजनिक खरीद नीति के अनुरूप सूक्ष्म और लघु उद्यमों (एमएसई) द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न उत्पादों और सेवाओं की खरीद के लिए कंपनी के बोली दस्तावेजों में उपयुक्त प्रावधान पहले ही शामिल किए जा चुके हैं। कंपनी ने नवंबर 2018 में इसके संशोधन के साथ पढ़ी गई सार्वजनिक खरीद नीति (आदेश 2012) के अनुरूप सूक्ष्म और लघु उद्यमों द्वारा प्रदान की जाने वाली उत्पादों और सेवाओं की कुल वार्षिक खरीद में से 25% की अनिवार्य खरीद के लक्ष्य को पार कर लिया है।

उक्त नीति के संदर्भ में, वित्तीय वर्ष 2023–24 के दौरान एमएसई (एससी/एसटी और महिला उद्यमियों के स्वामित्व वाले एमएसई सहित) द्वारा उत्पादित वस्तुओं और प्रदान की गई सेवाओं की वार्षिक खरीद का कुल पात्र मूल्य ₹2,518 करोड़ था। एमएसई (एससी/एसटी और महिला उद्यमियों के स्वामित्व वाले एमएसई सहित) से कुल खरीद ₹1,448.46 करोड़ (57.52%) थी। इसके अतिरिक्त, एससी/एसटी उद्यमियों के स्वामित्व वाले एमएसई की कुल खरीद ₹48.63 करोड़ (1.93%) और महिला उद्यमियों के स्वामित्व वाले एमएसई से ₹95.70 करोड़ (3.80%) है, जबकि एससी/एसटी और महिला उद्यमियों के स्वामित्व वाले एमएसई से क्रमशः 04% और 03% वार्षिक खरीद का उप–लक्ष्य रखा गया है। इस प्रकार, कंपनी एमएसई आदेश 2012 के लिए सार्वजनिक खरीद नीति और दिनांक 09 नवंबर, 2018 के अपनी संशोधन के अनुसार उप–लक्ष्य को पूरा कर रही है, जो अन्य बातों के साथ–साथ निर्देश देता है कि निविदा प्रक्रिया में ऐसे सूक्ष्म और लघु उद्यमों द्वारा भाग नहीं ले पाने की स्थिति में या निविदा आवश्यकताओं और एल 1 मूल्य को पूरा न कर पाने की स्थिति में, अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के उद्यमियों के स्वामित्व वाले सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए निर्धारित 4 प्रतिशत उप–लक्ष्य की खरीद को अन्य सूक्ष्म और लघु उद्यमों से पूरा किया जाएगा।

वित्त वर्ष 2023–24 में एमएसई से वार्षिक खरीद योजना www.powergrid.in पर अपलोड की गई है।

कंपनी ने संपूर्ण भारत में खरीद प्रक्रिया में एमएसई की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न उपाय किए हैं, जो निम्नानुसार हैं:

- **एमएसई को खरीद वरीयताः** एमएसई के दायरे में वस्तुओं और सेवाओं की सभी खरीद के लिए बोली दस्तावेजों में एससी/एसटी उद्यमियों के स्वामित्व वाले एमएसई से 4% और महिला उद्यमियों के स्वामित्व वाले एमएसई से 3% खरीद सहित एमएसई से 25% तक खरीद वरीयता के लिए प्रावधान शामिल किए गए हैं। विभाज्य पैकेजों के लिए, पैकेज मूल्य के 25% तक एमएसई को खरीद वरीयता दी जाती है और गैर–विभाज्य पैकेजों के लिए, पैकेज मूल्य के 100% के लिए सबसे कम एमएसई बोली लगाने वाले को खरीद वरीयता दी जाती है।
- **बोली शर्तों में छूटः** एमएसई को एमएसई के दायरे में वस्तुओं और सेवाओं की सभी तरह की खरीद में वित्तीय योग्यता मानदंडों


में छूट दी गई है। एमएसई की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए, ₹5 करोड़ से कम की वस्तुओं और सेवाओं की खरीद के लिए, एमएसई बोलीदाताओं को वित्तीय योग्यता मानदंडों में 100% छूट दी जाती है।

- **बयाना राशि जमा (ईएमडी) संबंधी छूटः** एमएसई को सूक्ष्म और लघु उद्यम आदेश, 2012 के लिए सार्वजनिक खरीद नीति के अनुपालन में निविदा शुल्क और ईएमडी जमा करने से छूट दी गई है।
- **एससी/एसटी और महिला एमएसई के लिए विशेष निविदाएं:** पावरग्रिड ने एससी/एसटी और महिला एमएसई के लिए अलग दृष्टिकोण अर्थात 'विशेष निविदाएं' शुरू की हैं, जहां केवल एससी/एसटी एमएसई ही कुछ वस्तुओं और सेवाओं के लिए निविदाओं में भाग लेने के लिए पात्र हैं।

इस वर्ष के दौरान, नवीन और गुणवत्तापूर्ण उत्पादों की आपूर्ति के लिए सूक्ष्म और लघु निर्माताओं को प्रोत्साहित करने और विकसित करने के लिए, देश के विभिन्न भागों में 18 विक्रेता विकास कार्यक्रम (वीडीपी) आयोजित किए गए हैं, जिनमें से 09 वीडीपी विशेष रूप से एससी/एसटी और महिला एमएसई के लिए आयोजित किए गए थे। इन एमएसई विक्रेता विकास कार्यक्रमों में विभिन्न प्रस्तुतियाँ दी गईं और हमारे देश के कई सूक्ष्म और लघु उद्यमों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चाएँ की गईं। एससी/एसटी और महिला उद्यमियों के स्वामित्व वाले सूक्ष्म और लघु उद्यमों पर विशेष ध्यान दिया गया। इन बैठकों में सूक्ष्म और लघु उद्यमों की प्रतिक्रिया बहुत बढ़िया रही। कई सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को उप–विक्रेताओं के रूप में विकसित किया गया है और विभिन्न उपकरणों के लिए घटकों की आपूर्ति के लिए अनुमोदित किया गया है।

12.3. सरकारी ई–बाजार (जीईएम) के माध्यम से खरीदः

भारत सरकार के आदेश के अनुरूप, पावरग्रिड में जेम के माध्यम से खरीद वित्त वर्ष 2018–19 में शुरू हुई और बाद के वर्षों में, जेम के माध्यम से खरीदारी पर लगातार जोर देने से इसमें निरंतर वृद्धि हुई है। वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान, जेम पोर्टल के माध्यम से ₹5,015 करोड़ की वस्तुओं और सेवाओं (जिसमें ₹3,546 करोड़ के सुव्यवस्थित मीटर की एकमुश्त खरीद शामिल है) की खरीद (समेकित आधार पर) की गई, जो पिछले वित्त वर्ष 2022–23 (₹1,404 करोड़) की खरीद से लगभग 3.5 गुना है।



इसके अतिरिक्त, वित्त वर्ष 2023–24 में जेम के माध्यम से 100% की खरीदारी हुई है और इससे संबंधित विशेषताएं /श्रेणियां जेम पोर्टल पर उपलब्ध हैं।

13. संधारणीय विकास

आपकी कंपनी पर्यावरण, सामाजिक और शासन (ईएसजी) के सिद्धांतों को अपने व्यावसायिक संचालन में एकीकृत कर रही है, जो ईएसजी पारिस्थितिकी तंत्र के महत्व पर जोर देता है। कंपनी वैश्विक मानकों सहित अपनी संधारणीय कार्यप्रणालियों को संरेखित करने के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रही है।

13.1. पर्यावरण और सामाजिक प्रबंधन

आपकी कंपनी वर्ष 1998 से अपने कॉर्पोरेट पर्यावरण और सामाजिक नीति और प्रक्रियाओं (ईएसपीपी) में एकीकृत संधारणीय विकास के मानकों का अनुपालन कर रही है, जो बचाव, न्यूनीकरण और शमन के स्थापित सिद्धांतों के आधार पर संगठनात्मक और परियोजना स्तर पर पर्यावरण और सामाजिक धारणाओं की पहचान, मूल्यांकन और प्रबंधन के लिए विस्तृत रूपरेखा तैयार करती है, जिसमें बहाली का प्रावधान भी है। ईएसपीपी की व्यापक क्षेत्र और सामग्री दुनिया की दो प्रमुख बहुपक्षीय एजेंसियों अर्थात विश्व बैंक और एडीबी द्वारा क्रमशः वर्ष 2009 और वर्ष 2017 में उनके देश की प्रणाली (यूसीएस) और देश की सुरक्षा प्रणाली (सीएसएस) नीति के अंतर्गत इसकी स्वीकृति को प्रदर्शित की गई है।

इसके अतिरिक्त बदलते कारोबारी परिदृश्य को मान्यता देते हुए, आपकी कंपनी पर्यावरण, सामाजिक और शासन (ईएसजी) मुद्दों और दीर्घकालिक संधारणीय लक्ष्यों पर अत्यधिक महत्व दे रही है। यह बहुत संतोष की बात है कि आपकी कंपनी को ईएसजी सहित संधारणीयता मापदंडों पर कई स्वतंत्र एजेंसियों से लगातार उच्च रेटिंग प्राप्त हुई है। तथापि आपकी कंपनी ने उच्च लक्ष्य निर्धारित करके और अपने संधारणीयता प्रयासों को बढ़ाकर अपने निष्पादन को और बेहतर बनाने की योजना बनाई है। इस दिशा में की गई प्रमुख पहलों में निम्नलिखित शामिल हैं:

- आपकी कंपनी ने अपनी ईएसजी नीति, जल प्रबंधन नीति और अपशिष्ट प्रबंधन नीति के भाग के रूप में वर्ष 2025 तक



नवीकरणीय स्रोतों से 50% विद्युत की खपत, वर्ष 2047 तक निवल शून्य प्राप्ति करना, वर्ष 2030 तक जल सकारात्मक बनना और वर्ष 2030 तक लैंडफिल में शून्य अपशिष्ट जैसे महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए हैं, जिनमें से सभी को बोर्ड द्वारा पहले ही अनुमोदन दे दी गई है।

- जल सकारात्मकता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, आपकी कंपनी जल की खपत में कमी, वर्षा जल संचयन कार्यान्वित करना, अपशिष्ट जल का शोधन और उपयोग तथा कर्मचारियों को संवेदनशील बनाना सहित कई उपाय कर रही है।
- अपने कार्बन छाप को कम करने के लिए, कंपनी ने पहले से ही कार्यालय भवनों और प्रतिष्ठानों में छत पर सौर पीवी प्रणाली स्थापित करने, डीजल वाहनों को इलेक्ट्रिक वाहनों से बदलने, वृक्षारोपण के माध्यम से कार्बन सिंक में सुधार आदि जैसे कई उपाय किए हैं। इसके अतिरिक्त, आपकी कंपनी नागदा, जिला उज्जैन (म.प्र.) में 85 मेगावाट क्षमता के बड़े पैमाने पर सौर पीवी संयंत्रों की स्थापना संबंधी कार्य कर रही है।

जल सकारात्मकता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, आपकी कंपनी जल की खपत में कमी, वर्षा जल संचयन कार्यान्वित करना, अपशिष्ट जल का शोधन और उपयोग तथा कर्मचारियों को संवेदनशील बनाना सहित कई उपाय कर रही है।

13.2. कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर)

समुदायों के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए, आपकी कंपनी स्वास्थ्य सेवा, पेयजल और स्वच्छता, शिक्षा, कौशल विकास, ग्रामीण विकास और राष्ट्रीय महत्व के अन्य क्षेत्रों में सीएसआर कार्यकलाप करती है। परियोजनाओं की परिकल्पना हितधारकों के परामर्श से की गई है, मुख्य रूप से इसके प्रचालन क्षेत्र के आसपास।

आपकी कंपनी ने वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान ₹330.48 करोड़ की व्यय की हैं। इसके अतिरिक्त, वर्ष के दौरान कंपनी ने ₹471.56 करोड़ की 165 परियोजनाओं को अनुमोदन दी है।

वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान कंपनी द्वारा शुरू की गई प्रमुख सीएसआर परियोजनाएँ निम्नानुसार हैं:

क) निम्नलिखित प्रमुख सीएसआर परियोजनाएँ पूरी की गईं/सौंपी गईं:

- गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, गुवाहाटी (असम) में विश्राम सदन।
- निमहंस, बैंगलोर, कर्नाटक के परिसर में धर्मशाला/रैन–बसेरा।
- सर सयाजीराव जनरल (एसएसजी) अस्पताल, वडोदरा गुजरात में विश्राम सदन।
- जेआईपीएमईआर, पांडिचेरी के आपातकालीन चिकित्सा सेवा विभाग के लिए 128 स्लाइस सीटी स्कैन की आपूर्ति और स्थापना।
- सरकारी राजाजी अस्पताल, मदुरै, तमिलनाडु कैथ लैब परिसर में उन्नत सुविधाओं के साथ कैथ लैब उपकरण प्रदान करना और कैथ लैब परिसर का नवीनीकरण।
- आंध्र प्रदेश में टीबी से प्रभावित रोगियों को पोषण सहायता – टीबी मुक्त भारत।
- जी.सी.एस.आर.ए. की सहायता से गुजरात में नवजात स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार और नवजात मृत्यु दर को कम करने के लिए गुजरात के 26 ब्लॉकों में 10 एनआईसीयू उपलब्ध कराए गए।
- असम, मणिपुर और छत्तीसगढ़ आदि के 1911 हिंसा प्रभावित छात्रों की शिक्षा के लिए राष्ट्रीय सांप्रदायिक सद्भाव संघ (एनएफसीएच) को वित्तीय सहायता प्रदान करना।
- सरकारी मेडिकल कॉलेज, पटियाला, पंजाब में बाल चिकित्सा लेप्रोस्कोप, सिस्टोस्कोप और एंडोब्रोंकियल अल्ट्रासाउंड (ईबीयूएस) प्रणाली उपलब्ध कराए गए।

ख) प्रक्रियाधीन प्रमुख सीएसआर परियोजनाएँ:

- रांची के रिम्स में विश्राम सदन का निर्माण।
- एमएलबी मेडिकल कॉलेज झांसी में विश्राम सदन का निर्माण।
- एमकेसीजी सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, बरहामपुर ओडिशा में विश्राम सदन का निर्माण।
- एसीटीआरईसी, टीएमसी में पावरग्रिड मॉड्यूलर ओटी कॉम्प्लेक्स में इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी सूट को सुसज्जित करना।
- मनोरमा राजे टीबी अस्पताल (एमआरटीबी) अस्पताल, इंदौर, मध्य प्रदेश और टाटा मेमोरियल केन्द्र, होमी भाभा कैंसर अस्पताल और अनुसंधान केंद्र, न्यू चंडीगढ़, पंजाब में 128 स्लाइस सीटी स्कैन की आपूर्ति और स्थापना।
- सरकारी राजाजी अस्पताल, मदुरै, तमिलनाडु में उन्नत सुविधाओं सहित कैथ लैब उपकरण प्रदान करना और कैथ लैब परिसर का नवीनीकरण करना।
- देबेन मेहता सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के जनरल सर्जरी रेडियोलॉजी, स्त्री रोग और प्रसूति और हड्डी रोग विभाग के लिए चिकित्सा उपकरण प्रदान करना।
- रोबोटिक सर्जरी के लिए उन्नत रोबोटिक सर्जिकल प्रणाली की स्थापना में ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, फरीदाबाद को वित्तीय सहायता प्रदान करना।
- फरीदाबाद के सिविल अस्पताल और फरीदाबाद भर में विभिन्न संलग्न यूपीएचसी, डीसीएच, पॉलीक्लिनिक्स को चिकित्सा उपकरणों की खरीद और आपूर्ति के लिए सरकारी अस्पताल, फरीदाबाद को सहायता प्रदान करना।
- एम्स, मोहाली में उच्च प्रौद्योगिकी न्यूक्लिक एसिड प्रवर्धन परीक्षण (आईडी एनएएटी) मशीन की स्थापना।
- एम्स, रायपुर (छत्तीसगढ़), बिलासपुर (हिमाचल प्रदेश), बैतूल (मध्य प्रदेश), नासिक और सासून (महाराष्ट्र) को चिकित्सा उपकरण प्रदान करना।
- सिलचर मेडिकल कॉलेज को चिकित्सा उपकरणों की आपूर्ति, एसएन देव सिविल अस्पताल में बीमार नवजात शिशु देखभाल इकाई/बाल चिकित्सा वार्ड के निर्माण और असम के कछार जिले में 07 बीपीएचसी को डीजी सेट की आपूर्ति के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना।
- असम के करीमगंज जिले में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के लिए उपकरण एवं यंत्र उपलब्ध कराना।
- मिजोरम सरकार के अंतर्गत डीडीएमए और चिकित्सा संस्थानों में सामान्य और एएलएस एम्बुलेंस, इको वैन और अस्पताल के बिस्तर और नाइटस्टैंड उपलब्ध कराना।
- असम के बक्सा जिले (बीटीआर) के मुशालपुर में डॉ. रवि बोरो सिविल अस्पताल के लिए नए एनेक्सी भवन का निर्माण।
- असम के शिवसागर में शिवसागर सिविल अस्पताल के ब्लड बैंक में कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट की स्थापना।
- दादरा और नगर हवेली (डीएनएचडीडी) यू/टी के जिला अस्पताल, जीएमईआरएस मेडिकल कॉलेज अस्पताल, वलसाड, विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (कपराडा, रोहिना, भिलाड, अटगाम, डुंगरी और आदि) गुजरात में चिकित्सा उपकरण और मशीनें उपलब्ध कराना।
- गोवा राज्य के अस्पतालों के लिए स्पीड बोट एम्बुलेंस की खरीद और आपूर्ति; ब्लड बैंक में ऑटोमेशन के लिए चिकित्सा



उपकरण/यंत्र की आपूर्ति, 2 एएलएस एम्बुलेंस, 6 बीएलएस एम्बुलेंस की आपूर्ति।

- कर्नाटक के दावणगेरे जिले के विभिन्न विभागों में गर्म पानी की आपूर्ति के लिए एकीकृत वायु स्रोत ताप पंप और गर्म पानी भंडारण टैंक की आपूर्ति और स्थापना।
- ओडिशा के गजपति जिले के जिला मुख्यालय अस्पताल (डीएचएच), मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य अस्पताल (एमसीएच) और एसकेसीजी स्वायत्त कॉलेज, में ''संधारणीय हरित ऊर्जा और निगरानी सेवाएँ''।
- सिक्किम में 33 केवी, 11 केवी और 400 वी एलटी लाइन के जीर्णोद्धार कार्य सहित अचानक आई बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों को राहत प्रदान करने का प्रस्ताव।
- सीतापुर, अमरोहा और सिद्धार्थनगर में सौर स्ट्रीट लाइटों की आपूर्ति और स्थापना।
- आंध्र प्रदेश के कृष्णा जिले में 24 ग्राम पंचायतों में 0.5 एमएलडी माइक्रो फिल्टर संयत्र प्रदान करना।
- सीआईपीईटी, मुरथल में वंचित/बेरोजगार युवाओं के लिए प्लास्टिक इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में रोजगारोन्मुखी कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना।
- राजस्थान में सुव्यवस्थित कक्षाएं।
- उत्तर प्रदेश के गोरखपुर और तमिलनाडु के कांचीपुरम जिले के पेरुम्बक्कम में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) की स्थापना।
- तीस (30) आंगनवाड़ी केंद्रों को आदर्श आंगनवाड़ी केंद्र के रूप में विकसित करना।
- महोबा जिले में 16 सरकारी प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों की मरम्मत और जीर्णोद्धार।
- मुन्सी सिंह कॉलेज, मोतिहारी में पुस्तकालय वाचनालय, कॉमन रूम, आंतरिक सड़क का निर्माण और आसपास के क्षेत्र का विकास।
- सुपौल टाउन हॉल की साज–सज्जा।
- आरा के नई पुलिस लाइन में बहुउद्देशीय हॉल।
- कोटा में सामुदायिक केंद्रों का निर्माण और सरकारी स्कूलों का विकास। चिकित्सा उपकरण प्रदान करना और पीएचसी का विकास और दावणगेरे जिले के अंतर्गत जिला स्वास्थ्य और पीडब्ल्यू अधिकारी में 3 पीएचसी का जीर्णोद्धार।
- महाराष्ट्र के नासिक जिले के मालेगांव नगर निगम को ट्रक माउंटेड वैक्यूम रोड स्वीपिंग मशीन प्रदान करना।
- वित्त वर्ष 2023–24 में प्रशिक्षुओं की नियुक्ति।
- भारत सरकार के आरडीएसएस के अंतर्गत सुव्यवस्थित मीटरिंग के कार्यान्वयन के लिए कार्यबल का कौशल विकास।

वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान स्वीकृत महत्वपूर्ण सीएसआर परियोजनाएँ:

- वित्त वर्ष 23–24 के लिए पीएम केयर्स निधि में अंशदान।



- होमी भाभा कैंसर अस्पताल और अनुसंधान केंद्र, विशाखापत्तनम में कैंसर रोगियों के उपचार के लिए लीनियर एक्सेलेरेटर की खरीद।
- हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर में स्थित एम्स के लिए 250 बिस्तरों वाले विश्राम सदन का निर्माण।
- भारत सरकार के आरडीएसएस के अंतर्गत सुव्यवस्थित मीटरिंग के कार्यान्वयन के लिए कार्यबल का कौशल विकास।
- उन्नत रोबोटिक सर्जिकल प्रणाली की खरीद के लिए ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, फरीदाबाद को वित्तीय सहायता प्रदान करना।
- एम्स, बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश में एमआरआई और सीटी स्कैन मशीनों की खरीद और स्थापना।
- एक वर्ष के लिए पावरग्रिड की सीएसआर पहल के अंतर्गत कौशल विकास के लिए प्रशिक्षुओं की नियुक्ति।
- सर सुंदर लाल अस्पताल, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी, यू.पी. में 200 बिस्तरों वाले विश्राम सदन का निर्माण।
- एम्स, रायपुर, छत्तीसगढ़ के लिए चिकित्सा उपकरणों की खरीद।
- राजस्थान के कोटा, जोधपुर और जैसलमेर जैसे 3 जिलों के सरकारी स्कूलों में 597 सुव्यवस्थित कक्षाओं के लिए सुव्यवस्थित कक्षा प्रणाली प्रदान करना।
- एसीटीआरईसी, टीएमसी मुम्बई के पावरग्रिड मॉड्यूलर ओटी काम्पलैक्स में इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी सूटको सुसज्जित करने के लिए वित्तीय सहायता।
- एम.जी.एम. मेडिकल कॉलेज और एम.आर.टी.बी. अस्पताल, इंदौर, म.प्र. को 01 सी.टी. स्कैनर 128 स्लाइस मशीन प्रदान करना।
- उत्तर प्रदेश के वाराणसी में 15 सामुदायिक हॉल का निर्माण।
- होमी भाभा कैंसर अस्पताल और अनुसंधान केंद्र, पंजाब के लिए सी.टी. स्कैनर और आणविक पैथोलॉजी प्रयोगशाला।
- गणेश शंकर विद्यार्थी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज (जी.एस.वी.एम.), कानपुर में चिकित्सा उपकरणों के साथ डायग्नोस्टिक लैब की स्थापना।
- कर्नाटक के दावणगेरे जिले में 10 पी.एच.सी. में चिकित्सा उपकरणों की आपूर्ति और स्थापना तथा 3 पी.एच.सी. की मरम्मत और नवीनीकरण।
- आंध्र प्रदेश में टी.बी. प्रभावित रोगियों को पौष्टिक सहायता प्रदान करना।
- गुजरात के 26 ब्लॉकों में 10 एन.आई.सी.यू. उपलब्ध कराना।
- बिहार के भोजपुर जिले के आरा में नई पुलिस लाइन में बहुउद्देश्यीय हॉल का निर्माण।

वित्तीय वर्ष 2023–24 के दौरान कंपनी द्वारा शुरू की गई और स्वीकृत सभी सी.एस.आर. परियोजनाओं की संपूर्ण सूची इस रिपोर्ट के **अनुबंध–X** में दी गई है।

14. शासन

14.1. सूचना का अधिकार

पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने के लिए, आपकी कंपनी में 'सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005' के अनुरूप उपयुक्त तंत्र स्थापित किया गया है। कंपनी ने अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत नागरिकों को आवश्यक जानकारी प्रदान करने के लिए कॉर्पोरेट, क्षेत्रीय मुख्यालय और अन्य कार्यालयों में जन सूचना अधिकारियों और अपीलीय प्राधिकारियों को नामित किया है।

कंपनी ने अपना स्वयं का वेब आधारित ऑनलाइन आरटीआई पोर्टल भी विकसित किया है, जो सभी आरटीआई/अपीलों की वास्तविक समय निगरानी करके आवेदक को आरटीआई/अपील का समय पर उत्तर देने की सुविधा प्रदान करता है। यह पोर्टल आंतरिक और बाहरी हितधारकों के लिए विभिन्न आरटीआई रिपोर्टों के स्वतः निर्माण की सुविधा भी प्रदान करता है।

वित्त वर्ष 2023–24 में, कंपनी में लगभग 967 आरटीआई आवेदन प्राप्त हुए और इन आवेदनों का आरटीआई अधिनियम, 2005 के अनुसार समय पर संसाधित किए गए। आरटीआई अधिनियम के कार्यान्वयन में उनकी भूमिका के बारे में जागरूकता के लिए कंपनी के सीपीआईओ/पीआईओ/अपीलीय प्राधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम/जागरूकता सत्र आयोजित किए गए।

14.2. पारदर्शिता और नैतिक कार्यप्रणालियों के प्रति प्रतिबद्धता

आपकी कंपनी अपने प्रबंधन कामकाज में पारदर्शिता, ईमानदारी और नैतिकता के सिद्धांतों का समर्थन करती है। आपकी कंपनी का सतर्कता विभाग निवारक, सक्रिय और दंडात्मक सतर्कता का अनुपालन करता है और यह सुनिश्चित करता है कि संगठन में सर्वोत्तम नैतिक कार्यप्रणालियों का अनुपालन किया जाए।

क) निवारक सतर्कता पर जोर

संगठनात्मक प्रक्रिया को सुदृढ़ करने और संगठन की विभिन्न प्रणालियों और कार्यकलापों में कदाचार को कम करने के लिए

निवारक सतर्कता पर जोर दिया जा रहा है। निवारक सतर्कता सही प्रकार की प्रणालियों या अवसरों की पहचान करने और संभावित खतरों के विरूद्ध कार्रवाई करने के उद्देश्य से सक्रिय दृष्टिकोण को फिर से तैयार करने की आवश्यकता पर ध्यान केंद्रित करती है।

वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान, 71 औचक निरीक्षण, 26 प्रक्रिया–ऑन–लाइन निरीक्षण और 26 मुख्य तकनीकी परीक्षक (सीटीई) प्रकार के निरीक्षण किए गए। सतर्कता निरीक्षण और टिप्पणियों/सिफारिशों के अनुसार, कई प्रणालीगत सुधार कार्यन्वित किए गए हैं।

ख) क्षमता निर्माण के लिए निवारक सतर्कता कार्यशालाएँ

वित्तीय वर्ष 2023–24 के दौरान, कंपनी के विभिन्न क्षेत्रों में गैर–सतर्कता कर्मियों के लिए विभिन्न निवारक सतर्कता कार्यशालाएँ और वेबिनार आयोजित किए गए। इन कार्यशालाओं में अन्य बातों के साथ–साथ अनुबंध प्रबंधन, आचरण अनुशासन और अपील (सीडीए) नियमों के प्रावधान, नियमों और नीतियों का अनुपालन, सामान्य अनियमितताएँ, वास्तविक मामलों पर आधारित मामला अध्ययन पर विचार–विमर्श, गुणवत्ता पहलुओं के साथ–साथ नैतिकता प्रबंधन शामिल है जो कर्मचारियों को नैतिक दुविधा की पहचान करने और उससे निपटने में सक्षम बनाता है।

ग) सतर्कता जागरूकता

केंद्रीय सतर्कता आयोग के निदेशों के अनुसरण में, पावरग्रिड में दिनांक 30 अक्टूबर से दिनांक 05 नवंबर, 2023 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह (वीएडब्ल्यू) मनाया गया, जिसका विषय था ''भ्रष्टाचार को न कहें; राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्ध हों''। इसके अतिरिक्त, वीएड्ब्लू 2023 के अग्रदूत के रूप में दिनांक 16 अगस्त, 2023 से दिनांक 15 नवंबर, 2023 तक 3 महीने के अभियान के रूप में निवारक सतर्कता उपाय सह हाउसकीपिंग कार्यकलाप भी की गईं। निबंध प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, नारा प्रतियोगिता





आदि जैसी विभिन्न कार्यकलाप पावरग्रिड के अंदर और बाहर आयोजित की गईं, जिसमें 14,000 से अधिक छात्रों और कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों सहित 12,700 व्यक्तियों ने भाग लिया। भ्रष्टाचार के खतरे के बारे में जानकारी के प्रसार के लिए 197 गांवों में जागरूकता ग्राम सभाएं आयोजित की गई हैं, जिसमें लगभग 13,700 ग्रामीणों को भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने और समुचित प्राधिकारी के पास शिकायत दर्ज कराने के लिए जागरूक किया गया। कॉरपोरेट केन्द्र और सभी क्षेत्रों में विक्रेता सम्मेलन का आयोजन किया गया। वीएड्ब्लू 2023 का संदेश सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, एफएम चैनल और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्रचारित किया गया

घ) वार्षिक क्षेत्रीय समीक्षा बैठक

केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा विद्युत क्षेत्र की वार्षिक क्षेत्रीय समीक्षा बैठक (एएसआरएम) जुलाई 2023 में पावरग्रिड द्वारा गुवाहाटी में आयोजित की गई थी। इस बैठक में विद्युत क्षेत्र के विभिन्न संगठनों के सीएमडी और सीवीओ ने भाग लिया था।

ङ) रिश्वतरोधी प्रबंधन प्रणाली (एबीएमएस) आईएस/आईएसओ 37001

पावरग्रिड ने एबीएमएस के क्रियान्वयन का काम भी अपने हाथ में लिया, इसलिए एबीएमएस नीति और क्रियान्वयन मैनुअल और प्रक्रियाओं को प्रबंधन द्वारा अनुमोदित किया गया था। आंतरिक लेखा–परीक्षा किए गए और एबीएमएस प्रमाणन के लिए बीआईस को आवेदन किया गया था। रिश्वतरोधी प्रबंधन प्रणाली (एबीएमएस) आईएस/आईएसओ–37001 के क्रियान्वयन की अंतिम प्रमाणन लेखा–परीक्षा मार्च–2024 में बाआईएस द्वारा सफलतापूर्वक पूरा किया गया था।

14.3. नागरिक चार्टर

कंपनी में नागरिक चार्टर तैयार किया गया है, जो इसके विजन, मिशन और उद्देश्यों का स्पष्ट स्वरूप प्रदान करता है। कंपनी का नागरिक चार्टर, जिसमें कंपनी की रूपरेखा, प्रतिबद्धताएं, नागरिकों से अपेक्षाएं, एकीकृत प्रबंधन नीति, प्रदान की जाने वाली सेवाएं, सेवाओं के मूल्य और मानक, सूचना तक पहुंच और शिकायत निवारण संबंधी सूचना कंपनी की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

15. लोगः हमारी मुख्य शक्ति

आपकी कंपनी ने अपने कर्मचारियों पर निरंतर भरोसा जताया है कि वे निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करेंगे और समय पर और प्रभावी मानव संसाधन हस्तक्षेप के माध्यम से उनकी जरूरतों को पूरा करके उनके कौशल को निखारने पर निरंतर ध्यान दिया गया है। कंपनी ऐसी प्रणालियों और कार्यप्रणालियों को विकसित करने और कार्यान्वित करने का प्रयास करती है जो कर्मचारियों को उनकी उच्चतम क्षमता निष्पादन करने में सक्षम बनाती हैं। ऐसे कर्मचारियों को आकर्षित करना, उन्हें बनाए रखना और उनका विकस करना हमारी प्रतिबद्धता है जो हमारे मूल मूल्यों के अनुरूप हों तथा यह सुनिश्चित किया जाता है कि वे सुरक्षित, स्वस्थ, गैर–भेदभावपूर्ण और सुलभ वातावरण में काम करें।

दिनांक 31 मार्च 2024 तक की स्थिति के अनुसार, आपकी कंपनी के स्थायी कर्मचारियों की संख्या 8,316 थी, जिनमें से महिला कर्मचारी की संख्या 8.39% थीं। वर्ष 2023–24 में नियमित कर्मचारियों की संघर्षण दर 1.31% थी। कंपनी ने कार्यकारी निदेशकों और मुख्य महाप्रबंधकों की प्रमुख भूमिकाओं को समय पर पूरा करना भी सुनिश्चित किया।

15.1. मानव संसाधन विकास

पावरग्रिड संगठनात्मक संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है जो निरंतर शिक्षण, रचनात्मकता, ज्ञान–साझाकरण और समग्र विकास को प्रोत्साहित करती है। कंपनी की मानव संसाधन प्रक्रियाएँ और प्रणालियाँ कंपनी के मूल मूल्यों के अनुरूप पेशेवरों को आकर्षित करने, उनका पोषण करने और उन्हें सशक्त बनाने के लिए सावधानीपूर्वक तैयार की गई हैं। आपकी कंपनी न्यायसंगत, सहयोगी और सुरक्षित वातावरण प्रदान करने का प्रयास करती है जो हमारे कर्मचारियों की हित को बढ़ावा देता है।

मानेसर में स्थित पावरग्रिड एकेडमी ऑफ लीडरशिप (पीएएल) भारत और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने कर्मचारियों और अन्य हितधारकों दोनों के लिए प्रशिक्षण और विकास के विविध अवसर प्रदान करता है। भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) द्वारा पारेषण में प्रशिक्षण के लिए श्रेणी–I संस्थान के रूप में मान्यता प्राप्त, पीएएल इस क्षेत्र में उच्च–गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध है। वर्ष के दौरान, पीएएल, भारत और विदेशों में संबद्ध प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों तथा क्षेत्रों के कर्मचारी विकास केंद्रों में 450 से अधिक प्रशिक्षण और विकास कार्यक्रम आयोजित किए गए।

आपकी कंपनी ने संगठन के भीतर सूचित ज्ञानए सूचनाए कौशल और दक्षताओं के व्यवस्थितए सहज और आसान हस्तांतरण और आदान–प्रदान के लिए रूपरेखा प्रदान करने के लिए मार्गदर्शन और प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार किया है। यह कार्यक्रम समर्पित पोर्टल "संदर्शिका" के माध्यम से संचालित किया जाता है। "संदर्शिका" पोर्टल के माध्यम से लगभग 8000 से अधिक कर्मचारी लाभान्वित हुए हैं।

आपकी कंपनी ने विभिन्न व्यावसायिक कार्यक्षेत्रों से संबंधित 150 ई–लर्निंग मॉड्यूल और विभिन्न कंपनी डोमेन से संबंधित 11 पुनःश्चर्या प्रशिक्षण कार्यक्रम विकसित किए हैं, जिससे लगभग 8000 से अधिक कर्मचारी लाभान्वित हुए हैं। उपरोक्त के अतिरिक्त, आपकी कंपनी ने भारत सरकार के महत्वाकांक्षी "मिशन कर्मयोगी" कार्यक्रम के लिए विद्युत पारेषण से संबंधित 7 मॉड्यूल की मेजबानी की है।

वर्ष के दौरान, आपकी कंपनी ने अपने कर्मचारियों को निम्नलिखित प्रशिक्षण पाठ्यक्रम प्रदान किएः

- आईआईटी–बैंगलोर से कृत्तिम बुद्धिमत्ता/मशीनी शिक्षण पाठ्यक्रम के लिए 50 कर्मचारियों का तीसरा बैच।
- एनआईटी जालंधर द्वारा विद्यित प्रणाली और विश्वसनीयता में एम.टेक कार्यक्रम के लिए प्रायोजित 15 कर्मचारियों का दूसरा बैच।

विद्युत क्षेत्र के क्षमता विकास के लिए पीएएल में उपलब्ध अपने लोगों की क्षमताओं और अवसंरचना का लाभ उठाते हुए, आपकी कंपनी ने हितधारक विकास के लिए निम्नलिखित पहल की हैं:

- प्रशिक्षु अधिनियम के अनुसार विभिन्न शाखाओं में 1000 से अधिक प्रशिक्षुओं को नियुक्त किया गया है।
- विद्युत क्षेत्र में 6000 बेरोजगार युवाओं के कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी), राष्ट्रीय कौशल विकास निधि (एनएसडीएफ), विद्युत क्षेत्र कौशल परिषद (पीएसएससी) और पावरग्रिड के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। वर्तमान में, भारत में 25 स्थानों पर 5400 से अधिक प्रशिक्षुओं ने प्रशिक्षण पूरा कर लिया है।



- संपूर्ण भारत में भारत सरकार के आरडीएसएस के अंतर्गत सुव्यवस्थित मीटरिंग के कार्यान्वयन के लिए 6000 उम्मीदवारों को कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए पीएसएससी के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर अनुमोदन के अंतिम चरण में है।
- क्षमता निर्माण और संस्थागत सुदृढ़ीकरण के अंतर्गत – उत्तर पूर्वी क्षेत्र विद्युत प्रणाली सुधार परियोजना (सीबीआईएस–एनईआरपीएसआईपी), पावरग्रिड 6 (छह) राज्यों (असम, मेघालय, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा) में राज्यिक विद्युत उपयोगिताओं के लिए क्षमता निर्माण और संस्थागत सुदृढ़ीकरण कार्यक्रम और 2(दो) राज्यों (अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम) में व्यापक योजना के अंतर्गत क्षमता निर्माण कर रहा है।

15.2. कर्मचारी कल्याण







निरंतर विकसित हो रहे व्यावसायिक परिदृश्य का उत्तर देने और कर्मचारियों की गतिशील आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, आपकी कंपनी उद्योग के रुझानों के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए अपनी नीतियों को नियमित रूप से अद्यतन करती है। व्यापार की निरंतरता सुनिश्चित करने और भविष्य की व्यावसायिक चुनौतियों और अवसरों के माध्यम से कंपनी का मार्गदर्शन करने के लिए अगली पीढ़ी के नेतृत्व को विकसित करने और उनका पोषण करने के लिए, उत्तराधिकार नियोजन और नेतृत्व विकास नीति शुरू की गई है। इसके अतिरिक्त, अपनी मूल्य श्रृंखला के भीतर मानवाधिकारों की सुरक्षा के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को औपचारिक रूप देने के लिए, आपकी कंपनी ने मानवाधिकार नीति शुरू की है।

कंपनी के चिकित्सा नियमों की समीक्षा की गई और उन्हें तर्कसंगत बनाया गया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हमारे कर्मचारियों और उनके परिवारों की शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी ज़रूरतें पूरी हों। प्रतिभा प्रबंधन संबंधी रूख पर, बदलती व्यावसायिक आवश्यकताओं और कर्मचारियों की करियर संबंधी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कर्मचारी पदोन्नति नीति और कार्यकारी स्थानांतरण नीति को संशोधित किया गया।

आपकी कंपनी अपने कर्मचारियों की शारीरिक और मानसिक सेहत की प्रबल समर्थक रही है और इस दिशा में, अपने कर्मचारियों को बीमारियों के कारणों और उनसे बचाव के उपायों के बारे में जागरूक करने के लिए विभिन्न विषयों पर कई स्वास्थ्य वार्ता आयोजित की है। नई बीमारियों के बारे में जामकारी देने और कर्मचारियों को स्वस्थ और तंदुरुस्त रखने के लिए, आपकी कंपनी निवारक स्वास्थ्य जांच और टीकाकरण की प्रतिपूर्ति के माध्यम से निवारक चिकित्सा हस्तक्षेप को प्रोत्साहित करती है। इसके अतिरिक्त, नई पहल के रूप में, कर्मचारियों और उनके आश्रितों की चिकित्सा आपात स्थितियों से निपटने के लिए 24*7 आपातकालीन हेल्पलाइन कार्यात्मक है।

आपकी कंपनी ने कर्मचारियों को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ और सक्रिय रहने के लिए लगातार प्रोत्साहित किया है। इस दिशा में, कंपनी को पावर स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड द्वारा आयोजित वार्षिक निष्पादन पुरस्कार 2023–24 में खेल कार्यकलापों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

आपकी कंपनी ने ई–बुक्स, ई–जर्नल्स और विभिन्न विषयों पर मानकों तक 24*7 पहुंच सहित ईपबीएससीओ और आईईईई संग्रह के माध्यम से 5 मिलियन से अधिक ऑनलाइन दस्तावेजों/संसाधनों तक पहुंच प्रदान करके अपने कर्मचारियों के निरंतर सीखने और ज्ञान उन्नयन को प्रोत्साहित किया।

पुरस्कार और मान्यता योजनाएं रणनीतिक उपकरण हैं जिनका उपयोग संगठन अपने कर्मचारियों के प्रयासों और उपलब्धियों को स्वीकार करने और उनकी सराहना करने के लिए करते हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य असाधारण प्रदर्शन के लिए मूर्त और अमूर्त लाभ प्रदान करके प्रेरणा बढ़ाना, मनोबल बढ़ाना और उत्पादकता बढ़ाना है। इसी दिशा में वित्त वर्ष 2022–23 में प्रतिफल पुरस्कार वितरण का आयोजन नागपुर में किया गया।

सांस्कृतिक सम्मेलन और प्रदर्शनी ऐका आयोजन है जिसका उद्देश्य किसी समुदाय, संगठन या शैक्षणिक संस्थान के भीतर सांस्कृतिक विविधता का उत्सव मनाना, उसे प्रदर्शित करना ओर उसे बढ़ावा देना है। ये कार्यक्रम प्रतिभागियों को अपनी विरासत, परंपराओं और कलात्मक अभिव्यक्तियों को साझा करने के लिए मंच प्रदान करते हैं, जिससे विभिन्न समूहों के बीच आपसी सम्मान और समझ बढ़ती है। इसी उद्देश्य से दिनांक 10 दिसंबर, 2023 को नागपुर में सांस्कृतिक सम्मेलन और प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

आपकी कंपनी ने 49 नीतियों की व्यापक समीक्षा की है और 20 नीतियों को संशोधित किया है, जिनमें वाहन प्रतिपूर्ति, शिशु देखरेख अवकाश योजना, निश्चित मासिक यात्रा भत्ता, उच्च शिक्षा प्रोत्साहन, बाल योग्यता पुरस्कार योजना, बहुउद्देश्यीय अग्रिम, अंत्येष्टि सहायता (सहारा) योजना, सेवानिवृत्त कर्मचारियों की सेवाओं की पावती, कठिन केन्द्र पर तैनात कर्मचारियों को लाभ आदि शामिल हैं।

15.3. शिकायत निवारण



हमारी हमेशा से प्राथमिकता रही है कि हम शिकायतों का तुरंत निवारण करें, खास तौर पर भारत सरकार द्वारा निर्धारित दिशा–निर्देशों और नीतिगत ढांचे के व्यापक मापदंडों के भीतर कर्मचारियों द्वारा उठाई गई शिकायतों का। कर्मचारी अपनी शिकायतें 'कर्मचारी शिकायत पोर्टल' के माध्यम से दर्ज कर सकते हैं, जिनका कॉर्पोरेट और क्षेत्रीय कार्यालयों में नामित नोडल अधिकारियों द्वारा तुरंत निवारण किया जाता है। कर्मचारी शिकायत निवारण तंत्र को और आसान बनाने के लिए दिसंबर 2023 में समाधान नामक संशोधित कर्मचारी शिकायत निवारण नीति शुरू की गई थी।

15.4. सामाजिक न्याय सुनिश्चित करना

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग और दिव्यांग श्रेणी के कर्मचारियों के लिए वैधानिक प्रावधानों की देखभाल और सुरक्षा हेतु एक अलग प्रकोष्ठ स्थापित किया गया है। संपर्क अधिकारी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग और दिव्यांग कर्मचारियों के कल्याण और सुरक्षा की देखभाल करता है और आरक्षण प्रकोष्ठ द्वारा उनकी सहायता की जाती है। संपर्क अधिकारी यह भी सुनिश्चित करता है कि कर्मचारियों के बीच जाति, धर्म और दिव्यांगता के आधार पर कोई भेदभाव न हो। पावरग्रिड के सभी प्रतिष्ठानों में कर्तव्यों का प्रभावी निर्वहन सुनिश्चित करने के लिए, प्रत्येक क्षेत्र के लिए अलग–अलग संपर्क अधिकारी नामित किए गए हैं। कंपनी भारत सरकार द्वारा जारी आरक्षण नीति के संबंध में सभी निदेशों और दिशा–निर्देशों को कार्यान्वित करती है। भारत सरकार द्वारा जारी निदेशों के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए वार्षिक निरीक्षण भी किया जाता है। यदि कोई समस्या है, तो उसका समाधान करने के लिए अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के संघ के प्रतिनिधियों के साथ समय–समय पर बैठक आयोजित की जाती है। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति कल्याण संबंधी संसदीय समिति और विद्युत मंत्रालय की सिफारिशों के आधार पर, सभी 03 अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति कर्मचारी संघों, जो पावरग्रिड में अपने प्रतिनिधित्व का दावा कर रहे थे, को सफलतापूर्वक अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति संघ में विलय कर दिया गया, जिसका नाम है ''पावरग्रिड अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति कर्मचारी कल्याण संघ''।

16. कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम

यौन उत्पीड़न से संबंधित मुद्दों और कानून/अधिनियम/नीति के बारे में जागरूक करने के लिए पुरुष और महिला कर्मचारियों दोनों के लिए प्रशिक्षण/कार्यशाला कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। महिला सशक्तिकरण, विकास और महिला संवेदनशीलता पर कार्यशालाएँ भी आयोजित की जाती हैं। वित्तीय वर्ष 2023–24 के दौरान यौन उत्पीड़न की 03 शिकायतें प्राप्त हुईं और दिशानिर्देशों/नीति के अनुसार निर्धारित समय में उनका निपटारा कर दिया गया।

17. राजभाषा का कार्यान्वयन

भारतीय भाषाओं और राजभाषा ''हिंदी'' को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार की राजभाषा नीति के अनुसरण में, आपकी कंपनी ने सभी स्तरों पर अपने कार्यों में हिंदी के उपयोग को एकीकृत करने और बढ़ावा देने के लिए चौतरफा प्रयास किए हैं। कंपनी ने राजभाषा नीति के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने तथा राजभाषा विभाग द्वारा जारी राजभाषा वार्षिक लक्ष्य में निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता पूरी की है।





राजभाषा के प्रयोग को बढ़ाने के लिए समीक्षा बैठकें, वार्षिक अभ्यास कार्यक्रम, कार्यशालाएं, प्रशिक्षण, प्रेरणात्मक कार्यक्रम जैसी विभिन्न कार्यकलापों का आयोजन किया गया हैं। कम्प्यूटर पर हिन्दी में कार्य करने का ज्ञान बढ़ाने के लिए कम्प्यूटर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। हिन्दी शिक्षण योजना के अंतर्गत हिन्दीतर भाषी कर्मचारियों के लिए हिन्दी कक्षाएं भी आयोजित की जा रही हैं।

हिंदी के प्रचार–प्रसार के लिए प्रति वर्ष विभिन्न कार्यक्रम आयोजित की जाती हैं जिसमें अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन और हिंदी में तकनीकी सम्मेलन, कवि सम्मेलन (काव्य सत्र), नाटक, गृह पत्रिकाओं का प्रकाशन, ईमेल के माध्यम से हिंदी में मासिक लेखों का प्रकाशन प्रमुख हैं। ये कार्यक्रम वर्ष 2023–24 के दौरान ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से आयोजित किए गए हैं। साथ ही, हिंदी पखवाड़ा, सतर्कता जागरूकता सप्ताह, स्वच्छता पखवाड़ा, सांप्रदायिक सद्भाव सप्ताह आदि के दौरान विशेष जोर देने सहित पूरे वर्ष विभिन्न प्रतियोगिताएं और विभागीय बैठकों के साथ–साथ राजभाषा कार्यान्वयन समिति (ओएलआईसी) की बैठकें भी आयोजित की गई। इस वर्ष के दौरान कई कर्मियों को हिंदी शिक्षण योजना के अंतर्गत प्रशिक्षित किया गया। आपकी कंपनी ने सार्वजनिक क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ हिंदी पुस्तकालय की स्थापना की है जहाँ कर्मचारियों के लिए लोकप्रिय/साहित्यिक पत्रिकाएँ और समाचार पत्र उपलब्ध कराए गए हैं।

हिन्दी में काम करने वाले कर्मचारियों के लिए सरकारी दिशा–निर्देशों के अनुसार आकर्षक प्रोत्साहन योजनाएं लागू की गई हैं। इसके अतिरिक्त, कर्मचारियों को हिंदी के प्रचार–प्रसार में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु विभिन्न पुरस्कार योजनाएं शुरू की गई हैं, जिसमें इन–हाउस पत्रिकाओं के लिए लेख/लेख देना, पुस्तकालय की पुस्तकें पढ़ना आदि शामिल हैं।

वर्ष 2023–24 के दौरान आपकी कंपनी द्वारा किए गए प्रयास की कई मंचों पर सराहना की गई है। नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (टोलीक), राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार और अन्य एजेंसियों द्वारा राजभाषा कार्यान्वयन के संबंध में विभिन्न पुरस्कार दिए गए। शिलांग, नागपुर, बैंगलोर और वडोदरा मुख्यालय, कोरबा और मुजफ्फरपुर उप–केन्द्र को प्रथम पुरस्कार मिला; कोलकाता और भुवनेश्वर मुख्यालय, क्योंझर, जबलपुर, रायपुर, नेल्लोर, तिरुवनंतपुरम और मोगा सब–स्टेशनों को दूसरा पुरस्कार मिला। इसी अवधि के दौरान विद्युत मंत्रालय की दिनांक 17 अगस्त, 2023 को आयोजित हिंदी सलाहकार समिति की बैठक में माननीय केंद्रीय विद्युत मंत्री द्वारा उत्कृष्ट राजभाषा कार्यान्वयन के लिए पावरग्रिड को वर्ष 2021–22 और वर्ष 2022–23 के लिए तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

इसके अतिरिक्त, विभिन्न अवसरों पर माननीय संसदीय राजभाषा समिति द्वारा किए गए विभिन्न निरीक्षणों और चर्चाओं के दौरान भी कंपनी के प्रयासों की सराहना की गई।

18. हितधारक सहभागिता

आपकी कंपनी अपने सभी हितधारकों के साथ सहभागिता और उनके साथ सौहार्दपूर्ण संबंध बनाने पर ध्यान केंद्रित करती है। इससे हमें न केवल उनकी ज़रूरतों और अपेक्षाओं को समझने में मदद मिलती है, बल्कि अवसरों को पहचानने और हमारे संचालन के लिए जोखिमों को कम करने में भी मदद मिलती है। कंपनी में अपने हितधारकों के साथ जुड़ने के लिए कार्यढांचा है जिसमें हितधारकों की श्रेणियों के साथ–साथ सहभागिता संबंधित तौर–तरीके भी शामिल हैं।

19. प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट

निदेशकों की रिपोर्ट का अंश बनने वाली प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट को इस रिपोर्ट के अनुबंध–५ में प्रस्तुत किया गया है।

20. व्यावसायिक जिम्मेदारी और संधारणीयता रिपोर्ट

सेबी (एलओडीआर) विनियमन, 2015 के विनियमन 34(2) के अंतर्गत निर्धारित व्यावसायिक जिम्मेदारी और संधारणीयता रिपोर्ट **अनुबंध–II** में दी गई है और यह इस रिपोर्ट का हिस्सा है।

21. ऊर्जा संरक्षण, प्रौद्योगिकी अवशोषण और विदेशी मुद्रा आय और व्यय

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(3)(ज) के अनुसार, कंपनी (लेखा) नियम, 2014 के नियम 8 के साथ, 'ऊर्जा संरक्षण, प्रौद्योगिकी अवशोषण और विदेशी मुद्रा आय और व्यय' से संबंधित जानकारी इस रिपोर्ट के **अनुबंध–III** में दी गई है।

22. लेखा परीक्षक

22.1 कंपनी के सांविधिक लेखा परीक्षक

कंपनी के सांविधिक लेखा परीक्षकों की नियुक्ति भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक द्वारा की जाती है। मेसर्स एस. रामानंद अय्यर एंड कंपनी, मेसर्स सागर एंड एसोसिएट्स, मेसर्स सुरेश सुराना एंड एसोसिएट्स एलएलपी और मेसर्स जी.डी. आप्टे एंड कंपनी को वित्त वर्ष 2023–24 के लिए संयुक्त सांविधिक लेखा परीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया।

सांविधिक लेखा परीक्षकों ने गैर–अर्हता प्राप्त रिपोर्ट दी है। यह रिपोर्ट स्वतः स्पष्ट है और बोर्ड द्वारा किसी और टिप्पणी की आवश्यकता नहीं है।

22.2 नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियाँ

कंपनी को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(6) के अंतर्गत भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएंडएजी) से दिनांक 31 मार्च 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों (स्टैंडअलोन और समेकित) पर कोई टिप्पणी नहीं मिली है। सीएंडएजी से प्राप्त सूचना **अनुबंध–IV** में प्रस्तुत है।

22.3 सचिवीय लेखापरीक्षा

मेसर्स कुमार नरेश सिन्हा एंड एसोसिएट्स, प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरी ने दिनांक 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी का सचिवीय लेखापरीक्षा किया है। सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट **अनुबंध–V** में दी गई है।

सचिवीय लेखापरीक्षक की टिप्पणियाँ निम्नानुसार हैं:

i. कंपनी के निदेशक मंडल का आधा हिस्सा स्वतंत्र नहीं था, जैसा कि सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम 17(1) और निदेशक मंडल की संरचना के संबंध में कॉर्पोरेट प्रशासन पर डीपीई दिशानिर्देशों के पैरा 3.1.4 के अंतर्गत यथापेक्षित है।

ii. कंपनी के बोर्ड में कम से कम एक स्वतंत्र महिला निदेशक नहीं थी, जैसा कि सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियमन 17(1)(क) के अंतर्गत यथापेक्षित है और कम से कम एक महिला निदेशक नहीं थी, जैसा कि पठित कंपनी (निदेशकों की नियुक्ति और योग्यता) नियमावली, 2014 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149(1) के अंतर्गत यथापेक्षित है।

सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट में की गई टिप्पणी पर आपकी कंपनी की प्रतिक्रिया यह है कि पावरग्रिड, जो एक सरकारी कंपनी है, में स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति करने की शक्ति भारत सरकार के पास है और कंपनी ने अपेक्षित संख्या में स्वतंत्र निदेशकों (एक स्वतंत्र महिला निदेशक सहित) की नियुक्ति के लिए भारत सरकार के साथ मामला उठाया है।

22.4 लागत लेखा परीक्षक और लागत रिकॉर्ड

मेसर्स धनंजय वी. जोशी एंड एसोसिएट्स और मेसर्स बंद्योपाध्याय भौमिक एंड कंपनी को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 148 के अंतर्गत वित्त वर्ष 2023–24 के लिए लागत लेखा परीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया था।

आपकी कंपनी, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 148(1) के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट कंपनी (लागत रिकॉर्ड और लेखा परीक्षा) नियम, 2014 के अंतर्गत निर्धारित लागत लेखांकन रिकॉर्ड बनाए रख रही है।

दिनांक 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए लागत लेखा परीक्षा रिपोर्ट को कंपनी (लागत रिकॉर्ड और लेखा परीक्षा) नियमावली, 2014 के अंतर्गत निर्धारित समय अवधि के भीतर दायर की जाएगी।

23. बोर्ड और समितियां

23.1 कंपनी का बोर्ड

वित्तीय वर्ष 2023–24 के दौरान, श्री मोहम्मद अफजल, संयुक्त सचिव, विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार का निदेशक के पद पर पदभार दिनांक 17 मई, 2023 को समाप्त हो गया। उनके स्थान पर डॉ. साईबाबा दरबामुल्ला, संयुक्त सचिव, विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार को दिनांक 18 मई, 2023 से सरकारी नामित निदेशक नियुक्त किया गया।

डॉ. विनोद कुमार सिंह दिनांक 31 मई, 2023 को सेवानिवृत्ति होने तक पावरग्रिड के निदेशक (कार्मिक) के रूप कार्यरत थे।

श्री के. श्रीकांत, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक को 1 जून, 2023 से 31 अगस्त, 2023 तक निदेशक (कार्मिक) के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

डॉ. यतीन्द्र द्विवेदी ने 31 अगस्त, 2023 से निदेशक (कार्मिक) के पद का कार्यभार संभाला।

श्री कोराचारा नागप्पा ओंकारप्पा, स्वतंत्र निदेशक के निधन के कारण 13 दिसंबर, 2023 से निदेशक का पद रिक्त हो गया।

श्री के. श्रीकांत ने सेवानिवृत्ति के कारण दिनांक 31 दिसंबर, 2023 को पावरग्रिड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में अपना कार्यकाल पूरा कर लिया है। उनके स्थान पर श्री रवींद्र कुमार त्यागी, निदेशक (संचालन), पावरग्रिड ने दिनांक 01 जनवरी, 2024 से अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का पदभार ग्रहण कर लिया है तथा 31 दिसंबर, 2023 से निदेशक (संचालन) के पद से मुक्त हो गए।

श्री रवींद्र कुमार त्यागी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक को दिनांक 01 फरवरी, 2024 से 31 मार्च, 2024 तक अथवा नियमित पदाधिकारी द्वारा कार्यभार ग्रहण करने तक अथवा अगले आदेशों तक, जो भी पहले हो, निदेशक (संचालन) के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया।

बोर्ड ने कंपनी के कामकाज को संचालित करने में उनके बहुमूल्य योगदान के लिए श्री मोहम्मद अफजल, डॉ. विनोद कुमार सिंह, श्री कोराचारा नागप्पा ओंकारप्पा और श्री के. श्रीकांत के प्रति अपनी सराहना और आभार व्यक्त किया।

कंपनी अधिनियम, 2013 और कंपनी के एसोसिएशन के लेखों के प्रावधानों के अनुसार, नियमित आवर्तन द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले निदेशक के रूप में श्री रविशंकर गणेशन (डीआईएनः 08816101) की पुनर्नियुक्ति के संबंध में प्रस्ताव को वार्षिक आम बैठक की सूचना में शामिल किया गया।

23.2 बोर्ड की बैठकों की संख्या

वित्तीय वर्ष 2023–24 के दौरान निदेशक मंडल की 16 बैठकें हुई है। बोर्ड की बैठकों की तिथियों और उपस्थिति के बारे में विवरण कॉर्पोरेट प्रशासन संबंधित रिपोर्ट में दिया गया है, जो इस रिपोर्ट का हिस्सा है।

कॉर्पोरेट प्रशासन संबंधी रिपोर्ट **अनुबंध–VI** में संलग्न है, और सेबी (एलओडीआर) विनियमन, 2015 की **अनुसूची V** पैरा ङ के अनुसार प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरी द्वारा जारी किया गया प्रमाणपत्र इस रिपोर्ट के **अनुबंध–VII** में संलग्न है।

23.3 बोर्ड की समितियाँ

कंपनी ने प्रचालन सुविधा के लिए लेखा–परीक्षा समिति, कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व समिति, नामांकन और पारिश्रमिक समिति, हितधारकों संबंधी समिति, जोखिम प्रबंधन समिति और अन्य समितियों का गठन किया है। उपर्युक्त समितियों की संरचना और कार्यक्षेत्र कॉर्पोरेट प्रशासन संबधी रिपोर्ट में संलग्न है, जो इस रिपोर्ट का हिस्सा है।

23.4 स्वतंत्र निदेशकों द्वारा घोषणा

वित्तीय वर्ष के दौरान, सभी स्वतंत्र निदेशकों ने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149(6) और सेबी (एलओडीआर) विनियमन, 2015 के विनियमन 16(1)(ख) के अंतर्गत 'स्वतंत्र निदेशक' का पद धारण करने के लिए विनिर्दिष्ट आवश्यकताओं को पूरा किया है और कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149(7) और सेबी (एलओडीआर) विनियमन, 2015 के विनियमन 25(8) के अंतर्गत प्रत्येक स्वतंत्र निदेशक से आवश्यक घोषणा प्राप्त हुई है।

सेबी (एलओडीआर) विनियमन, 2015 के विनियमन 34(3) और अनुसूची V पैरा ग खंड (10)(i) के अनुसार, मेसर्स नरेश कुमार सिन्हा एंड एसोसिएट्स, कंपनी सचिवों ने उन निदेशकों की गैर–अर्हता का प्रमाण पत्र जारी किया है, जो वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान कंपनी के बोर्ड में थे।

23.5 निदेशकों के निष्पादन संबंधी मूल्यांकन

यह इस रिपोर्ट के 'कॉर्पोरेट प्रशासन संबंधी रिपोर्ट' भाग में प्रदान किया गया है और विवरण के लिए इसका संदर्भ ले सकते हैं।

23.6 निदेशक की नियुक्ति और पारिश्रमिक पर नीति

कंपनी ने निदेशकों, केएमपी और कर्मचारियों के पारिश्रमिक पर एक नीति तैयार की है। उक्त नीति हमारी वेबसाइट https://www.powergrid.in/sites/default/files/Investor_Relation/Reports_Filings/Code_of_Conduct_Policies/04_Remuneration%20Policy.pdf पर उपलब्ध है।

24. अनुपालन

24.1 जोखिम प्रबंधन नीति

जोखिम प्रबंधन कार्यढांचे संबंधी जानकारी इस रिपोर्ट के **अनुबंध–I** में दिए गए प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण में शामिल है।

24.2 आंतरिक वित्तीय नियंत्रण और पर्याप्तता

बोर्ड ने अपने कारोबार के व्यवस्थित और कुशल संचालन को सुनिश्चित करने के लिए नीतियां और प्रक्रियाएं अपनाई हैं, जिसमें कंपनी की नीतियों का अनुपालन, अपनी परिसंपत्तियों की सुरक्षा, धोखाधड़ी की रोकथाम और उनका पता लगाना, त्रुटि रिपोर्टिंग तंत्र, लेखा अभिलेखों की सटीकता और पूर्णता और विश्वसनीय वित्तीय प्रकटीकरण की समय पर तैयारी शामिल है।

24.3 कंपनी का वार्षिक आय

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(3)(क) के साथ पठित धारा 92(3) के अनुसार, कंपनी का वार्षिक आय कंपनी की वेबसाइट पर उपलब्ध है और इसे
https://www.powergrid.in/sites/default/files/agm_egm_files/finalforwebsite_MGT7.PDF
पर देखा जा सकता है।

24.4 ऋण, गारंटी या निवेश

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 186 के अंतर्गत ऋण, गारंटी या निवेश इस रिपोर्ट से जुड़े वित्तीय विवरणों के टिप्पणी का हिस्सा हैं।

24.5 संबंधित पक्षकारों के साथ संविदा या प्रावधान

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 188(1) में विनिर्दिष्ट संबंधित पक्षकारों के साथ संविदा या प्रावधान, निर्धारित प्रपत्र एओसी–2 में, इस रिपोर्ट के अनुबंध–VIII में दी गई है। इसके अतिरिक्त, सदस्यों का ध्यान वित्तीय विवरण के टिप्पणी संख्या 55 की ओर आकर्षित किया जाता है, जिसमें संबंधित पक्षकार प्रकटीकरण निर्धारित किया गया है।

24.6 सहायक कंपनियां, संयुक्त उद्यम और सहयोगी कंपनियां

दिनांक 31 मार्च, 2024 तक की स्थिति के अनुसार, कंपनी में 47 सहायक कंपनियां, 12 संयुक्त उद्यम और 4 सहयोगी कंपनियां हैं। हमारी सहायक कंपनियों और संयुक्त उद्यमों की वित्तीय विशेषताओं को प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण में शामिल किया गया है और निर्धारित प्रपत्र एओसी–1 में विवरण इस रिपोर्ट के **अनुबंध–IX** के रूप में संलग्न है।

24.7 लाभांश वितरण नीति

लाभांश वितरण नीति, जिसमें ऐसे मापदंड और परिस्थितियाँ निर्धारित की गई हैं, जिन पर बोर्ड द्वारा अपने शेयरधारकों को लाभांश

के वितरण और/या कंपनी द्वारा अर्जित प्रतिधारित लाभ का निर्धारण करने में विचार किया जाएगा, कंपनी की वेबसाइट https://www.powergrid.in/sites/default/files/Dividend%20Distribution%20Policy.pdf पर उपलब्ध है।

24.8 महत्वपूर्ण वास्तविक आदेश

विनियामकों या न्यायालयों या न्यायाधिकरणों द्वारा कोई महत्वपूर्ण और वास्तविक आदेश पारित नहीं किए गए हैं, जो भविष्य में कंपनी की वर्तमान स्थिति और संचालन को प्रभावित करते हों।

25. कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पर वार्षिक रिपोर्ट

संशोधित कंपनी (सीएसआर नीति) नियमावली, 2014 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 के प्रावधानों के अनुसार, उक्त नियमों के अंतर्गत निर्धारित प्रारूप में सीएसआर कार्यकलापों से संबंधित वार्षिक रिपोर्ट **अनुबंध–X** पर इस रिपोर्ट के साथ संलग्न है।

26. कर्मचारियों का विवरण

आपकी कंपनी सरकारी कंपनी है, इसलिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 197(12) के प्रावधान और उसके अंतर्गत जारी प्रासंगिक नियम, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी दिनांक 05 जून, 2015 की अधिसूचना के अनुसार लागू नहीं होते हैं।

कार्यात्मक निदेशकों की नियुक्ति की शर्तें और नियम समय–समय पर भारत सरकार के सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) द्वारा जारी लागू दिशा–निर्देशों के अध्यधीन हैं।

27. दिवाला और दिवालियापन संहिता, 2016

दिवाला और दिवालियापन संहिता के अंतर्गत कोई आवेदन नहीं किया गया है; इसलिए वित्तीय वर्ष के अंत में उनकी स्थिति सहित वर्ष के दौरान दिवाला और दिवालियापन संहिता, 2016 के अंतर्गत किए गए आवेदन या लंबित किसी कार्यवाही का विवरण प्रकट करने की आवश्यकता लागू नहीं होती है।

28. लेखा परीक्षकों द्वारा धोखाधड़ी की रिपोर्टिंग

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, किसी भी लेखा परीक्षक ने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(12) के अंतर्गत लेखा परीक्षा समिति या बोर्ड को कंपनी के अधिकारियों या कर्मचारियों द्वारा कंपनी के विरुद्ध की गई धोखाधड़ी के किसी भी मामले की रिपोर्ट नहीं की है।

29. सावधि जमा

हमने जनता से भी कोई सावधि जमा स्वीकार नहीं किया है और इस प्रकार, तुलन पत्र की तिथि तक कोई भी मूलधन या ब्याज बकाया नहीं था।

30. आईसीएसआई के सचिवीय मानक

कंपनी ने निदेशक मंडल की बैठकों (एसएस–1) और आम बैठकों (एसएस–2) से संबंधित सचिवीय मानक के अंतर्गत निर्धारित आवश्यकताओं का अनुपालन किया है।

31. महत्वपूर्ण परिवर्तन और प्रतिबद्धताएँ

वित्तीय वर्ष के अंत और इस रिपोर्ट की तिथि के बीच कंपनी की वित्तीय स्थिति को प्रभावित करने वाले कोई भी महत्वपूर्ण परिवर्तन और प्रतिबद्धता नहीं हैं।

32. निदेशकों के उत्तरदायित्व संबंधी विवरण

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(3)(ग) और 134(5) के अंतर्गत यथापेक्षित, निदेशक पुष्टि करते हैं कि:

क. वार्षिक लेखों की तैयारी में, लागू लेखांकन मानकों का अनुपालन किया गया था, साथ ही महत्वपूर्ण विचलन से संबंधित समुचित स्पष्टीकरण भी दिया गया था;

ख. निदेशकों ने ऐसी लेखांकन नीतियों का चयन किया था और उन्हें निरंतर कार्यान्वित किया था तथा ऐसे निर्णय और अनुमान लगाए थे जो वित्तीय वर्ष के अंत में कंपनी की स्थिति और उस अवधि के लिए कंपनी के लाभ का सही और निष्पक्ष दृष्टिकोण देने के लिए उचित और विवेकपूर्ण थे;

ग. निदेशकों ने कंपनी की परिसंपत्तियों की सुरक्षा और धोखाधड़ी और अन्य अनियमितताओं को रोकने और उनका पता लगाने के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखांकन रिकॉर्ड के अनुरक्षण के लिए समुचित और पर्याप्त देखरेख की थी;

घ. निदेशकों ने वार्षिक लेखों को प्रचलित धारणाओं के आधार पर तैयार किया था;

ङ. निदेशकों ने कंपनी द्वारा पालन किए जाने वाले आंतरिक वित्तीय नियंत्रण निर्धारित किए थे और ऐसे आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर्याप्त हैं और प्रभावी रूप से काम कर रहे हैं; और

(च) निदेशकों ने सभी लागू कानूनों के प्रावधानों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए समुचित प्रणालियां तैयार की थीं और ऐसी प्रणालियां पर्याप्त थीं तथा प्रभावी रूप से कार्य कर रही थीं।

33. आभार


निदेशक मंडल भारत सरकार, विशेष रूप से विद्युत मंत्रालय, वित्त मंत्रालय, गृह मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय, केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग, विद्युत अपीलीय न्यायाधिकरण, केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण, नीति आयोग, लोक उद्यम विभाग, क्षेत्रीय विद्युत समितियां, भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक कार्यालय तथा केंद्र एवं राज्य स्तरीय अन्य संबंधित सरकारी विभागों/एजेंसियों से प्राप्त मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिए हृदय से आभार व्यक्त करती है, जिनके सक्रिय सहयोग के बिना समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कंपनी की उपलब्धियां संभव नहीं होतीं।

हमारे मूल्यवान ग्राहकों, राज्य सरकारों और राज्यिक विद्युत उपयोगिताओं तथा अन्य ग्राहकों का विशेष धन्यवाद, जिन्होंने विभिन्न परामर्श कार्य प्राप्त किए हैं तथा उन्हें संभालने की कंपनी की क्षमता में विश्वास जताया है। बोर्ड आपकी कंपनी द्वारा विभिन्न परियोजनाओं के सफल कार्यान्वयन के लिए संविदाकारों, विक्रेताओं और सलाहकारों के योगदान की भी सराहना करता है।

निदेशक समीक्षाधीन वर्ष के लिए कंपनी के लेखों की लेखापरीक्षा के दौरान वैधानिक लेखापरीक्षकों से प्राप्त बहुमूल्य सुझावों और मार्गदर्शन के लिए भी आभार व्यक्त करते हैं। बोर्ड राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों, बहुपक्षीय वित्तीय संस्थानों, घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय ऋण मूल्यांकन एजेंसियों को उनकी सहायता, कंपनी में निरंतर विश्वास और भरोसा जताने के लिए अपना हार्दिक धन्यवाद भी व्यक्त करते हैं।

निदेशक मंडल की ओर से, मैं वर्ष 2023–24 के दौरान कंपनी के निष्पादन में योगदान देने वाले कर्मचारियों द्वारा किए गए समर्पित प्रयासों और बहुमूल्य सेवाओं की गहरी सराहना करता हूँ। सभी स्तरों पर कर्मचारियों द्वारा निष्पादित प्रतिबद्धता अनुकरणीय और प्रशंसनीय है। मैं कार्यकारी टीम को उनके सुदृढ़ नेतृत्व के लिए, कर्मचारी संघों को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं और हमारे सभी कर्मचारियों को उनकी प्रतिबद्धता, उत्साह और समर्पण के लिए धन्यवाद।

निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से




(रवीन्द्र कुमार त्यागी)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन: 09632316

दिनांक: 31 जुलाई, 2024
स्थान: गुरुग्राम

निदेशकों की रिपोर्ट के अनुबंधों की सूची नीचे दी गई हैं:

Sr. No.	Annexure to the Directors' Report	Page number
अनुबंध I	प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट	186
अनुबंध II	व्यावसायिक उत्तरदायित्व और संधारणीयता रिपोर्ट	228
अनुबंध III	कंपनी (लेखा) नियमावली, 2014 के नियम 8(3) के साथ पढ़ित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(3)(एम) के अंतर्गत आवश्यक विवरण,	270
अनुबंध IV	कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(6)(ख) के अंतर्गत नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियाँ	274
अनुबंध V	सचिवीय लेखा परीक्षा रिपोर्ट	279
अनुबंध VI	कॉर्पोरेट प्रशासन संबंधी रिपोर्ट	283
अनुबंध VII	कॉर्पोरेट प्रशासन संबंधी प्रमाणपत्र	309
अनुबंध VIII	फॉर्म संख्या एओसी–2	310
अनुबंध IX	फॉर्म संख्या एओसी–1	320
अनुबंध X	कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) कार्यकलापों से संबंधित वार्षिक रिपोर्ट	330



निदेशकों की रिपोर्ट के लिए अनुबंध–I

प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट

1. आर्थिक और क्षेत्र संबंधी सिंहावलोकन

भारत की विकास गतिः भावी शक्ति

भारत अपनी प्रभावशाली आर्थिक गति को बनाए रखने के लिए तैयार है तथा वैश्विक स्तर पर सबसे तेजी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में अपनी स्थिति बनाए रखेगा। आईएमएफ द्वारा जुलाई 2024 के विश्व आर्थिक परिदृश्य के अनुसार, वैश्विक अर्थव्यवस्था उल्लेखनीय रूप से समुत्थानशील बनी हुई है, जिसमें वित्त वर्ष 24 में विकास दर लगभग 3.2% और वित्त वर्ष 25 में 3.3% पर स्थिर है। इस पृष्ठभूमि के बीच, आईएमएफ ने वर्ष 2025 में भारत की विकास दर 6.5% रहने का अनुमान लगाया है। आर्थिक समीक्षा 23–24 के अनुसार, वित्त वर्ष 2024–25 में भारत की वास्तविक जीडीपी 6.5% से 7% के बीच बढ़ने का अनुमान है, जो सुदृढ़ आर्थिक समुत्थानशीलता को दर्शाता है। यह वित्त वर्ष 2024 में प्रभावशाली निष्पादन के बाद का है, जहाँ वास्तविक जीडीपी में 8.2% की वृद्धि हुई है, जो चार में से तीन तिमाहियों में 8% के निर्धारित लक्ष्यों को पार कर गई। भारतीय अर्थव्यवस्था, वैश्विक महामारी के प्रकोप से तेजी से उबर चुकी है, वित्त वर्ष 2024 में इसकी वास्तविक जीडीपी वित्त वर्ष 2020 में कोविड–पूर्व स्तरों से 20% अधिक है।

भारत पर्यावरणीय संधारणीयता, जलवायु समुत्थानशीलता बढ़ाने, ऊर्जा सुरक्षा और अपनी निवल शून्य प्रतिबद्धताओं को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण उपाय कर रहा है। वर्ष 2023 में जी–20 की शिखर सम्मेलन में भारत की अध्यक्षता के दौरान, स्वच्छ, संधारणीय और सस्ती ऊर्जा परिवर्तन में तेजी लाने, निर्बाध और विविध ऊर्जा प्रवाह सुनिश्चित करने, ऊर्जा सुरक्षा बढ़ाने और प्रतिस्पर्धी अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा बाजारों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्धताएं व्यक्त की गईं। इसके अतिरिक्त, हाइड्रोजन के लिए जी–20 उच्च–स्तरीय स्वैच्छिक सिद्धांतों और ऊर्जा दक्षता में सुधार और नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए स्वैच्छिक कार्य योजनाओं पर प्रकाश डाला गया। शिखर सम्मेलन में वर्ष 2030 तक वैश्विक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को तीन गुना करने और शून्य और कम उत्सर्जन वाली प्रौद्योगिकियों को आगे बढ़ाने के लक्ष्य सहित नवीकरणीय ऊर्जा पर ध्यान केंद्रित करते हुए 4 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक के वार्षिक निवेश की आवश्यकता को मान्यता दी गई।

आने वाले वर्षों में हरित हाइड्रोजन और इसके व्युत्पन्न, हरित अमोनिया और हरित मेथनॉल का उत्पादन बढ़ने वाला है, जो स्वच्छ प्रौद्योगिकियों की ओर रणनीतिक बदलाव को दर्शाता है। हरित हाइड्रोजन नीति और राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन के शुभारंभ के माध्यम से सरकार द्वारा की गई प्रतिबद्धता, वर्तमान नवीकरणीय ऊर्जा आवश्यकताओं और भावी संधारणीयता लक्ष्यों दोनों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इन नीतियों से भारत के नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र को महत्वपूर्ण रूप से आकार मिलने, वैश्विक रुझानों के साथ तालमेल बिठाने और भारत को संधारणीय ऊर्जा के लिए वैश्विक परिवर्तन में प्रमुख प्लेयर के रूप में स्थापित करने की उम्मीद है।

भारत का राष्ट्रीय ग्रिड दुनिया के सबसे बड़े एकीकृत विद्युत ग्रिडों में से अन्यतम ग्रिड के रूप में उभरकर आया है, जैसा कि आर्थिक समीक्षा 2023–24 में बताया गया है। देश अपने ऊर्जा मिश्रण में गैर–जीवाश्म ईंधन के योगदान को बढ़ाने के अपने प्रयासों में तेजी ला रहा है। भारत में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में वर्ष 2024 और वर्ष 2030 के बीच 30.5 लाख करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित होने की उम्मीद है, जिससे मूल्य श्रृंखला में महत्वपूर्ण आर्थिक प्रभाव पड़ेगा। वर्ष 2014 से वर्ष 2023 के बीच स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में ₹8.5 लाख करोड़ का नया निवेश हुआ, जो संधारणीय ऊर्जा भविष्य की दिशा में बढ़ती विकास को दर्शाता है।

भारत में विद्युत क्षेत्र निवेशकों के लिए तेजी से व्यवहार्य और आकर्षक बन गया है, जो नवीकरणीय ऊर्जा सहित स्वचालित विधि के अंतर्गत 100% प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की स्वीकृति से सुदृढ़ हुआ है। भारत सरकार ने वर्ष 2030 के लिए नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य के साथ तालमेल बिठाते हुए और संधारणीय ऊर्जा विकास को बढ़ावा देते हुए हरित हाइड्रोजन, सौर ऊर्जा और हरित ऊर्जा गलियारों के लिए पर्याप्त निदि आवंटित की है। अप्रैल 2020 से सितंबर 2023 तक, स्वयं नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र ने 6.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर का एफडीआई इक्विटी निवेश आकर्षित किया, जो भारत की हरित ऊर्जा पहलों में बढ़ते विदेशी निवेशकों के विश्वास को दर्शाता है। राष्ट्रीय विद्युत योजना 2022–32 के अनुसार, बढ़ती ऊर्जा मांगों को पूरा करने के लिए विद्युत उत्पादन उद्योग को वर्ष 2032 तक कुल ₹33 लाख करोड़ के निवेश की आवश्यकता होगी।

अपनी हरित ऊर्जा प्रतिबद्धताओं और वर्ष 2070 तक निवल शून्य उत्सर्जन प्राप्त करने के लक्ष्य के अनुरूप, सरकार ने 2024–25 के अंतरिम बजट में संधारणीय ऊर्जा और इलेक्ट्रिक गतिशीलता का समर्थन करने वाले कई नए उपायों की घोषणा की। छत पर सौर ऊर्जा स्थापित को बढ़ावा देने के लिए, बजट में हाल ही में घोषित प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना पहल के अंतर्गत छत पर सौर ऊर्जा संयत्र लगाकर 10 मिलियन घरों को सौर ऊर्जावान करने का प्रस्ताव दिया गया है। इस उपाय से लगभग 30 गीगावॉट छत पर सौर ऊर्जा क्षमता का समर्थन करने, स्वच्छ ऊर्जा को अधिक सुलभ बनाने और महत्वपूर्ण कार्बन क्रेडिट बनाने की उम्मीद है, जो भारत को वर्ष 2070 तक शून्य उत्सर्जन के अपने लक्ष्य तक पहुँचने में मदद करेगा। इसके अतिरिक्त, अपतटीय पवन ऊर्जा परियोजनाओं और बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणालियों (बीईएसएस) के लिए व्यवहार्यता अंतर निधियन (वीजीएफ) की शुरूआत भारत की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का लाभ उठाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल को दर्शाती है। ये पहल वर्ष 2030 तक 500 गीगावॉट गैर–जीवाश्म ईंधन आधारित उत्पादन क्षमता प्राप्त करने और गैर–जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा संसाधनों से 50% संचयी विद्युत शक्ति स्थापित क्षमता प्राप्त करने के भारत के उद्देश्यों को प्राप्त करने में मदद करेगी।

वर्ष 2023–24 में विद्युत क्षेत्र में विकास


विद्युत क्षेत्र, जिसमें तीन प्रमुख स्तंभ शामिल हैं – उत्पादन, पारेषण और वितरण जो भारत की आर्थिक वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण है। पिछले एक दशक में, देश की उत्पादन क्षमता मिश्रण में महत्वपूर्ण बदलाव परिदर्शित हुआ हैं। मार्च 2024 तक, जीवाश्म–आधारित क्षमता कुल क्षमता मिश्रण का 55.03% है, जबकि गैर जीवाश्म–आधारित क्षमता 44.97% है।


पिछले तीन वर्षों के दौरान हुए महत्वपूर्ण विकास को निम्नलिखित सारणी में दर्शाया गया हैं:

	वि.व. 21–22	वि.व. 22–23	वि.व. 23–24	वृद्धि (वर्ष दर वर्ष) (वि.व. 24 बनाम वि.व 23)	वृद्धि 2 वर्ष (सीएजीआर) (वि.व. 24 बनाम वि.व 22)
सृजन					
कुल स्थापित क्षमता (आर.ई. सहित) गीगावाट	399.49	416.05	441.97	6.23%	5.18%
नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत (आरईएस) क्षमता गीगावाट (बड़ी जलविद्युत को छोड़कर)	109.85	125.15	143.64	14.78%	14.35%
कुल उत्पादन (आरई सहित) बीयू	1,491.86	1,624.15	1,738.10	7.02%	7.94%
नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों (बीयू) से उत्पादन (बड़े जलविद्युत को छोड़कर)	170.91	203.55	225.46	10.76%	14.86%
हॉस–बॉर्डर पावर एक्सचेंज (बीयू)	16.83	18.09	18.00	-0.50%	3.42%
पारेषण					
पारेषण लाइन्स (सीकेएम) (220 केवी और उससे अधिक)	4,56,716	4,71,341	4,85,544	3.01%	3.11%
परिवर्तन क्षमता (एमवीए)	11,04,450	11,80,352	12,51,080	5.99%	6.43%
अंतर क्षेत्रीय विद्युत स्थानांतरण क्षमता (मेगावाट)	1,12,250	1,12,250	1,16,540	3.82%	1.89%
अंतर क्षेत्रीय विद्युत हस्तांतरण (बीयू)	228	236	249	5.51%	4.50%
पावर मार्केट्स					
अल्पावधि लेनदेन (संख्या)	89,544	1,02,692	1,20,246	17.09%	15.88%
अल्पावधि लेनदेन (ऊर्जा लेनदेन) बीयू	162.81	171.81	171.66	-0.09%	2.68%
विद्युत आपूर्ति की स्थिति					
अधिकतम मांग (गीगावाट)	203.01	215.88	243.27	12.69%	9.47%
पीक मेट (गीगावाट) पीक	200.54	207.23	239.93	15.78%	9.38%
घाटा (%)	1.20%	4%	1.40%	_	_
धर्जा मांग (बीयू)	1,379.81	1,511.84	1,626.13	7.56%	8.56%
धर्जा मेट (बीयू)	1,374.02	1,504.26	1,622.02	7.83%	8.65%
घाटा (%)	0.04%	0.50%	0.30%	_	_

स्रोतः सीईए और ग्रिड–इंडिया मासिक रिपोर्ट

राष्ट्रीय ग्रिड का विस्तार पारेषण लाइनों और परिवर्तन क्षमता में निरंतर वृद्धि द्वारा वर्णन किया जाता है। देश का पारेषण नेटवर्क देश में बढ़ती विद्युत की मांग और विस्तारित विद्युत उत्पादन क्षमता का समर्थन करने के लिए तेजी से बढ़ रही है और इसलिए ग्रिड में नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के एकीकरण को सुविधाजनक बनाना महत्वपूर्ण है। इसका चरित्र चित्रण न केवल पारेषण नेटवर्क के वास्तविक वृद्धि में हुआ है, बल्कि इससे उच्च पारेषण वोल्टेज और बल्क पावर पारेषण की नई तकनीकों की भी शुरूआत हुई है।







स्रोतः सीईए मासिक रिपोर्ट

भारत का विद्युत वितरण क्षेत्र विद्युत आपूर्ति श्रृंखला में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। वित्त वर्ष 2023 में एटीएंडसी घाटा घटकर 15.4% रह गया, जो वित्त वर्ष 2021 में 21.2% था। इसका महत्वपूर्ण परिवर्तन वर्धित संग्रह दक्षता में देखा जा सकता है, जो वित्त वर्ष 2021 में 92.9% से बढ़कर वित्त वर्ष 2023 में 97.3% हो गई, जबकि बिलिंग दक्षता लगभग यथावत रही।

सरकार राज्यों को संशोधित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) के माध्यम से अपने एटीएंसी घाटे को कम करने के लिए सक्रिय रूप से प्रेरित कर रही है, जिसका उद्देश्य इन घाटे को 12–15% की सीमा तक कम करना और वित्तीय वर्ष 2024–25 तक आपूर्ति की औसत लागत और कुल राजस्व आवश्यकता के बीच के अंतर को कम करना है।





स्रोतः 12वीं वार्षिक एकीकृत रेटिंग और रैंकिंगः विद्युत वितरण उपयोगिताएँ

पारेषण क्षेत्र से संबंधित प्रमुख पहल/सुधार और विनियामक परिवर्तन

क) सीईआरसी (प्रशुल्क की निबंधन और शर्तें) विनियमन, 2024

सीईआरसी ने दिनांक 01.04.2024 से दिनांक 31.03.2029 तक की प्रशुल्क अवधि के लिए केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (प्रशुल्क की निबंधन और शर्तें) विनियमन, 2024 जारी किए हैं। पारेषण से संबंधित प्रशुल्क विनियमनों की मुख्य विशेषताओं में निम्नलिखित शामिल हैं:

- दिनांक 01.04.2024 से पहले शुरू की गई पारेषण परिसंपत्तियों के लिए इक्विटी संबंधी आय (आरओई) को पूर्व–कर आधार पर 15.5% की दर से पिछले 2019–24 विनियमनों के अनुसार संरक्षित किया गया है। दिनांक 01.04.2024 को और उसके बाद शुरू की जाने वाली पारेषण परिसंपत्तियों के लिए आरओई की गणना संबंधित वित्तीय वर्ष की प्रभावी कर दर पर अर्थात 15.0% की इक्विटी संबंधी आय की आधार दर को बढ़ाकर कर–पूर्व आधार पर की जाती है।

ख) मौजूदा परिसंपत्तियों के लिए मूल्यह्रास 5.28% पर जारी रहेगा। दिनांक 01.04.2024 के बाद शुरू की गई परिसंपत्तियों के लिए, 15 वर्षों हेतु 4.22% पर त्वरित मूल्यह्रास प्रदान किया जाता है।

ग) विद्युत मंत्रालय की विद्युत (विलंब भुगतान अधिभार और संबंधित मामले) संशोधन नियमानली, 2024

दिनांक 03 जून, 2022 की राजपत्रित अधिसूचना के माध्यम से विद्युत मंत्रालय ने विद्युत मंत्रालय की (विलंब भुगतान अधिभार और संबंधित मामले) नियम, 2021 को प्रतिस्थापित करते हुए विद्युत मंत्रालय की विद्युत (विलंब भुगतान अधिभार और संबंधित मामले) नियमावली, 2022 जारी किए हैं। विद्युत मंत्रालय ने उक्त नियमावली में संशोधन दिनांक 28 फरवरी, 2024 को जारी किया था, ताकि इसे सीईआरसी (अंतर–राज्यीय पारेषण प्रणाली तक कनेक्टिविटी और सामान्य नेटवर्क पहुंच) विनियमन, 2022 के साथ संरेखित किया जा सके।

घ) सीईआरसी जीएनए विनियमन, 2022, सीईआरसी (भारतीय विद्युत ग्रिड संहिता) विनियमन, 2023 और सीईआरसी सांझाकरण विनियमन, 2020 में पहले संशोधन के लिए प्रभावी तारीख

सीईआरसी ने दिनांक 03 अगस्त, 2023 की राजपत्रित अधिसूचना के माध्यम से अधिसूचित किया है कि सीईआरसी जीएनए विनियमन, 2022, सीईआरसी (भारतीय विद्युत ग्रिड संहिता) विनियमन, 2023 और सीईआरसी सांझाकरण विनियमन, 2020 में पहला संशोधन दिनांक 01 अक्टूबर, 2023 से लागू होगा। तदनुसार, उक्त विनियमन दिनांक 01 अक्टूबर, 2023 से प्रभावी हो गए हैं।

ङ) केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (अंतर–राज्यीय पारेषण शुल्क और घाटे का साझाकरण) (पहला संशोधन) विनियमन, 2022

सीईआरसी ने दिनांक 07 फरवरी, 2023 की राजपत्रित अधिसूचना के माध्यम से " साझाकरण विनियमन, 2022 में पहला संशोधन" जारी किया था। सीईआरसी साझाकरण विनियमनों को सीईआरसी जीएनए विनियमनों के साथ संरेखित करने के लिए विषयवस्तु संशोधन जारी किया गया है। संशोधित विनियमन उन आहर्ता डीआईसी के संबंध में पारेषण शुल्क की छूट की गणना के लिए अलग पद्धति प्रदान करते हैं जिन्होंने जीएनए और जीएनएआरई प्राप्त किया है। यह पद्धति छूटे हुए आरई स्रोतों से वास्तविक निकासी अनुसूचियों, संबंधित महीनों

में कुल निकासी अनुसूचियों और लागू शर्तों पर आधारित है।

ये विनियमन दिनांक 01 अक्टूबर, 2023 से प्रभावी हो गए हैं और तदनुसार जीएनए विनियमनों के अनुरूप संशोधित बिलिंग दिसंबर, 2023 महीने से शुरू की जा रही है।

च) केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (अंतर–राज्यीय पारेषण शुल्क और घाटे का साझाकरण) (दूसरा संशोधन) विनियम, 2023

सीईआरसी ने दिनांक 20 अक्टूबर, 2023 की अधिसूचना के माध्यम से "साझाकरण विनियम, 2022 में दूसरा संशोधन" जारी किया था, जो 01 नवंबर, 2023 से प्रभावी हो गया है। संशोधित विनियम आईएसटीएस और अन्य आईएसटीएस या अंतर–राज्यीय तत्वों के बीच बेमेलता को शामिल करते हुए देय पारेषण शुल्क और पारेषण शुल्क देयता प्रदान करते हैं।

छ) केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (अंतर–राज्यीय पारेषण शुल्क और घाटे का साझाकरण) (तीसरा संशोधन) विनियमन, 2023

सीईआरसी ने दिनांक 26 अक्टूबर, 2023 की राजपत्रित अधिसूचना के माध्यम से "साझाकरण विनियम, 2022 में तीसरा संशोधन" जारी किया था, जो 26 अक्टूबर, 2023 से प्रभावी हो गया है। संशोधित विनियमन किसी विशेष क्षेत्र को विद्युत की आपूर्ति करने के लिए नियोजित अंतर–क्षेत्रीय एचवीडीसी पारेषण प्रणाली के लिए पारेषण शुल्क के साझाकरण का प्रावधान करते हैं और जो प्रणाली आवश्यकताओं के कारण विपरीत दिशा में विद्युत ले जाने के लिए भी संचालित होते हैं। विपरीत दिशा में विद्युत प्रवाह की मेगावाट क्षमता को एनएलडीसी द्वारा ऐसी क्षमता के बराबर वास्तविक विद्युत प्रवाह के माध्यम से प्रमाणित किया जाएगा।

ज) विद्युत (संशोधन) नियमावली, 2024

विद्युत मंत्रालय ने विद्युत (संशोधन) नियमावली, 2024 जारी किए हैं जो दिनांक 11 जनवरी, 2024 से लागू होंगे। मंत्रालय ने वर्ष 2005 के मौजूदा विद्युत नियमों में संशोधन पेश किए। ये नियम विद्युत उत्पादन, पारेषण और मुक्त पहुंच प्रभार के विभिन्न पहलुओं से संबंधित समस्या का समाधान करने का प्रयास करते हैं।

- **नियम 21: समर्पित पारेषण लाइनों की स्थापना, प्रचालन और अनुरक्षण**

  यह नियम विद्युत उत्पादन कंपनियों, कैप्टिव जनरेटिंग प्लांट, ऊर्जा भंडारण प्रणाली स्थापित करने वाली संस्थाओं या अंतर–राज्यीय पारेषण प्रणाली के लिए कम से कम पच्चीस मेगावाट और अंतर–राज्यीय पारेषण प्रणाली के लिए दस मेगावाट की लोड आवश्यकता वाले उपभोक्ताओं को विद्युत अधिनियम के अंतर्गत लाइसेंस प्राप्त करने से छूट देता है। तथापि, अधिनियम के अंतर्गत जारी किए गए विनियमों, तकनीकी मानकों, दिशानिर्देशों और प्रक्रियाओं का अनुपालन अनिवार्य है।

- **नियम 22: मुक्त पहुंच प्रभार**

  यह नियम व्हीलिंग शुल्क, राज्यिक पारेषण उपयोगिताओं के नेटवर्क का उपयोग करने के लिए शुल्क और मुक्त पहुंच उपभोक्ताओं के लिए अतिरिक्त अधिभार की गणना को रेखांकित करता है। मुक्त पहुंच उपभोक्ताओं के लिए अतिरिक्त अधिभार विद्युत खरीद की प्रति यूनिट निर्धारित लागत पर सीमित है, जिसमें अनुदान की तिथि से चार वर्षों में रैखिक कमी होगी।

- **नियम 23: स्वीकृत वार्षिक राजस्व आवश्यकता और अनुमानित वार्षिक राजस्व के बीच का अंतर।**


  यह नियम यह सुनिश्चित करता है कि प्रशुल्क लागत–प्रतिबिंबित हों, जिससे स्वीकृत वार्षिक राजस्व आवश्यकता और स्वीकृत प्रशुल्क से अनुमानित वार्षिक राजस्व के बीच किसी भी अंतर को कम किया जा सके। नियमों की अधिसूचना के समय मौजूदा अंतराल के लिए, अधिकतम सात वार्षिक किस्तों की अनुमति स्वीकृत है।

विकास चालक

जैसा कि पिछले भागों में चर्चा की गई है, भारत तेजी से ऊर्जा परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है, जिसमें नवीन तथा नवीकरणीय ऊर्जा (आरई) संसाधनों के विकास पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है। सरकार सक्रिय रूप से इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी), छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्रों और सौर कृषि पंपों को अनुकूलन करने को बढ़ावा दे रही है, जो वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट की गैर–जीवाश्म ऊर्जा क्षमता हासिल करने और उसी वर्ष तक आरई के माध्यम से अपनी ऊर्जा जरूरतों का 50% पूरा करने की भारत की प्रतिबद्धता पर जोर दिया है।

प्रति व्यक्ति विद्युत की खपत

औद्योगिक विकास, जनसंख्या वृद्धि और बढ़ते विद्युतीकरण के कारण भारत में विद्युत की मांग लगातार बढ़ रही है। यह वैश्विक स्तर पर विद्युत का सबसे बड़ा उत्पादक और उपभोक्ता बन गया है। फिर भी, भारत में प्रति व्यक्ति विद्युत की खपत 1,331 केड्ब्लूएच (वित्त वर्ष 22–23 में) थी।



स्रोतः सीईए रिपोर्ट

परिप्रेक्ष्य पारेषण नेटवर्क योजना

पारेषण के लिए मसौदा राष्ट्रीय विद्युत योजना (एनईपी) में वर्ष 2022–27 की अवधि के दौरान 123,577 सीकेएम पारेषण लाइनों और 710,940 एमवीए परिवर्तन क्षमता (220 केवी और उससे अधिक वोल्टेज स्तरों पर) को जोड़ने की परिकल्पना की गई है।

अंतर–राज्यीय पारेषण प्रणाली के लिए 53,132 सीकेएम और 426,675 एमवीए परिवर्तन क्षमता की आवश्यकता है, जबकि अंतर–राज्यीय स्तर पर क्रमशः 70,445 सीकेएम और 284,265 एमवीए की आवश्यकता है।


रिएक्टिव विद्युत समर्थन प्रदान करने के लिए बस रिएक्टर और लाइन रिएक्टर (765 केवी और 400 केवी स्तरों पर) और स्टेटिक कम्पेसाटर (स्टेटकॉम) के रूप में पर्याप्त रिएक्टिव क्षतिपूर्ति की योजना बनाई गई है। 51,068 एमवीएआर क्षमता के बस रिएक्टर और 57,890 एमवीएआर क्षमता के लाइन रिएक्टरों को कार्यान्वयन के लिए योजनाबद्ध किया गया है।

अधिकतम मांग और ऊर्जा आवश्यकता


मई 2024 में अखिल भारतीय अधिकतम मांग लगभग 250 गीगावाट थी जो आज तक की सबसे अधिक मांग है। 20वीं ईपीएस रिपोर्ट के अनुसार, अगले पांच वर्षों और लंबी अवधि के लिए अधिकतम मांग (बस को छोड़कर) और ऊर्जा आवश्यकताओं (बस को छोड़कर) का अनुमान निम्नानुसार हैं:

	अगले पांच वर्ष का अनुमान					दीर्घकालिक प्रक्षेपण		
	2024-25	2025-26	2026-27	2027-28	2028-29	2031-32	2036-37	2041-42
अधिकतम मांग (जीड्ब्ल्यू) (बस को छोड़कर)	245	260	277	295	313	366	466	575
ऊर्जा आवश्यकता (बीयू) (बस को छोड़कर)	1695	1797	1908	2021	2139	2474	3096	3776

स्रोत: 20वीं ईपीएस रिपोर्ट




स्रोत: 20वीं ईपीएस रिपोर्ट




स्रोत: सीईए रिपोर्ट और सीटीयूआईएल रोलिंग योजना

ऊपर दिया गया आंकड़ा अधिकतम मांग की तुलना में उत्पादन क्षमता की सापेक्ष वृद्धि को दर्शाता है। वर्ष 2023–24 से वर्ष 2028–29 की अवधि में अधिकतम मांग में 30.42% की वृद्धि होने का अनुमान है, जबकि स्थापित क्षमता में 64.93% की वृद्धि होने का अनुमान है। स्थापित क्षमता में यह पर्याप्त वृद्धि मुख्य रूप से नवीकरणीय ऊर्जा (आरई) क्षमता में वृद्धि के कारण है। तथापि, नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता अक्सर कम क्षमता उपयोग कारक (सीयूएफ) प्रदर्शित करती है और कतिपय आरई स्रोत शाम की अधिकतम मांग के दौरान उपलब्ध नहीं हो सकते हैं, जिससे वैकल्पिक स्रोतों से भंडारण या क्षमता वृद्धि की आवश्यकता होती है। उदाहरण के लिए, शाम की अधिकतम मांग के घंटों और सूर्योदय तक सौर ऊर्जा उपलब्ध नहीं होती है, जबकि पवन ऊर्जा मौसमी होती है और मुख्य रूप से अप्रैल–सितंबर के महीनों के दौरान उपलब्ध होती है। इसके परिणामस्वरूप, समग्र ऊर्जा मांग और अधिकतम विद्युत की मांग को पूरा करने में नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों का योगदान सीमित हो सकता है। फिर भी, स्वच्छ ऊर्जा की ओर परिवर्तन की अनिवार्यता सहित नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों की क्षमता वृद्धि अनिवार्य हो गया है।

ऊर्जा मिश्रण रूपरेखा



स्रोतः सीईए मासिक रिपोर्ट, सीटीयूआईएल रोलिंग प्लान, एनईपी (खंड II)



स्रोतः सीईए मासिक रिपोर्ट, सीटीयूआईएल रोलिंग प्लान, एनईपी (खंड II)

पारेषण सेक्टर में अवसर

वर्ष 2028–29 तक 729 गीगावॉट की कुल स्थापित क्षमता से 313 गीगावॉट की परिकल्पित अधिकतम मांग को पूरा करने के लिए, नई पारेषण लाइनों (सीकेएम) और उप–केन्द्रों (एमवीए) के संदर्भ में आईएसटीएस नेटवर्क में पारेषण प्रणाली को वर्ष दर वर्ष प्रगतिशील रूप से जोड़ने की आवश्यकता होगी। इसके अतिरिक्त, ग्रीन हाइड्रोजन/अमोनिया संयत्र जैसे थोक उपभोक्ता जिन्हें ग्रिड में एकीकृत करने की योजना है, को अनुमानित अधिकतम मांग के लिए बढ़ाया जाएगा और इसलिए बड़े नवीकरणीय ऊर्जा परिसर से ऐसे उद्योगों को अपेक्षित विद्युत मिलेगी। साथ ही, अपतटीय पवन उत्पादन और इसके प्रभावी निकासी को प्राथमिकता देकर, सरकार का लक्ष्य भारत में भविष्य के लिए संधारणीय और समुत्थानशील ऊर्जा के परिवर्तनशीलता को तेज करना है।

इसके अतिरिक्त, वर्ष 2030 तक बड़े पैमाने पर आरईएस निवेश के कारण, ऊर्जा संतुलन के लिए ग्रिड में पर्याप्त समुत्थानशीलता की आवश्यकता होगी। बीईएसएस और पंप स्टोरेज प्रणाली जैसे समुत्थानशील संसाधनों की अखिल भारतीय आधार पर आवश्यकता होगी।

क) अंतर–राज्यीय पारेषण प्रणाली

सीटीयूआईएल की रोलिंग योजना के अनुसार, वर्ष 2028–29 तक ग्रिड में 48,619 सीकेएम पारेषण लाइनों और 4,56,035 एमवीए की परिवर्तन क्षमता वाली पारेषण योजनाओं को संचयी रूप से ₹2,94,642 करोड़ की अनुमानित लागत से जोड़ने की उम्मीद है।

उपर्युक्त में से, 20,322 सीकेएम पारेषण लाइनों और 1,85,055 एमवीए की परिवर्तन क्षमता वाली पारेषण योजना ₹95,997 करोड़ की अनुमानित लागत से निर्माणाधीन है और वर्ष 2028–29 तक ग्रिड में संचयी रूप से जुड़ने की उम्मीद है।

इसके अतिरिक्त, 28,297 सीकेएम पारेषण लाइनों और 2,70,980 एमवीए की परिवर्तन क्षमता वाली पारेषण योजना की अनुमानित लागत ₹1,98,645 करोड़ है, जो योजना/बोली/अनुमोदन के अधीन है और वर्ष 2028–29 तक संचयी रूप से ग्रिड में जोड़े जाने की उम्मीद है। पारेषण लाइनों, परिवर्तन क्षमता और उनकी संगत लागत का वर्षवार ब्यौरा नीचे दिया गया है:

क्र. सं.	वित्तीय वर्ष	सीकेएम परिवर्धन	एमवीए परिवर्धन	व्यापक अनुमानित लागत (₹ रुपए में)
1	2024-25	-	5,500	296
2	2025-26	9,612	92,390	46,414
3	2026-27	11,718	1,12,200	67,594
4	2027-28	2,085	28,000	11,097
5	2028-29	4,882	32,890	70,244
कुल		**28,297**	**2,70,980**	**1,98,645**

स्रोत: सीटीयूआईएल द्वारा अंतर–राज्यीय पारेषण प्रणाली के लिए रोलिंग योजना 2028–29

अंतर–क्षेत्रीय (आईआर) पारेषण क्षमता वर्ष 2028–29 तक वर्तमान 1,18,740 मेगावाट से बढ़कर लगभग 1,34,540 मेगावाट हो जाने की उम्मीद है।

ख) अंतर–राज्यीय पारेषण प्रणाली

राज्यिक पारेषण उपयोगिताओं (एसटीयू) द्वारा अंतर–राज्यीय पारेषण प्रणाली की स्थापना अंतर–राज्यीय पारेषण और वितरण प्रणालियों के विकास से संरेखित किया गया है, क्योंकि यह अंतर–राज्यीय पारेषण और वितरण प्रणालियों के बीच विद्युत आपूर्ति श्रृंखला में महत्वपूर्ण मध्यस्थ के रूप में कार्य करती है।

संशोधित प्रशुल्क नीति, 2016 के अनुसार, अंतर–राज्यीय पारेषण परियोजनाओं की नीति राज्य सरकार द्वारा प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के माध्यम से विकसित की जाएगी, जिसकी लागत सीमा से अधिक होगी, जिसे राज्य विद्युत विनियामक आयोगों द्वारा तय किया जाएगा। अब तक 22 राज्यों ने टीबीसीबी विधि से परियोजनाओं के विस्तार के लिए सीमा घोषित की है, जो अंतर–राज्यीय पारेषण प्रणाली में अवसरों को व्यापक बनाती है।

ग) सीमा पार अंतर–संबंध

अपनी भौगोलिक स्थिति को देखते हुए, भारत कई दक्षिण एशियाई देशों के साथ सीमा साझा करता है और इन देशों के साथ विद्युत विनिमय में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है, इस प्रकार संसाधनों के उपयोग को अनुकूलित कर सकता है और आर्थिक विकास को बढ़ावा दे सकता है। ईंधन के परिवहन की तुलना में विद्युत का संचारण अधिक किफायती साबित होता है। इसलिए, पड़ोसी देशों के साथ विद्युत अंतर–संबंध स्थापित करना अनिवार्य है। इस तरह के संबंध बढ़ती विद्युत की मांग को पूरा करने, विविध ऊर्जा संसाधनों को साझा करने, बेहतर संसाधन प्रबंधन के माध्यम से प्रचालन लागत को कम करने, नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों का दोहन करने और स्पिनिंग रिजर्व को अनुकूलित करके निवेश को स्थगित करने में फायदेमंद साबित होंगे।

नेपाल, भूटान, बांग्लादेश और म्यांमार जैसे पड़ोसी देशों के साथ वर्तमान में सीमा पार अंतर–संबंध के लिए लगभग 4,745 मेगावाट का संयुक्त विद्युत हस्तांतरण संभव हो पाया हैं। अगले 2–3 वर्षों के भीतर सतत सीमा पार अंतर–संबंधों के अनुमानित शुरूआत से विद्युत हस्तांतरण क्षमता में लगभग 4,120 मेगावाट की वृद्धि होने की उम्मीद है।

इसके अतिरिक्त, वर्ष 2028–29 के लिए अनुमानित सीमा–पार विद्युत हस्तांतरण क्षमता 13,872 मेगावाट तक पहुँचने की उम्मीद है।

पड़ोसी देशों के साथ भारत की मौजूदा, निर्माणाधीन और नियोजित सीमा–पार पारेषण क्षमता का सारांश नीचे दिया गया है:

(आंकड़े मेगावाट में)

देश	मौजूदा (मार्च 2024 तक	निर्माणाधीन	योजनाबद्ध	कुल
भारत–बांग्लादेश	1160	0	1000	2160
भारत–भूटान	2185	2220	0	4405
भारत–म्यांमार	3	0	504	507
भारत–नेपाल	1400	1900	3000	6300
भारत–श्रीलंका	0	0	500	500
कुल	**4748**	**4120**	**5004**	**13872**

स्रोतः सीटीयूआईएल द्वारा अंतर–राज्यीय पारेषण प्रणाली के लिए रोलिंग योजना 2028–29

घ) एक सूर्य, एक विश्व, एक ग्रिड

मौजूदा सीमा–पार पारेषण अंतर्संबंधों से संबंधित विभिन्न पहलुओं और नवीकरणीय ऊर्जा सहित ऊर्जा संसाधनों के इष्टतम उपयोग, पीक टाइम विविधता का उपयोग, भंडारों का साझाकरण, संचालन में अर्थव्यवस्था, जीवंत विद्युत बाजार के विकास आदि के संदर्भ में क्षेत्रीय ग्रिड अंतर्संबंधों के लाभों पर अध्ययन की पहचान की गई है।

अंडरसी पावर केबल/ओवरहेड लाइनों के साथ एचवीडीसी प्रौद्योगिकी के माध्यम से निम्नलिखित अंतर–क्षेत्रीय और अंतर–क्षेत्रीय पारेषण लिंक में विद्युत हस्तांतरण के अवसरों की पहचान की गई है। दक्षिण एशिया–दक्षिण पूर्व एशिया, दक्षिण एशिया के भीतर, दक्षिण एशिया–खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के बीच प्रस्तावित अंतर्संबंधों की व्यवहार्यता का पता लगाया जा रहा है। सीमा–पार अंतर्संबंधों के लिए यूएई और सऊदी अरब के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं और श्रीलंका के साथ अंतर्संबंधों को अंतिम रूप दिए जाने के अग्रिम चरण में हैं।

ङ) अन्य उभरते अवसर

i) अपतटीय पवन ऊर्जा के लिए पारेषण प्रणाली

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) ने गुजरात और तमिलनाडु के तटों पर लगभग 30 गीगावाट अपतटीय पवन ऊर्जा क्षमता की पहचान की है। इसमें से चरण–I विकास के लिए गुजरात में 5 गीगावाट अपतटीय पवन ऊर्जा और तमिलनाडु में 5 गीगावाट को प्राथमिकता दी गई है।

अपतटीय पवन ऊर्जा क्षमता के एकीकरण के लिए पारेषण प्रणाली में अपतटीय पूलिंग केन्द्र की स्थापना, अपतटीय पूलिंग केन्द्र को ऑनशोर पूलिंग केन्द्र के साथ एकीकृत करने के लिए पनडुब्बी विद्युत केबल और ऑनशोर पूलिंग केन्द्र से इतर पारेषण प्रणाली शामिल है। सीटीयूआईएल ने गुजरात और तमिलनाडु के लिए अपतटीय पवन ऊर्जा निकासी प्रणाली के चरण–I के लिए पारेषण प्रणाली की पहचान की है।

ii) अंडमान और निकोबार द्वीप समूह को हरित बनाना

अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की विद्युत की मांग मुख्य रूप से डीजी सेट के माध्यम से पूरी की जाती है, जिसे सौर और पवन ऊर्जा जैसे छोटे पैमाने के नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों द्वारा पूरा किया जाता है। एनईपी के मसौदे, खंड–II के अनुसार अंडमान और निकोबार द्वीप समूह को एचवीडीसी अंडरसी केबल के माध्यम से मुख्य भूमि से जोड़ने की योजना तैयार की गई है। 1150 किलोमीटर तक फैला यह ±320 केवी, 250 मेगावाट एचवीडीसी (वीएससी–आधारित) अंतर्संबंध देश में अपना पहला उदाहरण होगा। इस पारेषण परियोजना की अनुमानित लागत लगभग ₹15,120 करोड़ है। इस अंतर्संबंध का उद्देश्य वर्ष 2028–29 तक द्वीपों को हरित ऊर्जा में बदलने में मदद करना है।

iii) ग्रिड स्केल बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रौद्योगिकियाँ

बड़े पैमाने पर नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन क्षमता को ग्रिड में एकीकृत करने से कई चुनौतियाँ आती हैं जैसे कम क्षमता उपयोग कारक (सीयूएफ), रुकावट, चौबीसों घंटे उपलब्धता आदि। इन चुनौतियों से संबंधित समस्या का समाधान करने के लिए, कम या शून्य नवीकरणीय ऊर्जा अवधि के दौरान संतुलन शक्ति प्रदान करने के लिए पंप भंडारण संयत्र सहित ऊर्जा भंडारण प्रणाली की तैनाती जैसे उपायों की आवश्यकता होगी।

iv) हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था और अवसंरचना

ग्रीन हाइड्रोजन (एच 2) को अब निवल शून्य अर्थव्यवस्था का स्तंभ माना जाता है। यह उम्मीद की जाती है कि नवीकरणीय ऊर्जा (आरई) संसाधनों से विद्युत का उपयोग करके ग्रीन हाइड्रोजन और ग्रीन अमोनिया का उत्पादन करने वाले उद्योगों से राष्ट्रीय ग्रिड में 125 गीगावाट के बराबर विद्युत की आवश्यकता होगी। लगभग 47 गीगावाट के इन थोक उपभोक्ताओं (ग्रीन हाइड्रोजन/अमोनिया

संयंत्रों) को वर्ष 2028–29 तक ग्रिड में एकीकृत करने की योजना है। इस दिशा में बड़े नवीकरणीय ऊर्जा परिसरों से ऐसे उद्योगों को अपेक्षित विद्युत प्रदान करने की आईएसटीएस योजना पहले ही शुरू की जा चुकी है।

v) बूम आधार पर पारेषण लाइन संबंधी परियोजना

एल्युमीनियम उत्पादन जैसे निरंतर प्रक्रियाओं वाले उद्योगों को लगातार विद्युत आपूर्ति की आवश्यकता होती है। किसी भी रुकावट के परिणामस्वरूप पूरी उत्पादन लाइन बंद हो सकती है, जिससे संचालन को फिर से शुरू करने में काफी लागत आएगी। इसमें शामिल उच्च दांव के कारण, ये उद्योग अक्सर कैप्टिव विद्युत संयत्र स्थापित करते हैं। तथापि अपनी पर्याप्त विद्युत की माँगों को पूरा करने के लिए, जो आमतौर पर 600 मेगावाट से 800 मेगावाट तक होती है, वे अब समर्पित पारेषण लाइनों का विकल्प चुन रहे हैं। इन पारेषण लाइनों का कार्यान्वयन पावरग्रिड द्वारा बूम (बिल्डिंग ओनर–ऑपरेटर मॉडल) व्यवस्था के अंतर्गत किया जाता है।

2. कंपनी का दृष्टिकोण

I. पारेषण

हमारा पारेषण व्यापार कंपनी के कुल राजस्व का लगभग 97% है। भारत में स्थापित विनियामक ढांचा हमारे पारेषण राजस्व के समुत्थानशील और संधारणीय नकदी प्रवाह का समर्थन करता है, जो कि आरटीएम और टीबीसीबी दोनों से है और यह प्रचालन बेंचमार्क को पूरा करने के अधीन राजस्व दृश्यता बनाए रखता है, जिसे हम वर्षों से लगातार अनुरक्षण करते आ रहे हैं। अंतरराज्यीय पारेषण क्षेत्र में हमारी प्रमुख बाजार स्थिति है क्योंकि हम भारत की अंतर–क्षेत्रीय क्षमता का लगभग 85% स्वामित्व रखते हैं और उसका संचालन करते हैं।

सीटीयूआईएल द्वारा अंतर–राज्यीय पारेषण प्रणाली के लिए रोलिंग योजना वर्ष 2028–29 से पता चलता है कि ₹1,98,645 करोड़ की अनुमानित लागत वाली पारेषण योजनाएँ योजना/बोली/अनुमोदन के अध्यधीन हैं और वर्ष 2028–29 तक संचयी रूप से ग्रिड में जुड़ने की उम्मीद है। हम इस क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा का उत्तर दे रहे हैं और इसकी पुष्टि पावरग्रिड द्वारा 13 आईएसटीएस टीबीसीबी परियोजनाओं को प्राप्त करने से होती है। एनसीटी लागत के संदर्भ में, यह वित्त वर्ष 23–24 में बोली लगाने वाली कुल परियोजनाओं का लगभग 65% था और वार्षिक प्रशुल्क योग का लगभग 64% है।

आने वाले वर्षों में निष्पादित की जाने वाली कुछ प्रमुख टीबीसीबी परियोजनाओं में बीकानेर कॉम्प्लेक्स भाग क, कोप्पल – गडग, खावड़ा चरण 3 भाग ख, बीकानेर कॉम्प्लेक्स भाग घ, राजस्थान चरण 3 भाग घ चरण 1 शामिल हैं। इनके अतिरिक्त, निष्पादित की जाने वाली प्रमुख आरटीएम परियोजना में लद्दाख – पैंग से कैथल एचवीडीसी और पैंग और कैथल वीएससी स्टेशनों और पैंग और लेह में संबंधित एसी पारेषण लाइन के लिए हरित ऊर्जा गलियारा विकसित करना शामिल है। इसके अतिरिक्त हम अंतर–राज्यीय पारेषण क्षेत्र में भी सक्रिय रूप से अवसरों की तलाश कर रहे हैं।

पावरग्रिड में लगभग ₹1,10,000 करोड़ का सुदृढ़ काम है। आगे बढ़ते हुए, हम हाल के दिनों में कई सफल प्रशुल्क–आधारित प्रतिस्पर्धी बोली (टीबीसीबी) दौरों से गुजरने के बाद, विनियमित प्रशुल्क तंत्र (आरटीएम) के अंतर्गत आवंटित परियोजनाओं के साथ–साथ उच्च पूंजीगत व्यय की उम्मीद करते हैं। वित्त वर्ष 25 के लिए हम ₹18,000 करोड़ से अधिक के पूंजीव्यय का लक्ष्य बना रहे हैं।

अपने समर्पित प्रयासों के माध्यम से हमने पारेषण नेटवर्क को कुशलतापूर्वक बनाने और बनाए रखने में प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त हासिल की है। हम पारेषण क्षेत्र में अपने नेतृत्व को बनाए रखने के लिए प्रक्रिया नवाचार और प्रौद्योगिकी अपनाने पर अधिक से अधिक निवेश कर रहे हैं। वर्तमान वित्त वर्ष से हम कर से पहले अपने लाभ का 1.5% अनुसंधान और विश्लेषण व्यय पर व्यय करने का लक्ष्य बना रहे हैं।

हम तकनीकी प्रगति के माध्यम से अपने पर्यावरणीय और सामाजिक प्रभाव को बढ़ाने में महत्वपूर्ण कदम उठा रहे हैं। नवीकरणीय ऊर्जा पूलिंग केन्द्रों में स्टेटकॉम को तैनात करके, हमने ग्रिड संधारणीयता में सुधार किया है और रुक–रुक कर आने वाले नवीकरणीय स्रोतों के एकीकरण की सुविधा प्रदान की है। स्वदेशीकरण की दिशा में एक उपाय के रूप में, हम उच्च–वोल्टेज आपातकालीन बहाली प्रणालियों के लिए घरेलू आपूर्तिकर्ताओं का विकास कर रहे हैं, जिससे आयात पर निर्भरता कम हो रही है। हम डिजिटल उप–केन्द्र विकसित करके, एसएफ 6 गैस के विकल्प तलाश कर रहे है और संधारणीय विकास के लिए प्रतिबद्ध होकर अपनी परिसंपत्तियों को हरित बनाने में भी निवेश कर रहे हैं। हम विद्युत क्षेत्र के भीतर तकनीकी प्रगति और जिम्मेदार विकास को आगे बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्पबद्ध हैं।

II. दूरसंचार

दूरसंचार व्यापार का संचालन करने वाली हमारी सहायक कंपनी पॉवरटेल आने वाले वर्षों में महत्वपूर्ण वृद्धि के लिए तैयार है। भारत का तेज़ डिजिटल परिवर्तन, सहायक सरकारी नीतियों के साथ मिलकर दूरसंचार अवसंरचना विस्तार के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करते हैं। हमारा व्यापक फाइबर ऑप्टिक नेटवर्क और सुदृढ़ वित्तीय स्थिति हमें इस बढ़ते बाजार में प्रमुख प्लेयर के रूप में मान्यता देती है। वर्तमान वित्त वर्ष के दौरान हमारे दूरसंचार राजस्व में 13% की वृद्धि हुई है और आने वाले वर्षों में इसमें और वृद्धि होने की संभावना है।

हमारे दूरसंचार क्षेत्र की वृद्धि संभावनाओं में योगदान देने वाले प्रमुख विकास चालकों में डिजिटल इंडिया पर सरकार का जोर और हाल ही में पारित दूरसंचार अधिनियम 2023 शामिल हैं। ये दूरसंचार अवसंरचना विकास के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करते हैं। इसके

अतिरिक्त, हमारा मौजूदा अखिल भारतीय फाइबर ऑप्टिक नेटवर्क हमारी दूरसंचार सेवाओं जैसे आंकड़ा केन्द्र और वाई–फाई समाधान के विस्तार के लिए ठोस आधार प्रदान करता है।

हम बांग्लादेश, भूटान, नेपाल आदि देश की सेवा करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय लंबी दूरी के व्यापार, मानेसर में पायलट परियोजना के अंतर्गत आंकड़ा केन्द्र, वाई–फाई समाधान और एफटीटीएच सेवाओं के माध्यम से अपने दूरसंचार राजस्व धाराओं में विविधता लाने पर भी रणनीतिक रूप से ध्यान केंद्रित कर रहे हैं और इस प्रकार पारंपरिक दूरसंचार सेवाओं पर अपनी निर्भरता कम कर रहे हैं। हमारी सुदृढ़ वित्तीय स्थिति हमें नई परियोजनाओं में निवेश करने और बाजार में प्रभावी रूप से प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम बनाती है।

हम अपने टावर व्यापार का विस्तार करने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं। मोबाइल संचार अवसंरचना के लिए पावर पारेषण टावरों का उपयोग करने का समाधान राष्ट्रीय ब्रॉडबैंड मिशन को सौंपा गया है और दूरसंचार विभाग ने दूरसंचार ऑपरेटरों को इन टावरों का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया है। इसके आधार पर, हमने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सहयोग से अपने टावरों पर एफएम पारेषण के लिए सिग्नल परीक्षण सफलतापूर्वक किया है तथा उनकी मानचित्रण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए टावरों के स्थान को साझा किया है।

III. परामर्श

विद्युत क्षेत्र में अपने विशाल अनुभव और विशेषज्ञता का लाभ उठाते हुए, हम विभिन्न उपयोगिताओं, सीपीएसई और निजी एजेंसियों को व्यापक परामर्श सेवाएँ प्रदान करते हैं। हमारी सेवाओं में विद्युत पारेषण प्रणाली नियोजन और डिजाइन, उप–केन्द्र डिजाइन और निर्माण, पारेषण लाइन अभियांत्रिकी, करार, परियोजना प्रबंधन, एससीएडीए विकास, ऊर्जा दक्षता, सुव्यवस्थित ग्रिड अवसंरचना और पारेषण परिसंपत्ति प्रबंधन केंद्र शामिल हैं। हम पूर्वोत्तर क्षेत्र और जम्मू और कश्मीर तथा लद्दाख के संघ राज्य क्षेत्रों में केंद्र प्रायोजित योजनाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अनुभवी पेशेवरों के बड़े समूह और गहन केन्द्रीय ज्ञान सहित हम वितरण और उप–पारेषण प्रणालियों को सुदृढ़ करने के लिए पुनः व्यवस्थित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) को कार्यान्वित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। कंपनी अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में व्यापक पारेषण और वितरण योजना और पूर्वोत्तर क्षेत्र विद्युत प्रणाली सुधार परियोजना (एनईआरपीएसआईपी) सहित भारत सरकार के कई प्रमुख कार्यक्रमों को क्रियान्वित कर रही है। इसके अतिरिक्त, हम अपनी सहायक कंपनी पीईएसएल के माध्यम से पुनः व्यवस्थित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) के अंतर्गत सुव्यवस्थित मीटरिंग और हानि कम करने के कार्यों को भी कार्यान्वित कर रहे हैं।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, हमारी उपस्थिति 23 देशों में है। हमने अत्यधिक प्रतिस्पर्धी अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में 130 से अधिक कार्य सफलतापूर्वक प्राप्त किए हैं, जो हमारी सुदृढ़ विशेषज्ञता और क्षमताओं का प्रदर्शन करते हैं। 120 से अधिक परियोजनाओं को पूरा करने के साथ–साथ हमने तीन प्रमुख व्यापार रूपरेखा में कदम रखा है अर्थात संयुक्त उद्यम/सार्वजनिक–निजी भागीदारी (जेवी/पीपीपी) रूपरेखा के अंतर्गत परामर्श, आपूर्ति और निवेश। वर्तमान में, हम केन्या, तंजानिया, गैबॉन, अंगोला, मोजाम्बिक, नेपाल, श्रीलंका, सऊदी अरब, म्यांमार और अन्य देशों में सक्रिय रूप से व्यावसायिक अवसरों की तलाश कर रहे हैं।

हमने अफ्रीका 50 के साथ मिलकर केन्या, तंजानिया, मोजाम्बिक सहित अन्य देशों में अफ्रीकी बाजार में निवेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रणनीतिक गठबंधन बनाया है।

IV. उभरते क्षेत्र

हम नवीकरणीय ऊर्जा डेवलपर्स, वितरण लाइसेंसधारियों और थोक उपभोक्ताओं के लिए निर्माण, स्वामित्व, प्रचालन और अनुरक्षण (बूम) रूपरेखा पर पारेषण परियोजनाओं को शुरू करने के अवसरों की सक्रिय रूप से तलाश कर रहे हैं और संभावित ग्राहकों के साथ उन्नत बार्ता चल रही है। पावरग्रिड ओपीटीसीएल और यूपीपीटीसीएल सहित कई राज्यिक उपयोगिताओं को उप–केन्द्रों को स्वचालित करने और राज्य पारेषण परिसंपत्ति प्रबंधन प्रणाली (एसटीएएमएस) स्थापित करने में सहायता कर रहा है।

नागदा, मध्य प्रदेश में 85 मेगावाट क्षमता वाली हमारी पहली बड़े पैमाने की ग्रिड से जुड़ी सौर पीवी परियोजना वित्त वर्ष 2024–25 के दौरान शुरू होने वाली है। इस संयंत्र से अपने प्रचालन के पहले पूरे वर्ष में लगभग 184 मिलियन इकाई (एमयू) सौर ऊर्जा सृजित होने की उम्मीद है।

प्रधानमंत्री सूर्य घरः मुफ्त विद्युत योजना के अंतर्गत हमें नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) द्वारा आठ राज्य/संघ राज्य क्षेत्र आवंटित किए गए हैं, इनमें राजस्थान, गुजरात, ओडिशा, असम, तमिलनाडु, लद्दाख, पुडुचेरी और लक्षद्वीप शामिल हैं। आवासीय भवनों में छत पर सौर ऊर्जा लगाने के लिए, कंपनी ओडिशा, पुडुचेरी, लद्दाख और लक्षद्वीप के साथ सक्रिय रूप से जुड़ रही है। इसके अतिरिक्त, कंपनी सरकारी भवनों में छत पर सौर ऊर्जा लगाने के लिए आवंटित राज्यों के साथ संपर्क कर रही है। इस योजना के अंतर्गत हम अपनी भवनों पर भी छत पर सौर ऊर्जा लगाएंगे।

नीमराना में हरित हाइड्रोजन के लिए पायलट परियोजना स्थापित की जा रही है ताकि इसके उत्पादन, भंडारण और अनुप्रयोगों में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया जा सके। इस पहल का उद्देश्य हरित हाइड्रोजन के उभरते क्षेत्र में विशेषज्ञता और व्यावहारिक ज्ञान का सृजन करना है। कंपनी हरित हाइड्रोजन परियोजनाओं को व्यावसायिक स्तर तक बढ़ाने के लिए सरकारी और निजी दोनों संस्थाओं के साथ साझेदारी करने के अवसरों की सक्रिय रूप से तलाश कर रही है।

पारेषण प्रणाली के निर्माण, संचालन और अनुरक्षण में आने वाली प्रमुख बाधाएँ/चुनौतियाँ/खतरे तथा उनका निवारण:

भारत सरकार और पावरग्रिड द्वारा की गई कई नीतिगत पहलों के बावजूद, वन/वन्यजीव क्षेत्र के लिए समय पर अनुमोदन प्राप्त करना तथा आगामी उप–केन्द्रों के लिए भूमि सुरक्षित करना एक बड़ी चुनौती बनी हुई है, जिसका मुख्य कारण बाहरी कारक/एजेंसियाँ हैं। वनों, कृषि भूमि, शहरी क्षेत्रों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों के साथ–साथ अन्य अवसंरचना के माध्यम से राइट–ऑफ़–वे (आरओडब्ल्यू) का संरक्षण, विद्युत हस्तांतरण की आवश्यकता के साथ लाइनों की स्थानांतरण क्षमता का उन्नयन, उप–केन्द्रों के लिए भूमि सुरक्षित करना देश में पारेषण नेटवर्क के विकास के लिए चिंता की बात हैं।

निर्माण में चुनौतियाँ	शमन संबंधी कार्रवाई
1. उप–केन्द्र/पारेषण लाइनों के निर्माण के लिए भूमि की उपलब्धता।	गैस इंसुलेटेड स्विचगियर (जीआईएस) उप–केन्द्र और हाइब्रिड उप–केन्द्र जैसी नई तकनीकों में निवेश करने के अतिरिक्त, आपकी कंपनी यह सुनिश्चित करती है कि इसकी परियोजनाओं का सामाजिक प्रभाव न्यूनतम हो। आपकी कंपनी अपने उप–केन्द्र के निर्माण के लिए पहली प्राथमिकता के रूप में खराब सरकारी भूमि की पहचान करती है। यदि निजी भूमि अपरिहार्य है, तो आपकी कंपनी भूमि मालिकों के साथ बार्ता दर पर स्वेच्छा से भूमि सुरक्षित करती है। अपने उप–केन्द्र के लिए भूमि के अनैच्छिक अधिग्रहण से बचना और इसे मुक्त बाजार तंत्र के माध्यम से सुरक्षित करना, या तो सीधे या राज्य के विशिष्ट नियमों/दिशानिर्देशों का उपयोग करके उचित मुआवजा सुनिश्चित करता है। यह दृष्टिकोण भूमि मालिकों के बीच सद्भावना को बढ़ावा देता है, जिसके परिणामस्वरूप उप–केन्द्र के लिए भूमि का सुचारू अधिग्रहण होता है। आपकी कंपनी ने 400 केबी डबल–सर्किट पारेषण लाइनों के लिए लगभग 64 मीटर की ऊंचाई वाला नवोन्मेष ट्विन स्टील मोनोपोल डिज़ाइन किया है, जो लाइन को समकोण पर मोड़ने में सक्षम है। इस ट्विन पोल संरचना में एक साथ खड़े दो मोनोपोल होते हैं, जो आरओड्ब्लू बाधाओं वाले क्षेत्रों के लिए जमीन पर कम जगह घेरते हैं, जबकि उच्च शक्ति–वहन क्षमता और बेहतर यांत्रिक संधारणीयता प्रदान करते हैं। यह दृश्य प्रभाव को भी कम करता है और आसान स्थापना और अनुरक्षण की सुविधा प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त, आपकी कंपनी ने पत्थर के स्तंभों का उपयोग करके ढीली मिट्टी के जमाव की भार वहन क्षमता को बढ़ाने के लिए एक पद्धति विकसित की है। यह तकनीक बहुत ढीली मिट्टी को रूपांतर कर देती है, जो अन्यथा किसी भी संरचना को सहारा देने के लिए अनुपयुक्त होती है, जिससे भारी भार को झेलने में सक्षम नींव बनाई जा सकती है। रणनीतिक स्थानों पर रॉक बोल्ट फाउंडेशन के साथ बॉटम क्रॉस–आर्म के बिना संकीर्ण बेस मल्टी–सर्किट टॉवर का उपयोग किया जाता है। चुनौतीपूर्ण उप–मिट्टी की स्थितियों में उपकरण नींव के निर्माण को सुविधाजनक बनाने के लिए वाइब्रो स्टोन कॉलम का उपयोग करते हुए खावड़ा नवीकरणीय ऊर्जा पार्क में भूमि सुधार रणनीति अपनाई गई है।
2. वन/वन्यजीव से संबंधित अनुमोदन की चुनौतियां	पावरग्रिड अपने लंबित वन/वन्यजीव मामलों को सुलझाने और साथ ही पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा उनकी अनुमोदन में तेजी लाने के लिए पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफसीसी) के प्रत्येक क्षेत्रीय एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालयों (आईआरओ) द्वारा आयोजित पाक्षिक क्षेत्रीय समन्वय बैठकों (एफआरसीएम) का लाभ उठा रहा है। इसके अतिरिक्त, एमओईएफसीसी के निर्णय समर्थन प्रणाली (डीएसएस) सॉफ्टवेयर और पीएम गतिशक्ति पोर्टल तक पावरग्रिड की पहुंच ने योजना के शुरुआती चरणों और वन/वन्यजीव प्रस्तावों के निर्माण के दौरान वन, संरक्षित क्षेत्रों और अन्य अधिकार–मार्ग बाधाओं से संबंधित पारेषण लाइन मार्गों के अनुकूलन की सुविधा प्रदान की है। इसके अतिरिक्त, परियोजना स्क्रीनिंग समिति (पीएससी) की शुरूआत सहित वन संरक्षण अधिनियम और नियमों में हाल ही में किए गए संशोधनों ने वन अनुमोदन प्रक्रिया को और अधिक सुव्यवस्थित कर दिया है और इसके परिणामस्वरूप क्रॉस रेफरेंस से बचा जा सका है, जिससे वन प्रस्ताव के प्रसंस्करण/अनुमोदन के लिए आवश्यक समय कम हो गया है।

निर्माण में चुनौतियाँ	शमन संबंधी कार्रवाई
3. नवीकरणीय ऊर्जा (आरई) क्षमता वृद्धि की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पारेषण प्रणाली का समय पर विस्तार	765 और 400 श्रेणी के ट्रांसफार्मर और रिएक्टर, 765, 400, 220 केवी श्रेणी (एआईएस) सीबी/सीटी/आइसोलेटर/उप–केन्द्र स्ट्रक्चर/सीआरपी और एसएएस/सर्ज अरेस्टर जैसे प्रमुख उपकरणों की थोक खरीद के साथ–साथ एलटी ट्रांसफार्मर, डीजी सेट, क्लैंप और कनेक्टर की खरीद की जा रही है, ताकि आरई और अन्य विशेष परियोजनाओं के लिए संपीड़ित कार्यक्रम की आवश्यकता को पूरा किया जा सके। पावरग्रिड बोर्ड ने थोक खरीद के लिए अग्रिम व्यय के लिए पहले ही ₹1000 करोड़ की निधि आवंटित कर दिया है। ईएचवी उप–केन्द्रों के लिए इंजीनियरिंग तकनीकी विनिर्देशों के संशोधन के साथ आईएस/आईईसी/सीईए आवश्यकताओं और टॉवर और नींव आदि के मानकीकरण के साथ व्यापारिक सुगमता को लक्षित किया गया। **ड्रीम्स (ड्राइंग रिव्यूऔर अनुमोदन प्रबंधन प्रणाली)** परियोजना कार्य में तेजी लाने और भविष्य की आवश्यकता के लिए दस्तावेज़–संग्रह हेतु हितधारकों को अनुमोदित दस्तावेजों की वास्तविक समय पर उपलब्ध कराने के लिए इंजीनियरिंग दस्तावेजों का डिजिटलीकरण।
4. संधारणीयता, ईएसजी और स्वास्थ्य	**आवासीय और गैर–आवासीय भवनों का संरचनात्मक स्वास्थ्यः** दिशा–निर्देश तैयार किए गए हैं और सभी पावरग्रिड प्रतिष्ठानों को प्रसारित किए जा रहे हैं। **वर्षा जल संचयनः** दिशा–निर्देश तैयार किए गए हैं और सभी पावरग्रिड प्रतिष्ठानों को प्रसारित किए जा रहे हैं। ये दिशा–निर्देश मौजूदा उप–केन्द्रों और भविष्य के केन्द्रों के लिए लागू होंगे और निविदा बीओक्यू/विनिर्देश का हिस्सा होंगे। **जलमल शोधन संयत्रः** 3 उप–केन्द्रों के लिए पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया गया है जिसे वित्त वर्ष 2024–25 में शुरू किया जाना है।

कंपनी नवीनतम अत्याधुनिक अनुरक्षण कार्यप्रणालियों के उपयोग के माध्यम से अपनी पारेषण प्रणाली की उपलब्धता और विश्वसनीयता के उच्च मानकों को बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। अनुरक्षण कार्यकलापों की योजना पहले से ही बना ली जाती है और तकनीकी व्यवहार्यता के अनुसार, सजीव लाइन या बंद अनुरक्षण के माध्यम से प्रत्येक संपत्ति के लिए 'वार्षिक अनुरक्षण योजना' तैयार की जाती है, जिससे लाइनों की ट्रिपिंग को विशेष रूप से कम किया जा सका है। सॉफ्टवेयर टूल, ट्रांसफार्मर ऑनलाइन कंडीशन मॉनिटरिंग प्रणाली (टीओसीएमएस), एनटीएएमसी और आरटीएएमसी में चालू है। पावरग्रिड ने बेहतर प्रचालन निष्पादन के लिए नवीनतम उपलब्ध तकनीकी उपकरणों और तकनीकों में निवेश किया है और इस दिशा में आपकी कंपनी द्वारा निम्नलिखित नवीनतम तकनीकों को अपनाया गया हैः

प्रचालन और अनुरक्षण में चुनौतियाँ	शमन संबंधी कार्रवाई
प्रचालन एवं अनुरक्षण दक्षता में वृद्धि	• **आईएसओ 55001 प्रमाणनः** पावरग्रिड ने अपनी कार्यप्रणालियों को आईएसओ 55001 मानकों के साथ जोड़कर परिसंपत्ति प्रबंधन में उत्कृष्टता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त मानक, प्रभावी परिसंपत्ति प्रबंधन प्रणाली के लिए आवश्यकताओं को रेखांकित करता है और यह सुनिश्चित करता है कि संगठन अपनी परिसंपत्तियों को कुशलतापूर्वक प्रबंधित करने में उच्चतम मानदंडों को पूरा करें। • 1 जनवरी 2024 से ट्रांसफॉर्मर, रिएक्टर और पारेषण लाइनों सहित अपनी महत्वपूर्ण परिसंपत्तियों के लिए **विश्वसनीयता केंद्रित अनुरक्षण (आरसीएम)** कार्यप्रणालियों को कार्यान्वित किया गया। इस रणनीतिक दृष्टिकोण में प्रत्येक घटक की विश्वसनीयता का सावधानीपूर्वक विश्लेषण, संभावित विफलता मोड की पहचान करना और समग्र प्रणालीगत निष्पादन को बढ़ाने के लिए लक्षित अनुरक्षण योजनाएँ विकसित करना शामिल है। इससे नियमित अनुरक्षण कार्यकलापों पर व्यय होने वाले श्रम–घंटों में उल्लेखनीय कमी आएगी और केंद्रित और गुणवत्तापूर्ण अनुरक्षण संभव होगा।

प्रचालन और अनुरक्षण में चुनौतियाँ	शमन संबंधी कार्रवाई
	• **संरक्षण और एससीएडीए के लिए उत्कृष्टता केंद्र (सीओई):** पावरग्रिड ने लगभग 36,000 आईईडी और 190 नग एसएएस गेटवे के आंकड़ाबेस को प्रबंधित और मान्य करने के लिए उत्कृष्टता केंद्र (सीओई)––संरक्षण और एससीएडीए की स्थापना की है ताकि योजना का उचित कार्यान्वयन, सेटिंग्स/कॉन्फ़िगरेशन की एकरूपता और केंद्रीकृत स्थान से मांग पर मुद्दों का समाधान सुनिश्चित किया जा सके। यह केंद्रीय स्थान से सुरक्षा के मुद्दों को संभालने के लिए सक्षम जनशक्ति की उपलब्धता को सक्षम बनाता है और संवर्धित वास्तविकता आदि जैसी नवीनतम तकनीक का उपयोग करके साइटों को दूरस्थ समर्थन देने के लिए विशेषज्ञ जनशक्ति का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करता है। • इन हाउस **एआई/एमएल आधारित त्रुटि पहचान उपकरण पीजी अमृत (पावरग्रिड एसेट मैनेजमेंट थ्रू आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इन ट्रांसमिशन) जिसे ट्रांसमिशन लाइन पेट्रोलिंग प्लेटफॉर्म पीजी–दर्पण (नियमित पेट्रोलिंग और नेटवर्क के मूल्यांकन के लिए पावरग्रिड डिजिटल अनुप्रयोग)** के साथ एकीकृत किया गया है। पीजी ए. एम. आर. आई. टी. स्वचालित रूप से ए. आई./एम. एल. एल्गोरिदम का उपयोग करके टॉवर तस्वीरों से त्रुटियों की पहचान करता है। इसने संबंधित अनुरक्षण श्रमशक्ति के प्रयासों को अनुकूलित करने में सहायता की है और त्रुटियों की पहचान से त्रुटि सुधार पर ध्यान केंद्रित किया है। • **परिसंपत्ति प्रबंधन डैशबोर्ड (उड़ान)** विभिन्न प्रारूपों में संग्रहीत आंकड़ा को एकीकृत करके सभी प्रमुख निष्पादन संकेतकों (केपीआई) तक एकल विंडो पहुंच सुनिश्चित करता है। डैशबोर्ड न केवल प्रबंधन के लिए एक सुव्यवस्थित और कुशल प्रक्रिया की सुविधा प्रदान करता है, बल्कि संगठन भर में संपूर्ण परिसंपत्ति प्रबंधन प्रणाली का व्यापक भू–स्थानिक दृश्य भी प्रदान करता है। • **ट्रांसफॉर्मर/रिएक्टर/सर्किट ब्रेकर के लिए इन–हाउस, परिसंपत्ति हेल्थ इंडेक्सिंग सॉफ्टवेयर विकसित किया गया।** यह स्वचालित रूप से केंद्रीकृत आंकड़ाबेस से ट्रांसफॉर्मर/रिएक्टर/सर्किट ब्रेकर आंकड़ा प्राप्त करता है और उसका मूल्यांकन करता है और पावरग्रिड की अपनी व्याख्या तकनीक का उपयोग करके गिरावट की सीमा के आधार पर उपकरणों को स्वास्थ्य सूचकांक प्रदान करता है। यह पारेषण परिसंपत्ति के विश्वसनीयता केंद्रित अनुरक्षण संबंधी स्थानांतरण में मदद करेगा। • **पावरग्रिड में कुशल निरीक्षण (आई2पी):** पावरग्रिड ने क्यूआर कोड का उपयोग करते हुए कुशल निरीक्षण मॉड्यूल लागू किया, जिससे उप–केन्द्र उपकरणों का दक्षतापूर्ण निरीक्षण संभव हुआ। आंकड़ा लॉगिंग के लिए उपयोग किए जाने वाले सुदृढ़ टैबलेट पानी और धूल से सुरक्षित हैं, विद्युत चुम्बकीय प्रेरण से अप्रभावित हैं और उपयोगकर्ताओं को ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में आंकड़ा इनपुट करने की अनुमति देते हैं। • **हॉटलाइन अनुरक्षण और आपातकालीन बहाली प्रणाली (ईआरएस):** बिजली कटौती से बचने के लिए महत्वपूर्ण तत्वों का अनुरक्षण करने हेतु हॉटलाइन अनुरक्षण तकनीकों का उपयोग करना। इसके अतिरिक्त, 765 केवी पारेषण लाइनों पर हॉटलाइन अनुरक्षण के लिए भारत में पहली बार प्रशिक्षण दिया गया है। पावरग्रिड विफलताओं के मामले में पारेषण लाइनों की त्वरित बहाली के लिए ईआरएस का भी उपयोग कर रहा है। • **आपातकालीन बहाली प्रणाली (ईआरएस) की आपूर्ति के लिए स्वदेशी विक्रेता विकास:** भारत सरकार के आत्मनिर्भर भारत अभियान और मेक इन इंडिया पहल को ध्यान में रखते हुए, पारेषण लाइनों की आपातकालीन बहाली के लिए आपातकालीन बहाली प्रणाली (ईआरएस) के स्वदेशी विक्रेता विकास का काम शुरू किया गया है। • **पारेषण लाइनों की ड्रोन से गश्त:** पावरग्रिड ने 900 किलोमीटर की दूरी तक पारेषण लाइनों की ड्रोन आधारित गश्त सफलतापूर्वक की है। यह अभिनव दृष्टिकोण निगरानी कार्यकलापों की दक्षता और प्रभावशीलता को बढ़ाता है, जिससे पारेषण लाइनों का त्वरित और व्यापक निरीक्षण संभव हो पाता है। ड्रोन से गश्त करने से संभावित समस्याओं की पहचान करने और समय पर अनुरक्षण के प्रयासों को सुविधाजनक बनाने में मदद मिलती है।

प्रचालन और अनुरक्षण में चुनौतियाँ	शमन संबंधी कार्रवाई
	• **पारेषण लाइन की नींव के लिए विशेष डिजाइन का विकासः** आपकी कंपनी ने नवोन्मेष पाइल फाउंडेशन डिजाइन विकसित किया है, जिसमें पारंपरिक चार के बजाय प्रत्येक पैर के नीचे तीन पाइल हैं। यह दृष्टिकोण कम पाइल को चलाने की आवश्यकता के कारण लाइन के पूरा होने में तेजी लाएगा, जिससे निर्माण समय और समग्र लागत दोनों में कमी आएगी। इसके अतिरिक्त, महत्वपूर्ण उतार–चढ़ाव वाले क्षेत्रों के लिए एक पैर के नीचे पोर्टल संरचना को शामिल करने वाली नींव प्रणाली विकसित की गई है। यह नवोन्मेष बहुत लंबे समय तक चलने वाली चिमनी एक्सटेंशन की आवश्यकता को समाप्त करता है। • **नई पारेषण लाइन के सर्वेक्षण के लिए इन–हाउस क्षमता का विकासः** प्रशुल्क–आधारित प्रतिस्पर्धी बोली (टीबीसीबी) परियोजनाओं की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, आपकी कंपनी ने पूरे भारत में पारेषण लाइन परियोजनाओं के लिए इष्टतम विधि का चयन करने के लिए इन–हाउस क्षमताओं के विकास की पहल की है। इसमें नवीनतम सर्वेक्षण तकनीकों का उपयोग करना शामिल है, जैसे कि उपग्रह मानचित्रण, भू–संदर्भित मानचित्र, गतिशक्ति पोर्टल और विभिन्न अन्य उपलब्ध जीआईएस सॉफ्टवेयर उपकरण। • **नवोन्मेष लाइन सर्वेक्षण तकनीकः** आपकी कंपनी ने उच्च पर्वतीय और अन्य दुर्गम क्षेत्रों में पारेषण लाइनों के लिए विस्तृत सर्वेक्षण करने के लिए लाइट डिटेक्शन एंड रेंजिंग (एलआईडीएआर) तकनीक का उपयोग शुरू किया है। इस प्रक्रिया में विमान या हेलीकॉप्टर पर लगे एलआईडीएआर उपकरण के साथ लाइन कॉरिडोर से उड़ान भरना शामिल है। एलआईडीएआर दूरियों को मापने और इलाके के 3डी मानचित्र बनाने के लिए लेजर बीम का उपयोग करता है, जिसका उपयोग पारेषण लाइनों को प्रभावी और इष्टतम तरीके से एकीकृत करने के लिए किया जाता है। • **रोबोट के माध्यम से उप–केन्द्रों का निरीक्षणः** पावरग्रिड ने उप–केन्द्र उपकरणों में त्रुटियों का पता लगाने के लिए एआई/एमएल एल्गोरिदम से संचालित स्वायत्त रोबोट का विकास किया है, जो नियमित निरीक्षण कार्यकलापों को आसान बनाएगा। • **आरई पूलिंग स्टेशनों में स्टेटकॉमः** राजस्थान आरई कॉम्प्लेक्स में आरई पूलिंग स्टेशनों में मल्टीवेंडर इन्वर्टर आधारित संसाधनों (आईबीआर) सहित भारत में पहली बार स्टेटकॉम पर विचार किया गया। सौर ऊर्जा पार्कों के पास अद्वितीय नियंत्रण सुविधाओं के साथ रणनीतिक स्थानों पर स्टेटकॉम की उपस्थिति ग्रिड संधारण ीयता को बढ़ाती है, विद्युत की गुणवत्ता में सुधार करती है और मौजूदा विद्युत अवसंरचना में नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के सुचारू एकीकरण की सुविधा प्रदान करती है। स्टेटकॉम ग्रिड में संधारणीयता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करते हुए वोल्टेज स्तरों को विनियमित करने के लिए गतिशील प्रतिक्रियाशील शक्ति सहायता प्रदान कर सकते हैं। • **500 एमवीएआर थाइरिस्टर नियंत्रित रिएक्टरः** वोल्टेज प्रोफ़ाइल का वर्नियर नियंत्रण रखने के लिए, स्थिर अवस्था में एचवीडीसी नियंत्रकों के सुचारू और विश्वसनीय संचालन की सुविधा के लिए भारत में पहली बार कुरुक्षेत्र में स्टैंडअलोन 500 एमवीएआर टीसीआर पर विचार किया गया है। इसके अतिरिक्त, यह अचानक लोड अस्वीकृति के मामले में गतिशील ओवर वोल्टेज नियंत्रण में मदद करता है। • **ड्रोन से गश्त, हेडगियर्स, एआर/वीआर डिवाइस, बेहतर संपत्ति निरीक्षण दक्षता,** संपत्ति विश्वसनीयता और ग्रिड समुत्थानशील के लिए औद्योगिक रग्ड टैबलेट आधारित निरीक्षण। • **आंकड़ा प्रबंधन, विश्लेषण और परिसंपत्ति निगरानी में सुधार के लिए डिजिटलीकरण पहल** (परिसंपत्तियों की क्यूआरटैगिंग, डिजिटल पोर्टल, ओसीआर रीडर, वाल्व हॉल निरीक्षण रोबोट आदि)।

प्रचालन और अनुरक्षण में चुनौतियाँ	शमन संबंधी कार्रवाई
	• **सुरक्षा प्रचालन केंद्रः** पावरग्रिड ने देश भर में फैली विषम (अर्थात आईटी, ईआरपी, दूरसंचार, ओटी, आदि) पावरग्रिड की डिजिटल परिसंपत्तियों की निगरानी के लिए ईसीआईएल के साथ साझेदारी में स्वदेशी एकीकृत सूचना सुरक्षा प्रचालन केंद्र (आई3एसओसी) की स्थापना की है।


4. जोखिम प्रबंधन कार्यढांचा

आपकी कंपनी ने व्यापक उद्यम जोखिम प्रबंधन (ईआरपी) कार्यढांचा स्थापित किया है जो निम्नलिखित उद्देश्यों के लिए किसी भी जोखिम या संभावित खतरे की पहचान, विश्लेषण, आकलन, शमन, निगरानी और शासन करके कंपनी के रणनीतिक उद्देश्यों की प्राप्ति को सक्षम बनाता है। व्यवसायों और कार्यों द्वारा पहचाने गए रणनीतिक, प्रचालन, वित्तीय, मानव संसाधन, अनुपालन, ईएसजी और साइबर सुरक्षा जोखिमों की विभिन्न प्रमुख निष्पादन संकेतकों (केपीआई) के माध्यम से व्यवस्थित रूप से निगरानी और नियंत्रण किया जाता है।


आपकी कंपनी में समर्पित बोर्ड स्तरीय जोखिम प्रबंधन समिति है जिसमें स्वतंत्र निदेशक और तीन कार्यकारी निदेशक सदस्य के रूप में शामिल हैं जो केपीआई की समीक्षा करते हैं और व्यावसायिक दक्षता में सुधार के लिए निरंतर आधार पर शमन क्रियाओं के माध्यम से प्रमुख जोखिमों को संसाधित और समस्या का समाधान करते हैं। जोखिम प्रबंधन समिति नियमित रूप से अनुपालन–संबंधी जोखिमों की निगरानी भी करती है और सभी नियामक मानदंडों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करती है। जोखिमों की व्यवस्थित और सक्रिय पहचान और उनका शमन, आपकी कंपनी को प्रभावी और समय पर निर्णय लेने सहित निष्पादन को बढ़ावा देने में सक्षम बनाता है।

आपकी कंपनी ने मुख्य जोखिम अधिकारी नियुक्त किया है। रिपोर्टिंग अवधि के दौरान, जोखिमों की निगरानी/समीक्षा करने के लिए जोखिम प्रबंधन समिति की तीन बैठकें आयोजित की गईं।

जोखिम प्रबंधन संरचना



जोखिम प्रबंधन



5. आंतरिक वित्तीय नियंत्रण और पर्याप्तता

पावरग्रिड में लेखा और वित्तीय प्रबंधन प्रणाली, नियंत्रण की पर्याप्तता, सामग्री जांच, वित्तीय औचित्य पहलुओं और अनुपालन कार्यान्वयन तंत्र को सत्यापित करने के लिए व्यापक आंतरिक नियंत्रण तंत्र है। एक समान अनुपालन के लिए लेखों की तैयारी हेतु विस्तृत दिशानिर्देशों का निरंतर अनुपालन किया जाता है।

विनियामक आवश्यकताओं के अनुरूप, आंतरिक लेखा परीक्षकों की नियुक्ति निदेशक मंडल द्वारा की गई थी। अनुभवी लागत/चार्टर्ड अकाउंटेंट फर्मों द्वारा कंपनी के अपने आंतरिक लेखा परीक्षा विभाग के साथ निकट समन्वय में अर्धवार्षिक आधार पर नियमित और संपूर्ण आंतरिक लेखा परीक्षा की जाती है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी जाँच और संतुलन मौजूद हैं और सभी आंतरिक नियंत्रण/प्रणालियाँ व्यवस्थित हैं। कॉर्पोरेट आंतरिक लेखा परीक्षा विभाग आंतरिक नियंत्रण तंत्र की प्रभावशीलता को आश्वस्त करने के लिए प्रणाली लेखा–परीक्षा और प्रबंधन लेखा–परीक्षा भी करता है। आंतरिक लेखा परीक्षा का दायरा लेखा परीक्षा समिति द्वारा अनुमोदित आंतरिक लेखा परीक्षा योजना से लिया गया है। लेखा परीक्षा समिति नियमित अंतराल पर बैठकें करती है। महत्वपूर्ण/सामग्री लेखा परीक्षा निष्कर्षों को समीक्षा, चर्चा और बाद की कार्रवाई के लिए लेखा परीक्षा समिति के समक्ष रखा जाता है।

6. एकीकृत प्रबंधन नीतिः

पावरग्रिड निम्नलिखति लिए प्रतिबद्ध हैः

- समय, लागत, प्रौद्योगिकी और मूल्य संवर्धन को ध्यान में रखते हुए कुशल और प्रभावी "राष्ट्रीय ग्रिड" की स्थापना और अनुरक्षण करना।,
- प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और परिहार, न्यूनीकरण और शमन के सिद्धांतों पर पर्यावरण अनुकूल प्रौद्योगिकी को अनुकूलन करने के माध्यम से सतत विकास।,
- अपनी कार्यकलापों के सभी क्षेत्रों में हितधारकों की संतुष्टि के लिए सुरक्षित, व्यावसायिक जोखिम मुक्त और स्वस्थ कार्य वातावरण सुनिश्चित करना और कानूनी और विनियामक प्रावधानों के अनुरूप अपने प्रबंधन प्रणालियों और कार्यप्रणालियों में लगातार सुधार करने का प्रयास करना।

7. वित्तीय चर्चा और विश्लेषण

निरंतर प्रचालन से कुल आय

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्त वर्ष 2023–24	वित्त वर्ष 2022–23	% परिवर्तन
प्रचालन से राजस्व	42,391.16	42,635.90	(0.57)
अन्य आय	3,424.21	2,591.62	32.13
कुल आय	**45,815.37**	**45,227.52**	**1.30**

वित्त वर्ष 2023–24 में सतत प्रचालन से कुल आय ₹45,815.37 करोड़ थी, जो वित्त वर्ष 2022–23 में ₹45,227.52 करोड़ की कुल आय से 1.30% अधिक थी। वित्त वर्ष 2023–24 में, पारेषण और पारेषण संबंधी कार्यकलापों ने सतत प्रचालन से हमारी कुल आय का 91.39% हिस्सा जुटाया गया, जबकि शेष परामर्शी व्यापार और अन्य आय से आया।

आपकी कंपनी के प्रचालन संबंधी परिणामों को प्रभावित करने वाले कारक

प्रशुल्क मानदंड

पारेषण प्रणाली या विद्युत के अंतर–राज्यीय पारेषण के लिए उपयोग किए जाने वाले तत्व और विनियमित प्रशुल्क मोड के अंतर्गत कार्यान्वित किए जाने वाले पारेषण शुल्क केंद्र सरकार की प्रशुल्क नीति और कानून के अनुसार सीईआरसी द्वारा अधिसूचित प्रशुल्क विनियमों द्वारा शासित होते हैं। पारेषण लाइसेंसधारी, पारेषण प्रणाली के लिए प्रचलित प्रशुल्क ब्लॉक के दौरान किए गए या किए जाने वाले पूंजीगत व्यय के आधार पर प्रशुल्क के निर्धारण के लिए सीईआरसी प्रशुल्क विनियमनों में यथानिर्धारित अनुसार आवेदन करेगा।

प्रशुल्क विनियमों के अंतर्गत, आपकी कंपनी को वार्षिक निश्चित लागत ("एएफसी") की वसूली के लिए पारेषण शुल्क प्रभारित करने की अनुमति दी गई है, जिसमें इक्विटी पर आय, ऋण पर ब्याज, मूल्यह्रास, संचालन और अनुरक्षण व्यय और कार्यशील पूंजी पर ब्याज जैसे प्रशुल्क घटक शामिल हैं। सीईआरसी ने दिनांक 15 मार्च, 2024 की सार्वजनिक सूचना के माध्यम से सीईआरसी (प्रशुल्क के निबंधन और शर्तें) विनियमन, 2024 जारी किए हैं जो वर्ष 2024–29 प्रशुल्क ब्लॉक के लिए लागू होंगे।

नए प्रशुल्क विनियमनों में मुख्य परिवर्तन निम्नानुसार हैं:

- दिनांक 01 अप्रैल, 2024 से पहले शुरू की गई पारेषण परिसंपत्तियों के लिए इक्विटी पर आय (आरओई) को पूर्व के 2019–24 विनियमनों के अनुसार पूर्व–कर आधार पर 15.5% की दर से संरक्षित किया गया है। तथापि, 01 अप्रैल, 2024 को और उसके बाद शुरू होने वाली पारेषण परिसंपत्तियों के लिए आरओई की गणना संबंधित वित्तीय वर्ष की प्रभावी कर दर पर 15.0% की इक्विटी पर आय की आधार दर को बढ़ाकर कर–पूर्व आधार पर की जाती है।
- मौजूदा परिसंपत्तियों के लिए मूल्यह्रास उसी दर पर जारी रहेगा। दिनांक 01 अप्रैल, 2024 के बाद शुरू की गई परिसंपत्तियों के लिए, 15 वर्षों के लिए थोड़ी कम दरों पर त्वरित मूल्यह्रास प्रदान किया जाता है और 15 वर्षों के बाद, शेष मूल्यह्रास शेष उपयोगी समय काल के लिए विस्तारित किया जाता है।

- ऋण पर ब्याज की गणना प्रत्येक वर्ष ऋण की चुकौती को ध्यान में रखते हुए की जाती है, जिसे स्वीकृत मूल्यह्रास के बराबर माना जाता है।
- पारेषण प्रणाली को बनाए रखने के लिए संचालन और अनुरक्षण (ओ एंड एम) व्यय की वसूली पारेषण लाइनों, उप–केन्द्रों, एचवीडीसी प्रणाली आदि के लिए विनिर्दिष्ट मानदंडों पर आधारित है।
- कार्यशील पूंजी पर ब्याज के लिए, ब्याज दर को मानक आधार पर माना जाता है और इसे एसबीआई के एक वर्ष के एमसीएलआर प्लस प्रशुल्क वर्ष के 1 अप्रैल तक 325 बीपीएस (2019–24 ब्लॉक में 350 बीपीएस से कम) से जोड़ा जाता है।
- साझाकरण विनियमन, 2020 के अनुसार पारेषण शुल्क के समय पर भुगतान के लिए उपरोक्त छूट के अतिरिक्त और विलंबित भुगतान के लिए एमओपी नियमों के अनुसार विलंबित भुगतान अधिभार (एलपीएस) भी लागू हैं।

टीबीसीबी रूट के अंतर्गत कार्यान्वित की जा रही परियोजनाओं के लिए, प्रशुल्क की खोज प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के माध्यम से की जाती है, जिसमें सफल बोलीदाता वह होगा जिसने 35 वर्षों की अवधि के लिए सबसे कम स्तरीकृत प्रशुल्क उद्धृत किया हो। आरटीएम परियोजनाओं और टीबीसीबी परियोजनाओं के लिए अंतर–राज्यीय पारेषण शुल्क का साझाकरण समय–समय पर अधिसूचित सीईआरसी (अंतर–राज्यीय पारेषण शुल्क और हानि का साझाकरण) विनियमनों द्वारा शासित होता है। वर्तमान में, सीईआरसी (अंतरराज्यीय पारेषण शुल्क और हानि का साझाकरण) विनियमन, 2020 प्रचलन में हैं। साझाकरण विनियमन, 2020 के अनुसार, केंद्रीय पारेषण यूटिलिटी (सीटीयू) में देश के सभी आईएसटीएस लाइसेंसधारियों की ओर से पारेषण शुल्क की बिलिंग, संग्रह और संवितरण की जिम्मेदारी है। आपकी कंपनी दिनांक 01.04.2013 से सीटीयू नहीं रही। 1 अप्रैल 2021 को और कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी सेंट्रल पारेषण यूटिलिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सीटीयूआईएल) को सीटीयू के सभी कार्यों को करने और निर्वहन करने के लिए अधिसूचित किया गया है। तथापि, इस परिवर्तन से भी, आपकी कंपनी विद्युत अधिनियम, 2003 के अंतर्गत डीम्ड पारेषण लाइसेंसधारी बनी हुई है।

वर्तमान में, दिनांक 03 जून, 2022 को जारी किए गए विद्युत (विलंब भुगतान अधिभार और संबंधित मामले) नियमावली, 2022 प्रचलन में हैं। विद्युत मंत्रालय ने उक्त नियमों में दिनांक 28 फरवरी, 2024 को संशोधन किया था ताकि इसे सीईआरसी (अंतर–राज्यीय पारेषण प्रणाली तक कनेक्टिविटी और सामान्य नेटवर्क पहुंच) विनियमन, 2022 के साथ संरेखित करने के लिए जारी किया जा सके। नियमों में निर्दिष्ट दरों पर 45 दिनों के बाद बकाया राशि पर एलपीएस देय होगा। "एलपीएस की आधार दर" वित्तीय वर्ष के 1 अप्रैल को एसबीआई के एक वर्ष के एमसीएलआर प्लस 500 बीपीएस जुड़ी हुई है। इसके अतिरिक्त, नियमों में बकाया भुगतान में चूक के लिए पहुँच का विनियमन भी प्रदान किया गया है।

सीईआरसी विनियमनों के अंतर्गत अनुमत कुछ व्यय और आय को भविष्य में लाभार्थियों को प्रतिपूर्ति/पास किया जाना आवश्यक है और उन्हें भारतीय लेखा मानक 114 'विनियामक आस्थगित लेखा' के प्रावधानों के अनुसार लाभ और हानि के विवरण में शामिल किया जाना चाहिए। ऐसे व्यय और आय, सीईआरसी विनियमनों के अंतर्गत प्रशुल्क के हिस्से के रूप में वसूली योग्य/देय सीमा, विनियामक आस्थगित परिसंपत्ति/देयता के रूप में माने जाते हैं।

सतत प्रचालन से

7.1 प्रचालन से राजस्व

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्त वर्ष 2023–24	वित्त वर्ष 2022–23	: परिवर्तन
पारेषण व्यापार से राजस्व (अन्य प्रचालन राजस्व सहित)	41,872.71	42,126.61	(0.60)
परामर्श – परियोजना प्रबंधन एवं पर्यवेक्षण	518.45	509.29	1.80
कुल	**42,391.16**	**42,635.90**	**(0.57)**

आपकी कंपनी मुख्य रूप से विद्युत के पारेषण के व्यापार से जुड़ी हुई है। पारेषण व्यापार से राजस्व में 0.60% की कमी आई है, जिसका मुख्य कारण अनंतिम और अंतिम प्रशुल्क के बीच अंतर पर ब्याज में कमी और एक बार के सीईआरसी आदेश का प्रभाव है।

आपकी कंपनी परामर्श (प्रोजेक्ट प्रबंधन और पर्यवेक्षण सेवाओं सहित) से भी राजस्व अर्जित करती है। परामर्शी आय में मुख्य रूप से टर्नकी आधार पर पारेषण और संचार प्रणाली से संबंधित परियोजनाओं के निष्पादन के लिए शुल्क और भारतीय राज्य उपयोगिताओं, संयुक्त उद्यम/सहायक कंपनियों और अन्य देशों में उपयोगिताओं के लिए तकनीकी परामर्श कार्य शामिल हैं। घरेलू/विदेशी परामर्श कार्यों से परामर्श शुल्क के कारण परामर्शी व्यापार से राजस्व में 1.80% की वृद्धि हुई है।

7.2 अन्य आय

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्त 2023–24	वित्त 2022–23	% परिवर्तन
अन्य आय	3,424.21	2,591.62	32.13

अन्य आय में वृद्धि मुख्य रूप से सहायक कम्पनियों से लाभांश आय में वृद्धि तथा सहायक कम्पनियों को ऋण से ब्याज में वृद्धि के कारण हुई है।

8. व्यय

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्त 2023–24	वित्त 2022–23	% परिवर्तन
व्यय	27,241.40	28,240.57	(3.54)

व्यय को (i) कर्मचारी लाभ व्यय (ii) वित्त लागत (iii) मूल्यह्रास और परिशोधन व्यय (iv) अन्य व्यय के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

8.1 कर्मचारी हित व्यय

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्त 2023–24	वित्त 2022–23	% परिवर्तन
कर्मचारी हित व्यय	2,376.88	2,400.35	(0.98)

कर्मचारी हित व्यय में वेतन और मजदूरी, निष्पादन से संबंधित वेतन, भत्ते और लाभ, भविष्य निधि और अन्य निधियों में योगदान और कर्मचारी कल्याण व्यय शामिल हैं। यह कमी मुख्य रूप से वरिष्ठ अधिकारियों की सेवानिवृत्ति के कारण हुई है, जिसकी आंशिक भरपाई महंगाई भत्ते में वृद्धि से होती है।

8.2 वित्तीय लागत

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्त 2023–24	वित्त 2022–23	% परिवर्तन
वित्तीय लागत	9,046.87	9,707.20	(6.80)

पिछले वर्ष की तुलना में वित्त लागत में 6.80% की कमी मुख्य रूप से विनिमय दर में कमी, कार्यशील पूंजी ऋणों पर ब्याज में कमी और दीर्घकालिक ऋणों के पुनर्भुगतान के कारण एफईआरवी में कमी के कारण हुई है, जिसकी आंशिक भरपाई नई परिसंपत्तियों के पूंजीकरण से होती है।

8.3 मूल्यह्रास और परिशोधन व्यय

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्त 2023–24	वित्त 2022–23	% परिवर्तन
मूल्यह्रास और परिशोधन व्यय	12,558.19	12,858.52	(2.34)

पिछले वर्ष की तुलना में मूल्यह्रास एवं परिशोधन व्यय में 2.34% की कमी मुख्य रूप से परिसंपत्तियों के समय सीमा के 12 वर्ष पूरे होने के कारण हुई है, जिसकी आंशिक भरपाई नई परिसंपत्तियों के पूंजीकरण से होती है।

8.4 अन्य व्यय

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्त 2023–24	वित्त 2022–23	% परिवर्तन
अन्य व्यय	3,259.46	3,274.50	(0.46)

पिछले वर्ष की तुलना में, अन्य व्ययों में 0.46% की कमी मुख्य रूप से विदेशी मुद्रा विनिमय दर भिन्नता में कमी, वित्तीय परिसंपत्तियों (एलपीएससी योजना) पर उचित मूल्यांकन हानि के कारण हुई है, जिसकी आंशिक भरपाई प्रणाली संचालन शुल्क, आरएंडएम व्यय, प्रशिक्षण और भर्ती व्यय, विद्युत शुल्क आदि से होती है।

वर्ष के दौरान, ऊर्जा दक्षता सेवा लिमिटेड (ईईएसएल) में निवेश की हानि के लिए ₹149.12 करोड़ की हानि भत्ता प्रदान किया गया है।

9. कर पूर्व लाभ और विनियामक आस्थगित लेखा शेष

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्त 2023–24	वित्त 2022–23	% परिवर्तन
कर पूर्व लाभ और विनियामक आस्थगित लेखा शेष	18,573.97	16,986.95	9.34

9.1 कर व्यय

कर व्यय में चालू कर और आस्थगित कर शामिल हैं।

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्त 2023–24	वित्त 2022–23	% परिवर्तन
चालू कर	3,236.43	2,874.82	12.58
आस्थगित कर	(604.45)	(755.98)	(20.04)

आयकर प्रावधानों के अंतर्गत उपलब्ध उच्च मूल्यह्रास शुल्क के कारण समय के अंतर के संबंध में आस्थगित कर का प्रावधान किया गया है। प्रबंधन की राय में, यह संभावना है कि भविष्य के आर्थिक लाभ एमएटी क्रेडिट को मान्यता देकर भविष्य के आयकर देयता के लिए सेट ऑफ की उपलब्धता के रूप में कंपनी को मिलेंगे। भविष्य के कर योग्य मुनाफे को (क) 31 मार्च 2017 तक चालू की गई परियोजनाओं के लिए आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 80–आईए के अंतर्गत कर अवकाश (ख) भविष्य में चालू की जाने वाली परिसंपत्तियों पर प्रारंभिक मूल्यह्रास और (ग) आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 32 के अंतर्गत नियमित आयकर मूल्यह्रास के लिए समायोजित किया जाएगा और उसके बाद कर राशि एमएटी क्रेडिट के लिए सेट की जाएगी। इसलिए, वर्ष के दौरान इसे स्थगित कर संपत्ति के रूप में मान्यता दी गई है।

9.2 विनियामक आस्थगित लेखा शेष –आय/(व्यय) (निवल कर) में निवल परिवर्तन

वित्त वर्ष 2023–24 के लिए विनियामक आस्थगित लेखा शेष –आय/(व्यय) (निवल कर) में निवल परिवर्तन पिछले वर्ष के ₹256.43 करोड़ की तुलना में (₹564.51) करोड़ रही। यह कमी मुख्य रूप से विदेशी मुद्रा में घट–बढ़ में कमी के कारण हुई है, जिसकी आंशिक भरपाई आस्थगित कर देयता के लिए आस्थगित परिसंपत्ति के कारण विनियामक आस्थगित खाता शेष में वृद्धि से होती है।

10. बंद प्रचालन से लाभ

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्त 2023–24	वित्त 2022–23	% परिवर्तन
बंद किए गए प्रचालन से कर से पहले का लाभ	116.27	227.74	(48.95)
बंद किए गए प्रचालन का कर व्यय	19.14	16.74	14.34
बंद किए गए प्रचालन से लाभ	97.13	211.00	(53.97)

निदेशक मंडल ने दिनांक 14 जुलाई 2023 को आयोजित अपनी बैठक में कंपनी के दूरसंचार व्यापार को कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी पावरग्रिड टेलीसर्विसेज लिमिटेड (पावरटेल) को हस्तांतरित करने के प्रस्ताव को अनुमोदन दे दी है।

कंपनी का दूरसंचार व्यापार दिनांक 01 अक्टूबर 2023 से दिनांक 30 सितंबर 2023 के आय मूल्य पर पावरटेल को हस्तांतरित कर दिया गया। इंडएएस 105 के अनुसार, इसे लाभ और हानि के विवरण में बंद प्रचालन के रूप में प्रस्तुत किया गया है। तदनुसार, बंद प्रचालन से कर के बाद लाभ पिछले वर्ष के ₹211.00 करोड़ की तुलना में ₹97.13 करोड़ है।

11. कर के बाद लाभ (पीएटी)

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्त 2023–24	वित्त 2022–23	% परिवर्तन
कर के बाद लाभ (पीएटी)द्ध	15,474.61	15,335.54	0.91

आपकी कंपनी ने पिछले वर्ष की तुलना में पीएटी में 0.91% की वृद्धि दर्ज की, जिसका मुख्य कारण नई ट्रांसमिशन परिसंपत्तियों की शुरूआत है।

12. निवल संपत्ति पर आय

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्त 2023–24	वित्त 2022–23	% परिवर्तन
निवल संपत्ति पर आय	17.81	18.51	(3.78)

13 वित्तीय अनुपात

विवरण	वित्त 2023–24	वित्त 2022–23
देनदारों का कारोबार	3.21	3.03
इन्वेंट्री कारोबार	32.48	32.24
ब्याज सहित अनुपात	4.10	3.93
चालू अनुपात	0.80	0.88
ऋण इक्विटी अनुपात	1.42	1.55
प्रचालन लाभ मार्जिन	94%	92%
निवल लाभ मार्जिन	36%	35%

सभी अनुपातों की गणना बंद परिचालनों सहित की जाती है।

25% से अधिक विचलन के कारणों के लिए टिप्पणी 64(झ) "कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची III के अनुसार अतिरिक्त विनियामक सूचना–अनुपात" देखें।

14 अन्य व्यापक आय (निवल कर)

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्त 2023–24	वित्त 2022–23
अन्य व्यापक आय		
निरंतर प्रचालन से	(231.94)	(108.04)
बंद प्रचालन से	(0.95)	1.34

यह अंतर मुख्य रूप से पीजीइन्विट और पीटीसी इंडिया लिमिटेड की इकाइयों में निवेश के मूल्यांकन में वृद्धि के कारण है।

15 क्रेडिट रेटिंग

आपकी कंपनी की वित्तीय समझदारी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय रेटिंग एजेंसियों द्वारा दी गई क्रेडिट रेटिंग में दृढ़ता से परिलक्षित होती है। विस्तृत जानकारी के लिए, **कॉर्पोरेट गवर्नेंस पर रिपोर्ट** देखें।

16. नकदी और पूंजी संसाधन

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्त 2023–24	वित्त 2022–23	% परिवर्तन
नकदी और पूंजी संसाधन	2,620.55	4,146.24	(36.80)

कंपनी कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराने और पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नकदीके आंतरिक और बाह्य दोनों स्रोतों पर निर्भर है। पिछले वर्ष की तुलना में नकदी और नकदी समकक्षों में कमी मुख्य रूप से सावधि जमा (3 महीने से कम की परिपक्वता के साथ) (उपार्जित ब्याज सहित) में कमी के कारण हुई है।

17. नकदी प्रवाह

(₹ करोड़ में)

विवरण	31 मार्च को समाप्त वर्ष	
	2024	2023
वर्ष की शुरुआत में नकदी और नकदी समकक्ष	4,146.24	2,457.47
प्रचालन कार्यकलापों से निवल नकदी	34,790.13	37,839.42
निवेश कार्यकलापों से निवल नकदी (में प्रयुक्त)	(10,433.54)	(5,701.42)
वित्तपोषण कार्यकलापों से निवल नकदी (में प्रयुक्त)	(25,882.28)	(30,449.23)
वर्ष के अंत में नकदी और नकदी समकक्ष	2,620.55	4,146.24

17.1 प्रचालन कार्यकलापों से निवल नकदी

प्रचालन कार्यकलापों से निवल नकदी प्रवाह का उपयोग मुख्य रूप से दीर्घकालिक ऋण की सेवा, निवेश और लाभांश के भुगतान के लिए किया जाता है।

17.2 निवेश कार्यकलापों से/(में प्रयुक्त) निवल नकदी

वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान निवेश कार्यकलापों में उपयोग की गई निवल नकदी मुख्य रूप से इस प्रकार परिलक्षित होता है– ₹5,511.80 करोड़ की संपत्ति, संयंत्र और उपकरण और पूंजीगत कार्य–प्रगति (पूंजीगत व्यय के लिए अग्रिम सहित) पर व्यय, ₹4,650.02 करोड़ के सहायक और संयुक्त उद्यमों को ऋण और अग्रिम (पुनर्भुगतान सहित), ₹1,042.69 करोड़ के सहायक, संयुक्त उद्यम और अन्य (निवल) में निवेश और सहायक और संयुक्त उद्यमों को जमा, बांड और ऋण पर ब्याज की प्राप्ति, ₹1,748.70 करोड़ का पीजीइन्विट, ₹275.95 करोड़ का अधिभार प्राप्त और ₹1,038.02 करोड़ का लाभांश प्राप्ति।

17.3 वित्तपोषण कार्यकलापों से/(में प्रयुक्त) निवल नकदी

वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान, आपकी कंपनी ने ₹8,053.00 करोड़ के नए दीर्घकालिक उधार जुटाए। इन उधारों में मुख्य रूप से रुपया बांड/ऋण शामिल थे। कंपनी ने दीर्घकालिक उधारों के ₹13,440.72 करोड़ चुकाए और ₹9,339.19 करोड़ की वित्त लागत का भुगतान किया। वित्त वर्ष 2023–24 में, कंपनी ने ₹11,218.85 करोड़ का लाभांश दिया, जिसमें वित्त वर्ष 2022–23 के लिए ₹3,313.34 करोड़ का अंतिम लाभांश और वित्त वर्ष 2023–24 के लिए ₹7,905.51 करोड़ का अंतरिम लाभांश शामिल है।

18 पूंजीगत व्यय

(₹ करोड़ में)

विवरण	विव 2023–24	विव 2022–23	% परिवर्तन
पूंजीगत व्यय (नकद आधार)	11,219	8,850	26.77

आपकी कंपनी का पूंजीगत व्यय मुख्य रूप से नई पारेषण क्षमता की स्थापना और मौजूदा क्षमता के विस्तार के लिए उपयोग किया जाता है। वित्त वर्ष 2023–24 और वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान हमारे पूंजीगत व्यय में टीबीसीबी कंपनियों के लिए पूंजीव्यय क्रमशः ₹5,563 करोड़ और ₹3,867 करोड़ है।

19. गैर-चालू परिसंपत्तियां

(₹ करोड़ में)

विवरण	विव 2023–24	विव 2022–23	% परिवर्तन
गैर–चालू परिसंपत्तियां	2,12,123.34	2,14,700.99	(1.20)

गैर–वर्तमान परिसंपत्तियों को इस प्रकार वर्गीकृत किया गया है: (i) संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण; (ii) प्रगति पर पूंजीगत कार्य; (iii) निवेश संपत्ति; (iv) अमूर्त परिसंपत्तियां; (v) विकासाधीन अमूर्त परिसंपत्तियां; (vi) निवेश (vii) व्यापार प्राप्य (viii) ऋण; (ix) अन्य गैर–वर्तमान वित्तीय परिसंपत्तियां; और (x) अन्य गैर–वर्तमान परिसंपत्तियां।

19.1 संपत्ति, संयंत्र और उपकरण

(₹ करोड़ में)

विवरण	विव 2023–24	विव 2022–23	% परिवर्तन
संपत्ति, संयंत्र और उपकरण (निवल ब्लॉक)	1,61,333.81	1,70,801.36	(5.54)

संपत्ति, संयंत्र और उपकरण (नेट ब्लॉक) में 5.54% की कमी आई है। इसमें मुख्य रूप से भूमि, भवन, पारेषण लाइन, उप–केन्द्र, एचवीडीसी, यूएलडीसी उपकरण, फर्नीचर फिक्सचर, उपयोग का अधिकार (आरओयू) परिसंपत्तियां आदि शामिल हैं।

19.2 प्रगति अधीन पूंजीगत कार्य

(₹ करोड़ में)

विवरण	विव 2023–24	विव 2022–23	% परिवर्तन
प्रगति पर पूंजीगत कार्य	9,581.16	7,668.13	24.95

वित्त वर्ष 2023–24 में पूंजीगत कार्य–प्रगति में 24.95% की वृद्धि हुई। संपत्ति, संयंत्र और उपकरण के निर्माण के लिए उपभोग की गई सामग्री की लागत, निर्माण शुल्क और अन्य व्यय तुलन पत्र पर प्रगति पर पूंजीगत कार्य, पूर्ण परियोजना के पूंजीकरण के विलंब के रूप में दिखाए जाते हैं। इस राशि में परिवर्तन कई पारेषण परियोजनाओं के पूंजीकरण और नई पारेषण परियोजनाओं के शुरू होने के कारण हुआ है।

19.3 निवेश संपत्ति

(₹ करोड़ में)

विवरण	विव 2023–24	विव 2022–23	% परिवर्तन
निवेश संपत्ति	1.84	-	100

19.4 अमूर्त परिसंपत्ति

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्त 2023–24	वित्त 2022–23	% परिवर्तन
अमूर्त परिसंपत्ति	1,366.70	1,476.19	(7.42)

अमूर्त परिसंपत्तियों में इलेक्ट्रॉनिक डाटा प्रोसेसिंग सॉफ्टवेयर, मार्गाधिकार–वनरोपण व्यय, तथा 1200 केवी पारेषण प्रणाली का विकास शामिल है।

19.5 विकासाधीन अमूर्त परिसंपत्तियाँ

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्त 2023–24	वित्त 2022–23	% परिवर्तन
विकासाधीन अमूर्त परिसंपत्तियाँ	91.01	31.08	192.82

निर्माण अवधि के दौरान वनरोपण व्यय को विकासाधीन अमूर्त परिसंपत्ति के रूप में दर्शाया गया है। यह परिवर्तन वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान पारेषण परियोजनाओं पर हुए व्यय के पूंजीकरण और नई पारेषण परियोजनाओं के शुरू होने के कारण हुआ है।

19.6 निवेश

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्त 2023–24	वित्त 2022–23	% परिवर्तन
निवेश (उद्धृत)	1,515.93	1,774.46	(14.57)
निवेश (गैर–उद्धृत)	7,215.70	5,640.49	27.93
कुल	**8,731.63**	**7,414.95**	**17.76**

'उद्धृत' श्रेणी के अंतर्गत निवेश पीटीसी इंडिया लिमिटेड और पावरग्रिड इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (पीजीइनविट) में किए गए निवेश शामिल हैं, जिनकी गणना उचित मूल्य पर की जाती है। 'गैर– उद्धृत' श्रेणी के अंतर्गत निवेश संबंधी लागत पर सहायक और संयुक्त उद्यम कंपनियों में इक्विटी निवेश शामिल है। दिनांक 31 मार्च 2024 तक की स्थिति के अनुसार सहायक कंपनी और संयुक्त उद्यमों में प्रमुख निवेश निम्नानुसार हैं:

क्रम सं	सहायक कंपनी/संयुक्त उद्यम का नाम	31.03.2024 तक की स्थिति के अनुसार निवेश की गई राशि (₹ करोड़ में)
	सहायक कंपनी	
1	पावरग्रिड एनएम ट्रांसमिशन लिमिटेड	490.95
2	पावरग्रिड खेतड़ी ट्रांसमिशन सिस्टम लिमिटेड	198.75
3	पावरग्रिड मेदिनीपुर जीरत ट्रांसमिशन लिमिटेड	661.60
4	पावरग्रिड मिथिलांचल ट्रांसमिशन लिमिटेड	233.20
5	पावरग्रिड अजमेर फागी ट्रांसमिशन लिमिटेड	115.00
6	पावरग्रिड हिमाचल ट्रांसमिशन लिमिटेड	432.50
7	पावरग्रिड फतेहगढ़ ट्रांसमिशन लिमिटेड	141.00
8	पावरग्रिड साउथर्न इंटरकनेक्टर ट्रांसमिशन सिस्टम लिमिटेड	709.00
9.	पावरग्रिड वाराणसी ट्रांसमिशन सिस्टम लिमिटेड	187.56
10.	पावरग्रिड भुज ट्रांसमिशन लिमिटेड	232.00
11.	पावरग्रिड रामपुर संभल ट्रांसमिशन लिमिटेड	151.30
12.	पावरग्रिड मेरठ सिम्भावली ट्रांसमिशन लिमिटेड	205.98
13.	पावरग्रिड भिंड गुना ट्रांसमिशन लिमिटेड	111.95
14.	पावरग्रिड बीकानेर ट्रांसमिशन सिस्टम लिमिटेड	140.00
15.	पावरग्रिड सीकर ट्रांसमिशन लिमिटेड	142.00
16.	पावरग्रिड टेलीसर्विसेज लिमिटेड	664.02
17.	पावरग्रिड नरेला ट्रांसमिशन लिमिटेड	100.00

क्रम सं	सहायक कंपनी/संयुक्त उद्यम का नाम	31.03.2024 तक की स्थिति के अनुसार निवेश की गई राशि (₹ करोड़ में)
18.	पावरग्रिड नीमच ट्रांसमिशन सिस्टम लिमिटेड	125.81
	संयुक्त उद्यम	
19.	पावरलिंक्स ट्रांसमिशन लिमिटेड	229.32
20.	सिक्किम पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड	120.12
21.	नॉर्थ ईस्ट ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड	106.96
22.	बिहार ग्रिड कंपनी लिमिटेड	337.39
23.	एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (निवेश के मूल्य में कमी के लिए निवल प्रावधान)	697.49

19.7 व्यापार प्राप्य (गैर–चालू परिसंपत्तियां)

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्त 2023–24	वित्त 2022–23
व्यापार प्राप्य	282.95	695.57

कंपनी के बकाया हिस्से को व्यापार प्राप्य (गैर–चालू/चालू) के अंतर्गत उनके उचित मूल्य पर प्रस्तुत किया गया है, जहां बकाया राशि को विद्युत (विलंबित भुगतान अधिभार और संबंधित मामले) नियम, 2022 या अन्यथा के अनुसार पुनर्निर्धारित किया गया है।

19.8 ऋण (गैर–चालू)

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्त 2023–24	वित्त 2022–23	% परिवर्तन
संबंधित पक्षकारों को ऋण	21,016.53	16,450.85	27.75
कर्मचारियों को ऋण	485.99	446.44	8.86
कुल	**21,502.52**	**16,897.29**	**27.25**

पिछले वर्ष की तुलना में ऋणों में वृद्धि मुख्य रूप से प्रशुल्क आधारित प्रतिस्पर्धी बोली (टीबीसीबी) विधि के माध्यम से कंपनी द्वारा अधिग्रहित परियोजनाओं के निष्पादन के लिए सहायक कंपनियों को दिए गए असुरक्षित ऋणों में वृद्धि के कारण हुई है।

19.9 अन्य गैर–चालू वित्तीय परिसंपत्तियाँ

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्त 2023–24	वित्त 2022–23	% परिवर्तन
अन्य गैर–चालू वित्तीय परिसंपत्तियाँ	4,662.16	4,810.79	(3.09)

अन्य गैर–चालू वित्तीय परिसंपत्तियों में मुख्य रूप से भारत सरकार के पूर्ण रूप से चुकौती बांड और पट्टा प्राप्तियां शामिल हैं। कंपनी ने पूंजीगत परिसंपत्तियों के सृजन हेतु उपार्जित देनदारियों को पूरा करने के लिए विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के दिनांक 21 जनवरी, 2019 के पत्र संख्या 7/1/2018–कार्यालय ज्ञापन के अनुसार विद्युत प्रणाली विकास निधि जैसी भारत सरकार की योजना के लिए अतिरिक्त बजटीय संसाधन (ईबीआर) जुटाने के लिए वित्त वर्ष 2018–19 के दौरान ₹3,487.50 करोड़ की राशि भारत सरकार के पूर्ण रूप से चुकौती बांड के लिए जारी किए हैं । ऐसे बांडों पर मूलधन और ब्याज की चुकौती भारत सरकार द्वारा किया जाएगा।

19.10 अन्य गैर–चालू परिसंपत्तियाँ

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्त 2023–24	वित्त 2022–23	% परिवर्तन
अन्य गैर–चालू परिसंपत्तियाँ	4,569.56	4,905.63	(6.85)

अन्य गैर–चालू परिसंपत्तियों में मुख्य रूप से पूंजीगत व्यय के लिए अग्रिम, आस्थगित विदेशी मुद्रा उतार–चढ़ाव परिसंपत्ति, वस्तु के रूप में वसूली योग्य अग्रिम या सीमा शुल्क पत्तन न्यास तथा अन्य प्राधिकारियों से प्राप्त होने वाले मूल्य शामिल हैं।

20. चालू परिसंपत्तियां

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्त 2023–24	वित्त 2022–23	% परिवर्तन
चालू परिसंपत्तियां	23,698.33	23,231.42	2.01

चालू परिसंपत्तियों को निम्नानुसार वर्गीकृत किया गया है: (i) इन्वेंटरी; (ii) निवेश; (iii) व्यापार प्राप्य; (iv) नकदी और नकदी समकक्ष; (v) नकदी और नकदी समकक्ष को छोड़कर बैंक में शेष राशि; (vi) ऋण; (vii) अन्य चालू वित्तीय परिसंपत्तियां (viii) अन्य चालू परिसंपत्तियां और (ix) बिक्री के लिए धारित परिसंपत्तियों के रूप में वर्गीकृत।

20.1 इन्वेंटरी

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्त 2023–24	वित्त 2022–23	% परिवर्तन
इन्वेंटरी	1,303.73	1,323.55	(1.50)

इन्वेंटरी का मूल्यांकन लागत के निचले स्तर पर किया जाता है, जिसे भारित औसत तथा निवल वसूली योग्य मूल्य के आधार पर निर्धारित किया जाता है। इन्वेंटरी में घटक, स्पेयर और अन्य स्पेयर पार्ट्स, ढीले उपकरण, उपभोग्य वस्तुएं और अन्य वस्तुएं शामिल हैं।

20.2 निवेश

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्त 2023–24	वित्त 2022–23	% परिवर्तन
निवेश (उद्धृत)	608.26	-	100

निवेश (उद्धृत) म्यूचुअल निधि में किए गए निवेश हैं जिसकी गणना उचित मूल्य पर की जाती है।

20.3 व्यापार प्राप्य

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्त 2023–24	वित्त 2022–23	% परिवर्तन
व्यापार प्राप्य	10,825.80	14,304.13	(24.32)

व्यापार प्राप्य में मुख्य रूप से पारेषण सेवाओं और परामर्श सेवाओं से संबंधित प्राप्य शामिल हैं। कंपनी में उपलब्ध विभिन्न भुगतान सुरक्षा तंत्रों के कारण, कंपनी में कोई भी वास्तविक रूप में उपलब्ध क्षतिग्रस्त प्राप्य नहीं है।

20.4 नकदी एवं नकदी समकक्ष

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्त 2023–24	वित्त 2022–23	% परिवर्तन
नकदी एवं नकदी समकक्ष	2,620.55	4,146.24	(36.80)

पिछले वर्ष की तुलना में, वित्त वर्ष 2023–24 में नकदी और नकदी समकक्ष में 36.80% की कमी आई है, जिसका मुख्य कारण सावधि जमा (3 महीने से कम की परिपक्वता सहित) (अर्जित ब्याज सहित) में कमी थी।

20.5 नकदी और नकदी समकक्षों को छोड़कर बैंक में शेष राशि

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्त 2023–24	वित्त 2022–23	% परिवर्तन
नकदी और नकदी समकक्षों को छोड़कर बैंक में शेष राशि	2,406.18	588.20	309.08

पिछले वर्ष की तुलना में, वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान नकदी और नकदी समकक्षों को छोड़कर बैंक में शेष राशि में 309.08% की वृद्धि हुई है, जिसका मुख्य कारण परामर्श ग्राहकों और अन्य के लिए बैंकों में सावधि जमा (3 महीने से अधिक लेकिन 12 महीने तक की परिपक्वता सहित) (अर्जित ब्याज सहित) में वृद्धि थी।

20.6 ऋण (चालू)

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्त 2023–24	वित्त 2022–23	% परिवर्तन
ऋण	450.49	455.10	(1.01)

पिछले वर्ष की तुलना में वित्त वर्ष 2023–24 में ऋणों में कमी मुख्य रूप से सहायक कंपनियों को ऋणों की वर्तमान परिपक्वता में कमी के कारण हुई थी।

20.7 अन्य चालू वित्तीय परिसंपत्तियाँ

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्त 2023–24	वित्त 2022–23	% परिवर्तन
अन्य चालू वित्तीय परिसंपत्तियाँ	5,020.57	1,930.57	160.06

अनुबंध परिसंपत्तियों में वृद्धि के कारण पिछले वर्ष की तुलना में, वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान अन्य चालू वित्तीय परिसंपत्तियों में 160.06% की वृद्धि हुई है।

20.8 अन्य चालू परिसंपत्तियाँ

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्त 2023–24	वित्त 2022–23	% परिवर्तन
अन्य चालू परिसंपत्तियाँ	201.89	222.77	(9.37)

सीमा शुल्क पत्तन न्यास और अन्य प्राधिकरणों से प्राप्त होने वाले मूल्य या वस्तु के रूप में वसूली योग्य अग्रिमों में कमी के कारण पिछले वर्ष की तुलना में, वित्त वर्ष 2023–24 में अन्य चालू परिसंपत्तियों में 9.37% की कमी आई है।

20.9 बिक्री के लिए धारित परिसंपत्तियाँ के रूप में वर्गीकृत

4 सहयोगी कंपनियों का 26% का शेष हिस्सा, जिसकी राशि ₹260.86 करोड़ है, पारेषण सेवा करार (टीएसए) के अनुरूप अंतरित किया जाएगा और इसे "बिक्री के लिए धारित परिसंपत्तियों के रूप में वर्गीकृत" के रूप में दर्शाया गया है।

21. ऋणग्रस्तता

कंपनी रुपये और विदेशी मुद्रा दोनों से संबंधित उधार पर निर्भर है। हमारे विदेशी वित्तपोषण का महत्वपूर्ण भाग विश्व बैंक और एशियाई विकास बैंक जैसी बहुपक्षीय एजेंसियों से दीर्घकालिक विदेशी मुद्रा ऋण रहा है, जिनकी गारंटी भारत सरकार द्वारा दी जाती है। नीचे दी गई सारणी में मुद्रा के अनुसार अपनी बकाया ऋण और इसकी परिपक्वता प्रोफ़ाइल (मुद्रा अंतरण दिनांक 31 मार्च 2024 तक की हैं) को दर्शायी गई है:

(₹ करोड़ में)

ऋण का नाम	2024-25	2025-26	2026-27	2027-28	2028-29 के आगे	Total
1. घरेलू बांड	8,762.55	7,687.30	11,200.58	9,691.30	24,577.41	61,919.14
2. घरेलू ऋण	3,448.44	3,698.44	3,951.18	3,491.84	10,305.02	24,894.92
3. विदेशी ऋण						
अमेरिकी डॉलर$	2,615.63	2,480.95	2,253.53	2,015.77	18,268.94	27,634.82
ईयूआर	652.66	650.25	646.06	636.24	1,673.14	4,258.35
एसईके	198.73	198.73	198.73	146.74	47.39	790.32
जेपीवाई	10.14	10.14	255.48	245.34	736.45	1,257.55
उप योग (3)	3,477.16	3,340.07	3,353.80	3,044.09	20,725.92	33,941.04
कुल (1+2+3)	**15,688.15**	**14,725.81**	**18,505.56**	**16,227.23**	**55,608.35**	**120,755.10**

21.1 दीर्घकालिक उधार

(₹ करोड़ में)

विवरण	वि.व. 2023-24	वि.व. 2022-23	% परिवर्तन
परिवर्तन	1,05,066.95	1,13,891.29	(7.75%)

दीर्घकालिक उधार में बांड के निजी तौर पर शेयर आबंटन, बैंकों और वित्तीय संस्थानों से सावधि ऋण से जुटाई गई राशि शामिल है। पिछले वर्ष के दौरान ऋणों के पुनर्भुगतान के कारण हमारे उधार में पिछले वर्ष की तुलना में 7.75% की कमी आई है।

21.2 प्रतिभूत ऋण

31 मार्च 2024 और 2023 तक प्रतिभूत ऋण (दीर्घकालिक ऋणों की वर्तमान परिपक्वता को छोड़कर) क्रमशः ₹65,012.12 करोड़ और ₹75,338.05 करोड़ थे। इनमें से अधिकांश ऋण कंपनी की चल और अचल संपत्तियों पर अस्थिर शुल्क द्वारा प्रतिभूत किए गए हैं। दिनांक 31 मार्च 2024 तक की प्रतिभूत ऋण की स्थिति निम्नलिखित सारणी में प्रस्तुत की गई हैं:

विवरण	राशि (₹ करोड़ में)	कुल अप्रतिभूत ऋण का %
मूल्यवर्गित बांड रुपए में	33,775.24	51.95
बैंकों और वित्तीय संस्थानों से सावधि ऋण और अन्य ऋण:		
विदेशी मुद्रा में मूल्यवर्गित	26,323.90	40.49
रुपये में मूल्यवर्गित	4,912.98	7.56
कुल	**65,012.12**	**100**

21.3 अप्रतिभूत ऋण

31 मार्च 2024 और 2023 तक अप्रतिभूत ऋण (वर्तमान परिपक्वता को छोड़कर) क्रमशः ₹40,054.83 करोड़ और ₹38,553.24 करोड़ थे, जिसमें घरेलू बॉन्ड, विदेशी वित्तीय संस्थानों/बैंकों से ऋण शामिल हैं जैसे कि फ्रांस में नेटिक्सिस (पूर्व में क्रेडिट नेशनल), जापान में जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (पूर्व में जापान बैंक फॉर इंटरनेशनल कोऑपरेशन), स्वीडन में स्कैंडिनेविस्का एनस्किल्डा बैंकेन एबी (पब्लिक) और स्वीडन में एबी स्वेनस्क एक्सपोर्टक्रेडिट, आदि।

दिनांक 31 मार्च 2024 तक हमारे प्रतिभूत ऋण की स्थिति निम्नलिखित सारणी में प्रस्तुत की गई है:

विवरण	राशि (₹ करोड़ में)	कुल अप्रतिभूत ऋण का %
मूल्यवर्गित बांड रुपए में	19,381.35	48.39
सावधि ऋण (घरेलू बैंकों और विदेशी मुद्रा ऋण से)		
विदेशी मुद्रा में मूल्यवर्गित	4,139.98	10.33
रुपये में मूल्यवर्गित	16,533.50	41.28
कुल	**40,054.83**	**100**

22. मूल्यह्रास के लिए अग्रिम (एएडी)

मूल्यह्रास के लिए अग्रिम (एएडी) प्रशुल्क का घटक था जिसे ब्लॉक 2004–09 के लिए सीईआरसी विनियमनों के अंतर्गत प्रभारित करने की अनुमति दी गई थी, ताकि ऋणों की चुकौती के लिए परिसंपत्तियों पर एक वर्ष की मूल्यह्रास से संबंधित कमी को शामिल किया जा सके। प्रशुल्क ब्लॉक 2009–2014 में एएडी को हटा दिया गया और मूल्यह्रास दर को फिर से तैयार किया गया। दिनांक 1 अप्रैल 2009 से इन प्रशुल्क मानदंडों और मूल्यह्रास दरों में बदलाव के कारण, वाणिज्यिक प्रचालन की तारीख से 12 साल बाद बकाया एएडी को पारेषण आय में ले जाया गया है, इस पारेषण आय को उस सीमा तक पारेषण प्रणाली में प्रयुक्त किया गया जहां मूल्यह्रास प्रशुल्क के अंतर्गत मूल्यह्रास वसूली से अधिक है। दिनांक 31 मार्च 2024 तक की स्थिति के अनुसार, एएडी वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान ₹706.73 करोड़ से 18.43% घटकर वित्त वर्ष 2023–24 में ₹576.49 करोड़ हो गया है।

23. चालू देयताएं

(₹ करोड़ में)

विवरण	विव 2023–24	विव 2022–23	% परिवर्तन
चालू देयताएं	29,805.81	26,296.27	13.35

चालू देनदारियों में निम्नलिखित शामिल हैं (i) उधार; (ii) व्यापार देयताएँ (iii) अन्य चालू वित्तीय देयताएं (iv) अन्य चालू देयताएं; (v) प्रावधान; (vi) चालू कर देयताएं (निवल) और (vii) पट्टा देयताएं ।

23.1 उधार (चालू)

(₹ करोड़ में)

विवरण	विव 2023–24	विव 2022–23	% परिवर्तन
उधार	18,381.67	14,626.22	25.68

दीर्घकालिक उधार की वर्तमान परिपक्वता में वृद्धि के कारण उधार में वृद्धि की गई थी।

23.2 व्यापार देयताएं

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्त 2023–24	वित्त 2022–23	% परिवर्तन
व्यापार देयताएं	354.07	325.02	8.94

दिनांक 31 मार्च 2023 की तुलना में दिनांक 31 मार्च 2024 तक व्यापार देय राशि 8.94% अधिक थी।

23.3 अन्य चालू वित्तीय देयताएं

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्त 2023–24	वित्त 2022–23	% परिवर्तन
अन्य चालू वित्तीय देयताएं	7,875.60	7,392.53	6.53

अन्य चालू वित्तीय देयताओं में मुख्य रूप से अर्जित ब्याज परंतु उधार देय नहीं, पूंजीगत व्यय के लिए बकाया, संविदाकारों और अन्य से जमा/प्रतिधारण निधि आदि शामिल हैं। दिनांक 31 मार्च 2023 की तुलना में दिनांक 31 मार्च 2024 तक अन्य चालू वित्तीय देयताएं 6.53% अधिक थीं।

23.4 अन्य चालू देयताएं

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्त 2023–24	वित्त 2022–23	% परिवर्तन
अन्य चालू देयताएं	2,606.93	3,132.40	(16.78)

मुख्यतः ग्राहकों से प्राप्त अग्रिम राशि के कारण दिनांक 31 मार्च 2023 की तुलना में दिनांक 31 मार्च 2024 तक अन्य चालू देयताएं 16.78% कम हुई थीं।

23.5 प्रावधान

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्त 2023–24	वित्त 2022–23	% परिवर्तन
कर्मचारी हित और अन्य के लिए प्रावधान	583.36	781.41	(25.35)

पिछले वर्ष की तुलना में कर्मचारी हित और अन्य के लिए प्रावधान में 25.35% की कमी हुई है।

24. वित्त वर्ष 2023-24 के लिए संयुक्त उद्यम कंपनियों और सहायक कंपनियों की व्यावसायिक और वित्तीय समीक्षा

संयुक्त उद्यम (जेवी) कंपनियाँ:

(i) पावरलिंक्स ट्रांसमिशन लिमिटेड (पावरलिंक्स):

पावरग्रिड और टाटा पावर कंपनी लिमिटेड इस संयुक्त उद्यम कंपनी में संयुक्त उद्यम भागीदार हैं और क्रमशः 49% और 51% इक्विटी धारण करते हैं। पावरलिंक्स को पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी से बिहार होते हुए उत्तर प्रदेश तक ताला एचईपी, ईस्ट–नॉर्थ इंटरकनेक्टर और उत्तरी क्षेत्र पारेषण प्रणाली से जुड़ी पारेषण लाइनों के कार्यान्वयन के लिए निगमित किया गया था और यह विद्युत पारेषण में पहली सार्वजनिक–निजी भागीदारी थी। पावरलिंक्स ने इस परियोजना को अगस्त, 2006 तक प्रगामी रूप से शुरू की गई थी। पावरग्रिड को इस संयुक्त उद्यम से वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान लाभांश के रूप में ₹38.98 करोड़ प्राप्त हुए।

दिनांक 31 मार्च 2024 तक, पावरलिंक्स की प्रदत्त पूंजी ₹468.00 करोड़ थी और इसकी प्रदत्त पूंजी में पावरग्रिड का हिस्सा ₹229.32 करोड़ है।

इस संयुक्त उद्यम की वित्तीय विशेषताएँ:

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्त 2023–24	वित्त 2022–23
इक्विटी में पावरग्रिड का निवेश	229.32	229.32
सकल आय	139.54	138.83
कर के बाद लाभ	81.54	81.08
प्रति शेयर आय* (₹)	1.74	1.73

*प्रति शेयर अंकित मूल्य ₹10 है।

(ii) टोरेंट पावरग्रिड लिमिटेड (टीपीएल)

iावरग्रिड और टोरेंट पावर लिमिटेड इस संयुक्त उद्यम कंपनी में संयुक्त उद्यम भागीदार हैं और क्रमशः 26% और 74% इक्विटी धारण करते हैं। कंपनी को गुजरात के सूरत जिले के अखाखोल में टोरेंट पावर लिमिटेड के 1100 मेगावाट गैस आधारित परियोजना (सुगेन) जनरेशन स्टेशन से जुड़े पारेषण प्रणाली के कार्यान्वयन के लिए निगमित किया गया था।

दिनांक 31 मार्च 2024 तक की स्थिति के अनुसार, टीपीएल की प्रदत्त पूंजी ₹90 करोड़ थी। प्रदत्त पूंजी में पावरग्रिड का हिस्सा ₹23.40 करोड़ है। इस परियोजना को मार्च 2011 में प्रगामी रूप से शुरू की गई थी। पावरग्रिड को इस संयुक्त उद्यम से वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान लाभांश के रूप में ₹2.11 करोड़ प्राप्त हुए हैं।

इस संयुक्त उद्यम की वित्तीय विशेषताएँ:

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्त 2023–24	वित्त 2022–23
इक्विटी में पावरग्रिड का निवेश	23.40	23.40
सकल आय	28.42	40.39
कर के बाद लाभ	16.98	21.24
प्रति शेयर आय* (₹)	1.89	2.36

*प्रति शेयर अंकित मूल्य ₹10 है।

(iii) नॉर्थ ईस्ट ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड (एनईटीसी):

पावरग्रिड ने त्रिपुरा राज्य में 726.6 मेगावाट पालाटाना गैस आधारित विद्युत परियोजना से संबद्ध 400 केवी डी/सी पालाटाना–सिलचर–बोंगाईगांव ट्रांसमिशन परियोजना की ट्रांसमिशन लाइन की स्थापना के लिए ओएनजीसी त्रिपुरा पावर प्रोजेक्ट कंपनी लिमिटेड (ओटीपीसी), त्रिपुरा सरकार, मणिपुर, मिजोरम, असम इलेक्ट्रिसिटी ग्रिड कॉर्पोरेशन लिमिटेड, मेघालय और नागालैंड के साथ एक संयुक्त उद्यम समझौता किया है।

दिनांक 31 मार्च 2024 तक की स्थिति के अनुसार, एनईटीसी की प्रदत्त शेयर पूंजी ₹411.40 करोड़ थी। प्रदत्त पूंजी में पावरग्रिड की हिस्सेदारी ₹106.96 करोड़ है। इस परियोजना को फरवरी, 2015 में प्रगामी रूप से शुरू की गई थी। पावरग्रिड को वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान एनईटीसी से ₹19.25 करोड़ का लाभांश प्राप्त हुए हैं।

इस संयुक्त उद्यम की वित्तीय विशेषताएँ:

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्त 2023–24	वित्त 2022–23
इक्विटी में पावरग्रिड का निवेश	106.96	106.96
सकल आय	285.39	304.98
कर के बाद लाभ	71.13	88.63
प्रति शेयर आय* (₹)	1.73	2.15

*प्रति शेयर अंकित मूल्य ₹10 है।

(iv) पार्वती कोलडैम ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड (पीकेटीसीएल)

इस संयुक्त उद्यम कंपनी में पॉवरग्रिड और इंडिया ग्रिड ट्रस्ट (आईजीटी) संयुक्त उद्यम भागीदार हैं और क्रमशः 26% और 74% इक्विटी धारण करते हैं। पीकेटीसीएल को पार्वती–II (800 मेगावाट) एचईपी और कोलडैम (800 मेगावाट) एचईपी से जुड़ी ट्रांसमिशन लाइनों के कार्यान्वयन के लिए निगमित किया गया था।

दिनांक 31 मार्च 2024 तक की स्थिति के अनुसार, पीकेटीसीएल की प्रदत्त पूंजी ₹272.84 करोड़ थी। प्रदत्त पूंजी में पॉवरग्रिड का हिस्सा ₹70.94 करोड़ है। इस परियोजना को नवंबर, 2015 में प्रगामी रूप से शुरू की गई थी। वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान पॉवरग्रिड को इस संयुक्त उद्यम से ₹3.55 करोड़ का लाभांश प्राप्त हुआ है।

इस संयुक्त उद्यम की वित्तीय विशेषताएँ:

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्त 2023–24	वित्त 2022–23
इक्विटी में पावरग्रिड का निवेश	70.94	70.94
सकल आय	143.16	142.87
कर के बाद लाभ	46.57	43.19
प्रति शेयर आय* (₹)	1.70	1.59

*प्रति शेयर अंकित मूल्य ₹10 है।

(v) सिक्किम पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड (एसपीटीएल)

पावरग्रिड और तीस्ता ऊर्जा लिमिटेड इस संयुक्त उद्यम कंपनी में संयुक्त उद्यम भागीदार हैं और क्रमशः 30.92% और 69.08% इक्विटी धारण करते हैं। एसपीटीएल को किशनगंज उप–केन्द्र के लिए 1,200 मेगावाट तीस्ता–प्प् हाइड्रो इलेक्ट्रिक पावर प्रोजेक्ट से जुड़ी पारेषण लाइनों के कार्यान्वयन के लिए निगमित किया गया था।

दिनांक 31 मार्च 2024 तक की स्थिति के अनुसार, एसपीटीएल में ₹388.45 करोड़ की प्रदत्त पूंजी थी। प्रदत्त पूंजी में पावरग्रिड का हिस्सा ₹120.12 करोड़ था। इस परियोजना को फरवरी, 2019 में प्रगामी रूप से शुरू की गई थी।

इस संयुक्त उद्यम की वित्तीय विशेषताएँ:

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्त 2023–24	वित्त 2022–23
इक्विटी में पावरग्रिड का निवेश	120.12	120.12
सकल आय	256.41	254.11
कर के बाद लाभ	67.37	51.67
प्रति शेयर आय* (₹)	1.73	1.33

*प्रति शेयर अंकित मूल्य ₹10 है।

(vi) नेशनल हाई पावर टेस्ट लेबोरेटरी प्राइवेट लिमिटेड (एनएचपीटीएल):

एनएचपीटीएल एनटीपीसी, एनएचपीसी, पावरग्रिड, डीवीसी और सीपीआरआई की संयुक्त उद्यम कंपनी है, जिसमें प्रत्येक की 20% की समान इक्विटी भागीदारी है। एनएचपीटीएल का मुख्य उद्देश्य देश में ऑनलाइन हाई पावर शॉर्ट सर्किट टेस्ट सुविधा स्थापित करना है। यह सुविधा देश में पहली बार बीना (म.प्र.) में स्थापित की जा रही है, ताकि भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विद्युत उपकरणों के लिए शॉर्ट सर्किट परीक्षण की पूरी श्रृंखला उपलब्ध कराई जा सके।

दिनांक 31 मार्च 2024 तक की स्थिति के अनुसार एनएचपीटीएल की प्रदत्त शेयर पूंजी ₹225.60 करोड़ थी। प्रदत्त पूंजी में पावरग्रिड की हिस्सेदारी ₹48.80 करोड़ थी।

चरण–I के अंतर्गत प्रयोगशाला के हाई वोल्टेज ट्रांसफार्मर (एचवीटीआर) खंड को दिनांक 01 जुलाई 2017 से वाणिज्यिक संचालन के अंतर्गत रखा गया था। एचवीटीआर प्रयोगशाला 132 केवी से 765 केवी तक वोल्टेज वर्ग सहित सभी संभावित रेटिंग के लिए विद्युत ट्रांसफार्मर के शॉर्ट सर्किट (एससी) परीक्षण में सक्षम है। मध्यम वोल्टेज ट्रांसफार्मर (एमवीटीआर) खंड को बट्टे खाते में डाल दिया गया।

इस संयुक्त उद्यम की वित्तीय विशेषताएँ:

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्त 2023–24	वित्त 2022–23
इक्विटी में पावरग्रिड का निवेश	48.80	30.40
सकल आय	46.11	20.18
कर के बाद लाभ	20.89	(111.29)
प्रति शेयर आय* (₹)	1.40	(7.15)

*प्रति शेयर अंकित मूल्य ₹10 है।

(vii) बिहार ग्रिड कंपनी लिमिटेड (बीजीसीएल):

पावरग्रिड ने दिनांक 29 दिसंबर, 2012 को बिहार राज्य में बिहार राज्य पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड {बीएसपी (एच)सीएल} के साथ 50:50 इक्विटी भागीदारी के आधार पर अंतर–राज्यीय पारेषण प्रणाली के कार्यान्वयन के लिए शेयरधारक समझौता किया था।

दिनांक 31 मार्च 2024 तक की स्थिति के अनुसार, बीजीसीएल की प्रदत्त शेयर पूंजी ₹674.78 करोड़ थी। प्रदत्त पूंजी में पावरग्रिड की हिस्सेदारी ₹337.39 करोड़ थी।

कंपनी, बिहार में चरण–IV, भाग–I के अंतर्गत ₹2,024 करोड़ की लागत से पारेषण प्रणाली सुदृढ़ीकरण योजनाओं को क्रियान्वित कर रही है। भाग–I परियोजनाओं के प्रमुख घटक वाणिज्यिक प्रचालन में हैं। इसके अतिरिक्त, ₹1,688 करोड़ की चरण–IV, भाग–II के कार्य और ₹111 करोड़ की पूरक कार्य का कार्यान्वयन अंतिम चरण में हैं।

इस संयुक्त उद्यम की वित्तीय विशेषताएँ:

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्त 2023–24	वित्त 2022–23
इक्विटी में पावरग्रिड का निवेश	337.39	334.13
सकल आय	295.86	252.30
कर के बाद लाभ	(141.07)	(88.17)
प्रति शेयर आय* (₹)	(2.10)	(1.28)

*प्रति शेयर अंकित मूल्य ₹10 है।

(viii) आरआईएनएल पावरग्रिड टीएलटी प्राइवेट लिमिटेड (आरपीटीपीएल)

पावरग्रिड और राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) ने पारेषण लाइन टावर निर्माण व्यापार में उभरते अवसर का लाभ उठाने के उद्देश्य से विशाखापत्तनम में ट्रांसमिशन लाइन टावर (टीएलटी) विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने के लिए 50:50 इक्विटी भागीदारी के आधार पर संयुक्त उद्यम कंपनी, आरपीटीपीएल का गठन किया।

दिनांक 31 मार्च 2024 तक की स्थिति के अनुसार संयुक्त उद्यम कंपनी ने ₹8.00 करोड़ की प्रदत्त शेयर पूंजी जुटा ली है। तथापि, टावर निर्माण के कारोबारी परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए, पावरग्रिड के निदेशक मंडल ने कंपनी को बंद करने की अनुमोदन दे दी है।

(ix) एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (ईईएसएल):

पावरग्रिड ने एनटीपीसी लिमिटेड, पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड और आरईसी लिमिटेड के साथ संयुक्त उद्यम समझौता किया है। संयुक्त उद्यम कंपनी अर्थात ईईएसएल का उद्देश्य ऊर्जा दक्षता, ऊर्जा संरक्षण और जलवायु परिवर्तन के उपायों को बढ़ावा देना है और यह भारत और विश्व स्तर पर सरकारी भवनों के ऊर्जा लेखा परीक्षा, परामर्श कार्य आदि से संबंधित व्यापार कर रही है।

दिनांक 31 मार्च 2024 तक की स्थिति के अनुसार ईईएसएल की प्रदत्त शेयर पूंजी ₹2,156.82 करोड़ थी। प्रदत्त पूंजी में पावरग्रिड की हिस्सेदारी ₹846.61 करोड़ (39.25%) थी।

इस संयुक्त उद्यम की वित्तीय विशेषताएँ:

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्त 2023–24	वित्त 2022–23
इक्विटी में पावरग्रिड का निवेश	846.61	463.61
सकल आय	1,871.54	2,448.79
कर के बाद लाभ	(393.83)	(331.74)
प्रति शेयर आय* (₹)	(1.83)	(2.37)

*प्रति शेयर अंकित मूल्य ₹10 है।

(x) क्रॉस बॉर्डर पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड (सीपीटीसीएल):

पावरग्रिड ने दिनांक 09 जुलाई 2012 को आईएलएंडएफएस एनर्जी डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड (आईईडीसीएल), एसजेवीएन लिमिटेड (एसजेवीएन) और नेपाल के नेपाल इलेक्ट्रिसिटी अथॉरिटी (एनईए) के साथ शेयरधारक समझौता किया और 400 केवी डी/सी मुजफ्फरपुर–धालकेबार इंडो–नेपाल क्रॉस बॉर्डर ट्रांसमिशन लाइन के भारतीय हिस्से अर्थात मुजफ्फरपुर–सुरसंड सेक्शन (भारत भाग) के कार्यान्वयन के लिए भारत में संयुक्त उद्यम कंपनी अर्थात क्रॉस बॉर्डर पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड को निगमित किया।

उक्त संयुक्त उद्यम कंपनी में पावरग्रिड, एसजेवीएन, आईईडीसीएल और एनईए की शेयरधारिता क्रमशः 26%, 26%, 38% और 10% है। दिनांक 31 मार्च 2024 तक की स्थिति के अनुसार, सीपीटीसीएल की प्रदत्त पूंजी ₹48.50 करोड़ थी। वर्तमान में, पावरग्रिड की इक्विटी ₹12.62 करोड़ है। यहां यह उल्लेख करना उचित है कि आईईडीसीएल ने दिनांक 25 अगस्त, 2021 के अपने पत्र के माध्यम से सूचित किया है कि उनके बोर्ड ने एनसीएलटी द्वारा अनुमोदित समाधान ढांचे के अधिदेश के अनुसार सीपीटीसी में आईईडीसीएल द्वारा धारित शेयरों (अर्थात 38%) को बेचने का प्रस्ताव दिया है। इसके अतिरिक्त, आईईडीसीएल ने दिनांक 09 जुलाई, 2012 (एसएचए) के शेयरधारक समझौते के अनुरूप सीपीटीसीएल के अन्य शेयरधारकों अर्थात पावरग्रिड, एसजेवीएन और एनईए को उनकी मौजूदा शेयरधारिता के अनुपात में सीधे शेयरों का विनिवेश करने का प्रस्ताव दिया था। वर्तमान में एनसीएलटी से अनुमोदन प्रक्रियाधीन है।

पावरग्रिड को इस संयुक्त उद्यम से वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान ₹3.15 करोड़ का लाभांश प्राप्त हुआ है।

(xi) पावर ट्रांसमिशन कंपनी नेपाल लिमिटेड (पीटीसीएन):

पावरग्रिड ने दिनांक 05 अप्रैल, 2014 को नेपाल विद्युत प्राधिकरण (एनईए), नेपाल की हाइड्रोइलेक्ट्रिसिटी इन्वेस्टमेंट एंड डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड (एचआईडीसीएल) और आईएलएंडएफएस एनर्जी डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड (आईईडीसीएल) के साथ संयुक्त उद्यम सह शेयर खरीद समझौता किया और नेपाल में संयुक्त उद्यम कंपनी अर्थात पावर ट्रांसमिशन कंपनी नेपाल लिमिटेड (पीटीसीएन) को धालकेबर भिट्टामोड़ 400 केवी ट्रांसमिशन लाइन (400 केवी डी/सी धालकेबर – मुजफ्फरपुर इंडो–नेपाल क्रॉस बॉर्डर ट्रांसमिशन

लाइन का नेपाल से संबंधित भाग) के कार्यान्वयन के लिए निगमित किया गया था। धालकेबर – मुजफ्फरपुर इंडो–नेपाल क्रॉस बॉर्डर ट्रांसमिशन लाइन का इस्तेमाल भारत और नेपाल के बीच विद्युत के पारेषण के लिए किया जा रहा है।

उक्त संयुक्त उद्यम कंपनी में एनईए, पावरग्रिड, एचआईडीसीएल और आईईडीसीएल की हिस्सेदारी क्रमशः 50%, 26%, 14% और 10% है। यहाँ यह उल्लेख करना उचित है कि आईईडीसीएल ने दिनांक 10 मार्च, 2023 को अपने पत्र के माध्यम से सूचित किया था कि उनके बोर्ड ने एनसीएलटी द्वारा अनुमोदित समाधान ढांचे के आदेश के अनुसार पीटीसीएन में आईईडीसीएल द्वारा धारित शेयरों (अर्थात 10%) को बेचने का प्रस्ताव दिया है। इसके अतिरिक्त, आईईडीसीएल ने दिनांक 05 अप्रैल, 2014 (एसएचए) के शेयरधारक समझौते के अनुरूप पीटीसीएन के अन्य शेयरधारकों अर्थात एनईए, पावरग्रिड और एचआईडीसीएल को उनकी मौजूदा शेयरधारिता के अनुपात में सीधे शेयरों को बेचने का प्रस्ताव दिया था। वर्तमान में, एनसीएलटी से अनुमोदन प्रक्रियाधीन है।

दिनांक 31 मार्च, 2024 तक की स्थिति के अनुसार, पीटीसीएन में एनपीआर 45 करोड़ की अधिकृत, निर्गम और प्रदत्त शेयर पूंजी थी। वर्तमान में, पावरग्रिड की इक्विटी एनपीआर 11.70 करोड़ है, जिसमें एनपीआर 100/– प्रत्येक के 1,30,000 बोनस शेयर शामिल हैं। यह लाइन दिनांक 19 फरवरी, 2016 से वाणिज्यिक प्रचालन के अधीन है। पारवग्रिड को इस संयुक्त उद्यम से वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान ₹1.32 करोड़ का लाभांश प्राप्त हुआ है।

(xii) बुटवल – गोरखपुर क्रॉस बॉर्डर पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड (बीजीसीबीपीटीएल)

पावरग्रिड ने 400 केवी न्यू बुटवल (नेपाल)–गोरखपुर (भारत) क्रॉस बॉर्डर ट्रांसमिशन लाइन के भारतीय भाग के कार्यान्वयन के लिए नेपाल विद्युत प्राधिकरण (एनईए) के साथ संयुक्त उद्यम समझौता किया। संयुक्त उद्यम कंपनी में एनईए और पावरग्रिड दोनों की हिस्सेदारी 50–50% है। इस संयुक्त उद्यम कंपनी को दिनांक 31 अगस्त, 2022 को भारत में निगमित किया गया था।

दिनांक 31 मार्च, 2024 तक की स्थिति के अनुसार, बीजीसीबीपीटीएल की प्रदत्त पूंजी ₹20 करोड़ थी। प्रदत्त पूंजी में पावरग्रिड की हिस्सेदारी ₹10 करोड़ थी।

सहायक कंपनीः

(i) पावरग्रिड एनएम ट्रांसमिशन लिमिटेड (पीएनएमटीएल)

पीएनएमटीएल को दिनांक 29 मार्च, 2012 को पावरग्रिड द्वारा प्रशुल्क आधारित प्रतिस्पर्धी बोली के अंतर्गत नागापट्टिनम/कुड्डालोर क्षेत्र (पैकेज क) के आईपीपी से जुड़े पारेषण प्रणाली को निर्माण, स्वामित्व, प्रचालन और अनुरक्षण (बीओओएम) आधार पर स्थापित करने के लिए अधिग्रहित किया गया था। 765 केवी डी/सी और 765 केवी एस/सी युक्त पारेषण प्रणाली तमिलनाडु और कर्नाटक राज्यों में फैला हुआ है। जून, 2013 में सीईआरसी द्वारा पीएनएमटीएल को पारेषण लाइसेंस प्रदान किया गया था। जनवरी 2019 तक सभी परियोजनाओं को प्रगामी रूप से शुरू किया गया था।

दिनांक 31 मार्च, 2024 तक की स्थिति के अनुसार,पीएनएमटीएल में ₹496.25 करोड़ और ₹490.95 करोड़ की अधिकृत और प्रदत्त शेयर पूंजी थी। पीएनएमटीएल से वित्त वर्ष 2023–24 में ₹5.89 करोड़ का पहला अंतरिम लाभांश, ₹14.24 करोड़ का दूसरा अंतरिम लाभांश, ₹14.24 करोड़ का तीसरा अंतरिम लाभांश और ₹11.78 करोड़ का चौथा अंतरिम लाभांश प्राप्त हुआ।

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्त 2023–24	वित्त 2022–23
सकल आय	171.50	365.09
कर पश्चात लाभ	54.63	222.39

(ii) पावरग्रिड ऊंचाहार ट्रांसमिशन लिमिटेड (पीयूटीएल)

पावरग्रिड ऊंचाहार ट्रांसमिशन लिमिटेड ("पीयूटीएल") को दिनांक 24 मार्च, 2014 को पावरग्रिड द्वारा ऊंचाहार थर्मल पावर स्टेशन ("टीपीएस") के एसोसिएटेड ट्रांसमिशन सिस्टम ("एटीएस") के लिए पारेषण प्रणाली की स्थापना के लिए निर्माण–स्वामित्व–प्रचालन–अनुरक्षण (बीओओएम) आधार पर प्रशुल्क आधारित प्रतिस्पर्धी बोली के अंतर्गत अधिग्रहित किया गया था। ऊंचाहार–फतेहपुर 400 केवी डबल सर्किट (डी/सी) लाइन (लगभग 106.74 सर्किट किलोमीटर) से युक्त पारेषण प्रणाली उत्तर प्रदेश राज्य से होकर गुजरता है। पीयूटीएल को दिनांक 21 जुलाई, 2014 को केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग द्वारा पारेषण लाइसेंस प्रदान किया गया था और इस परियोजना को दिनांक 01 अक्टूबर 2016 से शुरू किया गया था।

पीयूटीएल पावरग्रिड इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (''पीजीइन्विट'') का निवेश प्रबंधक भी है।

दिनांक 31 मार्च 2024 तक की स्थिति के अनुसार, पीयूटीएल की अधिकृत शेयर पूंजी क्रमशः ₹14 करोड़ और प्रदत्त शेयर पूंजी ₹12.96 करोड़ थी। पीयूटीएल से वित्त वर्ष 2023–24 में ₹3.82 करोड़ का पहला अंतरिम लाभांश, ₹3.37 करोड़ का दूसरा अंतरिम लाभांश और ₹3.63 करोड़ का तीसरा अंतरिम लाभांश प्राप्त हुए। पीयूटीएल से वित्त वर्ष 2023–24 में ₹3.24 करोड़ का अंतिम लाभांश प्राप्त होना प्रस्तावित है।

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्त 2023–24	वित्त 2022–23
सकल आय	28.65	28.75
कर पश्चात लाभ	14.39	14.83

(iii) पावरग्रिड साउथर्न इंटरकनेक्टर ट्रांसमिशन सिस्टम लिमिटेड (पीएसआईटीएसएल)

पीएसआईटीएसएल को दिनांक 4 दिसंबर, 2015 को पावरग्रिड द्वारा ''वेमागिरी से आगे ट्रांसमिशन सिस्टम को सुदृढ़ करने'' परियोजना के लिए प्रशुल्क आधारित प्रतिस्पर्धी बोली के अंतर्गत निर्माण, स्वामित्व संचालन और अनुरक्षण (बीओओएम) के आधार पर अधिग्रहित किया गया था। पारेषण परियोजना में 765 केवी और 400 केवी डी/सी पारेषण लाइनें शामिल हैं जो आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक राज्यों से होकर गुजरती हैं और इसमें 765/400 केवी उप–केन्द्र की स्थापना के साथ–साथ आंध्र प्रदेश राज्य में दो मौजूदा उप–केन्द्रों पर 400 केवी बे विस्तार शामिल हैं। कंपनी को मार्च 2016 में सीईआरसी द्वारा पारेषण लाइसेंस दिया गया था। जनवरी, 2020 तक सभी परियोजना तत्वों को प्रगामी रूप से शुरू किया गया था।

कंपनी ने विनियमित प्रशुल्क तंत्र के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य भी कार्यान्वित किए हैं:

i) 765 केवी चिलकलुरिपेटा उप–केन्द्र पर 765 केवी स्पेयर (1–पीएच) रिएक्टर यूनिट (31 अगस्त, 2023 से शुरू की गई)।

ii) 765 केवी चिलकलुरिपेटा उप–केन्द्र पर बस रिएक्टर के रूप में स्विचेबल लाइन रिएक्टर का उपयोग करने के लिए एनजीआर को बाईपास करना (12 मई, 2023 से शुरू)।

दिनांक 31 मार्च, 2024 तक की स्थिति के अनुसार, पीएसआईटीएसएल की अधिकृत शेयर पूंजी ₹731 करोड़ और प्रदत्त शेयर पूंजी ₹709 करोड़ थी। पीएसआईटीएसएल से वित्त वर्ष 2023–24 में ₹20.56 करोड़ का पहला अंतरिम लाभांश, ₹39.70 करोड़ का दूसरा अंतरिम लाभांश, ₹32.61 करोड़ का तीसरा अंतरिम लाभांश और ₹27.65 करोड़ का चौथा अंतरिम लाभांश प्राप्त हुआ।

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्त 2023–24	वित्त 2022–23
सकल आय	481.03	481.06
कर पश्चात लाभ	128.93	129.91

(iv) पावरग्रिड मेदिनीपुर – जिरात ट्रांसमिशन लिमिटेड (पीएमजेटीएल)

पीएमजेटीएल को दिनांक 28 मार्च, 2017 को पावरग्रिड द्वारा "पूर्वी क्षेत्र में 765 केवी सुदृढ़ीकरण (ईआरएसएस–XVIII)" से जुड़े पारेषण प्रणाली के लिए प्रशुल्क आधारित प्रतिस्पर्धी बोली के अंतर्गत निर्माण, स्वामित्व, प्रचालन और अनुरक्षण (बीओओएम) के आधार पर अधिग्रहित किया गया था। पारेषण प्रणाली में 765 केवी और 400 केवी पारेषण लाइनों की स्थापना शामिल है जो पश्चिम बंगाल और झारखंड राज्यों से होकर गुजरती हैं और इसमें पश्चिम बंगाल में दो नए 765/400 केवी उफ–केन्द्रों की स्थापना शामिल है। कंपनी को जून, 2017 में सीईआरसी द्वारा पारेषण लाइसेंस दिया गया था। सभी परियोजना तत्वों को अगस्त, 2022 में प्रगामी रूप से शुरू किया गया था।

दिनांक 31 मार्च, 2024 तक की स्थिति के अनुसार, पीएमजेटीएल में क्रमशः ₹682.00 करोड़ और ₹661.60 करोड़ की अधिकृत और प्रदत्त शेयर पूंजी थी। पीएमजेटीएल ने वित्त वर्ष 2023–24 से ₹61.66 करोड़ का पहला अंतरिम लाभांश, ₹54.09 करोड़ का दूसरा अंतरिम लाभांश, ₹55.57 करोड़ का तीसरा अंतरिम लाभांश और ₹49.62 करोड़ का चौथा अंतरिम लाभांश प्राप्त हुआ।

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्त 2023–24	वित्त 2022–23
सकल आय	597.34	589.62
कर पश्चात लाभ	213.00	223.65

(v) पावरग्रिड मिथिलांचल ट्रांसमिशन लिमिटेड (पीएमटीएल)

पीएमटीएल को दिनांक 12 जनवरी, 2018 को पावरग्रिड द्वारा प्रशुल्क आधारित प्रतिस्पर्धी बोली के अंतर्गत ''पूर्वी क्षेत्र सुदृढ़ीकरण योजना– XXI (ईआरएसएस–XXI) के लिए परेषम प्रणाली की स्थापना'' हेतु निर्माण, स्वामित्व, प्रचालन और अनुरक्षण (बीओओएम) के आधार पर अधिग्रहित किया गया था। पारेषण प्रणाली में बिहार राज्य में 400 केबी पारेषण लाइनों की स्थापना और बिहार में तीन नए 400/220/132 केबी उप–केन्द्रों की स्थापना शामिल है। कंपनी को अप्रैल, 2018 में सीईआरसी द्वारा पारेषण लाइसेंस प्रदान किया गया था। सभी परियोजना तत्वों को अक्टूबर, 2021 में प्रगामी रूप से शुरू किया गया था।

दिनांक 31 मार्च, 2024 तक की स्थिति के अनुसार, पीएमटीएल में क्रमशः ₹245.50 करोड़ और ₹233.20 करोड़ की अधिकृत और प्रदत्त शेयर पूंजी थी। पीएमटीएल से वित्त वर्ष 2023–24 में ₹8.86 करोड़ का पहला अंतरिम लाभांश, ₹10.26 करोड़ का दूसरा अंतरिम लाभांश, ₹10.03 करोड़ का तीसरा अंतरिम लाभांश, ₹7.93 करोड़ का चौथा अंतरिम लाभांश और ₹2.33 करोड़ का पाँचवाँ अंतरिम लाभांश प्राप्त हुआ।

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्त 2023–24	वित्त 2022–23
सकल आय	176.53	177.51
कर पश्चात लाभ	39.86	41.11

(vi) पावरग्रिड वाराणसी ट्रांसमिशन सिस्टम लिमिटेड (पीवीटीएसएल)

पीवीटीएसएल को दिनांक 27 मार्च, 2018 को प्रशुल्क आधारित प्रतिस्पर्धी बोली के अंतर्गत पावरग्रिड द्वारा नए पश्चिमी क्षेत्र–उत्तरी क्षेत्र 765 केबी अंतर क्षेत्रीय गलियारा के लिए पारेषण प्रणाली स्थापित करने के लिए निर्माण, स्वामित्व, प्रचालन और अनुरक्षण (बीओओएम) के आधार पर अधिग्रहित किया गया था। पारेषण प्रणाली में विंध्याचल पूलिंग स्टेशन से वाराणसी तक 765 केबी डी/सी पारेषण लाइन की स्थापना शामिल है जो मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश राज्यों से होकर गुजरती है। कंपनी को अगस्त 2018 में सीईआरसी द्वारा पारेषण लाइसेंस दिया गया था। यह परियोजना की शुरूआत अगस्त, 2021 में हुई थी।

दिनांक 31 मार्च, 2024 तक की स्थित के लिए, पीवीटीएसएल में क्रमशः ₹198.90 करोड़ और ₹187.56 करोड़ की अधिकृत और प्रदत्त शेयर पूंजी थी। वित्त वर्ष 2023–24 में पीवीएसटीएल से ₹5.06 करोड़ का पहला अंतरिम लाभांश, ₹7.31 करोड़ का दूसरा अंतरिम लाभांश, ₹6.38 करोड़ का तीसरा अंतरिम लाभांश और ₹6.00 करोड़ का चौथा अंतरिम लाभांश प्राप्त हुआ।

(₹ करोड़ में)

विवरण	विव 2023–24	विव 2022–23
सकल आय	121.48	122.13
कर पश्चात लाभ	26.24	29.16

(vii) पावरग्रिड जवाहरपुर फिरोजाबाद ट्रांसमिशन लिमिटेड (पीजेएफटीएल)

पीजेएफटीएल को दिनांक 21 दिसंबर, 2018 को निर्माण, स्वामित्व, प्रचालन और अनुरक्षण (बीओओएम) के आधार पर संबंधित पारेषण लाइनों के साथ–साथ उत्तर प्रदेश में 2ग660 मेगावाट जवाहरपुर थर्मल पावर प्रोजेक्ट से विद्युत की निकासी और फिरोजाबाद में 400 केवी उप–केन्द्र के निर्माण के उद्देश्य से अंतर–राज्यीय पारेषण प्रणाली की स्थापना के लिए प्रशुल्क आधारित प्रतिस्पर्धी बोली के अंतर्गत पावरग्रिड द्वारा अधिग्रहित किया गया था। कंपनी को दिनांक 5 जुलाई 2019 को यूपीईआरसी द्वारा पारेषण लाइसेंस प्रदान किया गया था। जुलाई, 2021 तक सभी परियोजना तत्वों को प्रगामी रूप से शुरू किया गया था।

दिनांक 31 मार्च, 2024 तक की स्थिति के अनुसार, पीजेएफटीएल में ₹89.60 करोड़ की अधिकृत और प्रदत्त शेयर पूंजी थी। वित्त वर्ष 2023–24 में पीजेएफटीएल से ₹47.31 करोड़ का पहला अंतरिम लाभांश और ₹2.69 करोड़ का दूसरा अंतरिम लाभांश प्राप्त हुआ।

(₹ करोड़ में)

विवरण	विव 2023–24	विव 2022–23
सकल आय	69.07	59.16
कर पश्चात लाभ	26.68	18.97

(viii) पावरग्रिड खेतड़ी ट्रांसमिशन सिस्टम लिमिटेड (पीकेटीएसएल)

पीकेटीएसएल को दिनांक 29 अगस्त, 2019 को पावरग्रिड द्वारा प्रशुल्क आधारित प्रतिस्पर्धी बोली के अंतर्गत राजस्थान एसईजेड (पार्ट–सी) से एलटीए एप्लीकेशन से जुड़ी पारेषण प्रणाली स्थापित करने के लिए निर्माण, स्वामित्व, प्रचालन और अनुरक्षण (बीओओएम) के आधार पर अधिग्रहित किया गया था। कंपनी को दिनांक 19 दिसंबर, 2019 को सीईआरसी द्वारा पारेषण लाइसेंस प्रदान किया गया था। इस परियोजना को दिनांक 04 अक्टूबर, 2021 को शुरू किया गया था।

दिनांक 31 मार्च, 2024 तक की स्थिति के अनुसार, पीकेटीएसएल में क्रमशः ₹209.00 करोड़ और ₹198.75 करोड़ की अधिकृत और प्रदत्त शेयर पूंजी थी। वित्त वर्ष 2023–24 में पीकेटीएसएल से ₹9.94 करोड़ का पहला अंतरिम लाभांश, ₹4.97 करोड़ का दूसरा अंतरिम लाभांश, ₹2.98 करोड़ का तीसरा अंतरिम लाभांश, ₹12.92 करोड़ का चौथा अंतरिम लाभांश, ₹5.57 करोड़ का पाँचवाँ अंतरिम लाभांश और ₹11.93 करोड़ का छठा अंतरिम लाभांश प्राप्त हुआ।

(₹ करोड़ में)

विवरण	विव 2023–24	विव 2022–23
सकल आय	158.69	130.84
कर पश्चात लाभ	48.41	26.84

(ix) पॉवरग्रिड भिण्ड गुना ट्रांसमिशन लिमिटेड (पीबीजीटीएल)

पीबीजीटीएल को दिनांक 11 सितंबर, 2019 को प्रशुल्क आधारित प्रतिस्पर्धी बोली के अंतर्गत पावरग्रिड द्वारा अधिग्रहित किया गया था, ताकि मध्य प्रदेश में गुना के पास 400 केवी उप–केन्द्र के निर्माण से जुड़े इंट्रा–स्टेट ट्रांसमिशन कार्य और भिंड के पास 220 केवी एस/एस के निर्माण से जुड़े इंट्रा–स्टेट ट्रांसमिशन कार्य के लिए निर्माण, स्वामित्व, प्रचालन और अनुरक्षण (बीओओएम) के आधार पर पारेषण प्रणाली स्थापित की जा सके। कंपनी को दिसंबर, 2020 में एमपीईआरसी द्वारा पारेषण लाइसेंस दिया गया था। इस परियोजना के दिनांक 07 अक्टूबर, 2022 को शुरू किया गया था।

दिनांक 31 मार्च, 2024 तक की स्थिति के अनुसार, पीबीजीटीएल में क्रमशः ₹120.42 करोड़ और ₹111.95 करोड़ की अधिकृत और प्रदत्त शेयर पूंजी थी। वित्त वर्ष 2023–24 में पीबीजीटीएल से ₹8.73 करोड़ का पहला अंतरिम लाभांश, ₹3.13 करोड़ का दूसरा अंतरिम लाभांश, ₹6.72 करोड़ का तीसरा अंतरिम लाभांश और ₹5.04 करोड़ का चौथा अंतरिम लाभांश प्राप्त हुआ।

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्त 2023–24	वित्त 2022–23
सकल आय	70.97	32.77
कर पश्चात लाभ	23.22	9.18

(x) पावरग्रिड अजमेर फागी ट्रांसमिशन लिमिटेड (पीएपीटीएल)

पीएपीटीएल को पावरग्रिड द्वारा दिनांक 3 अक्टूबर 2019 को प्रशुल्क आधारित प्रतिस्पर्धी बोली के अंतर्गत राजस्थान एसईजेड के लिए संबद्ध बे के साथ–साथ अजमेर (पीजी)–फागी 765 केवी डी/सी लाइन के निर्माण के लिए पारेषण प्रणाली स्थापित करने हेतु निर्माण, स्वामित्व, प्रचालन और अनुरक्षण (बीओओएम) आधार पर अधिग्रहित किया गया था। कंपनी को सीईआरसी द्वारा दिनांक 04 मार्च 2020 को पारेषण लाइसेंस प्रदान किया गया था। इस परियोजना की शुरूआत दिनांक 06 मई 2021 को की गई थी।

दिनांक 31 मार्च 2024 तक की स्थिति के अनुसार, पीएपीटीएल में क्रमशः ₹125 करोड़ और ₹115 करोड़ की अधिकृत और प्रदत्त शेयर पूंजी थी। वित्त वर्ष 2023–24 में पीएपीटीएल से ₹3.45 करोड़ का पहला अंतरिम लाभांश, ₹3.45 करोड़ का दूसरा अंतरिम लाभांश, ₹5.17 करोड़ का तीसरा अंतरिम लाभांश, ₹1.15 करोड़ का चौथा अंतरिम लाभांश और ₹7.48 करोड़ का पाँचवाँ अंतरिम लाभांश प्राप्त हुआ।

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्त 2023–24	वित्त 2022–23
सकल आय	79.12	66.17
कर पश्चात लाभ	20.69	10.25

(xi) पावरग्रिड फतेहगढ़ ट्रांसमिशन लिमिटेड (पीएफटीएल)

पीएफटीएल को दिनांक 14 अक्टूबर 2019 को पावरग्रिड द्वारा प्रशुल्क आधारित प्रतिस्पर्धी बोली के अंतर्गत अधिग्रहित किया गया था, ताकि राजस्थान एसईजेड भाग–ख से एलटीए अनुप्रयोगों से संबंधित पारेषण प्रणाली को निर्माण, स्वामित्व, प्रचालन और अनुरक्षण (बीओओएम) के आधार पर स्थापित की जा सके। कंपनी को दिनांक 04 मार्च 2020 को सीईआरसी द्वारा पारेषण लाइसेंस प्रदान किया गया था। इस परियोजना की शुरूआत दिनांक 01 सितंबर 2021 को की गई थी।

दिनांक 31 मार्च 2024 तक की स्थिति के अनुसार, पीएफटीएल में ₹141.00 करोड़ की अधिकृत और प्रदत्त शेयर पूंजी थी। वित्त वर्ष 2023–24 में पीएफटीएल से ₹4.23 करोड़ का पहला अंतरिम लाभांश, ₹2.96 करोड़ का दूसरा अंतरिम लाभांश, ₹4.23 करोड़ का तीसरा अंतरिम लाभांश, ₹5.36 करोड़ का चौथा अंतरिम लाभांश, ₹3.53 करोड़ का पाँचवाँ अंतरिम लाभांश और ₹4.09 करोड़ का छठा अंतरिम लाभांश प्राप्त हुआ।

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्त 2023–24	वित्त 2022–23
सकल आय	92.89	77.73
कर पश्चात लाभ	24.62	12.86

(xii) पावरग्रिड भुज ट्रांसमिशन लिमिटेड (पीबीटीएल)

पीबीटीएल को दिनांक 16 अक्टूबर, 2019 को पावरग्रिड द्वारा प्रशुल्क आधारित प्रतिस्पर्धी बोली के अंतर्गत अधिग्रहित किया गया था, ताकि गुजरात के भुज–II (2000 मेगावाट) में नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं को संपर्क प्रदान करने के लिए निर्माण, स्वामित्व, प्रचालन और अनुरक्षण (बीओओएम) के आधार पर पारेषण प्रणाली स्थापित की जा सके। पारेषण प्रणाली में नए 2 x 1500 एमवीए (765/400 केवी), 4 x 500 एमवीए (400/220 केवी) भुज–II पीएस की स्थापना और भुज पीएस लकड़िया पीएस 765 केवी डी/सी लाइन का पुनर्गठन शामिल है ताकि भुज–II – लकड़िया 765 केवी डी/सी लाइन के साथ–साथ भुज – भुज II 765 केवी डी/सी लाइन भी स्थापित की जा सके। कंपनी को दिनांक 03 मार्च 2020 को सीईआरसी द्वारा पारेषण लाइसेंस प्रदान किया गया था। सभी परियोजना तत्वों को नवंबर, 2022 तक प्रगामी रूप से शुरू किया गया था।

कंपनी विनियमित प्रशुल्क तंत्र के अंतर्गत 'आरई जेनको की कनेक्टिविटी को पूरा करने के लिए भुज–II उप–केन्द्र पर एसटीएम–16 क्षमता के अतिरिक्त एफओटीई की आवश्यकता' कार्यों को भी कार्यान्वित कर रही है।

दिनांक 31 मार्च 2024 तक की स्थिति के अनुसार, पीबीटीएल में क्रमशः ₹236.00 करोड़ और ₹232.00 करोड़ की अधिकृत और प्रदत्त शेयर पूंजी थी। वित्त वर्ष 2023–24 पीबीटीएल से ₹8.58 करोड़ का पहला अंतरिम लाभांश, ₹4.64 करोड़ का दूसरा अंतरिम लाभांश, ₹3.02 करोड़ का तीसरा अंतरिम लाभांश और ₹1.86 करोड़ का चौथा अंतरिम लाभांश प्राप्त हुआ।

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्त 2023–24	वित्त 2022–23
सकल आय	132.67	66.11
कर पश्चात लाभ	18.57	2.31

(xiii) पावरग्रिड रामपुर संभल ट्रांसमिशन लिमिटेड (पीआरएसटीएल)

पीआरएसटीएल को दिनांक 12 दिसंबर 2019 को प्रशुल्क आधारित प्रतिस्पर्धी बोली के अंतर्गत पावरग्रिड द्वारा अधिग्रहित किया गया था, ताकि रामपुर में 765/400/220 केवी जीआईएस उप–केन्द्र और संभल में 400/220/132 केवी जीआईएस उप–केन्द्र के निर्माण के लिए पारेषण प्रणाली स्थापित की जा सके, साथ ही संबंधित पारेषण लाइनों को निर्माण, स्वामित्व, प्रचालन और अनुरक्षण (बीओओएम) के आधार पर पारेषण प्रणाली स्थापित की जा सके। कंपनी को सितंबर 2020 में यूपीईआरसी द्वारा पारेषण लाइसेंस दिया गया था। इस परियोजना की शुरूआत दिनांक 31 मार्च 2023 को की गई थी।

दिनांक 31 मार्च 2024 तक की स्थिति के अनुसार, पीआरएसटीएल की अधिकृत और प्रदत्त शेयर पूंजी क्रमशः ₹166 करोड़ और ₹151.30 करोड़ थी।

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्त 2023–24	वित्त 2022–23
सकल आय	104.94	21.09
कर पश्चात लाभ	32.50	6.79

(xiv) पावरग्रिड मेरठ सिंभावली ट्रांसमिशन लिमिटेड (पीएमएसटीएल)

पीएमएसटीएल को दिनांक 19 दिसंबर 2019 को पावरग्रिड द्वारा प्रशुल्क आधारित प्रतिस्पर्धी बोली के अंतर्गत अधिग्रहित किया गया था, ताकि मेरठ में 765/400/220 केवी जीआईएस उप–केन्द्र के निर्माण के लिए संबंधित लाइनों और सिंभावली में 400/220/132 केवी जीआईएस उप–केन्द्र के निर्माण हेतु संबंधित पारेषण लाइनों को निर्माण, स्वामित्व, प्रचालन और अनुरक्षण (बीओओएम) के आधार पर पारेषण प्रणाली स्थापित की जा सके। कंपनी को दिनांक 18 सितंबर 2020 को यूपीईआरसी द्वारा पारेषण लाइसेंस प्रदान किया गया था। इस परियोजना को दिनांक 29 अप्रैल 2023 को पूर्ण रूप से शुरू की गई है।

दिनांक 31 मार्च 2024 तक की स्थिति के अनुसार, पीएमएसटीएल की अधिकृत और प्रदत्त शेयर पूंजी क्रमशः ₹220.00 करोड़ और ₹205.98 करोड़ थी।

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्त 2023–24	वित्त 2022–23
सकल आय	107.44	0.06
कर पश्चात लाभ	28.41	(0.17)

(xv) पावरग्रिड रामगढ़ ट्रांसमिशन लिमिटेड (पीआरटीएल)

पीआरटीएल को दिनांक 09 मार्च 2021 को प्रशुल्क आधारित प्रतिस्पर्धी बोली के अंतर्गत पावरग्रिड द्वारा अधिग्रहित किया गया था, ताकि निर्माण, स्वामित्व, प्रचालन और अनुरक्षण (बीओओएम) के आधार पर राजस्थान में सौर ऊर्जा क्षेत्रों (8.1 गीगावाट) से विद्युत की निकासी के लिए परेषण प्रणाली सुदृढ़ीकरण योजना के लिए पारेषण प्रणाली स्थापित की जा सके। कंपनी को दिनांक 31 मई 2021 को सीईआरसी द्वारा पारेषण लाइसेंस प्रदान किया गया था। सभी परियोजना तत्वों को दिनांक 24 दिसंबर 2023 को शुरू किया गया था।

कंपनी विनियमित प्रशुल्क तंत्र के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य भी कार्यान्वित कर रही है:

i) चरण–III भाग ङ1 के अंतर्गत राजस्थान में आरईजेड से विद्युत निकासी के लिए पारेषण प्रणाली (20 गीगावाट)

ii) 765/400/220 केवी फतेहगढ़– III पीएस (खंड–2) के 400 केवी स्तर पर बस सेक्शनलाइजर का कार्यान्वयन

iii) चरण III – भाग ङ2 के अंतर्गत राजस्थान में आरईजेड (20 गीगावाट) से विद्युत की निकासी के लिए पारेषण प्रणाली

iv) आईएसटीएस के अंतर्गत फतेहगढ़– III (पूर्ववर्ती रामगढ़– II) पीएस में आरई जनरेटर को 400 केवी और 220 केवी बे का अनुदान

v) 400/220 केवी फतेहगढ़–III पीएस (खंड–1) में 400/220 केवी, 1x500 एमवीए आईसीटी द्वारा परिवर्तन क्षमता का विस्तार (5म)

vi) फतेहगढ़–III (पूर्ववर्ती रामगढ़–II) में नवीकरणीय ऊर्जा सृजन के लिए 400 केवी बे का कार्यान्वयन

vii) जेएसडब्ल्यू रिन्यू एनर्जी फाइव लिमिटेड के बीईएसएस के इंटरकनेक्शन के लिए 400/220 केवी फतेहगढ़–III पीएस (सेक–1) में 220 केवी लाइन बे की संख्या 1 का कार्यान्वयन।

दिनांक 31 मार्च 2024 तक की स्थिति के अनुसार, कंपनी की अधिकृत और प्रदत्त शेयर पूंजी क्रमशः ₹35 करोड़ और ₹32.01 करोड़ थी।

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्त 2023–24	वित्त 2022–23
सकल आय	13.11	0.01
कर पश्चात लाभ	2.84	(0.01)

(xvi) पावरग्रिड बीकानेर ट्रांसमिशन सिस्टम लिमिटेड (पीबीटीएसएल)

पीबीटीएसएल को दिनांक 25 मार्च 2021 को प्रशुल्क आधारित प्रतिस्पर्धी बोली के अंतर्गत पावरग्रिड द्वारा अधिग्रहित किया गया था, ताकि निर्माण, स्वामित्व, प्रचालन और अनुरक्षण (बीओओएम) के आधार पर राजस्थान में सौर ऊर्जा क्षेत्रों (8.1 गीगावाट) से विद्युत की निकासी के लिए पारेषण प्रणाली सुदृढ़ीकरण योजना के लिए पारेषण प्रणाली स्थापित की जा सके। कंपनी को सीईआरसी द्वारा दिनांक 15 जुलाई, 2021 को पारेषण लाइसेंस प्रदान किया गया था। सभी परियोजना तत्वों को दिनांक 24 जुलाई, 2023 तक प्रगामी रूप से शुरू किया गया था।

कंपनी ने विनियमित प्रशुल्क तंत्र के अंतर्गत 'बीकानेर–II पीएस में आरई जनरेटरों के लिए 220 केवी बे और 400/220 केवी आईसीटी' कार्यों को भी शुरू किया है:

इसके अतिरिक्त, विनियमित प्रशुल्क तंत्र के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य कार्यान्वित किए जा रहे हैं:

i) एसजेवीएन लिमिटेड की 1000 मेगावाट सौर परियोजना के इंटरकनेक्शन के लिए 400/220 केवी बीकानेर–II पीएस पर 400 केवी लाइन बे की संख्या 1 का कार्यान्वयन।

ii) सौर परियोजनाओं (एसीएमई सोलर होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड, प्रेरक ग्रीनटेक प्राइवेट लिमिटेड) के इंटरकनेक्शन के लिए 400/220 केवी बीकानेर–II पीएस पर 220 केवी लाइन बे की संख्या 2 का कार्यान्वयन।

iii) राजस्थान आरईजेड चरण–IV (भाग–1) (बीकानेर कॉम्प्लेक्स) भाग–ङ से विद्युत की निकासी के लिए पारेषण प्रणाली

iv) सौर परियोजना के अंतर्संयोजन के लिए 400/220 केवी बीकानेर–II पीएस पर 220 केवी लाइन बे की संख्या 1 का कार्यान्वयन (मेसर्स एनएचपीसी लिमिटेड)।

v) मेसर्स एएलएफ सोलर अमरसर प्राइवेट लिमिटेड के आरई पावर पार्क के इंटरकनेक्शन के लिए 400/220 केवी बीकानेर–II पीएस पर 220 केवी लाइन बे की संख्या 2 का कार्यान्वयन।

vi) 400/220 केवी बीकानेर–II पीएस पर 400/220 केवी, 1x500 एमवीए आईसीटी द्वारा परिवर्तन क्षमता का विस्तार (तृतीय)

vii) 400/220 केवी बीकानेर–II पीएस के 400 केवी स्तर पर बस सेक्शनलाइज़र का कार्यान्वयन

दिनांक 31 मार्च 2024 तक की स्थिति के अनुसार, कंपनी में अधिकृत और प्रदत्त शेयर पूंजी ₹140 करोड़ थी। वित्त वर्ष 2023–24 में पीबीटीएसएल से ₹4.56 करोड़ का पहला अंतरिम लाभांश, ₹5.95 करोड़ का दूसरा अंतरिम लाभांश और ₹9.10 करोड़ का तीसरा अंतरिम लाभांश प्राप्त हुआ।

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्त 2023–24	वित्त 2022–23
सकल आय	120.20	0.02
कर पश्चात लाभ	22.02	(0.30)

(xvii) पावरग्रिड सीकर ट्रांसमिशन लिमिटेड (पीएसटीएल)

पीएसटीएल को दिनांक 04 जून 2021 को प्रशुल्क आधारित प्रतिस्पर्धी बोली के अंतर्गत पावरग्रिड द्वारा अधिग्रहित किया गया था, ताकि निर्माण, स्वामित्व, प्रचालन और अनुरक्षण (बीओओएम) के आधार पर राजस्थान में सौर ऊर्जा क्षेत्रों (8.1 गीगावाट) से विद्युत की निकासी के लिए पारेषण प्रणाली सुदृढ़ीकरण योजना के लिए पारेषण प्रणाली स्थापित की जा सके। कंपनी को दिनांक 27 मई 2022 को सीईआरसी द्वारा पारेषण लाइसेंस प्रदान किया गया था। यह परियोजना कार्यान्वयनाधीन है।

दिनांक 31 मार्च 2024 तक की स्थिति के अनुसार, कंपनी में अधिकृत और प्रदत्त शेयर पूंजी क्रमशः ₹142 करोड़ और ₹142 करोड़ थी।

(xviii) पावरग्रिड भादला ट्रांसमिशन लिमिटेड (पीबीडीटीएल)

पीबीडीटीएल जिसे पहले फतेहगढ़ भादला ट्रांसको लिमिटेड के नाम से जाना जाता था, को दिनांक 04 जून 2021 को प्रशुल्क आधारित प्रतिस्पर्धी बोली के अंतर्गत पावरग्रिड द्वारा अधिग्रहित किया गया था, ताकि निर्माण, स्वामित्व, प्रचालन और अनुरक्षण (बीओओएम) के आधार पर राजस्थान में सौर ऊर्जा क्षेत्रों (8.1 गीगावाट) से विद्युत की निकासी के लिए पारेषण प्रणाली सुदृढ़ीकरण योजना के लिए पारेषण प्रणाली स्थापित की जा सके। कंपनी को दिनांक 25 नवंबर 2022 को सीईआरसी द्वारा पारेषण लाइसेंस प्रदान किया गया था। यह परियोजना कार्यान्वयनाधीन है।

दिनांक 31 मार्च 2024 तक की स्थिति के अनुसार, कंपनी में क्रमशः ₹89.35 करोड़ और ₹73.21 करोड़ की अधिकृत और प्रदत्त शेयर पूंजी थी।

(xix) पावरग्रिड वेमागिरी ट्रांसमिशन लिमिटेड (पीवीटीएल)

पीवीटीएल को दिनांक 18 अप्रैल 2012 को पावरग्रिड द्वारा वेमागिरी क्षेत्र (पैकेज क) के आईपीपी से जुड़ी पारेषण प्रणाली स्थापित करने के लिए प्रशुल्क आधारित प्रतिस्पर्धी बोली के अंतर्गत अधिग्रहित किया गया था। इस पारेषण प्रणाली में 765 केवी डी/सी लाइनें शामिल हैं जो आंध्र प्रदेश और तेलंगाना राज्य से होकर गुजरती हैं।

दिनांक 31 मार्च 2024 तक की स्थिति के अनुसार, पीवीटीएल में ₹5 लाख की अधिकृत और प्रदत्त शेयर पूंजी थी।

सीईआरसी ने दिनांक 06 अप्रैल 2015 के आदेश में कहा कि परियोजना के अंतर्गत वेमागिरी–खम्मम–हैदराबाद 765 केवी डी/सी लाइनों की न तो निकासी लाइन के रूप में और न ही प्रणाली सुदृढ़ीकरण लाइन के रूप में आवश्यकता है, पारेषण शुल्क को अनुकूलन करने और याचिकाकर्ता को उक्त पारेषण लाइन के लिए लाइसेंस देने से कोई उपयोगी उद्देश्य पूरा नहीं होगा और उपरोक्त आदेश के अंतर्गत पारेषण परियोजना के लिए विनियामक अनुमोदन वापस ले लिया गया है।

(xx) पावरग्रिड हिमाचल ट्रांसमिशन लिमिटेड (पीएचटीएल)

पावरग्रिड ने दिनांक 25 मार्च 2021 को जयप्रकाश पावर वेंचर्स लिमिटेड (जेपीवीएल) की जेपीएल (जेपी पावरग्रिड लिमिटेड) में 74% हिस्सेदारी हासिल कर ली है और इस तरह जेपीएल पावरग्रिड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी बन गई है। अधिग्रहण के बाद कंपनी का नाम जेपी पावरग्रिड लिमिटेड से बदलकर पीएचटीएल कर दिया गया है। इस परियोजना की शुरूआत दिनांक 01 अप्रैल 2012 को की गई थी।

पीएचटीएल निम्नलिखित लाइनों का प्रचालन और अनुरक्षण का कार्य करती है (i) 219.80 किलोमीटर लंबी 400 केवी डी/सी करछम वांग से अब्दुल्लापुर ट्रांसमिशन लाइन (ii) 4.0 किलोमीटर लंबी 400 केवी डी/सी बसपा–झाकरी लाइन के एलआईएलओ

दिनांक 31 मार्च 2024 तक की स्थिति के अनुसार, पीएचटीएल की अधिकृत और प्रदत्त शेयर पूंजी क्रमशः ₹300 करोड़ और ₹300 करोड़ है। वित्त वर्ष 2023–24 में पीएचटीएल से ₹27 करोड़ का पहला अंतरिम लाभांश, ₹9 करोड़ का दूसरा अंतरिम लाभांश और ₹12 करोड़ का तीसरा अंतरिम लाभांश प्राप्त हुआ।

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्त 2023–24	वित्त 2022–23
सकल आय	129.61	134.77
कर पश्चात लाभ	53.19	49.69

(xxi) पावरग्रिड अलीगढ़ सीकर ट्रांसमिशन लिमिटेड (पीएएसटीएल)

पीएएसटीएल जिसे पहले सीकर–II अलीगढ़ ट्रांसमिशन लिमिटेड के नाम से जाना जाता था, को दिनांक 08 जून 2021 को प्रशुल्क आधारित प्रतिस्पर्धी बोली के अंतर्गत पावरग्रिड द्वारा ''चरण II – भाग घ के अंतर्गत राजस्थान (8.1 गीगावाट) में सौर ऊर्जा क्षेत्रों से विद्युत निकासी के लिए पारेषण प्रणाली सुदृढ़ीकरण योजना'' हेतु पारेषण प्रणाली स्थापित करने के लिए निर्माण, स्वामित्व, प्रचालन और अनुरक्षण (बीओओएम) के आधार पर अधिग्रहित किया गया था। पारेषण प्रणाली में सीकर से अलीगढ़ तक 765 केवी डी/सी पारेषण लाइन की स्थापना और राजस्थान और उत्तर प्रदेश राज्य में संबंधित उप–केन्द्र विस्तार कार्य शामिल हैं। कंपनी को दिनांक 28 मई, 2022 को सीईआरसी द्वारा पारेषण लाइसेंस प्रदान किया गया था। यह परियोजना कार्यान्वयनाधीन है।

दिनांक 31 मार्च 2024 तक की स्थिति के अनुसार, कंपनी में क्रमशः ₹100 करोड़ और ₹99.95 करोड़ की अधिकृत और प्रदत्त शेयर पूंजी थी।

(xxii) सेंट्रल ट्रांसमिशन यूटिलिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सीटीयूआईएल)

भारत सरकार के आदेश के अनुसार, पावरग्रिड ने दिनांक 28 दिसंबर 2020 को सेंट्रल ट्रांसमिशन यूटिलिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड को अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के रूप में निगमित किया। इस सहायक कंपनी को भारत सरकार द्वारा अधिग्रहित करने का आदेश दिया गया है।

दिनांक 31 मार्च 2024 तक की स्थिति के अनुसार, सीटीयूआईएल की अधिकृत और प्रदत्त शेयर पूंजी क्रमशः ₹1 करोड़ और ₹0.05 करोड़ है। वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान सीटीयूआईएल से ₹40 करोड़ का कुल अंतरिम लाभांश प्राप्त हुआ है।

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्त 2023–24	वित्त 2022–23
सकल आय	103.17	71.62
कर पश्चात लाभ	68.78	51.11

(xxiii) पावरग्रिड टेलीसर्विसेज लिमिटेड (पावरटेल)

पावरटेल को दिनांक 25 नवंबर 2021 को पावरग्रिड की 100% पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के रूप में निगमित किया गया है, ताकि पावरग्रिड के दूरसंचार और डिजिटल प्रौद्योगिकी व्यापार को संभाला जा सके।

राष्ट्रीय लंबी दूरी (एनएलडी), इंटरनेट सेवा प्रदाता–क (आईएसपी–क) और अंतर्राष्ट्रीय लंबी दूरी (आईएलडी) के लिए सेवा प्राधिकरणों हेतु एकीकृत लाइसेंस समझौता दिनांक 11 मई 2023 को प्राप्त किया गया। इसके अतिरिक्त, अवसंरचना प्रदाता–1 (आईपी–1) पंजीकरण प्रमाणपत्र दिनांक 16 फरवरी 2023 को प्राप्त हुआ है।

दिनांक 1 अक्टूबर 2023 से पावरग्रिड का दूरसंचार और डिजिटल प्रौद्योगिकी व्यापार पावरटेल को हस्तांतरित कर दिया गया है।

वर्ष के दौरान, पावरटेल ने 100% की दूरसंचार शक्ति संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराती आई है। पावरग्रिड पावरटेल के माध्यम से

आंकड़ा केन्द्र सेवाओं में अपने व्यापार का विस्तार कर रहा है और हरियाणा के मानेसर उप–केन्द्र में वाणिज्यिक आंकड़ा केन्द्र का निर्माण कार्य चल रहा है। देश भर में 15 उप–केन्द्र स्थानों पर आंकड़ा केन्द्र की स्थापना के लिए सीईआरसी से दिनांक 27 मार्च 2024 को अनुमोदन प्राप्त हुई है। ग्राहकों की आवश्यकता और व्यावसायिक अनुभव के आधार पर, पावरटेल इन स्थानों पर आंकड़ा केन्द्र स्थापित करने की संभावना तलाशेगा।

दिनांक 31 मार्च 2024 तक की स्थिति के अनुसार, पावरटेल की अधिकृत और प्रदत्त शेयर पूंजी क्रमशः ₹800 करोड़ और ₹664.02 करोड़ है।

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्त 2023–24	वित्त 2022–23
सकल आय	473.22	0.19
कर पश्चात लाभ	157.32	(0.06)

*अलेखा–परीक्षित

(xxiv) पावरग्रिड एनर्जी सर्विसेज लिमिटेड (पीईएसएल)

पीईएसएल को भारत और विदेश में ऊर्जा प्रबंधन परियोजनाएं शुरू करने के लिए पावरग्रिड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के रूप में दिनांक 14 मार्च 2022 को निगमित किया गया था।

पीईएसएल ने दिनांक 01 जुलाई 2023 से वारंटी सेवाओं सहित प्रचालन और अनुरक्षण (ओ एंड एम) सेवाएं प्रदान करने के लिए 14 टीबीसीबी एसपीवी (पावरग्रिड (धारित कंपनी) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनियों) के साथ ओ एंड एम समझौते किए हैं।

पीईएसएल ने जून 2023 में आरडीएसएस के अंतर्गत वितरण अवसंरचना के कार्यों के डिजाइन, इंजीनियरिंग, खरीद, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और शुरूआत कार्यों के लिए लद्दाख विद्युत विकास विभाग (एलपीडीडी) के साथ परियोजना कार्यान्वयन सेवाओं हेतु समझौते किए, जिन्हें तीन वर्षों में लद्दाख के विभिन्न जिलों में कार्यान्वित किया जाना है।

प्रभावी ऊर्जा प्रबंधन की दिशा में अपने प्रयास में, पीईएसएल ने गुजरात राज्य में सुव्यवस्थित मीटरिंग परियोजना के कार्यान्वयन के लिए अगस्त 2023 में मध्य गुजरात विज कंपनी लिमिटेड (एमजीवीसीएल) और उत्तर गुजरात विज कंपनी लिमिटेड (यूजीवीसीएल) के साथ समझौते किए हैं। इन दोनों समझौतों के अंतर्गत काम शुरू हो चुका है और अगले 27 महीनों में पूरा होना है।

दिनांक 31 मार्च 2024 तक की स्थिति के अनुसार, कंपनी की अधिकृत और प्रदत्त शेयर पूंजी क्रमशः ₹150 करोड़ और ₹97.75 करोड़ थी।

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्त 2023–24	वित्त 2022–23
सकल आय	75.30	0.03
कर पश्चात लाभ	8.08	(9.33)

(xxv)पावरग्रिड नरेला ट्रांसमिशन लिमिटेड (पीएनटीएल)

पीएनटीएल, जिसे पहले खेतड़ी–नरेला ट्रांसमिशन लिमिटेड के नाम से जाना जाता था, को दिनांक 11 मई 2022 को प्रशुल्क आधारित प्रतिस्पर्धी बोली के अंतर्गत पावरग्रिड द्वारा अधिग्रहित किया गया था, ताकि ''चरण–II भाग–छ के अंतर्गत राजस्थान में सौर ऊर्जा क्षेत्रों (8.1 गीगावाट) से विद्युत की निकासी के लिए पारेषण प्रणाली सुदृढ़ीकरण योजना'' हेतु पारेषण प्रणाली स्थापित की जा सके, जो निर्माण, स्वामित्व, प्रचालन और अनुरक्षण (बीओओएम) के आधार पर होगा। कंपनी को दिनांक 26 सितंबर 2022 को सीईआरसी द्वारा पारेषण लाइसेंस प्रदान किया गया था। यह परियोजना कार्यान्वयनाधीन है।

दिनांक 31 मार्च 2024 तक कती स्थिति के अनुसार, कंपनी में क्रमशः ₹166 करोड़ और ₹100 करोड़ की अधिकृत और प्रदत्त शेयर पूंजी थी।

(xxvi) पावरग्रिड गोमती यमुना ट्रांसमिशन लिमिटेड (पीजीवाईटीएल)

पीजीवाईटीएल, जिसे पहले मोहनलालगंज ट्रांसमिशन लिमिटेड के नाम से जाना जाता था, को पावरग्रिड ने दिनांक 30 मई 2022 को प्रशुल्क आधारित प्रतिस्पर्धी बोली के अंतर्गत मोहनलालगंज (लखनऊ) में 400/220/132 केवी जीआईएस उप–केन्द्र के निर्माण के लिए पारेषण प्रणाली स्थापित करने के लिए अधिग्रहित किया था, जिसमें 765 केवी जीआईएस उप–केन्द्र रामपुर में संबंधित 400 केवी लाइनें और अन्य 765 केवी और 400 केवी एलआईएलओ लाइनें और सेक्टर 123 नोएडा में 400 केवी जीआईएस उप–केन्द्र पर 400 केवी एलआईएलओ (क्वाड मूस ऑन मोनोपोल) शामिल हैं। कंपनी को दिनांक 20 दिसंबर 2022 को यूपीईआरसी द्वारा पारेषण लाइसेंस प्रदान किया गया था। सभी परियोजना तत्वों को दिनांक 24 मार्च 2024 तक प्रगामी रूप से शुरू किया गया था।

दिनांक 31 मार्च 2024 तक की स्थिति के अनुसार, पीजीवाईटीएल की अधिकृत और प्रदत्त शेयर पूंजी क्रमशः ₹100 करोड़ और ₹96 करोड़ थी।

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्त 2023–24	वित्त 2022–23
सकल आय	27.00	0.05
कर पश्चात लाभ	10.68	(0.77)

(xxvii) पावरग्रिड नीमच ट्रांसमिशन सिस्टम लिमिटेड (पीएनटीएसएल)

पीएनटीएसएल पहले नीमच ट्रांसमिशन लिमिटेड के मान से जाना जाता था, को दिनांक 24 अगस्त 2022 को पावरग्रिड द्वारा प्रशुल्क आधारित प्रतिस्पर्धी बोली के अंतर्गत नीमच एसईजेड से विद्युत की निकासी के लिए निर्माण, स्वामित्व, प्रचालन और हस्तांतरण (बीओओटी) के आधार पर पारेषण प्रणाली स्थापित करने के लिए अधिग्रहित किया गया था। कंपनी को दिनांक 27 दिसंबर 2022 को सीईआरसी द्वारा पारेषण लाइसेंस प्रदान किया गया था। इस परियोजना की शुरूआत दिनांक 24 अप्रैल 2024 को की गई थी।

दिनांक 31 मार्च 2024 तक की स्थिति के अनुसार, कंपनी की अधिकृत और प्रदत्त शेयर पूंजी क्रमशः ₹175.00 करोड़ और ₹125.81 करोड़ थी।

(xxviii) पावरग्रिड एर एनईआर ट्रांसमिशन लिमिटेड (पीईएनटीएल)

पीईएनटीएल, जिसे पहले ईआर एनईआर ट्रांसमिशन लिमिटेड के नाम से जाना जाता था, को पावरग्रिड द्वारा दिनांक 10 अक्टूबर 2022 को प्रशुल्क आधारित प्रतिस्पर्धी बोली के अंतर्गत पूर्वी और उत्तर पूर्वी क्षेत्रों में प्रणाली सुदृढ़ीकरण योजना हेतु अंतर–राज्यीय पारेषण प्रणाली स्थापित करने के लिए निर्माण, स्वामित्व, प्रचालन और हस्तांतरण (बीओओटी) के आधार पर अधिग्रहित किया गया था। कंपनी को दिनांक 04 फरवरी 2023 को सीईआरसी द्वारा पारेषण लाइसेंस प्रदान किया गया था। यह परियोजना कार्यान्वयनाधीन है।

दिनांक 31 मार्च 2024 तक की स्थिति के अनुसार, कंपनी में ₹36.05 करोड़ की अधिकृत शेयर पूंजी और ₹10.05 करोड़ की प्रदत्त शेयर पूंजी थी।

(xxix) पावरग्रिड ईआरडब्ल्यूआर पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड (पीईपीटीएल)

पीईपीटीएल (पूर्व में ईआरडब्ल्यूआर पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) को दिनांक 21 मार्च 2023 को पावरग्रिड द्वारा प्रशुल्क आधारित प्रतिस्पर्धी बोली के अंतर्गत अधिग्रहित किया गया था, ताकि सीएसपीटीसीएल के 400/220/132 केवी जगदलपुर उप–केन्द्र और पावरग्रिड के 400/220 केवी जयपुर उप–केन्द्र के लिए पारेषण प्रणाली सुदृढ़ीकरण योजना हेतु पारेषण प्रणाली स्थापित की जा सके। कंपनी को दिनांक 31 जुलाई 2023 को सीईआरसी द्वारा पारेषण लाइसेंस प्रदान किया गया था। यह परियोजना कार्यान्वयनाधीन है।

दिनांक 31 मार्च 2024 तक की स्थिति के अनुसार, कंपनी में ₹5 लाख की अधिकृत और प्रदत्त शेयर पूंजी थी।

(xxx) पावरग्रिड खावड़ा आरई पारेषण प्रणालीलिमिटेड (पीकेआरईटीएसएल)

पीकेआरईटीएसएल जिसे पहले खावड़ा आरई ट्रांसमिशन लिमिटेड के नाम से जाना जाता था, को पावरग्रिड ने दिनांक 21 मार्च 2023 को प्रशुल्क आधारित प्रतिस्पर्धी बोली के अंतर्गत अधिग्रहित किया था, ताकि गुजरात में ट्रांसमिशन नेटवर्क विस्तार स्थापित किया जा सके और जो खावड़ा संभावित आरई क्षेत्र से आरई परियोजनाओं के निर्माण, स्वामित्व, प्रचालन और हस्तांतरण (बीओओटी) के आधार पर एकीकरण से जुड़ा है। कंपनी को दिनांक 17 अगस्त 2023 को सीईआरसी द्वारा पारेषण लाइसेंस प्रदान किया गया था। यह परियोजना कार्यान्वयनाधीन है।

दिनांक 31 मार्च 2024 तक की स्थिति के अनुसार, कंपनी में क्रमशः ₹26.05 करोड़ और ₹12.76 करोड़ की अधिकृत और प्रदत्त शेयर पूंजी थी।

(xxxi) पावरग्रिड केपीएस2 पारेषण प्रणालीलिमिटेड (पीकेपीएस2टीएसएल)

पीकेपीएस2टीएसएल जिसे पहले केपीएस 2 ट्रांसमिशन लिमिटेड के नाम से जाना जाता था, को पावरग्रिड ने दिनांक 21 मार्च 2023 को खावड़ा आरई पार्क में खावड़ा पूलिंग स्टेशन–2 (केपीएस 2) की स्थापना के लिए प्रशुल्क आधारित प्रतिस्पर्धी बोली के अंतर्गत निर्माण, स्वामित्व, प्रचालन और हस्तांतरण (बीओओटी) के आधार पर अधिग्रहित किया था। कंपनी को दिनांक 04 अगस्त 2023 को परेषण लाइसेंस दिया गया था। यह परियोजना कार्यान्वयनाधीन है।

कंपनी विनियमित प्रशुल्क तंत्र के अंतर्गत केपीएस–2 (400 केवी बस सेक्शन–I) के बे संख्या 416 में आरई डेवलपर के डीटीएल का इंटरकनेक्शन' कार्यों को भी कार्यान्वित कर रही है।

दिनांक 31 मार्च 2024 तक की स्थिति के अनुसार, कंपनी में क्रमशः ₹8.05 करोड़ और ₹1.30 करोड़ की अधिकृत और प्रदत्त शेयर पूंजी थी।

(xxxii) पावरग्रिड केपीएस 3 ट्रांसमिशन लिमिटेड (पीकेपीएस3टीएल)

पीकेपीएस3टीएल जिसे पहले केपीएस 3 ट्रांसमिशन लिमिटेड के नाम से जाना जाता था, को पावरग्रिड ने दिनांक 21 मार्च 2023 को खावड़ा आरई पार्क में खावड़ा पूलिंग स्टेशन–3 (केपीएस 3) की स्थापना के लिए प्रशुल्क आधारित प्रतिस्पर्धी बोली के अंतर्गत निर्माण, स्वामित्व, प्रचालन और हस्तांतरण (बीओओटी) के आधार पर अधिग्रहित किया था। कंपनी को दिनांक 31 अगस्त 2023 को पारेषण लाइसेंस दिया गया था। यह परियोजना कार्यान्वयनाधीन है।

कंपनी विनियमित प्रशुल्क तंत्र के अंतर्गत चरण IV (7 गीगावाट): भाग ङ 3 के अंतर्गत गुजरात के खावड़ा क्षेत्र में संभावित नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र से विद्युत की निकासी के लिए पारेषण प्रणाली को भी कार्यान्वित कर रही है।

दिनांक 31 मार्च 2024 तक की स्थिति के अनुसार, कंपनी में ₹7.05 करोड़ की अधिकृत शेयर पूंजी और ₹6.30 करोड़ की प्रदत् शेयर पूंजी थी।

(xxxiii) पावरग्रिड खावड़ा II–बी ट्रांसमिशन लिमिटेड (पीकेआईआईबीटीएल)

पीकेआईआईबीटीएल जिसे पहले खावड़ा II–बी ट्रांसमिशन लिमिटेड के नाम से जाना जाता था, को पावरग्रिड ने दिनांक 21 मार्च 2023 को चरण–II – भाग बी के अंतर्गत खावड़ा पीएस में 4.5 गीगावाट आरई इंजेक्शन की निकासी के लिए पारेषण योजना की स्थापना के लिए प्रशुल्क आधारित प्रतिस्पर्धी बोली के अंतर्गत अधिग्रहित किया था, जो निर्माण, स्वामित्व, प्रचालन और हस्तांतरण (बीओओटी) के आधार पर है। कंपनी को दिनांक 22 अगस्त 2023 को पारेषण लाइसेंस दिया गया था। यह परियोजना कार्यान्वयनाधीन है।

दिनांक 31 मार्च 2024 तक की स्थिति के अनुसार, कंपनी में ₹26.05 करोड़ की अधिकृत और प्रदत्त शेयर पूंजी थी।

(xxxiv) पावरग्रिड खावड़ा II–सी ट्रांसमिशन लिमिटेड (पीकेआईआईसीटीएल)

पीकेआईआईसीटीएल जिसे पहले खावड़ा II–सी ट्रांसमिशन लिमिटेड के नाम से जाना जाता था, को पावरग्रिड ने दिनांक 21 मार्च 2023 को चरण–II – भाग सी के अंतर्गत खावड़ा पीएस में 4.5 जीड्ब्लू आरई इंजेक्शन की निकासी के लिए पारेषण योजना की स्थापना के लिए प्रशुल्क आधारित प्रतिस्पर्धी बोली के अंतर्गत अधिग्रहित किया था, जो निर्माण, स्वामित्व, प्रचालन और हस्तांतरण (बीओओटी) के आधार पर है। कंपनी को दिनांक 31 जुलाई 2023 को पारेषण लाइसेंस दिया गया था। यह परियोजना कार्यान्वयनाधीन है।

दिनांक 31 मार्च 2024 तक की स्थिति के अनुसार, कंपनी में ₹5 लाख की अधिकृत और प्रदत्त शेयर पूंजी थी।

(xxxv) पावरग्रिड भादला सीकर ट्रांसमिशन लिमिटेड (पीबीएसटीएल)

पीबीएसटीएल जिसे पहले भादला सीकर ट्रांसमिशन लिमिटेड के नाम से जाना जाता था, को पावरग्रिड ने दिनांक 28 मार्च 2023 को प्रशुल्क आधारित प्रतिस्पर्धी बोली के अंतर्गत राजस्थान एसईजेड पार्ट–ई से एलटीए अनुप्रयोगों से जुड़े पारेषण प्रणाली को निर्माण, स्वामित्व, प्रचालन और अनुरक्षण (बीओओएम) आधार पर स्थापित करने के लिए अधिग्रहित किया था। कंपनी को दिनांक 30 अगस्त 2023 को सीईआरसी द्वारा पारेषण लाइसेंस प्रदान किया गया था। यह परियोजना कार्यान्वयनाधीन है।

दिनांक 31 मार्च 2024 तक की स्थिति के अनुसार, कंपनी में क्रमशः ₹37 करोड़ और ₹1 लाख की अधिकृत और प्रदत्त शेयर पूंजी थी।

(xxxvi) पावरग्रिड धर्मजयगढ़ ट्रांसमिशन लिमिटेड (पीडीटीएल)

पीडीटीएल जिसे पहले धर्मजयगढ़ ट्रांसमिशन लिमिटेड के नाम से जाना जाता था, को पावरग्रिड ने दिनांक 28 मार्च 2023 को प्रशुल्क आधारित प्रतिस्पर्धी बोली के अंतर्गत पश्चिमी क्षेत्र विस्तार योजना– XXVIII (ड्ब्लूआरईएस–XXVIII) और XXIX (ड्ब्लूआरईएस –XXIX) को निर्माण, स्वामित्व, प्रचालन और हस्तांतरण (बीओओटी)के आधार पर स्थापित करने के लिए अधिग्रहित किया था। कंपनी को सीईआरसी द्वारा दिनांक 31 जुलाई 2023 को पारेषण लाइसेंस प्रदान किया गया था। यह परियोजना कार्यान्वयनाधीन है।

दिनांक 31 मार्च 2024 तक की स्थिति के अनुसार, कंपनी में ₹1 लाख की अधिकृत और प्रदत्त शेयर पूंजी थी।

(xxxvii) पावरग्रिड रायपुर पूल धमतरी ट्रांसमिशन लिमिटेड (पीआरपीडीटीएल)

पीआरपीडीटीएल जिसे पहले रायपुर पूल धमतरी ट्रांसमिशन लिमिटेड के नाम से जाना जाता था, को पावरग्रिड ने दिनांक 28 मार्च 2023 को प्रशुल्क आधारित प्रतिस्पर्धी बोली के अंतर्गत पश्चिमी क्षेत्र विस्तार योजना–XXVII (ड्ब्लूआरईएस XXVII) से जुड़े पारेषण प्रणाली को निर्माण, स्वामित्व, प्रचालन और हस्तांतरण (बीओओटी) के आधार पर स्थापित करने के लिए अधिग्रहित किया था। कंपनी को दिनांक 23 अगस्त 2023 को पारेषण लाइसेंस दिया गया था। यह परियोजना कार्यान्वयनाधीन है।

दिनांक 31 मार्च 2024 तक की स्थिति के अनुसार, पीआरपीडीटीएल की अधिकृत और प्रदत्त शेयर पूंजी ₹1 लाख है।

(xxxviii) पावरग्रिड भादला III ट्रांसमिशन लिमिटेड (पीबीआईआईआईटीएल)

पीबीआईआईआईटीएल जिसे पहले भादला III ट्रांसमिशन लिमिटेड के नाम से जाना जाता था, को पावरग्रिड ने दिनांक 27 सितंबर, 2023 को प्रशुल्क आधारित प्रतिस्पर्धी बोली के अंतर्गत ''फेज–III भाग–बी1 के अंतर्गत राजस्थान में आरईजेड (20जीड्ब्लू) से विद्युत की निकासी के लिए पारेषण प्रणाली'' के लिए निर्माण, स्वामित्व, प्रचालन और हस्तांतरण (बीओओटी) के आधार पर अधिग्रहित किया था। कंपनी को दिनांक 29 फरवरी 2024 को सीईआरसी द्वारा पारेषण लाइसेंस प्रदान किया गया था। यह परियोजना कार्यान्वयनाधीन है।

कंपनी मेसर्स रिन्यू सोलर (शक्ति सिक्स) प्राइवेट लिमिटेड के इंटरकनेक्शन के लिए 765/400/220केवी भादला–III पीएस पर 400 केवी लाइन बे की संख्या 1 को विनियमित प्रशुल्क तंत्र के अंतर्गत कार्यान्वित कर रही है।

दिनांक 31 मार्च 2024 तक की स्थिति के अनुसार, पीबीआईआईआईटीएल की अधिकृत और प्रदत्त शेयर पूंजी ₹1 लाख थी।

(xxxix) पावरग्रिड अनंतपुरम कुरनूल ट्रांसमिशन लिमिटेड (पीएकेटीएल)

पीएकेटीएल जिसे पहले अनंतपुरम कुरनूल ट्रांसमिशन लिमिटेड के नाम से जाना जाता था, को पावरग्रिड ने दिनांक 27 सितंबर 2023 को प्रशुल्क आधारित प्रतिस्पर्धी बोली के अंतर्गत ''अनंतपुरम (अनंतपुर) (2500मेगावाट) और कुरनूल (1000 मेगावाट), आंध्र प्रदेश में

सौर ऊर्जा क्षेत्र के लिए पारेषण योजना'' हेतु अंतर–राज्यीय पारेषण प्रणाली स्थापित करने के लिए अधिग्रहित किया था। कंपनी को दिनांक 29 फरवरी 2024 को सीईआरसी द्वारा पारेषण लाइसेंस प्रदान किया गया था। यह परियोजना कार्यान्वयनाधीन है।

कंपनी विनियमित प्रशुल्क तंत्र के अंतर्गत नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन परियोजनाओं के एकीकरण के लिए अनंतपुरम पीएस में 400 केवी लाइन बे के संख्या 3 का भी कार्यान्वयन कर रही है।

दिनांक 31 मार्च 2024 तक की स्थिति के अनुसार, कंपनी में ₹1 लाख की अधिकृत और प्रदत्त शेयर पूंजी थी।

(xl) पावरग्रिड रामगढ़ II ट्रांसमिशन लिमिटेड (पीआरआईआईटीएल)

पीआरआईआईटीएल को पहले रामगढ़ II ट्रांसमिशन लिमिटेड के नाम से जाना जाता था, जिसे पावरग्रिड ने दिनांक 26 अक्टूबर 2023 को प्रशुल्क आधारित प्रतिस्पर्धी बोली के अंतर्गत अधिग्रहित किया था, ताकि ''फेज–III भाग ग1 के अंतर्गत राजस्थान में आरईजेड (20जीड्ब्लू) से विद्युत की निकासी के लिए पारेषण प्रणाली'' स्थापित किया जा सके। कंपनी को दिनांक 13 अप्रैल 2024 को सीईआरसी द्वारा पारेषण लाइसेंस दिया गया था। यह परियोजना कार्यान्वयनाधीन है।

दिनांक 31 मार्च 2024 तक की स्थिति के अनुसार, कंपनी में ₹5 लाख की अधिकृत और प्रदत्त शेयर पूंजी थी।

(xli) पावरग्रिड ब्यावर दौसा ट्रांसमिशन लिमिटेड (पीबीडीटीएल)

पीबीडीटीएल जिसे पहले ब्यावर दौसा ट्रांसमिशन लिमिटेड के नाम से जाना जाता था, को पावरग्रिड ने दिनांक 30 अक्टूबर 2023 को प्रशुल्क आधारित प्रतिस्पर्धी बोली के अंतर्गत अधिग्रहित किया था, ताकि ''फेज–III भाग ज के अंतर्गत राजस्थान में आरईजेड (20गीगावाट) से विद्युत की निकासी के लिए पारेषण प्रणाली'' स्थापित की जा सके। कंपनी को दिनांक 13 अप्रैल 2024 को सीईआरसी द्वारा पारेषण लाइसेंस प्रदान किया गया था। यह परियोजना कार्यान्वयनाधीन है।

दिनांक 31 मार्च 2024 तक की स्थिति के अनुसार, कंपनी में ₹1 लाख की अधिकृत और प्रदत्त शेयर पूंजी थी।

(xlii) पावरग्रिड वतामन ट्रांसमिशन लिमिटेड (पीवीटीएल)

पीवीटीएल जिसे पहले वतामन ट्रांसमिशन लिमिटेड के नाम से जाना जाता था, को पावरग्रिड ने दिनांक 26 दिसंबर 2023 को प्रशुल्क आधारित प्रतिस्पर्धी बोली के अंतर्गत चरण–III भाग ख के अंतर्गत खावड़ा आरई पार्क से अतिरिक्त 7Gजी आरई विद्युत की निकासी के लिए पारेषण प्रणाली स्थापित करने के लिए अधिग्रहित किया था। कंपनी को दिनांक 13 अप्रैल 2024 को सीईआरसी द्वारा पारेषण लाइसेंस प्रदान किया गया था। यह परियोजना कार्यान्वयनाधीन है।

दिनांक 31 मार्च 2024 तक की स्थिति के अनुसार, कंपनी में ₹1 लाख की अधिकृत और प्रदत्त शेयर पूंजी थी।

(xliii) पावरग्रिड कोप्पल गडग ट्रांसमिशन लिमिटेड (पीकेजीटीएल)

पीकेजीटीएल जिसे पहले कोप्पल II गडग II ट्रांसमिशन लिमिटेड के नाम से जाना जाता था, को पावरग्रिड ने दिनांक 26 दिसंबर 2023 को ''कर्नाटक में कोप्पल–II (चरण–क और ख) और गडग–II (चरण–क) में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र (चरण–II) के एकीकरण के लिए पारेषण योजना'' के लिए प्रशुल्क आधारित प्रतिस्पर्धी बोली के अंतर्गत निर्माण, स्वामित्व, प्रचालन और हस्तांतरण (बीओओटी) के आधार पर अधिग्रहित किया था। कंपनी ने पारेषण लाइसेंस के लिए सीईआरसी में याचिका दायर की है। यह परियोजना कार्यान्वयनाधीन है।

दिनांक 31 मार्च 2024 तक की स्थिति के अनुसार, कंपनी में ₹1 लाख की अधिकृत और प्रदत्त शेयर पूंजी थी।

(xliv) पावरग्रिड बीकानेर नीमराणा ट्रांसमिशन लिमिटेड (पीबीएनटीएल)

पीबीएनटीएल जिसे पहले बीकानेर III नीमराणा ट्रांसमिशन लिमिटेड के नाम से जाना जाता था, को पावरग्रिड ने दिनांक 27 दिसंबर 2023 को ''राजस्थान आरईजेड चरण–IV (भाग 1) (बीकानेर कॉम्प्लेक्स): भाग–क'' से विद्युतकी निकासी के लिए पारेषण प्रणाली हेतु प्रशुल्क आधारित प्रतिस्पर्धी बोली के अंतर्गत निर्माण, स्वामित्व, प्रचालन और हस्तांतरण (बीओओटी) के आधार पर अधिग्रहित किया था। कंपनी को दिनांक 15 अप्रैल 2024 को सीईआरसी द्वारा पारेषण लाइसेंस प्रदान किया गया था। यह परियोजना कार्यान्वयनाधीन है।

दिनांक 31 मार्च 2024 तक की स्थिति के अनुसार, कंपनी में ₹1 लाख की अधिकृत और प्रदत्त शेयर पूंजी थी।

(xlv) पावरग्रिड नीमराना बरेली ट्रांसमिशन लिमिटेड (पीएनबीटीएल)

पीएनबीटीएल जिसे पहले नीमराना II बरेली ट्रांसमिशन लिमिटेड के नाम से जाना जाता था, को पावरग्रिड ने दिनांक 27 दिसंबर 2023 को प्रशुल्क आधारित प्रतिस्पर्धी बोली के अंतर्गत अधिग्रहित किया था, ताकि राजस्थान आरईजेड चरण –IV (भाग–I) बीकानेर कॉम्प्लेक्स–भाग घ से विद्युत की निकासी के लिए पारेषण प्रणाली स्थापित किया जा सके तथा यह निर्माण, स्वामित्व, प्रचालन और हस्तांतरण (बीओओटी) के आधार पर होगा। कंपनी को सीईआरसी द्वारा दिनांक 22 अप्रैल 2024 को पारेषण लाइसेंस दिया गया था। यह परियोजना कार्यान्वयनाधीन है।

दिनांक 31 मार्च 2024 तक की स्थिति के अनुसार, कंपनी में ₹1 लाख की अधिकृत और प्रदत्त शेयर पूंजी थी।

(xlvi) पावरग्रिड सीकर खेतड़ी ट्रांसमिशन लिमिटेड (पीएसकेटीएल)

पीएसकेटीएल जिसे पहले सीकर खेतड़ी ट्रांसमिशन लिमिटेड के नाम से जाना जाता था, को पावरग्रिड ने दिनांक 09 फरवरी 2024 को प्रशुल्क आधारित प्रतिस्पर्धी बोली के अंतर्गत ''चरण–III भाग घ – चरण I के अंतर्गत राजस्थान में आरईजेड (20गीगावाट) से

विद्युत की निकासी के लिए पारेषण प्रणाली'' की स्थापना के लिए निर्माण, स्वामित्व, प्रचालन और हस्तांतरण (बीओओटी) के आधार पर अधिग्रहित किया था। कंपनी को दिनांक 28 मई 2024 को सीईआरसी द्वारा पारेषण लाइसेंस दिया गया था। यह परियोजना कार्यान्वयनाधीन है।

दिनांक 31 मार्च 2024 तक की स्थिति के अनुसार, कंपनी में ₹5 लाख की अधिकृत और प्रदत्त शेयर पूंजी थी।

(xlvii) पावरग्रिड बीदर ट्रांसमिशन लिमिटेड (पीबीटीएल)

पीबीटीएल को पहले बीदर ट्रांसमिशन लिमिटेड के नाम से जाना जाता था, जिसे पावरग्रिड ने दिनांक 09 फरवरी, 2024 को प्रशुल्क आधारित प्रतिस्पर्धी बोली के अंतर्गत ''कर्नाटक के बिदर (2500 मेगावाट), में सौर ऊर्जा क्षेत्र के लिए पारेषण योजना'' के लिए निर्माण, स्वामित्व, प्रचालन और हस्तांतरण (बीओओटी) आधार पर पारेषण प्रणाली स्थापित करने के लिए अधिग्रहित किया था। कंपनी ने पारेषण लाइसेंस के लिए सीईआरसी में याचिका दायर की है। यह परियोजना कार्यान्वयनाधीन है।

दिनांक 31 मार्च 2024 तक की स्थिति के अनुसार, कंपनी में ₹5 लाख की अधिकृत और प्रदत्त शेयर पूंजी थी।

(xlviii) पावरग्रिड खावड़ा IV–ङ2 पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड (पीकेIVई2पीटीएल)

पीकेIVई2पीटीएल जिसे पहले खावड़ा IV–ङ2 पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड के नाम से जाना जाता था, को पावरग्रिड ने दिनांक 30 मई, 2024 को प्रशुल्क आधारित प्रतिस्पर्धी बोली के अंतर्गत ''गुजरात के खावड़ा क्षेत्र में चरण– IV (7 गीगावाट): भाग ङ2'' के अंतर्गत संभावित नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र से विद्युत की निकासी के लिए पारेषण प्रणाली की स्थापना हेतु निर्माण, स्वामित्व, प्रचालन और हस्तांतरण (बीओओटी) के आधार पर अधिग्रहित किया था। कंपनी ने पारेषण लाइसेंस के लिए सीईआरसी में याचिका दायर की है। यह परियोजना कार्यान्वयनाधीन है।

दिनांक 31 मार्च 2024 तक क स्थिति के अनुसार, पीकेप्ट ई2पीटीएल की अधिकृत और प्रदत्त शेयर पूंजी ₹5 लाख थी।

25. पावरग्रिड से संबंधित समेकित वित्तीय विवरण

समेकित वित्तीय विवरण भारतीय लेखा मानक 110–'समेकित वित्तीय विवरण' और भारतीय लेखा मानक 28–'सहयोगियों और संयुक्त उद्यमों में निवेश' के अनुसार तैयार किए गए हैं। समेकित आधार पर, कंपनी की कुल आय, वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान ₹46,605.64 करोड़ की तुलना में वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान ₹46,913.12 करोड़ रही, जो लगभग 0.66% की वृद्धि दर्शाती है। दिनांक 31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष में ₹29,070.47 करोड़ के व्यय की तुलना में दिनांक 31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष में कुल व्यय ₹27,808.23 करोड़ रहा। वित्त वर्ष 2022–23 की तुलना में वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान कर पश्चात लाभ 0.99% बढ़ा। समेकित आधार पर परिणामों का संक्षिप्त सारांश नीचे दिया गया है:


(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्त 2023–24	वित्त 2022–23
कुल आय	46,913.12	46,605.64
कर से पहले लाभ और विनियामक आस्थगित लेखा शेष	19,085.34	17,453.05
कर के बाद लाभ	15,573.16	15,419.74
प्रचालन कार्यकलाप से निवल नकदी	37,289.50	40,202.87

26. मानव संसाधन/औद्योगिक संबंधों में वास्तविक विकास

कृपया विवरण के लिए निदेशक की रिपोर्ट के मानव संसाधन भाग को देखें।

निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से



(रवीन्द्र कुमार त्यागी)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन: 09632316

दिनांक: 31 जुलाई, 2024
स्थान: गुरूग्राम

निदेशकों की रिपोर्ट के लिए अनुलग्नक–II

व्यावसायिक उत्तरदायित्व एवं संवहनीयता रिपोर्ट (वित्त वर्ष 2023-24)

खंड क – सामान्य प्रकटीकरण

खंड ख – प्रबंधन एवं प्रक्रिया संबंधी प्रकटीकण

खंड ग – सिद्धांत–वार निष्पादन संबंधी प्रकटीकण

सिद्धांत 1	व्यवसायों का आयोजन एवं प्रबंधन निष्ठापरक, नैतिक, पारदर्शी और जवाबदेह तरीके से किया जाना चाहिए
सिद्धांत 2	व्यवसायों को संवहनीय एवं सुरक्षित तरीके से सामान एवं सेवाएं उपलब्ध करानी चाहिए
सिद्धांत 3	व्यवसायों को अपने मूल्य श्रृंखला में सम्मिलित कार्मिकों समेत अपने सभी कर्मचारियों की भलाई को ध्यान में रखना चाहिए एवं उन्हें बढ़ावा देना चाहिए
सिद्धांत 4	व्यवसायों को अपने सभी हितधारकों के हितों का सम्मान करना चाहिए और उनके प्रति उत्तरदायी होना चाहिए
सिद्धांत 5	व्यवसायों को मानवाधिकारों का सम्मान करना चाहिए और उन्हें बढ़ावा देना चाहिए
सिद्धांत 6	व्यवसायों को पर्यावरण का सम्मान करना चाहिए और उसकी रक्षा एवं उसे पुनर्स्थापित करने के प्रयास करने चाहिए
सिद्धांत 7	व्यवसायों को, जब सार्वजनिक और नियामक नीति को प्रभावित करने में शामिल किया जाता है, तो उन्हें ऐसा जिम्मेदार और पारदर्शी तरीके से करना चाहिए
सिद्धांत 8	व्यवसायों को समावेशी विकास और समान विकास को बढ़ावा देना चाहिए
सिद्धांत 9	व्यवसायों को जिम्मेदार तरीके से अपने उपभोक्ताओं के साथ जुड़ना चाहिए और उन्हें मूल्य प्रदान करना चाहिए

खंड क - सामान्य प्रकटीकरण

सूचीबद्ध इकाई का विवरण

1.	सूचीबद्ध इकाई की कार्पोरेट पहचान संख्या (सीआईएन)	L40101DL1989GOI038121
2.	कंपनी का नाम	पावर ग्रिड कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
3.	गठन का वर्ष	1989
4.	पंजीकृत कार्यालय का पता	बी–9ए कुतुब इंस्टिट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली–110016
5.	कार्पोरेट पता	"सौदामिनी", प्लॉट संख्या 2, सेक्टर 29, गुरूग्राम, हरियाणा–122001
6.	ई–मेल	sustainability@powergrid.in
7.	दूरभाष	0124-2822999 / 0124-2822000
8.	वेबसाइट	www.powergrid.in
9.	वित्त वर्ष, जिसके लिए रिपोर्टिंग की जा रही है	वित्त वर्ष 2023–24 (1 अप्रैल, 2023 से 31 मार्च, 2024)
10.	स्टॉक एक्सचेंज का (के) नाम, जहां शेयर सूचीबद्ध है	नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई)
11.	चुकता पूंजी	₹9,300.60 Crore
12.	उस व्यक्ति का नाम और संपर्क विवरण, जिनसे बीआरएसआर रिपोर्ट को लेकर किसी प्रकार की पूछताछ के लिए संपर्क किया जा सकता है	श्री ए. नागराजू कार्यकारी निदेशक (ईएसएमडी एवं सीएसआर) ईमेल आईडी: nagaraju1965@powergrid.in

13.	**रिपोर्टिंग की सीमा**	इस रिपोर्टिंग अवधि के लिए पावरग्रिड के सभी गैर–वित्तीय पक्षों में समेकित आधार पर पावरग्रिड की व्यावसायिक गतिविधियों का विवरण दिया गया है। (इस रिपोर्टिंग अवधि के लिए केवल पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनियों का विवरण दिया गया है, संयुक्त उद्यमों और सहयोगी कंपनियों को सम्मिलित नहीं किया गया है) हलांकि, किसी भी गणना/रिपोर्टिंग के लिए जहां भी वित्तीय प्रदर्शन पर विचार किया गया है वह समेकित आधार पर किया गया है जिसमें सभी संयुक्त उद्यम, अधीनस्थ और सहयोगी कंपनियां सम्मिलित हैं।
14.	**आश्वासन प्रदाता का नाम**	मैसर्स ग्रांट थोर्नटोन भारत एलएलपी
15.	**प्राप्त आश्वासन का प्रकार**	बीआरएसआर कोर हेतु परिमित आश्वासन और बीआरएसआर गैर–कोर हेतु सीमित आश्वासन

उत्पाद/सेवाएं

16. व्यावसायिक गतिविधियों का विवरण (टर्नओवर में 90 प्रतिशत हिस्सा):

क्र.सं.	मुख्य गतिविधि का विवरण	व्यावसायिक गतिविधि का विवरण	इकाई के टर्नओवर का :
1.	ऊर्जा का पारेषण	पावरग्रिड मुख्य रूप से देश में ऊर्जा के अंतर्राज्जीय और अंतर राज्यीय पारेषण का संचालन करता है।	97

17. इकाई द्वारा विक्रय उत्पाद एवं सेवाएं (इकाई टर्नओवर में 90% हिस्सा):

क्र. सं.	उत्पाद/सेवा	एनआईसी कोड	कुल टर्नओवर का % योगदान
1.	पारेषण	3510	97

परिचालन

18. उन स्थानों की संख्या जहां इकाई के संयंत्र और/या परिचालन केंद्र/कार्यालय अवस्थित हैं:

स्थान	संयंत्रों की संख्या	कार्यालयों की संख्या	कुल
राष्ट्रीय	278 उपकेंद्र*	12	290
अंतरराष्ट्रीय	अंतरराष्ट्रीय स्थानों के लिए, कंपनी विदेशी ग्राहकों को केवल परामर्श सेवाएं प्रदान करती है और अंतरराष्ट्रीय स्थानों पर इसका कोई संयंत्र नहीं है।	1	1

*ध्यान दें, इस आंकड़े में 3000 से अधिक स्थानों पर मौजूद टेलीकॉम के संपूर्ण भारत में नेटवर्क, उपकेंद्र और पारेषण लाइनें जो वर्तमान में निर्माणाधीन हैं और परामर्श कार्यों के लिए अस्थायी कार्यालय सम्मिलित नहीं हैं।

19. बाजार जहां यह इकाई सेवा देती है:

क. स्थानों की संख्या

स्थान	संख्या
राष्ट्रीय (राज्यों की संख्या)	संपूर्ण भारत– भारत के समस्त राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में
अंतरराष्ट्रीय (देशों की संख्या)	5 देश

ख. इकाई के कुल कारोबार में, निर्यात के प्रतिशत के रूप में योगदान कितना है?

0.143%

ग. उपभोक्ताओं के प्रकार से संबंधित एक संक्षिप्त जानकारी

कंपनी के पारेषण व्यवसाय के उपभोक्ता, राज्य डिस्कॉम, उत्पादन कंपनियां, थोक उपभोक्ता, रेलवे आदि जैसे नामित अंतरराज्यीय उपभोक्ता हैं। इसके अतिरिक्त, कंपनी घरेलू उपभोक्ताओं (राज्य बिजली उपयोगिताओं, डिस्कॉम, निजी संस्थाओं, सीपीएसई आदि) और 23 से अधिक देशों में अंतरराष्ट्रीय उपभोक्ताओं को परामर्श सेवाएं भी प्रदान करती है। कंपनी, दूरसंचार सेवा प्रदाताओं, सरकारी विभागों, सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों, इंटरनेट सेवा प्रदाताओं, उद्यमों, बड़े कॉर्पोरेट घरानों आदि को दूरसंचार सेवाएं प्रदान करती हैं।

कर्मचारी

20. वित्त वर्ष के अंत का विवरण:

क. कर्मचारी एवं कामगार (दिव्यांग सहित):

क्र. सं.	विवरण	कुल (क)	पुरूष		महिला	
			संख्या (ख)	% (ख/क)	संख्या (ग)	% (ग/क)
	कर्मचारी					
1.	स्थायी (घ)	6733	6120	90.90%	613	9.10%
2.	स्थायी के अतिरिक्त (ड.)	274	248	90.51%	26	9.49%
3.	कुल कर्मचारी (घ+ड.)	7007	6368	90.88%	639	9.12%
	कामगार					
4.	स्थायी (च)	1583	1498	94.63%	85	5.37%
5.	स्थायी के अतिरिक्त (छ)	17177	16510	96.12%	667	3.88%
6.	कुल कामगार (च+छ)	18760	18008	95.99%	752	4.01%

ध्यान दें: स्थायी कर्मचारियों में कामगारों को छोड़कर कंपनी के सभी कर्मचारी सम्मिलित हैं। 'स्थायी के अतिरिक्त' में निश्चित अवधि के अनुबंध वाले कर्मचारी भी सम्मिलित हैं। स्थायी कामगारों में वे कामगार सम्मिलित हैं जो कंपनी के रोल पर हैं। 'स्थायी के अतिरिक्त' को तीसरे पक्षकार के संविदाकारों के माध्यम से नियुक्त किया जाता है।

ख. दिव्यांग कर्मचारी एवं कामगार:

क्र. सं.	विवरण	कुल (क)	पुरूष		महिला	
			संख्या (ख)	% (ख/क)	संख्या (ग)	% (ग/क)
	दिव्यांग कर्मचारी					
1.	स्थायी (घ)	180	164	91.11%	16	8.89%
2.	स्थायी के अतिरिक्त (ड.)	4	4	100.00%	0	0.00%
3.	कुल दिव्यांग कर्मचारी (घ+ड.)	184	168	91.30%	16	8.70%
	दिव्यांग कामगार					
4.	स्थायी (च)	48	48	100%	0	0.00%
5.	स्थायी के अतिरिक्त (छ)	0	0	NIL	0	NIL
6.	कुल दिव्यांग कामगार (च+छ)	48	48	100%	0	0.00%

21. महिलाओं की भागीदारी/समावेश/प्रतिनिधित्व

	कुल (क)	महिलाओं की संख्या और प्रतिशत	
		सं. (ख)	% (ख/क)
निदेशक मंडल	8	0	0
मुख्य प्रबंधन कार्मिक	9	0	0

टिप्पणी: मुख्य प्रबंधन कार्मिक में पूर्णकालिक निदेशक, कंपनी सचिव, स्वतंत्र निदेशक और साथ ही सरकार द्वारा नामित निदेशक सम्मिलित है।

22. स्थायी कर्मचारियों और कामगारों के लिए टर्नओवर दर (पिछले तीन वर्षों के रूझान का विवरण)

	वित्त वर्ष 2022-23			वित्त वर्ष 2021-22			वित्त वर्ष 2020-21		
	पुरूष	महिला	कुल	पुरूष	महिला	कुल	पुरूष	महिला	कुल
स्थायी कर्मचारी	5.22%	5.02%	5.20%	5.20%	3.16%	5.03%	4.98%	3.75%	.88%
स्थायी कामगार	3.98%	7.65%	4.19%	6.43%	9.52%	6.61%	4.99%	4.39%	4.95%

होल्डिंग, अधीनस्थ और सहयोगी कंपनियां (संयुक्त उद्यम सहित)

23. (क) होल्डिंग/अधीनस्थ/सहयोगी कंपनियों/संयुक्त उद्यमों के नाम

क्र. सं.	होल्डिंग/अधीनस्थ/सहयोगी कंपनियों/संयुक्त उद्यमों के नाम (क)	कंपनी का प्रकार होल्डिंग/अधीनस्थ/सहायक कंपनी/ संयुक्त उद्यम में से क्या है?	कितना % शेयर सूचीबद्ध संस्था के पास है	क्या कॉलम क में दर्शायी गयी इकाई, सूचीबद्ध इकाई की व्यावसायिक जिम्मेदारी वाली पहलों में भाग लेती है? (हां/नहीं)
1.	पावरग्रिड रायपुर पूल धामतरी ट्रांसमिशन लिमिटेड	अधीनस्थ	100	Yes
2.	पावरग्रिड धरम जयगढ़ ट्रांसमिशन लिमिटेड	अधीनस्थ	100	Yes
3.	पावरग्रिड ईआरडब्लूआर पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड	अधीनस्थ	100	Yes
4.	पावरग्रिड खावडा आरई ट्रांसमिशन लिमिटेड	अधीनस्थ	100	Yes
5.	पावरग्रिड केपीएस2 ट्रांसमिशन लिमिटेड	अधीनस्थ	100	Yes
6.	पावरग्रिड केपीएस3 ट्रांसमिशन लिमिटेड	अधीनस्थ	100	Yes
7.	पावरग्रिड खावडा II–ग ट्रांसमिशन लिमिटेड	अधीनस्थ	100	Yes
8.	पावरग्रिड खावडा II–ख ट्रांसमिशन लिमिटेड	अधीनस्थ	100	Yes
9.	पावरग्रिड नीमच ट्रांसमिशन सिस्टम लिमिटेड	अधीनस्थ	100	Yes
10.	पावरग्रिड एनर्जी सर्विसेज लिमिटेड	अधीनस्थ	100	Yes
11.	पावरग्रिड टेलिसर्विसेज लिमिटेड	अधीनस्थ	100	Yes
12.	पावरग्रिड ईआर एनईआर ट्रांसमिशन लिमिटेड	अधीनस्थ	100	Yes
13.	पावरग्रिड गोमती यमुना ट्रांसमिशन लिमिटेड	अधीनस्थ	100	Yes
14.	सेंट्रल ट्रांसमिशन यूटिलिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड	अधीनस्थ	100	Yes
15.	पावरग्रिड रामगढ़ ट्रांसमिशन लिमिटेड	अधीनस्थ	100	Yes
16.	पावरग्रिड सिकर ट्रांसमिशन लिमिटेड	अधीनस्थ	100	Yes
17.	पावरग्रिड भाडला ट्रांसमिशन लिमिटेड	अधीनस्थ	100	Yes
18.	पावरग्रिड अलीगढ़ सिकर ट्रांसमिशन लिमिटेड	अधीनस्थ	100	Yes
19.	पावरग्रिड नरेला ट्रांसमिशन लिमिटेड	अधीनस्थ	100	Yes

क्र. सं.	होल्डिंग/अधीनस्थ/सहयोगी कंपनियों /संयुक्त उद्यमों के नाम (क)	कंपनी का प्रकार होल्डिंग/ अधीनस्थ/सहायक कंपनी/ संयुक्त उद्यम में से क्या है?	कितना % शेयर सूचीबद्ध संस्था के पास है	क्या कॉलम क में दर्शायी गयी इकाई, सूचीबद्ध इकाई की व्यावसायिक जिम्मेदारी वाली पहलों में भाग लेती है? (हां/ नहीं)
20.	पावरग्रिड भाडला सिकर ट्रांसमिशन लिमिटेड	अधीनस्थ	100	Yes
21.	पावरग्रिड बीकानेर ट्रांसमिशन सिस्टम लिमिटेड	अधीनस्थ	100	Yes
22.	पावरग्रिड मेरठ सिंभावली ट्रांसमिशन लिमिटेड	अधीनस्थ	100	Yes
23.	पावरग्रिड रामपुर संभल ट्रांसमिशन लिमिटेड	अधीनस्थ	100	Yes
24.	पावरग्रिड अजमेर फागी ट्रांसमिशन लिमिटेड	अधीनस्थ	100	Yes
25.	पावरग्रिड खेत्री ट्रांसमिशन सिस्टम लिमिटेड	अधीनस्थ	100	Yes
26.	पावरग्रिड फतेहगढ़ ट्रांसमिशन लिमिटेड	अधीनस्थ	100	Yes
27.	पावरग्रिड भुज ट्रांसमिशन लिमिटेड	अधीनस्थ	100	Yes
28.	पावरग्रिड भिंड गुना ट्रांसमिशन लिमिटेड	अधीनस्थ	100	Yes
29.	पावरग्रिड जवाहरपुर फिरोजाबाद ट्रांसमिशन लिमिटेड	अधीनस्थ	100	Yes
30.	पावरग्रिड वाराणसी ट्रांसमिशन सिस्टम लिमिटेड	अधीनस्थ	100	Yes
31.	पावरग्रिड मिथिलांचल ट्रांसमिशन लिमिटेड	अधीनस्थ	100	Yes
32.	पावरग्रिड मेदिनीपुर जीरत ट्रांसमिशन लिमिटेड	अधीनस्थ	100	Yes
33.	पावरग्रिड सदर्न इंटरकनेक्टर ट्रांसमिशन सिस्टम लिमिटेड	अधीनस्थ	100	Yes
34.	पावरग्रिड उंचाहार ट्रांसमिशन लिमिटेड	अधीनस्थ	100	Yes
35.	पावरग्रिड एनएम ट्रांसमिशन लिमिटेड	अधीनस्थ	100	Yes
36.	पावरग्रिड वेमागिरी ट्रांसमिशन लिमिटेड	अधीनस्थ	100	Yes
37.	पावरग्रिड हिमाचल ट्रांसमिशन लिमिटेड	अधीनस्थ	100	Yes
38.	पावरग्रिड रामगढ़ II ट्रांसमिशन लिमिटेड	अधीनस्थ	100	Yes
39.	पावरग्रिड भाडला III ट्रांसमिशन लिमिटेड	अधीनस्थ	100	Yes
40.	पावरग्रिड बीकानेर नीमराना ट्रांसमिशन लिमिटेड	अधीनस्थ	100	Yes
41.	पावरग्रिड कोप्पल गडग ट्रांसमिशन लिमिटेड	अधीनस्थ	100	Yes
42.	बीदर ट्रांसमिशन लिमिटेड	अधीनस्थ	100	Yes
43.	सिकर खेत्री ट्रांसमिशन लिमिटेड	अधीनस्थ	100	Yes
44.	पावरग्रिड नीमराना बरेली ट्रांसमिशन लिमिटेड	अधीनस्थ	100	Yes
45.	पावरग्रिड अनंतपुरम कुरनूल ट्रांसमिशन लिमिटेड	अधीनस्थ	100	Yes

क्र. सं.	होल्डिंग/अधीनस्थ/सहयोगी कंपनियों /संयुक्त उद्यमों के नाम (क)	कंपनी का प्रकार होल्डिंग/ अधीनस्थ/सहायक कंपनी/ संयुक्त उद्यम में से क्या है?	कितना % शेयर सूचीबद्ध संस्था के पास है	क्या कॉलम क में दर्शायी गयी इकाई, सूचीबद्ध इकाई की व्यावसायिक जिम्मेदारी वाली पहलों में भाग लेती है? (हां/ नहीं)
46.	पावरग्रिड वातामन ट्रांसमिशन लिमिटेड	अधीनस्थ	100	Yes
47.	पावरग्रिड बीवर दौसा ट्रांसमिशन लिमिटेड	अधीनस्थ	100	Yes
48.	बिहार ग्रिड कंपनी लिमिटेड	संयुक्त उद्यम	50	Yes
49.	आरआईएनएन पावरग्रिड टीएलटी प्राइवेट लिमिटेड	संयुक्त उद्यम	50	Yes
50.	बुटवल–गोरखपुर क्रॉस बार्डर पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड	संयुक्त उद्यम	50	Yes
51.	पावरलिंक ट्रांसमिशन लिमिटेड	संयुक्त उद्यम	49	Yes
52.	एनर्जी इफिशिएंशी सर्विस सर्विसेज लिमिटेड	संयुक्त उद्यम	39.25	Yes
53.	सिक्किम पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड	संयुक्त उद्यम	30.92	Yes
54.	टोरेन्ट पावरग्रिड लिमिटेड	संयुक्त उद्यम	26	Yes
55.	परबती कोलडम ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड	संयुक्त उद्यम	26	Yes
56.	नार्थ ईस्ट ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड	संयुक्त उद्यम	26	Yes
57.	क्रॉस बार्डर पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड	संयुक्त उद्यम	26	Yes
58.	पावर ट्रांसमिशन कंपनी नेपाल लिमिटेड	संयुक्त उद्यम	26	Yes
59.	नेशनल हाई–पावर टेस्ट लेबरोटरी प्राइवेट लिमिटेड	संयुक्त उद्यम	21.63	Yes
60.	पावरग्रिड कला एएमबी ट्रांसमिशन लिमिटेड	सहायक	26	Yes
61.	पावरग्रिड जबलपुर ट्रांसमिशन लिमिटेड	सहायक	26	Yes
62.	पावरग्रिड वरोरा ट्रांसमिशन लिमिटेड	सहायक	26	Yes
63.	पावरग्रिड पार्ली ट्रांसमिशन लिमिटेड	सहायक	26	Yes

सीएसआर विवरण

24.

i. क्या कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 के अनुसार सीएसआर लागू होता है: **हां**

ii. कुल बिक्री (रूपए में): 45,843.10 करोड़ **(समेकित आधार पर)**

iii. निवल संपत्ति (रूपए में): 87,145.11 करोड़ **(समेकित आधार पर)**

25. उत्तरदायित्वपूर्ण व्यावसायिक आचरण संबंधी राष्ट्रीय दिशानिर्देशों के अंतर्गत किसी भी सिद्धांत (सिद्धांत 1 से 9) संबंधी परिवाद/शिकायतें:

हितधारक समूह जिनसे शिकायत प्राप्त हुई है	शिकायत निवारण क्रियातंत्र विद्यमान है (हां/नहीं) (यदि हां, तो शिकायत निवारण नीति के लिए वेब–लिंक प्रदान करें)	वित्त वर्ष 2023–2024			वित्त वर्ष 2022–2023		
		वर्ष के दौरान दर्ज की गई शिकायतों की संख्या	वर्ष के अंत में समाधान के लिए लंबित शिकायतों की संख्या	टिप्पणियां	वर्ष के दौरान दर्ज की गई शिकायतों की संख्या	वर्ष के अंत में समाधान के लिए लंबित शिकायतों की संख्या	टिप्पणियां
समुदाय	हां (https://www.powergrid.in/public-complaints-0)	213	0		179	0	
निवेशक और शेयरधारक	हां (https://www.scores.gov.in/scores/Welcome.html) (https://www.powergrid.in/dispute-resolution-mechanism-stock-exchanges)	4581	0		4183	0	
कर्मचारी और कामगार	हां, शिकायत निवारण क्रियातंत्र विद्यमान है। यह नीति केवल कर्मचारियों और कामगारों की पहुंच के लिए ही उपलब्ध है।	66	0		49	0	
उपभोक्ता	हां (https://pal.powergrid.in/vms-app)	-	-		-	-	
मूल्य श्रृंखला भागीदार	हां (https://pal.powergrid.in/vms-app)	7	5		8	0	
अन्य (सतर्कता)	हां (https://tejas.powergrid.in/vigilance-complaints/)	73	12		71	7	

26. इकाई के महत्वपूर्ण उत्तरदायित्वपूर्ण व्यावसायिक आचरण के मुद्दों की समीक्षा

कृपया पर्यावरण और सामाजिक मामलों से संबंधित महत्वपूर्ण उत्तरदायित्वपूर्ण व्यावसायिक आचरण और संवहनीयता के मुद्दों को जो आपके व्यवसाय के लिए जोखिम या अवसर पेश करते हैं, इसकी पहचान करने का तर्काधार, जोखिम का अनुकूलन या शमन करने का दृष्टिकोण और साथ ही इसके वित्तीय निहितार्थ भी स्पष्ट करें।

क्र. सं.	पहचाने गए महत्वपूर्ण मुद्दे	स्पष्ट करें कि जोखिम या अवसर (आर/ओ)	जोखिम/अवसर पहचानने का औचित्य	जोखिम की स्थिति में, अनुकूलन या शमन करने का दृष्टिकोण	जोखिम या अवसर के वित्तीय निहितार्थ (सकारात्मक या नकारात्मक निहितार्थ बताएं)
1	जलवायु परिवर्तन	जोखिम	• जलवायु परिवर्तन के कारण अतिविषम मौसम की स्थितियाँ जैसे कि तूफानों, पवन, बाढ़ों और वर्षा की बढ़ी हुई तीव्रता और आवृत्ति हमारी भौतिक अवसंरचना पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।	**अनुकूलन:** • संगठन की जोखिम प्रबंधन रूपरेखा में जलवायु जोखिमों की पहचान करना।	नकारात्मक

क्र. सं.	पहचाने गए महत्वपूर्ण मुद्दे	स्पष्ट करें कि जोखिम या अवसर (आर/ओ)	जोखिम/अवसर पहचानने का औचित्य	जोखिम की स्थिति में, अनुकूलन या शमन करने का दृष्टिकोण	जोखिम या अवसर के वित्तीय निहितार्थ (सकारात्मक या नकारात्मक निहितार्थ बताएं)
			• परिवेश के बढ़ रहे तापमान से चालकों की धारा वहन करने की क्षमता कम होने की संभावना है। • जलवायु परिवर्तन के कारण मौसम शुष्क और परिवेश के तापमान में वृद्धि के कारण जंगल की आग के हादसे बढ़ गए हैं, जिससे बदले में, वन क्षेत्र से गुजरने वाली पारेषण लाइनों के लिए अतिरिक्त जोखिम पैदा होता है। • इस परिघटना का कार्यबल के स्वास्थ्य पर प्रत्यक्ष या परोक्ष प्रभाव भी पड़ेगा जैसे कि अतिविषम जलवायविक स्थितियाँ में काम करना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होगा एवं उत्पादकता में भी हानि हो सकती है।	• जलवायु संबंधी जोखिम के प्रति संवेदनशील क्षेत्रों/स्थानों की पहचान कर उनका मानचित्रण करना • उचित उपाय कर अपने कार्यबल को अतिविषम जलवायु परिवर्तन का प्रभावों से बचाना। **शमनः** • वर्तमान जलवायु परिदृश्य के साथ–साथ भविष्य के जलवायु पूर्वानुमानों के अनुरूप संवेदनशील क्षेत्रों में, मौजूदा बुनियादी ढांचे का सुदृढ़ीकरण करना। • जलवायु संवेदनशील क्षेत्र में आगामी पारेषण परियोजनाओं की योजना बनाने और अभिकल्पना में वर्तमान और साथ ही भविष्य भी में जलवायु परिदृश्य का उचित लिहाज और एकीकरण।	
2	जैव विविधता/पर्यावरण संरक्षण	अवसर	• वन/जैव विविधता समृद्ध क्षेत्रों से बचना/कम से कम संपर्क में आना ताकि समय पर परियोजना पूरा किया जा सके। • वन/संरक्षित क्षेत्रों से बचकर/कम से कम संपर्क रखकर एनपीवी, सीए जैसे वित्तीय उद्ग्रहण, औषधीय वृक्षारोपण की लागत, आंशिक परियोजना लागत का भुगतान आदि का परिहार। • कम कानूनी दायित्व। • बेहतर सार्वजनिक छवि और प्राकृतिक पूंजी		सकारात्मक
3	जल प्रबंधन	अवसर	• तृतीय पक्ष द्वारा की गई जलापूर्ति की लागत के रूप में कम वित्तीय दायित्व, जल निकासी के लिए ऊर्जा की कम लागत, और अपशिष्ट जल प्रबंधन की कम लागत। • वर्षा जल संचयन और भूजल पुनर्भरण के माध्यम से पानी की खपत कम कर और जल संरक्षण द्वारा ''शुद्ध जल सकारात्मक'' संगठन की स्थिति प्राप्त करने का अवसर।		सकारात्मक

क्र. सं.	पहचाने गए महत्वपूर्ण मुद्दे	स्पष्ट करें कि जोखिम या अवसर (आर/ओ)	जोखिम/अवसर पहचानने का औचित्य	जोखिम की स्थिति में, अनुकूलन या शमन करने का दृष्टिकोण	जोखिम या अवसर के वित्तीय निहितार्थ (सकारात्मक या नकारात्मक निहितार्थ बताएं)
4	ऊर्जा प्रबंधन	अवसर	• ऊर्जा की खपत में कमी से वित्तीय देनदारी कम होगी। • ऊर्जा के मांग पक्ष प्रबंधन से भी स्कोप–एक और स्कोप–दो दोनों उत्सर्जन में कमी आएगी। • आपूर्ति पक्ष में नवीनीकरण ऊर्जा की हिस्सेदारी में वृद्धि से हमारा स्कोप–दो उत्सर्जन और भी कम होगा।		सकारात्मक
5	जीएचजी उत्सर्जन	अवसर	• 2047 तक नेट जीरो स्थिति प्राप्त करना। • प्रतिस्पर्धी दरों पर वित्त और ऋण तक पहुंच। • आपूर्ति शृंखला को हरित बनाना। • बेहतर हितधारक संबंध और सार्वजनिक छवि।		सकारात्मक
6	अपशिष्ट प्रबंधन	जोखिम	• नियामकीय रूपरेखा का अनुपालन न करने से नियामकीय निकायों/प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों की ओर से दंडात्मक कार्रवाई हो सकती है। • खतरनाक कचरे का ठीक से प्रबंधन करने में विफलता से हमारेप्रतिष्ठान, संपत्ति, जनशक्ति और पर्यावरण के लिए जोखिम पैदा होता है। • दोनों खतरनाक और गैर–खतरनाक अपशिष्ट के निपटान के प्रति वित्तीय लागत में वृद्धि।	• सभी लागू विनियमों के साथ पूर्ण और गैर–परक्राम्य अनुपालन को सुनिश्चित करना। • कम उपयोग करने, पुनर्चक्रित करने और पुनः उपयोग करने के सभी मुख्य सिद्धांतों के माध्यम से अपशिष्ट प्रबंधन के लिए उपलब्ध सभी अवसरों का उपयोग करना। • कर्मचारियों का प्रशिक्षण और संवेदीकरण। • खतरनाक अपशिष्ट की उचित पहचान, पृथक्करण और रोक. थाम एवं समय पर निपटान सुनिश्चित करना।	नकारात्मक
7	संघ एवं सामूहिक सौदेबाजी की स्वतंत्रता	अवसर	पावरग्रिड संघ और सामूहिक सौदेबाजी की स्वतंत्रता को व्यवहार में लाता है जिससे सकारात्मक कर्मचारी संबंध को बढ़ावा मिलता है और प्रबंधन के साथ मुक्त और रचनात्मक सहभागिता का प्रशस्त होता है।		सकारात्मक

क्र. सं.	पहचाने गए महत्वपूर्ण मुद्दे	स्पष्ट करें कि जोखिम या अवसर (आर/ओ)	जोखिम/अवसर पहचानने का औचित्य	जोखिम की स्थिति में, अनुकूलन या शमन करने का दृष्टिकोण	जोखिम या अवसर के वित्तीय निहितार्थ (सकारात्मक या नकारात्मक निहितार्थ बताएं)
8	कर्मचारी लाभ योजना	अवसर	पावरग्रिड अपने कर्मचारियों को महत्वपूर्ण मानता है और विभिन्न कर्मचारी कल्याण योजनाएँ प्रदान करता है जो उन्हें देखभाल और सुरक्षा की अनुभूति प्रदान करती है। इन योजनाओं से हमारे कर्मचारियों में काम की संतुष्टि और अभिप्रेरणा की भावना पैदा होती है। यह हमारे कर्मचारियों की कम अनुताप दर से प्रदर्शित होता है। हम अपने प्रतिभा पूल में निवेश करने में और उसे बनाए रखने विश्वास रखते हैं। इसलिए काम के सकारात्मक वातावरण को बढ़ावा मिलता है।		सकारात्मक
9	व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा	जोखिम	• में देश के कई स्थानों पर काम कर रहे कर्मचारियों और कामगारों की संख्या बड़ी है। अपने कार्यबल की सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारे दैनिक परिचालनों के लिए महत्वपूर्ण है। • शारीरिक और वित्तीय लागत के अलावा प्रत्येक सुरक्षा हादसा का स्वास्थ्य, कुशलक्षेम और का मनोबल के साथ ही कंपनी की भी प्रतिष्ठा पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।	• हम सुरक्षित और निरापद कार्यस्थल सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक सावधानियाँ बरतते हैं। • हमारी एक समर्पित सुरक्षा नीति है जो हमारे कर्मचारियों सुरक्षा सुनिश्चित करने के हमारे दृष्टिकोण का संचालन करती है। एक सुरक्षा प्रकोष्ठ है जो नियमित रूप से इन मुद्दों की देखभाल और निगरानी करता है। • नियमित सुरक्षा अंकेक्षण किया जा रहा है और स्व–सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कार्यबल प्रशिक्षण दिया गया है और जागरूक बनाया गया है।	नकारात्मक
10	मानव अधिकार	जोखिम	• दुनिया भर में श्रम कानूनों और संबंधों के निरंतर विकास और इस मुद्दे की संवेदनशील प्रकृति के कारण मानवाधिकार किसी भी व्यवसाय के लिए एक अंतर्निहित जोखिम है।	• हमारी समुचित नीतियाँ है जो स्पष्ट रूप से कहती है मानव अधिकार का उल्लंघन बहुत गंभीर मुद्दा है और इससे दुष्परिणामो के साथ निपटा जाएगा।	
			• जहाँ किसी भी मानवाधिकार उल्लंघन से हमारे कार्यबल और संबंधित पक्षों की रक्षा करने के लिए सभी उपाय विद्यमान हैं, वहीं हम समझते हैं कि अभी भी इस तरह के अवसर हो सकते हैं जिनमें इन अधिकारों का उन तरीकों से उल्लंघन हो सकता है जो हमारे नियंत्रण और विस्तार में नहीं हैं।	• हितधारकों को किन्हीं उल्लंघन. के मामलों/चिंताओ की सूचना देने के चैनल उपलब्ध कराए गए हैं। • हम इस मामले में नवीनतम घटनाक्रमों के साथ अद्यतन रहते हैं और सभी विनियमों का अनुपालन करते हैं।	नकारात्मक

क्र. सं.	पहचाने गए महत्वपूर्ण मुद्दे	स्पष्ट करें कि जोखिम या अवसर (आर/ओ)	जोखिम/अवसर पहचानने का औचित्य	जोखिम की स्थिति में, अनुकूलन या शमन करने का दृष्टिकोण	जोखिम या अवसर के वित्तीय निहितार्थ (सकारात्मक या नकारात्मक निहितार्थ बताएं)
11	विविधता, गैर–भेदभाव और समान अवसर	अवसर	हम हर समूह के लोगों को समान और निष्पक्ष अवसर देने में विश्वास करते हैं और विविधतापूर्ण पृष्ठभूमि से प्रतिभाओं को काम पर रखते हैं। विविधतापर्ण कार्यबल के कारण हम अपने व्यावसायिक मामलों को हल करने के लिए अलग–अलग और नया दृष्टिकोण शामिल करते हैं।		सकारात्मक
12	मानव पूंजी विकास	अवसर	अपने कार्यबल का कौशल बढ़ाने में निवेश करना, ज्ञान और क्षमता बढ़ाना और नवाचार को बढ़ावा देना हमारी कंपनी में अत्यंत महत्वपूर्ण अवयव है। इससे कर्मचारी हमारे व्यावसायिक मुद्दों को हल करने और चुस्त कार्यबल बनने के लिए कुशल और आधुनिक दृष्टिकोण अपना रहे हैं।		सकारात्मक
13	आधारनीति और अखंडता	अवसर	पावरग्रिड की संगठनात्मक संस्कृति में नैतिक आचरण गहराई से समाया हुआ है। आचारनीति और मूल्य भरोसेमंद काम का वातावरण बनाते हैं।		सकारात्मक
14	नियामकीय अनुपालन	अवसर	विनियामकीय और सांविधिक आवश्यकताओं का समय पर अनुपालन करने से व्यवसाय को उन्नतिशील व्यवसाय प्रतिष्ठान बनाए रखना सुनिश्चित होता है। सचेत अनुपालन हमारी कानूनी उल्लंघनों, पर्यावरण क्षति आदि से जुड़े जोखिम संभालने में मदद करता है।		सकारात्मक
15	संवहनीय स्रोतीकरण	अवसर	हमारी संवहनीय स्रोतीकरण दृष्टिकोण हमारी संवहनीय खरीद प्रथाओं का पालन करने वाले आपूर्तिकर्ताओं के साथ सहयोग करने में मदद करता है। संवहनीय रूप से पर्यावरणीय रूप से जिम्मेदार और स्रोतीकरण संसाधन बनकर, हम असंवहनीय पद्धतियों के चलते उत्पन्न होने वाले आपूर्ति श्रृंखला व्यवधानों से बच सकते हैं।		सकारात्मक
16	पारदर्शिता	अवसर	हमारा सक्रिय शिकायत निवारण तंत्र, ध्यानाकर्षण, यौन उत्पीड़न आदि के चारों ओर नीतियाँ खुले और पारदर्शी तरीके से अपने हितधारकों की चिंताओं/पृच्छाओं को संबोधित करने की हमारी क्षमता प्रदर्शित करती हैं।		सकारात्मक

क्र. सं.	पहचाने गए महत्वपूर्ण मुद्दे	स्पष्ट करें कि जोखिम या अवसर (आर/ओ)	जोखिम/अवसर पहचानने का औचित्य	जोखिम की स्थिति में, अनुकूलन या शमन करने का दृष्टिकोण	जोखिम या अवसर के वित्तीय निहितार्थ (सकारात्मक या नकारात्मक निहितार्थ बताएं)
17	तकनीकी और नवाचार	अवसर	पावरग्रिड अपने व्यवसाय संचालन में नवीनतम प्रौद्योगिकियाँ अपनाने में विश्वास रखता है। सही तकनीक और नवप्रवर्तन विद्युत क्षेत्रक में प्रौद्योगिकी अपनाने में अग्रणी भूमिका बनाए रखता है।		सकारात्मक
18	साइबर सुरक्षा	जोखिम	• साइबर सुरक्षा बचाव की कमी से साइबर हमले हो सकते हैं जिससे आंकड़ों की चोरी, परिचालन में बाध ा और कभी–कभी कानूनी समस्य हो सकती है। • साइबर सुरक्षा उल्लंघन से उत्पादकता में भी हानि हो सकती है और इससे कंपनी की प्रतिष्ठा को भी हानि हो सकती है।	• कंपनी ने सूचना सुरक्षा नीति तैयार की है और साइबर सुरक्षा एवं आंकड़ा गोपनीयता हेतु प्रक्रिया शुरू करने को सुनिश्चित किया है। • कंपनी साइबर सुरक्षा से संबंधित ISO27001:2013 का अनुपालन करती है तथा सभी प्रयोज्य कानूनी, सांविधिक, विनियामक और संविदात्मक अपेक्षाओं को पूरा करती है ।	नकारात्मक
19	सामुदायिक संबंध	अवसर	पावरग्रिड समुदाय को वापस देने और उनके अधिकारों और जरूरतों का ख्याल रखने में विश्वास रखता है। चूँकि हमारे प्रमुख व्यवसाय में भूमि अधिग्रहण शामिल है, हम वहाँ स्थानीय लोगों के साथ अच्छे संबंधों को बढ़ावा देते हैं जिससे अंततः जिससे हमारे व्यवसाय का कार्य सुचारू रूप से चलता है।		सकारात्मक

खंड ख - प्रबंधन और प्रक्रिया का प्रकटीकरण

इस खंड का उद्देश्य व्यवसायों को एनजीआरबीसी सिद्धांतों और मूल तत्वों को अपनाने की दिशा में संरचनाओं, नीतियों और प्रक्रियाओं को प्रदर्शित करने में मदद करना है।

क्र. सं.	सिद्धांत विवरण
सिद्धांत 1	व्यवसायों को सत्यनिष्ठा के साथ और नैतिक, पारदर्शी, और जवाबदेह तरीके से आचरण और अपने आपको नियंत्रित करना चाहिए।
सिद्धांत 2	व्यवसायों को संवहनीय और सुरक्षित रीति से वस्तुएं और सेवाएं प्रदान करना चाहिए।
सिद्धांत 3	व्यवसायों को अपनी मूल्य श्रृंखलाओं के कर्मचारियों सहित सभी कर्मचारियों को कुशलक्षेम का सम्मान करना चाहिए और उन्हें बढ़ावा देना चाहिए।
सिद्धांत 4	व्यवसायों को अपने सभी हितधारकों के हितों का सम्मान करना चाहिए और उनके प्रति अनुक्रियाशील होना चाहिए।
सिद्धांत 5	व्यवसायों को मानवाधिकारों का सम्मान करना चाहिए और उन्हें बढ़ावा देना चाहित।
सिद्धांत 6	व्यवसायों को पर्यावरण का सम्मान करना चाहिए और पर्यावरण के संरक्षण व पुनर्स्थापना के लिए प्रयास करने चाहिएं।
सिद्धांत 7	सार्वजनिक और नियमाकीय नीति को प्रभावित करने में संलग्न होने पर व्यवसायों को जिम्मेदार और पारदर्शी तरीके से ऐसा करना चाहिए।
सिद्धांत 8	व्यवसायों को समावेशी विकास और समतापूर्ण विकास को बढ़ावा देना चाहिए।
सिद्धांत 9	व्यवसायों को जिम्मेदार तरीके से अपने उपभोक्ताओं के साथ सहभागिता करनी चाहिए और उन्हें महत्व प्रदान करना चाहिए।

प्रकटीकरण आवश्यकताएं	पी1	पी2	पी3	पी4	पी5	पी6	पी7	पी8	पी9
नीति एवं प्रबंधन संबंधी प्रक्रियाएं									
1. क. क्या आपकी कंपनी की नीति/नीतियों में एनजीआरबीसी का प्रत्येक सिद्धांत और इसके मूल तत्व शामिल हैं (हां/नहीं)	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	नहीं	हाँ	हाँ
ख. क्या बोर्ड द्वारा नीति अनुमोदित की गई है? (हां/नहीं)	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	नहीं	हाँ	हाँ
ग. नीतियों का वेबलिंक, यदि उपलब्ध हो	The Policies covering these principles are available on the Company's website under 'Policies' section. (https://www.powergrid.in/index.php/policies)								
2. क्या कंपनीन ने नीति को प्रक्रियाओं में परिवर्तित किया है (हां/नहीं)	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	नहीं	हाँ	हाँ
3. क्या सूचीबद्ध नीतियां आपके मूल्य श्रृंखला भागीदारों तक विस्तारित है? (हां/नहीं)	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	नहीं	हाँ	हाँ
4. आपकी इकाई द्वारा अपनाई गई और प्रत्येक सिद्धांत के लिए मानचित्रित राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संहिताओं/प्रमाणनों/लेबलों/मानकों (उदाहरण के लिए वन प्रबंधन परिषद, फेयरट्रेड, वर्षावन गठबंधन, ट्रस्टी) मानकों (जैसे एसए 8000, ओएचएसएएस, आईएसओ, बीआईएस) का नाम।	पावरग्रिड ने समय–समय पर भारत सरकार द्वारा जारी की गई लागू अलग–अलग के अनुरूप हैं संविधियों/दिशानिर्देशों/नियमों/नीतियाँ आदि के अनुरूप् विभिन्न नीतियाँ बनाई है। संपूर्ण कंपनी में व्यापक रूप से अंगीकृत कुछ प्रमुख प्रमाणनों/मानकों को नीचे सूचीबद्ध किया गया है: • आईएसओ 9001:2015 – गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली • पीएएस 99:2012 – एकीकृत प्रबंधन प्रणाली • आईएसओ 45001:2018 – व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली • आईएसओ 8000:2014 – सामाजिक जवाबदेयता मानक • आईएसओ 50001:2018 – ऊर्जा प्रबंधन प्रणाली • आईएसओ 14001:2015 – पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली • आईएसओ 27001:2013 – सूचना सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली • आईएसओ 27001:2013 – सूचना सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली • आईएसओ 37001:2016 – उत्कोच निरोधी प्रबंधन प्रणाली • आईएसओ 55001:2014 – आस्ति प्रबंधन प्रणाली								
5. परिभाषित समयसीमा, अगर कोई है, के साथ इकाई द्वारा निर्धारित विशिष्ट प्रतिबद्धताएं, ध्येय और लक्ष्य।	1. 2025 तक नवीकरणीय स्रोतों से 50 प्रतिशत बिजली की खपत।. 2. 2047 तक निवल शून्य उत्सर्जन कंपनी बनने का प्रयास करना। 3. 2030 तक निवल जल सकारात्मक संगठन बनने का लक्ष्य. 4. 2030 तक 'अ जीरो वेस्ट टू लैंडफिल कॉरपोरेट' दर्जा 2030 तक करने और बनाए रखने की आकांक्षा रखता है। 5. ''शून्य मृत्यु दर'' दर्जा प्राप्त करने और बनाए रखने का लक्ष्य.								
6. विशिष्ट प्रतिबद्धताएं, ध्येयों और लक्ष्यों के प्रति इकाई का कारण सहित प्रदर्शन यदि वे पूरा नहीं हो पाए है।	एकीकृत रिपोर्ट और बीआरएसआर का सिद्धांत वार अनुभाग का संवहनीय रणनीति अध्याय देखें।								

प्रकटीकरण आवश्यकताएं	पी1	पी2	पी3	पी4	पी5	पी6	पी7	पी8	पी9
शासन, नेतृत्व और निरीक्षण									

7. व्यावसायिक उत्तरदायित्व रिपोर्ट के लिए जिम्मेदार निदेशक का, ईएसजी से संबंधित चुनौतियों, लक्ष्यों और उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए वप्रव्य (इस प्रकटीकरण के स्थानन के संबंध में सूचीबद्ध इकाई के पास लचीलापन है)

मुझे पावरग्रिड की नवीनतम व्यावसायिक उत्तरदायित्व और स्थिरता रिपोर्ट (बीआरएसआर) के प्रकाशन की घोषणा करते हुए प्रसन्नता हो रही है। यह रिपोर्ट पर्यावरणीय नेतृत्व, सामाजिक जिम्मेदारी और सुशासन प्रथाओं के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का व्यापक अवलोकन प्रदान करती है।

पावरग्रिड में, हम एक स्थायी भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका को समझते हैं। हम सिर्फ एक बिजली पारेषण कंपनी नहीं हैं; हम एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट नागरिक हैं जो हमारे पर्यावरण पदचिह्न को कम करने और समाज में सकारात्मक योगदान देने के लिए समर्पित हैं।

इस वर्ष का बीआरएसआर कई प्रमुख क्षेत्रों में हमारे द्वारा की गई महत्वपूर्ण प्रगति पर प्रकाश डालता है:

- **कम उत्सर्जन:** उत्सर्जन में कमी के लिए हमारा बहु–आयामी दृष्टिकोण, जिसमें SF6 रिसाव का पता लगाना, हरित विकल्पों की खोज करना और इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाना शामिल है, जो एक ठोस अंतर ला रहा है।
- **ऊर्जा दक्षता नेतृत्व:** बीईई ग्रेड– ईएससीओ के रूप में, हम सक्रिय रूप से अपने परिचालनों के भीतर ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा दे रहे हैं और 2025 तक 50% नवीकरणीय ऊर्जा खपत प्राप्त करने का एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है।
- **सतत अभ्यास:** हम जिम्मेदार जल प्रबंधन को प्राथमिकता देते हैं, सामग्री की खपत को कम करते हैं, और जिम्मेदारी से कचरे का प्रबंधन करते हैं, 2030 तक "जीरो वेस्ट टू लैंडफिल" के लिए प्रयास करते हैं।
- **जैव विविधता संरक्षण:** सावधानीपूर्वक मार्ग चयन, पर्यावरण आकलन और विशेषज्ञों के सहयोग से, हम वन्यजीवों और प्राकृतिक आवासों पर अपने बुनियादी ढांचे के प्रभाव को कम करते हैं।
- **ग्रीन कवर विकास:** हमारे व्यापक वनीकरण अभियान ने ग्रीन कवर का काफी विस्तार किया है, जो कार्बन पृथक्करण और पर्यावरणीय कल्याण में योगदान देता है।
- **तकनीकी नवाचार:** हम लगातार मल्टी–सर्किट टावरों और प्राकृतिक एस्टर तेल रिएक्टरों जैसी नवीन तकनीकों का नेतृत्व कर रहे हैं, भूमि उपयोग और पर्यावरणीय प्रभाव को कम कर रहे हैं।

यह रिपोर्ट हमारे चल रहे प्रयासों का सिर्फ एक संक्षेप मात्र है। हम 2047 तक नेट जीरो स्टेटस हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और अपने ईएसजी लक्ष्यों को पार करने के लिए समर्पित हैं।

हम आपको बीआरएसआर का विस्तार से पता लगाने और पावरग्रिड एक स्थायी भविष्य को शक्ति देने के तरीके के बारे में अधिक जानने के लिए आमंत्रित करते हैं। हम आपकी प्रतिक्रिया का स्वागत करते हैं और इस महत्वपूर्ण यात्रा में सभी हितधारकों के साथ सहयोग करने के लिए तत्पर हैं।

अभय चौधरी
निदेशक (परियोजनाएं)

8. व्यावसायिक उत्तरदायित्व नीति (यों) के कार्यान्वयन और निगरानी के लिए जिम्मेदार सर्वोच्च प्राधिकारी का विवरण।	निदेशक (परियोजनाएं)
9. क्या इकाई में संवहनीयता संबंधी मुद्दों पर निर्णय लेने के लिए जिम्मेदार बोर्ड/निदेशक की समिति है? (हां/नहीं)। यदि हाँ, तो विवरण प्रदान करें।	निदेशक (परियोजनाएं) ईमेल: d.proj@powergrid.in

10. कंपनी द्वारा एनजीआरबीसी की समीक्षा का ब्योरा

समीक्षा हेतु विषय	यह स्पष्ट करें कि क्या समीक्षा निदेशक/बोर्ड की समिति/ किसी अन्य समिति द्वारा की गई थी।									आवृत्ति (वार्षिक/अर्द्धवार्षिक/ त्रैमासिक/ कोई अन्य–कृपया उल्लेख करें)								
	पी1	पी2	पी3	पी4	पी5	पी6	पी7	पी8	पी9	पी1	पी2	पी3	पी4	पी5	पी6	पी7	पी8	पी9
उपरोक्त नीतियों के प्रति प्रदर्शन एवं अनुवर्ती कार्यवाही	हां	हां	हां	हां	हां	हां	लागू नहीं	हां	हां	सभी समीक्षाएं आवश्यकता आधार पर की जाती है।								
सिद्धांतो के लिए प्रासंगिक सांविधिक आवश्यकताओं का अनुपालन और, किसी गैर–अनुपालन का परिशोधन	हां	हां	हां	हां	हां	हां	लागू नहीं	हां	हां	सभी समीक्षाएं आवश्यकता आधार पर की जाती है।								

11. क्या इकाई ने किसी बाहरी एजेंसी द्वारा अपनी नीतियों के कार्यकरण का स्वतंत्र आंकलन/मूल्यांकन कराया है? (हां/नहीं)। यदि हाँ, तो एजेंसी का नाम बताएं*	पी1	पी2	पी3	पी4	पी5	पी6	पी7	पी8	पी9
	हां	हां	हां	हां	हां	हां	लागू नहीं	हां	हां

12. यदि उपरोक्त प्रश्न (1) का उत्तर 'नहीं' है अर्थात् सभी सिद्धांत किसी नीति में शामिल नहीं है, तो कारण बताया जाना चाहिए:

प्रश्न	सिद्धांत 7– जिम्मेदार सार्वजनिक नीति की हिमायत
कंपनी अपने व्यवसाय के लिए महत्वपूर्ण सिद्धांतों का लिहाज नहीं करती है (हां/नहीं)।	नहीं
कंपनी इस अवस्था में नहीं है जिसमें यह निर्दिष्ट सिद्धांतों पर नीतियाँ तैयार करने और लागू करने की स्थिति में है (हां/नहीं)।	नहीं
कंपनी के पास इस काम के लिए वित्तीय या मानव एवं तकनीकी संसाधन उपलब्ध नहीं हैं (हां/नहीं)।	नहीं
इसे अगले वित्तीय वर्ष में करने की योजना है वर्ष (हां/नहीं)।	नहीं
कोई अन्य कारण (कृपया उल्लेख करें)	पावरग्रिड विभिन्न औद्योगिक और व्यापारिक निकायों का सदस्य है और अपने हितों पर प्रभाव मुद्दों और नीतिगत मामलों पर इन मंचों पर भाग लेता है। जहाँ भी आवश्यक होती है, हम सीईआरसी, सीईए, एमओपी, ट्राई, एमओईएफसीसी और अन्य प्राधिकरणों द्वारा जारी किए गए विभिन्न दृष्टिकोण पत्रों, परामर्श पत्रों, प्रारूप विनियमों और नियमों आदि पर जिम्मेदार एवं पारदर्शी ढंग से अपनी टिप्पणियाँ देते हैं।

खंड ग- सिद्धांतवार प्रदर्शन प्रकटीकरण

सिद्धांत 1: व्यवसायों को मानदारी के साथ और नैतिक, पारदर्शी एवं जवाबदेह तरीके से अपना आचरण व शासन करना चाहिए।

आवश्यक संकेतक

1. वित्तीय वर्ष के दौरान किसी भी सिद्धांत पर प्रशिक्षण व जागरूकता कार्यक्रमों द्वारा प्रतिशत कवरेजः

खंड	आयोजित प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रम की कुल संख्या	प्रशिक्षण के अंतर्गत आने वाले विषय/सिद्धांत और उनका प्रभाव	जागरूकता कार्यक्रमों में शामिल संबंधित श्रेणियों के व्यक्तियों का प्रतिशत
निदेशक मंडल	1	सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण, रणनीति/उद्योग के रुझान, नैतिकता और शासन और कानूनी और नियामक मामलों और कंपनी के संचालन से संबंधित मुद्दों को कवर करने वाले अभिज्ञता कार्यक्रम।	100%
प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक	1	सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण, रणनीति/उद्योग के रुझान, नैतिकता और शासन और कानूनी और नियामक मामलों और कंपनी के संचालन से संबंधित मुद्दों को कवर करने वाले अभिज्ञता कार्यक्रम।	100%
निदेशक मंडल और प्रमुख प्रबंधन कार्मिक (कर्मचारियों को छोड़कर) को छोड़कर कर्मचारी	474	तकनीकी, व्यवहारिक, नेतृत्व, भलाई, पॉश अधिनियम, स्वास्थ्य और सुरक्षा आदि।	77%
कामगार (कामगार कर्मचारी)	193	तकनीकी, व्यवहारिक, नेतृत्व, भलाई, पॉश अधिनियम, स्वास्थ्य और सुरक्षा आदि।	84%

2. **वित्तीय वर्ष में नियामकों/विधि प्रवर्तन एजेंसियों/न्यायिक संस्थाओं के साथ कार्यवाहियों (संस्था द्वारा अथवा निदेशकों/केएमपी द्वारा) में भुगतान किए गए जुर्माना/शास्ति/दंड/अर्थदंड/पुरस्कार/शमन शुल्क/निपटान राशि का विवरण निम्नलिखित फार्मेट में (टिप्पणीः इकाई सेबी (सूचीकरण दायित्व और प्रकटीकरण दायित्व) विनियम, 2015 के विनियम 30 में यथा विनिदष्ट भौतिकता और जैसा कि इकाई की वेबसाइट पर बताया गया है, के आधार पर प्रकटीकरण करेगी):**

कंपनी ने सभी वैधानिक विनियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए एक मजबूत शासन संरचना स्थापित की है। वर्ष के दौरान कोई जुर्माना, दंड या किसी अन्य प्रकार का निपटान/दंडात्मक भुगतान नहीं किया गया है।

मौद्रिक					
	एनजी. आरबीसी सिद्धांत	विनियामक/ प्रवर्तन एजेंसियों/न्यायिक संस्थानों का नाम	राशि (रूपए में)	मामला का संक्षिप्त विवरण	क्या कोई अपील की गई है? (हां/नहीं)
जुर्माना/अर्थदंड	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
समझौता	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
यौगिक शुल्क	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
गैर–मौद्रिक					
	एनजी. आरबीसी सिद्धांत	विनियामक/प्रवर्तन एजेंसियों/न्यायिक संस्थानों का नाम	राशि (रूपए में)	मामला का संक्षिप्त विवरण	क्या कोई अपील की गई है? (हां/नहीं)
कारावास	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
सजा	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य

3. **उपर्युक्त प्रश्न 2 में बताए गए उदाहरणों में से, उन मामलों में अपील/संशोधन के विवरण को प्राथमिकता दी जाती है, जहां मौद्रिक या गैर–मौद्रिक कार्रवाई की अपील की गई है।**

वाद का ब्योरा	विनियामक/प्रवर्तन एजेंसियों/न्यायिक संस्थाओं का नाम
लागू नहीं	लागू नहीं

4. **क्या कंपनी के पास भ्रष्टाचार विरोधी या रिश्वत–रोधी नीति है? यदि हां, तो संक्षेप में विवरण प्रदान करें और यदि उपलब्ध हो, तो उक्त नीति के लिए एक वेब लिंक प्रदान करें।**

पावरग्रिड अपने सभी कार्यों में पारदर्शिता और निरंतरता का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध है। पावरग्रिड निम्नलिखित सहित सभी स्तरों पर नैतिक आचरण को मजबूत करने के लिए कई नीतियों/नियमों का पालन करता है:

- **व्यवसाय संबंधी आचार संहिता और आचरण:** पावरग्रिड ने दो अलग–अलग व्यावसायिक आचार और आचरण संहिता निर्धारित की है – एक, बोर्ड के सदस्यों के लिए और दूसरा, वरिष्ठ प्रबंधन कर्मियों (सहायक कंपनियों/संयुक्त उद्यमों में प्रतिनियुक्त लोगों सहित) के लिए कंपनी के विजन और मिशन के साथ संरेखण में और इसका उद्देश्य कंपनी के मामलों के प्रबंधन में नैतिक और पारदर्शी प्रक्रिया को बढ़ाना है।
- **पावरग्रिड के आचरण और अनुशासन अपील नियम (पावरग्रिड सीडीए नियम):** पावरग्रिड सीडीए नियम कर्मचारियों के लिए वांछनीय और गैर–वांछनीय कृत्यों और आचरण को परिभाषित करते हैं और इसके साथ काम करने वाले सभी कर्मचारियों (सहायक कंपनियों/संयुक्त उद्यमों में प्रतिनियुक्त कर्मचारियों सहित) तक विस्तारित होते हैं। रिश्वत और भ्रष्टाचार के पहलुओं को भी सीडीए नियमों के तहत कवर किया गया है। परिभाषित शर्तों का अनुपालन न करने के साथ–साथ किसी भी कदाचार के लिए कार्रवाई के लिए एक निर्धारित प्रक्रिया है।
- **व्हिसल ब्लोअर और धोखाधड़ी निवारण नीति:** व्हिसल ब्लोअर और धोखाधड़ी निवारण नीति कर्मचारियों द्वारा किए गए प्रकटीकरण या पावरग्रिड के कर्मचारियों (सभी पूर्णकालिक, अंशकालिक या तदर्थ/अस्थायी/अनुबंध आधार पर नियुक्त कर्मचारी) के साथ–साथ विक्रेताओं, आपूर्तिकर्ताओं, ठेकेदारों, सेवा प्रदाताओं या पावरग्रिड के साथ किसी भी प्रकार का व्यवसाय करने वाली किसी भी बाहरी एजेंसी (ओं) के प्रतिनिधियों से जुड़े किसी भी धोखाधड़ी या संदिग्ध धोखाधड़ी की शिकायत के लिए एक प्रणाली प्रदान करती है।
- **रिश्वत–रोधी प्रबंधन प्रणाली:** पावरग्रिड नैतिक मानदंडों और पारदर्शिता के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए अपने सभी प्रतिष्ठानों और व्यावसायिक कार्यों में आईएसओ 37001 के अनुसार रिश्वत–रोधी प्रबंधन प्रणाली को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है।

उपर्युक्त नीतियों के लिए लिंक निम्न है– https://www.powergrid.in/code-conductpolicies?title=&page=1

इसके अलावा, पावरग्रिड द्वारा अपनी व्यावसायिक प्रथाओं में अखंडता, पारदर्शिता और निष्पक्षता को मजबूत करने के लिए कई पहल की गई हैं/की जा रही हैं जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- सुपरिभाषित 'शक्तियों का प्रत्यायोजन' सुव्यवस्थित तरीके से कार्य करने के लिए शीर्ष कार्यपालकों और निचले स्तर के कार्यपालकों की शक्तियों को चित्रित करता है।
- जवाबदेही और जिम्मेदारी के साथ त्वरित और विकेन्द्रीकृत निर्णय लेने पर प्रमुख जोर देने के साथ नीतियों और प्रक्रियाओं को अधिक व्यवस्थित, पारदर्शी और अपने व्यवसाय संचालन में समान रूप से प्रशासित करने में आसान बनाने के उद्देश्य से (समय–समय पर संशोधित) "आबंटन पूर्व और आबंटन पश्चात स्तरों हेतु कार्य और खरीद नीति और प्रक्रिया (डब्ल्यूपीपीपी)" (समय–समय पर यथा संशोधित)।
- "सत्यनिष्ठा संधि कार्यक्रम" लागू किया गया है जिसे खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने में एक उपयोगी उपकरण माना जाता है। ₹100 करोड़ से अधिक की संविदाओं की निगरानी भी "स्वतंत्र बाह्य निगरानीकर्ताओं (आईईएम)" के पैनल द्वारा की जाती है। इसके अलावा, सत्यनिष्ठा समझौता कार्यक्रम (आईपीपी) से संबंधित मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) की सीवीसी द्वारा समीक्षा की गई है और अपनाने हेतु एक संशोधित एसओपी (एसओपी 2021) तैयार किया गया है। पावरग्रिड ने अपने व्यावसायिक संदर्भ में संशोधित एसओपी लागू किया है। संशोधित एसओपी के अनुसार, ठेकेदार अनुबंध के तहत नियोजित करने से पहले अपने उप–ठेकेदारों के साथ अखंडता समझौते पर भी हस्ताक्षर करेगा।
- पावरग्रिड, प्रमुख रूप से, बेहतर पारदर्शिता और संगठन के भीतर सुशासन को विकसित करने के उद्देश्य से निवारक, सक्रिय सतर्कता पर ध्यान केंद्रित करता है।

5. **निदेशकों/केएमपी/कर्मचारियों/कामगारों की संख्या जिनके विरुद्ध रिश्वत/भ्रष्टाचार के आरोपों के लिए किसी विधि प्रवर्तन एजेंसी द्वारा अनुशासनिक कार्रवाई की गई ।**

	वित्त वर्ष 2023–24	वित्त वर्ष 2022–23
निदेशक	0 (शून्य)	0 (शून्य)
केएमपी	0 (शून्य)	0 (शून्य)
कर्मचारी	0 (शून्य)	1
कामगार	0 (शून्य)	0 (शून्य)

6. हितों के टकराव के संबंध में शिकायतों का विवरण:

वित्त वर्ष 23 और वित्त वर्ष 22 में निदेशकों/केएमपी के विरूद्ध हितों के टकराव के संबंध में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई.

	वित्त वर्ष 2023–24		वित्त वर्ष 2022–23	
	संख्या	टिप्पणियाँ	संख्या	टिप्पणियाँ
निदेशकों के हित टकराव के मुद्दों के संबंध में प्राप्त शिकायतों की संख्या	0 (शून्य)		0 (शून्य)	
केएमपी के हित टकराव के मुद्दों के संबंध में प्राप्त शिकायतों की संख्या	0 (शून्य)		0 (शून्य)	

7. भ्रष्टाचार और हितों के टकराव के मामलों पर नियामकों/कानून प्रवर्तन एजेंसियों/न्यायिक संस्थानों द्वारा अध्यारोपित जुर्माना/दंड/की गई कार्रवाई से संबंधित मुद्दों पर की गई या चल रही किसी भी सुधारात्मक कार्रवाई का विवरण प्रदान करें।

कोई नहीं।

8. निम्नलिखित प्रारूप में देय खातों की संख्या (देय खाते *365)/खरीदे गए माल/सेवाओं की लागत):

	वित्त वर्ष 2023–24	वित्त वर्ष 2022–23
देय खातों की संख्या	34.44	30.87

9. व्यापार का खुलापन

निम्नलिखित प्रारूप में, संबंधित पार्टियों के साथ ऋण और अग्रिम और निवेश के साथ–साथ व्यापारिक घरानों, डीलरों और संबंधित पार्टियों के साथ खरीद और बिक्री की एकाग्रता का विवरण प्रदान करें:

मानक	मैट्रिक्स	वित्त वर्ष 2023–24	वित्त वर्ष 2022–23
खरीद संकेन्द्रण	क. कुल खरीद के प्रतिशत के रूप मेंट्रेडिंग हाउस से खरीद	लागू नहीं	लागू नहीं
	ख. ट्रेडिंग हाउसों की संख्या जहां से खरीद की गई।	लागू नहीं	लागू नहीं
	ग. ट्रेडिंग हाउसों से कुल खरीद के प्रतिशत के रूप में शीर्ष 10 ट्रेडिंग हाउसों से खरीद।	लागू नहीं	लागू नहीं
बिक्री संकेन्द्रण	क. कुलबिक्री के प्रतिशत के यप में डीलरों/डिस्ट्रीब्यूटरों को बिक्री	लागू नहीं	लागू नहीं
	ख. डीलरों/डिस्ट्रीब्युटरों की संख्या जिन्हें बिक्री की गई।	लागू नहीं	लागू नहीं
	ग. डीलरों/डिस्ट्रीब्युटरों को कुल बिक्री के प्रतिशत के रूप में शीर्ष 10 डीलरों/डिस्ट्रीब्युटरों को बिक्री	लागू नहीं	लागू नहीं
संबंधित आरपीटी का शेयर	क. खरीद (संबंधित पक्षों के साथ खरीद/कुल खरीद)	0.22%	0.06%
	ख. बिक्री (पक्षों से संबंधित बिक्री/कुल बिक्री)	0.08%	0.07%
	ग. ऋण एवं अग्रिम (संबंधित पक्षों को दिया गया ऋण एवं अग्रिम/कुल ऋण एवं अग्रिम)	3.67%	0.00%
	घ. निवेश (संबंधित पक्षों में निवेश/कुल किया गया निवेश)	81.21%	97.28%

* समेकित वित्तीय विवरण के रूप में (अर्थात् निरसन पश्चात)

सिद्धांत 2: व्यवसाय को सतत और सुरक्षित तरीके से वस्तु और सेवाएं प्रदान करनी चाहिए।

आवश्यक संकेतक

1. कंपनी द्वारा किए गए क्रमशः कुल अनुसंधान एवं विकास और पूंजीगत व्यय निवेशों के लिए उत्पाद और प्रक्रियाओं के पर्यावरणीय और सामाजिक प्रभावों में सुधार के लिए विशिष्ट प्रौद्योगिकियों में अनुसंधान एवं विकास और पूंजीगत व्यय (सीएपीईएक्स) निवेश का प्रतिशत।

	चालू वित्त वर्ष	विगत वित्त वर्ष	पर्यावरणीय एवं सामाजिक प्रभावों में सुधारों का ब्योरा
अनुसंधान एवं विकास	45.90%	-	1. **आरई पूलिंग स्टेशनों में स्टेटकॉम यथा भाडला–II, बीकानेर–II, फतेहगढ़–II** स्टेटकॉम एक ऐसा उपकरण है जो वोल्टेज के उतार–चढ़ाव को प्रबंधित करके पावर ग्रिड में स्थिरता बनाए रखने में मदद करता है। यह पारंपरिक तरीकों की तुलना में बहुत तेजी से काम करता है और सौर और पवन जैसे नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को एकीकृत करने के लिए विशेष रूप से उपयोगी है, जो अप्रत्याशित हो सकता है। ग्रिड स्थिरता और विश्वसनीयता में सुधार के लिए राजस्थान में सौर ऊर्जा संयंत्रों में भारत में पहली बार स्टेटकॉम का उपयोग किया गया था। 2. **देशी वेंडर विकास के माध्यम से 400 केवी ट्विन मूस ट्रांसमिशन लाइनों तक ईआरएसः** पावरग्रिड क्षतिग्रस्त बिजली लाइनों की तेजी से मरम्मत के लिए आपातकालीन बहाली प्रणाली (ईआरएस) पर निर्भर करता है। पहले, ये ईआरएस घटक, जैसे मस्तूल अनुभाग और इंसूलेटेड क्रॉसआर्म्स, पूरी तरह से आयात किए गए थे। भारतीय विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए, पावरग्रिड ने उच्च वोल्टेज ईआरएस (400 केवी तक) के लिए घरेलू आपूर्तिकर्ताओं को विकसित करने के लिए एक कार्यक्रम शुरू किया, जिसका उद्देश्य भविष्य की मरम्मत के लिए आत्मनिर्भर आपूर्ति श्रृंखला बनाना है 3. **महराजगंज में 400 केवी ट्विन मोनो पोल** भीड़भाड़ वाले शहरी क्षेत्र में पावर ग्रिड को मजबूत करने के लिए, जुड़वां मोनोपोल का उपयोग करके एक अनूठा समाधान लागू किया गया था। पारंपरिक टावर फिट नहीं होंगे, और मौजूदा लोगों का विस्तार संभव नहीं था। यह डिज़ाइन बढ़ी हुई स्थिरता और भार क्षमता के लिए क्षैतिज रूप से जुड़े दो स्टील मोनोपोल का उपयोग करता है। इस दृष्टिकोण ने पदचिह्न, बेहतर सौंदर्यशास्त्र और सरलीकृत निर्माण और रखरखाव को कम किया।
सीएपीईएक्स	45.04%	34.95%	पावरग्रिड अक्षय ऊर्जा को खाली करने के लिए बुनियादी ढांचे के निर्माण में शामिल है। इन परियोजनाओं में नए सबस्टेशन और ट्रांसमिशन लाइनों का निर्माण शामिल है, खासकर उन क्षेत्रों में जहां सौर और पवन खेतों की उच्च सांद्रता है। यह ग्रिड को मजबूत करेगा और राष्ट्रीय ग्रिड में अधिक नवीकरणीय ऊर्जा के सुचारू एकीकरण की अनुमति देगा।

2. **क. क्या कंपनी के पास सतत स्रोत की प्रक्रिया है? (हां/नहीं)**

पावरग्रिड अपनी विभिन्न खरीद आवश्यकताओं के लिए स्थायी सोर्सिंग की दिशा में पूर्व–परिभाषित प्रक्रियाओं और प्रक्रियाओं के एक सेट का पालन करता है। इन प्रक्रियाओं और प्रक्रियाओं को यह सुनिश्चित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है कि पावरग्रिड की खरीद गतिविधियां पर्यावरण और सामाजिक रूप से जिम्मेदार हैं और वे सभी प्रासंगिक वैधानिक आवश्यकताओं का अनुपालन करती हैं।

पावरग्रिड की सतत खरीद प्रथाओं के कुछ मुख्य तत्वों में निम्नलिखित शामिल हैः

- **वैधानिक आवश्यकताओं का अनुपालनः** पावरग्रिड को सभी ठेकेदारों को प्रदूषण की रोकथाम, श्रम मानकों और व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा से संबंधित सभी प्रासंगिक कानूनों और विनियमों जैसे पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986, वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981, जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974, संविदा श्रम (विनियमन और उत्सादन) अधिनियम 1970, कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम 1923, समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948, बालक श्रम (प्रतिषेध और विनियमन) अधिनियम 1986 आदि।

- **एक पर्यावरण प्रबंधन योजना का विकासः** जिन ठेकेदारों को आपूर्ति–सह–स्थापना पैकेज के लिए अनुबंध से सम्मानित किया जाता है, उन्हें पर्यावरण प्रबंधन योजना विकसित करने और कार्यान्वित करने की आवश्यकता होती है। इस योजना को परियोजना के पर्यावरणीय प्रभावों की पहचान और आकलन करना चाहिए और इन प्रभावों को कम करने के लिए किए जाने वाले उपायों की रूपरेखा तैयार करनी चाहिए।
- **एक अखंडता संधि कार्यक्रम को अपनानाः** पावरग्रिड ने एक अखंडता संधि कार्यक्रम अपनाया है, जो पावरग्रिड और उसके ठेकेदारों के बीच कानूनी रूप से बाध्यकारी समझौता है। सत्यनिष्ठा समझौता ठेकेदार को व्यावसायिक नैतिकता के उच्चतम मानकों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध करता है और यह ठेकेदार को भ्रष्ट या कपटपूर्ण प्रथाओं में संलग्न होने से रोकता है।
- **कठोर सुरक्षा मानदंडों का पालनः** पावरग्रिड शामिल कर्मियों के व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्राथमिकता देने और जीवन/संपत्ति के किसी भी नुकसान को रोकने/कम करने के लिए एक सुरक्षित कार्य संस्कृति को अपनाने पर बहुत जोर देता है। इस आशय के लिए, किसी भी चालू संविदा (ठेकों) में घातक दुर्घटना (दुर्घटनाओं) के परिणामस्वरूप बोली दस्तावेजों में विनिदष्ट पूर्व–निर्धारित मानदंडों के आधार पर बोलियों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं होती है।
- **सामाजिक जवाबदेही मानदंडों का अनुपालनः** संविदाकार से सामाजिक जवाबदेही मानक एसए 8000 की सभी अपेक्षाओं का अनुपालन करना भी अपेक्षित है जिसमें अन्य बातों के साथ–साथ कार्यस्थल में सामाजिक जवाबदेही के लिए महत्वपूर्ण आठ क्षेत्रों में कंपनियों के निष्पादन को मापता है बाल श्रम, बलात् मजदूरी, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, मुक्त संघ और सामूहिक सौदेबाजी, भेदभाव, अनुशासनात्मक प्रथाएं, कार्य के घंटे और मुआवजा।

उपरोक्त के अलावा, निर्बाध विद्युत पारेषण को बढ़ाने और बनाए रखने के लिए आवश्यक बड़ी और जटिल तकनीकी पारेषण परियोजनाओं के लिए खरीद की प्रकृति पर विचार करते हुए, पावरग्रिड में संबंधित परियोजना के तहत प्रत्येक खरीद महत्वपूर्ण प्रकृति की है। इसलिए, प्रत्येक आपूर्तिकर्ता क्षमता और क्षमता विश्लेषण के लिए विभिन्न स्तरों की जांच से गुजरता है जैसे पैकेज–वार योग्यता आवश्यकता, पूर्व–परिभाषित घटनाएं आदि।

पावरग्रिड की खरीद प्रक्रिया ध्वनि व्यापार सिद्धांतों का पालन करती है और विभिन्न पर्यावरणीय, सामाजिक और शासन मानदंडों का अनुपालन करती है और इस प्रकार इसकी संपूर्ण खरीद श्रृंखला में स्थिरता सुनिश्चित करती है।

ख. यदि हाँ, तो कितने प्रतिशत इनपुट स्थायी रूप से प्राप्त किए गए थे?

उपरोक्त जानकारी स्थायी सोर्सिंग के लिए एक परिभाषित प्रक्रिया की रूपरेखा तैयार करती है, जिसमें पर्यावरण मानकों, बाल श्रम और मौलिक मानवाधिकारों के लिए आपूर्तिकर्ता आचार संहिता शामिल है। सभी ठेकेदारों को इन कोडों के साथ–साथ ।8000 और अखंडता संधि जैसे विशिष्ट मानकों का पालन करना आवश्यक है।

3. (क) प्लास्टिक (पैकेजिंग सहित) (ख) ई–कचरा (ग) खतरनाक अपशिष्ट और (घ) अन्य अपशिष्ट हेतु जीवन के अंत में पुनः उपयोग, पुनर्चक्रण और निपटान के लिए अपने उत्पादों को सुरक्षित रूप से पुनः प्राप्त करने के लिए प्रक्रियाओं का वर्णन करें।

कंपनी अपशिष्ट प्रबंधन नीति से अपना मार्गदर्शन प्राप्त करती है। कंपनी की अपशिष्ट प्रबंधन प्रथाएं उत्पन्न कचरे के सूचीकरण, विभिन्न श्रेणियों में उत्पन्न कचरे के पृथक्करण की दिशा में केंद्रित हैं; कचरे में कमी, अपशिष्ट उत्पादन की तीव्रता की गणना, अपशिष्ट पदार्थों का पुनर्चक्रण और कचरे का पुनः उपयोग, जहां भी संभव हो, आर्थिक और पर्यावरणीय लाभों के लिए; और अंत में अवशिष्ट कचरे का सबसे पर्यावरण के अनुकूल तरीके से निपटान करें।

कचरे का प्रकार	स्थापित कचरा प्रबंधन प्रकिया
प्लास्टिक (पैकेजिंग सहित)	पावरग्रिड, जिसे संस्थागत अपशिष्ट जनरेटर के रूप में वर्गीकृत किया गया है, उत्पादकों, आयातकों या ब्रांड मालिकों को आवश्यकतानुसार पैकेजिंग सामग्री और बहुस्तरीय प्लास्टिक को छांटने और वापस करने के लिए जिम्मेदार है।
ई–कचरा	पावरग्रिड के पास ई–कचरा प्रबंधन के लिए उचित प्रक्रिया है, जिसमें कचरे को अधिकृत संग्रह केंद्रों, पंजीकृत विघटनकर्ताओं, या पुनर्चक्रणकर्ताओं को निर्देशित किया जाना शामिल है और ई–कचरे को उत्पादक द्वारा सुगम पिक–अप या टेक–बैक सेवाओं के माध्यम से भी वापस किया जाता है, जिससे इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों का जिम्मेदार हैंडलिंग और पुनर्चक्रण सुनिश्चित होता है। पावरग्रिड अपने बैटरी कचरे को उचित निपटान के लिए बैटरी उत्पादकों या उनके अधिकृत एजेंटों को स्थानांतरित करके प्रबंधित करता है।

कचरे का प्रकार	स्थापित कचरा प्रबंधन प्रकिया
खतरनाक कचरा	खतरनाक और अन्य अपशिष्ट (प्रबंधन और सीमापारीय आंदोलन) नियम, 2016 के अनुसार खतरनाक के रूप में वर्गीकृत ट्रांसफार्मर तेल को शायद ही कभी बदला जाता है और असाधारण मामलों में, जहां यह आगे उपयोग के लिए अनुपयुक्त हो जाता है, उपयोग किए गए तेल को अलग से एकत्र किया जाता है, फॉर्म –8 के अनुसार लेबल किया जाता है, और अन्य अपशिष्ट ध ाराओं के साथ मिलाए बिना संग्रहीत किया जाता है। उत्पादन के 90 दिनों के भीतर, इसे या तो बेच दिया जाता है या पंजीकृत पुनर्चक्रणकर्ताओं को भेज दिया जाता है, जिसमें संबंधित राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एसपीसीबी) को प्रति फॉर्म –4 दायर किया जाता है। पहले से ताजा ट्रांसफार्मर तेल वाले खाली ड्रमों का निपटान मेटल स्क्रैप ट्रेडिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमएसटीसीएल) की वेबसाइट पर होस्ट की गई ऑनलाइन नीलामी के माध्यम से किया जाता है।
अन्य कचरा (रद्दी कागज और कागज से बने उत्पाद)	कागज अपशिष्टों का प्रबंधन सरकार द्वारा प्राधिकृत पुनर्चक्रणकर्ताओं के माध्यम से, जैसा भी लागू हो, भेजकर किया जाता है।

4. क्या विस्तारित निर्माता जिम्मेदारी (ईपीआर) इकाई की गतिविधियों पर लागू होती है (हां/नहीं)। यदि हां, तो क्या अपशिष्ट संग्रहण योजना प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों को प्रस्तुत ईपीआर योजना के अनुरूप है? यदि नहीं, तो इसके समाधान के लिए उठाए गए कदमों का उल्लेख कीजिए।

लागू नहीं

सिद्धांत 3: व्यवसायों को अपनी मुल्य श्रृंखलाओं में शामिल कर्मचारियों सहित सभी कर्मचारियों की भलाई का सम्मान करना चाहिए और बढ़ावा देना चाहिए

आवश्यक संकेतक

1. क) कर्मचारियों की भलाई के लिए उपायों का ब्यौरा।

श्रेणी	निम्न के अंतर्गत कवर कर्मचारियों का %										
	कुल (क)	स्वास्थ्य बीमा		दुर्घटना बीमा		मातृत्व लाभ		पितृत्व लाभ		डेकेयर सुविधाएं	
		सं. (ख)	% (ख/क)	सं. (ग)	% (ग/क)	सं. (घ)	% (घ/क)	सं. (ड.)	% (ड./क)	सं. (च)	% (च/क)
स्थायी कर्मचारी											
पुरूष	6120	6120	100%	6120	100%	लागू नहीं	लागू नहीं	6120	100%*	691	11.29%
महिला	613	613	100%	613	100%	613	100%*	लागू नहीं	लागू नहीं	95	15.50%
कुल	**6733**	**6733**	**100%**	**6733**	**100%**	**613**	**100%***	**6120**	**100%***	**786**	**11.67%**
स्थायी कर्मचारियों के अलावा											
पुरूष	248	248	100%	248	100%	लागू नहीं	लागू नहीं	0	लागू नहीं	2	0.81%
महिला	26	26	100%	26	100%	26	100%	NA	लागू नहीं	0	लागू नहीं
कुल	**274**	**274**	**100%**	**274**	**100%**	**26**	**100%**	**0**	शून्य	**2**	**0.73%**

* 100: पात्र कर्मचारी

ख) कामगारों की भलाई के लिए उपायों का ब्यौरा:

श्रेणी	निम्न के अंतर्गत कवर कर्मचारियों का %										
	कुल (क)	स्वास्थ्य बीमा		दुर्घटना बीमा		मातृत्व लाभ		पितृत्व लाभ		डेकेयर सुविधाएं	
		सं. (ख)	% (ख/क)	सं. (ग)	% (ग/क)	सं. (घ)	% (घ/क)	सं. (ड.)	% (ड./क)	सं. (च)	% (च/क)
कम्पनी की गैर–वित्तीय परिसंपत्तियों की वहन राशियों की प्रत्येक रिपोर्टिंग तारीख में यह निर्धारित करने के लिए पुनरीक्षा की जाती है कि भारतीय लेखाकरण मानक–36 ''परिसंपत्तियों की क्षति'' के प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए क्षति का कोई संकेतन हो, तब परिसंपत्ति की वसूलीयोग्य राशि अनुमानित होती है।

परिसंपत्ति अथवा नकदी उत्पादक यूनिट की वसूलीयोग्य राशि इसके उचित मूल्य घटा निपटान लागत और इसके प्रचलित मूल्य से अधिक होती है। प्रचलित मूल्य के निर्धारण में, अनुमानित भावी नकदी प्रवाह, पूर्व कर छूट दर का प्रयोग करते हुए उनके वर्तमान मूल्य में छूटप्राप्त होता है जो राशि के समय मान और परिसंपत्ति के जोखिम विशेष के चालू बाजार निर्धारण ों को दर्शाता है। अपसामान्य जांच के प्रयोजनार्थ परिसंपत्तियों को, जिनकी अलग–अलग रूप में जांच नहीं की जा सकती है, छोटे–छोटे परिसंपत्ति समूह में एक साथ समूहित किया जाता है, जो निरन्तर प्रयोग से नकदी अन्तर्प्रवाह उत्पन्न करते हैं, जो द्सरे परिसंपत्तियों अथवा परिसंपत्ति समूहों (नकदी उउत्पादक यूनिट'' अथवा ''सीजीयू') के नकदी अन्तप्रवाहों में अत्यधिक स्वतंत्र हैं।

नकदी अन्तर्प्रवाह में अपसामान्य क्षतियों को तब मान्य किया जाता है, यदि परिसंपत्ति अथवा इसके सीजीयू की रखरखाव राशि इसकी अनुमानित वसूलनीय राशि से अधिक हो। अपसामान्य हानियों को लाभ एवं हानि विवरण में मान्य किया जाता है। सीजीयू के संबंध में स्वीकृत अपसामान्य हानियों को सीजीयू के परिसंपत्तियों की रखरखाव राशियों से कम किया जाता है।

पूर्व अवधियों में स्वीकृत अपसामान्य हानियों को प्रत्येक रिपोर्टिंग तारीख में इन संकेतनों के लिए निर्धारित किया जाता है कि हानि कम हुई है अथवा अधिक समय तक नहीं रहती है। अपसामान्य हानि को लौटाया जाता है, यदि वसूलनीय राशि के निर्धारण हेतु प्रयुक्त अनुमानों में बदलाव किया गया हो। अपसामान्य हानि को सिर्फ उसी सीमा में लौटाया जाता है जिस सीमा में परिसंपत्तियों की रखरखाव राशि उस रखरखाव राशि से, जिसे निर्धारित किया जाएगा, निवल मूल्यह्रास अथवा परिशोधन, यदि अपसामान्य हानि को मान्य नहीं किया गया था, अधिक न हो।

2.10 नकदी एवं नकदी समतुल्य

नकदी एवं नकदी समतुल्य में हस्तगत नकदी और बैंक में जमा राशि तथा मांगने पर बैंकों में रखी जमा राशियां, जिनकी परिपक्वता अवधि अधिग्रहण की तारीख से तीन माह अथवा कम है, जिन्हें सहजता से एक ज्ञात नकदी राशि में परिवर्तित किया जाता है और मूल्य में परिवर्तन के अमहत्वपूर्ण जोखिम के अध्यधीन हो, शामिल हैं।

2.11 मालसूचियां

मालसूचियों को भारित औसत आधार पर निर्धारित निम्नतर लागत पर एवं निवल वसूलीयोग्य मूल्य पर मूल्यांकित किया जाता है।

अतिरिक्त पुर्जे, जो सम्पत्ति, संयंत्र एवं उपकरण के रूप में मान्य मापदण्ड को पूरा नहीं करते हैं, जिनकी लागत रु 5,00,000 से कम है, को मालसूचियों के रूप में रिकॉर्ड किया जाता है।

प्रबंधन द्वारा यथा–निर्धारित अतिरिक्त सामग्री को अभिप्रेत प्रयोग के लिए रखा जाता है और मालसूची में शामिल किया जाता है।

अप्रचलित/अनुप्रयोज्य और अतिरिक्त सामानों एवं अतिरिक्त पुर्जों की मूल्य में कमी का पुनरीक्षा पर पता लगाया जाता है और उपलब्ध कराया जाता है।

2.12 पट्टे

पट्टा एक अनुबंध है जिसमें एक निश्चित अवधि के लिये किसी विशिष्ट परिसंपत्ति का प्रयोगाधिकार निहित होता है।

किसी भी अनुबंध में प्रयोगाधिकार का आकुलन करने के लिये समूह सुनिश्चत करता है कि : (i) निर्धारित परिसंपत्ति में प्रयोगाधिकार निहित है। (ii) पट्टे की अवधि के दौरान केता को काफी हद तक सभी आर्थिक लाभ निहित हैं। (iii) क्रेता को परिसंपत्ति का उपयोगाधिकार प्रत्यक्ष रूप से मिला है।

i) पट्टादाता के रूप में

पट्टे के शुरू होने की तारीख में, समूह उपयोग के अधिकार की संपत्ति (आरओयू) और सभी पट्टा व्यवस्थाओं के लिए एक समान पट्टा दायित्व को पहचानता है, जिसमें वह एक पट्टेदार है, सिवाय बारह महीने या उससे कम की अवधि के पट्टे को छोड़कर

(यानी अल्पकालिक पट्टे) और पट्टे जिनके लिए अंतर्निहित परिसंपत्ति कम मूल्य की है। इन अल्पकालिक और पट्टों के लिए, जिनके लिए अंतर्निहित परिसंपत्ति कम मूल्य की है, समूह पट्टे की अवधि के दौरान सीधी–रेखा के आधार पर पढट्टे के भुगतान को मान्यता देती है।

कतिपय लीज व्यवस्थाओं में लीज अवधि की समाप्ति से पहले लीज को बढ़ाने या समाप्त करने के विकल्प शामिल हैं। आरओयू की संपत्ति और लीज देनदारियों में ये विकल्प शामिल हैं, जब यह यथोचित रूप से निश्चित है कि उनका प्रयोग किया जाएगा।

उपयोग के अधिकार की परिसंपत्तियों को शुरू में लागत पर मान्यता दी जाती है, जिसमें किसी भी प्रारंभिक प्रत्यक्ष लागत, बहाली दायित्वों के साथ या पट्टे की स्थापना तिथि से पहले किए गए किसी भी पट्टा भुगतान के लिए समायोजित पट्टा देयता के प्रारंभिक माप की राशि और प्राप्त पट्टा प्रोत्साहन शामिल होती है।

इसके बाद, उपयोग के अधिकार की संपत्ति को किसी भी संचित मूल्यह्रास, संचित हानि, यदि कोई हो, को घटाकर लागत पर मापा जाता है और पट्टा देयता के किसी भी पुनर्माप के लिए समायोजित किया जाता है। समूह यह निर्धारित करने के लिए इंड एएस 36 लागू करता है कि क्या आरओयू परिसंपत्ति खराब है और 'गैर–वित्तीय संपत्तियों की हानि' पर लेखांकन नीति 2.9 में वर्णित किसी भी पहचान की गई हानि के लिए जिम्मेदार है।

लीज देयता को प्रारंभ में लीज भुगतानों के वर्तमान मूल्य पर मापा जाता है जो उस तिथि पर भुगतान नहीं किए जाते हैं।

लीज देयता पर ब्याज लागत को लाभ और हानि के विवरण में व्यय किया जाता है, जब तक कि ''उधार लागत' पर लेखांकन नीति 2.8 के अनुसार पूंजीकरण के लिए पात्र न हो।

लीज देयता और आरओयू परिसंपत्ति को वित्तीय विवरण ों में अलग से प्रस्तुत किया गया है और लीज भुगतानों को वित्तीय नकदी प्रवाह के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

ii) एक पट्टेदार के रूप में

एक पट्टे को स्थापना तिथि पर वित्त पट्टे या एक परिचालन पट्टे के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

क) वित्त पट्टे

एक पट्टा जो एक परिसंपत्ति के स्वामित्व के लिए प्रासंगिक सभी जोखिमों और पुरस्कारों को काफी हद तक स्थानांतरित करता है, उसे वित्त के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

स्टेट सेक्टर यूनिफाइड लोड डिस्पैच सेंटर (यूएलडीसी)/ फाइबर ऑप्टिक कम्युनिकेशन एसेट्स (एफओसी)/ द्विपक्षीय लाइन परिसंपत्तियां जो लाभार्थियों को लीज पर दी गई हैं, उन्हें फाइनेंस लीज माना जाता है। ऐसी पट्टे पर दी गई संपत्ति में शुद्ध निवेश को पट्टे पर दी गई संपत्ति के उचित मूल्य के निचले स्तर पर प्राप्य के रूप में दर्ज किया जाता है और बाद के वर्षों में वृद्धि के साथ न्यूनतम पट्टा भुगतान का वर्तमान मूल्य वर्तमान और गैर–वर्तमान अन्य वित्तीय के तहत लीज प्राप्तियों के रूप में दर्ज किया जाता है। जहां कहीं भी राज्य क्षेत्र यूएलडीसी के निर्माण के लिए सहायता अनुदान प्राप्त होता है, ऐसे अनुदान के निवल लीज की गणना की जाती है।

लीज के ब्याज तत्व को सीईआरसी द्वारा अधिसूचित टैरिफ के अनुसार निवल निवेश पर रिटर्न की निरंतर आवधिक दर को दशनि वाले पैटर्न के आधार पर लीज अवधि में लाभ और हानि के विवरण में शामिल किया गया है।

पट्टे पर दी गई आस्तियों से संबंधित विदेशी मुद्रा ऋणों पर रोटो एफईआरवी को लीज प्राप्तियों की राशि में समायोजित किया जाता है और पट्टे की शेष अवधि में परिशोधित किया जाता है। घटकों से एफईआरवी वसूली (सीईआरसी मानदंडों के अनुसार) ऐसी परिशोधन राशि के निवल मान्यता प्राप्त है।

ख) प्रचालनात्मक पट्टा

प्रचालनात्मक पट्टा एक वित्त पट्टे के अलावा एक पट्टा है। पट्टे जिसमें जोखिम और स्वामित्व के पुरस्कार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा पट्टेदार द्वारा बरकरार रखा जाता है, को परिचालन पढट्टे के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

परिचालन पहट्टों के लिए, संपत्ति को संपत्ति, संयंत्र और उपकरण के रूप में पूंजीकृत किया जाता है और इसके आर्थिक जीवन पर मूल्यहास किया जाता है। परिचालन पढट्टे से किराये की आय को व्यवस्था की अवधि के दौरान मान्यता दी जाती है।

2.13 कर्मचारी हितलाभ

2.13.1 निर्धारित अंशदान योजना

निर्धारित अंशदान योजना एक नियोजन उपरांत लाभ योजना है, जिसके तहत कम्पनी अलग ईकाइयों (निधि) को निश्चित अंशदान अदा करती है और इसमें और अंशदान अदा करने के लिए कानूनी अथवा रचनात्मक बाध्यता नहीं होगी, यदि निधि में चालू एवं पूर्व अवधियों में कर्मचारी सेवा से संबंधित सभी कर्मचारी लाभों को अदा करने के लिए पर्याप्त परिसंपत्तियां नहीं रखता हो। निर्धारित अंशदान योजनाओं में अंशदान की बाध्यता को उस अवधि में जिस अवधि के दौरान कर्मचारी द्वारा सेवाएं प्रदान की गई हों, लाभ एवं हानि विवरण में कर्मचारी हितलाभ व्यय के रूप में मान्य किया जाता है।

समूह की एक निर्धारित अंशदान पेंशन योजना है, जिसे एक अलग न्यास के जरिए नियंत्रित किया जाता है। समूह की

बाध्यता ट्रस्ट में ऐसी सीमा में जो मूल वेतन और महंगाई भत्ता छटा भविष्य निधि के संबंध में अंशदान, उपदान, सेवानिवृत्ति बाद चिकित्सा सुविधा (पीआरएमएफद्ध अथवा कोई अन्य सेवानिवृत्ति लाभ के 30 प्रतिशत से अधिक न हो, अंशदान करना है। वर्ष हेतु निधि में किए गए अंशदानों को व्यय के रूप में मान्य किया जाता है और लाभ एवं हानि विवरण में प्रभारित होता है।

2.13.2 निर्धारित लाभ योजना

निर्धारित लाभ योजना निर्धारित अंशदान योजना से भिन्न एक नियोजनबाद लाभ योजना है। उपदान, सेवानिवृत्ति बाद चिकित्सा सुविधा, सेवानिवृत्ति के बाद गृहनगर में व्यवस्थापन हेतु बैगेज भत्ता, सेवानिवृत्ति पर दीर्घ सेवा पुरस्कार और भविष्य निधि अंशदान पर ब्याज देयता की सीमा में भविष्य निधि योजना के संबंध में समूह की देयता निर्धारित लाभ योजनाओं के स्वरूप में हैं।

उपदान समूह द्वारा वित्तपोषित होता है और अलग न्यास द्वारा व्यवस्थित होता है। समूह की सेवानिवृत्तिबाद चिकित्सा सुविधा (पीआरएमएफ) है, जिसके तहत सेवानिवृत्त कर्मचारी और पति/पत्नी को समूह के पैनलीकृत अस्पतालों में चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाती है। वे समूह द्वारा निर्धारित उच्चतम सीमा के अध्यधीन बाह्यरोगी के रूप में भी उपचार का लाभ ले सकते हैं।

समूह पूर्वनिर्धारित दरों पर एक अलग ट्रस्ट भविष्य निधि में निर्धारित अंशदान अदा करती है, जो निधियों को अनुमत प्रतिभूतियों में निवेश करता है। वर्ष हेतु निधि में अंशदानों को व्यय के रूप में मान्य किया जाता है और लाभ एवं हानि विवरण में प्रभारित किया जाता है। समूह की बाध्यता ऐसे निर्धारित अंशदानों तक सीमित होती है और भारत सरकार (जीओआई) द्वारा यथाविनिर्दिष्ट सदस्यों को अंशदान पर ब्याज की न्यूनतम दर को सुनिश्चित करने के लिए सीमित होती है।

समूह के अधिवर्षिता प्राप्त कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों के लिए गृहनगर में व्यवस्थापन हेतु खर्चों के संबंध में बैगेज भत्तों के भुगतान हेतु और अधिवर्षिता पर कम्पनी के सभी नियमित कर्मचारियों को दीर्घ सेवा पुरस्कार प्रदान करने के लिए योजना है।

परिभाषित लाभ योजनाओं के संबंध में समूह का निवल दायित्व प्रत्येक योजना के लिए अलग–अलग गणना करके किया जाता है, जिसमें कर्मचारी द्वारा वर्तमान और पिछली अवधि में अपनी सेवा के लिए अर्जित भविष्य के लाभ की राशि का अनुमान लगाया जाता है और उस लाभ्ज्ञ को उसके वर्तमान मूल्य को निर्धारित करने के लिए छूट दी जाती है।

परिकलन को मान्य बीमांकन द्वारा प्रक्षेपित यूनिट क्रेडिट प्रणाली का प्रयोजन करते हुए वार्षिक रूप से पूरा किया जाता है। जब परिकलन के परिणाम समूह के हित में हों, तो मान्य परिसंपत्ति किन्हीं अमान्य पिछली सेवा लागतों और योजना के भावी अंशदानों में योजना कटौतियों से किसी भावी वापसियों के रूप में उपलब्ध आर्थिक लाभों के वर्तमान मूल्य तक सीमित होती है। आर्थिक लाभ समूह को प्राप्त होता है, यदि यह योजना के कार्यकाल के दौरान वसूलनीय हो अथवा प्लान देयताओं के निपटान पर वसूलनीय हो। किसी बीमांकन अभिलाभ अथवा हानि को उस अवधि में, जिसमें वे उत्पन्न होते हैं, ओसीआई में मान्य किया जाता है।

जब योजना के लाभ संशोधित हों, तो कर्मचारियों द्वारा पिछली सेवा से संबंधित संवर्धित लाभ के भाग को औसत अवधि पर सीधी कटौती प्रणाली आधार पर, जब तक कि लाभ निहित न हो, लाभ एवं हानि विवरण में मान्य किया जाता है। इस सीमा में, कि लाभ तुरन्त प्राप्त हो, तो व्यय को लाभ एवं हानि विवरण में तुरन्त स्वीकार किया जाता है।

2.13.3 अन्य दीर्घावधि कर्मचारी हित लाभ

समूह के छुट्टी नकदीकरण और कर्मचारी परिवार आर्थिक पुनर्वास योजना के तहत लाभ अन्य दीर्घ अवधि कर्मचारी हितलाभ को संघटित करते हैं।

छुदटी नकदीकरण के संबंध में समूह की निवल देयता भावी लाभ की राशि होती है, जिसे कर्मचारियों ने चालू अथवा पूर्व अवधियों में अपनी सेवा के प्रतिफल में अर्जित की होती है; वह लाभ इसके वर्तमान मूल्य को निर्धारित करने के लिए छूटप्राप्त होता है। छूट दर भारत सरकार की प्रतिभूतियों के प्रचलित बाजार मुनाफों पर आधारित होती है, क्योंकि रिपोर्टिंग तारीख में, जो परिपक्वता तारीखें होती हैं, समूह की देयताओं की अवधि के लगभग होती हैं। परिकलन को प्रक्षेपित यूनिट क्रेडिट प्रणाली का प्रयोग करते हुए पूरा किया जाता है। किसी भी बीमांकन अभिलाभ अथवा हानियों को उस अवधि में, जिसमें वे उत्पन्न होती हैं, लाभ एवं हानि विवरण में मान्य किया जाता है।

''समूह की कर्मचारी परिवार आर्थिक पुनर्वास योजना'' के अनुसार, जो वैकल्पिक है, कर्मचारी की मृत्यु होने पर अथवा स्थाई पूर्ण अशक्तता की स्थिति में, आश्रित(तों) अथवा कर्मचारी, जैसा भी मामला हो, अंतिम भविष्य निधि और उपदान राशि को, जो ब्याजमुक्त होगी, जमा करने पर कर्मचारी की अधिवर्षिता की काल्पनिक तारीख तक कर्मचारी द्वारा आहरित अंतिम वेतन के आधार पर एक निश्चित राशि अदा की जाती है।

2.13.4 अल्पावधि लाभ

अल्प अवधि कर्मचारी हितलाभ देयताओं का मूल्यांकन अछूटप्राप्त आधार पर किया जाता है और व्यय किया जाता है, क्योंकि संबंधित सेवा उपलब्ध होती है।

देयता को निष्पादन संबंधित वेतन के तहत अदा किए जाने वाले प्रत्याशित राशि हेतु मान्य किया जाता है; यदि कर्मचारी द्वारा प्रदान की गई पिछली सेवा के परिणामस्वरूप इस राशि के भुगतान हेतु कोई वर्तमान कानूनी अथवा रचनात्मक देयता समूह की हो और देयता को विश्वसनीय रूप से आंकलित किया जा सकता है।

2.14 वित्तीय लिखतें

वित्तीय लिखित कोई संविदा है जो एक कम्पनी की वित्तीय परिसंपत्ति को और दूसरी कम्पनी की वित्तीय देयता अथवा इक्विटी लिखत को बढ़ाता है।

वित्तीय परिसंपत्तियां

वर्गीकरण

समूह अपने वित्तीय परिसंपत्तियों को निम्नलिखित श्रेणियों में वर्गीकृत करता है:

- परिशोधित लागत पर
- अन्य व्यापक आय के जरिए उचित मूल्य पर
- लाभ और हानि के जरिए उचित मूल्य पर

वर्गीकरण निम्नलिखित पर निर्भर करता है:

- वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रबंधन के लिए इकाई का व्यवसाय मॉडल और
- वित्तीय परिसंपत्ति की संविदात्मक नकदी प्रवाह विशेषताएँ

आरंभिक स्वीकरण एवं मूल्यांकन

सभी वित्तीय परिसंपत्तियों को, वित्तीय परिसंपत्तियों के मामले में शुरू में उचित मूल्य पर मान्य किया जाता है, जिन्हें लाभ अथवा हानि, लेनदेन लागत, यदि कोई हो, के जरिए उचित मूल्य में रिकॉर्ड नहीं किया गया हो, जिन्हें वित्तीय परिसंपत्ति के अधिग्रहण के संबंध में समझा जाता है। तथापि, ऐसे व्यापार प्राप्य, जिनमें महत्वपूर्ण वित्तीय घटक निहित नहीं होता है, को लेन–देन मूल्य पर मापा जाता है।

अनुवर्ती मूल्यांकन

परिशोधित लागत पर ऋण लिखतें: परिसंपत्तियों का, जिन्हें संविदात्मक नकदी प्रवाह को वसूली के लिए रखा गया हो, जहां वे नकदी प्रवाह को केवल मूल राशि एवं ब्याज के भुगतानों को दर्शाते हों, परिशोधित लागत पर मूल्यांकन किया जाता है। ऋण निवेश पर अभिलाभ अथवा हानि, जिसे बाद में परिशोधित लागत पर मूल्यांकित किया जाता है, को लाभ अथवा हानि में तब मान्य किया जाता है जब परिसंपत्ति को अमान्य अथवा अनर्जक माना गया हो। इन वित्तीय परिसंपत्तियों से प्राप्त ब्याज आय को प्रभावी ब्याज दर विधि का प्रयोग करते हुए वित्त आय में शामिल किया जाता है।

अन्य व्यापक आय (एफवीओसीआई) के माध्यम से उचित मूल्य पर ऋण लिखत:

संविदात्मक नकदी प्रवाह के संग्रह के लिए और वित्तीय परिसंपत्तियों को बेचने के लिए रखी गई संपत्तियां, जहां परिसंपत्तियों का नकदी प्रवाह केवल मूलधन और ब्याज के भुगतान का प्रतिनिधित्व करता है, को उचित मूल्य पर मापा जाता है। अन्य व्यापक आय (एफवीओसीआई) परिसंपत्ति की मान्यता समाप्त होने पर, ओसीआई में पहले से मान्यता प्राप्त संचयी लाभ या हानि को इक्विटी से लाभ और हानि में पुनर्वर्गीकृत किया जाता है। इन वित्तीय परिसंपत्तियों से ब्याज आय को प्रभावी ब्याज दर पद्धति का उपयोग करके वित्त आय में शामिल किया जाता है।

लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर ऋण लिखत (एफवीपीएल):

ऐसी परिसंपत्तियां जो परिशोधन लागत या एफवीओसीआई के मानदंडों को पूरा नहीं करती हैं, उन्हें लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर मापा जाता है। एक ऋण साधन पर ब्याज आय और निवल लाभ या हानि जिसे बाद में एफवीपीएल में मापा जाता है, को लाभ और हानि के विवरण में पहचाना जाता है और अन्य आय के भीतर प्रस्तुत किया जाता है जिसमें यह उत्पन्न होता है।

इक्विटी निवेश

भारतीय लेखाकरण मानक 109 ''वित्तीय लिखतें'' कार्य क्षेत्र में सभी इक्विटी लिखतों का मूल्यांकन उचित मूल्य पर किया जाता है। समूह आरंभिक स्वीकरण पर लिखत–दर–लिखत आधार पर अन्य व्यापक आय में (एफवीओसीआई) उचित मूल्य पर परवर्ती बदलाव को दशनि के लिए अविकल्पी विधि का चयन कर सकती है।

एफवीओसीआई के रूप में वर्गीकृत इक्विटी लिखतों के लिए लिखत में सभी उचित मूल्य परिवर्तनों को, जिसमें लाभांश शामिल नहीं है, ओसीआई में मान्य किया जाता है। इसमें निवेश बिक्री पर भी राशियों का ओसीआई से लाभ अथवा हानि में पुनर्निवेश नहीं होता है। तथापि, समूह इक्विटी के भीतर संचयी लाभ अथवा हानि को हस्तान्तरित कर सकती है।

वित्तीय परिसंपत्तियों का आमान्यीकरण

किसी वित्तीय परिसंपत्ति की मान्यता तभी रद्द की जाती है जब

i) परिसंपत्ति से नकदी प्रवाह प्राप्त करने का अधिकार समाप्त हो गया है, या

ii) (क) समूह ने वित्तीय परिसंपत्ति से नकदी प्रवाह प्राप्त करने के अधिकारों को स्थानांतरित कर दिया है (या) वित्तीय परिसंपत्तियों के नकदी प्रवाह को प्राप्त करने के लिए संविदात्मक अधिकारों को बरकरार रखता है, लेकिन एक या अधिक प्राप्तकर्ताओं को नकदी प्रवाह का भुगतान करने के लिए एक संविदात्मक दायित्व मानता है और

(ख) समूह ने परिसंपत्ति के सभी जोखिमों और पुरस्कारों को काफी हद तक स्थानांतरित कर दिया है (या) समूह ने परिसंपत्ति के सभी जोखिमों और पुरस्कारों को न तो हस्तांतरित किया है और न ही बरकरार रखा है, लेकिन संपत्ति का नियंत्रण स्थानांतरित कर दिया है।

वहन राशि और प्राप्त/प्राप्य राशि के बीच अंतर को लाभ और हानि के विवरण में मान्यता दी गई है।

वित्तीय परिसंपत्तियों की क्षति

व्यापार प्राप्यों के लिए समूह भा. ले. मा.–109 वित्तीय लिखत द्वारा अपेक्षित सरल तरीके का प्रयोग करता है, जिसमें प्राप्यों के शुरूआती स्वीकरण से स्वीकार किए जाने वाले पूर्णकालिक क्षतियां हो सकती है।

अन्य वित्तीय परिसंपत्तियों एवं जोखिम प्रकटनों पर संभावित हानि को स्वीकार करने के लिए समूह निर्धारित करता है कि क्या क्रेडिट जोखिम में शुरूआती स्वीकरण से महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है। यदि क्रेडिट जोखिम में विशेष रूप से वृद्धि हुई हो, तो 12 माह की संभावित क्रेडिट हानि (ईसीएल) को संभावित हानि हेतु उपलब्ध कराया जाता है। तथापि, यदि क्रेडिट जोखिम में महत्त्वपूर्ण वृद्धि हुई हो, तो जीवनकालिक ईसीएल का प्रयोग किया जाता है। यदि परवर्ती अवधि में लिखत की क्रेडिट गुणवत्ता में इस तरह सुधार होता है कि इसमें शुरूआती स्वीकरण से क्रेडिट में कोई विशेष वृद्धि लम्बे समय तक नहीं होती है, तब कम्पनी 12 माह के ईसीएल के आधार पर संभावित हानि छूट को वापस मान्य करती है।

वित्तीय देयताएं

समूह की वित्तीय देयताएं दूसरी कम्पनी को नकदी अथवा अन्य वित्तीय परिसंपत्ति प्रदान करने का संविदात्मक दायित्व है अथवा ऐसी स्थितियों में दूसरी संस्था के साथ वित्तीय परिसंपत्तियों अथवा वित्तीय देयताओं की अदलाबदली करने का दायित्व है, जो संभवतः समूह के लिए अनुकुल न हो।

समूह की वित्तीय देयताओं में ऋण एवं उधारियां, व्यापार तथा अन्य देयताएं शामिल हैं।

वर्गीकरण, आरंभिक स्वीकरण और मूल्यांकन

वित्तीय देनदारियों को शुरू में उचित मूल्य माइनस में मान्यता दी जाती है, वित्तीय देनदारियों के मामले में लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर दर्ज नहीं की जाती है, लेनदेन की लागत जो सीधे वित्तीय देनदारियों के मुद्दे के लिए जिम्मेदार होती है।

अनुवर्ती मूल्यांकन

प्रारंभिक मान्यता के बाद, वित्तीय देनदारियों को बाद में ईआईआर पद्धति का उपयोग करके परिशोधित लागत पर मापा जाता है। परिशोधन लागत की गणना अधिग्रहण पर किसी छूट या प्रीमियम को ध्यान में रखकर की जाती है और फीस या लागत जो प्रभावी ब्याज दर (ईआईआर) का एक अभिन्न अंग है। आय (लेनदेन लागत का निवल) और मोचन राशि के बीच किसी भी अंतर को ईआईआर का उपयोग करके उधार की अवधि में लाभ और हानि के विवरण में मान्यता दी गई है। जब देनदारियों को अमान्य कर दिया जाता है तो लाभ और हानि के विवरण में लाभ और हानि को मान्यता दी जाती है।

ईआईआर परिशोधन को लाभ और हानि के विवरण में वित्तीय लागत के रूप में शामिल किया गया है।

वित्तीय देयताओं का अमान्यीकरण

वित्तीय देयता को तब अमान्य किया जाता है जब देयताओं के तहत बाध्यता पूरी हो जाती है अथवा निरस्त हो जाती है अथवा समाप्त हो जाती है। जब मौजूदा देयता को पर्याप्त रूप से भिन्न शर्तों पर अथवा मौजूदा देयता की शर्तें पर्याप्त रूप से आशोधित हों, एक उधारदाता से दूसरे उधारदाता में बदला जाता है, तो ऐसे विनिमय अथवा अशोधन को मूल देयता के अस्वीकरण और नई देयता के स्वीकरण के रूप में समझा जाता है। वित्तीय देयता, जो समाप्त हो गई है अथवा दूसरे पक्ष को हस्तान्तरित हो गई है, के रखरखाव राशि और प्रदत्त प्रतिफल, जिसमें हस्तान्तरित कोई गैर–नकदी परिसंपत्तियां अथवा स्वीकृत देयताएं शामिल हैं, के बीच अन्तर को अन्य आय अथवा वित्त लागत के रूप में लाभ और हानि विवरण में मान्य किया जाता है।

वित्तीय लिखतों का प्रतितुलन

वित्तीय परिसंपत्तियों और वित्तीय देयताओं को प्रतितुलित किया जाता है और निवल राशि का तुलनपत्र में उल्लेख किया जाता है, यदि इसमें स्वीकृत राशियों के प्रतितुलन का वर्तमान में कोई प्रवर्तनीय कानूनी अधिकार हो और परिसंपत्तियों को क्रियान्वित करने के और साथ ही देयताओं को निपटाने के निवल आधार पर निपटाने की धारणा हो।

2.15 विदेशी मुद्रा अन्तरण

(क) कार्यात्मक एवं प्रतिनिधिक मुद्रा

समूह के वित्तीय विवरणों में सम्मिलित मदों का मूल्यांकन प्राथमिक आर्थिक परिवेश, जिसमें समूह का प्रचानल होता है, की मुद्रा (''कार्यात्मक मुद्रा'') का प्रयोग करते हुए किया जाता है। वित्तीय विवरणों को भारतीय रुपए (रुपए अथवा रु) में पेश किया जाता है, जो समूह की कार्यात्मक एवं प्रदेय मुद्रा होती है।

(ख) लेनदेन एवं शेष राशियां

विदेशी मुद्रा में लेन–देनों को शुरू में लेन–देन की तारीख को प्रचलित विनिमय दरों पर रिकॉर्ड किया जाता है। विदेशी मुद्रा मौद्रिक मदों को तुलनपत्र की तारीख को के प्रभावी विनियमन दरों के संदर्भ में अन्तरित्त किया जाता है। विदेशी मुद्रा में मूल्यांकित गैर–मौद्रिक मदों का गैर–मौद्रिक पूर्व भुगतान परिसंपत्ति अथवा आस्थगित आय देयता की शुरूआती स्वीकरण की तारीख को अथवा वित्तीय विवरणों में संबंधित मद का स्वीकार करने की तारीख को, जो भी पहले हो, का प्रभावी दर पर उल्लेख किया जाता है। यदि लेन–देन को चरणों के आधार पर मान्यता दी जाती है तो प्रत्येक चरण के लिए लेन–देन की तिथि निर्धारित की जाती है।

विदेशी विनिमय लाभ एवं हानियों को (बकाया विदेशी मुद्रा ऋण से संबंधित ऋण से भिन्न) दूसरे लाभ/(हानि) के अन्तर्गत निवल आधार पर लाभ एवं हानि विवरण में दर्शाया जाता है।

समूह ने 31 मार्च, 2016 को बकाया दीर्घ अवधि विदेशी मुद्रा मौद्रिक देयताओं के अन्तरण से उत्पन्न विनियम अंतरों संबंधी लेखाकरण हेतु अपनाई गई नीति को जारी रखने के लिए भारतीय लेखाकरण मानक 101 में उपलब्ध छूट का लाभ लिया है।

31 मार्च, 2016 को बकाया विदेशी मुद्रा ऋणः

सम्पत्ति, संयंत्र और उपकरण, कार्यशील पूंजी से संबंधित ऐसे विदेशी मुद्रा ऋणों के निपटान/अन्तरण पर उत्पन्न विदेशी

मुद्रा दर भिन्नता (एफइआरवी) को संबंधित परिसंपत्तियों के रखरखाव लागत में समायोजित किया जाता है और 1 अप्रैल 2004 से, केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (सीईआरपी) के मानकों के अनुसार अथवा वाणिज्यिक प्रचालन की तारीख (डीओसीओ), जो भी बाद में हो, वास्तविक भुगतान आधार पर लाभार्थियों से वसूलीयोग्य/देय है। सीईआरसी मानकों के अनुसार वसूलीय अथवा देय सीमा में उपरोक्त एफईआरवी को निम्नानुसार हिसाब में लिया जाता है :

i) सम्पत्ति, संयंत्र और उपकरण के रखरखाव लागत हेतु समायोजित एफईआरवी वसूलीयोग्य/देय राशि को ''विदेशी मुद्रा घट–बढ़ खाते से आस्थगित आय व्यय'' के तदनुरूपी क्रेडिट/डेबिट के साथ ''आस्थगित विदेशी मुद्रा घट–बढ़ परिसंपत्ति/देयता खाते'' के रूप में हिसाब में लिया जाता है।

ii) ''विदेशी मुद्रा घट–बढ़ खाते से आस्थगित आय, व्यय'' को उसी समानुपात में आशोधित किया जाता है जिसमें मूल्यहास को ऐसे एफईआरवी पर प्रभारित किया जाता है।

iii) वर्ष–दर–वर्ष आधार पर सीईआरसी मानकों के अनुसार वसूलनीय/देय राशि को कारोबार प्राप्यों के तदनुरुपी डेबिट/क्रेडिट के साथ ''आस्थगित विदेशी मुद्रा घट–बढ़ परिसंपत्ति/देयता खाते'' में समायोजित किया जाता है।

लाभ एवं हानि विवरण में से पहले प्रभावित और टैरिफ के प्रयोजनार्थ पूंजीगत लागत में सम्मिलित एफईआरवी को ''आस्थगित विदेशी मुद्रा घट–बढ़ परिसंपत्ति/देयता खाते'' के प्रति समायोजित किया जाता है।

सम्पत्ति, संयंत्र एवं उपकरण/सीडब्ल्यूआईपी से संबंधित दीर्घ अवधि मौद्रिक मदों (विदेशी मुद्रा ऋण से भिन्न) के निपटान/अन्तरण से उत्पन्न एफईआरवी को संबंधित परिसंपत्तियों के रखरखाव लागत में समायोजित किया जाता है।

सीईआरसी टैरिफ विनियमन के अनुसार पूंजीगत लागत के रूप में लाभार्थियों से वसूलनीय/देय सीमा में विदेशी मुद्रा में निर्दिष्ट मौद्रिक मदों (गैर चालू ऋणों से भिन्न) के निपटान/अन्तरण से निर्माण अवधि के दौरान उत्पन्न एफईआरवी को विनियामक आस्थगन लेखा शेष राशि के रूप में हिसाब में लिया जाता है। ऐसी राशि पर स्वीकृत पारगमन शुल्कों को उपरोक्त खाते में समायोजित किया जाता है। अन्य विनिमय अन्तरों को उस अवधि में, जिसमें वे उत्पन्न हुए हैं, आय अथवा व्यय के रूप में मान्य किया जाता है।

01 अप्रैल, 2016 को अथवा इसके बाद लिया गया विदेशी मुद्रा ऋणः

ब्याज लागतों के समायोजन के रूप में समझी गई सीमा में विदेशी मुद्रा उधारी से उत्पन्न विनिमय अन्तरों को उधारी लागत के रूप में समझा जाता है। अन्य विनिमय अन्तरों को लाभ एवं हानि विवरण में मान्य किया जाता है।

सीईआरसी टैरिफ विनियमनों के अनुसार वसूलनीय सीमा में विनिमय अन्तर को लाभ एवं हानि विवरण के जरिए विनियामक आस्थगन लेखा शेष के रूप में मान्य किया जाता है।

(ग) विदेशी समूह कंपनियां

विदेशी प्रचालनों के परिणाम और वित्तीय स्थिति (जिनमें से किसी में भी उच्च मुद्रास्फीति वाली अर्थव्यवस्था की मुद्रा नहीं है) जिनकी कार्यात्मक मुद्रा प्रस्तुति मुद्रा से भिन्न है, उन्हें प्रस्तुति मुद्रा में निम्नानुसार अंतरित किया गया है:

i) परिसंपत्तियों और देनदारियों को उस तुलनपत्र की तारीख पर समापन दर पर अंतरित किया जाता है।

ii) आय और व्यय को औसत विनिमय दरों पर अंतरित किया जाता है (जब तक कि यह लेनदेन की तारीख पर प्रचलित दरों के संचयी प्रभाव का उचित अनुमान न हो, जिस स्थिति में आय और व्यय लेनदेन की तिथि पर अंतरित होते हैं) और

iii) सभी विनिमय अंतरों को अन्य व्यापक आय में मान्यता दी जाती है।

2.16 आय कर

आय कर व्यय, चालू एवं आस्थगित कर के योग को दर्शाता है। कर को लाभ एवं हानि विवरण में मान्य किया जाता है, जो इस सीमा को छोड़कर है कि यह सीधे इक्विटी अथवा अन्य व्यापक आय में स्वीकृत मदों से संबंधित हो। इस मामले में कर को सीधे इक्विटी अथवा अन्य व्यापक आय में भी मान्य किया जाता है।

चालू आय कर

वर्तमान कर अधिनियमित कर कानूनों के तहत वर्ष के लिए कराधेय लाभ पर आधारित है और उन देशों में रिपोर्टिंग अवधि पर लागू होता है जहां समूह कराधेय आय संचालित करता है और उत्पन्न करता है और पिछले वर्षों के संबंध में देय कर में कोई समायोजन होता है।

आस्थगित कर

आस्थगित कर को समूह के वित्तीय विवरणों में परिसंपत्तियों एवं देयताओं के वहन राशियों और कराधेय लाभ की संगणना में प्रयुक्त तदनुरूपी कर आधारों के बीच अस्थायी अन्तरों पर मान्य किया जाता है और तुलन पत्र देयता विधि का प्रयोग करते हुए हिसाब में लिया जाता है। आस्थगित कर परिसंपत्तियों को सामान्य तौर पर सभी कटौती योग्य अस्थायी अन्तरों, अप्रयुक्त कर हानियों तथा अप्रयुक्त कर क्रेडिटों के लिए इस सीमा में मान्य किया जाता है कि इसमें यह संभव हो कि आगामी कराधेय लाभ इस संबंध में उपलब्ध होंगे, जिनके संबंध में कटौती योग्य अस्थायी अन्तरों, अप्रयुक्त कर हानियों तथा अप्रयुक्त क्रेडिटों को उपयोग में लाया जा सकता हो।

आस्थगित कर परिसंपत्तियों की वहन लागत की प्रत्येक तुलपन पत्र तारीख में पुनरीक्षा की जाती है और इस सीमा में कम किया जाता है कि संभावना कम हो कि पर्याप्त कराधेय लाभ उस संबंध में प्राप्य होंगे जिनके प्रति अस्थायी अन्तरों को उपयोग किया जा सकता हो।

आस्थगित कर परिसंपत्तियों एवं देयताओं का मूल्यांकन कर दर पर किया जाता है जिन्हें उस अवधि में लागू किया जा

सकता है, जिस अवधि में देयता का कर दर के आधार पर (और कर कानून) निपटान किया जाता है अथवा परिसंपत्ति को क्रियान्वित किया जाता हो, जिसे तुलन पत्र की तारीख तक अधिनियमित किया गया हो अथवा मूल रूप में अधिनियमित किया गया हो।

आस्थगित कर देयताओं को सहायक कंपनियों में निवेश की वहन राशि और कर आधारों के बीच अस्थायी अंतर के लिए मान्यता नहीं दी जाती है, जहां समूह अस्थायी अंतरों के रिवर्स के समय को नियंत्रित करने में सक्षम है और यह संभव है कि अंतर निकट भविष्य में रिवर्स नहीं होंगे।

आस्थगित कर परिसंपत्तियों एवं देयताओं को प्रतितुलित किया जाता है यदि इसमें चालू कर देयताओं को समायोजित करने का कानूनी प्रवन्ननीय अधिकार है और वे उसी कर प्राधिकारी द्वारा लगाए गए आयकरों संबंधित हो।

आस्थगित कर परिसंपत्तियों में भारत में कर कानूनों के अनुसार भुगतान किया गया न्यूनतम वैकल्पिक कर (एमटी) शामिल है, जो भावी आयकर देयता के प्रति समायोजन की उपलब्धता के रूप में भविष्य के आर्थिक लाभ देने की संभावना है। एमएटी को तुलन–पत्र में आस्थगित कर परिसंपत्ति के रूप में मान्यता दी जाती है जब परिसंपत्ति को मज़बूती से मापा जा सकता है और यह संभावना है कि संपत्ति से जुड़े भविष्य के आर्थिक लाभ को महसूस किया जाएगा।

2.17 विनियामक आस्थगन खाता शेष

सीईआरसी विनियमनों के तहत स्वीकृत कुछेक व्यय एवं आय के, जिसे भविष्य में लाभार्थियों द्वारा प्रतिपूर्ति किया जाना हो/इनको दिया जाना हो, भारतीय लेखाकरण मानक 114, "विनियामक आस्थगन लेखा" के प्रावधानों के अनुसार लाभ एवं हानि विवरण में हिसाब में लिया जाता है। ऐसे व्यय एवं आय को सीईआरसी विनियमनों के तहत टैरिफ के भाग के रूप में वसूलनीय/देय सीमा में विनियामक आस्थगन परिसंपत्ति/देयताओं के रूप में समझा जाता है।

समूह निम्न के संबंध में तुलन पत्र में पृथक कार्य मदों को दर्शाता है:

क) सभी विनियामक आस्थगन खाता डेविट शेष राशियों के योग; और

ख) सभी विनियामक आस्थगन खाता क्रेडिट शेष राशियों के योग।

पृथक कार्य मद को सूचना अवधि हेतु सभी विनियामक आस्थगन खाता शेषों में निवल कार्य व्यापार हेतु लाभ एवं हानि विवरण के लाभ अथवा हानि भाग में दर्शाया जाता है।

विनियामक आस्थगन शेषों को उस वर्ष में समायोजित किया जाता है, जिस वर्ष में वह लाभार्थियों से वसूलनीय अथवा इन्हें देय हो।

2.18 राजस्व

राजस्व का मूल्यांकन उस लेन–देन मूल्य के आधार पर किया जाता है, जिसके लिए ग्राहकों के साथ सम्पन्न संविदा में कंपनी की हकदारी प्रत्याशित है और इसमें तीसरे पक्षों की ओर से वसूली गई राशियां शामिल होती हैं। समूह राजस्व को तब स्वीकार करती है जब यह उत्पाद अथवा सेवा के नियंत्रण को ग्राहक को अन्तरित्त करती है।

महत्वपूर्ण वित्तीय संघटक

जहां, ग्राहक को प्रतिबद्ध वस्तुओं अथवा सेवाओं के अन्तरण एवं ग्राहक द्वारा भुगतान के बीच की अवधि एक वर्ष से अधिक हो, वहां समूह संविदा में महत्वपूर्ण वित्तीय संघटक के प्रभावों का मूल्यांकन करती है। परिणामतः समूह धनराशि के समयमान के प्रभावों हेतु लेन–देन मूल्यों में समंजन करती है।

2.18.1 प्रचालन से राजस्व

पारगमन

पारगमन आय को सीईआरसी द्वारा अधिसूचित टैरिफ आदेशों के आधार पर हिसाब में लिया जाता है। ट्रांसमिशन परियोजनाओं के मामले में जहां अंतिम टैरिफ आदेशों को अभी अधिसूचित किया जाना हो, वहां पारगमन आय को टैरिफ विनियमनों एवं सदृश मामलों में सीईआरसी के आदेशों के अनुसार हिसाब में लिया जाता है। अन्तर, यदि कोई हो, को सीईआरसी द्वारा अंतिम टैरिफ आदेशों के प्रचालन पर हिसाब में लिया जाता है। वाणिज्यिक प्रचालन की तारीख के बाद उपगत अतिरिक्त पूंजीगत व्यय के संबंध में पारगमन आय को सीईआरसी टैरिफ विनियमनों के अनुसार वर्ष–दर–वर्ष आधार पर उपगत वास्तविक व्यय के आधार पर हिसाब में लिया जाता है। जैसा कि प्रत्येक रिपोर्टिंग तारीख में पारेषण आय में ग्राहकों को दी गई सेवाओं के लिए प्रोद्भवन शामिल होता है, परन्तु यह बिलीकृत नहीं होता, अर्थात अबिलीकृत राजस्व। हालाँकि, सहायक कंपनियों के ट्रांसमिशन के मामले में ट्रांसमिशन शुल्क को अपनाने के लिए विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 63 के तहत सीईआरसी द्वारा जारी आदेशों के आधार पर आय का लेखांकन किया जाता है।

जल्द भुगतान से लाभार्थियों को दी गयी प्रोत्साहन छूट को राजस्व राशि में काट दिया जाता है।

पारगमन सिस्टम प्रोत्साहन/विफलता को संबंधित क्षेत्रीय विद्युत समितियों (आरपीसी) द्वारा उपलब्धता के प्रमाणीकरण के आधार पर तथा सीईआरसी टैरिफ विनियमनों के अनुसार हिसाब में लिया जाता है। जहां आरपीसी का प्रमाणीकरण उपलब्ध नहीं हो, वहां, कम्पनी द्वारा उपलब्धता के अनुमान के अनुसार प्रोत्साहन/विफलता को अस्थायी आधार पर हिसाब में लिया जाता है तथा अन्तर, यदि कोई हो, को आरपीसी के प्रमाणीकरण पर हिसाब में लिया जाता है।

मूल्यहास के संबंध में अग्रिम, (एएडी) जो ऋणों की चुकौती को सुगम बनाने के लिए ब्लॉक अवधि 2004–09 तक से संबंधित टैरिफ का मुख्य भाग है, को ट्रांसमिशन आय से कम किया गया था और आस्थगितत आय के रूप में समझा गया था, जिसे बाद के वर्षों में ट्रांसमिशन आय में शामिल किया जाना है। एएडी के संबंध में बकाया आस्थगित आय को उस वित्तीय वर्ष की समाप्ति से, जिसमें परिसंपत्ति को अधिकृत किया गया

था, बारह वर्ष बाद वर्ष के दौरान टैरिफ में वसूली गई मूल्यह्रास की सीमा में ट्रांसमिशन आय के रूप में मया जाता है, जो खातों में प्रभारित मूल्यहास से कम होता है।

दूरसंचार सेवाएं

दूरसंचार सेवाओं, निष्क्रिय क्रेडिट के निवल से प्राप्त आय को ग्राहकों से हुए करारों/खरीद आदेशों की शर्तों के आधार पर मान्य किया जाता है। प्रयोगकर्त्ता को अलोप्य अधिकार (आईआरयू) प्रदान करने वाली दीर्घ अवधि संविदाओं के तहत अग्रिम में प्राप्त अपफ्रंट शुल्क को संविदा अवधि में राजस्व अनुमान के आधार पर राजस्व के रूप में मान्य किया जाता है।

परामर्शी सेवाएं

'लागत–जमा–परामर्शी संविदाओं' के संबंध में, जिसमें ग्राहक की ओर से निष्पादन शामिल है, राजस्व को रिपोर्टिंग तारीख में निष्पादित कार्य के समापन के स्तर के समानुपात में मान्य किया जाता है, जिसे इनपुट विधि के आधार पर निर्धारित किया जाता है।

अन्य परामर्शी संविदाओं से प्राप्त आय को दी गई सेवाओं की प्रगति के तकनीकी मूल्यांकन पर हिसाब में लिया जाता है।

2.18.2 अन्य आय

ब्याज आय को तब मान्य किया जाता है जब प्रभावी ब्याज दर प्रणाली (ईआईआर) का प्रयोग करते हुए बकाया एवं अनुप्रयोज्य ब्याज दर राशि को हिसाब में लेते हुए समय अनुपात आधार पर मापीयता अथवा संग्रहयता के रूप में महत्वपूर्ण अनिश्चितता मौजूद न हो।

व्यापार प्राप्यों, परिसमाप्त क्षतियों, वारन्टी दावों और आपूर्तिकर्त्ताओं को दिए गए अग्रिमों पर ब्याज से वसूलनीय अधिभार को तब मान्य किया जाता है; जब मापीयता और संग्रहायता के संबंध में कोई महत्वपूर्ण अनिश्चितता मौजूद न हो।

सीईआरसी दिशानिर्देशों के अनुसार लॉन्ग टर्म ओपन एक्सेस (एलटीओए) के लिए आवेदन शुल्क का लेखांकन प्राप्ति पर किया जाता है।

स्क्रैप को तभी हिसाब में लिया जाता है जब उसे बेचा जाता है।

लाभांश आय को तब मान्य किया जाता है जब भुगतान प्राप्ति के अधिकार को स्थापित किया जाता है।

लाभ की हानि हेतु बीमा दावों को स्वीकृति वर्ष में हिसाब में लिया जाता है। अन्य बीमा दावों को वसूली की निश्चितता के आधार पर हिसाब में लिया जाता है।

किरायों एवं प्रचालन पट्टों से प्राप्त राजस्व को संगत करार की सार्थकता के अनुसार प्रोद्भूत आधार पर मान्य किया जाता है।

2.19 सरकारी अनुदान

केन्द्र सरकार अथवा अन्य प्राधिकरणों से परियोजनाओं, पारेषण प्रणालियों की बेहतरी तथा विशिष्ट मूल्यह्रास योग्य परिसंपत्तियों के लिए पूंजीगत व्यय के संबंध में प्राप्त सहायता अनुदानों को शुरू में आस्थगित आय के रूप में समझा जाता है जब इसमें उचित आश्वासन किया गया हो कि उन्हें प्राप्त किया जाएगा और समूह अनुदान से जुड़े शर्तों का पालन करेगी। आस्थगित आय को और संबंधित परिसंपत्ति के उपयोगी कार्य अवधि पर उसी समानुपात में, जिसमें इन परिसंपत्तियों पर मूल्यह्रास उपलब्ध हुआ है, लाभ एवं हानि विवरण में मान्य किया जाता है। गैर–मौद्रिक सरकारी अनुदानों के मामले में परिसंपत्ति और अनुदान दोनों को नाममात्र मूल्य पर दर्ज किया जाता है।

अनुदान, जो उपगत व्ययों के संबंध में समूह की क्षतिपूर्ति करता है, को उस अवधि में मान्य किया जाता है, जिनमें संबंधित लागतें उपगत हुई हों और संबंधित व्यय में से कम किया जाता है।

2.20 लाभांश

शेयरधारकों को वार्षिक लाभांश वितरण को उस अवधि में देयता के रूप में मान्य किया जाता है जिसमें लाभांश को शेयरधारकों द्वारा स्वीकृत किया जाता है। अदा किए गए किसी अन्तरिम लाभांश को निदेशक–मण्डल की मंजूरी पर मान्य किया जाता है। देय लाभांश, लाभांश वितरण पर तदनुरूपी कर को सीधे इक्विटी में मान्य किया जाता है।

2.21 प्रावधान और आकस्मिकताएं

क) प्रावधान

प्रावधानों को तब मान्य किया जाता है जब समूह के पास पिछले कार्य के परिणामस्वरूप वर्तमान बाध्यता (कानूनी) अथवा रचनात्मक) हो, इसमें संभावना होती है कि आर्थिक लाभों को अंतःस्थापित करते हुए संसाधनों का बर्हिगमन बाध्यता के निपटान हेतु आवश्यक होगा और बाध्यता की राशि को तैयार किया जा सकेगा। यदि राशि के समयमान का प्रभाव महत्वपूर्ण हो, तो प्रावधानों में छूट दी जाती है। छूट में कमी को वित्त लागत के रूप में लाभ एवं हानि विवरण में मान्य किया जाता है। प्रावधानों की प्रत्येक तुलन पत्र की तारीख में पुनरीक्षा की जाती है और वर्तमान उत्कृष्ट अनुमान को दर्शनि के लिए समायोजित किया जाता है।

ख) आकस्मिकताएं

आकस्मिक देयताओं को प्रबंधन/स्वतंत्र विशेषज्ञों के निर्णय के आधार पर प्रकट किया जाता है। प्रत्येक तुलनपत्र तारीख पर इनकी पुनरीक्षा की जाती है और चालू प्रबंधन अनुमान को लागू करने के लिए समायोजित किया जाता है।

आकस्मिक देयताओं को तब प्रकट किया जाता है जब पिछले कार्यों से उत्पन्न कोई संभावित बाध्यता हो, जिसकी मौजूदगी को केवल एक अथवा अधिक अनिश्चित घटनाओं की उपस्थिति अथवा गैर उपस्थिति से निर्धारित किया जाएगा, न कि समूह के पूर्ण नियंत्रण में अथवा वर्तमान बाध्यता में, जो पिछली घटनाओं से उत्पन्न होती है, जहां दोनों में से यह संभव नहीं है कि संसाधनों का बर्हिगमन निपटान हेतु आवश्यक होगा या

फिर राशि का विश्वसनीय अनुमान नहीं लगाया जा सकेगा। आकस्मिक देयता संबंधी जानकारी को वित्तीय विवरणों की टिप्पणियों में प्रकट किया जाता है।

आकस्मिक संपत्तियां संभावित संपत्तियां हैं जो पिछली घटनाओं से उत्पन्न होती हैं और जिनके अस्तित्व की पुष्टि केवल एक या अधिक अनिश्चित भविष्य की घटनाओं के होने या न होने से होगी जो पूरी तरह से कंपनी के नियंत्रण में नहीं हैं। वित्तीय विवरणों में आकस्मिक संपत्तियों का प्रकटीकरण तब किया जाता है जब प्रबंधन के निर्णय के आधार पर आर्थिक लाभ की आमद संभावित होती है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि वित्तीय विवरणों में विकास उचित रूप से परिलक्षित होता है, इनका लगातार मूल्यांकन किया जाता है।

2.22 शेयर पूंजी और अन्य इक्विटी

साधारण शेयरों को इक्विटी के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

वर्धनात्मक लागतों को, जो सीधे नये शेयरों के निर्गम पर लागू होते हैं, प्राप्तियों से कर के निवल कटौती के रूप में इक्विटी में दर्शाया जाता है।

स्व–बीमा प्रारक्षित निधि को सम्पत्ति, संयंत्र एवं उपकरण (पट्टा प्राप्य के रूप में समझी गई सहित) के मूल सकल ब्लॉक पर 0.04% प्रतिवर्ष से 0.12% प्रतिवर्ष की जोखिम मूल्यांकन सीमा दर पर सृजित किया जाता है, जो अबीमाकृत जोखिमों से अगामी हानियों को कम करने के लिए चालू वर्ष के लाभ के विनियोजन द्वारा वर्ष की समाप्ति पर बीमा के अन्तर्गत आने वाले परिसंपत्तियों को छोड़कर और ए सी सब स्टेशन के टावरों एवं उपकरण को सुदृढ़ बनाने सहित टॉवरों एवं अन्य ट्रांसमिशन लाईन सामग्रियों के प्रापण द्वारा भविष्य में आकस्मिकताओं पर ध्यान देने के लिए किया जाता है। उपरोक्तानुसार सृजित प्राराक्षित निधि को ''अन्य इक्विटी'' के अन्तर्गत ''स्व बीमा प्रारक्षित निधि'' के रूप में दर्शाया जाता है।

2.23 पूर्व अवधि मुद्दे

महत्वपूर्ण पूर्व अवधि त्रुटियों को दर्शाए गए पूर्व अवधि संबंधी तुलनात्मक राशियों का पुनः उल्लेख करते हुए जिसमें त्रुटि उत्पन्न हुई है, भूतलक्षी प्रभाव से ठीक किया जाता है अथवा यदि त्रुटि, प्रस्तुत किए गए प्रारंभिक अवधि से पहले उत्पन्न हो गई हो, तो प्रारंभिक शेष पत्र का पुनः उल्लेख करके ठीक किया जाता है।

2.24 प्रचालन खण्ड

समूह का निदेशक–मण्डल, भारतीय लेखाकरण मानक–108 ''प्रचालन खण्ड'' के संदर्भ में ''मुख्य प्रचालन निर्णायक'' अथवा ''सीओडीएम''' होता है। सीओडीएम संसाधन निर्धारण एवं निष्पादन मूल्यांकन के बारे में निणर्य लेने के प्रयोजनार्थ अलग से अपने व्यावसायिक खण्डों के प्रचालन परिणामों को मॉनीटर करता है। खण्ड निष्पादन का मूल्यांकन लाभ अथवा हानि के आधार पर किया जाता है और सुसंगत रूप में वित्तीय विवरण ों में लाभ अथवा हानि में मूल्यांकित किया जाता है।

प्रचालन खण्डों की पहचान उत्पादों/सेवाओं के स्वरूप के आधार पर की गई है।

- खण्ड राजस्व में अन्तर–खण्ड लेन–देनों सहित्त खण्ड में सीधे अभिज्ञेय/ निर्धार्य बिक्रियां और अन्य आय शामिल हैं।
- व्यय, जो सीधे खण्डों में अभिज्ञेय/निधार्य हों, को खण्ड परिणाम के निर्धारण हेतु समझा जाता है। व्यय, जो पूर्णतः समूह से संबंधित हो और खण्डों को आबंटन योग्य न हो, को अनिर्धार्य व्यय में शामिल किया जाता है।
- आय, जो पूर्णतः समूह से संबंधित हो और खण्डों हेतु निधार्य नहीं हो, को अनिर्धार्य आय में शामिल किया जाता है।
- खण्ड परिसंपत्तियों एवं देयताओं में वे परिसंपत्तियां एवं देयताएं शामिल हैं, जो संबंधित खण्डों में सीधे अभिज्ञेय हों। अनिर्धार्य आस्थतियां एवं देयताएं उन परिसंपत्तियों एवं देयताओं को दर्शाततती करती हैं जो पूर्णतः समूह से संबंधित हों और किसी खण्ड हेतु निधार्य नहीं हों।
- खण्ड पूंजी सम्पत्ति, संयंत्र एवं उपकरण तथा अमूर्त परिसंपत्तियों के अधिग्रहण अवधि के दौरान उपगत कुल लागत है।

2.25 प्रतिशेयर आय

प्रतिशियर मूल आय को वर्ष हेतु शेयर धारकों को प्राप्य निवल लाभ अथवा हानि का प्रयोग करते हुए और वर्ष के दौरान बकाया शेयरों के भारित औसत संख्या का प्रयोग करते हुए संगणित किया जाता है।

प्रतिशियर कम की गई आय को वर्ष हेतु शेयरधारकों को देय निवल लाभ तथा वर्ष के दौरान इक्विटी एवं संभावित इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या का प्रयोग करते हुए संगणित किया जाता है, सिवाय उनके, जिनके जहां परिणाम न्यूनीकृत रोधी होंगे।

अतिरिक्त रूप से, मूल एवं तनुकृत प्रतिशेयर अर्जनों को अर्जन राशियों का प्रयोग करते हुए संगणित किया जाता है, जिसमें विनियामक आस्थगन लेखा शेष में घट–बढ़ शामिल नहीं हैं।

2.26 नकदी प्रवाह विवरण

नकदी प्रवाह विवरण को भारतीय लेखाकरण मानक 7 ''नकदी प्रवाह विवरण'' में निर्धारित अप्रत्यक्ष विधि के अनुसार तैयार किया जाता है।

2.27 बिक्री के लिए धारित गैर–चालू परिसंपत्तियां (या निपटान समूह) और बंद परिचालन

गैर–वर्तमान संपत्ति और निपटान समूहों को बिक्री के लिए ध ारित के रूप में वर्गीकृत किया जाता है यदि उनकी अग्रणीत राशि मुख्य रूप से निरंतर उपयोग के बजाय बिक्री लेनदेन के माध्यम से वसूल की जाएगी। इस शर्त को तभी पूरा माना जाता है जब संपत्ति (या निनिपटान समूह) अपनी वर्तमान स्थिति में तत्काल बिक्री के लिए उपलब्ध हो, केवल उन शर्तों

के अधीन जो ऐसी संपत्ति (या निनिपटान समूह) की बिक्री के लिए सामान्य और प्रथागत हैं और इसकी बिक्री अत्यधिक संभावित है।

बिक्री के लिए धारित के रूप में वर्गीकृत परिसंपत्तियों और देनदारियों को उनकी अग्रणीत राशि और बिक्री की लागत घटाकर उचित मूल्य से कम पर मापा जाता है और तुलन पत्र में अलग से प्रस्तुत किया जाता है। बिक्री की लागत घटाकर उचित मूल्य पर परिसंपत्ति (या निनिपटान समूह) के किसी प्रारंभिक या बाद के अवलेखन के लिए क्षति हानि की पहचान की जाती है। किसी परिसंपत्ति (या निनिपटान समूह) को बेचने की लागत घटाकर उचित मूल्य में किसी बाद की वृद्धि के लिए लाभ की पहचान की जाती है, लेकिन पहले से मान्यता प्राप्त किसी संचयी हानि हानि से अधिक नहीं। किसी गैर–वर्तमान संपत्ति (या निनिपटान समूह) की बिक्री की तारीख से पहले मान्यता प्राप्त नहीं होने वाले लाभ या हानि को मान्यता रद्द करने की तारीख पर मान्यता प्राप्त है।

जब समूह एक बिक्री योजना के लिए प्रतिबद्ध होता है जिसमें किसी सहायक कंपनी का नियंत्रण खो जाता है, तो उस सहायक कंपनी की सभी परिसंपत्तियों और देयताओं को बिक्री के लिए वर्गीकृत किया जाता है, जब ऊपर वर्णित मानदंड पूरे होते हैं, भले ही समूह बिक्री के बाद अपनी पूर्व सहायक कंपनी में गैर–नियंत्रित हित बरकरार रखे।

कोई बंद प्रचालन, समूह का एक घटक है जिसमें प्रचालन और नकदी प्रवाह शामिल होते हैं, जिन्हें बाकी समूह से स्पष्ट रूप से अलग किया जा सकता है, जिसे या तो निपटाया गया है, या बिक्री के लिए वर्गीकृत किया गया है, और

- व्यापार या प्रचालन के भौगोलिक क्षेत्र की एक अलग प्रमुख रेखा का प्रतिनिधित्व करता है;
- व्यापार की एक अलग प्रमुख लाइन या प्रचालन के भौगोलिक क्षेत्र को निपटाने के लिए एकुल समन्वित योजना का हिस्सा है; या
- पुनर्विक्रय की दृष्टि से विशेष रूप से अधिग्रहित सहायक कंपनी है।

बंद किए गए प्रचालन को जारी प्रचालन के परिणामों से बाहर रखा गया है और लाभ और हानि के विवरण में बंद किए गए प्रचालन से कर के बाद लाभ या हानि के रूप में एकल राशि के रूप में प्रस्तुत किया गया है।

2.28 व्यवसाय संसर्ग

व्यावसायिक संसर्ग का लेखांकन अधिग्रहण की तारीख के अनुसार अधिग्रहण लेखांकन पद्धति का उपयोग करके किया जाता है, जो वह तारीख होती है जिस पर नियंत्रण समूह को हस्तांतरित किया जाता है। अधिग्रहण में हस्तांतरित प्रतिफल और अर्जित की गई निर्धार्य संपत्ति और ग्रहण की गई देयताओं को उनके अधिग्रहण की तारीख पर उचित मूल्यों पर मान्यता दी जाती है। प्रतिष्ठा को शुरू में लागत पर मापा जाता है, जो अर्जित की गई शुद्ध निर्धार्य संपत्तियों और ग्रहण की गई देयताओं पर हस्तांतरित प्रतिफल से अधिक होता है। जहां अर्जित शुद्ध निर्धार्य संपत्तियों और देयताओं का उचित मूल्य हस्तांतरित प्रतिफल से अधिक है, निवल संपत्तियों और आकस्मिक देयताओं के उचित मूल्यों का पुनर्मूल्यांकन करने के बाद, अतिरिक्त को पूंजी प्रारक्षित निधि के रूप में मान्यता दी जाती है। अधिग्रहण संबंधी लागतें व्यय के अनुसार व्यय की जाती हैं।

3. महत्त्वपूर्ण अनुमान एवं मूल्यांकन

समेकित वित्तीय विवरणों को तैयार करने हेतु लेखाकरण अनुमानों का प्रयोग आवश्यक है, जो वास्तविक परिणामों से खासतौर पर भिन्न हो सकते हैं। प्रबंधन को भी समूह के लेखाकरण नीतियों को लागू करते समय मूल्यांकन को लागू करने की आवश्यकता हो सकती है।

यह टिप्पणी उन क्षेत्रों के अवलोकन की व्यवस्था प्रदान करता है जिनमें उच्च स्तर का मूल्यांकन अथवा जटिलता और वे मद्दे शामिल है जिनकी अनुमानों और पूर्वानुमानों के कारण विशेष रूप से समायोजित किए जाने की अधिक संभावना है, जिनका मूल रूप से निर्धारित उन अनुमानों एवं पूर्वानुमानों से भिन्न होना प्रतीत होता है।

महत्वपूर्ण अनुमानों अथवा पूर्वानुमानों वाले क्षेत्र इस प्रकार हैं:

राजस्व स्वीकरण:

पारेषण आय को सीईआरसी द्वारा अधिसूचित टैरिफ आदेशों के आधार पर हिसाब में लिया जाता है। पारेषण परियोजनाओं के मामले में, जहां, अंतिम टैरिफ आदेशों को अभी अधिसूचित किया जाना हो, वहां पारेषण आय को टैरिफ विनियमनों और सदृश मामलों में सीईआरसी के अन्य आदेशों के अनुसार हिसाब में लिया जाता है। अन्तर, यदि कोई हो, को सीईआरसी द्वारा अंतिम आदेशों के प्रचालन पर ही हिसाब में लिया जाता है। वाणिज्यिक प्रचालन की तारीख के बाद उपगत अतिरिक्त पूंजीगत व्यय के संबंध में पारेषण आय को सीईआरसी टैरिफ विनियमनों के अनुसार वर्ष–दर–वर्ष आधार पर उपगत वास्तविक व्यय के आधार पर हिसाब में लिया जाता है।

विनियामक आस्थगन शेष:

विनियामक आस्थगन शेष राशियों के स्वीकरण में महत्वपूर्ण मूल्यांकन शामिल है, जिनमें आगामी टैरिफ विनियमनों के बारे में मूल्यांकन शामिल हैं, क्योंकि ये भविष्य में टैरिफ के माध्यम से वसूलनीय/देय हेतु संभावित राशियों के अनुमान पर आधारित होते हैं।

निर्धारित लाभ बाध्यता का अनुमान

निर्धारित लाभ बाध्यता के अनुमान में कूछेक महत्त्वपूर्ण वास्तविक पूर्वानुमान शामिल हैं, जो टिप्पणी 65 में सूचीबद्ध हैं।

अनुमानों और मूल्यांकनों का आवधिक रूप से मूल्यांकन किया जाता है। वे एतिहासिक अनुभव एवं अन्य कारकों पर आधारित होते हैं, जिनमें, आगामी घटनाओं की प्रत्याशाएं शामिल हैं,

जिनका समूह पर वित्तीय प्रभाव पड़ सकता है और उन्हें परिस्थितियों में उचित होना माना जाता है।

सम्पत्ति, संयंत्र एवं उपकरण की उपयोगी कार्य अवधि

सम्पत्ति, संयंत्र एवं उपकरण की अनुमानित उपयोगी कार्य अवधि कई कारकों पर आधारित होती है; जिसमें अपक्षय का प्रभाव, मांग, प्रतिस्पर्धा एवं अन्य आर्थिक कारण (जैसे कि उद्योग की स्थिरता तथा ज्ञात प्रौद्योगिकीय अग्रिम) और परिसंपत्ति से प्रत्याशित भावी नकदी प्रवाहों को प्राप्त करने के लिए अपेक्षित रखरखाव व्यय के स्तर शामिल हैं।

समूह पारेषण कार्य परिसंपत्तियों से भिन्न उपयोगी संयंत्र एवं उपकरण की जो सीईआरसी विनियमों द्वारा अधिशासित हैं और भूतलक्षी प्रभाव से, यदि उपयुक्त हो, समायोजित किया जाता है, प्रत्येक रिपोर्टिंग तारीख में पुनरीक्षा की जाती है।

प्रावधान एवं आकस्मिकताएं

प्रावधानों एवं आकस्मिकताओं के स्वीकरण में किए गए मूल्यांकन भारतीय लेखाकरण मानक 37 ''प्रावधान, आकस्मिक देयताएं एवं आकस्मिक परिसंपत्तियां'' के अनुसार किए गए हैं। आकस्मिक घटनाओं की संभावना का मूल्यांकन प्रबंधन द्वारा संभावित हानि के प्रकटन की संभाव्यता के संबंध में बेहतर मूल्यांकन अपेक्षित है। यदि अप्रत्याशित विकास के बाद परिस्थितियों बदल सकती हैं, तो यह संभावना बदल सकती है।

बिक्री के लिए धारित की गई परिसंपत्तियां:

भारतीय ले.मा. 105– ''बिक्री के लिए धारित गैर–वर्तमान संपत्ति और बंद प्रचालन' के तहत बिक्री के लिए धारित गैर–वर्तमान परिसंपत्तियों के लेखांकन को लागू करने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय की आवश्यकता है। प्रयोज्यता का आकुलन करने में, प्रबंधन ने तत्काल बिक्री के लिए संपत्ति की उपलब्धता का मूल्यांकन करने के लिए निर्णय का प्रयोग किया है, बिक्री के लिए प्रबंधन की प्रतिबद्ध ता और एक वर्ष के भीतर बिक्री की संभावना का निष्कर्ष निकालने के लिए कि क्या उनकी वहन राशि मुख्य रूप से बिक्री लेनदेन के माध्यम से जारी रखने के बजाय मुख्य रूप से वसूल की जाएगी।

आय कर:

अनिश्चित कर स्थितियों के लिए भुगतान वसूली की अपेक्षित राशि सहित वर्तमान और आस्थगित कर के प्रावधान का निर्धारण करने में महत्वपूर्ण अनुमान शामिल हैं।

टिप्पणी 4 सम्पत्ति, संयंत्र और उपकरण

(₹ करोड़ में)

विवरण	लागत					संचित मूल्यह्रास					निवल अर्जित मूल्य	
	1 अप्रैल, 2023 को	वर्ष के दौरान परिवर्धन	निपटान	वर्ष के दौरान समायोजन	31 मार्च, 2024 को	1 अप्रैल, 2023 को	वर्ष के दौरान परिवर्धन	निपटान	वर्ष के दौरान समायोजन	31 मार्च, 2024 को	31 मार्च, 2024 को	31 मार्च, 2023 को
भूमि												
पूर्ण स्वामित्व	2,451.30	135.25	-	9.83	2,576.72	-	-	-	-	-	2,576.72	2,451.30
भवन												
क) सब–स्टेशन एवं कार्यालय	3,043.94	60.19	-	4.34	3,099.79	499.23	109.64	-	1.07	607.80	2,491.99	2,544.71
ख) नगर	858.19	80.74	-	(0.01)	938.94	207.79	36.23	-	(1.00)	245.02	693.92	650.40
अस्थायी निर्माण	2.00	0.02	-	-	2.02	2.00	0.02	-	-	2.02	-	-
सड़क एवं पुल	335.28	8.26	-	(0.21)	343.75	70.18	12.87	-	-	83.05	260.70	265.10
जल आपूर्ति जल निकासी एवं मल निकासी व्यवस्था	197.58	3.69	-	(0.47)	201.74	39.64	7.67	-	(0.05)	47.36	154.38	157.94
संयंत्र एवं उपकरण												
क) ट्रांसमिशन	158,270.03	1,354.15	21.78	(141.64)	159,744.04	51,329.18	7,755.60	9.00	2.19	59,073.59	100,670.45	106,940.85
ख) सब स्टेशन	96,203.69	3,452.03	58.12	(93.16)	99,690.76	29,282.67	5,117.56	11.78	(1.94)	34,390.39	65,300.37	66,921.02
ग) एकीकृत लोड प्रेषण एवं सम्प्रेषण	1,919.82	322.19	-	(499.31)	2,741.32	577.23	113.72	-	(369.25)	1,060.20	1,681.12	1,342.59
घ) दूरसंचार	1,621.97	96.47	(8.90)	557.48	1,169.86	822.60	89.40	(0.71)	369.23	543.48	626.38	799.37
ङ) एकीकृत नेटवर्क प्रबंधन प्रणाली	-	146.85	-	-	146.85	-	7.32	-	-	7.32	139.53	-
फर्नीचर फिक्सचर्स	204.97	18.01	1.91	(2.79)	223.86	89.94	23.90	1.34	(1.03)	113.53	110.33	115.03
वाहन	5.69	0.60	0.21	(0.20)	6.28	2.08	0.56	0.04	(0.27)	2.87	3.41	3.61
कार्यालय उपकरण	332.30	32.06	2.39	2.12	359.85	199.04	34.65	1.52	0.40	231.77	128.08	133.26
इलेक्ट्रॉनिक डाटा प्रोसेसिंग एवं वर्ड प्रोसेसिंग मशीन	237.59	24.40	9.15	(26.57)	279.41	198.42	34.16	8.69	(23.91)	247.80	31.61	39.17
निर्माण और कर्मशाला के उपकरण	623.94	5.76	0.44	(4.82)	634.08	169.37	33.10	0.09	(1.98)	204.36	429.72	454.57
वैद्युत प्रतिष्ठापन	181.37	8.33	0.01	(2.17)	191.86	59.83	9.81	-	(0.17)	69.81	122.05	121.54
प्रयोगशाला उपकरण	92.46	1.22	0.08	-	93.60	31.00	4.65	0.02	-	35.63	57.97	61.46
कर्मशाला एवं परीक्षण के उपकरण	380.28	10.19	0.01	(0.06)	390.52	97.92	20.33	-	-	118.25	272.27	282.36
विविध परिसंपत्तियां/उपकरण	0.71	0.10	-	-	0.81	0.05	0.06	-	-	0.11	0.70	0.66
उपयोग का अधिकार (आरओयू) परिसंपत्ति												
क) आरओयू परिसंपत्ति – भूमि	566.82	9.36	0.21	(0.06)	576.03	108.00	19.19	0.18	0.01	127.00	449.03	458.82
ख) आरओयू परिसंपत्ति – भवन	13.71	2.28	3.24	0.06	12.69	8.96	2.24	2.54	0.18	8.48	4.21	4.75
ग) आरओयू परिसंपत्ति – संयंत्र एवं मशीनरी – दूरसंचार	23.55	22.80	23.40	0.15	22.80	0.40	1.17	1.16	0.01	0.40	22.40	23.15
घ) आरओयू परिसंपत्ति – वाहन	6.03	0.01	-	-	6.04	0.30	1.21	-	-	1.51	4.53	5.73
कुल	**267,573.22**	**5,794.96**	**112.05**	**(197.49)**	**273,453.62**	**83,795.83**	**13,435.06**	**35.65**	**(26.51)**	**97,221.75**	**176,231.87**	**183,777.39**
घटाएं – हटाई गई परिसंपत्तियों के लिए प्रावधान	-	9.36	-	-	9.36	-		-	-	-	9.36	-
कुल योग	**267,573.22**	**5,785.60**	**112.05**	**(197.49)**	**273,444.26**	**83,795.83**	**13,435.06**	**35.65**	**(26.51)**	**97,221.75**	**176,222.51**	**183,777.39**

टिप्पणी 4 सम्पत्ति, संयंत्र और उपकरण (जारी)

(₹ करोड़ में)

विवरण	लागत					संचित मूल्यह्रास					निवल अर्जित मूल्य	
	1 अप्रैल, 2022 को	वर्ष के दौरान परिवर्धन	निपटान	वर्ष के दौरान समायोजन	31 मार्च, 2023 को	1 अप्रैल, 2022 को	वर्ष के दौरान परिवर्धन	निपटान	वर्ष के दौरान समायोजन	31 मार्च, 2023 को	31 मार्च, 2023 को	31 मार्च, 2022 को
भूमि												
पूर्ण स्वामित्व	2,407.23	39.54	-	(4.53)	2,451.30	-	-	-	-	-	2,451.30	2,407.23
भवन												
क) सब–स्टेशन एवं कार्यालय	2,908.33	133.21	-	(2.40)	3,043.94	388.56	109.12	-	(1.55)	499.23	2,544.71	2,519.77
ख) नगर	776.98	81.14	-	(0.07)	858.19	173.04	34.75	-	-	207.79	650.40	603.94
अस्थायी निर्माण	1.38	0.62	-	-	2.00	1.38	0.62	-	-	2.00	-	-
सड़क एवं पुल	327.03	8.23	-	(0.02)	335.28	57.30	12.88	-	-	70.18	265.10	269.73
जल आपूर्ति जल निकासी एवं मल निकासी व्यवस्था	177.25	20.33	-	-	197.58	32.60	7.04	-	-	39.64	157.94	144.65
